प्रकाशक—
आयुर्वेद विज्ञान ग्रन्थमाला कार्यालय,
अकालीमार्केट, अमृतसर।

१९५४ ई०

मुद्रक—
नया हिन्दुस्तान प्रेस,
चांदनी चौक, दिल्ली।

विषय-सूची

	पृष्ठ सख्या
भस्मो के प्रकार	१
भस्मो के भेद का कारण	२
भस्मो मे उत्मजन का अनुपात	३
भस्मोमें वलिका अनुपात	४
भस्मपरीक्षा	५
अकीक और अभ्रक भस्म भेद और उसकी एकता	७
अकीक भस्म की १८ विधियां	८
अकीक भस्म के गुण	१०
अभ्रक का रासायनिक रूप	११
धान्याभ्रक निर्माण	१२
अभ्रक भस्म केवल भावना से	१३
,, ,, धमन विधि से	१४
,, ,, १ पुटी से सहस्र पुट तक अनेको विधिया	१७
अभ्रक भस्म के गुण	४४
कच्छु-पृष्ठ भस्म	४५
कपर्दिका भस्म	४६
कसीस भस्म	४८
काच भस्म	४९
कास्य भस्म	५१
कुक्कुटाण्डत्वक् भस्म	५२
खर्पर भस्म	५४
गोदन्ती भस्म	५५
	५७
	५८

	पृष्ठ सख्या
जहरमोहरा भस्म	६३
ताम्र भस्म	६५
तुत्थ भस्म	६४
त्रिवग भस्म	६६
त्रिधातु भस्म	६७
द्विवग भस्म	६८
नीलम भस्म	६८
पन्ना भस्म	६९
पद्मराग भस्म	६९
प्रवाल भस्म	१००
पारद भस्म	१०१
पारद भस्मानुपान	१६७
पित्तल भस्म	१६८
पिरोजा भस्म	१७०
पुष्पराग भस्म	१७०
वेरपत्थर भस्म	१७१
भाण्डरजन भस्म	१७३
मण्डूर क्या है ?	१७३
मण्डूर भस्म	१७५
माणिक्य भस्म	१७८
मोर पख भस्म	१७९
मृद्दारशृङ्ग भस्म	१७९
माक्षिक भस्म	१८०
मुक्ता भस्म	१८४
याकूत भस्म	१८६
रत्न भस्म	१८७

	पृष्ठ सख्या		पृष्ठ सख्या
रजत भस्म	१८६	शुक्ति भस्म	२०६
राजावर्त भस्म	२११	सप्त-धातु भस्म	२०७
लोह का स्वरूप	२११	सगयशव भस्म	२१०
लोह भस्म	२१५	सीसा भस्म	२१३
वग का रूप	२५३	सुरमा काला भस्म	३३३
वग भस्म	२५४	सुरमा सफेद भस्म	३३३
वज्र भस्म	२७५	सुवर्ण भस्म	३३४
विमल भस्म	२६७	सेलखडी भस्म	३५७
वैक्रान्त भस्म	२६७	सोमल भस्म	३५८
शख भस्म	३००	हरिताल भस्म	३६८
शम्बुक भस्म	३०४	हिंगुल भस्म	३६२
शृङ्गराज भस्म	३०४		

भस्म-विज्ञान के आधार ग्रन्थ और ग्रन्थ संकेत

अक्सीर आजम	अ अ.
अनुपान तरंगिणी	अनु त
अनुभूत योगमाला	अनु. यो. मा
अर्क प्रकाश	अ. प्र.
अलकीमिया	अल की
अलतबीब	अ त.
असरार उलातिबा	अ.ति
असरार सदरिया	अ स.
असरार हिकमत	अ. हि
आनन्दकन्द	आ क.
आयुर्वेद-प्रकाश	आ वे प्र.
आयुर्वेद विज्ञान	आ वे. वि
आयुर्वेद सम्मेलन पत्रिका	आ स प.
औषध कल्पलता	औ. क ल.
ऋद्विखण्ड वादिखण्ड	ऋ. खं.
काशफ अक्सीर	का अ.
काकचण्डीश्वर तन्त्र	का. चं त
कुश्ताजात अर्क्सीर	कु. अ.
कुश्ताजात रहीमी	कु र.
गदनिग्रह	ग नि
चरक	च. स
	चा. चि.
	चि क क.
	चि चं
	चि र
	जा अ.
	जो हि.
टोडरानन्द	टो
तजुर्रबात तुलसी	त तु.
तिब्ब कीमियाई	ति. की.
देवीयामल तन्त्र	दे. या.
देशोपकारक	दे उ
देवेन्द्रगिरि सग्रह	देवे स
धन्वन्तरी	धन्व
धातुविद्या प्रकाश	धा.वि
नपुन्सकामृत	नपु.
निघण्टु रत्नाकर	नि र
नारायण विलास	ना. वि
नूतन विधि	नू वि.
प्रत्यक्ष औषध निर्माण	प्र.औ नि
पारद सहिता	पा सं.
वाजीकरण कल्पद्रुम	वा. क. क.
भारतीय रसपद्धति	भा र प
भारत भैषज्यरत्नाकर	भा. भै र.
भावप्रकाश	भा. प्र.
भैषज्यरत्नावली	भै. र.
भैषज्यसारामृत	भै सा
मखजन	मख.
मनाउलअक्सीर	म अ.
मादनउलअक्सीर	मा. अ
मुजर्रबात फिरोजी	मु. फि
मिफताय उल खजाईन	मि.ख
यूनानी सिद्धयोग सग्रह	यू सि स
योगचन्द्रिका	यो चं.

योगचिन्तामणि	यो चि.
योगतरगिणी	यो त.
योगसार	यो. सा.
योगसागर	यो. सागर
योगमहार्णव	यो म
योगरत्नाकर	यो र
रफीक उलातिबा	र ति.
रत्नाकर औषध योग	र. औ यो.
रमूजुलतिबा	रमू. ति.
रसकल्पलता	र.क ल
रसककालीय	र. क.
रसकामधेनु	र का धे
रसकौमुदी	र कौ.
रसचण्डाशु	र. च
रसचिन्तामणि	र चि
रसचूडामणि	र चू.
रसजलनिधि	र. ज. नि
रसतन्त्रसार	र त. सा
रसतरगिणी	र त
रसदर्पण	र द
रसदीपक	र दी
रसदीपिका	र दीपिका
रसप्रकाशसुधाकर	र प्र सु
रसपद्धति	र प
रसप्रदीप	र प्र
रसपारिजात	र पा
रसमगल	र
रसमजरी	र मजरी
रसमानस	र मा.
रसमुक्तावली	र मु.
रसयोगसागर	र यो. सा.
रसरहस्य	र रहस्य
रसरत्नप्रदीप	र. र प्र
रसरत्नमणिमाला	र. र. म मा.
रसरत्नकोष	र र. को.
रसरत्न कौमुदी	र र कौ.
रसराजलक्ष्मी	र रा ल
रसराजकौस्तुभ	र. र कौस्तुभ
रसरत्नाकर	र. र
रसराजशिरोमणि	र रा शि
रसराजगकर	र रा ग
रसरत्नसमुच्चय	र र स
रसरत्नदीपिका	र र. दी
रसराजसुन्दर	र. रा सु.
रसबोध	र बो
रसबोधचन्द्रोदय	र बो. च.
रससग्रह सिद्धान्त	र स. सि.
रससिद्धान्त	र सि.
रससिद्धान्त सग्रह	र. सि स.
रससागर	र सागर
रससार	
रससारपद्धति	
रससकेतकलिका	
रसाध्याय	
रसामृत	
रसायनशास्त्र	
रसायनसार सग्रह	
रसायनसहिता	

रसायनसार	रसा सा.
रसायनखण्ड	रसा. ख.
रसार्णव	रसार्णव
रसालकार	रसा. लं.
रसावतार	रसावतार
रसावतार दूसरा	रसावतारदूसरा
रसेन्द्रकल्पद्रूम	रसे. क.
रसेन्द्र चिन्तामणि	रसे. चि.
रसेन्द्र चूडामणि	रसे. चू,
रसेन्द्ररत्नकोप	रसे. र. को
रसेन्द्रसार सग्रह	रसे. सा. सं.
लो हसर्वस्व	लो. स
लोरपद्धति	लो. प.
वाहट	वा
वगसेन	व से
वसवराजीय	व. रा.
वृन्दमाधव	वृ मा.
वृ. योग तरगिणी	वृ. यो. त
वृ. रसप्रदीप	वृ. र प्र.
वैद्यकल्पद्रुम	वै. क:
वैद्यचिन्तामणि	वै चि.
वैद्यदर्पण	वै द.
वैद्यरहस्य	वै, र
वैश्योपकारक	वै उ
शार्ङ्गधर	शा. ध.
सनन अकवर	स अ
सिद्ध भैषज्यमणिमाला	सि भै. मा
सिद्धयोग सग्रह	सि यो. स
सिद्धौपवि प्रकाश	सि औ. प्र.
सुश्रुत सहिता	सु सं.
हिकमत अक्सीर	हि अ.

भस्म-विज्ञान के उपोद्घात की अशुद्धियां

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
६६	१६	आतमस्वरूप	सत्यस्वरूप

तीसरा साधनपाद

६४	७	स्तपन	तपन
,,	८	स्तपन	तपन
,,	११	स्तपन	तपन

चतुर्थ-भस्म पाद

भस्मों के प्रकार

इस बातको हम पीछे सिद्ध कर चुके है कि हमने आरम्भमे धातुओ की भस्में जब बनाई थी उस समय हमने वे रसायनवाद के निमित्त ही बनाई थी और उन्हें जो कुछ जाँचा या समझा था वह सभी उसी निमित्त था, किन्तु जब इनका उपयोग लाभदायी सिद्ध हुआ तो उस समय भी हमने इन भस्मो को उसे व्यावहारिक उपयोगिता की दृष्टि से ही जाँचा, रचना दृष्टि से नही। धातुओ से बनने वाली उनकी भस्में अपने पूर्वरूप को छोड कर इस नये रूप मे जो आ जाती है इनका ऐसा भस्म रूप किन कारणो से बनता है और इनकी उस रचना का रूप क्या होता है ? इसका ज्ञान आज भी हम न जानने के बराबर ही रखते है। वास्तव में हमारा परम्परागत ज्ञान ऐसे क्रम से आगे बढा है जिसमे धातु भस्मो के वास्तविक रूप को जानने का न तो कोई प्रयोजन सामने आया न व्यावहारिक दृष्टि से उसकी उपयोगिता में इस अज्ञान ने बाधा डाली। ज्ञात धातुओ को जिस परम्परा द्वारा जिस उद्देश्य के लिये उनकी भस्में हमारे आचार्यो ने बनाई थी उनका वह क्रम ही हमारे लिये मार्ग दर्शक रहा। उनके अनुभव ने हमारे लिये इनके उपयोग का मार्ग प्रस्तुत कर दिया था इसीलिये हम उसका अन्धानुसरण करते चले आ रहे है। भस्मो की वास्तविक रचना रूप को न जानते हुए भी व्यावहारिक दृष्टि से जब इसमे कोई बाधा नही आती हमने उसे जानने या समझने का प्रयत्न नही किया। इसमे एक बडा बाधक कारण यह भी था कि हम दार्शनिक विचारधारा के अनुसार धातुओ को पृथिवी तत्त्व के अन्तर्गत पार्थिव पदार्थ मानते थे, उस समय हमारी पहुच धातुओ की मौलिकता तक नही हुई थी, इसीलिये भस्मे यौगिक है इसकी सम्भावना का कोई आधार भी नही था। यह ज्ञान तो हमे नव्य-रसायन शास्त्र ने दिया कि पृथिवी तत्त्वरूप नही प्रत्युत धातुए तत्त्वरूप है और उन धातुओ से बनने वाली भस्मे उनकी अन्य तत्त्वोसे बनी यौगिक है। हमने इनके उक्त कथन से एकाएक अपना दृष्टिकोण नही बदला, प्रत्युत इसकी सत्यता को जानने

समझनेका जो हमें प्रायोगिक प्रत्यक्ष ज्ञान उसने दिया उसकी सत्यता से मुह मोडा नही जा सकता और यह बात नही है कि हमारा सुझाव सबसे पूर्व इस ओर हुआ हो, प्रत्युत इसके अनुसन्धान कर्ता आचार्य डाक्टर प्रफुल्लचन्द्र राय हैं जिन्होंने सब से पूर्व अपने प्राचीन तथा नव्य रसायन-शास्त्र का पूर्णतया क्रियात्मक ज्ञान प्राप्त कर सबसे पूर्व इस बात को जानने की चेष्टा की थी कि आखिरकार हमारे रसायनवाद के ग्रन्थोमें वर्णित धातु भस्में है किस प्रकार की ? और उनके यौगिको का रूप क्या है ? इस बात को प्रयोग विधियो द्वारा आप ने ही सबसे पूर्व देखा व समझा था। सृष्टि के समस्त पदार्थों की रचना मूल तत्त्वो से हुई है क्या प्राच्य और क्या पाश्चात्य इस बात मे तो सभी सहमत है और उन्ही मूलतत्त्वो के परस्पर मिलने से अन्य पदार्थ बनते है इसे भी सब मानते है। जब धातुए प्रत्यक्ष प्रयोग मे मौलिक रूप सिद्ध होती है तो उनसे बनने वाली भस्में सिवाय यौगिक के और क्या हो सकती है ? धातु भस्में है भी यौगिकरूप, जिसे विश्लेषण विधि से सही सही बताया जा सकता है, इसी लिये इन्हे यौगिक ही मानना चाहिये।

भस्मों के विभेद का कारण—हम अपने रस-ग्रन्थो के आधार पर प्रायः किसी धातुसे भस्म बनाने के लिये दो मार्ग अपनाते है, या तो धातु को किसी वनस्पति के योगसे भस्म बनाते है या बलि, हरिताल, मैनसिलके योग से भस्म बनाते है, यही हमारे भस्म बनाने के साधारणतया दो विभाग है। वनस्पति से बनी हुई भस्मे तथा बलि, हरिताल, मैनसिल आदि के योग से बनी भस्में दोनो भिन्न भिन्न प्रकार की है इसको तो रस-ग्रन्थकार भी स्वीकार करते है और इन दोनो में वनस्पति से बनी भस्मो को उन्होंने श्रेष्ठ भी माना है, यद्यपि इस विभेद के मूल कारण तक हमारी पहुच नही हुई थी तथापि इन दोनो में अन्तर अवश्य है इस बात को आचार्य भी मानते थे। उसी अन्तर को आधुनिक रसायन-शास्त्र अपनी विश्लेषण और सश्लेषण दोनो प्रकार की प्रायोगिक विधियो से सिद्ध करता है।

धातुओं की भस्म जो किसी वनस्पति के योग से बनती है उसके यौगिक निर्माण में उक्त वनस्पति कोई हिस्सा नही लेती। वास्तव में वनस्पतिया तो केवल उत्प्रेरक का काम करती है, उनमें कुछ वनस्पतिया तीव्र उत्प्रेरक का काम करती है, कुछ मन्द, कुछ उत्प्रेरकहीन भी होती है। जो वनस्पतिया

उत्प्रेरक नही उनमे धातुए रख कर भस्म वनाई जाय तो धातुओ मे कोई परिवर्तन नही आता, वह जैसी की तैसी ही वनी रहती है। जो साधारण उत्प्रेरक का काम करती है उनके साथ धातुओ को पुट देने पर वह धीरे धीरे ऊष्मिद मे परिणत हो जाती है। कुछ वनस्पतिया ऐसी भी है जो तीव्र उत्प्रेरक है उनके सम्पर्क में धातुए रखकर जव अग्नि दी जाती है तो वह शीघ्र ऊष्मिद मे परिणत हो जाती है। ऐसी वनस्पतियो मे रुपया, अशर्फी, पैसा रख कर आच देने पर वह कुछ फूल जाते है, इन्ही वनस्पतियो को हमारे आचार्यो ने मारक वनस्पतियो की सज्ञा दी है।

कोई भी धातु जो ऊष्मिद (भस्म) में परिणत हो जाती है वह चाहे दो भिन्न भिन्न वनस्पतियो मे रख कर क्यो न वनाई गई हो, उसका वह ऊष्मिद (भस्म) रूप वही होगा जो प्रकृति मे निर्धारित है। वह अपने अनुपात के अनुसार ऊष्मजन से मिलकर उतने ही रूप की वनेगी जितने रूप निश्चित है। वह कितने रूपकी वन सकती है? इसे हम एक सारणी द्वारा व्यक्त करते है।

धातुभस्मों में ऊष्मजनका अनुपात

धातु	निर्माणार्थ द्रव्य	यौगिक प्रकार	भस्मकावर्ण
सुवर्ण	साधारण वनस्पति से	सु$_1$ऊ सु$_2$ ऊ$_3$	अरुण गेरुआ रग
चादी	,, ,,	र$_2$ ऊ	मटमैला सफेद
चादी	तीव्र उत्प्रेरक वनस्पति से	र$_2$ ऊ$_2$	सफेद
ताम्र	साधारण वनस्पति से	ता ऊ	भूरा या लाल
ताम्र	तीव्र उत्प्रेरक वनस्पति से	ता$_2$ ऊ	मट मैला, सफेद
लोह	साधारण वनस्पति से	लौ ऊ	भूरा अरुण
लोह	,, अधिकपुटो मे	लो$_2$ ऊ$_3$	हिरमिजी लाल
वग	,, कढाई यन्त्र मे	व ऊ	मट मैला सफेद
वग	,, उपल सम्पुट मे	व ऊ$_2$	सफेद
सीसा	,, कढाई यन्त्र मे	सी ऊ	हल्का पीला
सीसा	,, अधिक पुटो में	सी ऊ$_2$	हल्का लाल
सीसा	,, ६० पुटी	सी ऊ$_2$, सी ऊ$_3$	तेज लाल
जस्ता	,, कढाई यन्त्र मे	ज ऊ	मट मैला पीला
जस्ता	,, तीव्र आँच मे	ज ऊ$_2$	सफेद फूलासा

हमारी शास्त्रीय विधियों से भिन्न इस समय धातुओं को ऊष्मिद में परिणत करने की अनेक विधियां और भी ज्ञात हो चुकी है उनमें से कुछ निम्न है —

(१) धातुओं को तीव्राम्ल में घुला कर उस घोल में अन्य धातु यौगिक डाल कर यौगिक परिवर्तन द्वारा।

(२) कुछ यौगिक जब इस परिवर्तन में ऊष्मिद न बन कर उदूष्मिद बनते है तो उन्हे पुन उत्ताप प्रभाव मे लाकर उसके उस यौगिक के विच्छेदन विधि द्वारा।

(३) तीव्र उत्ताप मे धातुओं को रक्त तप्त करके उस पर ऊष्मजन की धार मारने से भी शीघ्र धातुए ऊष्मिद में परिणत हो जाती है।

उक्त विधियो मे से किसी भी विधि से कोई भी धातु भस्म बनाई जाय उनके यौगिक (भस्म) का रूप जो निश्चित है वही बनेगा, उसके अनुपातमें कोई अन्तर नही आता। हम सबो द्वारा वनस्पतियोंके योगसे बनने वाली भस्मोमें जो उनके वर्णों में प्राय अन्तर देखा जाता है उसमें प्रधान तीन कारण है — (१) वनस्पतियो की मात्राका उस भस्ममें मिलते रहना। (२) उत्तापकी मात्राका निश्चित रूपमें न लगना। (३) सम्पुटका कभी पात्र बडा होना कभी छोटा होना कभी उसमे मृत्तिका ज्यादा दिया जाना कभी कम, कभी सन्धिका दृढ बन्द रहना, कभी सन्धिका अच्छी तरह बन्द न होना आदि अनेक त्रुटिया है जो उन भस्मोके रूपमें अन्तर डाल देती है, फिर भी धातुओंके ऊष्मिद प्राय उक्त रूपके ही पाये जाते है। जिस तरह वनस्पति योगसे धातुए ऊष्मिद बनाती है इसी प्रकार जब हम बलि, हरिताल या मैनसिल मिला कर किसी धातुको पुट देते है तो बलि योगसे बनने वाली भस्में वनस्पति योगसे बनी भस्मोसे बिलकुल भिन्न यौगिकमें बनती है। धातुओंके साथ चाहे हम हरिताल मिलावें या मैनसिल या केवल बलि इन तीनो के योग से जो भस्में बनती है वह प्राय निम्न सारणी में व्यक्त किये अनुपात में ही बनती है।

धातु भस्मों में बलिका अनुपात

सुवर्ण	बलि, हरिताल या मैनसिल मे			सु$_2$ व	अरुण
रजत	”	”	”	र$_2$ व	सुरमई रग
ताम्र	”	”	”	ता व, ता$_2$ व	नीलाभायुक्त, भूराकाला
लोह	”	”	”	लो व, लो$_2$ व$_3$	हल्का लाल, गहरालाल
वग	”	”	”	व व, व व$_3$	मटमैला, सफेद, सुनहरा
सीसा	”	”	”	सी व, सी व$_2$	सुरमई वर्ण, काला

जस्त	"	"	"	ज व, ज $व_2$	सफेद, हल्का पीला
पारा	"	"	"	पा व,	लाल रवादार
पारा	"	"	"	पा व सो$_2$ $व_3$	अरुण रवारहित

जिन भस्मोमें वलि की मात्रा अपने अनुपात से अधिक होती है या जो धातुए वलिको अधिक अनुपात में लेकर यौगिक (भस्म) निर्माण करती है, वह भस्मे शरीर के लिये उपयोगी नही होती, उनका स्वाद कुछ विशेष प्रकार का कषाय-तिक्त धातव होता है। उनके सेवनमे वाति, क्लम, ग्लानि या वमनेच्छा, रेचन आदिके उपद्रव देखे जाते है, इसीलिये उन वलिकाइद भस्मोको पुन पुट देकर सरल वलिकाइद यौगिकमें वदल लिया जाता है तभी वह ग्राह्य होती है।

उक्त भस्मरूप योगिकोंसे भिन्न धातुए अधातुओ, वायव्योसे मिल कर और भी अनेक यौगिक वनाती है और आधुनिक रसायन-शास्त्री उन्हे वनाते है तथा अनेक रासायनिक व व्यापारिक व्यावहारिक कामोमें लाते है किन्तु उन सवसे हमारा यहा कोई सम्बन्ध नही, हमारी भस्में धातुसे वनी भस्में इन दो प्रकारोके भीतर ही रहती है, केवल पारदकी एक भस्म अवश्य ऐसी है जो एक तीसरे प्रकारकी होती है जिसे हम अपवाद मानते है। पारदकी तीसरी प्रकार की भस्म लवणजनके योगसे वनने वाली लवणाइद है जिसको हम रसकपूर या दारचिकनाके नाममे अभिहित करते है, वाकी और कोई भी हमारी भस्म लवणाइद रूप में नही वनती।

भस्म परीक्षा

कोई भी धातुकी भस्म वनजाने पर वह ठीक वन गई है कि नही ? इसको जाननेकी इच्छा प्रत्येक वैद्यके हृदयमें रहती है और इस समय जवकि हम इस वातको समझने के योग्य हो रहे है कि हमारी भस्में धातुओ से अधातुओ व वायव्य तत्त्वो के योग से वनने वाली यौगिक रूप है, इसका ज्ञान जिस नव्य रसायन शास्त्र की सहायता से प्राप्त कर रहे है वही हमे भस्मो के यौगिको की परीक्षा विधि भी वताता है, हम इनकी वताई विधियो से इसकी परीक्षा क्यो न करे ? इस समय प्रत्येक वैद्य के लिये ऐसा करना सुलभ नही। वैद्य तो यह चाहते है कि नव्य विधि से जाचने का यदि कोई साधन हो भी तो ऐसा सुलभ होना चाहिये जिसके द्वारा घर वैठे भस्मो की परीक्षा कर सकें। किन्तु रसायन शास्त्र के विद्यमान साधनो में से एक भी ऐसा सरल साधन नही जिसे हम भस्मो की परीक्षा के लिये वैद्यो के सामने रख सकें। उनके वह साधन व जाचने के क्रम ऐसे है जो विना कुछ

जाती है, इसीलिये ऐसी भस्मो का सेवन न करावें। उसे वरावर भावना देकर पुट देते रहे और वीच-वीच में उनके स्वाद की परीक्षा लेते रहे जव वह नि स्वाद हो जाय तव उनका उपयोग करें। इन भस्मो में से अभ्रक, गोदन्ती, अकीक, प्रवाल, शख, सीप, कौडी, रत्न, सगयसव आदिकी भस्में ऐसी है जिनके स्वाद द्वारा परीक्षा की आवश्वयकता नही होती। इन धातुओ के जो यौगिक देह-वाद में हम उपयोजित करते है वह प्राय. ऊष्मिद होते है इसीलिए इनके ऊष्मिद न तो हानिकर होते है न उन्हें जाचने की आवश्यकता होती है। हाँ एक वात ध्यानमें रखना चाहिए कि शख, सीप, कौडी की ताजी वनाई हुई भस्में उसी समय प्रयोग में लाई जाय तो वह जीभ को लगती है, इन्हें या तो निम्बू रस की या अर्क गुलावकी एक भावना देकर सुखाकर तव उपयोग करें या कुछ दिन खुली पडी रहें तव इन्हें प्रयोगमें लावे। वास्तवमें यह चून ऊष्मिद रूप तीक्ष्ण-क्षाररूप होती है और ताजी जिह्वा पर लगाने से जिह्वा को काट देती है, यदि इसे पानी में एक भावना देकर सुखा दिया जाय तो यह ऊष्मिदसे ऊदूष्मिद नामक यौगिकमें वदल जाती है फिर इसकी तीक्ष्णता जाती रहती है, यौगिक वदलने पर ही उसके गुण, स्वभाव सव वदल जाते है। पारद के वलिकाइद (रससिन्दूर, हिंगुल) ऐसे यौगिक जो रवा रूप वनते है इनमें वलिकी न्यूनाधिक मात्रा इनके भीतर रहती ही नही। वास्तव में पारद के यौगिक जो सेवनीय है वह स्वाद परीक्षा क्षेत्रमे नही लाए जासकते, न उन्हें जाचने की आवश्यकता है। पारद जव यौगिक में परिणत न हुआ हो तो वह कच्चा ही भिन्न रह जाता है जिसे दृष्टिसे देखा जा सकता है।

अकीक और अभ्रक भस्म

कुछ पत्थर ऐसे है जिनका उपयोग हमारे रस-ग्रन्थोमें नही मिलता, अकीक भी उन्ही में से एक है, किन्तु इस पाषाण की रचना श्याम अभ्रक से मिलते रूप की है। जिन तत्त्वोके योगसे काला अभ्रक वनता है उन्ही तत्त्वोके योगसे अकीककी भी रचना हुई है। रचना कालमे कुछ स्थान का अन्तर होता है अभ्रक अकीककी अपेक्षा पिघ-पाषाणके मध्यमे जाकर वनता है, जहा का ताप और चाप अकीककी अपेक्षा अधिक रहता है। अकीक उस पिघ-पाषाण (आग्नेय शिलाओ) के ऊपरीय स्तरो में वनता है, अभ्रक भीतरके स्तरमें। यद्यपि दोनोके मूल-तत्त्व एक से है तथापि उनके यौगिकोके गठन में कुछ साधारण-सा

विभेद अवश्य है। यथा—

अकीक—६ शै $ऊ_2$ $स्फ_2$ $ऊ_3$ मेग ऊ लो ऊ।

श्याम अभ्रक—३ शै $ऊ_2$ $स्फ_2$ $ऊ_3$ ३ मेंग ऊ २ $उ_2^1$ ऊ।

उक्त मौलिक रचना से स्पष्ट है कि अकीककी अणु रचनामे शैलिका ऊष्मिदकी मात्रा अभ्रकसे दूनी है। इधर अभ्रककी रचनामे मेगनेशियम ऊष्मिदकी मात्रा अकीक से तिगुनी है। अकीकमे लोह ऊष्मिदका एक अणु विशेष है वहा अभ्रकमे जलके २ अणु विशेष मिले हुए होते है। इन दोनोकी यौगिक रचना इतनी सम समीप है कि यदि अभ्रकके स्थान मे अकीक और अकीकके स्थानमें अभ्रकका उपयोग किया जाय तो लाभकी दृष्टिसे कोई बडा अन्तर नही आता। अकीकका उपयोग यूनानी चिकित्सा में अधिक हुआ है, अभ्रकका हमारी रस-चिकित्सा मे। किन्तु हमने इन दोनोमें से जब एकके स्थान पर दूसरेका उपयोग किया तो उनका लाभ एक जैसा ही दिखाई दिया। हृदय सम्बन्धी रोगोमें यूनानी वाले अकीकका विशेष उपयोग करते है हमने अभ्रकका करके देखा तो उसका भी अकीक जैसा ही लाभ दिखाई दिया। अकीकको हमने अधिक पुटें देकर भी देखा है, आरम्भमें अकीककी भस्म सफेद बनती है, किन्तु चार पाच पुटमे ही अकीककी भस्म अभ्रक जैसी ही लाल वर्णकी मुलायम हो जाती है। मैने अभ्रक और अकीक दोनो की भस्मोका काफी उपयोग किया है मुझे तो जो गुण अभ्रक भस्म में दिखाई दिए है वही अकीक भस्ममे मिलते है। अकीक भस्क को ज्वरोमें भी उसी प्रकार देकर देखा है जैसे अभ्रक भस्मको देते है, यह भी बढी हुई शरीरकी गर्मीको उसी तरह घटाती है जैसे अभ्रक भस्म। इसलिए काला अभ्रक और अकीक दोनोकी भस्मे एक जैसा रूप गुण वाली समझ कर व्यवहार करे, यह मै अपने अनुभवके आधार पर सम्मति देता हू। विशेष वर्णन उनके गुण, धर्मों के साथ देखें।

अकीक भस्म की विधियाँ

(१) अकीकको अग्निमे तपा कर अर्क केवडा या नीलोफर या अर्क गुलाबमें तब तक बुझावें जब तक वह भुर भुरा न होजाय। फिर चूर्ण कर गुलाब जलकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलोकी पुट दे। फिर रूह केवडाकी भावना दे कर रख ले। अ. त, स अ.

(२) अकीकको उपरोक्त विधिसे बुझा कर आठ गुना कमलगट्टा-गिरी चूर्णके मध्य रख कर सम्पुट कर २० सेर उपलोकी पुट दें तो भस्म हो। कोई कोई ग्रन्थकार इसे दो बार पुट देता है। मा, अ त., भा अ., स. अ, म. अ

(३) अकीकको वासाफूल, सेवतीफूलके १६ गुने नुगदेमें रख कर सम्पुटकर गज पुट की आच दें, फिर केवडेके अर्कको भावना देकर रख ले। अ त.

(४) अकीकको अर्क गावजवामें तब तक बुझावें जबतक भगुर न हो जाय फिर १६ गुने जपा पुष्प (गुडहल) में रख सम्पुट कर २० सेर उपलोकी पुट दें। फिर इसी विधि से २ पुट गावजवां पुष्प और २ पुट चागेरी (तिपतिया) की दें तो खाकी रगकी भस्म हो। स अ, अ अ

(५) अकीकको अर्क केवडा या वेदमुश्कके अर्कमे बुझा कर गुलाबके फूलोके मध्य रख सम्पुट कर २५ सेर उपलो की पुट दें तो भस्म हो। अ स

(६) अकीकको कूटकर चूर्ण बनाय कुमारी रसकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दें तो भस्म हो। र. त सा.

(७) अकीकको कूटकर चूर्ण बनाय दूधकी भावना दे टिकिया बनाय, सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आंच दें। नोट—दूधमें पुट देनेसे अकीक फूल जाता है, इसलिए सम्पुटका पात्र बडा लेना चाहिए। र त सा

(८) अकीकको जरमहयातके नुगदामें रखकर १ मन उपलोकी आचदें। अ स.

(९) अकीकको गुलाब जलमें बुझाकर प्रथम भगुर बनालें फिर गुलाब जलकी भावना देकर प्रयोगमें लावें। वह विना पुट की भस्म है। र त. सा.

(१०) अकीकको मुहजना छाल चूर्णके मध्य रख सम्पुट कर १ मन उपलोकी आच दे तो भस्म हो। मा अ,, म. अ

(११) अकीकको रीठाफल छिलकाके चूर्णमे रख सम्पुट कर १ मन उपलोकी आँच दे तो भस्म हो। म अ, अ. स.

(१२) अकीकको बबूल पत्रके नुगदेमें रख सम्पुट कर १० सेर उपलोकी आँच दे तो भस्म हो। अ स, यू. सि. स.

(१३) अकीकको पुदीनाके नुगदेमें रख सम्पुट कर १० सेर उपलोकी आँच दे तो भस्म हो। यू सि स

(१४) अकीकको सिरसके पत्तोंके नुगदेमें रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो भस्म हो। अ त

(१५) अकीकको पिस्ताके मध्य रख सम्पुट कर १० सेर उपलोकी आंच दे तो भस्म हो। अ स. मु. फि

(१६) अकीकको नीलोफर, बारलगके चूर्णमें रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आंच दे तो भस्म हो। म अ

(१७) अकीकको कमलगट्टा, नीलोफर बबूलफली जरुमहयात, भांगरा, जनगोभी के मिश्रित नुसदेमें रख सम्पुट कर २५ सेर उपलोकी पुट दे तो भस्म हो। म. अ.

(१८) एक घरिया में ३०–४० तोला चादी गलावे उस गली चादी पर अकीकका दाना रखदे अकीक तिडककर जल जायगा, सफेद होजाने पर निकाल ले। फिर दूसरा दाना डाले, जब सारा अकीक भस्म बन जाय उसे चूर्ण कर दहीकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलोकी आंच दे। म अ

वक्तव्य—ऊपर जो १८ विधिया अकीक भस्मकी बताई है उनमें अकीक कितनी मात्रामें ले और नुसदा कितनी मात्रामे इसका उल्लेख नहीं किया है। इन योगो में अकीक १ तो से लेकर ५ तो. तक तथा नुसदा या चूर्ण १० तोलासे २० तोला तक लेना चाहिए। और पुटोमें उत्ताप की मात्रा अकीकको काफी आनी चाहिए, इसलिए प्राय गजपुटकी आंच दें तो कोई हानिकी बात नहीं है, ज्यादा आंचमें इसके यौगिकके टूटने का डर नहीं रहता।

अकीक-भस्म के गुण

इसकी मात्रा १ रत्तीसे लेकर ४ रत्ती तक है। कोई कोई इससे भी ज्यादा १ माशे तक देते है किन्तु अधिक मात्रा की अपेक्षा न्यून मात्रामें देना लाभ-कर है। अकीक भस्म प्रदर, प्रमेह, रक्तार्श, रक्तष्ठीवन, ज्वर, कास, हृदयो-द्वेग, हृदयदौर्बल्य, हृदयावसाद, रक्तस्राव, जीर्ण फुफ्फुसक्षत, आन्त्रक्षत, सुजाक, मन्दज्वर, विवर्धित उष्णताको दूर करता है, वीर्य ग्रन्थि, स्नायुतन्तु व मतिष्क को बल देता है, वीर्यको गाढा करता है। मूत्रशर्करा, उन्माद, मनोलिया, ऋतनवाधिक्यमें लाभदायी है।

अकीक भस्मका उपयोग उन्ही अनुपान से करे जो अभ्रकके लिए दिए जायगे, यूनानी चिकित्सक इसकी भस्मका उपयोग प्राय मुरब्बा आवला, सेव या गाजरसे कराते हैं उसमें चादीके दो चार वर्क लगा कर उसके साथ अकीक

भस्म देते है मक्खन से हृदयदौर्बल्य, हृदयोद्वेगमें अच्छा लाभ देता है। य मस्तिष्क सम्बन्धी निर्बलतामें मलाई में मिला कर देते है।

अभ्रक

प्रकृति में अभ्रककी रचना आग्नेय शिलाओंके मध्य हुई है जहा इसवे निर्माण कालमें बहुत भारी ताप, चाप विद्यमान था, तभी तो अभ्रक पर साधारण उत्तापका कोई प्रभाव नही होता। परीक्षा से देखा गया है कि अभ्रक को ६०० श के उत्ताप पर रखा जाय तो उसका यौगिक, उसकी द्युति, कान्ति में कोई विका नही आता। इसीलिये आजकल जहा अनेक प्रकार की भट्ठियो में उत्ताप को सद देखते रहने की आवश्यकता होती है वहा उन भट्ठियो के मुह पर अभ्रक के पा दर्शक बडे पत्रो का दरवाजा बना कर लगा देते है। अभ्रक उत्ताप और विद्युत व अवरोधी होता है इसके पत्रो को पार कर उष्णता बाहर नही पहुँचती, इसीलि भट्ठियो के भीतर उत्ताप को देखने में सुविधा रहती है। परीक्षा से देखा गया कि अभ्रक के पत्रो की द्युति ८०० शताश पर धूमिल होने लगती है और १०० श० पर यह धीरे-धीरे नष्ट होती है। इसलिये अभ्रक की भस्म बनाते समय इ बात का ध्यान रखें कि पुट देते समय उसे तीव्र गजपुट की आच दी जाय हमारा तो अनुभव है कि ज्यादा घोटाई और पूर्ण गजपुट की खुली आच दे पर अभ्रक ३–४ पुट में ही निश्चन्द्र हो जाता है, ६–७ पुटो में तो उत्तम भस्म बन जाती है।

अभ्रक की भस्म बनाते समय कुछ योगों में सुहागे का उपयोग हुआ है। मे सम्मति यह है कि अभ्रक भस्म बनाते समय उसके साथ सुहागा नही मिला चाहिये। टकण या सुहागा वास्तव में मौलिक तत्त्व रूप पदार्थ है, यह जब अभ्र में मिला कर अग्नि में दिया जाता है तो अभ्रक का जो शैलिका ऊष्मिद यौगि होता है उसका ऊष्मजन टकण ले लेता है, उधर शैलिका जब ऊष्मजन सयुक्त होता है तो वह पाशुजम से मिल कर काच के यौगिक में बदल जा है। वास्तव में सुहागा अभ्रक के प्रकृति में बने रूप को छिन्न-भिन्न कर दे है, इसलिये वह अभ्रक फिर अभ्रक न रह कर अन्य यौगिक मे बदल जाता जिसकी भस्म के गुण, धर्म भी अभ्रक भस्म के गुण-धर्मों से बिल्कुल ही भि होते है। अभ्रक भस्म बनाने का उद्देश्य तो यह है कि अभ्रक के वास्तवि गठन में इतना ही परिवर्तन या हेर फेर हो कि वह विशेष रूप से ऊष्मिद

रणत हो जाय, किन्तु उसके मूल घटको का वास्तविक रूप नष्ट न हो। गे को इसमें मिला कर जब वमन करते है तो उसमे कांच जैसा पदार्थ ाली मे नीचे जाकर लगता है या कांच के से कण कुठाली में जहा तहा लगे लते है जिसको प्राचीन आचार्यो ने अभ्रक सत्व माना था। यथा—

पादांश टंङ्कणोपेतं मुसली रसमर्दितम्।
रुन्ध्यात्कोष्ठ्या दृढध्मात सत्वरूप भवेद्घनम्॥ र र स, पा स

चौथाई सुहागा मिला कर मूसली रस की भावना दे कुठाली में रख कर : वमन करने पर सत्व रूप अभ्रक प्राप्त होता है।

धान्याभ्रक निर्माण विधि

कृष्णाऽभ्रकं समादाय वज्राख्यं बलवत्तरम्।
एकपत्रं ततः कुर्याद्रसेकर्पासपत्रजे॥
स्थापयेत् त्रिदिनं यावत्ततो धर्मेनिधापयेत्।
दिनमेकं रसैस्तैश्च व्रीहयुक्तैश्चवस्त्रके॥
निःक्षिप्यंसुदृढे क्षिप्त्वा पोट्टलींमर्दयेत्करैः।
तत्सर्वं चूर्णितं कृत्वा प्रयाति च यथा बहिः॥

ओ यो, र चि, र र, रसा स, र को, बन्ध, यो म, र रा सु, र का धे, काले अभ्रक को गरम करके कपास के पत्तो के रस में बुझावे और एक क पत्र भिन्न-भिन्न करके उन्हे कपास के पत्तो के रस में ३ दिन भिगोकर धूप में ा रहने दे, फिर अभ्रक की चौथाई धान डालकर अभ्रकको कम्बलकी पोटली बांध कर खूब मर्दन करे। हाथसे मल मल कर उसे बारीक करदे और उस टली को पानी में डुबो-डुबो कर सारे बारीक चूर्ण को उस पोटली मे बाहर नी मे निकाल दे उस पानी से फिर अभ्रक को दोलन विधि से दूसरे बर्तन मे ाका कर निकाल ले, नीचे बैठी हुई रेत को त्याग दे, इस अभ्रक को धूप में ाले यह धान्याभ्रक है।

वक्तव्य—यूनानी चिकित्सा के प्राचीन ग्रन्थो में अभ्रक भस्म बनाने की न कोई विधि मिलती है न वे अभ्रक भस्म का उपयोग ही जानते थे, इसे होने रस चिकित्सको से मालूम किया। आरम्भ में वह श्वेताभ्रक भस्म का ही योग करते थे, धीरे-धीरे कृष्णाभ्रक का भी करने लगे किन्तु इनके बनाने की धियो का ज्ञान उन्हे वैद्यो से ही हुआ।

अभ्रक भस्म (केवल भावना द्वारा)

देवदालीरसेगाढं धान्याभ्रं भावयेच्छतम्।
कर्पूर धवलं सूक्ष्मं निश्चन्द्रं जायते ध्रुवम् ॥ टो, पा स

श्याम अभ्रक से बना धान्याभ्रक को देवदाली के रस में १०० भावना दे तो कपूर जैसा सफेद निश्चन्द्र सूक्ष्म चूर्ण प्राप्त हो। यहा पर ग्रन्थकार का अभिप्राय केवल भावना देने से है, देवदाली की भावना देने से उसका वर्ण रस के मिश्रित होते रहने पर कुछ न कुछ हरापन लिये होना चाहिये किन्तु ग्रन्थकार कहता है—भावना देते-देते काला अभ्रक सफेद कपूर जैसा बन जाता है और वह निश्चन्द्र हो जाता है।

(२) रसाला मूसलीवारिपुटिते च मुहुः मुहुः।
निश्चन्द्रं मृत्युमाप्नोति कर्मयोग्यं भवेत्तत. ॥ टो., पा. स.

धान्याभ्रक को विदारीकन्द और मूसली के क्वाथ की वारम्वार भावना देता रहे। यहापर पुट शब्द भावनाके अर्थमें है। अर्थात् उक्त दोनो वनस्पतियोके रस की भिन्न भिन्न भावना दे, पुन सूखने पर फिर रस डालकर खरल करता रहे इस विधिसे तव तक खरल करता रहे जव तक अभ्रक निश्चन्द्र न हो जाय।

(३) श्वेत अभ्रक चूर्ण १० तोला को, केलाकन्द रस की एक भावना दे भानु-पाक करे, इसी प्रकार ३ भावना दे। इसके वाद इसमें ३ माशे चादी के वर्क मिला कर पुन एक भावना दे इस प्रकार ४ भावना के वाद अभ्रक निश्चन्द्र हो जाता है। मात्रा १ रत्ती। प्रत्येक ज्वरो में। स अ

(४) धान्याभ्रक ३ तो० को हल्दी के रस मे खरल करते हुए इतनी भावनाए दें कि वह निश्चन्द्र हो जाय। फिर इसमें इलायची छोटी, वन्सलोचन, मूसली श्वेत प्रत्येक ३ तो० मिला कर एक दिन घोट कर रख ले। मात्रा १ माशा यकृत विकार प्रमेह, सुजाक में लाभदायी है। र ति

(५) धान्याभ्रक ५ तो०, नौसादर २ तो०, फिटकरी ३ तो०। सव को एकत्र कर पानी से इतना खरल करे कि अभ्रक निश्चन्द्र हो जाय। फिर पानी से धोकर नौसादर, फिटकरी निकाल दे सुखाकर रख ले। मात्रा ४ रत्ती पैत्तिक ज्वरो में दे।

(६) धान्याभ्रक को दही के पानी (तोड) मे एक दिन भिगो कर धो ले फिर काकजघा रस की तव तक भावना देता रहे जव तक निश्चन्द्र न हो जाय।

मात्रा २ रत्ती। सुजाक, रक्तमूत्रता, रक्तपित्त, रक्तष्ठीवन, काम, श्वास, काली खासी और उष्णप्रकृति ज्वरो मे, जलोदर, यकृत, प्लीहा, वृद्धि, प्रमेह, प्रदर मे लाभदायी है। र ति, मि ख

वन्याभ्रक को पेठा रस और गवी के दूव की ७-७ भावना दे तो अभ्रक १४ भावना में निश्चन्द्र हो जाता है, मात्रा ४ रत्ती। उक्त रोगो में तथा मस्तिष्क निर्वलता मे, प्रमेह मे विशेष लाभदायी है। र ति, मि ख

श्वेताभ्रक चूर्ण को हाथीसुण्डी के रस में भिगो कर भानुपाक करे, इस प्रकार ७ भावना दे तो निश्चन्द्र हो। मात्रा १ रत्ती। यह सर्प विष पर अगद का काम करता है। अ स, मि ख

अभ्रक भस्म (धमन विधि द्वारा)

रम्भाद्भिरभ्रं लवणेन पिष्ट्वा चक्रीकृतं टंकण मध्यवर्ति।
दुग्धेन्धनेषु व्यजनानिलेषु स्नुह्यर्क [1]मूलाम्बुपुटैश्च सिद्धम् ॥

रसे चि, भा भै र, रसे सा स, र ज. नि

१ मूलाम्बु भा भै र इति पाठोऽस्ति।

अभ्रक को वरावर केलाखार का पानी डाल कर खरल कर टिकिया वनाय सुखाय नीचे ऊपर सुहागे की चुटकी दे कुठाली मे जमाकर कोयलो पर रख मन करे, लाल हो जाने पर उसे दूव में वुझावे फिर थोहर के, आक के दूव की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय पुट दे तो अभ्रक भस्म वने।

उक्त विधि की व्याख्या दूसरे ग्रन्थकार निम्न पाठ मे देते है —

वज्राभ्रकं समादाय निक्षिप्यं स्थालिकोदरे।
रम्भादिक्षार तोयेन पचेद्गोमयवह्निना ॥
यावत्सिन्दूरसंकाशं न भवेत्स्थालिकावहिः।
सेचनीयं ततः क्षीरैस्ततः सूक्ष्मं विचूर्णयेत् ॥

रसे सा स, भा भै र

अभ्रक को कढाई में रख उसमें केला क्षार का पानी डाल उसे उपलो की आच में पकावे, उस पानी के सूखने पर इतनी तीव्र अग्नि दे कि कढाई का तला लाल हो जाय उस समय उस अभ्रक को दूव में वुझा दे। इसी विधि से तव तक करे जव तक अभ्रक का सूक्ष्म चूर्ण न हो जाय, उसे पीस ले।

वक्तव्य—इसमें सुहागा नहीं डाला गया है वाकी दोनो पाठ एक ही विधि

को बताते है ।

यद्यपि कुछ वनस्पतियो का उक्त पाठमें भेद है तथापि उक्त दोनो का भाव एक है उक्त पाठोकी विस्तृत व्याख्या निम्न पाठमें अन्य ग्रन्थकारदेते है । यथा

(३) कृष्णाभ्रमभेकवपूर्वं वज्राख्य चैकपत्रकं कृत्वा काष्ठमये ऊखलके चूर्णं मुसलेनकुर्वीत, भूयो दृषदि च पिष्ट वास्त्र. सूक्ष्मावकाश तलगलितम् , मण्डूकपर्णिकायाः प्रचुररसे स्थापयेत् त्रिदिन, उद्धृत्यतद्रसादथ-पिष्याद्वैमन्तिक धान्यभक्तस्य, अक्षोदात्यन्ताम्ल स्वच्छजलेन प्रयत्नेन मण्डूकपर्णिकायाः पूर्व रसेनैव [1]मर्दन कुर्यात्, स्थालीपाकं पुटनं [2]चान्यै-रपि भृङ्गराद्यै', तालादिपत्रमध्ये कृत्वापिण्डं निधाय भस्त्राग्नौ, तावदहेन्न यावन्नीलोऽग्नि र्दृश्यते सुचिरम्, निर्वापयेच्च दुग्धेन दुग्ध प्रक्षाल्य वारिणा तदनु, पिष्ट्वा घृष्ट्वा वस्त्रं चूर्णं निश्चन्द्रिकं कुर्यात् ।

च द, र चि, र का धे

१ मोदक कुर्यात् चक्रदत्ते इति पठोऽस्ति । २ चाद्यैरपि च द इति पाठ

काले अभ्रकमेंसे वज्रको छाट इलहदा इलहदा पत्र करे, फिर लकडीके ऊखल-मूसलीमें कूटकर चूर्ण करे और कपडेमें छान ब्राह्मी रसमे तीन दिन भीगा रहने दे, फिर निकाल कर पीस चावल (भात) की काजी बनाकर उसके स्वच्छ जल में भिगो दे फिर ब्राह्मीके रसमें खरल करता हुआ भावना दे लड्डू बनाय कढाईमें रख भानुपाक करे, इसी प्रकार भागरेके रसकी भावना दे भानुपाक करे, फिर तालादिके पत्रमें उसे लपेट गोला बनाय कुठालीमे रख धमन करे, जब तक वह तपकर लाल न हो जाय और नीली ज्वाला न देने लगे जब तक धमन करे फिर निकाल दूधमे बुझावे फिर पानीसे धोकर पीस ले और कपडेमें से छान कर फिर घोटे, इस तरह तब तक करे जब तक निश्चन्द्र न हो जाय ।

(४) अंगारोपरि विन्यस्तं ध्मातमेव दलीकृतम् ।
निक्षिपेत् काजिके कृष्णमभ्रकं वह्निसन्निभम् ॥
ततोऽस्य कांजिकस्थस्य चिरंधर्मे विधारणम् ।
पेषणं च विधातव्य पौन. पुन्येन पंडितैः ॥
चांगेरी स्वाग निर्यासैरप्येवं विधिमाचरेत् ।
तण्डुलीयक मूलस्य रसेनापि तत परम् ॥
ततोऽस्मिन्खदिरांगारै र्नीते नीतेऽग्निवर्णताम् ।

क्षिपेत् पुनः पुनः क्षीरे यथा निश्चन्द्रिकं भवेत् ॥
र रा सु, टी, पा स. ।

टोडरानन्दे उक्त पाठ त्रुटितोऽस्ति ।

काले अभ्रकको अगारो पर तपा कर जुदे २ वर्क करे, फिर काजी में भिगो धूपमे रख कर वार वार पीसे फिर कोयलो पर रख तपा तपा कर दूध में वुझावे । फिर धान्याभ्रकको तिपतिया (खट्टी) के रसकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय कोयलो पर रख धमन करे और दूधमें वुझावे फिर काटेवाली चौलाईके रसकी भावना दे उक्त विधिसे कोयलो पर रख पुट दे इसी विधिस तव तक धमन कर दूधमे वुझावे जव तक निश्चित न होजाय ।

(५) कृष्ण चाभ्रं ध्मातमङ्गारवह्नौ वह्निप्राय काञ्जिके सन्निवेश्य ।
धृत्वारौद्रे याममेकं च पश्चात्पिष्ट्वातोयैश्चारुचाङ्गारिकोत्थै.॥
भूयो भूयो मेघनादाम्भसा तत्तीव्राङ्गारैर्निर्धमेत्सेचयेच्च ।
क्षीरेणैवसप्तधा भावयेत्तन्निश्चन्द्रस्याल्लोहवत्पाचयेच्च ।
भृङ्गव्याघ्री शुक्ल वर्षाभुतोयैर्भेकीहन्सीगण्डिनी दुग्धिकोत्थैः ।
पाठाब्राह्मी सूर्यभक्ताकुमारीतोयैः सिक्तं छागदुग्धाभिपिक्तम् ।
शुद्धं गुञ्जावुद्धिमान् रोगशान्त्यै योगेष्वभ्रं सर्वदोक्त प्रमाणम् ॥
रसे चू, र का वे ।

काले अभ्रकको अगारोमे रख लाल करके काजीमें वुझावे पुन काजीमे रख कर ३ घटा तीव्र आच पर उसे लाल करे, फिर तिपतिया के रसकी भावना दे कुठाली में रख फिर धमन करे और दूधमें वुझावे इस प्रकार चौलाई के रसकी भावना दे ७ वार दूधमें वुझावे । फिर इसे लोहविधिवत् वनस्पतियोके रस पकावे ।

भावना की वनस्पतियां—भागरा, कटेली, सफेद साठी, ब्राह्मी, हन्सराज, वडी दूव, घी, पाठा, मण्डूकपर्णी, हुलहुल, कुमारी इनकी भावना देकर धमन करे और वकरी के दूधमे वुझावे तो अभ्रक भस्म वने । मात्रा १ रत्ती ।

(६) धान्याभ्रकमम्लपिष्टं पुटे तप्तेऽम्लसेचनम् ।
ततपिष्ट्वा धारयेत्खल्वे भाव्यमम्लारनालकैः ॥
तप्त तप्तं चारनालैः पाच्यं शोध्य पुन. पुनः ।
पुटे वा धमनैः पाच्यं विंशद्वारं पुन. पुन. ॥

दुग्धंतप्त पुटं पच्यात्तप्त दुग्धेन सेचयेत् ।
एवं त्रिसप्तवाराणि शोष्य पेष्य पुटे पचेत् ॥
पेषयित्वापचेत्स्थाल्या लौहदर्व्या विचालयेत् ।
दुग्धस्थ च ततो दुग्धैः पुटे पच्यात्पुनः पुनः ॥
एवं सप्त दिनं पच्यादिवा चैकं पुट निशि ।
तण्डुली वज्रवल्ली च लतामूलीपुनर्नवा ।
चांगेरीमरिचचैव वलायाः पयसा सह ।
एभिश्चपेषयेच्चाभ्रं प्रत्येकं त त्र्यह त्र्यहम् ॥
स्थित्वातप्ते पुटे पश्चात्प्रत्येकेन पुन पुनः ।
पिष्ट्वापुनः पुटे धृष्ट कज्जलाभं मृतं भवेत् ॥ र र

धान्याभ्रकको जम्बीरी या निम्बू रसमें पीस कर टिकिया वनाय कुठालीमे रखकर धमन करे लाल होनेपर निकाल काँजीमें या किसी अम्लके रसमे वुझावे। इस प्रकार धमन करके गौ दूध, अम्ल रस और काजीमें २०-२० वार वुझावे, फिर तपावे और दूधमें वुझाता रहे, इस तरह पुन. २१ वार करे, फिर काजीसे धोकर सुखाय पीसले। उस चूर्णको फिर कढाईमें रख कर दूधमे पकावे और करछीसे चलाते हुए दूधको सुखादे फिर निम्न वनस्पतियोमें दिनमें पकावे, रात्रि में पुट दे, फिर कढाईमें डाल दूधमें पकावे, फिर धमन कर दूधमें वुझावे और पीसे इस प्रकार २१ वार करे। भावनाकी वनस्पतिया —चौलाई, हड़सहारी, मूसली, साठी, तिपतिया, मिर्च, वला प्रत्येककी तीन भावना दे और फिर धमन विधिसे पुट दे, इस प्रकार वारम्वार करने पर अभ्रककी कज्जल सदृश्य निश्चन्द्र भस्म हो जाती है। यह जो ७ विधिया ग्रन्थकारोने अभ्रक भस्म वनानेकी वताई है वास्तवमें यह आरम्भिक कालकी विधिया है।

अभ्रक भस्म (एक पुटी)

सुवर्चिकामानमितं गुण च तयोः समानं गगनं प्रगृह्य ।
सम्मेल्यहण्ड्याञ्च निधायसर्वं सर्वार्थकार्यां प्रददीत वह्निम् ॥
रसा सा

सोरा और गुड वरावर पानी डाल कर घोट इनके वरावर अभ्रकका वारीक चूर्ण मिलाय सम्पुट कर गजपुटकी पुट दे या भट्टीमें रख कर भस्म करे तो एक पुटमे अभ्रक भस्म हो। पुन इस भस्मको पानीसे घोट ५-७ वार पानी

से धोकर सुखाले, तव व्यवहारमें लावे ।

(२) श्वेताभ्रक चूर्णसे डेढगुना सोरा मिलाय खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १२-१५ सेर उपलोकी पुट दे, अगले दिन निकाल पीस कर ६-७ वार खूव पानी से धोकर उसका सोरा निकाल दे फिर सुखाकर रख ले । मात्रा ४ रत्ती । अ ति, सि यो स

(३) श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो० को मूलीका रस, गिलोय क्वाथकी भावना देनेके वाद ५ तो० सोरा मिलाय टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलोकी आचदे, पुन अगले दिन निकाल पीस कर उसका सोरा धोकर निकाल दे और काम में लावे । मि यो स., स अ

(४) धान्याभ्रकस्य भागौ द्वौ भागैकं शुद्ध गंधकम् ।
वटक्षीरेण समर्द्य ह्यंधो मूषां निरोधयेत् ॥
पचेद्गजपुटेनैव वारमेकं मृतं भवेत् । र रा सु, टो, भा भै र, पा स.

धान्याभ्रक २ भाग, वलि १ भाग, वटदूधकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो एक ही आचमें अभ्रक भस्म हो ।

(५) श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो को दो दिन मेहदी रस की फिर १ दिन कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच दे । मात्रा ४ रत्ती । स अ, मि ख

(६) श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो के वरावर पारा मिलाय वटाँकुर रसकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय वट जटाके नुकदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे । मख, मि. ख.

(७) श्वेताभ्रक चूर्ण को किप्टा (स्वर्ण कारों के आभूषण धोने की खटाई) के पानी की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय किप्टेके नुगदेमें रख सम्पुट कर गजपुट की पुट दें तो एक पुट में भस्म हो । अ की, मि ख

(२ पुटी) वज्राभ्रमश्म सदृशं पीतमार्कवजद्रवैः ।
त्रिदिनंमृण्मये पात्रे धारयेच्चखरातपे ॥
चतुर्थेऽह्निमर्दयित्वा कृत्वा तस्य तु गोलके ।
पुनः पीतस्य भृंगस्य दलपुष्पस्य गोलकं ।
धृत्वा तद्गोलके कार्यं मृदाकर्पट वेष्टणम् ॥
दद्याद्गजपुटं सम्यगेवंदेयं पुटद्वयम् ॥

अरुणाभं भवेद्भस्म सर्वयोगेषु योजयेत् ।
यदिदं चक्रिकायुक्तं तत्रापि दोषवर्जितम् ॥ र च.

मिट्टी की हाण्डीमें वज्राभ्रकको डाल पीले आकके पत्तोंके रसमें भिगो कर भानु-पाक करे, रस सूखने पर और डाल दे, चौथे दिन खरलमें डाल घोट कर टिकिया वनाय सुखाय भृ गराजके पीले पत्तोंके नुगदेमें लपेट सम्पुट कर गजपुटकी आंच दे, इस विधिसे दो पुट दे तो दो पुटमें लाल रगकी भस्म वने । यदि इसकी टिकिया ही रहने दे तो कोई हर्ज नहीं ।

(२) श्वेताभ्रक पत्रोंको लाल करके गौदुग्धमें बुझावे, इस प्रकार ८-१० वार करे, फिर कूटकर चूर्ण वनाय कुमारी रसकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलों की पुट दे । इस विधिसे २ पुट देने पर भस्म वने ।

मात्रा १-२ रत्ती । चा चि, अ त, मि ख.

(३) श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो० सिरका जामुन २ बोतल इन्हे चीनी के या कांच के बर्तन में सम्पुट कर ४० दिन धान्यराशि मे दवा दे, फिर निकाल खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे । यदि चमक दिखाई दे तो इसी सिरका की एक भावना देकर एक पुट और दे । मात्रा १ रत्ती, उष्णप्रकृति, प्राकृतिक उष्णतावृद्धि, दाह, पैत्तिक प्रमेह, रक्त मूत्र में लाभदायी है । स अ, मि ख

(४) श्वेत अभ्रक से १॥ गुना सोरा मिला कर थोहर के दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलों की पुट दे । दूसरी वार पुन थोहर दूधकी भावना दे इसी विधिसे दो पुट दे तो भस्म हो । लेखकका मत है कि यह आमवात मे लाभदायी है । लेखक ने इसे वडे आडम्बर विधि से वनाना वताया है जिसका उल्लेख करना वृथा समझ दिया है । मात्रा १ माशा ।

(५) श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो० अनारदाना के खट्टे पानी की भ १० तो० सोरा मिलाय टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर उपलों की आच दे, पुन निकाल निम्बूरस की भावना दे से एक पुट और दे । इ

(३ पुटी) अभ्रकं त्रिपलं शुद्धं क्षिपेच्छुक्ते चतुर्गुणे ।
चत्वारिंशद्दिनान्येव स्थापयेत्तत्र बुद्धिमान् ॥

पलार्धं पारदं शुद्धं पलं बंबूरजं नवम् ।
कुसुमञ्च समादाय मर्दयेद्भिषगुत्तमः ।
उभयोर्गुटिका मेकां कृत्वा तत्रैव निःक्षिपेत् ।
दण्डेन चालयेन्नित्यं त्रिदिनं नाधिकं ततः ॥
मर्यादा दिवसे पूर्णे खल्वेक्षिप्त्वा विमर्दयेत् ।
घनत्वमागतं दृष्ट्वा चक्रिकां कारयेद्बुधः ।
घर्मे संशोष्य विधिना ततो गजपुटे पचेत् ।
पुनः शुक्तांतरेणैव मर्दयेदेकवासरे ॥
वन्योपलैः पचेदेवं कुर्याद्वारत्रय ततः ।
भस्मी भूतमिदं खादेद्गुञ्जामात्रं निरन्तरम् ॥

वै द, र रा सु, भा भै र

१२ तो० अभ्रक को चौगुने सिरका में ४० दिन भिगो रखे, फिर २ तोला पारा, ४ तोला बबूल के ताजे फूल में घोट इसकी गोली बनाय उसी अभ्रक में डाल डडे से ३ दिन चलाता रहे, चौथे दिन सबको खरल में डाल घोटे, गाढा होने पर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट में रख गजपुट की अग्नि दे, इस प्रकार सिरका की १ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इसी विधि से ३ पुट दे तो अभ्रक की भस्म हो। यह भस्म दृष्टिवर्धक, अग्निवर्धक, और प्रमेहादि रोगो का नाशक है। इसकी मात्रा १ रत्ती है।

(२) दध्ना च गुड संयुक्तं चिञ्चाद्रवसमन्वितम् ।
त्रिपुटं जायते भस्म पचेद्गजपुटेन तु ॥ र सा

अभ्रक में गुड, दही और इमली का पानी मिलाकर खूब घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे। इस विधि से ३ पुट दे तो अभ्रक की भस्म बने।

(३) धान्याभ्रक को दही की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी विधि से ३ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म बने।

म अ, मि ख.

श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो० को गवी के दूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इसी प्रकार दो पुट और दे तो भस्म हो। मात्र १–२ रत्ती।

अ त, अ स.

(५) धान्याभ्रमक में छठा भाग पारा मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय उन टिकियों के नीचे-ऊपर सुहागे की चुटकी दे सम्पुट कर गजपुट की पुट दे। इस विधिसे ३पुट दे तो अभ्रक भस्म हो। अ स, मि ख.

(६) गंधर्व पत्र तोयेन गुडेन सह भावितम् ।
अधोर्ध्वं वटपत्राणि निश्चन्द्रं त्रिपुटैः खगम् ॥
र रा सु, भा भै र, र र स, र च

अभ्रक के बराबर गुड मिलाकर एरंड पत्तों के रस की भावना दे, टिकिया बनाय सुखाय उसके नीचे-ऊपर बट के पत्र दे लपेट सम्पुट कर गजपुट की अग्नि दे। इस तरह ३ पुट दे तो अभ्रक की भस्म हो।

(७) धान्याभ्रक १० तो एरण्ड पत्र रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय एरण्ड के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आंच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो भस्म बने। मात्रा २ रत्ती। म अ, स अ, मि ख

(८) श्वेताभ्रक चूर्ण को धतूरा रस की ३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलों को पुट दे इस विधि से ३ पुट दे तो भस्म हो। लेखक का मत है कि यह भस्म स्तम्भक है। अ स

(९) श्वेताभ्रक चूर्ण १० तो को मूली रस की ३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे इस विधि से ३ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म हो। मात्रा २ रत्ती। अश्मरी में लाभदायी है। मि ख

(१०) श्वेताभ्रक चूर्ण को चागेरी रस की ३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे इस विधि से ३ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म हो। कु र, मि ख

(११) श्वेताभ्रक चूर्ण को त्रिफला क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे इस विधि से ३ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म हो। नोट—कुश्ते-जात अक्सीरने ७ पुट दी है। कु अ, रमू. ति, मि ख

(१२) श्वेताभ्रक को श्वेतगुञ्जा क्वाथ की ७ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे। इस विधि से ३ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म हो। म अ, मि ख.

(४ पुटी) धान्याभ्रं टंकण तुल्यं गोमूत्रैस्तुलसी जलै[1]।
वाकुची [2]शूरणोद्भवैर्दिनं पिष्ट्वा पुटे पचेत् ॥

जयन्त्याश्चद्रवैः पश्चान्मर्दयित्वा[3] त्रिधा पुटेत् ।
क्रिययैवं[4] चतुर्वारं निश्चंद्रं सर्वरोगजित् ॥
र च., र ज. नि, भा. भै. र, र र.

१. दलै र. च. इति पाठ । २ शूरणैरल्पै र. च इति पाठ । ३. मर्द्यमर्द्यं र. च इति पठित । ४. चतुर्गजपुटेनैव र, च. इति पाठ ।

धान्याभ्रक के सम भाग टकण ले गोमूत्र और तुलसी रस वाकुची और जिमीकन्द के रस की भावना दे गजपुट की आच दे । इसी प्रकार जयन्ती के स्वरस में मर्दन कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ३ पुट दे तो निश्चन्द्र अभ्रक की भस्म हो ।

(२) श्वेताभ्रक चूर्ण को आक दूध की २ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की पुट दे, फिर निकाल धतूरा रस की २ भावना दे पुट दे, इसी विधि से ४ पुट दे तो अभ्रक भस्म हो । म. अ., मि.ख

(५ पुटी) नागवला भद्रमुस्ता दुग्धं तु वटकस्य च ।
यद्वावटजटातोयैर्हरिद्रा वारिणा पुटेत् ॥
मंजिष्ठा क्वाथ तोयेन सर्वैरेभिर्यथा क्रमम् ॥
पुटित भावनायोगाद्वरमेतत्पुटेन्मुहुः ॥
जायते ह्यरुणं चाति भस्म वज्राभ्रकोद्भवम् । र रा सु

अभ्रक, नागवला, मोथा, वट दूध या वट जटा का क्वाथ, हल्दी का पानी, मँजीठ का काढा इन सवकी क्रमश भावना व पुट देता रहे तो ५ पुट में अभ्रक की लाल भस्म हो ।

(२) धान्याभ्रं गुड तुल्य च श्रेष्ठ क्षीरेण मर्दितम् ।
कुर्यात् सुचक्रिकां शुष्कां सम्यग्गजपुटे पचेत् ॥
ततो धत्तूर पत्तूर कुमारी शशि वाटिका ।
प्रत्येक स्वरसेनैव पुटेदाशु मृतिं व्रजेत् ॥ पा स, र त, र रा सु, टो.

धान्याभ्रक के समान गुड मिला कर गो दुग्धमें घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट में फूक दे फिर धतूरे के पत्तो के साथ घोट कर गजपुट की पुट दे, इसी प्रकार गजपीपर, कुमारी और कुमुदनी के रस की भावना देकर पुट देता रहे तो ५ पुट मे अभ्रक भस्म हो ।

(७ पुटी) व्योमपत्राणि सौवीर मार्कवस्वरसे क्षिपेत्[1] ।

त्रिदिनानि ततः क्षिप्त्वावस्त्रे त्रीहिपु मर्दयेत् ॥
वटार्कक्षीर धत्तूर रसै. सम्मर्द्य तत्पुनः ।
क्रमात्सप्तपुटं कृत्वा गगनं म्रियते ध्रुवम् ॥ र. को

अभ्रक पत्रो को काजी सहित आक के पत्तो के रस में ३ दिन भिगो कर वस्त्र में बाध उसके साथ धान मिलाय मर्दन कर धान्याभ्रक बनाय सुखाय पुन वट दुग्ध, आक दुग्ध, धतूरा रस की क्रम से भिन्न-भिन्न भावना व पुट देता रहे तो ७ पुट में अभ्रक भस्म हो ।

(२) कृष्णाभ्रक चूर्ण १० तो० को वट जटा क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे । इस विधि से ७ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म हो । स अ

(३) तद्वद्रम्भारसेनापि सप्तवारं पुटेद्भिषक् ॥
एवंस्वल्पै.पुटैरेव गगनंमृतिमाप्नुयात् । र त, भा प्र

इसी तरह केला के रस में अभ्रक को भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर अर्ध-गजपुट की आँच दे । इस प्रकार ७ पुट दे तो अभ्रक भस्म हो ।

(१० पुटी) धान्याभ्रं रविक्षीरै रविमूलद्रवैश्च वा ।
मर्दितं[1] पुटित पश्चात् सप्तधा म्रियते ध्रुवम् ॥
सघृतैर्माहिषीक्षीरै मर्द्यं देयं पुटत्रयम् ।
म्रियते नात्र सदेहो सर्वरोगेषु योजयेत् ॥

रसे सा स,भा भै र ,नि र ,रसा सा ,र.च ,रसे चि ,ऋ.ख ,र ज नि ,यो चि ,चा चि ।

१. मर्द्यं मर्द्यंतत र च इतिपाठ । ऋ ख निम्नयो उभयो पक्तिभ्यामधिक । योगचिन्तामणौ रसतरगिण्या भावप्रकाशेऽपि भिन्न भिन्न पाठ प्रतिपादितः । 'ततो वटजटा क्वाथैस्तद्वद्देय पुटत्रयम् । रसेन्द्रचिन्तामणौ अय पक्ति अधिक ।

धान्याभ्रक को अर्क दुग्ध या अर्क रस में घोटकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से ७ पुट दे, ऋद्धि खण्ड वादिखण्ड में घी और दूध की भावना देकर ३ पुट और देने का विधान बताया है । उक्त ७ पुटी को इसने १० पुटी अभ्रक भस्म बनाई है । रसचिन्तामणिकार ने घी, दूध के स्थान पर वटजटा क्वाथ की ३ पुट दी है ।

(२) कृत्वा धान्याभ्रकं तच्च शोधयित्वा विमर्दयेत् ।
अर्कक्षीरै दिनं खल्वे चक्राकारं च कारयेत् ॥

वेष्ट्येदर्कपत्रैश्च सम्यग्गजपुटे [1]क्षिपेत् ॥
पुनः मर्द्य पुनः पाच्यं सप्तवारान् [2] पुनः पुनः ।
ततो वटजटा क्वाथैः तद्वद्देयं पुटत्रयम् ॥
म्रियते नात्र सदेह. प्रयोज्य. सर्वकर्मसु ।
र रा सु, र. प्र., व रा., वृ. यो त, वं द., भा प्र, र. त

१ पचेत् र प्र इति पाठ ।
२ प्रयत्नत र. प्र, भा. प्र, र च, चि, रत्नाभरणे इति पाठ ।
३ सर्व रोगेषु योजयेत् „ „ „ „ „
४ भावप्रकाशे रसतरंगिण्या द्वाभ्याग्रन्थाभ्या भिन्नपाठ प्रतिपादित ।

धान्याभ्रक को अर्क दूध में एक दिन घोटकर फिर छोटी-छोटी टिकिया बनाय धूप में सुखाले फिर उन्हें आक के पत्तो में लपेट कर सम्पुट मे रख गजपुट की अग्नि दे । इस तरह से ७ बार आच दे फिर वटजटा क्वाथ की भावना देकर ३ आच दे तो १० पुटो मे अभ्रक की लाल भस्म बने ।

वक्तव्य—यद्यपि १० पुटी अभ्रक भस्म की यह दोनो विधिया एक हैं केवल पाठ भेद है तथापि इनका उल्लेख अनेक ग्रन्थो में आने से दोनो पाठ हमने पाठको के सामने रख दिये है ।

(३) केनाप्यस्य तृणस्यापि रसेनापि प्रमर्दितम् ।
पुटितं दशधा भस्मं निश्चन्द्रं जायते ध्रुवम् ॥ र रा सु

नोनिया साग के रस में अभ्रक को घोट कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से १० पुट दे तो अभ्रक की निश्चन्द्र भस्म हो ।

(४) धान्याभ्रं कासमर्दस्यरसेन परिमर्दितम् ।
पुटितं [1]दशवारेण म्रियते नात्र संशय ॥
र रा सु, र च, रसे चू, र प्र सु, र र स, आ वे प्र, भा र प.
१ शतवारेण र प्र सु, रसे चूडामणौ इति पाठ ।

धान्याभ्रक को कसौदी के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी विधि से १० पुट दे तो अभ्रक भस्म हो ।

(११ पुटी) कृष्णाभ्रक चूर्ण को पोटली मे बाध भेड के दूध में भिगो दे अगले दिन १ सेर भेडके दूधमे दोलायन्त्र विधिसे स्वेदन करे। इस प्रकार ७ दिन

स्वेदन करे, फिर भेड के दूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे फिर १ पुट निम्बू रस की, एक शराब की और एक मक्खन की दे तो अभ्रक भस्म हो। म अ, स अ, मि ख

सनत अकबर का लेखक २० तो० कृष्णाभ्रक को १ सेर भेड के दूध मे भिगोकर अगले दिन कढाई में डाल कर पकाना लिखता है। इस विधि से ७ बार करे, फिर १ सेर भेड के दूध की भावना देकर पुट दे और उसने निम्बू रस शराब, मक्खन की मात्रा २०-२० तो० बताई है। इसे उसनेशक्ति वर्धक, वृंहण, रसायन लिखा है। मात्रा २ रत्ती।

(१२ पटी) श्लक्ष्ण त्रीहि भिरेकतः समतुलै रूर्णापटे घर्षयेत्।
ऊर्णासंस्थित काञ्जिकादपहृत तत्षोडशांशेन वा
वस्वंशेन सुटङ्कणेन मिलितं सम्मर्दितं भावितम्।
दुग्धैरर्कभवैश्च वास्तुकरसैर्वा कासमर्दद्रवै-
र्मत्स्याक्षी सलिलैश्चगन्धवतिकाद्रावैश्चशिग्रुद्रवैः।
चक्रीकृत्य तदर्कपत्रपिहित पक्वं गजाह्वैः पुटै-
र्यावच्चन्द्रिकमभ्र भस्म भवति प्राय. सुपीतारुणम्।
तत्केचित्तुविभावयन्तिचरमे द्विग्येकपाकान्तरे।
वर्णार्थंत्वथ तद्वपुर्वलकर वृष्य प्रमेहापहे॥ र. प, र. का. धे

रसकामधेनौ त्रुटित पाठ प्रतिपादित।

साफ नरम अभ्रक को काजी मे भिगो कर अगले दिन उस अभ्रक के बराबर धान मिलाकर कम्बल मे बाध रगडे और अभ्रक के सूक्ष्म कणो को जल मे या काजी में उस पोटली को डुबो-डुबो कर मल-मल कर निकालता जाय इस प्रकार धान्याभ्रक बनाय सुखाय उसका १६ वा भाग या आठवा भाग सुहागा मिलाय निम्न वनस्पतियो की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे, स्वाग शीतल होने पर निकाल इसी क्रम को दोहराता रहे। वनस्पतियाँ—आक दूध, बयुआ, कसौंदी, मछेछी, बन चमेली, सुहजना, इन ६ वनस्पतियो की पुट दे तो लाल-पीले रग की अभ्रक भस्म बनती है। यदि नागवाला, मोथा, वटदुग्ध या वटजटा, हल्दी, मजीठ इनकी १—१ भावना और १—१ पुट और दे दे तो अभ्रक भस्म का रग बदल जाता है यह १२ पुट की अभ्रक भस्म फिर लाल वर्ण की हो जाती है।

(१३ पुटी) धान्याभ्र मेघनादै[1] र्भृंगनयनजले जम्भलेटङ्कणेन।
खल्वे सम्मर्द्यगाढं तदनुगजपुटान् द्वादशैव प्रदद्यात्।
मीनाक्षी भृङ्गतोयैस्त्रिफलजलयुतैर्मर्दयेत्सप्तरात्रम्[2]।
गन्ध तुल्य च[3] दद्यात्प्रवरगजपुटात्पचतांयाति मेघः॥
र स क, र का धे, वृ यो त, यो र, भा भै र.

१ कदलीघनजलेटकणाकोलतोयै वृ यो तरगिण्या इति पाठ।
२ वारम् योगरत्नाकरे इति पाठ। ३ दत्त्वा योगरत्नाकरे इति पाठ.।

धान्याभ्रक में अष्टभाग सुहागा मिलाकर चौलाई, मछेछी, आक के दूध में भावना देकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट मे रख गजपुट की पुट देता रहे इस प्रकार १२ पुट देने के बाद फिर मछेछी, भगरा, त्रिफला इनके रसो में ७ दिन भावना दे उस अभ्रक के बराबर बलि मिलाय टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की एक और पुट दे तो १३ पुट मे अभ्रक की उत्तम भस्म हो।

(१५ पुटी) पुनर्नवा मेघनादद्रवैर्धान्याभ्रकं दिनम्।
[1]मर्द्यं गजपुटे [2]पच्यात्पुनश्चिञ्चाऽथ सूरणैः॥
द्रवै र्मुस्ताभवैर्मर्द्यं पृथग्देयं पुटत्रयम्।
(कासमर्दरसैः पञ्च गोमुत्रैस्त्रिफलैरपि।
न्यग्रोधकाथकैर्मर्द्यं दद्याद्दशपुटान् पुनः।
षट् च जम्बीरनीरेण गोक्षीरेण पुटत्रयम्।) व.रा.अय पाठ अधिकः
एवमर्क दलैर्वेष्ट्य देयं [3]वामोच सम्पुटे।
निश्चन्द्रं जायते ह्यभ्र यथायोगेषु योजयेत्॥
(शतधा पुटित भस्म जायते पद्मरागवत्।) व राजीये अय पक्ति-रधिक। र का धे, र र, भा भै र, देवे स, व रा.

१ पुटेपचेन्मर्दयित्वा र का. धे इति पाठ
२ पाच्य चिञ्चा सूरणै पुन. वसवराजीये इति पाठ।
३ रुध्वा च सम्पुटेत् वसवराजीये इति पाठ ३ शराव सम्पुटे र का धे. इति पाठ।

धान्याभ्रक को पुनर्नवा, चौलाई, इमली, जिमीकन्द और मोथा इनकी पृथक्-पृथक् भावना व पुट देवे। प्रत्येक की तीन-तीन पुट दे, इस विधि से १५ पुट दे

तो उत्तम भस्म बने। वसवराजीय के लेखक ने कसौदी की ५, गोमूत्र, त्रिफला, वट जटाक्वाथ इनकी १०-१० जम्बीरी रस की ६, गो दूध की ३ भावना व इतनी ही पुटें दी है। इस प्रकार जो ग्रन्थकार ने पुटें गिनाई है वह ५९ पुट बनती है, किन्तु ग्रन्थकार कहता है कि १०० पुट दे। इसका अभिप्राय यह है कि उक्त कही हुई वनस्पतियो में से इच्छानुसार आगे पुट देता रहे।

(१६ पुटी) तुण्डुलीयक बृहती नागवल्ली कंगुनी पिण्डतगर नैपाली किरातपुनर्नवोदुम्बरपर्णी हिलमोचिका मण्डूकपर्णी तिक्तिकाऽऽ खुपर्णी कामदनार्कार्द्रक पलङ्क्य सूत मातृकाद्याभिर्भिन्नभिन्न मर्दन पुटनैः मारणीयम्। र च., र का धे, रसे चि.

चौलाई, वडी कटेली, पान, कगुनी, तगर, चिरायता, साठी, गूलर, हुलहुल, ब्राह्मी, कडवी तुम्बी, मूसाकन्नी, मैनफल, आक, गोखरू, कुमारी इन वनस्पतियो में भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से भिन्न भिन्न वनस्पतियो में १६ पुट दे तो अभ्रक भस्म हो।

(१८ पुटी) पुनर्नवा रसै र्भाव्यमभ्रक चैकधा पुनः।
त्रिफलाया रसै. पञ्च वारान्निम्बस्य द्वादश ॥
यावन्निश्चन्द्रितां याति तावद्देयः पुटः क्रमात्।
र. र, धन्व., रसे क., र. यो सा.

अभ्रक को पुनर्नवा की एक भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इसी विधि से त्रिफला की पाच और नीम के रस की १३ पुट दे। अथवा जब तक अभ्रक निश्चन्द्र न हो जाय पुट देता रहे, यह अभ्रक रसायन बनता है।

(२० पुटी) धान्याभ्रकं समादाय कासमर्दभवैर्द्रवैः।
दिनैकंपेषयित्वाऽथ चक्रिकाकारितानयेत्॥
ततो गजपुटं दद्याद्दशवार विधानत.।
रविक्षीरैस्ततो दद्यात्तद्वद्देय पुटानितत्॥
एवंतुविंशतिपुटै रेवाभ्रस्य मृतिर्भवेत्।
सिन्दूर सदृशं भस्म जायते नात्र संशय॥ र त.

धान्याभ्रक को कसौदी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट में रख गजपुट की पुट दे इस विधि से १० पुट दे, फिर आक दूध में १० पुट

दे तो २० पुट में सिन्दूर जैसी लाल भस्म बने।

(२) पाचयेद्द्वित्रिदिवसं जम्बीररस काञ्जिकैः ।
त्रिफलाया रसैर्भाव्यं ततः शिग्रुरसैः पुनः ॥
प्रत्येकशो विधातव्यं मर्दनं सूक्ष्मबुद्धिना ।
ततोलज्जालुक रसै र्वाजिगन्धारसैस्तथा ॥
भावनं पुटनं कार्यमितिचाभ्रक मारणम् ।
भावना नारिकेलस्य पात्रेचानेन शस्यते । र का वे

प्रथम अभ्रक को दो तीन दिन जम्बीरी रस व काजी में डाल कर उबाले फिर धोकर त्रिफला क्वाथ की भावना दे, सूखने पर इसी विधि से निम्न वनस्पतियो की भावना दे—सुहजना, लाजवन्ती, असगन्ध, इन सबो में प्रतिवार तव तक भावना देकर पुट देता रहे जब तक निश्चन्द्र न हो जाय। प्रत्येक की पाच-पाच पुट दे तो २० पुट में निश्चन्द्र हो जाती है। ग्रन्थाकार कहता है कि नारियल के खपरे का पात्र बना कर यदि उसमें भावना दे तो अच्छा है।

(३) नागवल्ली दलरसैर्वट मूलत्वचा तथा ।
वृषामत्स्यादनीभ्यांच मत्स्याक्ष्या स पुनर्नवा ॥
वटवृक्षस्य मूलेन मर्दितं पुटितं घनम् ।
सिन्दूर सदृशो वर्णोभवेद्विंशतिमेपुटे ॥ र प्र. सु

धान्याभ्रक को पान, वटजटा, वासा जलपीपर, मछेछी, साठी इनके क्वाय या रस में क्रम से भावना व पुट देता रहे, इस प्रकार २० पुट दे तो सिन्दूर सदृश्य अभ्रक भस्म बने।

(४) वट मूल त्वचः क्वाथैस्ताम्बूली पत्र सारतः ।
वांसा मत्स्याक्षिकाभ्या च मीनाक्ष्या स कठल्लिका ॥
पयसा वट वृक्षस्य मर्दित पुटितं घनम् ।
भवेद्विंशति वारेण सिन्दूर सदृश घनम् ॥

र रा सु, र त, रसे चू, र को, र र स, र प्र सु, भा भै र

वट के जड की छाल का काढा, पान का रस, अडूसा, जलपीपर, मछेछी, लाल पुनर्नवा का रस, वड का दूध, इनमे से एक-एक औषध की भावना देकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस

विधि से २० पुट दे तो अभ्रक की लाल वर्ण भस्म बने।

(५) शुद्धं धान्याभ्रकं मुस्ता सुण्ठी षड् भाग योजितम्।
मर्दयेत्कांजिकेनैव दिनंचित्रकजैः रसैः॥
ततो गजपुटं दद्यात् तस्मादुद्धृत्य मर्दयेत्।
त्रिफला वारिणा तद्वत् पुटं देयं पुटैस्त्रिभिः॥
वलागोमूत्र मुसली तुलसी सूरण द्रवैः।
मर्दितं पुटित वह्नौ त्रित्रिवेलं व्रजेत् मृतिम्॥
र. म, र का धे, चि र, र रा सु, र प्र.

शुद्ध धान्याभ्रक में मोथा और सोठ का चूर्ण छठा भाग मिलाय, १ दिन कांजी में खरल कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट में फूक दे। इसी प्रकार चित्रक और त्रिफला के काढे में ३–३ वार, फिर वला, गोमूत्र, मूसली, तुलसी, जिमीकन्द प्रत्येक के रस मे ३–३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट में फूके तो अभ्रक की २० पुट में उत्तम भस्म हो

(२१ पुटी) धान्याभ्रकं समादाय मूलिकायाद्रवै र्दृढम्।
पेपयेद्दिनमेकंतु द्विदिनम्वार्काभपत्रवरैः॥
वेष्टयेद्वटपत्रैश्च गगनं कृत चक्रिकाम्।
एकविंशति वाराणि पुटेदेवं प्रयत्नतः॥
निश्चन्द्रिक भवेद्भस्म निर्विकार गुणोत्तमम्।
एवं मृत तु गगनं वीतशक प्रयोजयेत्॥ र. द.

धान्याभ्रक को मूली रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय कट-पत्रो में लपेट सम्पुट कर गजपुट की पुट दे, इस विधि से २१ पुट दे तो अभ्रक की निश्चन्द्र निर्विकार उत्तम गुणवान् भस्म हो। ऐसी भस्म को नि शक हो प्रयोग में लावे।

(२) कृष्णाभ्रक को बकरी के दूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे, इस विधि से २१ पुट दे तो निश्चन्द्र भस्म हो।
मा अ, मि. ख.

(३) श्वेताभ्रक चूर्ण को दूधी, कुमारी और आक इन तीनो की क्रम से ७–७ भावना व पुट दे तो २१ पुट में उत्तम भस्म बने। अ. स

(४) श्वेताभ्रक चूर्ण को गिलोय रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की पुट दे, इसी विधि से २१ पुट दे तो अभ्रक की उत्तम भस्म बने। स. अ.

(५) श्वेताभ्रक चूर्ण को थोहर, आक दूध, केला कन्दरस, मेंहदी रस प्रत्येक की क्रम से ५-५ भावना व पुट दे, अन्त मे १ पुट आक दूध की दे तो, २१ पुट मे उत्तम भस्म हो। मक, मि ख

(६) श्वेताभ्रक चूर्ण को निम्बू रस, भांगरा रस, धतूरा रस प्रत्येक की क्रम से ७-७ भावना व पुट दे तो २१ पुट में अभ्रक भस्म हो। अ स ,मि ख

(७) धान्याभ्रकं तुषाम्लाम्लै रातपेस्थापयेद्दिनम्।
यामं मर्द्यं चतुर्गोलं रुद्ध्वा गजपुटे पचेत्॥
एवं गोक्षीर मध्यस्थ स्थाप्यं मर्द्यं पुटे पचेत्।
एव कर्पासतोयेन स्थाप्यं पेष्य पुटे पचेत्॥
ततोम्लैश्चैवकार्पासैर्गवाक्षीरैः पुनः पुनः।
घर्मपाकं मर्दन च पुटञ्चैव मनुक्रमात्॥
एकविंशत्पुटे प्राप्ते मृतो भवति निश्चितम्। र र

धान्याभ्रक को तुष के अम्ल की काजी में भिगो कर धूप मे रख अगले दिन खरल कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इसी प्रकार गो के दूध में भावना दे पुट दे, फिर कपास रस, अम्लरस, गौ दुग्ध आदि मे क्रम से भानुपाक करे और पुट देता रहे, इस प्रकार २१ पुट देने पर अभ्रक की भस्म हो।

(८) कृष्णाभ्रकसमादाय द्विप्रस्थ चूर्णयेद्[1] बुधः।
गोमूत्रालोडित भाण्डे [2]क्षिप्त्वा वह्नौ दिनं पचेत्।
अर्क दुग्धैः पुनः पिष्ट्वा कृत्वा टिक्कडिकाः शुभाः।
वेष्टयेत्वर्क पत्रैश्च खर्परस्थाः पुनः पचेत्॥
एवमेवार्क दुग्धस्य दद्यात्सप्तपुटानि च।
पुटत्रयं कुमार्याश्च त्रिफलायाः पुटत्रयम्॥ चि. र.
(गुडस्य च पुट दत्वा पुनः पंचामृतैः पुटेत्।
ततोवटजटाक्वाथैः सम्यक् देयं पुटत्रयम्॥
एव निश्चन्दितो याति सर्वरोगेषु योजयेत्।

मृतंत्वभ्रं हरेन्मृत्युं जरापलित नाशनम्) ॥ भा. भै.र, यो चि.

चिकित्सा रत्नाभरणे मूलपाठस्य उक्त चतुष्पक्ति स्थाने निम्न द्वाभ्या पंक्तिभ्या स्थापितम् ।

म्रियतेनात्र संदेहो निश्चन्द्रो मृत्युहारकः ।
एवं शतपुटो वापि सहस्र पुटिस्तथा ॥ चि र

(१) न्मृहु चिकित्सारत्नाभरणे इति पाठ ।
(२) वल्लौ-तश्च " " "

दो सेर कृष्णाभ्रक को आठ गुना गोमूत्र मे मन्द मन्द आच पर पकावे और घोटता रहे, फिर अर्क दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय उस पर आक के पत्ते लपेट सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस प्रकार आक दूध की ७ पुट दे। फिर ३ पुट कुमारी रस की दे, फिर त्रिफला की ३ पुट दे, फिर गुड के साथ मिलाकर १ पुट पञ्चामृत (गिलोय, गोखरू, मूसली, मुण्डी, सतावर) की दे, फिर वट जटा क्वाथ की ३ पुट दे, कुल २१ पुट देने पर निश्चन्द्र भस्म वने ।

चि० रत्नाभरण मे उक्त चार पक्तिया नही है उसके स्थान पर उक्त दो पक्तिया दी हुई है जिसका पाठ ऊपर दिया है ।

(२६ पुटी) ततो धान्याभ्रकं कृत्वा पिष्ट्वा मत्स्याद्विकारसैः ।
चक्री कृत्वा विशोष्याथ पुटे दर्वेभके पुटैः ।
पुटे देयं हि षड्वार पौननेवरसैः सह ।
[1]कलाशं टकणेनापि समर्द्ध कृत.चक्रिकाम् ।
अर्धेभाख्ये पुटै स्तद्वत् सप्तवार [2]प्रयत्नतः ।
एवं वासारसेनापि तंदुलीय रसेन च ॥ र. रा सु., भा. भै. र,

१. अभ्राश र चू. इति पाठ । र. चू., र. च.
२ पुटेत् खलु र च. इति पाठ ।

पुटयेत् सप्तवाराणि पूर्वोक्त विधानतः ।
एवं सिद्धं घन सर्वं रोगेषु विनियोजयेत् ॥
र च. अय पाठ अधिक ।

धान्याभ्रकको मछेछीके रसमें खरल कर टिकिया वनाय सपुटमें रख आधे गजपुट की अग्नि दे । इस प्रकार छ वार पुट दे, पुन पुनर्नवाके रसकी ६

पुट दे। फिर १६ वा भाग सुहागा मिला कर घोट टिकिया वनाय सम्पुट में रखकर ऐसी ७ पुट देवे। इसी तरह चौलाईके रसकी ७ पुट दे तो २६ पुटमें अभ्रक भस्म वने।

(२) धान्याभ्रकं पञ्चवारं ग्रथमभिहपुटेन्मुस्तक क्वाथयोगात्।
रम्भानीरेणतद्वत्तद्नु च सलिलैस्तण्डुलीय प्रसूतैः॥
भृङ्गोत्थे नापिवारातदनुखलु वरानीर पूरेणपिष्ट्वा।
दत्वागन्धं च तुल्यं सकृदिहपुटितो वारिदोयातिमृत्युम्। र त.

धान्याभ्रकको मोथा क्वाथकी भावना दे ५ पुट दे, फिर केला कन्द रसकी भावना दे ५पुट दे, फिर चौलाई रसकी भावना दे ५ पुट दे, भागरा रसकी भावना दे ५ पुट दे, त्रिफला क्वाथकी भावना दे ५ पुट दे, इस प्रकार २५ पुट देकर अन्त में वरावर का वलि मिलाकर एक और पुट देने पर अभ्रक भस्म वन जाती है।

(२८ पुटी) सूक्ष्मचूर्णं ततः कृत्वा पिष्ट्वा हन्सपदी रसैः।
चक्राकारं कृतं शुष्कं दद्यादर्धं गजाह्वये॥
षट् पुटानि ततोदत्वा पुनरेवं पुनर्नवा।
रसेन मर्दितं गाढ़ मभ्रांशेन तु टंकणम्॥
पुनश्च चक्रिका कृत्वा सप्तवार पुटेत खलु।
तण्डुलीय रसे नैव तद्वद्वासारसेन च॥
पुटयेत्सप्त वाराणि पुटं दद्याद्गजार्धकम्।
अनेनविधिना चाभ्र म्रियते नात्र संशयः॥
चन्द्रिकारहितं सम्यक् सिन्दूराभं प्रजायते। र.प्र सु,भा. भै.र.

धान्याभ्रकको हन्सराजके रसमें भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलोकी आचदे, इसी प्रकार ७ पुट दे, फिर अभ्रक का १६ वा भाग सुहागा मिलाकर पुनर्नवा रससे टिकिया वनाय सम्पुट कर २० सेर उपलोकी आचदे, इस विधि से ७ आच दें। (सुहागा एक ही वार मिलावे) फिर चौलाई रसकी ७ पुट दे, इस तरह २८ पुटमें अभ्रककी उत्तम निश्चन्द्र लाल रग की भस्म वने।

(३० पुटी) धान्याभ्रक समादाय तण्डुलीयोद्भवैर्द्रवैः।
दिनत्रय पेषयित्वा ततश्च कृतचक्रिकाम्॥

पुटेद्गजपुटेनैव दशवारं प्रयत्नतः ।
ततः,पुनर्नवानीरैस्तद्वदेव पुटेद्विपक् ।
वटशुङ्गकषायेण तद्वदेव-पुटेत्तथा ॥
एवं त्रिंशत्पुटैरेव गगनस्यमृतिर्भवेत् । र. त

धान्याभ्रक को चौलाई की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की पुट दे, इस विधिसे १० पुट दे। इसी विधिसे पुनर्नवा रसकी १० पुट और वटाकुर रस की १० पुट दे तो ३० पुटमे उत्तम अभ्रक भस्म वने।

(२) सटकण गवां दुग्धैः पिष्टं प्रपुटितं घनम् ।
निश्चन्द्रिकं भवेद्वारैस्त्रिंशद्भिर्गुणवत्तरम् ॥ रसे. चू.

अभ्रकमें अष्टमाश सुहागा मिलाय गोदुग्धकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच दे, इस प्रकार ३० पुट दे तो श्रेष्ठ गुणवान् अभ्रक भस्म वने। सुहागा प्रथम वार ही मिलावे।

(३) गोजिह्वा रस संस्कृतं प्रथमतः कृष्णाभ्रक मर्दयेत् ।
खल्वे तच्च पुटेत्सुमर्दितमिद ग्रन्थीयकस्य द्रवैः ॥
एरण्डास्थिकशृङ्गलोध्रकरसैः प्रत्येकशो मर्दितम् ।
प्रत्येकपुटयेच्च यावदखिलं निश्चिन्द्रकंस्यादिदम् ॥ धन्व.,र का. धे.

पहले काले अभ्रकको गोजिया (वनगोभी) के रसकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय गजपुटकी आच दे, फिर क्रमसे पीपरामूल क्वाथ, एरण्ड, हडसहारी, मेढासिगी, लोध प्रत्येककी भिन्न भिन्न भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की पुट दे। अभ्रकको इनमें तवतक पुटे देता रहे जवतक निश्चन्द्र भस्म न हो जाय। प्रत्येककी पाच पाच पुट देनेपर अभ्रक की निश्चन्द्र भस्म हो जाती हैं।

(३३ पुटी) पाठा शुक्लपुनर्नवाऽमृतलता हसारसा जीवनी ।
कौमारी वटपाद निम्ब सुरसा गन्धाश्मचूर्णं वला ।
गोजिह्वा हिलमोचिका च रजनी भेकाविशाला हिमः ।
निर्गुण्डी घननादिनी मधुरसा शृङ्गीय धेन्वादिनी ।
चागेरी गिरिकर्णिका च वदरी जम्बीरपूरार्द्रकम् ।
श्रीपर्णी च कुरण्टिका कुनटिका काकाण्डिका माचिका ।

एतेषां स्वरसै र्विमर्दनवशान्नागाह्वयैर्वै पुटै-
र्लोह याति मृतिं तथाऽभ्रमपिवैनैवापरान्यान्मृति ॥

रसे च र का वे

पाठा, सफेद सांठी, गिलोय, हमराज, रास्ना, जीवन्ती, घीकुवार, वट, निम्ब, तुलसी, वलि, (गन्धक), खरैटी, गोजिया, हुलहुल, हल्दी, ब्राह्मी, इन्द्रायण, काय-फल, सभालू, मोथा, मुलहटी, मेढासिंगी, दूधी, तिपतिया, विष्णुक्रान्ता, बेर, जम्बीरीनिम्बू, अद्रक, गम्भारी, पीलीझिझिनी, लोध, [illegible], मकोय इनके स्वरस की भिन्न भिन्न भावना दे, टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आंच देता रहे तो ३३ पुटमें लोह या अभ्रक की उत्तम भस्म बन जाती है।

(३५ पुटी) इदकेचिच्छुभ प्राहुर्गगनस्य च मारणम् ।
स्तेनराजरसं चैव सूर्यभक्तारसं तथा ॥
अश्वगन्धा च निर्गुण्डी रुदन्ती विजया तथा ।
शतावर्या रसेचैव आटरूपरसं तथा ॥
वलाचातिवला चैव शाल्मली सत्वमेव च ।
कूष्माण्डक रसं चैव मुस्तयारसमेव च ॥
विदारीवरकन्द च तुलसी मदन तथा ।
भल्लातकरसश्चैव वार्ताकी रसमेव च ॥
कपित्थस्य रसेचैव द्राक्षाफल रसे तथा ।
न्यग्रोधस्य रसचैव मर्कक्षीरं तथैव च ॥
उशीर वालकं कुष्ठं तथा लोहितरोहितम् ।
चम्पकं काकमाची च गोक्षुरशतपत्रिका ॥
दाडमी कपिकच्छूश्च धात्रीफल रसं तथा ।
पुनर्नवा तथा ब्राह्मी चित्रकस्य रस तथा ॥
मुण्डीरस शिरीषस्य गुडूच्याश्च रसस्तथा ॥
अभ्रकस्य पुट देय प्रत्येकैर्योजयेद्रसैः ।
सर्वरोगान्निहन्त्याशु तम. सूर्योदयोयथा ॥

वा र, यो सा

कोई वैद्य निम्न विधिसे अभ्रक भस्म करनेका विधान बताते हैं।—चोरक हुलहुल, असगन्ध, सभालू, रुद्रवन्ती, भाँग, सतावर, वासा, कघी, खरैटी, मोचरस,

पेठा, मोथा, विदारीकन्द, तुलसी, मैनफल, भिलावा, वनभाटा, कैथा, किसमिस, वटजटा, आकदूध, खस, सुगन्धवाला, कुठ, रुहेडा, चम्पा, कोच, आँवला, साठी, ब्राह्मी, चित्रक, मुण्डी, सिरस, गिलोय इन ३५ वनस्पतियो की एक एक भावना और एक एक पुट देता चला जाय तो लाल वर्णका अभ्रसिन्दूर नामा भस्म बने।

(४० पुटी) वटप्ररोहक्वाथेन धान्याभ्रं परिपेषितम्।
एरण्डपत्रै रावेष्ट्य पुटयेत्कृत चक्रिकाम्॥
दशवार पुटित्वैवं पुटेत्क्षुद्राकपायतः।
वासया कलिवृक्षस्य क्वाथेन च तथा पुटेत्॥
चत्वारिंशत्पुटैरेव गगन मृतिमाप्नुयात्।
निश्चन्द्रिकभवेद्भस्म क्षय कास विनाशनम्॥ र त

धान्याभ्रकको वटकी कोपलके रसकी भवना दे टिकिया वनाय सुखाय एरण्ड पत्रमे लपेट सम्पुट कर गजपुटकी पुट दे, इसी विधिसे १० पुट दे। फिर कटेली की १०, वासा रसकी १०, वहेडाकी १० पुट देने पर अभ्रककी निश्चन्द्र भस्म हो।

(४२ पुटी) धान्याभ्रकं समादाय मुस्ताक्वाथैः पुटत्रयम्।
तद्वत् पुनर्नवानीरैः क्वासमर्दरसै स्तथा॥
नागवल्लीदल रसै. सूर्यक्षीरै. पृथक् पृथक्।
दिन दिनं मर्दयित्वा क्वाथैवर्टजटोद्भवैः॥
दत्त्वा पुट त्रय पश्चात्त्रिपुटन्मूसली जलैः।
त्रिगोक्षुर कषायेण त्रिपुटेद्वानरी जलै॥
मोचाकद रसै पाच्य त्रिवारं कोकिलाक्षकैः।
रसै पुटेत्ततो धेनुक्षीरै रष्टपुटेन् मुहु॥
दध्नाघृतेन मधुना स्वच्छया सितया तथा।
एक मेवपुटं दद्यादभ्रं त्वेवंमृतं भवेत्।
सर्वरोग हरं व्योम जायते योगवाहिकम्।

र रा.सु, रसे चि, वृ यो त, भा भै.र, रसे सा स, र का धे, यो म.

धान्याभ्रकको ३ पुट मोथेके काढे की, फिर साठीके रस, कसोदीके रस, पानके रस और आकका दूध, वट जटा क्वाथ, मूसली रस, गोखरु क्वाथ, काचका रस, मोचकद रस, तालमखाना रस, प्रत्येककी ३-३ पुट दे फिर गोदूधकी ८ पुट दे। दही, मक्खन, मधु, श्वेत चीनी प्रत्येककी एक पुट दे इस प्रकार ४२ पुटमे सर्व

रोग हर अभ्रककी उत्तम भस्म बने ।

(२) वज्राभ्रार्कवदुग्ध धेनुसलिलै ब्राह्मीरुदन्ती वला ।
वासा चित्रक शाल्मली वल वरा कूष्माडिका दाडिमी ॥
जाती गोक्षुर शंखपुष्पि लतिका मेदा मृता वर्वरी ।
द्राक्षा मूलक राक्षसी तुलसिका मुंडी विशाला सहा ॥
गोजिह्वा सलिलैर्विदारि लतिका शृंग्युग्रगधा जटा ।
शत्पुष्पा तपनोद्भवश्च रसकैः सवेष्टयेद्वैद्यराट् ॥
रात्रौ सपरिपाचये दृगजपुटे सप्तैववारान् पृथक् ।
न्यग्रोधस्य जटारसस्य सततं केशेसतोयस्य च ॥
भावाश्चैव पुटाश्च विंशतिमिता घृष्ट्वा कपित्थस्यवै ।
चिंचिण्या फलकोद्भवैश्च सलिलै श्री मत्पुटेनांचितैः ॥
पश्चान्निम्बु रसेन धेनुपयसा समिश्र्य गौडस्य च ।
दध्ना खंड घृतस्य रम्य मधुना वाराश्र पंचदश ॥
पश्चाच्चन्द्रिक योर्मिवार्जित मथाभ्र वै सुशुद्ध भवेत् ।

र. रा. सु भा र प

अभ्रकको थूहर, आकके दूध, गोमूत्र, ब्राह्मी, रुद्रवती, खरेटी, अडूसा, चित्रक सेमल, पान, त्रिफला, पेठेका रस, चवेली, गोखरू, अनारके पत्ते, शखपुष्पी, मेदा, गिलोय, तुलसी, मुण्डी, इन्द्रायण, बायकेफूल, वनगोभी, विदारी कन्द, काकडासिंगी, जटामासी, सौफ, दन्ती इनके रस या क्वाथोमें भावना देकर टिकिया बनाय सुखाय कपडमिट्टी कर गजपुटकी आच दे, इस तरह ७ आच दे। बडकी जटा या भागरेके रसमें भावना देकर २० पुट दे। पीछे कपित्थ, कोदोका काढा, इमलीके बीजोके क्वाथकी भावना दे गज पुटकी आँच दे। इस तरह निम्बू रस, दही, घृत, खाड, और शहद आदिकी १५ भावना व पुट देवे तो ४२ पुटमें अभ्रक भस्म बने ।

(३) सूक्ष्मचूर्णं तत कृत्वा पलाण्डूरसमर्दितम् ॥
चक्राकार कृतं शुष्क पचेदर्धगजाह्वये ॥
एव वासारसेनापि निर्गुण्डी स्वरसेन च ।
आर्द्रकस्वरसेनापि गुडूचीस्वरसेन च ॥
अर्कक्षीरेण स्नुह्याश्च कुमारीस्वरसेन च ।

मर्दयित्वापूटादेयायावन्निश्चन्द्रिक भवेत् ॥ रसामृत

धान्याभ्रक को प्याज की तथा आक दूध, थोहर दूध, बाँसा, सभालू, अद्रक, गिलोय, कुमारी, इन प्रत्येक की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गज पुटकी आच दे। इस प्रकार तवतक भावना व पुट दे जब तक निश्चन्द्र न हो जाय। आचार्य श्री यादव जी ने सिद्ध योग सग्रह मे २१ पुट प्याज रसकी देकर ७ गिलोय की, ७ आक दूधकी, ७ बाँसा रसकी इस प्रकार कुल ४२ पुट देनेका आदेश दिया है। (सिद्ध योग सग्रह)

(५० पुटी) धान्याभ्रक दृढ मर्द्य मर्कक्षीरे दिनावधि ।
वेष्टयेद्धानुपत्रैश्च चक्राकारतु कारयेत् ॥
कुजराख्ये पुटे पच्यात्सप्तवार पुनः पुन ।
ततो वटजटाक्वाथैर्मुस्ताक्वाथैः पुटत्रयम् ॥
तद्वत्पुनर्नवाक्षीरै. कासमर्दरसैस्तथा ।
नागवल्ली रसैर्युक्त सूर्यक्षीरै. पृथक् पृथक् ॥
दिने दिने मर्दयित्वा क्वाथैर्वटजटोद्भवै. ।
दत्वा पुटत्रय पश्चात्त्रिपुट मूसलीजलैः ॥
त्रिगोक्षुर कपायेण त्रिपुटै. वानरीरसै ।
मोचाकन्दरसैः पाच्य त्रिवार कोकिलाक्षकैः ॥
रसैः पुटेत्ततो धेनुक्षीरोदकं पुटं मुहुः ।
दध्ना घृतेन मधुना स्वच्छयासितया तथा ॥
एकमेकं पुट दद्यादभ्रस्यैवंमृतिर्भवेत् ।
सर्वरोगहरं व्योम जायते योगवाहकम् ।
कामिनीमद दर्पघ्न शस्त पु स्त्वोपघातिनाम् ।

वृष्यमायुष्यकर शुक्रवृद्धि सन्तान कारकम् ॥ रस मजरी

धान्याभ्रक चूर्णको आक दूधमे दिन भर खरल कर टिकिया बनाय सुखाय आकके पत्तोमें लपेट सम्पुट कर गजपुटकी आँच दे, इस विधिसे ७ पुट दे। वट जटा क्वाथकी इस विधिसे ३ पुट दे, फिर मोथा और पुनर्नवा, कसौदी, पानरस, आक दूध, वटजटा, मूसली, गोखरू, कौच, मोचकन्द, तालमखाना और गौ दूध इन प्रत्येककी ३-३ पुट दे। तत्पश्चात् १ दहीकी, १ घी की, १ शहदकी, १ खाँडकी दे इस विधिसे ५०पुटमे यह योगवाही अभ्रककी भस्म बने।

नोट—४२ पुटो की प्रथम और दूसरी तथा ५० पुटी यह अभ्रक भस्म तीनो एक ही सी है इनमे साधारण अन्तर है ।

(५६ पुटी) धान्याभ्रक द्रवैर्मर्द्य मत्स्याद्वीतुलसीद्रवै. ।
मलजै कोकिलाक्षस्य कुमारीश्वेतदूवयोः ॥
व्याघ्रीकन्द पुनर्नव्या दिनमेतैर्विमर्दयेत् ।
कुञ्जराख्ये पुटै. सप्त पिष्ट्वा पिष्ट्वा पचेत्पुन. ॥
तद्वत्पञ्चामृत पाच्य पिष्टा पिष्ट्वा तु सप्तधा ।
एव निश्चन्द्रिना याति सर्वरोगेषु योजयेत् ॥
र र, भा भै र, व रा

१ व्याघ्री, पुनर्नवयोश्च दिनमेतद्विमर्दयेत् व रा, अय पाठ

धान्याभ्रकको मछेछीरस, तुलसीरस, तालमखानामूलक्वाथ, कुमारीरस, श्वेत दूब, कटेलीरस, पुनर्नवा इनकी पृथक् पृथक् भावनादे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच देता रहे । एक एक वनस्पतिकी इसी विधिसे ७-७ भावना व पुट दे पश्चात् पञ्चामृतकी भी सात भावना और सात पुट दे तो ५६ पुटमें निश्चन्द्र अभ्रककी भस्म बने

(५८ पुटी) चूर्णित निक्षिपेदभ्र रसेकर्पास पत्रजे ।
मर्दयित्वाततश्चूर्णं तद्रसैः सम्पुटे क्षिपेत् ॥
आरण्योत्पलकैः पश्चात्पुटान्येतैश्च विंशतिः ।
दद्याद्वराहसज्ञानि मर्दनञ्च ततः पुटम् ॥
ऊनविंशे पुटे जाते व्योमखल्वेविनिक्षिपेत् ।
मर्दयेत्कटुतैलेन ततः सम्पुटके क्षिपेत् ।
निरुद्ध्य सम्पुट सम्यङ्मृदा कर्पटयुक्तया
पुटयेदुपविंशानि वाराणि च यथाक्रमम् ॥
ततो व्योमसमादाय खल्वे सम्मर्द्ययत्नतः ।
कटुतैलेनतद्व्योम दृढेभाण्डेविक्षिपेत् ॥
उपरिष्टात्पुनर्दद्यात्कटुतैल घनं यथा ।
अङ्गुलद्वयमानेन व्योमोपरि तथा भवेत्
भाण्डवक्त्रं सन्निरुद्ध्यपिधान्यकर्पटैर्मृदा ॥
शुष्कामारोपयेच्चुल्ल्या काष्ठाग्निं ज्वालयेदध. ॥

तावत्प्रज्वालयेदग्निं यावन्निस्तैलतां व्रजेत् ।
निस्तैल गगनं कृत्वा कज्जलाभविचन्द्रिकम् ॥

र ओ यो ,र चि , र र , रसा स , र को , धन्व ,यो म ,र रा सु ,र का धे

धान्याभ्रकको कपासके रसकी भावना दे टिकिया वनाय सम्पुटमे रख वराह पुटकी आच दे, इस विधिसे २० पुट दे फिर सरसोके तेलकी भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर वराह-पुटकी आँच दे, इस विधिसे १६ पुट दे, फिर त्रिफलाकी १६ पुटदे फिर अभ्रक को पीस कढाईमे डाल उस पर इतना तेल डाले कि दो अगुल तेल ऊपर तक आजाय, फिर इस तेल का पाक करे जब सारा तेल जल कर भस्म मात्र वाकी रहे उतार ले यह ५८ पुटी कज्जल सदृश निश्चन्द्र अभ्रक भस्म हो ।

(६० पुटी) एव मुस्तारसेनापि तण्डुलीय शिफारसै.
टकणेन सम पिष्ट्वा चक्राकारमथाभ्रकम् ॥
पष्टिसख्यापुटैः पक्व सिन्दूर सदृश भवेत् ।

अभ्रकके वरावरका सुहागा मिला कर मोथा रसकी भावना दे टिकिया वनाय मुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच दे । इस प्रकार मोथाकी २० और चौलाई मूल रसकी ४० पुट दे तो ६० पुट में अभ्रक की उत्तम भस्म हो ।

तद्वन्मुस्तारसेनापि तण्डुलीयरसेन च ।
[1]पीतामलक सौभाग्य पिष्ट चक्रीकृताभ्रकम् ॥
पुटितषष्टिवाराणि सिन्दूराभ प्रजायते ।
रसे चू , र रा सु भा भै र , र र स , पा स

१ शिवा रसेन्द्र चूडामणि इतिपाठ

इस प्रकार नागरमोथाके रस, चौलाई रस और पके हुए आँवलोके रसकी क्रमसे भावना देकर टिकिया वनाय एक एककी वीस पुट दे तो अभ्रककी लाल सिन्दूर जैसी भस्म वने । ग्रन्थकार कहता है जव आमलक की भावना दे तो प्रथम भावनामे १६ वाँ भाग सुहागा मिलावे तव भावना दे वार वार सुहागा देनेकी आवश्यकता नही । नोट—प्रथम अभ्रक भस्म और यह दूसरी दोनो विधिया एक है । ग्रन्थो में केवल पाठ भेद दिया है ।

(७०पुटी) पुनर्नवा कुमारीं च चपलां वानरी तथा ।
मुसली चेक्षुवल्लीच तथार्द्राऽमलकी रसै ॥

प्रत्येकैकेन पुटयेत् सप्तवारं पुनः पुन ।
अर्क सेहुण्ड दुग्धेन प्रदेया सप्तभावना ॥
एव तन्म्रियते वज्रं सर्वरोग हरं परम् ।

र रा सु, टो, पा स, भा भै र.

अभ्रक को साठी, कुमारी, पीपल, कौंच, मूसली, ईख, अद्रक रस, आमलारस, आक और थोहरके दूध की ७-७ भावना व पुट दे तो ७० पुटमें अभ्रक भस्म सर्व रोग हर बने ।

(८१ पुटी) मुस्ताक्वाथेन धान्याभ्रं पचविंशत्पुटे पचेत् ।
गोमूत्रैस्त्रिफला क्वाथैः पक्त्वा च पूर्ववत्पचेत् ॥
पचविंशत्पुटैरेवं कासमर्दद्रवैः पचेत् ।
देय पुटत्रयं क्षीरैर्मर्दयेच्च पुटे पुटे ॥
निश्चन्द्रं जायतेह्यभ्रं जरामृत्युरुजापहम ॥ व रा र र.

रस रत्नाकरे त्रुटित पाठ तत्र प्रथमपादो नास्ति ।

धान्याभ्रकको नागरमोथा क्वाथकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच दे, इस प्रकार २५ पुट दे, फिर इसी प्रकार गोमूत्र, त्रिफला क्वाथकी २५-२५ पुट दे, फिर इसी विधिसे कसौंदी रस और गो-दुग्ध की ३-३ पुट दे इस प्रकार ८१ पुट दे तो अभ्रककी निश्चन्द्र भस्म बने ।

(१०० पुटी) क्षीरत्रयंकाकमाची गोक्षुरःखरमंजरी ।
वटप्ररोहो गोमूत्रं तुलसी कदली शिफा ॥
एभिरभ्रं विमर्द्याथ दशवारं पृथक् पृथक् ।
पुटेत्पुट विधानज्ञः क्रमेणैवभिषग्वरः ॥
शतधा पुटनादेव रक्तोत्पल समप्रभम् ।
निश्चन्द्रं जायते भस्म सर्वदोष विवर्जितम् ॥ र त.

आक, वट, थोहरका दूध व मकोय, गोखरू, अपामार्ग, वटाकुर, गोमूत्र, तुलसी, केला, इन दस ओषधियोंमें से प्रत्येक की दस दस भावना व पुट दे । इस प्रकार १०० पुट देने पर रक्त कमल जैसी निश्चन्द्र अभ्रक भस्म बने ।

(२) धान्याभ्रक विनिक्षिप्य मूसलीरस मर्दितम् ।
स्थाल्यां क्षिप्त्वा निरुध्याथपिधान्यामध्यरन्ध्रेया ॥
स्थाल्यधोज्वालयेद्वह्निं यामपर्यन्त मुद्धतम् ।

तत क्षिपेत्पिधान्योहि व्योम्नस्त्वष्टगुणपय. ॥
जीर्णेपयसिपिष्ट्वा तत्तालमूलीरसैः पुनः ।
इत्थं हि साधयेद्व्योमत्रिवारमतियत्नतः ॥
अजादुग्धपुटैः पश्चाद्वाराणि विंशतिं खले ।
कम्पिल्लेन रसेनापि विष्णुक्रान्ता रसेन च ॥
कदलीकन्दतोयेन तालमूली रसेन च ।
शतवारं पुट देय भवेद्व्योम रसायनम् ॥ न पु, भा भै र

धान्याभ्रकको मूसलीके रसकी भावनादे हण्डीमे डाल उसे चूल्हे पर चढाय १ प्रहर आठ गुने दूध मे पकावे दूध जल जाने पर इसी तरह मूसली क्वाथमे पकावे, फिर उसे खरलमें डाल वकरीके दूधकी भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुटकी आचदे, इस विधिसे २० पुटदे, फिर कवीला, अपराजिता, केलाकन्द रस, मूसली रस प्रत्येककी वीस वीस भावना व पुट दे, इस तरस १०० पुटमें यह अभ्रक भस्म रसायन वनती है। इसे महाकल्प नामक रसायन कहा गया है।

(३) दुग्ध त्रय कुमार्याम्बु गंगा [1]पत्र नृमूत्रकम् ।
[2]वटाङ्कुरमजारक्त मेभिरभ्रं सुमर्दितम् ॥
शतधा पुटितं भस्म जायते पद्मरागवत् ॥
निश्चन्द्रिक भवेत्तत्तु शुद्ध देयं रसायने ।

रजनि, रम, ररप्र, रकावे, वृयोत, र च.

१ पुत्र र च इति पाठ १ गगा जल र र इति पाठ १ गगा पत्य र. का घे. इतिपाठ ।

१ गजमूत्र वृ यो त इति पाठ । २ वटशुग रज नि, र च इति पाठ ।

२ वटभृ ग वृ यो त. इति पाठ ।

वट थूहर और आकका दुग्ध, घीकुमार का रस, नागरमोथा, नरमूत्र, वटाकुरका रस, वकरीका रुधिर इन प्रत्येकमें धान्याभ्रक को घोट घोटकर १०० वार पुट देनेसे अभ्रककी पुखराज मणिके समान भस्म वनती है। इसे रसायन सम्वन्धी योगो मे व्यवहार करे

(११० पुटी) महिषी दुग्ध मादाय धान्याभ्रक विपचेत्तत. ।
दिनमेकं तदादाय यवचिञ्चीरसैः पुटेत् ॥

तावदभ्रं तु पुटयेद्यावदंजन सन्निभम् ।
वराहाख्यं पुटेद्द्याद्योनी संख्यापरानराः ॥
तत एरण्ड तैलेन पुटानित्रीणि दापयेत् ।
मुण्डीरसेन पुटयेत् त्रिवार भृङ्गवारिणा ॥
निर्गुण्डिकरसैः पश्चात् पाठानीरैस्तत. पुटेत् ।
पुनर्नवारसै श्चैव मार्कण्डीनीरसैस्तत ॥
उत्तरावारुणीनीरै र्जीवनी नीरैस्तु पुटेत् ।
तण्डुलीयकनीरेण ततश्चत्रिफलोदकैः ॥
व्योपनीरेण पुटयेत् दशवारान तन्द्रितः ।
एवमभ्रं साधयित्वा योगेषु विनियोजयेत् ॥ र ल

धान्याभ्रकको भैंसके दूधमें एक दिन पकावे फिर हिरनखुरीकी भावना देकर सपुटमें रख गजपुट की आंच दे इसी विधिसे ४पुट दे ताकि अञ्जन जैसा होजाय, फिर एरण्ड तेलकी भावना दे ३ पुट दे, फिर मुण्डी रसकी भावना दे ३ पुट दे, इसी प्रकार भृंगराज, सभालू, पाठा, पुर्ननवा, विदारीकद, इन्द्रायण, जीवन्ती, चौलाई, त्रिफला, त्रिकटु, इन सब की भावना देकर पुटे देता रहे, इसी विधि से दस दस पुट दे तो ११० पुट में अभ्रककी निश्चन्द्र उत्तम भस्म बने ।

(सहस्रपुटी) धान्याभ्रकं शुद्धिमुपैतिपश्चात् खल्वे सुरम्ये किलवर्षयित्वा ।
जले चतु पष्टिवनस्पतीना घर्मेऽथसशोष्यदिनान्तकाले ।
वनोत्पलानां पुटमाचरेच्च एव विधं मारितमभ्रकं च ।
वनस्पतीनां क्रमएवमुक्तं दुग्ध रवेर्वैवटदुग्धवज्री ।
कुमारिकानामनिलारितिक्ता मुस्ता गुडूची विजया त्रिकण्टकम् ।
वार्ताकिनी पर्णिद्वय वगुल्मान्सिद्धार्थकोवैखरमजरीणाम् ।
वटप्ररोह अज शोणितं च विल्वाग्नि मन्थाग्निसतिन्दुकानाम् ।
हरीतकी पाटिलकासमूहैः गोमूत्र धात्रीकिल जम्भ कुम्भी ।
तालीसपत्र स च तालमूली वृषाश्वगन्धामुनिभृंगराजम् ।
रम्भाजल सार्द्र सुसप्तपर्णं धत्तूर लोध्रं च सदेवदारु ।
वृन्दासुदूर्वा द्वयकासमर्दं मरीचिकं दाडिम काकमाची ।
सशखपुष्पी नतनागवल्ली पुनर्नवा मण्डुकपर्णिका च ।
इन्द्रायणी भार्गी च देवदाली कपित्थलिंगी कटुशिंशुकानाम् ।

कोशातकी मूषकपर्णिकान मीनाक्षिका कारवितैलपर्णी।
कुम्भीतथार्द्रा च शतापरीणां एभिश्चतोयेसित खल्वमध्ये,
विघर्षयेच्छुष्क भवतथैव वनोत्पलानां पुटमग्निशीतम्।
पुनः पुन. खल्वतले विघर्षयेत् एभि क्रिया षोडशवारमेकम्।
वल्ली जलाना पुटमारभेत् च निश्चन्द्रगोपारुणरङ्गतुल्यम्।
भस्मामृतदिव्यरसायने च नानानुपानैरजरामरत्वम ॥

र रा सु, आ वे प्र

धान्याभ्रकको निम्नलिखित ६४ औषधियों में से प्रत्येकके रस या क्वाथ आदि में घोट, टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर पुट दे, इसी विधि से १६-१६ पुट दे तो यह लाल वर्ण की श्रेष्ठ अभ्रक भस्म बनाती है। वनस्पतिया—आक, वट और थूहर का दूध मोथा, घीकुमारी का रस, वट जटा, विल्व रस, गोमूत्र, गिलोयका रस, कटेरी, कदम्ब, शालपर्णी, पृश्नपर्णी, श्वेत सरसों, खर मजरी, अडूसा,आमला, बहेडा, विल्व चित्रक, तेंदू, हरड, पाटलकी जड, बकरेका रुधिर, लोध्र, जल-कुम्भी, तालीस पत्र, मूसली, अगस्तिया, भागरा, हिरन-खुरी, केलेका रस, सप्तपर्ण, शतूरा, देवदारु, तुलसी, दोनो दूर्वा, असगन्ध, कास मर्द (कसौंदी) मडूकपर्णी, मिर्च दाडिम, काकमाची, शखपुष्पी, बालछड, पानका रस, पुनर्नवा (साठी) ,मूषा कर्णी, इद्रायण, भारगी, देवदाली, कैंथा, शिव-लिंगी, कटुवल्ली, टाककारस, काई,जवासा, मछेछी, कलौंजी, तैलपर्णी, सतावर।

(२) क्षीरत्रयंकाकमाची मुस्ताघृतकुमारिका।
वटप्ररोहोगोमूत्रं विल्वमूलनलेवृषः॥
फलभिक मजारक्तं कण्टकारी कदम्बकः।
अग्निमन्थशालिपर्णी श्रीपर्णी पाटलीगुड ॥
तिलपर्णी पृश्निपर्णी गोक्षराखरमजरी।
शुल्वसिद्धार्थको लोध्र वृहतीहिलमोचिका॥
धत्तूरकासमर्दश्च मातुलानी गुडूचिका।
मरिषस्तुलसीदूर्वा वाजिगन्धा च तिक्तिका॥
मडूकपर्णी मदन पिण्डीतगर मेव च।
शंखपुष्पी नागवल्ली घोण्टा श्वेतपुनर्नवा।
आपुकर्णी सप्तपर्णः रम्भाकन्दरसस्तथा ॥

भृङ्गराजो देवदारु तालमूली च मालती ।
अगस्त्य पत्रतालीश चित्रक जलकुम्भिका ॥
दाडिमस्यदलञ्चैव तण्डुलीयकमेव च
एरण्डमूलपत्राणि श्योनाको वस्त्ररञ्जनी ॥
पालंक्याभद्रमुस्ता च मीनाक्षी कोकिलाक्षकः ॥
पूर्वाचार्यैः कीर्तितोऽयमभ्रस्य मारकोगण. ।
यथारोगं यथालाभ भेषजैःपुटयेद्घनम् ॥

र रा सु, र त.

नोट-इसमें प्राय प्रथम पाठ की ही वनस्पतिया है । केवल पाठ भेद है ।

गवांमूत्रेण धान्याभ्रं मर्दयित्वा पुनः पुनः
शराव सपुटेरुद्ध्वा पुटेदयत्नात्सहस्रशः ॥ रस जल निधि

धान्याभ्रकको गौमूत्रमे वार-वार घोट सपुटमें रख गज पुटमें फूके, इस तरह एक हजार वार पुट देनेसे उत्तम भस्म हो ।

अभ्रक भस्म के गुण

अभ्रकके स्थान पर अकीक भस्म और अकीक भस्मके स्थान पर अभ्रक भस्मका उपयोग करे यह एक दूसरे के प्रतिनिधि है । जो गुण अभ्रकके शास्त्रोमें लिखे है यही गुण अकीक की ७ या १० पुटी भस्म मे पाये जाते है । अभ्रक को प्राय: हम जीर्ण ज्वरो में या यो कहिये कि शरीर का उत्ताप वढे रहने पर देते है अभ्रक भस्मके सेवनसे वढे हुए उत्तापकी मात्रा घट जाती है, यही काम अकीक भी करता है । मन्द ज्वर की स्थितिमें या वढी हुई शरीरकी गर्मीमें हृदय प्राय: धडकने लगता है, चित्त व्याकुल होता है उस स्थितिमें चाहे अभ्रक भस्म दें या अकीक दोनो ही एक जैसा लाभ करते है । इससे भिन्न मस्तिष्क व स्नायु सम्बन्धी निर्वलता व विकारोमे जिस तरह अकीक उपयोगी है उसी प्रकार अभ्रक भी उपयोगी है । कास, क्षय, रक्तपित्त, रक्तात्पता, धातुक्षीणता आन्तरिकदाह, प्रमेह, प्रदर आदिमें जिस प्रकार अभ्रक लाभ करता है उसी प्रकार अकीक लाभ करता है । शरीरकी निर्वलता मानसिक दौर्वल्य तथा फुफ्फुस हृदयादि की निर्वलतामे दोनो ही वडे उपयोगी है ।

अभ्रक भस्म अनुपान

सतगिलोय १ माशा मिश्री ३ मा० से प्रमेहमें या पीपर चूर्ण २ रत्ती शहद

२ मा० के साथ प्रमेह, श्वास, कास, क्षय ज्वर, उदर विकार, अरुचि, भ्रम, कामलामे दें, या हल्दी चूर्ण १ माशा पीपर २ रत्ती या त्रिफला चूर्ण १॥ मा० शहद ३ माशेमे प्रमेहमे, सुवर्ण वर्क २ मुरब्बाआंवला १ नगके साथ क्षय ज्वरमें, हरड चूर्ण १॥ माशा गुड ४ माशे के साथ वातरक्तमें, इलायची छोटी १ मा० मिश्री ३ मा० के साथ रक्त पित्तमें, त्रिफला चूर्ण ३ माशा शहद ६ माशा घृत १ तो० मे नेत्र ज्योति क्षीणता, निर्बलता में, कुन्दरु की जड का चूर्ण १ मा० मिश्री ३ माशाके साथ रक्तार्श, रक्तप्रदर, रक्तमूत्रतामें, त्रिफला, त्रिकटु चूर्ण १॥ मा० घृत ३ माशा शहद ६ माशा से शूल, अम्लपित्त, वमनमे, चादी वर्क २ स्वर्णवर्क २ मुरब्बा गाजर १ तोला से धातु क्षीणता में मूर्वाघनसत्व ४ रत्ती शहद ३ माशा से व्रणमे, विदारी कन्द चूर्ण १॥ माशा मिश्री ३ मा० के साथ खाकर ऊपर दूध पीवे निर्बलतामें, भिलावा चूर्ण १ माशा गुड ३ मा० से अर्शमें, सोंठ, पोहकर मूल, भारगी, असगन्धका चूर्ण व मिश्री चूर्ण ३ माशे से वात व्याधिमें, दारचीनी, इलायची, तेजपत्र, नागकेसरका मिश्रित चूर्ण १॥माशे मिश्री ३ मा० से पैत्रिक रोगोमें, कायफल, पीपर चूर्ण १माशा, शहद ६ माशेसे श्लेष्म वृद्धि, कास, श्वासमें, दोनो खार सुहागा ४ रत्तीके साथ मन्दाग्निमें, अश्मरी, मूत्रकछमें, भांग चूर्ण ४ रत्ती मिश्री ३ मा० के साथ सग्रहणीमे दें, लौंग ४ रत्ती ६ मा०शहदसे शीघ्रवीर्यपातमे, धातु क्षीणतामे, विडग, त्रिकटु चूर्ण १ माशा घी ३ मा० से क्षय, पाण्डु, ग्रहणी, शूल, श्वास, प्रमेह अरुचि, कास, मन्दाग्नि उदर विकारमे अभ्रक भस्म देनेसे लाभ होता है।

कच्छू पृष्ठ

कछुआके शरीरका कवच प्राय ऊर्ध्व भागका कठोर कवच जो अस्थि जैसा कठोर होता है यद्यपि इसकी रचना बिलकुल अस्थि जैसी नही होती, तथापि बहुत कुछ मृग शृगकी रचना के अनुरूप होती है उसमे भी मुख्य घटक चूनफास्फुरेत का ही होता है।

हमारे रसग्रन्थो मे इसका कही देहवाद पर उपयोग हुआ हो, ऐसा दिखाई नही देता, हा यूनानी के नव्यचिकित्सा ग्रन्थो मे अवश्य इसका उपयोग पाया जाता है।

कच्छू पृष्ठ का उपयोग—कछुका की कठोर पीठ के खाल रहित भाग को पत्थर पर पानी डालकर घिसते है जिस व्यक्ति को मन्थर ज्वर अपनी

अवधिसे अधिक समय तक बना रहता है उसे दोनो समय शहद मिलाकर चटाते है इससे मन्थर ज्वर में लाभ होता है। मन्थर ज्वर के पश्चात् जब बालको को शोष रोग हो जाता है उस समय भी इसको मुनक्का के साथ मिलाय गोली बनाकर देने से लाभ होता है। मात्रा १-२ रत्ती तक।

कच्छू पृष्ठ भस्म—कछुआ की हड्डी को इसी तरह कोयलो की आच पर रख देते है जब वह जलकर राख बन जाय निकाल कर पीस लेते है। अ स.

(२) कच्छू पृष्ठ को अच्छजला कर कूट चूर्ण बनाय कुमारी, बासा, गोजिह्वा, जख्महयात के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो कच्छू पृष्ठ भस्म हो। मात्रा १ मासा। मन्थर ज्वर में रक्तष्ठीवन, क्षयकास मे लाभदायी है। अ स, मि स

वक्तव्य—कच्छू पृष्ठ भस्म और शृग भस्म दोनो के गुण समान है जहा-जहा जिन जिन रोगो पर शृगभस्म का उपयोग करते है वहा वहा कच्छू पृष्ठ भस्म का उपयोग करे वही लाभ मिलेगा जो शृग भस्म में देखते है। इन्हे एक दूसरे के प्रतिनिधि रूप मे भी प्रयोग किया जा सकता है।

कपर्दिका

जिस तरह शख और सीप एक विशेष जलजन्तुओ द्वारा अपने शरीर का कवच निर्माण करते है उसी तरह कौडी के जन्तु भी अपने शरीर की रक्षा के लिये चूनकज्जलेत का कवच बनाते है। उसे हम उन जन्तुओ को मारकर या स्वत मर जाने पर जब वह जीव सड गल कर निकल जाता है या सडा-गला कर निकाल देते है तब उसे धोकर साफ कर काम मे लाते है। यह कौडिया भिन्न-भिन्न जाति के जतुओ द्वारा बनाई जाने के कारण कई रग व आकार की होती है, किन्तु औषध के लिये प्राय पीली कौडी का ही उपयोग किया गया है। जो पीली कौडी अच्छी भारी, गठीली और बडी हो वही अधिक कार्य मे लाई जाती है। रसायनिक रचना की दृष्टि से शख, सीप, प्रवाल, कौडी प्रधानतया चूनकज्जलेत के मुख्य यौगिक है किन्तु इन प्रत्येक सजीव प्राणियो का भोजन, स्थान व परिस्थितिया एक जैसी नही होती। इन्ही अन्तरो के कारण इनके कवच रचना मे भी कुछ न कुछ सूक्ष्म अन्तर देखा जाता है। इसीलिये इनसे बनने वाली भस्में भी प्राय कुछ न कुछ गुण स्वभाव मे अन्तर रखती है।

कपर्दिका शोधन—कौडिया समुद्री जीवो का कवच होने से और समुद्र

की तलहटी में पडी रहने से उनमे कई प्रकार के सामुद्रिक अपद्रव्य भी उनके ऊपर भीतर जम जाते है। जिन्हे दूर करने के लिये इन्हे सोडे के पानी मे डालकर उबालने से और कई बार के स्वच्छ जल से धो डालने पर वह सब दुर्गुण छुट जाते है। कुछ व्यक्ति कौडियो को शुद्ध करने के निमित्त उन पर निम्बू का रस या और कोई अम्ल डालकर उन्हे भिगो देते है। निम्बू रस में कौडियो को कभी नही भिगोना चाहिये। अम्ल के प्रभाव से चूनक-ज्जलेत जो एक प्रकार का क्षारीय यौगिक होता है—वह घुलकर लवण मे बदलने लगता है, इससे कौडियो का यौगिक टूट जाता है, इससे उसका गुण स्वभाव सब बदल जाता है, ऐसा नही करना चाहिये।

कपर्दिका भस्म

वराटिकास्तु विमलान् शरावे स्थापयेद्भिषक्।
सन्धिलेपं पुन कृत्वा शोषयेदातपे पुन ॥
करीषाग्नौपचेत्कार्यं यत्नतस्तुभिषग्वर।
शरदिन्दुनिभ भस्म सर्वरोगेषु योजयेत् ॥ र. त

शुद्ध कौडियो को शराव सम्पुट में बन्द कर सुखाय उपलो की अग्नि मे पुट दे तो श्वेत वर्ण की भस्म बने। इसे समस्त रोगो मे दे।

(२) वराटिका विशोधितास्त्वलातकानले स्थिता।
यदाभवेत्तुकुल्लिका मृता तदाशनोचिता ॥

रसराज सुन्दरे भिन्न पाठ प्रतिपादित। र त, र रा सु

कौडियो को उपले की आँच पर रख दे वह जल कर जब सफेद हो जाय निकाल कर पीस ले। सि यो स, अ अ

(३) रसश्च गन्धपाषाण. प्रत्येक कर्षमात्रकम्।
श्लक्ष्णचूर्णं द्वयो. सम्यक् प्रकुर्यात्कुशलो भिषक् ॥
एतच्चूर्णं पीतवर्णं कपर्दाभ्यन्तरे कृतम्।
शराव सम्पुटे कृत्वा लिप्त्वा संशुष्कगोमयैः ॥
सुतीव्राऽग्नौ पचेत्तावद्यावद्गच्छति भस्मताम्।
समुद्धृत्याश्मना सर्वं चूर्णंज सकपर्दकम्
र रा सु, र. यो. सा.

पारा, वलि समभाग कज्जली कर उसे कौडियो मे भर सम्पुट कर गज-

पुट की आच दे निकाल सबको पीस ले। भस्म करने मे पारा वलि तो उड जाता है केवल कौडियो की भस्म रह जाती है। इसे अतिसार, ग्रहणी, जीर्ण-ज्वर, मन्दज्वर, मन्दाग्नि, ज्वरातिसार, मे देवे। मात्रा २–४ रत्ती, शहद में इसका नाम नृसिंह पोटली रस है।

(४) कौडियो को अग्नि मे तपा-तपा कर १०–१० वार गोमूत्र, भागरा, धतूरा, वनकपास रस, हिंगोट रस मे वुझादे तो कौडी भस्म अच्छी वने। वधिरता, गुदभ्रश, अभिघात मे देवे। एक मास सेवन करने पर शरीर का वर्ण गौर हो जाता है। स्त्री सेवन करे तो वन्ध्या हो जाती है। अ. त., मा अ

(५) न० २ की विधि से कौडी जला ले फिर इसे नीव पत्र के नुगदे में रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आँच दे तो यह भस्म नुजाक में लाभ करती है, रक्तस्राव को रोकती है। मात्रा ४ रत्ती। स अ

कपर्दिका भस्म के गुण—क्षय, कफ रोग, परिणाम शूल, मन्दाग्नि, पित्त विकार, सग्रहणी, सुजाक मे लाभदायक है। कान वहता हो तो कान में डालने से जख्म को भर देती है। मात्रा ४ से ८ रत्ती

कसीस

लोह चूर्ण को वलिकाम्ल में डाल दें तो लोह उसमें घुल जाता है वह वलिकेतू वन जाना है। पूर्व काल में माक्षिक को अग्निपर भूनकर उसे जलमें घोल देते थे। उस जल में जो माक्षिक का ताम्र वलिकेत होता था वह घुल जाता था उसे ऊपर से निथार कर गाढा कर लेते थे और उसके रवे जमा लेते थे वह नीला थोथा वनता था, वाकी गाद में और पानी डाल कर उवाल लेते थे और उस पानी को निथार कर उसे गाढा करके उसके रवे जमा लेते थे वह हराकसीस वन जाता था। माक्षिक ताम्र और लोह दोनो का वलि से मिलकर वना यौगिक होता है। किन्तु आज कल तुत्थ और कसीस दोनो ही वलि के तेजाव से वनाये जाते है। वह भी रसायनिक विनिमय के समय। कसीस के अणु की रचना (लो व ऊ$_{4}$ ७उ$_{2}$ ऊ) है, रसग्रन्थो मे कसीस का उपयोग हुआ है किन्तु इसकी भस्म वनाकर देहवाद या रसायनवाद मे कही काम मे नही लाया गया। किन्तु नव्य ग्रन्थो मे इसकी भस्म वनाने की कुछ विधिया दी है।

वास्तवमें कसीस लोह वलिका ही यौगिक है जिसके अणुमे जलके भी ७अणु सगठित हुये है, जब कसीस को आग पर भूनते है तो कसीस का अणु टूट जाता है और उसका जल उड जाता है उस समय वह लोह वलिकेत रह जाता है, उस समय उसका रग खाकी सफेद सा होता है उसे यदि अधिक आच दी जाय तो उनका वलि भी उड जाता है और वह लोह फिर से ऊष्मिद वन जाता है, वह वास्तव मे कसीस की भस्म न वनकर लोहकी भस्म वन जाती है जो रग मे लाल होती है।

कुछ ग्रन्थो में कसीस भस्म की जो विधिया दी है निम्न है।

कसीस भस्म—कसीस को प्रथम अग्नि पर भूने जब सफेद मटमैला हो जाय उतार कर आवला, भाँगरा, कलिहारी प्रत्येक के रसकी क्रमश भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे ऐसी दो पुट दे तो भस्म वने। सि यो स

(२) कसीस को भूनकर भागरे के रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे इसी विधि से ३ पुट दे तो भस्म वने। र त सा

(३) कसीस को कुमारी, करेला, सत्यानासी रस की १–१ भावना दे फिर ३ भावना खट्टे दहीकी दे टिकिया वनाय सुखाय भागराके नुगदामें रख सम्पुट कर गज पुट की आच दे तो भस्म वने। र. यो सा

(४) कसीस को भागरा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म वने। प्र औ नि

कसीस के गुण—जो गुण लोह भस्म के है प्राय वही कसीस भस्म मे पाये जाते है। किन्तु इसकी भस्म अक्सर योगो में डालने के लिये ही वनाते है।

कांच

काच वास्तव मे शुद्ध रेत ($शै ऊ_२$) और चून ऊष्मिद ($चू_२ ऊ$) तथा सैंधव या पाशुक्षार ($सै_२ ऊ = पा_२ ऊ$) या मैग्नीसियम ऊष्मिद ($मै ऊ$) को एक साथ मिलाकर तपाने से एक पारदर्शक स्फटिक वन जाता है जिसे काच के नाम से हम पुकारते है और यह नित्य के व्यवहार की चीजो मे से है। इस समय अनेको तरह के रग विरगे काच के वर्तन शीशिया आदि, जो दिखाई देती है उनमे उक्त यौगिको से भिन्न किसी में वग, किसी में सीसा, सोमल,

सिलीनियम, वेरियम, जिरकोनियम, ताम्र, निकिल, क्रोमियम, रजत, सुवर्ण आदि की निश्चित मात्रा मिलाकर जब उन्हें गलाते हैं तो वही काच भिन्न भिन्न धातुओ के मेलसे अनेक रगोका बन जाता है। इसका उपयोग तो हमारे रसग्रन्थो में कही नही मिलता। किन्तु नव्य ग्रन्थ-कर्ताओ में से किसी किसी ने इसका भी देहवाद पर उपयोग किया है। इसके लिये जो काच लिया जाय वह साधारण व सादा काच लिया जाय।

कांच भस्म

सर्वार्थकार्याधृतलोहजालेरिङ्गालवन्हौ वहुतप्त तप्तम।
कृष्ण च काचं शतवारमेव कन्याद्रवे संशमयेत वैद्यः॥
एका कृते चद्रिकया वियुक्तं काचस्य भस्मानुकुमारिकायाम्।
मन्दार दुग्धेऽपि च भावयित्वा पिधाय चक्रीं च पुटेद्गजाख्य॥
रसा सा.

काच के काले टुकडो को अगारो पर रखकर लाल करे और लाल होने पर उन्हे कुमारी रस मे वुझाता रहे। सौ वार वुझावे तो काच चमक रहित सफेद पीसक बन जाता है उसे कूट पीस खरल में डाल कुमारी रस की या आक दूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो काच की भस्म बने।

(२) काच को एकवार थोहर दूध में वुझावे फिर तुलसी और थोहर के नुगदे में रख सम्पुटकर सुखाय गजपुट की आच दे तो श्वेत भस्म बने। आमवात, सन्धिवात, अर्धांग, अर्दिति, वहुमूत्र में लाभदायी है। मात्रा २ चावल से १ रत्ती तक मक्खन में दे। अ त, मि ख

(३) मैनसिल को पान मे घोट उसका लेप काच पर करके सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आँच दे इसी विधि से ३ पुट दे तो काच भस्म बने। यह अश्मरी को तोडकर निकाल देता है। मात्रा १–२ माशे तक। म अ, मि ख

(४) काँच को हाथी दात के वुरादे के पानीमें तव तक वुझावे जव तक काच पीसक न बन जाय फिर हाथी दात के वुरादे में रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे। इस विधि से ४–५ पुट दे तो काच भस्म बने। इस भस्म में वरावर का वुरादा हाथी दात तथा चौथाई गिलअरमनी मिलाय पीस कर रख ले। प्रमेह, प्रदर, अश्मरी वन्धत्व को नष्ट करता है। मात्रा ३ माशे।

म अ, मि ख

कांस्य

काँसा और भर्त यह दोनो ही ताम्र की सकर धातुए है। जब ६० प्रतिशत ताम्र तथा १५ प्रतिशत जस्त तथा १३ प्रतिशत वग डालकर गलाते है तो कास्य बनता है। इसी तरह जब ९२ से ९९ प्रतिशत ताम्र में १·६ प्रतिशत जस्त तथा १८ प्रतिशत वग मिलाकर गलाते है तो भर्त बनता है। इससे स्पष्ट है कि कास्य और भर्त दोनो ही ताम्र की सकर धातुए है, दूसरे कासा और भर्तमें बहुत ही कम मात्रामे अन्तर है। इस समय इनके मिलाने के अनुपात मे कुछ और भी अन्तर डाला जाता है, फिर भी इसका मुख्य घटक ताम्र की मात्रा उपरोक्त जैसी ही रहती है। कासा और भर्त दोनो ही सकर धातुए होने से इनका उपयोग मूल धातु की अपेक्षा बहुत कम हुआ है। स्वतन्त्र तथा देहवाद मे तो इनका उपयोग मिलता ही नही, हा कुछ योगो मे इनका उपयोग हुआ है। इससे भिन्न यह दोनो ही ताम्र की मुख्य सकर धातुए होने से इनकी भस्मो के गुण भी ताम्र के सदृश होने पर भी इनकी अपेक्षा ताम्र-भस्म को ही डालना ज्यादा उपयुक्त समझा गया, इसीलिये इनका व्यवहार बहुत कम हुआ है।

वास्तव में पित्तल, कासा, भर्त जैसी सकर धातुओ की भस्मे मिश्रित धातुओ की होने के कारण ज्यादा उपयोगी सिद्ध नही हुई इसीलिये इनका व्यवहार नही बढा। शुद्ध धातुओ की भस्में इनकी अपेक्षा अधिक उपयोगी है, इसीलिये उनका व्यवहार ही ज्यादा रहा है इसीलिये उनके बनाने की विधिया भी काफी मिलती है। इसकी चार ही विधिया है वह भी जो ताम्र आदि के भस्मार्थ दी है वही है यथा—

(१) गन्धकंताल संयुक्तं स्नुह्यर्कक्षीरेण भावयेत्।
लेपयेत्कास्य पत्राणि पुटैर्भस्म प्रजायते ॥

र सा, र का धे, रसामृत, र त, र र स, र रा सु भा भै र र र, रत्नसमुच्चये, रसराज सुन्दरे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

काँस्य पत्र के बराबर बलि और हरिताल को आक दूध मे घोट पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो काँसा की भस्म बने। र त सा, र सि स

(२) त्रिवार पञ्चलवण सप्तधाऽम्लेन भावयेत ।
कांस्याऽऽरकूट पत्राणि तेन कल्केन लेपयेत् ॥
रुध्वागजपुट पक्व शुद्ध भस्मत्व माप्नुयात् ।
र र स, भ भै र

सज्जीखार, जवाखार, सुहागा, पांचो नमक, सब बराबर निम्बू रस की ७ भावना दे इसका लेप कासे के पत्रो पर कर मुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो कांस्य भस्म बने ।

(३) अर्क क्षीरेण सम्पिष्टो गन्धकस्तेन लेपयेत् ।
समेन कास्यपत्राणि शुद्धान्यम्लद्रवैर्मुहु ॥
ततो मृपापुटे धृत्वा पुटेद्गजपुटेन च ।
एवं पुटद्वयाद्कास्यं रीतिश्च म्रियते ध्रुवम ॥

वृ र प्र, वै द, आ वे प्र, र रा सु, र त, भा भै र, व रा

वसवराजीये रसराज सुन्दरे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

वलि को आक के दूध में घोट बराबर के कासे के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि मे दो पुट दे तो कासा, पीतल की भस्म बने । वसवराजीय के कर्त्ता ने ७ पुट दी है ।

(४) तुल्यंहिंगुलं निम्बुकस्याम्भसा सूक्ष्म पत्रीकृत कास्यकंलेपयेत् ।
शोपितत्रिपुटित सम्पुटस्थ ततो घोषपुष्पं तदापञ्चतांयात्यलम् ॥

र नागर

कासे के सूक्ष्म पत्र बनाय उस पर बराबर का हिंगुल निम्बू रस में घोट लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो कास्य भस्म बने ।

कुक्कुटाण्ड त्वक्

मुर्गी के अण्डे जिनमे से बच्चे निकल गये हो या जिनके भीतर का कलल द्रव निकाल लिया गया हो, ऐसे खोखले अण्डो को लेकर उन्हे नमक के पानी मे उबाल देते है, उबालनेपर उसके भीतर जो कललीय वाह्य कला चढा होती है वह अण्डोसे छूट जाती है जिसे धोकर निकाल देते है ऐसे अण्डोको कूटकर चूर्ण बना लेते है, इन्हे भस्म के लिये व्यवहार मे लाते है । इन अण्डो के भस्म का उपयोग रसवाद के ग्रन्थो मे नही मिलता, यूनानी चिकित्सा के प्राचीन ग्रन्थो में

भी इसका कहीं उल्लेख नहीं मिलता। इसकी भस्मो को बनाने का क्रम नया है इसलिये ज्यादा इसका कोई वर्णन किसी प्राचीन ग्रन्थमे देखनेको नही आया।

रासायनिक रचना—अस्थि, शृग, कच्छुपृष्ठ आदि जैसे अन्य जीव-जन्तुओ द्वारा चून कज्जलेत व फास्फुरेतके यौगिक बनते है उसी श्रेणीकी रचना अण्डोकी भी होती है। चून फास्फुरेत एक ऐसा उपयोगी यौगिक है जिसकी आवश्यकता प्रत्येक सजीव जगत के प्राणी को रहती है, अण्डे के छिलको मे इसकी मात्रा अस्थि आदिको की अपेक्षा ज्यादा रहती है। चून फास्फुरेत् एक ऐसा यौगिक है जो स्नायु तन्तुओ, मस्तिष्क के सूत्र जालो को विशेष बल देता है इसके सेवन से उत्तेजना बढती है। इसीलिये जिन चिकित्सको ने इसकी भस्म का उपयोग किया विशेष लाभदायी सिद्ध होने के कारण जल्दी ही इसका उपयोग बढ गया। इसकी भस्म की विधिया अब तक जिन चिकित्सकों के द्वारा प्रचलित की गई है वह निम्न है।

कुक्कुटाण्ड त्वक् भस्म

(१) अण्डो के छिलको को नमक के पानी में उबाल कर मलें, उसकी झिल्ली छुडा दे और धोकर उसे झिल्ली से साफ करके सुखाय चूर्णकर कुमारी रस की या निम्बू रस की या चागेरी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर गज फुट की आच दे, इस प्रकार ४-५ पुट दे तो अण्डो के छिलको की भस्म बनै। र त सा, अ त, अ स, मि भै म

(२) उक्त विधि से साफ किया अण्डाचूर्ण और उसका चौथाई—हिंगुल किसीने बराबर और किसीने बीसवा भाग भी डाला है। किसीने कुमारी रसमे, किसी ने प्याज रसमे, किसी ने निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर किसी ने १० सेर की किसी ने १५ सेर २० सेर उपलो की आच दी है। अ स, अ त, स अ, मि भै म, मा अ

(३) उक्त विधि से साफ किया अण्ड के छिलके का चूर्ण ६ तोला नौसादर २ तोला कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे इसी विधि मे ७ पुट दे तो भस्म बनै। अ स

(४) उक्त विधि मे साफ किया अण्ड के छिलके का चूर्ण १० तोला पारा १ तोला निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से १०० पुट दे, ५० पुट पारा मिलाकर

५० पुट विना पारा की दे। मक्खन, मि स

(५) साफ किये अण्डे के छिलके का चूर्ण आक दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे उसी विधि मे ६ पुट दे तो भस्म वने। अ स, चा चि

(६) साफ किये अण्डे के छिलके के चूर्णको निम्बू रस, अद्रकरस, सिरका, शराव प्रत्येक की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो कीआच दे। इस तरह ४ पुट दे तो भस्म वनै। मा. अ

(७) अण्डे के छिलके के चूर्ण को शराव की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २॥ सेर उपलो की आँच दे। इस विधि से २४ पुट दे। अ स, मि स.

कुक्कुटाण्ड त्वक् भस्म के गुण—अण्डो की भस्म दमा, खाँसी, रक्त पित्त रक्त प्ठीवन, क्षय, अतिसार, यकृतविकार, आमाशयविकार सुजाक, प्रमेह, प्रदर, लालामेह, ऋतवाविक्य, स्वप्नदोप, शीघ्रपात, मधु मेह, मानसिक क्लीवत्व, नपुन्सकता आदि रोगो में लाभ करती है। प्राय नामर्दी में अधिक व्यवहृत होती है। अच्छी शक्तिवर्धक वलवर्धक मानी जाती है। मात्रा १ रत्ती से २-४ रत्ती तक है। उपयोग—अक्सर मक्खन, मलाई दूध से देते है।

खर्पर

खपरिया का प्राचीन नाम रसक है। खर्पर नाम ज्यादा प्राचलित होने से हमने इसी नाम को ग्रहण किया है। खपरिया क्या वस्तु है इसका हम विस्तृत विवेचन उपोद्धातके पृष्ट १६३ पर रसक नाम से कर आये है। इस लिये यहाँ पुन दोहराने की आवश्यकता नही। खपरिया भी जस्त, सीसा, चाँदी के खनिजो का अवशिष्ट (किट्ट) भाग है, कोई मौलिक धातु नही, इसीलिये इसका उपयोग भी ज्यादा नही हुआ। खर्परकी भस्म स्वर्ण मालती वसन्त नामक योग मे डाली जाने से वह योग क्षय मे विशेप लाभदायी सिद्ध होता है, इसलिये खपरिया भस्म का महत्त्व कुछ वढ गया है, उस तरह इसका उपयोग नाम मात्र को है। आजकल यह खपरिया नामक पदार्थ कई कारणो से अप्राप्य हो रहा है, इसके स्थान पर इस समय दो भाग जस्त एक भाग सीसा आधा भाग चाँदी मिलाकर इसकी भस्म प्रथम काढाई यन्त्र मे वनाकर फिर कुमारी की पुट देकर तय्यार करे उसे स्वर्ण मालती वसन्त नामक योग मे डाले ऐसी मेरी

सम्मति है। ऐसी सम्मति मेरी किस आधार पर बनी है उसे रसक के लेख में पढ़ें।

खर्पर भस्म

खर्परं पारदेनैव वालुका यन्त्रगंपचेत्।
चूर्णयित्वा दिनं यावच्छोभन भस्म जायते॥

रसे सा स, भा भै र, र. त

खपरिया को पारद मिलाकर एक दिन खरल करके काँच कूपी में डाल वालुका यन्त्र में रख परिपाक करें तो खपरिया की भस्म बने। रसतरंगिणी-कारने उक्त विधि से ३ पुट देनी लिखी है।

(२) खर्परो विमल शुद्धस्तुल्य तालक पेषितः
सम्पुटस्थ स्त्रिपुटितः सर्वथा मृति माप्नु यात्

र त.

खपरिया के बराबर हरिताल चूर्ण मिलाकर जल से घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर कुक्कुट पुटकी पुट दे, इस प्रकार ३ पुट दे तो खर्पर भस्म बने।

गोदन्ती

प्रकृति में गोदन्ती की रचना चूनजम के एक परमाणु से वलि के एक परमाणु और ऊष्मजन के दो परमाणु के साथ जलके भी २ अणु जब सम्मिलित होते हैं तब पत्राकार या गोदन्त के आकार के रवे गोदन्ती नामक खनिज पाषाण के बनते हैं जिसका सूत्र चूवऊ$_२$ २ उ$_२$ ऊ है।

हम जब इसकी भस्म बनाते हैं तो गोदन्ती की रचनामें जो दो जल के अणु होते हैं वह अग्नि प्रभावसे निकल जाते हैं इससे भिन्न उसके मुख्य यौगिकमें एक परिवर्तन और होता है, जहाँ वलिके साथ ऊष्मजन के २ परमाणु मिले होते हैं अग्नि प्रभाव में आकर वहाँ ऊष्मजन की सख्या बढ कर ४ हो जाती है अर्थात् उस समय इसके योगिक का रूप चूवऊ$_४$ यह होता है यही हमारी गोदन्ती भस्म है। इस गोदन्ती भस्म को पानी से गीला करके किसी कपडे पर लेपदें तो वह कपडेपर फिर जमकर सख्त होजाती है। इसका कारण यह है कि वह गोदन्ती भस्म फिर जल का शोषण कर अपने पूर्णयौगिक (गोदन्ती) के रूप में आ जाती है। आजकल बडे-बडे सरकारी अस्पतालों में पलस्तर देने के

लिये पेरिस आफ प्लास्टर नाम से जो चीज उपयोग में आती है वह वास्तव में हमारी गोदन्ती भस्म ही तो होती है इसकी कोई भी वैद्य परीक्षा ले सकता है।

पैरिस आफ प्लास्टर आजकल बहुत बढिया से बढिया किस्म के आते है जिनके निर्माण मे कई प्रकार की विशेषता व शुद्धता को ध्यान में रखकर उन्हे बनाया जाता है किन्तु वह सब सिवाय गोदन्ती भस्म के और कुछ नही है।

गोदन्ती भस्म

(१) शराव सम्पुटन्तस्थं गोदन्तं सुविशोधितम।
म्रियते पुटित भस्म जायते शशिसुन्दरम् ॥ र त

साफ की हुई गोदन्ती को शराव में सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो सफेद भस्म बने।

(२) गोदन्त शोषयेन्मूत्रे गवायाम द्वय तथा।
कुमार्या पुटनात्तस्य भसित स कृदुत्तमम् ॥ र. सा

गोदन्ती को गोमूत्र में ६ घटा पकावे फिर निकाल कुमारी के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने।

(३) गोदन्ती को हुलहुल, अपामार्ग, असगन्ध, आक, गिलोय, अदानवेल, दूध, नकछिकनी, लसोटापत्र, प्याज, मैनफल, बनेरकी कोपल, एरण्ड, धतूरा, नीव, मकोय, इनमें से किसी के नुगदे मे रख सम्पुट कर २० सेर की आच दे। यदि ज्यादा गोदन्ती हो तो गजपुट की आच दे तो भस्म बने।

हि अ, मि ख, अ त, म अ, अ स, चा चि, स अ, कु अ, र त सा.

(४) गोदन्ती को ७ दिन नीवू रस मे तर करके चूनाकली के दावू पर फिटकरी चूर्ण बिछाय उस पर गोदन्ती रख चूना का ही दातू दे १—१½ घटे की तीव्र आच दे तो भस्म बने। म अ

(५) गोदन्ती को कूट धतूरा अफमनतीन गिलोयवबाय की १–१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय भूभुल मे दबा दे, बस भस्म हो जायगी। यू. सि स

(६) गोदन्ती को १० दिन आक दूध मे या कुमारी रस मे या गुलाब अर्क मे भिगो कर निकाल सम्पुट कर २५ सेर उपलो की आच दे तो भस्म हो। चा चि, स अ

गोदन्ती भस्म के गुण—रक्तस्राव, रक्तपित्त श्वास, पित्त ज्वर, विषम ज्वर, क्षय, कास, अर्दिति, अर्धांग, आक्षेप, आमवात, चलसन्धि वात, प्रसूता ज्वर

अतिसार, यकृतविकार, जीर्णज्वर मे लाभदायी है।

मात्रा इसकी २ रत्ती से लेकर १½ माशे तक है।

गोमेद भस्म

अभ्रक, अकीक और गोमेद एक ही तत्वो की रचना के तीन रूप है, इनके यौगिको में जो भेद है उनका विस्तृत विवरण उपोद्घात के १३६ पृष्ट पर रत्न उपरत्नो के प्रकरण मे देखें। गोमेद रत्न होने के कारण मूल्यवान् है इसलिये इसकी भस्म का उपयोग बहुत कम हुआ है। वास्तव मे इसकी भस्म का उसी प्रकार अधिक उपयोग होना चाहिये जैसे अभ्रक का रस ग्रन्थो मे है और अकीक का यूनानी ग्रन्थो मे है। गोमेद की रचना उक्त दोनो जैसी होने से इसकी भस्म के गुण-धर्म भी अभ्रक अकीक जैसे ही है। यह मै अपने अनुभव के आधार पर बतला रहा हू और इसकी भस्म का विधान अन्य किसी ग्रन्थ मे तो मिलता नही केवल रस चूडामणि मे एकविधि दी है यथा—

(१) गोमेदं गन्धयोगेन लकुचद्रव पेषितम्।
पुटित्वाऽश वारैश्च जातं भस्म पलोन्मितम॥
र चू, र यो सा

गोमेद को तपा-तपा कर बडहल के रस मे बुझाता रहे जब भगुर हो जाय बराबर का बलि मिलाकर बडहल रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से १० पुट दे तो गोमेद भस्म बने।

वक्तव्य—गोमेद की रासायनिक रचना अभ्रक व अकीक के अनुरूप है यदि इसमे बलि मिलाकर इसकी भस्म बनाई जाय तो इसके रत्नकी रासायनिक रचना नष्ट होकर उससे नया बलिका यौगिक बन जाता है और इसका गुण-धर्म सब बदल जाता है। इसीलिये इसको उक्त ग्रन्थ के दिये विधान से भस्म नही बनानी चाहिये। प्रत्युत जो विधि यूनानी ग्रन्थोमे अकीक भस्मकी दी है उन विधियो से बनावे अर्थात् केवल तपा-तपा कर बुझावे और कुमारी रस आदि की भावना देकर भस्म बनावे तो इसकी भस्म मे अपने समस्त गुण-धर्म विद्यमान रहते है और यह अभ्रक, अकीक भस्मवत् बडी उपयोगी भस्म बनती है।

जस्ता (यशद)

भौतिक गुण—यह नीलाभायुक्त श्वेत धातु है, किन्तु यह घन वर्धनीय

नही, चोट मारने पर चटख जाती है और २०५° शताश तक गरम करके इसे कुटा जाय तो यह चूर्ण-विचूर्ण हो जाता है और १५० शताश तक गरम करके इसे बढावे तो इसकी तार बन सकती है और वह तार ठण्डी होनेपर पुन शीघ्र नही टूटती। यदि इसे ८०० शताँश तक गरम किया जाय तो हवाकी विद्यमानता मे यह श्वेत प्रकाश देता हुआ जल कर जस्त ऊष्मिद (ज ऊ) मे परिणत हो जाता है, यही हमारा शास्त्रीय पुष्पाजन है, जिसे साधारण बोल-चाल की भाषा मे जस्ता का फूल कहते है। इसकी परमाणु मात्रा ६५.३ घनता ७.१, तथा द्रवाक ४२८ श० और क्वाथनाँक ९८०° श० है तथा इसकी युयुक्षा दो है।

रासायनिक गुण—यह उबलते हुये पानी मे डाल दिया जाय तो जल का विच्छेद करता है इसीसे उस जलसे उदजन निकलने लगता है, हल्के पवनाम्ल या वलिकाम्ल या तीव्र सैधव या पाशुज के क्षारीय घोल में इसके पत्र डाले जाय तो इनकी विद्यमानता मे भी वह जल का विच्छेद करता है और उस घोल से उद्जन निकलने लगता है। यह ऊष्मजनसे और वलिसे मिलकर तथा अन्य तत्त्वो से मिलकर कई यौगिक निर्माण करता है। किन्तु रस ग्रन्थो मे इसके दो ही प्रकार के यौगिक (भस्म) मिलते है।

जस्ता भस्म

(ऊष्मिद) जसदं लोहजे पात्रे द्रावयित्वा पुनर्धमेत्।
अत्यन्ततप्ते निम्बस्य पत्रमेकं विनिक्षिपेत्॥
घर्षणाल्लोहदण्डेन वह्निरुत्तिष्ठति ध्रुवम्।
यथायथा भवेद्धृष्टि भस्मी भावस्तथातथा॥
भस्मीभूत पृथक्कृत्य घर्षयेत्तत्पुन. पुनः।
नेत्ररोगेषु सर्वेषु[1] पुष्पाञ्जन मितं शुभम्॥

र. त., र. रा सु, भा भै. र., वै. द., रसा सा., वृ. र प्र.

१ भस्मीभूत अधिक ग्रन्थे इति पाठ

लोहे की कढाई में जस्ता को पिघला कर ८०० श० तक गरम करे और उस पर निम्ब पत्र डाल कर सीक से हिलावे तो श्वेत ज्वाला देकर जस्ता फूल होने लगता है, जो फूल बनता जाय उसे हटाता जाय और बाकी पर निम्ब पत्र डाल कर सीक से हिलाता जाय इस तरह करने पर सारा जस्ता सफेद फूल सा हल्का बन जाता है इसे पीस कर आख में डाले। अ. स.

नोट—आज कल बाजारी जस्ता का फूल बनाने वाले बिना निम्ब पत्र के इसी तरह उसकी भस्म या फूला बनाते हैं।

(२) जासत्वं कणशः कृत्वा यामैकमवगाहयेत्।
अहिफेन जले किंवा रामठस्योदकेऽपि वा॥
ततो दृधृत्य खराङ्गारै खर्परे गालयेद्भिषक्।
घर्षयेल्लोहदर्व्याऽथ भमंस्याद्घटियुग्मतः॥ र. च.

जस्ता को थोडा सा गरम करके कूटकर चूर्ण बनाय अफीम या हींग के जल में एक दिन भिगो कर तपावे फिर उसे ठीकरे में गला कर तीव्र आच दे और लोहदण्ड से रगडता रहे तो २ घडी में जस्ता की सफेद फूल सी हल्की भस्म बने। पहिली और यह दोनो विधिया एक है।

(३) यशद विमलंन्यस्य कटाहे गालयेद्भिषक्।
अपामार्गस्य चूर्णं च स्वल्पं स्वल्प मुहुर्मुहुः॥
विनिक्षियेद्भिषग्वर्यो लोहदर्व्याऽथ चालयेत्।
भस्म यावद्भवेत्सम्यक् चूर्णं तावत्समापयेत्॥
राशीकृत्य ततो भस्म शरावेण पिधापयेत्।
ज्वलदङ्गार वर्णंस्याद्यशदं तु यथा चिरम्॥
तथा प्रदीप ये द्वग्निं दिनमेकमिषक्तमः।
स्वतः शीत ततो ज्ञात्वा यशदं भृतमाहरेत्॥ र त

जस्त को कढाई में डालकर पिघलावे और अपामार्गकी चुटकी देकर रगडता रहे, चुटकी दे देकर रगडते रहने से जस्ता की भस्म बनती चली जायगी, जब सारी भस्म बन जाय एकत्र कर एक प्याले से ढक तीव्र आच दे ताकि कढाई लाल हो जाय सारे दिन आच लगा कर शीतल होने दे, निकालकर पीस ले जस्ता की भस्म हो जायगी।

(४) प्रतप्ते यशदे वह्नौ भंगा पोस्तोद्भवंरज.।
दत्वा प्रचालये द्दर्व्या यावच्चूर्णत्व माप्नुयात्॥
वस्त्रपूतं तु तच्चूर्णं कुमारी रस मर्दितम्।
कृत्वा टिक्कड़िका. शुष्का स्ततो गजपुटे पचेत्॥
एवं सप्तपुटै सम्यग्यशदं मृतिमाप्नुयात्। र. मृ

जस्ताको कढाई में गलाकर भाग पोस्त चूर्ण की चुटकी दे-देकर रगडता

हुआ भस्म बनावे। फिर कुमारी रसकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आंच दे इस विधि से सात पुट दे तो जस्ताकी भस्म बने।

(५) लवणं तप्यस्नुही भाव्यं पत्रलिप्तं च खर्परे।
चिञ्चाऽश्वत्थ चूर्णेन म्रियते पुट योगतः॥ र सागर

जस्ता के पत्रों पर थोहर दूध में पिसा नमक का लेप कर उन पत्रों को ठीकरे में रख कर पिघलावे और इमली, पीपल के चूर्ण की चुकटी दे देकर रगडता हुआ भस्म बनावे। भस्म बन जाने पर एकत्र कर ३-४ घण्टे की और तीव्र आंच दे तो ठीक हो।

(वलिकाइद) पादांश गंधं जसदस्य चूर्णे विनीत पञ्चाङ्गुल तैलयोगे।
पचेत लोहस्य कटाहिकायां तीव्राग्निना शीतमनुद्वरेत्।
रसा सा

जस्ता का चौथाई वलि का चूर्ण कर ले, जस्ता को कढाई में गला कर उस वली की चुटकी दे देकर रगडता रहे जब भस्म बन जाय तो जस्ता के बराबर एरण्ड तेल थोडा थोडा डालता हुआ रगडता रहे तेल जल जाय उसके १-२ घटा और आंच देकर उतार ले, पीस रक्खे।

(२) शुद्धं यशदमादाय कटाहे तीव्र वह्निना।
प्रद्राव्यभिषजा वर्या समया रद गर्भके॥
खल्वे निक्षिपेद्यत्नात्तत सम्पेषयेद्द्रुतम्।
पिण्डि विधाय यत्नेन क्षालयेन्निम्बुवारिणा॥
यशद प्रमितं गध दत्त्वा संचूर्णयेत्तत।
शराव सम्पुटस्थं तु पुटयेदथ यत्नत॥
रीत्यानयातु यशदं मृतिमायातदुत्तमम्।
इत्थं मृतन्तु यशद सर्व रोगेषु योजयेत्॥ र त

जस्ता को कढाई में गला कर बराबर का पारा डाल दे और उतार ले गरमागरम खरल करे और पिण्डी बन जाने पर निम्बूरस डालकर धो ले फिर बराबर का वलि मिलाय घोट सम्पुट कर लघुपुट की की आंच दे तो जस्ता की भस्म बने।

(३) जसदस्य चतुर्थांश पारदं गन्धकं प्रिये।
मर्दयेन्खल्वके सम्यक्कन्यानिम्बूरसै पृथक्॥

लेपयेत्तेन पत्राणि गजाह्वा पाचयेत्पुटे।
एकमेव पुटेनैव भस्मसाज्जसद भवेत्॥
र च, र रा सु, भा भै र.

जस्ता से चौथाई पारा वलि को मिलाकर पिष्टी वनाय निम्वूरस, कुमारी-रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो एक पुट में ही जस्ता भस्म वने।

(अपुट) जस्ता बुरादा को चीनी के प्याले में डालकर उसमें निम्वूरस निचोड धूप में रख दे। सूखने पर और रस डाल दे तथा कभी कभी हिला दिया करे १०-१२ दिन धूप मे रखने पर जस्ता सफेद भस्म मे परिणत हो जायगा, आख में डाले। स अ, कु ह, पा स

(७) १ तो० जस्ता को पिघलाकर उस पर वयुआ का चोया दे ४० तो० रस का चोया देने पर भस्म वन जायगी, फिर विनौला तेल ५ तो० का चोया देवे तो सफेद से पीली भस्म वनेगी, आँख में डाले। स अ, अ त

(८) जस्ता पत्रों को जलजमनी के नुगदे मे रखकर सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो भस्म वने। प्रमेह, सुजाक मे दे। ति अ

(९) जस्ता को गलाकर मिश्री और लौग की चुटकी देकर रगडता हुआ भस्म वनावे, फिर त्रिफला क्वाथ की १ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आच दे तो भस्म वने। प्रमेह, प्रदर, प्रसूता रोग मे दे। मा अ

(१०) जस्ता को गलाकर नीम की लकडी से रगड कर भस्म वनावे, फिर कुमारी रस त्रिफला क्वाथ की १-१ भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से २१ पुट दे फिर शहद, दही, दूध, ईखरस प्रत्येक की भावना दे पुट देता रहे तो २५ पुट मे उत्तम जस्ता भस्म वने। इसे प्रमेह, सुजाक, कामला मे दे। स अ

(११) जस्ता गलाकर गोखरु, अपामार्ग, हरमल की चुटकी देकर घर्षण विधि द्वारा भस्म वनावे। भस्म वन जाने पर ३ घटे और आच दे। र स

(१२) जस्ता चूर्ण को आक दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय गेहूँ के आटे को थोहर दूध मे नुकदा वनाय उसमें रख सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो भस्म वने। र सि

(१३) जस्ता पत्र को इमली चूर्ण के मध्य बिठाय वस्त्र सम्पुट में रख बान तुप की आच दे तो भस्म बनें। र मि.

(१४) जस्ता को जलाकर पुनर्नवा की चुरुटी दे घर्षण विधि से भस्म बनावे। पीछे उतार मीठा तेलिया की चुटकी देकर एकत्र कर ३ घटा और आच दे तो भस्म बने। नि भृं मा

(१५) जस्ता, पारा बराबर मिश्रण कर तुत्थ घोल में खरल कर टिकिया बनाय वस्त्र सम्पुट में रख ५ सेर उपलों की आच दे। श्वास में लाभदायी है। अ स, मि ख.

(१६) जस्ता, पारा मिश्रण कर गोजिह्वा के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय वस्त्र सम्पुट कर करीषाग्नी में रख दे तो जस्ता की भस्म बने। कु रु, पा ख.

(१७) जस्ता पारा का मिश्रण कर मिश्री और हरड़ की चुटकी देकर घर्षण विधि से भस्म बनावे। फिर कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। सि भृं मा, मा अ.

(१८) जस्ता, पारा का मिश्रण बनावे फिर इसको फिन्दक के नुकदे में रख वस्त्र सम्पुट कर गजपुट में करीषाग्नि की आच दे तो भस्म बने। र ति.

(१९) जस्ता, पारा का मिश्रण बनाय उसे आतशी शीशी में डाल उस पर ४० गुना जलनिम्ब का रस डालकर बालुका यन्त्र में रख पकावे तो जस्ता भस्म बने। अ स.

(२०) जस्ता को गलाकर उस पर एक छेद की हुई हण्डी औंधी मार दे उस छेद से छः माशा पारा डाल दे और आच लगाता रहे। ३ घटे आच देने के बाद ६ माशा हिंगुल चूर्ण डाल दे और सीक से हिलाता रहे, फिर ३ घटे बाद ६ मा० हरताल डाल दे फिर ३ घटा बाद ६ माशे बलि डाल दे और हिलाता रहे तो भस्म बने। आमवात में लाभदायी है, शक्ति वर्द्धक है। स.क.

(२१) जस्ता ७ तो० पारा १ तो० मिश्रण कर १॥ तो० हिंगुल मिलाय शराब की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो भस्म बने। र सि

(२२) जस्ता, पारा का मिश्रण बनाय उसमें जस्ता के बराबर सोमल मिलाय पुनर्नवा रस की ७ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय एक हण्डी में रख ताम्र

कटोरी से ढक कर नमक का दाव देकर ८ प्रहर की आंच दे तो भस्म बने। नामर्दी, प्रमेह, सुजाक, स्वप्नदोष में लाभदायी है कु र.

(२३) जस्ता को गलाकर सोरा, हरिताल, वत्सि, मैनसिल, सुहागा, फिटकिरी, नौसादर इनकी मिली हुई चुटकी देकर घर्षण विधि से भस्म बनावे, भस्म बन जाने पर उसे एकत्र कर प्याले से ढक ३-४ घटा और तीव्र आंच दे, फिर पानी डालकर घोटे और उसे धोता रहे, फिर कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे। इस विधि से ३-४ पुट दे तो भस्म बने। र यो मा.

जस्ता भस्म के गुण—

जसद तुवर तिक्तं शीतलं कफ पित्तहृत्।
चक्षुष्य परमं मेहान् पाण्डु श्वासं च नाशयेत्॥
र र स, र सा प, पा स.

जस्ता चरपरा, ठण्डा, कफ, पित्त को हरने वाला, नेत्र रोगों में परम हितकारी, प्रमेह, पाण्डु, श्वास रोग को नाश करने वाला है।

जहर मोहरा

इसका परिचय रस ग्रन्थों द्वारा नहीं मिलता, यूनानी चिकित्सा ग्रन्थों से कुछ परिचय प्राप्त हो जाता है। अधिक ज्ञान इसका आधुनिक खनिज शास्त्र से प्राप्त होता है। पञ्जाब प्रन्त में इसका उपयोग जन समाज द्वारा काफी समय से होता चला आया है।

यह एक हरा पीला सफेद अंगूरी रंग का चिकना चमकदार पत्थर है जिसकी कठोरता २½ से ४ तक होती है। औषध के लिए अंगूरी रंग का पत्थर उत्तम माना जाता है और इसको अमृतसर काश्मीर के संगतराश इसके अच्छे अंगूरी टुकडों को काट तरास कर उसे सानपर चिकना चमकीला बना कर जहर मोहरा खताई के नाम से बेचते हैं। जहर मोहरा खताई कटे, बनाए हुए जहरमोहरा के टुकडों का नाम है। यह कोई इस रूप का खनिज पदार्थ नहीं है। वास्तव में जहर मोहरा अपने प्राकृतिक रूप में ही बडा मुलायम चमकीला, चिकना रंगदार कल्मी पत्थर होता है। इसके तीन चार विभेद अब तक पाये गये हैं (१) जहर मोहरा (Serpentine) (२) अस्बेस्टेस (Asbestos) हर्न ब्लेण्ड (Hornblende) इनमें जहरमोहरा बिना रेशे

का कलमी रवादार पत्थर है। ग्रसवेस्टस सूतसा रेशेदार मुलायम चमकीला सफेद पत्थर है। जहर मोहरा की यह किस्म ग्रग्नि व विद्युत प्रतिरोधी ग्रदाह्य होने के कारण इसका व्यवहार गैसलम्प की जाली, विद्युत ग्रवरोधी ग्रनेक स्थानो मे तथा ग्रग्निप्रतिरोधी पदार्थो के रूप में इसके कपड़े, तरते ग्रादि बनाये जाते है यहा तक कि ग्राग बुझाने वालो के कपडे भी इसके रेशे से बनाए जाते है। सीमेन्ट में मिलाकर इसके ग्रसबेस्टस छतें बनाई जाती है ताकि गर्मी ग्रन्दर न ग्रासके, यह इतना उपयोगी पदार्थ है कि ग्रनेक व्यवसायो मे जहा ग्रग्नि प्रतिरोध, विद्युत प्रतिरोध की ग्रावश्यकता होती है उपयोग मे लाया जाता है।

रासायनिक रचना—सैलिका, स्फटिकाम चूनजम, मैग्नैशियम ग्रौर लोह यौगिक के सम्मिलित ग्रणुग्रो की रचना वाली ग्राग्नेय शिलाग्रो के मध्य ताप चाप की विशेष परिस्थिति मे जहर मोहरा के शिला पट्ट की रचना होती है, जिसकी रसायनिक रचना का सूत्र यह है $उ_2$ मे$_3$ शै$_2$ ऊ८। इसी जहर मोहरा के ग्रणुग्रो में कुछ प्रकृति गर्भ मे ऐसा ताप चाप में फेर फार होता है जिसने ग्रसबेस्टस के रेशो की उत्पत्ति होती है। यहा एसबेस्टस का विशेष उल्लेख इस लिए किया है कि इसका उपयोग भी हमारे यहा कही कही सोमे-कलनार के नाम से हुग्रा है।

जहर मोहरा का उपयोग

पजाब मे प्राय छोटे छोटे दुग्ध पायी बालको को जब तालु लटक जाता है ग्रर्थात् तालु भ्रग होता है उस समय उन बच्चो को हरे पीले दस्त ग्राने लगते है बच्चा दूध नही पी सकता, सिर इधर उधर मारता रहता है, वमन होती है ज्वर भी हो जाता है, उस समय माताये जहर मोहरा को पानी डाल पत्थर पर घिस कर बच्चो को प्राय पिलाती है इससे चमत्कृत लाभ होता है। इससे भिन्न इसका उपयोग धीरे धीरे उष्णकाल के ग्रतिसार, वमन, विशूचिका ग्रादि रोगो मे भी होता है इसका ग्रब व्यवहार सारे देश में होता है।

जहरमोहरा भस्म—इस जहर मोहरा को कूटकर दूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की ग्राच दे तो भस्म बने। र त स

ताम्र

शुकचञ्चु हिंगुलाभं कोमल भिद्यते लघु ।
खनिदोष विनिर्मुक्तं शुल्व कालिक वर्जितम् ॥ र. र स

तोते की चोंच या हिंगुल की जैसी आभावाला काटने पर नरम और कटी जगह कालिमारहित, खनि दोषरहित, चमकदार ताम्र ठीक होता है।

भौतिकगुण— ताम्र ताजा कटा हुआ गुलाबी चमकीला होता है किन्तु खुली हवा में पडा रहे तो हवा के प्रभाव से इसकी चमक दमक घटती रहती है, यह ताप और विद्युत् का अच्छा वाहक है और उत्तम घन वर्धनीय व तन्त्वीय है किन्तु दृढता मे लोहे से कम और सुवर्ण चाँदी से अधिक दृढ है और कठोरता मे भी यह सोना चाँदी मे कुछ अधिक कठोर है। सकी परमाणु मात्रा ६३.५ तथा घनता ८.९, द्रवाक १०८३ श, क्वथनाँक-२१०० श है। यह १ और २ में युयुक्षावान् है।

रासायनिक गुण—यह धनात्मक तत्त्व है, उत्ताप प्रभावसे यह शीघ्र ऊष्म जन से मिलकर ऊष्मिद में परिणत होने लगता है, ताम्र के ऊष्मीकृत होने पर इसके ऊपर एक ऊष्मिद हुई काली भूरी पपडी की तह बन जाती है जो चोट मारने पर झड जाती है। तावे को जब २१०० शे से अधिक का उत्ताप पर तपावें तो यह नीली ज्वाला देकर जलने लगता है। ताम्र के उत्ताप प्रभाव या तीव्राम्लो के सयोग से अनेको रासायनिक यौगिक बनाये जाते है। यथा—

ताम्र ऊष्मिद— ताम्र पत्रो को सान्द्र लवणाम्ल मे डाला जाय तो यह प्रथम उसके लवणजन से मिलकर लवणाइद में बदलता है और उस तीव्राम्ल में घुलता रहता है। सारा का सारा जब घुल जाय तो इसमें तीव्र पाशुजक्षार का घोल डाल देतेहैं तो ताम्र यौगिक में विनिमय होता है और वह लवणाइद से प्रथम उद्ऊष्मिद ता $(ऊउ)_3$ में बदलता है और उस घोल मे अवक्षिप्त होकर नीचे बैठ जाता है, इसे निकाल कर भूना जाय तो यह फिर ताम्रक ऊष्मिद $(त_2ऊ_3)$ में बदल जाता है यदि इसे अधिक भूना जाय तो ताम्रसऊष्मिद $(ता_2ऊ)$ में बदल जाता है।

वलकाइद—यह वलि से मिल कर दो रूपका यौगिक निर्माण करता है एक ताम्रक वलिकाइद (ताव) दूसरा ताम्रस वलिकाइद $(ता_2 व)$ जब हम २ तोला ताम्र चूर्ण के साथ १ तोला वलि मिलाकर ४०० श तक

गरम करे तो उससे ताम्रक वलिकाइद वनाता है। हमारी भस्में प्राय उसी रूप की या ताम्र वलिकाइद की वनती है। आजकल इसे रासायनिक विनिमय विधि द्वारा निम्न रीति से वनाते है।

ताम्र को लवणाम्ल मे डालकर प्रथम लवणाइद वना लेते है फिर उस घोल मे उदवलिकाइद की वायु को प्रवेश कराते है तो ताम्र लवणाइद में रासायनिक विनिमय होता है और वह लवणाइद से वलिकाइदमें परिवर्तित हो तलस्थ हो जाता है।

हम अपनी विधिसे ताम्रकी भस्म वनाकर आगे और पुटे देते चले जाय तो वह ताम्रक वलिकाइद धीरे-धीरे ताम्रस वलिकाइद (ता व) में वदलता है, इसमें ताम्र४तो के साथ १ तोला वलिका सयोग रह जाता है यह अतृप्त यौगिक होने से अधिक युयुक्षावान् होता है इसी से यह अधिक लाभ करता है।

रसायन शास्त्री इसे निम्न विधि से वनाते है-एक वन्द वर्तन में ताम्र पत्र लटका कर ४०० श० के उत्ताप तक गरम करते है फिर उसमे नली के द्वारा वलि की वाष्प को प्रवाहित करते है तो ताम्र ताम्रम वलिकाइद मे परिणत हो जाता है। अथवा ताम्रक वलिकाइद चूर्ण को ४०० श० तक गरम रख कर उस पर उदजन वायु को प्रवाहित करते है तो ताम्रक वलिकाइदसे(ता व) ताम्रस वलिकाइद(त$_2$व)में वदल जाता है। अथवा वलिका एक परमाणु उद-जनसे मिल कर उदवलिकाइद में वदल जाता है। इस समय रासायनिक विनि मय द्वारा इस तरह ताम्रके साथ लवणजन, ब्रह्मणिका, नैलिका, पवन आदिके योगसे कई यौगिक निर्माण किये जाते है।

ताम्रके सकर—ताम्र २ भाग जस्ता १ भाग मिला कर गलाने से पीतल वनता है, ताम्र ६ भाग वग १ भाग मिलाकर गलानेसे कासा वनता है, ताम्र ६ भाग स्फटिकम १ भाग मिलाकर गलानेसे नकली सोना वनता है। ताम्र ६ भाग निकिल १ भाग मिलाकर गलाने से नकली चादी (जर्मन सिलवर) वनती है, इस तरह यान्त्रिक व्यवहार के लिये ताम्र के पचासो प्रकार के सकर–दृढत्व, घनत्व तनाव,लचक, स्थिति स्थापकता रखने वाले–वनाये जाते है जिनका मशीन पुरजो मे व्यवहार होता है जैसे गन मैटल, ह्वाइट मैटल आदि।

ताम्र भस्म (करछी पाक)

गन्धकस्य पलं प्रोक्तं रसस्य द्विपल तथा।

नैपालस्य विशुद्धस्य ताम्रस्य च पलं भवेत् ॥
ततोगन्धार्धं चूर्णेन ताम्रं संयुज्य चूर्णयेत् ।
शेषार्धं गन्धकं कृत्वा पारदं खल्लयेद्भिषक् ॥
रसेन हस्तितुण्ड्याश्च लोहपात्रे पचेच्छनैः ।
कृत्वापङ्कसमं पाकं ताम्रेण सह योजयेत् ॥
तच्च गन्धक चूर्णेन सम्वेष्ट्य हविषा सह ।
पाचयति भिषग् प्राज्ञः पाकविन्मृदु वह्निना ॥
आलोड्य मधुसर्पिर्भ्यां भुक्त्या तक्र पिबेदनु ।
अग्निमान्द्यमजीर्णं च ग्रहणीं पाण्डु कामलाम् ।
परिणामरुजं चाशु नाशयेत्तु प्रयोजितम् ॥

व से, र का धे, भा भै र

४ तो० वलि ८ तो० पारा, ४ तो० ताम्रचूर्ण, आधा वलि पारे के साथ मिलाय कज्जली करे आधा वलि ताम्र चूर्ण मे मिलाकर घोट ले। एक करछी में प्रथम कज्जली डालकर उसमे हाथी सुण्डी का रस डाल कर पकावे और जब पकते पकते गाढा कीचड सा हो जाय तब उसमें ताम्र चूर्ण डाल दे और उसे मन्द मन्द आच पर पकाता तथा हिलाता रहे, जब वलि जल जाय और ताम्रभस्मवत् दिखाई दे उतार कर पीस ले उसमे दुगना घी, चौगुना शहद मिलाकर अवलेह बना ले। इसकी मात्रा १ माशा है। अग्निमान्द्य, अजीर्ण, ग्रहणी, पाण्डु, कामला, परिणाम शूल में तक्र के साथ सेवन करावे तो उक्त रोगो में लाभ हो। यह भस्म बनाने की प्राचीन विधि है।

(अपुटी) सूतं द्विगुण गन्धेन खल्वे कृत्वा प्रयत्नतः।
सौवर्चलंरसार्द्धेन दत्त्वाऽऽप्लाव्यार्क पत्रकैः ॥
तोयैर्वा शिवकर्णोत्थैर्लिप्त्वा घर्मेपु पत्रकै.।
जम्बीरनीरे सुचिरं गालितं मर्दयेच्छुभम् ॥
दद्याद्रक्तिद्वय चास्य नागवल्लीद्रवैर्युतम् ।
गुल्माम्ल पित्त शूलामप्लीह पाण्डु ज्वरापहम् ॥

र च, रसे क, र र को, र र स, र क ल, र र, र. यो. सा

पारे से दूना वलि मिलाकर कज्जली बनाय उसमें पारा से आधा काला नमक मिलाय उसे हुलहुल का रस या करना के रस से घोट ताम्रपत्रो पर उस

का लेप कर धूप मे सुखावे, फिर उन पत्रो को चीनी के प्याले में डालकर उस मे जम्बीरी निम्बू का रस भर दे और धूप मे रख दे, कुछ दिन में जब ताम्रपत्र गल जांय उन्हें खरल कर पीस कर रख ले। मात्रा इसकी दो रत्ती है। गुल्म, अम्लपित्त, शूल, आमवृद्धि, प्लीहावृद्धि, पाण्डु, ज्वर में पान के रस में मिलाकर चटावे तो उक्त रोगो में लाभ हो।

स्थाली पुटी ताम्र भस्म

(१) सूतगन्धौ कुमार्यद्भि र्मर्दयित्वा प्रलेपयेत्।
ताम्रपत्र तेन पश्चात्स्थाल्या गर्भं निरोधयेत्॥
शरावेणाथ संयुक्ता तत्र मुद्राम्बु भस्मतः।
भस्मना पूरयेत्स्थाली माकण्ठ तां पिधाय च॥
चुल्ल्यामारोप्य तदधौ वह्निं प्रज्वालयेद् दृढ़म्।
चतुर्यामं पचेत्पश्चात् स्वागशीतं समुद्धरेत्॥
वृ यो त, र त, र प्र सु, भा भै र

रससुधाकरे भिन्नपाठ प्रतिपादित।

पारा, वलि बराबर लेकर कज्जली बनाय कुमारीरस में घोट ताम्रपत्रो पर लेपकर सुखाय हण्डी के मध्य भस्म के बीच मे उन पत्रो को दाबू दे गलेतक राख दबा कर भरकर हण्डी का मुख सम्पुट कर चूल्हे पर रख ४ प्रहर की निरन्तर तीव्र आँच दे तो ताम्र भस्म बने। रसतरंगिणीकार ने भस्म के स्थान पर लवण भरने का आदेश दिया है। सि औ प्र

(२) सूतमेकं तथा गन्ध[1]कन्याम्भो विमर्दयेत्।
लिप्त्वा तुल्ये ताम्रपत्रे स्थाल्यागर्भे[2] निरोधयेत्॥
सम्यङ् मृल्लवणैः [3]सधिं पार्श्वे भस्म निधाय च।
चतुर्यामं पचेच्चुल्या पात्र पृष्ठे च गोमये॥
जलं पुनः पुन र्देय स्वाङ्गशीत विचूर्णयेत्।
म्रियते नात्र सदेहो सर्वरोगेषु योजयेत्॥
आ क, र र, र का धे, रसमञ्जरी, र च

१ यामेकन्या विमर्दितम् आनन्द कन्दे इति पाठ। १ मर्द्य तु कन्यका रसै रसचण्डाशु इति पाठ। २ निधापयेत् रसरत्नाकरे आनन्द कन्दे इति पाठ। ३ सन्धि आनन्द कन्दे रसमजर्यामिति पाठ। रसरत्नाकरे रसचण्डाशौ

तृतीय पक्ति नास्ति ।

पारा वलि वरावर ले कज्जली वनाय कुमारी रस मे घोट कज्जली के वरावर ताम्रपत्रो पर उक्त कज्जली का लेप कर सुखाय हण्डी में नमक के मध्य सम्पुट मे रख हण्डी के मुख की सन्धि को मिट्टी से वन्द कर उस पर गोवर का गढा वनाय उसमे जल भर दे और हण्डी को चूल्हे पर रखकर ४ प्रहर की आच दे गोवर के गढे का जव जल सूख जाय तो और डाल दे, इस विधि से करने पर ताम्र की भस्म वने ।

(३) सूतार्धो गन्धको मर्द्योयामैकं कन्यकाद्रवैः ।
द्वयोस्तुल्य ताम्रपत्रं पूर्वकल्केन लेपयेत् ॥
दिनैक स्थालिका यन्त्रे पक्वामादाय चूर्णयेत् ।
सूर्यावर्तो रसो ह्येष द्विगुञ्जा श्वासजिद्भवेत् ॥

शा ध, र र, र का वे, धन्व, रसे सा स, र प्र सु, र र स, र च, रसे चि, वृ नि र, वै र, र रा. सु, भा भै र, र यो सा

पारा से आधा वलि मिलाय कज्जली कर १ प्रहर कुमारी रस मे खरल करे उस कज्जली के वरावर ताम्रपत्र ले उन पर लेप कर न० १'व २ की विधि से स्थालीपाक करे । इसका नाम सूर्यावर्त्त रसहै और यह श्वास मे लाभदायी है ।

(४) सूताच्च द्विगुणं ताम्रपत्रं कन्यारसै. प्लुतम् ।
पिष्ट्वा तुल्येन वलिना भाण्डमध्ये विनिक्षिपेत् ॥
छन्नं शरावकै रैतत्तदूर्ध्वं लवणं त्यजेत् ।
मुखे शरावकै दत्वा वह्निं याम चतुष्टयम् ॥
अवचूर्ण्यैवतच्छुल्व वल्लमात्रं प्रयोजयेत् ।

र म, र र म, भा भै र, पा म

पारे से दुगुना ताम्रपत्र दोनो के वरावर वलि प्रयोग विधि १—२ के अनुसार भस्म वनावे ।

(५) ताम्रपादाशत' सूततास्रतुल्यं तु गन्धकम् ।
कन्यारसेन सपिष्य ताम्रपात्राणि लेपयेत् ॥
निक्षिप्य हण्डिका मध्ये शरावेण निरोधयेत् ।
हण्डिकां पटुनापूर्य पचेद्यामत्रयं भिषक् ॥
सूताभावे भिषक् युक्त्या हिंगुले च समर्पयेत् ।

ततो म्रियते इति शेष । रसे चि.

ताम्र से चौथाई पारा ताम्र के बराबर वलि प्रयोग विधि वही न० १-२ की, इसमें ग्रन्थकार ने ३ प्रहर की आच दी है । ज्ञात होता है इसके समय में पारद का कुछ अभाव रहा होगा तभी इसने इस योग मे ताम्र से चौथाई पारा डाला है दूसरे कहता है कि यदि पारा न मिले तो उसके स्थान पर हिंगुल डाले । यह पारे के अभाव की स्थिति का बोधक है ।

(६) सूक्ष्माणि ताम्रपत्राणि पादांशेन सूतकम् ।
गंधकेनाम्लघृष्टेन तस्य कुर्याच्चगोलकम् ॥
ततः पिष्ट्वा च मीनाक्षीं चांगेरीं वा विचक्षणः ।
तत्कल्केन वहिर्गोले लेपयेद्यङ्गुलोन्मितम् ॥
धृत्वा तद्गोलकं भाडे शरावेण च रोधयेत् ।
तद्भाण्डं पटुनापूर्य माकण्ठं भस्मनोपरि ॥
क्रम वृद्ध्याग्निना चुल्ल्यां पक्त्वा यामचतुष्टयम् ।

र र स, यो चि, शा ध, भा प्र, र सा, पा स, र र स, र कौ, व रा, र रा सु, र सि सं, र प्र, चि र, र का.धे, र त, वृ यो. त, रसमजरी रसप्रदीपे, चिकित्सारत्नाभरणे, रसकामधेनौ भिन्न पाठ प्रतिपादित । र त वृ यो त रसमंजर्याम् भिन्न पाठ प्रतिपादित । तथा र प्र, चि र भ, यो चि, र काम धेनौ निम्न पाठ अधिक प्रतिपादित ।

स्वांग शीतं समुद्धृत्य मर्दयेत्सूरणद्रवैः ।
दिनैक गोलकं कुर्यादर्धं गन्धेन लेपयेत् ॥
सघृतेन ततो मूषा पुटे गजपुटे पचेत् ।
स्वांगशीतं समुद्धृत्य मृते ताम्रं शुभं भवेत् ॥

वसवराजीये यत्किंचित् भिन्न पाठ प्रतिपादित । योगचिन्तामणौ त्रुटित पाठः, रसतरंगिण्या त्रिपुट दत्तम् ।

ताम्र के सूक्ष्म पत्रो पर उसका चौथाई पारा लेकर निम्बू-रस मे घोटे, इसी तरह वलि को निम्बूरस में घोट गोला बनाले, फिर मछेछी या चागेरी के कल्क को उस गोले पर २ अंगुल लेप कर दोनो का लेप ताम्रपत्र पर करके हाडी मे रख कर सुखावे, पुन सकोरे से ढाक दे । ऊपर से पिसा हुआ नमक भर दे फिर ऊपर राख से दवाकर भर दे, हाडी को चुल्हे पर चढाकर ४ पहर पकावे, स्वयं शीतल

होने पर निकाले ताम्र भस्म होगी। रसप्रदीप, रसकामधेनु आदि कुछ ग्रन्थकारो ने इसी ताम्रभस्म को पुन. जिमीकन्द के रस मे खरल कर टिकिया बनाय सुखाय उन टिकियो पर घृत में घोटा हुआ बलि का लेप कर सम्पुट मे रख गज-पुटकी आच देना लिखा है, यह ताम्रभस्म भ्रान्ति, भ्रान्ति रहित उत्तम भस्म बनती है, यह भस्म तो उक्त स्थालीपाक में ही बन जाती है। ज्ञात कुछ ऐसा होता है कि किसी से कुछ कच्चा रह गया होगा तभी उन्होने दूसरे पुट का विधान दिया। रसतरगिणीकार ने ताम्रसे चौथाई बलि डाली है और उसने ३ पुट दी है। कुछ ग्रन्थकारो ने इस ताम्रभस्म का नाम त्रियोनि रस दिया है और बताया है कि इसे हरड और गुड के साथ एक रत्ती सेवन कराने पर शोथ, पाण्डु, श्वासादि रोगो में लाभ होता है।

(७) पारदं गन्धकं ताम्रं सममम्लेन लेपयेत्।
भावार्त्तीत्र पुटाद्भस्म वालुकायन्त्रतोऽथवा॥
र सं क, र चि, र का धे.

पारा बलि की कज्जली बनाय निम्बूरस में घोट पारे के बराबर ताम्रपत्रों पर लेप कर सम्पुट में रख बालुका यन्त्र में दावू दे ४ प्रहर की आच दे तो ताम्रभस्म बने।

(८) पलानि पंचशुद्धानि ताम्रपत्राणि बुद्धिमान्।
गृहीत्वा योजयेत्तत्र तदूर्ध्वं शुद्ध सूतकम्॥
मर्दयेन्निम्बुकद्रावैस्त्रिदिनान्युभयं भिषक्।
ताम्रपत्रं समं शुद्धं गन्धकं तत्र निक्षिपेत्॥
मर्दयित्वा घटीयुग्मं काचकूप्या च निक्षिपेत्।
यामानष्टौ पचेदग्नौ वालुकायन्त्र सस्थितम्॥
एषा ताम्रेश्वरो हन्याच्छ्वासादीनखिलान्गदान्।
धातुपुष्टिकरश्चैव सूतिका रोग नाशनः॥
वे. द, वृ र प्र, र रा सु, र यो सा, र लं, र त

रसालंकारे ताम्रात् द्विगुणबलि पारद नियोजित। रसतरगिण्या त्रिगुण बलिपारद नियोजित. तथा भूधर यन्त्रे पंचदिनावधि पाचन कुर्यादिति विशेष।

२० तो० ताम्र बुरादा, १० तो० पारद दोनो को निम्बूरस में ३ दिन घोट कर पिष्टी बनावे। पिष्टी बन जाने पर २० तो० बलि डाल कर कज्जली कर

काच कूपी मे भर वालुका यन्त्र मे रख ८ प्रहर की आच दे। रसालंकार ने ताम्र से दूना वलि और इतना ही पारा डाला है तथा ५ दिन की आच दी है।

रसतरंगिणीकार ने ताम्र से तिगुना वलि पारद मिलाया है पानरस की भावना दी है और भूधर यन्त्र मे ५ दिन तक आच देने का विधान दिया है। जिस विधि स वही ताम्रभस्म ४ प्रहर मे वन जाती हो तो ५ दिन उस पर क्यो वृथा श्रम किया जाय ? इसी तरह रसायनसार के कर्ता ने ताम्र वलि ३-३ सेर पारा १ सेर डालकर कूपी पाक करने का विधान दिया है। इतनी अधिक मात्रा मे वैद्यो से ताम्रभस्म कूपीपाक नही हो सकता, यह अव्यवहारीय है।

(९) अंब्र्यंशेन रसेन तुल्य वलिना जम्भाम्वुपिष्टेन च।
लिप्त्वा ताम्रदलानि सस्तरचितान्यर्कस्य पक्वच्छदै.॥
भाण्डेरन्थ्रिणि तिन्तिडीक विटपत्वग्भस्म सम्पूरिते।
वस्त्रैकं परिपाचितानि शुचिना तीव्रं म्रियन्ते सकृत्॥

र प, र का वे.

तामपत्र से आधा पारा पारे के वरावर वलि मिलाय कज्जली कर जम्बीर रस मे घोट कल्क वनाय उसका लेप ताम्र पत्र पर कर सुखाय आक के पत्तो मे लपेट इमली की भस्म के मध्य दावू देकर ४ प्रहर की तीव्र आच दे तो ताम्र की शीघ्र भस्म वने।

(१०) अथसमगन्धक सूतात्कज्जलिका मातुलुङ्गरसपिष्टम्।
कृत्वा शोधनलेप लिम्पेत्पत्रीकृतेशुल्वे॥
अथतत्कच्छपयन्त्रे निहितं तीव्रेणवह्निना पुटितम्।
यामत्रयेव्यतीते गृह्णीयात्स्वांग सशीतम्॥
भवति च रसेऽतिमिष्ट न च कुरुते भक्षित समुत्क्लेदम्।
तद्गदकर्मणि योग्यं विद्धि तदा साधु ससिद्धम्॥

लो स.

पारा वलि वरावर मिलाय कज्जली कर विजौरारस मे घोट कल्क वनाय ताम्र पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर वालुका यन्त्र में दावू दे कर ३ प्रहर की तीव्र अग्नि दे तो ताम्र भस्म वने।

(१ पुटी) लांगलीमूल संग्राह्य गधक च तथैव च।
रसेन सहित चैव ताम्र पत्राणि लेपयेत्॥

शुद्धभस्म तदाकुर्यात् प्रशस्त मिदमौषधम् ।

औ क ल, पा स

लाँगूली मूलरसमें पारा गधकको घोट कर उसका ताम्र पत्रो पर लेप करे, सुखाय सपुट कर गजपुट में फु क दे तो ताम्र की भस्म बने ।

(२) गन्धकंरस संयुक्त मर्क क्षीरेण भावयेत् ।
लेपयेच्छुल्व पत्राणि पुटै र्भस्मप्रजायते ॥

वृ यो त, रसा सा, र र, र सा, र का वे

वृ योग तरगिण्यां रसायनसारे रसरत्नाकरे अम्लेन कज्जली पिष्ट्वा ताम्र पत्रेण लेपयेत् अय पाठ भेद ।

पारा वलिकी कज्जलीको आक दूध या निम्बू रसमे घोट उस कल्क का ताम्र पत्रोपर लेपकर सुखाय सम्पुटकर गजपुटकी आच दे तो ताम्र की भस्म बनै ।

(२ पुटी) रसेनताम्र पत्रकं विलिप्य गन्धकेन च ।
क्षिपेत्तु सूरणोदरेसुवेष्ट्यगोमयेनतम ,
पचेततं महापुटे सुशीतले समुद्धरेत् ।
विषाग्नि पित्तगन्धकै र्विमृद्यते पचेद्दिनम् ॥
शराव सम्पुटे रसः सुरक्त रूपमेतिस ।
रसस्तु सूचिकामुखोनिरुपितोऽस्यतण्डुलम् ॥

र दी, र यो सा

पारा वलि की कज्जली बनाय जिमीकन्दरस मे कल्क बनाय ताम्र पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे फिर वलि मिलाय मीठातेलिया, चित्रकरससे घोट टिकिया बनायसुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच दे तो ताम्र भस्म बनै । इसकी मात्र १ सरसो से लेकर १ चावल लिखी है ।

(३) ताम्रस्यद्विगुण सूत जम्बीराम्लेन मर्दयेत् ।
आदौ मूषान्तरेक्षिप्त्वाधत्तूरस्य तु पत्रकम् ॥
तत्पृष्ठे ताम्रतुल्यन्तु गन्धकं चूर्णितं क्षिपेत् ।
तत्पृष्ठ्ये मर्दिततास्रं पूर्व तुल्य तु गन्धकम् ।
आच्छाद्यं धत्तूर पत्रे रुध्वा गजपुटे पचेत् ।
स्वांगशीत तु तच्चूर्ण भस्मी भवति निश्चितम् ॥

आ क, र र

ताम्र चूर्ण से दूना पारा मिलाय जम्बीरी निम्बू के रसमें घोट पिष्टी बनावै, फिर सम्पुट पात्र में धतूरा के पत्र बिछा कर ताम्र के बराबर बलि नीचे ऊपर बिछाकर धतूरा पत्र से ढँक कर सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो ताम्र की भस्म बने।

(४) रसेन ताम्रस्य दलानि लिप्त्वागन्धेत ताम्राद्विगुणेन पश्चात्।
वस्त्रेणबद्धाऽथसमुद्रजेन क्षारत्रयेणापिचवेष्ठयित्वा।
मृदाचसंलिप्य पुटंददीत दलानि ताम्रस्यविचूर्णयेच्च।
धत्तूरचित्रार्द्रकदुत्रयैश्चविमर्दयेतत्रिदिनं प्रमाणम्।
कलाप्रमाणं च विपंचदत्वा वल्लेददोतस्य च वातशूले॥

र दी, र र स, नि र, रसा स, र कौ, रसे क, र चि, र का धे. वै चि र र प्र, वरा। वसवराजीये र र प्रदीपे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

ताम्र पत्रों से दूना बलि बराबर का पारा दोनों को घोट कज्जली कर निम्बू रस से कल्क बनाय ताम्र पत्रों पर लेप कर सुखाय तीनोखार समुद्र नमक के चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो ताम्र की भस्म बने। उसे निकाल पीस कर धतूरा, चित्रक, अद्रक, त्रिकटु की १-१ भावना दे पुन ताम्र भस्म का १६ वाँ भाग उसमें मीठातेलिया चूर्ण मिलाय पीस कर रख ले। इसकी मात्रा ३ रत्ती है, वात शूलमें दे।

(३ पुटी) जम्बीर रस संपिष्ट रस गन्धेन लेपितम्।
ताम्र पत्र शरावस्थं त्रिपुटैर्याति भस्मताम्॥

र का धे, रसामृत, रसमंजरी, र र स, र सा, र पा, र च, र त, वृ यो त, रसा-सा, पा, स, भा भै र

पारा, बलि बराबर ले कज्जली बनाय निम्बू रसमें घोट करक कर उसका लेप ताम्र पत्रों पर कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो ताम्र की भस्म बने।

(७ पुटी) शुद्धं सूतं द्विधागन्ध कुमारी रस मर्दितम्।
त्र्यहान्तेगोलकं कृत्वा ततस्तेनप्रलेपयेत्॥
तयोः समं ताम्र पत्रे हण्डिकान्तर्निवेशयेत्।
तद्भांण्डे भस्मना ऽऽपूर्य चुल्ल्यांतीव्राग्निनापचेत्।
द्विदिनान्ते समुद्धृत्य चूर्णयेत्स्वाङ्गशीतलम्।

जम्बीर स्वरसः पिष्ट्वा रुद्ध्वा सप्त पुटैः पचेत् ॥
गुंजैकं मधुना ऽऽज्यैर्नालिह्याद्धन्तिभगन्दरम् ।
वर्जयेच्छीतलाहारं रसेऽस्मिन्रविताण्डवे ॥

रसे सा स, र च, वै चि, रसे, क, र र स, भैसा स, र र, र यो त, टो, र औ यो, र र कौ, र चि, र रा सु र क ल, र र त., व रा, र र दी, घन्व, र दी, र को, र प्र सु, चि र भ, र कौ र स सि, र पा, रसा, र का धे, र त सा, सि यो स

अय योगस्य भिन्न-भिन्न ग्रन्थे अनेक नाम्ना दृश्येत-यथारविताण्डव, ताण्डव भैरव, वारिताण्डव, पिनाकपाणि, त्रिगूडाख्य, उदयादिप्य, ताम्रेश्वर ज्वरोकुश नवज्वरमुरारि, भगन्दर नाशन, रक्तमाहेश्वर, शूलगजकेसरी, शूलाकुश, श्लेष्मोहर सूर्यावर्त, स्वच्छन्द भैरव, ज्वर शूलहर, ताम्रसायन, देहसिद्धिकरताम्र, इत्यादि ।

पारे से दूना वलि एकत्र कर कज्जली वनाय कुमारी रसकी भावना दे उन दोनो के वरावर ताम्र पत्रों पर लेपकर सुखाय सम्पुट कर भस्म यन्त्र में दावू दे दो दिन की आच दे तो ताम्र भस्म वने । देखो स्थाली पुट न १ की ताम्र भस्म और इसताम्र भस्मको,पुन जम्बीरी निम्बूकी भावना दे टिकियावनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो ताम्र को अस्म वने । इस ताम्र भस्म का उपयोग अनेक ग्रन्थ कारो ने किया है यह अधिक वैद्यो के द्वारा व्यवहृत होता है अधिक लाभदायी है ।

(१०पुटी) सूतगन्धकयोः कुर्यात्कज्जलीं समभागयो. ।
शिरीष पुष्पस्वरसे मर्दयित्वाऽञ्जन प्रभम् ॥
ताम्र पत्राणि च तथा लेपयेद्भिषगुत्तम. ।
रुग्वालवण यत्रेतुपचेत्तानि दिनत्रयम् ।
नि सर्गशीतान्युद्धृत्य सूक्ष्म चूर्णसमाचरेत् ।
उपर्युक्तद्रव्य रेसै रेकैकं च पृथक् दिनम् ॥
चक्रिका कारये त्सूक्ष्मा. शोषयित्वा खराऽऽतपे ।
पुटैस्क्रोड पुटे सर्वस्वरसै रेवमाचरेत् ।
ताम्रयोगेऽयमुचितानुपानैः सर्वरोगहा ।

र यो सा, नू वि.

पारा वलि वरावर कज्जली वनाय सिरस के फलों की भावना दे ताम्र-पत्रोपर इसका लेप कर सुखाय सम्पुटकर लवण यन्त्र मे दाबू दे तीन दिन की निरन्तर आच दे फिर निकाल खरलकर सिरस रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १० पुट दे तो ताम्र की उत्तम भस्म वने। इसे समस्त रोगों मे दे।

(२१ पुटी) पलानीशस्य चत्वारि वलेर्द्वादश तावती।
ताम्रस्य चक्रिका देया रसस्योर्ध्वं शरावकम्॥
दत्त्वाविवृद्धभाण्डस्थ पूरयेद्भस्मानाट्टढम्।
अग्निं प्रज्वालये द्यामद्वयं शीतं विचूर्णयेत्॥
पुटेद्वादशधासूर्य दुग्धेनालोडित पुन.।
वरापावक भृङ्गानाद्रवै स्त्रीण्येव विभावयेत्॥
अयमर्केश्वरो नाम्ना रक्तमण्डल कुष्ठजित्।
रसे सा स, र च, र चि, वृ यो त, र रा सु, भा भै र

पारा १६ तो वलि ४८ तो ताम्र चूर्ण ४८ तो पारा ताम्र की पिष्टी वनाय वलि मिलाय किसी वनस्पति रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर भस्म यन्त्र मे दाबू दे २ प्रहर की तीव्र आच दे, फिर निकाल आकदूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आच दे, इस विधि से १२ पुट दे तत्पश्चात् त्रिफला चित्रक और भागरा की इसी विधिसे ३-३ पुट दे तो २१ पुट मे ताम्र की उत्तम भस्म वनै। इसका ग्रन्थकार ने अर्केश्वर नाम दिया है और वह कहता है कि यह ताम्र भस्म रक्तमण्डल कुष्ट को दूर करता है।

(२) विंशद्भागमितं ताम्रं सूताद्भाग त्रयं शिला।
ताम्रतुल्यादि गृह्णीयाद्भव्य भाल्लातकानिच॥
तानि संकुट्टयित्वाऽथशिलाताम्रं विमिश्रयेत्।
द्विगुण गन्धक दत्त्वा सम्पुटेतत्परिक्षिपेत्॥
हण्डिकायन्त्रमध्यस्थं पचयामावधिर्हितत्।
तावच्चुल्ल्यु परिक्षिप्त्वा वह्नि चाद्य प्रदापयेत्॥
अवतार्य स्वयंशीतं तत्ताम्रं मृतमुत्तमम्।
पिप्पल्या स्वरसे नादौ चिंचिका स्वरसे न च॥
वदर्या. स्वरसे नापिकन्यकाया रसेन तत्।

भावनाश्चपुटं तत्त्वा प्रत्येकं पंच पंच च ॥
ततः सूक्ष्मं विचूर्ण्याथ तत्ताम्रं योग्य मात्रया ।
पिप्पल्या सहितं दद्यान्माषमात्रं भिषग्वरैः ॥
स तद्रेचयेत्सम्यग्यावद्यामावधिर्भवेत् ।
नैव मूर्छा न चक्लेदोवान्तिर्भ्रान्तिर्न विद्यते ॥
र का धे, र चि, र यो सा, भा भै र.

ताम्रचूर्ण, पारा २०-२० भाग मैनसिल ३ भाग भिलावा २० भाग, वलि २० भाग प्रथम ताम्र की पारदसे पिष्टी बनावें फिर उसमे मैनसिल मिलादे और भिलावा को कूटकर फिर भिलावा मिलादे फिर वलि मिलाय सम्पुटकर भस्म यन्त्र में दावू दे ५ प्रहर की आच दे तो ताम्र की भस्म बनै । इस ताम्र को पीस पीपर, इमली, वेर और कुमारी रस प्रत्येक की पाच पाच भावना और पुट दे तो २१ पुट में कल्पपादप रस नाम की ताम्र भस्म बने । इस भस्म की मात्रा एक माशा है, पीपर चूर्ण के साथ सेवन करावे तो यह ताम्रभस्म रेचन कराती है, खूब दस्त लगते हैं किन्तु मतली व भ्रान्ति, क्लम, मूर्छा आदि उपद्रव कोई नही करती ।

वक्तव्य—अन्य टीकाकारोने इसे १ एक ही पुट देकर उक्त वनस्पतियो की केवल भावना देना ऐसा अर्थ किया है किन्तु ग्रन्थकार भावना और पुट दोनो देने का आदेश देता है केवल भावना का नही ।

(१ पुटी) पलप्रमाण सूतेन वलिनाद्विगुणेन च ।
शुद्धत्रिफलतालेन कृत्वाकज्जलिकात्र्यहम् ॥
पलमानेन कर्त्तव्यं शुद्ध ताम्रस्य सम्पुटम् ।
पिधान पात्र सन्यस्त तलं पात्रस्य वत्खलु ॥
कज्जलीं सम्पुटस्यान्त निदध्यान्तदनान्तरम ।
अधस्तादुपरिष्टाच्च सम्पुट स्याऽऽक्षिपेत्खलु ॥
आकण्ठे पटु चूर्णन्तु निधायचनिरुध्य च ।
विशोष्यगज सज्ञेन पुटे न पुटयेत्तत. ॥
पटु चूर्णं विधायाथ सिन्धु मध्येविनिक्षिपेत् ।
पथ्यार्द्रकरसोपेतो वल्लमानेन सेवितम् ॥
रसोनि शेष शूलघ्नः स्याच्छूलगज केसरी ॥

पारा ४ तो० वलि ८ तो० हरिताल १२ तो० तीनोको मिला कर कज्जली बनावे ४ तो० ताम्र की कटोरी बनाय उस कटोरी मे कज्जली भर ताम्र पत्र से ही सम्पुट कर लवण यन्त्र में दावू दे सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म बनै। इसे पीस ३ रत्ती की मात्रा हरड नमक अद्रक रससे सेवन करे तो उदर के शूल गुल्म दूर हो इसका नाम शूलगज केसरी है। रस तरंगिणी के कर्ता ने कज्जली में ताम्र चूर्ण मिलाय सम्पुट कर पुन लवण यन्त्र मे दावू दे सम्पुट कर गजपुटकी आचदी है।

(२) शुल्वेसूत समंद्वयोरपिसमोगन्धस्तर्द्धः पुन-
स्तालश्चार्धशिलायुतोपिरचयेत्पिष्टंततः कज्जलीम्।
लिप्त्वाताम्रदलानि मार्त्तिकदृढे पात्रे निधायाऽथतत्
पाच्यंसैकित यन्त्रके ऽर्धदिवसंशीतं स्वतोनिर्हरेत्॥

वै. र., नि. र., र. चू, चि. र भ., यो त.,टो, र. औ. यो., र. र. स., र. पा., वा., यो. चि., र. रा. सु, निम्नग्रन्थेषु भिन्न पाठ प्रतिपादित।

र. प, र. का. धे, र चं., रसे चू., र. प्र. सु, र र स, र त, पा स, भा भै र,

ताम्र पत्र पारा हरिताल १-१ भाग वलि २ भाग मैनसिल आधा भाग कज्जली बनाय निम्बू रस मे सबो को घोट कल्क बनाय ताम्र पत्रो पर लेप कर सम्पुट कर वालुका यन्त्र में या लवण यन्त्र में दावू दे २ प्रहर की आँच दे। नीचे के ग्रन्थकारो ने एक पहर की आच दी है। शीतल होने पर निकाल पीस ले इसका नाम सोमनाथी ताम्र है। इसे ३ रत्ती पीपर चूर्ण घी शहद से चटावे तो कास, श्वास, अग्निमान्द्य, अर्श, पाण्डु, प्लीहा रोग, गुल्म, वातशूल, रक्तविकार आदि मे लाभ करता है। यह सोमदेव नामका सिद्धका कहायोग है।

(३) वलिना पलमात्रेणतद्द्रव्येरससम्मितैः।
विषतिन्दुक साम्येन वत्सनाभ पटूत्तमैः॥
कलिहारी शिलाव्योप तालपूग करञ्जकैः।
कृत्वा चूर्णं हि जम्बीर द्रवेण विद्रवीकृतम्॥
तत्सर्वं खल्वके भाण्डे विनिक्षिप्य ततःपरम्।
कृत्व कण्टक वेध्यानि पल ताम्र दलान्यथ॥
लिप्त्वापादांशसूतानितस्मिन्कल्के निगूहयेत्।

एतत्सिद्धमुखागतविनिहित श्रीसोमदेवोदितम् ॥
गुञ्जा युग्ममितं कणाज्यसहित सत्पथ्यसं सेविनम् ।
गुल्मप्लीह शकृद्विबन्ध जठरं शूलाग्निमांद्यापहम् ॥
नातश्लेष्म सशोषगुल्मनिचयं जूर्त्यादिक नाशयेत् ।
र चू, र यो सा

एक तो० पारद को ४ तोला ताम्र पत्रो पर लेप चढावै फिर बलि, कुचला, मीठातेलिया नमक, लागुली, मैनसिल, त्रिकटु, हरिताल, सुपारी, करजगरी, प्रत्येक ४ तोला सबका चूर्ण बनाय जम्बीरी निम्बू के रस में घोट कल्क बनाय ताम्र पत्रो पर लेपकर मुखाय सम्पुटकर लवण यन्त्र या भस्म यन्त्र मे दावू दे २ पहर की आच दे तो ताम्र भस्म बने । इसकी मात्रा भी ३ रत्ती है, पिछली विधि के अनुसार ही उक्त रोगो मे लाभ करता है ।

(४) यद्वा तानि समेन गन्धक शिला तालेन गन्धेन वा ।
शिष्टेनद्वितयेनचाम्लसलिलैः पिष्टेन[1] पक्वान्यपि ।
यद्वा प्रस्तर गन्धकेन निविडंलिप्तानि भाण्डान्तरे ।
क्षिप्त्वासंपुटितानिकेवलमहः पक्वानि जीवन्ति नो ॥
र. प, र का धे, र सि

१ पैकैरपि इति रसपद्धतौ पाठ भेद

बलि और मैनसिल या हरिताल या केवल बलि को निम्बू रस में घाट ताम्र पत्रो पर लेप कर सम्पुट कर लवण यन्त्रमे दावू देकर २-३ प्रहर की आच दे तो ताम्र की निरत्थ भस्म बनै ।

(२ पुटी) शुद्ध ताम्र भव चूर्ण समहिंगुल मिश्रितम् ।
निम्बू रसेन सपिष्टं कारयेच्चक्रिकाःशुभाः ॥
शोषयित्वा विधानज्ञो यन्त्रे डमरूके पचेत् ।
ऊर्ध्वपात्रगत. सम्यग्युक्त्या ग्राह्योरसोत्तम ॥
अधःपात्र गतं ताम्र चूर्णं गन्धक मिश्रितम् ।
ज़म्बीर रस संपिष्ट मर्धेभाख्ये पुटे पचेत् ॥
शुल्वं भस्मीभवत्येवं सर्व दोष विवर्जितम् ।
रसतरगिण्या भिन्न पाठ प्रतिपादित रसामृत, र त., पा स

ताम्र चूर्ण के बराबर हिंगुल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया

बनाय सुखाय डमरुयन्त्र में बन्दकर आच दे तो ऊपर के पात्र मे पारद और नीचे के पात्र में ताम्र भस्म सिलेगी। ताम्र को निकाल उसमे बलि मिलाय जम्बीरी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म बने।

(३ पुटी) शुद्धताम्रस्य भागैकं चतुर्भागं तु तालकम्।
द्विगुणैस्तुरविक्षीरै र्मर्दयेच्च दिनत्रयम॥
तत्त्विष्ट्वाताम्रपत्राणि लेपितानि विशोषयेत्।
गर्भयन्त्रे विनिक्षिप्य सप्तधा घृत कर्पटे।
वारत्रयं गजपुटे तत्पचेत्ताम्र संयुतम्॥
तालकामृत ताम्रेदमनुपानेन सेवयेत्।

र रा श, रसा सा, र मा, र. यो सा, भा भै र

रसायन सारे भिन्न पाठ प्रतिपादित

(२) ताम्रपत्र १ भाग हरिताल ४ भाग ताम्र से दूना आक दूध हरिताल को ३ दिन आक के दूध में खरल कर उस कल्कका लेप ताम्र पत्रो पर कर सुखाय घी मे तर किये हुए कपडे में लपेट सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो तालकामृत नाम की ताम्र भस्म बने।

(३) ताम्र से दूनी हरिताल को निम्बू रस में घोट ताम्र पत्रो पर लेप कर सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ३ पुट दे ताम्रभस्म बने। सि औ प्र

(४) ताम्र पत्रो को कुमारी रस आक दूध मे ७-७ बार तपा-तपा कर बुझावे फिर बराबर का हरिताल, मीठातेलिया चूर्ण के मध्य ताम्र चूर्ण को रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी विधि से तीन पुट और दे तो ताम्र की भस्म बने।

मा अ, कु र

(एकपुटी) शुद्धसूतस्त्रिभागः स्याद्भागैक ताम्र चूर्णकम्।
त्रिदिनं मर्दयेदम्लैः क्वालितं पिष्टि माहरेत्॥
माक्षिकाद्भौतसत्वं च पिष्टतुल्यं प्रकल्पयेत्।
तत्सर्वं त्रिदिन मर्द्यं चक्रमर्ददलद्रवैः॥
तद्गोलं गर्भयन्त्रस्थ त्रिदिन तुष वह्निना।
करीषाग्नौ दिवारात्रं पचेद्वा भस्मतां व्रजेत्॥ र र

ताम्र चूर्ण १ भाग, पारा ३ भाग दोनो की पिष्टी बनाय निम्बू रस मे

खरल कर पुन अच्छी तरह वारम्वार धोवे फिर माक्षिक सत्व पिष्टी के वरावर मिला कर पनवाड के रस में ३ दिन खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर भस्म यन्त्र या लवण यन्त्र मे रख अथवा करीपाग्नि मे दावू दे या तुपकी अग्नि मे उसे ३ दिन की आँच दे तो ताम्र भस्म वने ।

वक्तव्य—पिष्टी मे माक्षिक से निकाला सत्व डालना लिखा है । माक्षिक सत्वल्प जो भाग निकलता है वह तो ताम्र और लोह का ही अश होता है । दूसरा जो उडकर वलि के रूप में ऊपर लगता है उसे तो सत्व नहीं माना जा सकता । सत्व लेने पर तो ताम्र भस्म वन नहीं सकती देखिये निम्न योग ।

(६) चतुर्गुणं च ताम्रस्य सचूर्णं माक्षिकं क्षिपेत् ।
निम्बूरसेन सयोज्य घण्टात्रयंच घोटयेत् ॥
त्रिमाषिकां वटीं कृत्वा शोषयित्वा पुटे धरेत् ।
त्रिवण्टक तीक्ष्णाग्नौ ताम्रभस्म तु कारयेत् ॥

रसा म

ताम्र चूर्ण से चौगुना माक्षिक चूर्ण मिलाय दोनो को निम्बू रस से ३ घटा खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर लवण यन्त्र में दावू दे ३ घटा की तीव्राग्नि दे तो ताम्र भस्म वने ।

(३) ताम्र चूर्ण से दूना माक्षिक चूर्ण मिलाय निम्बू रस से घोट टिकिया वनाय सुखाय नकछिकनीके नुगदेमें रख सम्पुट कर गजपुटकी आच दे तो ताम्र भस्म वने । मिफताहउल खजाईन के लेखक ने साप के मुह में रख सम्पुट कर आच देना लिखा है । र सि, मि ख

(४) १ तो० ताम्रपत्र, हरिताल, फिटकरी, सुहागा प्रत्येक माशा १ चागेरी रस मे पीस ताम्र पत्रो पर लेपकर सम्पुट में रख गजपुट की आच दे तो ताम्रभस्म वने । र सि

(५) ताम्रपत्र, नौसादर, हरिताल समभाग सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो ताम्र भस्म वने । र सि

(६) ताम्रपत्रो को तपा तपाकर फिटकिरी, सोराके पानी में ७-७ वार वुझावे फिर वरावर की हरिताल को आक दूध में पीस पत्रो पर लेपकर सुखाय दूधी के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म वने । अ स.

(७) तामपत्र के बराबर हरिताल चूर्ण को मीठातेलिया के नुगदे में रख उसके मध्य ताम्र रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे तो भस्म बने।
सि. श्री प्र.

(८) भाँगरारस में हरिताल को पीस तामपत्रो पर लेप कर सुखाय सिरस बीजो के नुगदे में रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो तामभस्म बने।
अ. स, कु र

(९) कुमारीरस संपिष्ट शिलागन्धक लेपितम्।
शुल्व तु भाण्डे निहितं चपकेण निरोधयेत्॥
भाण्डस्यास्य मथो रुन्ध्या दन्तधूमं विपाचयेत्।
यामैकेन मृतिंयाति नात्र कार्या विचारणा॥
र म, र. का धे

मैनसिल और वलि को कुमारीरस की भावना दे कल्क बनाय उसका लेप तामपत्रो पर कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे या भस्मयन्त्र में दावू दे १ प्रहर की आच दे तो तामभस्म बने।

(१०) आच्छादित शिलाताम्रं द्विगुणं वालुकाह्वये।
पक्त्वा संचूर्णगन्धेशौ दिनार्धं त पुन पचेत्॥
श्वासमेहाद्रिनामायं महाश्वास विनाशनः।
र चं, वृ नि र, भा भै. र

दुगने मैनसिल चूर्ण में तामपत्रो को रख सम्पुट कर वालुका यन्त्र में दावू दे २ प्रहर की आच दे, पुन निकाल पीस बराबर का वलि मिलाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो ताम की श्वासमेहाद्रि नाम की भस्म बने। यह महा-श्वास रोग को नष्ट करे।

(११) हिंगुल हरिताल को निम्बूरस मे घोट तामपत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो तामभस्म बने। म अ

(१२) पारा तामचूर्ण बराबर पिष्टी बनाय हरिताल चूर्ण मिलाय कुमारी रस से टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो तामभस्म बने।
मा अ

(नम वलि) शुद्धं शुल्व गन्धकवै समांश पूर्वं स्थाल्या स्थापयेद्गन्धकार्धम्
मध्ये शुल्व स्थापनीय प्रयत्नात्तस्योर्ध्वं वै गन्धचूर्णस्य चार्धम्

स्थालीमुखे चूर्णघटीं निवेश्य लेप तथा सैंधवमृत्स्नयाऽपि ।
चुल्याच कुर्यादथ वह्निसेव यामत्रयेणैव सुपाचित भवेत् ॥
शातीभूतं दोषहीन तदेव कृत्वा चूर्णं गालित वस्त्रखण्डे ।
सेव्यं सम्यक् चैकवल्लप्रमाणं कासं श्वासं हन्ति गुल्मप्रमेहान् ॥

र प्र मु, र च, च द, रसा सा, रसे चू, र सा

चक्रदत्ते रसायनसारे तथा रसेन्द्रचूडामणौ भिन्न पाठ प्रतिपादित । रसेन्द्र चूडामणौ वलिर्लकुच द्रव भावना दत्त्वा इति विशेष । रससारे वलिमम्लपिष्टवा गजपुटे वह्निं दत्त्वा इति भेद ।

ताम्रपत्र के वरावर वलि मिलाय एक हण्डी में आधा वलि नीचे विछाय उस पर ताम्रपत्र विछाकर वाकी वलि उन पत्रो पर जमाकर उस पर नमक का दावू दे मुख को सम्पुट कर चूल्हे पर चढाय ३ प्रहर की आव दे तो ताम्र भस्म वने । उसे खरल कर कास, श्वास, गुल्म, प्रमेह, में सेवन करावे । मात्रा ३ रत्ती । रसेन्द्रचूडामणि ने वलि को वडहलरस की भावना देकर कल्क वनाय उसका लेप ताम्रपत्रो पर कर सुखाय स्थाली पुट देना लिखा है ।

(द्विगुण वलि) ताम्रद्विगुणगन्धेन चाम्लपिष्टेन तत्पुन ।
क्षिप्त्वाह्यधोर्ध्व भागेन देया पिष्टाम्लकैर्वृधै. ॥
तत्पिण्डं भाण्डगर्भे तु रुद्ध्वा चुल्ल्या विपाचयेत् ।
यामैकं तद्विपाकेन भस्मी भवति निश्चितम् ॥

र र, रसाध्याय, रसा स, र र स, र यो सा.

रसायन सहिताया रसरत्नसमुच्चये च भिन्न भिन्नपाठ प्रतिपादित । रसरत्न समुच्चये चागेरी रसस्य भावना दत्त्वा रसाध्याये कुमारी रसस्य भावना दत्त्वा रसायन महितायाम् तक्रस्य भावना दत्त्वा इति अन्तर स्यात् ।

ताम्र से दूना वलि लेकर निम्बूरस की भावना दे उसका लेप ताम्रपत्रो पर कर सुखाय वाकी वलि ताम्रपत्रो के नीचे ऊपर विछाय सम्पुट कर उसे हण्डी में रख लवण यन्त्र या वालुका यन्त्र मे दावू दे १ प्रहर की आच दे तो ताम्र की भस्म वने । रसायन सहिताकार ने वलि को तक्र की भावना दे उसका लेप ताम्रपत्रो पर किया है और चार प्रहर की मन्द मन्द आच दी है । वह कहता है कि यह ताम्रभस्म वमन के लिये प्रयुक्त करे । जव वमन आवे तव गरम जल पिलावे तो कास, श्वास, कण्ठरोग, हृदयरोग, मन्दाग्नि, कफवृद्धि,

क्षय मे लाभ होता है। अन्य ग्रन्थकार जो एक प्रहर की अग्नि देकर बनाने का विधान देते है उनकी भस्म इतनी अच्छी नही बनती। यह अन्तर है।

(२) जम्भाम्भसा सैंधवसंयुतेन सगन्धक स्थापय शुल्वपत्रम्।
पङ्क्तायमान पुटयेच्च युक्त्या वान्त्यादिकं यावदुपैति शान्तम्॥
रसे चि, र का वे

वलि को जम्बीर रस मे घोट कल्क बनाय आधेका लेप ताम्रपत्रो पर कर आधा वलि उन पत्रो के नीचे ऊपर बिछाय लवण यन्त्र मे रख उक्त विधि से आच दे तो ताम्र की भस्म बने।

(३) ताम्रपत्र को ७ वार आक के दूध मे बुझावे फिर आक दूध में घोटी हुई बराबर की वलि का लेप कर सुखाय अपामार्ग के नुगदे में रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो ताम्र भस्म बने। र सि

(४) ताम्रचूर्ण के बराबर वलि मिलाय दूवी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म व । सि भै मा.

(दो पुटी) उक्त विधि से ताम्रभस्म बनाकर ७ भावना चित्रक रस की दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की एक आच दे तो ताम्र भस्म बने। यह क्षुधावर्द्धक, वलवर्द्धक है। र सि

(३ पुटी) कन्यातोयेताम्रपत्रं सुतप्तं कृत्वा वारान्विंशतिं प्रक्षिपेत्तत्।
शुद्धं गन्धं तद्द्विभागं विमर्द्य निम्बूतोयैस्ताम्रपत्राणि लिप्त्वा॥
भाण्डे कृत्वा रोधयित्वा तु भाण्डं शालाग्नौ तं निक्षिपेत्पचरात्रम्
शीतं जातं भावयेदुक्ततोयैर्यद्वानीरैस्त्रैफलैरेकघस्रम्॥
मध्वाज्याभ्यां पेषयित्वा पुटेत्तच्छुद्धं सिद्धं जायते देहसिद्धयै।
रसा स, यो म, र दी, र यो सा.

ताम्रपत्रो को तपा तपा कर कुमारी रस मे २० वार बुझावे फिर दुगने वलि को निम्बूरस की भावना दे कल्क बनाय उसका लेप ताम्रपत्रो पर कर सुखाय सम्पुट कर हण्डी मे रख वालुकायन्त्र मे दावू दे पाच रात शाल की लकडी की आच दे, फिर निकाल निम्बूरस कुमारीरस की और त्रिफला की १-१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, पुन शहद में घोट टिकिया बनाय सम्पुट कर एक पुट और दे तो ताम्र की देह सिद्धि कर भस्म बने। ग्रन्थकार कहता है इसकी १ रत्ती मात्रा घी शहद से चाट कर

ऊपर से मेम्बल मूसली का रस पीवे और उसके ऊपर दूध खांड डालकर पीवे। शामको चाहे गुड, खटाई युक्त भोजन करे। इस तरह ६ महीना सेवन करनेपर वीर्य पुष्ट होता है, भूख बढ़ती है, शरीर की झुरिया मिटकर वह दृढ हो जाता है, नेत्रज्योति बढ जाती है, तथा वह दीर्घायु प्राप्त करता है।

(२) ताम्र में दुगना बलि मिला कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे फिर निकाल कर फरीदबूटी के रसकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस विधि से ३ पुट दे तो ताम्र की उत्तम भस्म बने।

सि औ प्र.

(३) गवाक्षमना वा शिलया रविदुग्धेन पेषितम्।
जम्भाम्भसापि पुटनैस्ताम्रं भस्मत्वमाप्नुयात्॥

र प, र र स, र पा, पा स.

गवक व मैनसिल को आक के दूध में घोट ताम्रचूर्ण मे मिलाय सम्पुट मे रख गजपुट की अग्नि दे इस तरह ३–४ पुट में ताम्र की भस्म बने।

(५ पुटी) कण्टकवेधी कृत ताम्रपत्र तुल्यांशगन्धकैः।
अम्लपिष्टै प्रलिप्याथ रुध्वागजपुटे पचेत्॥

अयपाठ ऋद्धिखण्डे वादिखण्डे निर्दिष्टि अन्यग्रन्थेषुनिम्न पाठ प्रतिपादित

गन्धेन ताम्र तुल्येन ह्यम्लपिष्टेन लेपयेत्।
कण्टकवेधी कृत पत्र मन्धयित्वा पुटे पचेत्॥
उद्धृत्य चूर्णं येत्तस्मिन्पादांशं गन्धक क्षिपेत्।
जम्बीरैरारनालैर्वा [1]पिष्ट्वारुध्वा पुटे पचेत्॥
एवचतु. पुटैःपच्याद्गन्धोदेय पुटे पुटे।
सितशर्कया पञ्च पुट देयं मृत भवेत्॥

ऋद्धिखण्डे रस चिन्तामणौ षष्ठ पाद स्थाने निम्नपाठ दृश्यते "मातुलुङ्गरसै पिष्टवा पुटमेक प्रदापयेदितिपाठ"।

ऋ ख रसे चि, र त, र र, आ क

१ मृगदूर्वाऽथवाद्रवै
पिष्टवापिष्ट्वापचेत्तद्वत्सगन्ध च चतु पुटे आनन्दकन्दे रसरत्नाकरे इतिपाठ। इतना अन्तर होने पर भी विधि में कोई अन्तर नही है।

ताम्रपत्र के बराबर बलि को अम्ल में घोट ताम्रपत्रो पर लेप कर सम्पुट

मे रस गजपुट की आच दे। पुन उन पत्तो को थोडे बीज के अम्लवर्ग के या दूध के रसमे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस प्रकार बलि मिलाकर ७ पुट दे फिर पत्तो पुट बिना की मिलाये सात की या केवल निम्बू रस मे घोटकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आच दे तो ताम्र की भस्म बने।

(७ पुटी) पाषाणभेदी मत्स्याक्षी द्रवैर्द्विगुण गन्धकै.।
ताम्रम्यलेपयेत्पत्र रुद्वा गजपुटे पचेत ॥
सप्ताशेन पुनर्गन्ध दत्वा द्रावैश्च पेषयेत्।
एव सप्तपुटे पक्व ताम्र भस्मभवेदध्रुवम ॥

रस,रसेन्द्र

रसेन्द्र चूडामणौ भिन्नपाठ प्रतिपादित । विनाभावनानम्र पुटे दत्वा।

ताम्रपत्र मे दूने बलि को पाषाणभेद और मछेछी के रस की भावना दे पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, पुन ताम्र से सातवा भाग बलि मिलाय उक्त रसो की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आच दे इस तरह ७ पुट दे तो ताम्र की भस्म बने। नि प्रो प्र.

(२) ऐन्द्रदूकेकिण्व रसेऽथदुग्धेत्रिस्त्रिर्निषिक्तं च रसधलिप्तम्
द्विभाग गन्धाञ्जितदुग्धिकाम्बुल्पुततत्तोभस्म पुटेभृतं च।
सगन्धसूर्याम्लगणार्द्रकाग्नि भृङ्गोद्भवाम्भोभिरनुक्रमेण।
पचामृतेनाथ च सप्त कृत्व. पृथग्पुटैःसिद्ध मिदं गदारिः॥

रसावतार दूसरा, र यो सा

ताम्रपत्र को इगुदी रस, किण्वघोल, और दूध इनमे तपा तपा कर ३-३ बार बुझावे फिर दूध के रस मे ताम्र मे दूना बलि घोट ताम्र पत्रोपर लेप कर सम्पुट कर भस्मयन्त्र के मध्य दाब देकर ४ प्रहर की आच दे, पुन १२ वा भाग बलि मिलाय हुलहुल, अम्लगण, अद्रक, चित्रक, भारा और पचामृत (गिलोय गोखरू, मूसली, गोरखमुण्डी, शतावर) इन प्रयेक की १-१ भावना दे कर १-१ पुट दे तो ७ पुट देने पर ताम्रभैरव नामक ताम्रभस्म सिद्ध हो, यह समस्त रोगो को दूर करता है।

(८ पुटी) चिंचेङ्गुदीवूर्तपयस्वनीनांनिर्गुण्डिपंचागरसेऽथ यूषै ।
वज्रार्कदुग्धंक्रमशस्त्रिवारान्निर्वापितं शुद्ध्यतिताम्रपत्रम।

सकाजिकेन द्विगुणेनपंच कृत्वासुगन्धेनकृतोपलेपम् ।
छायाविशुष्कंपुटपाकपक्वंपंचत्वमाप्नोतिशुभचशुल्वम् ।
पुटानि[1] पंचामृतजानिपच फलत्रयस्यत्रिपुटान्यवाप्य ।
सिद्धनुधाभूतमिदंत्रिदोषज्वरादिरोगापहमादिशन्ति ॥

रसावतार दूसरा, र.यो सा

१ नाप्यञ्चति गन्धक च रसावतर इति पाठ

ताम्रपत्रो को इमली, हिंगोट, धतूरा, दूधी सभालू, थोहर रस, और आक दूध में क्रमश ३-३ वार तपातपा कर बुझावै, फिर ताम्रपत्रो से दूना बलि ले काजी में पीस ताम्रपत्रो पर लेपकर सुखाय सम्पुटकर गजपुटकी आंच दे तो ताम्र की भस्म बने । इस ताम्र भस्म को गिलोय, गोखरू, मूसली, गोरखमुण्डी शतावर, हरड, बहेडा, आवला, प्रत्येक रस की भावना व पुट दे तो आठ पुट में अमृत के तुल्य ताम्र की भस्म बनै ।

(६४ पुटी) गन्धकार्कोद्भवैकभृंगीको च शराव सम्पुटं पचेत् ।
स्वाङ्गशीतं च सम्पेष्य खल्वेवस्त्रेणगालयेत् ॥
सामुद्रं तत्समं कृत्वा पुनः पुटनमाचरेत् ।
तदेवतत्क्षिपेदेयं सामुद्रं च पुन पुनः ॥
कासीसस्य जलेनैव वारं वारं विभावयेत् ।
चतुःषष्टिपुटादित्थनिरुत्थ योगवाहिकम् ॥
[1]तत्साम्लं सौरणकन्दे पुटेत्पञ्चामृतेऽथवा ।
अष्टदोषाश्च पूर्वोक्तान्न करोतिगुणावहम् ॥

र चि ,र का धे ,र स,क

१ तत्ताम् रससकेतकलिकायामितिपाठ ।

ताम्रचूर्ण १ भाग बलि दो भाग दोनो को एकत्र कर सम्पुट में रख अर्ध गजपुट की आच दे, पुन निकाल पीस छान उसके बराबर समुद्र नमक मिलाय कसीस जल से घोट टिकिया बनाय सम्पुटकर गजपुट की आच दे, जितनी मात्रा में समुद्र नमक कम होता जाय उतना उतना मिलाकर इस तरह कसीस जल की भावना दे टिकिया बनाय पुटें देता रहे। कुल ६४पुट दे । चौसठ पुटोमें अन्तकी पुट जिमीकन्द की भावना या पञ्चामृतक्वाथ की भावना दे कर पुट दे तो आठ

दोषों से रहित पूर्ण गुण युक्त ताम्र की भस्म बने।

ऊष्मिद ताम्र भस्म

(सतपनपुटी) कन्यातोयेताम्रपत्रं सुतप्तंकृत्वावारान्विंशतिप्रक्षिपेत्तत्।
ताम्राद्द्विगुणंअभ्रक कृष्णवर्णमर्धभागंपारदं तत्रयोज्यम्॥
ताम्रादर्धं पिप्पलीयविडगंसोष्णंत्रितयंश्लक्ष्णचूर्णीकृतेन।
शूलंशोथंपाण्डुपित्ताम्लग्रहणीं यक्ष्माकुक्षिगुल्मरोगेहनं च।
रसे चि भा मं र

ताम्रपत्र को तपा तपा कर कुमारी रस में २० वार बुझावें, फिर ताम्र से दूना धान्याभ्रक और ताम्र से आधा पारा मिलावें और ताम्र का आधा पीपर विडग और मिर्च का चूर्ण मिलाकर खूब खरल करके रख ले। इसकी मात्रा १० रत्ती है घृत शहद मे मिलाकर चटावें तो शूल, शोथ, पाण्डु, अम्लपित्त, ग्रहणी, यक्ष्मा, कुक्षिशूल, गुल्म आदि रोगों में लाभ हो।

नोट—ताम्र को ग्रन्थकार ने तपा तपा कर २० वार ही बुझाना लिखा है वास्तव में ताम्रपत्रों को तब तक बुझावे जब तक वह जलकर चूर्ण विचूर्ण न होजाय, जब वह ऊष्मिद हो जाता है तभी पिस सकता है इस तरह कच्चा रह जाता है।

(२) ताम्रस्यद्विगुणं सूतं जम्बीराम्लेनमर्दयेत्।
सितशर्करयाप्येव पुटत्रये मृत भवेत्॥ र र.

ताम्र से दूना पारा जम्बीरी रस मे खरल कर पिष्टी बनाय पिष्टी के बराबर खाड ले उसके मध्य रख सम्पुटकर गजपुट की आचदे, इस विधिसे ३पुट दे तो ताम्र की भस्म बने। सनत अकबर के लेखक ने पिष्टी को आक मूल के नुगदे में गुग्गल मिलाय उसमें रख गजपुट की आच दी है यह कहना है कि एक पुट में ही ताम्र भस्म बन जाती है। स अ

(३) पारा, ताम्रचूर्ण की पिष्टी के साथ समुद्रझाग, व खाड को मिलाय करीर या पीपल रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय करीरके नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलों की पुट दे, मादन उल अक्सीर का लेखक कहता है इस प्रकार १०-१२ पुट दे तो उत्तम भस्म बनती है।

मखजन, मा अ.

(४) ताम्र पारद की पिष्टी को चागेरी के नुगदे में या रतनजोत के

नुगदे में रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे या लवण यन्त्र मे पुट दे तो ताम्र भस्म वने । अ स , दे उ ,र सि.

ताम्र चूर्णं रसेशुद्धं द्वयमेतद्विघृष्यच ।
काकोदुम्बरिका मूल भवैस्तोयैर्विभावयेत् ॥
पूर्ववत्पुटतेतस्मिन्पारद शुद्ध मानयेत् ।
एकैक रक्तिको दद्यात्काकोदुम्बरिवारिणा ॥
कुष्ठ कष्टं युते नूनं नाशयेदचिरेणतत्

र चि , र का धे ,र यो सा

ताम्र चूर्ण पारा मिलाकर कठूमरके मूलक्वाथ की भावना दे पिष्टी वनाय कठूमरके नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट को आच दे इसी विधि से पारद मिलाकर तव तक पुटें देना रहे जव तक भस्म न वन जाय । इसकी मात्रा १ रत्ती है । कठूमर के रस से सेवन करने पर श्वित्रकुष्ठ जो नया हो उसमें लाभ होता है ।

(६) त्रिक्षारैः पटुभिः स्नुगर्क पयसाक्षीरेणपिष्टैर्यथा ।
लाभेचाम्ल गणद्रवेणदशधाध्मात्वाविलिप्याऽनले ।
शेफाली सलिलेऽम्लवर्ग सलिलेनिर्वापिता [1]न्यल्पशः ।
पूर्वप्रक्रिया त्रिगव्यलुलिता भस्मस्युरर्कच्छदः ।

१ भूरिश. रस पद्धतौ इति पाठ । र प ,र का धे.

तीनो क्षार पाचौ नमक इनको थोहर और आक दूध में घोट ताम्र पत्र पर लेप कर उन्हे खूब तपावे और सिहारू या सिग्रोल के रसमे बुझावे इस प्रकार अनेक वार बुझाने पर ताम्र की भस्म वने ।

(७) रगच्छेतदनन्तपुनुना परिवेष्ट्य मुद्रा तामस्य सावयवमार्क वल्कल सम्पुटिदति पटु सुरभे कृद्धि स्यात्सोम नाथ रस एप मध्ये समीर हर्ता ॥

सि भै मा , र यो सा.

वग के पत्रो में ताम्र को रख कर उसे फिर आक के नुगदेमे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो ताम्र की श्वेत भस्म वने ।

एक ग्रन्थकार ने भिलावा, दूसरे ने सिरस, तीसरे ने अकोल, चौथे ने हरमलके नुगदे में लपेट कर आच देने का विधान दिया है । किसी मे रखकर पुट दे भस्म वन जाती है । अ स ,स अ मा अ ,मि ख मखजन,

(८) ताम्र पत्रो के बराबर सोमलको आक दूध या पुनर्नवा के रस में घोट ताम्र पत्रो पर लेप कर सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो ताम्र की भस्म बने। अ स, मा अ

(९) सोमल ३ तो० को थोहर के दूध मे पीस ५ तो० ताम्र पत्रो पर लेप कर सुखाय थोहर के नुगदे मे रस सम्पुट कर गजपुट की आँच दे पुन २॥ तो० पारा मिलाय नकछिकनी रस मे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो ताम्र भस्म बने। र सि.

(१०) ताम्र पत्रोको निम्ब् रसमे ७ बार बुझाय बराबरका सोमल निम्बू रस मे घोट ताम्र पत्रो पर लेप कर उसे वस्त्र सम्पुट मे लपेट आग लगादे, पुन. उसे आक दूध मे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलो की आँच दे तो भस्म बने। अ स

(११) ताम्र चूर्ण २ तो०सोमल ६मा०सुहागा ६ मा० नौसादर १तो०सबको आक दूध मे खरलकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो को आच दे, पुन कुमारी रस की भावना दे सम्पुट कर २॥ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४१ पुट दे तथा दही की २१ पुट दे कुल ६३ पुट में उत्तम ताम्र भस्म बने। अ स

(१०) ताम्र को कटेली के रस में तपा तपा कर तब तक बुझाता रहे जब तक सारा ताम्र पत्र चूर्ण न हो जाय उसमे फिर बराबर का पारा मिलाय कटेली रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे इस विधि से २१ पुट दे तो ताम्र की सफेद भस्म बने। मखजन

(१२) ताम्र पत्रो को तपा कर उस पर कनेर सफेद के रस का चोया ४८ घण्टे तक देता रहे। दूसरा लेखक कहता है ३ घण्टे तक चोया दे तो ताम्र भस्म बन जाती है। सि औ प्र, अ त

(१३) ताम्र पत्र को निम्बू रसमे बुझावे फिर अकाश बेल, लहसुन, पीपर, भागरा के नुगदेमें रख कर गजपुट की आच दे तो ताम्रकी सफेद भस्म बने। स अ, मा अ

(१३) ताम्र पत्रो को कठभर के रस में २१ बार बुझावे और कनेर फूल, [illegible]णावूटी के नुगदे में रख १५ सेर की आच दे या ताम्र पत्रो को कटेली रस

में २१ वार बुझावे और लाणा के नुगदे में रख गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म बने। अ स

(१४) सोरा, और नौसादरके पानी में ताम्र पत्रों को तपा-तपाकर १०० वार बुझावे तो चूर्ण-विचूर्ण हो जायगा उसे काम मे लावे। सि. श्री प्र

(१५) वेल पत्र रस या अकोल रस में ताम्र पत्रों को १०० वार बुझावे फिर अकोल के नुगदे में रख गजपुट की आच दे तो सफेद भस्म बने।

अ की, म अ, पा स

(१६) ताम्र पत्रों को सज्जी के पानी में २१ वार बुझावे और गोखरू तथा लोध के नुगदे में रख १५ सेर की आच दे, या फिटकिरी के पानी में २१ वार बुझावे और बबूल फली के नुगदे में रख सम्पुट कर ७ सेर उपलो की आच दे, या जामुन के रस में २१ वार बुझावे और जामुन के नुगदे में रख २० सेर उपलो की आच दे। या वनतम्बाकू के नुगदे मे २१ वार बुझावे और इसी के नुगदे मे या ककोडा के नुगदे में रख गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म बने।

सि भै म, मि ख, र सि, अ त, मा अ

(१७) ताम्र पत्रों को ५१ वार हरड चिरायताके क्वाथमे बुझावे और इसी के नुगदे मे रख १० सेर की आच दे या पीपल के छाल के पानी में १०१ वार बुझावे और इसी के नुगदे में रख पाच पुट दे या कुमारी के रस और भेड के दूध में १०१ वार बुझावे और पान में घोटी हुई भाग तथा वट जटा के नुगदे मे रख गजपुट की आच दे या तुलसी के रस में १०१ वार बुझावे और तुलसी के नुगदे में रख १२ सेर उपलो की आच दे। या राई पत्र के रस में १०१ वार बुझावे और राई के नुगदे में रख ५ सेर उपलो की आच दे। या धोहर के दूध मे १०१ वार बुझावे और प्याज के नुगदे में रख ७ सेर उपलो की आच दे, इस तरह ३ पुट दे। सि श्री प्र, पा स, अ त, र सि, अ की, सि भै मा, भा, मा अ

(१८) निम्नलिखित ग्रन्थकार निम्न बूटियो में ताम्र भस्म बनाने की निम्न विधि देते है। सहदेवी मे, झाऊ में, लाणा में, बुई मे, या हाथीसुण्डी को आक दूध में घोट उसमें, या खुम्भ और करीर के नुगदे मे या आकाश वेल में, अण्डे के चूर्ण मे, या हींग, कुशा में, पुनर्नवा, जगली हल्दीके मिश्रित नुगदे मे, चागेरी में, जगली गुलाब में या लाजवन्ती के नुगदे मे या अर्कक्षार मे या अमरवेल मे या नकछिकनी, ढाक पत्र चूर्णदोनोकेआक दूधसे बने नुगदेमे, अफीम, आक दूधमे या

हींग के नुगदे में या केवल अफीम स्त्रिदुग्ध मे, यादूधी के नुगदे मे ताम्र पत्रो को रख ५–७ सेर उपलो की आच दे तो भस्म वने। र. सि., अ त, अ स, मि ख, मा अ, सि औ. प्र, म अ,

(१६) ताम्र पत्र को झाऊ की राख में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे, पुन वेरफलके नुगदेमें दूसरी पुट दे तो ताम्र भस्म वने। अ स, दे उ

(२०) ताम्र चूर्ण को ७ भावना कटूमर रस की दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ७ सेर उपलो की आंच दे इस विधि से ३ पुट दे तो ताम्र भस्म वने। सि भै मा.

(२१) ताम्र चूर्ण को सञ्जीवन-एरण्ड के रस की इतनी भावना दे कि टिकिया वन जाय सुखाय सजीवन एरण्ड के नुगदे में रख १० सेर उपलो की आच दे तो श्वेत भस्म वने। त तु, पा स.,

(२२) ताम्र चूर्ण को पुनर्नवा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो भस्म वने। सि औ. प्र.

(२३) ताम्र चूर्ण को वडी कटेली रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो भस्म बने। जामेउल अक्सीर के लेखक ने दो पुट आक दूध की दी है। स. अ., जा. अ.

(२४) ताम्रचूर्ण को सत्यानासी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सत्यानासी के नुगदे में रख २० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो ताम्र भस्म वने। अ त.

(२५) ताम्रचूर्ण को गोजिह्वा के रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो भस्म वने। पा स, अ त

(२६) ताम्रचूर्णको नकछिकनीके रसमें ११वार वुझावे फिर आकमूलके नुगदे मे रख गजपुट की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो ताम्र भस्म वने। पा स

(२७) अपामार्ग भस्म को अपामार्ग रस में घोट ताम्रपत्रो पर लेपकर उन पत्रो को तपाकर अपामार्ग के रस में वुझाता रहे जव ताम्र पत्र फूलने लगें अपामार्ग के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म वने। र सि

(४ पुटी) ताम्र पत्रो को नकछिकनी के नुगदे में रख गजपुट की आच दे इस विधि से ३ पुट दे, फिर ताम्र से दूना सोरा मिलाय पुनर्नवा के नुगदे मे

रस सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो ताम्र भस्म बने। र. सि

(२) ताम्र पत्रों को चांगेरी के नुगदे में रख १० सेर की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो ताम्र भस्म बने। अ स, मि ख

(८ पुटी) ताम्र पत्र को थोहर के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ७ पुट दे तो ताम्र भस्म बने। स. अ

(१० पुटी) ताम्रचूर्ण को आक दूध में घोट टिकिया बनाय सुखाय आक के पीले पत्तों के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ७ पुट दे तो ताम्र भस्म बने। कुछ ग्रन्थकारो ने १० पुट देनी लिखी है।

सि भै म, मा अ, स अ

(२) ताम्रचूर्ण को कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २०सेर उपलोकी आच दे इस विधिसे १० पुट देतो ताम्र भस्म बने।

स अ

(४० पुटी) ताम्रपत्रों को फिटकिरी चूर्ण में रख सम्पुटकर ५ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४० पुट दे तो ताम्र भस्म बने। मा अ, जा अ

(५० पुटी) ताम्र चूर्ण को दूधी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर ८ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ५० पुट दे तो ताम्र की श्वेत भस्म बने। स अ.

(सौ पुटी) ताम्र को चोपचीनी के नुगदे मे रख सम्पुटकर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से १०० पुट दे तो ताम्र की उत्तम भस्म बने। मा स

वक्तव्य—उक्त विधियो मे प्राय ताम्र १–२ तो० से अधिक नही है और नुगदा १० तोला ले तथा जहा आच की मात्रा नही लिखी है वहा १०–१२ सेर उपलो की पुट दे।

ताम्रभस्म के गुण

ताम्रं तिक्त कषायके, चमधुरंपाकेऽथवीर्योष्णकम्।
साम्ल पित्तकफापह जठररुक्कुष्ठामजन्त्वन्तकृत्॥
ऊर्ध्वाधः परिशोधन विषयकृत्स्थौल्यापहं क्षुत्करम्।
दुर्नाम क्षयपाण्डु रोगशमन नेत्र्य, परलेखनम्॥

ताम्र भस्म चरपरी, कसैली, मधुर पाक मे उष्ण वीर्य, अम्लहै और

कफ पित का नाश करती है, उदार के रोग, कुष्ठ, उदर क्रिमि को मारती है और वमन विरेचन से ऊर्ध्व और अधो मार्ग से मल को निकाल शरीर का शोधन करती है विष विकार, यकृत् वृद्धि, स्थूलता को घटाती है, क्षुधावर्धक है। क्षय, पाडु को शमन करती है, नेत्र रोगों में लाभ कारी व लेखन करती है।

ताम् भस्म के अनुपान सोठ चूर्ण २ मा के साथ उष्ण जल से अतिसार मे, चित्रक क्वाथ जो काजी में बना हो उससे जलोदर मे, त्रिकुटा चूर्ण के साथ उष्ण जलसे वात शूल, गुल्म, विशूचिका में, या अद्रकरस शहद से गुल्म शूल मे, अपामार्ग क्षार सज्जी और जवाखार से उदुम्बर कुष्ठ में, धतूरा बीज, मीठातेलिया चूर्ण आधी रत्ती से शहद में लेने से विषम ज्वर मे, कवीला चूर्ण ३ माशे शहद के साथ उदर क्रिमि में, हरड चूर्ण मुनक्का युक्त शहद से अम्ल पित्त में, खस चूर्ण केसर के साथ मूर्छा में, जवासा क्वाथ के साथ भ्रम (चक्कर आने मे, इलायची, भागरा चूर्ण शहद के साथ मूत्र कृच्छ में, इमली खार, जगहरड, त्रिकटु, करज चूर्ण ४ माशे के साथ उदर शूल गुल्म मे, त्रिफला, त्रिकटु, विडग इनके क्रम विवर्द्धित चूर्ण से शहद मिला कर लेने से ग्रहणी, अम्लपित्त, शूल, गुल्म, मन्दाग्नि, धातु क्षय आदि में, तक्र शहद के साथ कामला परिणाम शूल, पाण्डु, ग्रहणी, कास, प्लीहा वृद्धि, अजीर्ण में, त्रिकटु चूर्ण शहद के साथ हस्त कम्प, ग्रीवा कम्प, पक्षाघात मे, नाग केसर चूर्ण से मूर्छा में धमासा क्वाथ से चक्कर आने मे, करजबीज चूर्ण शहद से शूल में, पीपर चूर्ण शहद से मन्दाग्निमें आवला चूर्ण शहदसे अम्लपित्त मे, भारगी बहेडाचूर्ण शहद से श्वास, कास में, नागकेशर चूर्ण से अर्श में, या हरड चूर्ण शहद से अर्श मे, ताम्र भस्म को देने पर लाभ होता है। ताम्र भस्म की मात्रा १ रत्ती से लेकर ३ रत्ती तक है।

तुत्थ

तुत्थ वास्तव में ताम्र और वलिका यौगिक पदार्थ है। जब हम इसकी भस्म बनाते है तो वह तुत्थ की नही बल्कि ताम्र की भस्म बनती है जो भस्म हम कज्जली से या केवल वलि मिला कर बनाते है उन ताम्र भस्म और इस तुत्थ भस्म मे कोई अन्तर नही होता। केवल मात्र तुत्थ भस्म मे जो सुहागा मिलाया

जाता है सुहागा मौलिक तत्त्व होने से यह भी वलि व ताम् के साथ मिलकर अपना भिन्न यौगिक निर्माण करता है, जो तुत्थमें मिला होने से वह तुत्थ भस्म ताम् से गुणो से भिन्न हो जाता है।

तुत्थ भस्म

(१) लकुचद्रवगन्धाश्म टकणेन समन्वितम्।
निरुध्द्य मूषिकामध्ये म्रियते कौक्कुटै पुटैः॥

र त, र र स, आ प्र, र रा सु, पा स, भा. भै र

वलि सुहागा और तुत्थ इन तीनो को वडहलके रस की भावना दे टिकिया वनाय मुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे तो तुत्थ भस्म वने। रस तरगिणी कारने केवल वलि योग से ही भस्म वनाने का विधान दिया है और लिखा है यदि एक पुट मे न वने तो एक पुट और दे।

(२) सूत गन्धक कज्जल्यां समतुल्य विमर्दयेत्।
सूतार्धटकण दत्वाभावयेल्लकुचद्रवैः।
भृत्वाकूप्यां पचेद्वह्नौ तीव्र सूते समुद्धरेत्।
गलेसिन्दूरनामास्यात्तुत्थभस्मादप्यधस्तले॥

रसा.सा, भा. भै र, र त

पारा वलि सम भाग कज्जली वनाय पारे से आधा सुहागा और सबके वरावर तुत्थ मिलाय वडहलके रस की भावना दे सुखाय काचकूपी मे भर वालुका यन्त्र में रख ४ पहर की आच दे तो शीशी के गले पर रस सिन्दूर और तल में तुत्थ भस्म वनी हुई मिलेगी।

(३) तुत्थ ५तो०रोठा फल ४०तो० इसके नुगदेमे रख सम्पुट कर १० सेर की आच दे तो तुत्थ भस्म वने। र त सा

(४) ५तो० तुत्थ को १० तो० सगजराहतके मध्य रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे तो भस्म हो, इसे अर्श के मस्सो पर लगाने से मस्से झड जाते है। अ त

(५) १ तो० तुत्थ ५ तो० कपूर मे सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे तो तुत्थ भस्म वने सुजाक फिरग मे लाभदायी है। अ त स अ

(६) हुक्का पीने के तम्बाकू के मध्य तुत्थ रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो

की आंच दे अलतवीवका लेखक कहता है १ पुट मे बने, सनन अकबर का लेखक ८-१० पुट देने का विधान देता है। एक पुटी का नेत्रमें सुरमावत् प्रयोग करे और १० पुटी को यकृत विकार में दे।

(७) तुत्थ को बिना बुझे चूने मे दबा कर पानी डाले जब चूना ठण्डा हो जायनिकाल गेरू के मध्य दाबू देकर ४ प्रहर का आचदे तो भस्म हो। रसो सा

तुत्थ भस्म के गुण सुजाक फिरंग, रक्तविकार, अर्श, नाडीव्रण, भगन्दर में लाभदायी है। जिन रोगो मे ताम्र भस्म लाभ करती है उनमे तुत्थ भस्म करती है। मात्रा १ रत्ती

त्रिवंग और त्रिवंग भस्म

प्राचीन रस ग्रन्थो में त्रिवग भस्म का कही उल्लेख नही मिलता, नये ग्रन्थो में जरूर हुआ है किन्तु वह भी हिन्दीके उर्दू के ग्रन्थोमें ही देखा जाता है। कुछ ग्रन्थो ने वग, सीसा और जस्ता को त्रिवग कहा है, कुछने चांदी, वग और सीसा को त्रिवग कहा है। यह मेल केवल रग रूप के आधार पर बनाया गया है वास्तविकता कुछ नही है। चू कि त्रिवग भस्म का उपयोग प्राय. प्रचलित है इसलिये जिन जिन ग्रन्थो मे इसके योग दिये है वह निम्न है।

(१) वग सीसा और जस्ता समभाग कढाई मे पिघला कर पोस्त डोडा, भाग किसी ग्रन्थकार ने हल्दी चूर्ण भी मिलाया है, इनकी चुटकी देकर घर्षण विधि से भस्म बनावे। किसी ने लोह मूसली से, किसी ने वटदण्ड से रगड कर भस्म बनाने का विधान दिया है, भस्म बन जाने पर कढाई मे उसे एकत्र कर प्याले से ढक ३—४ घण्टे की तीव्र आँच दे। पुन खरल में डाल किसी ने दही की, किसी ने कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर किसी ने ६—७ सेर की, किसी ने १०-१२ सेर उपलो की आँच दी है। पुन किसी ने ३ पुट, किसी ने ७ पुट किसीने १० पुटकी आँच दी है। यह पीले रग की भस्म बनती है। सि यो स., चा चि, अ त, स अ, मि ख, मखजन

(२) उक्त त्रिवग को कढाई मे गलाकर सोरा की चुटकी दे बेरीके दण्डसे रगडकर उक्त विधि से भस्म बनावे। सोरा तिगुना हो। शीतल होने पर निकाल पीस ले। लेखक कहता है इसके सेवन से ३ दिन में श्वास रोग जाता रहता है। सुजाक, प्रमेह मे भी लाभ करता है। मात्रा ३ माशे खाड मे दे।

दूसरा ग्रन्थकार कहता है कि भस्म बन जाने के बाद कुमारी रस अर्क दुग्ध और दही की ३-३ भावना व ३-३ पुट दे तो ९ पुट मे उत्तम भस्म बने ।

मखजन, स अ

(३) उक्त त्रिवग को गलाकर शक्कर की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म बनावै । शक्कर त्रिवग से २० गुनी हो । भस्म बन जाने पर बाद में ३-४ घण्टा आच दे उतार खरल में डाल पानी से धो डालै । मात्रा १ रत्ती ।

मखजन

(४) त्रिवग को गलाकर लौग, अजवायन, आक, धतूरा, भाग, हल्दी, बेर इन सबो की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म बनावे । पुन कुमारी रस, दही, धतूरा, शराब प्रत्येक की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की पुट दे, इस तरह ४ पुट दे तो भस्म बनै, यह बलवर्द्धक, कामवर्द्धक, स्तम्भक, व प्रमेह में लाभदायी है । मात्रा १—२ रत्ती । मखजन

(५) त्रिवग को गलाकर निम्ब दण्ड से रगड कर भस्म बनावे फिर भस्म का २० वाँ भाग सुवर्ण वर्क इतना ही पारा मिलाय त्रिफला, त्रिकटु, गोखरू इनके मिश्रित क्वाथ से भावित कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आच दे, पुन भस्मके बराबर बिना बुझा चूना और भस्मका चौथाई लाल कसीस (Ammonium dichromet) मिलाय भागपत्र ४सेर आकका दूध ½ सेर शराब १ बोतल इन सबो को बक यन्त्र में डालकर इनका अर्क निकाल ले इस अर्क में उक्त त्रिवग को भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सपुट कर ५ सेर उपलो की आच दे । इस विधि से १०१ भावना व पुट दे तो त्रिवग की उत्तम भस्म बनै । मखजन, मि. ख

त्रिवंग भस्म के गुण—त्रिवग भस्म प्रमेह, प्रदर, नपु सकता, निर्बलता, मे प्राय देते है, इसके सेवन से विषयेच्छा बढती है । मात्रा १रत्ती ।

त्रिधातु भस्म

सीसा, जस्ता, पारा सम भाग सबको कढाईमे पिघलाकर बेर फलके चूर्णकी चुटकी देकर पुनर्नवा मूल से रगडता रहे, भस्म बन जानेपर खरल मे डाल रगड कर पानी से धो डाले फिर कुमारी रस की ३ भावना और एक भावना भेड के दूध की दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १ मन उपलो की आच दे तो पीले रग की भस्म बनै । अ स.

(२) चादी, वग, पारा सम भाग सकर वनाकर चौलाईके रसकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २॥ सेर उपलोकी आँच दे। इस विधि से २१ पुट दे तो भस्म वने। मात्रा १ रत्ती।

(३) सीसा, वग, पारा सम भाग कढाईमें पिघला कर आक फूलका चूर्ण डाल कर आक मूल से घर्षण विधि द्वारा भस्म वनावे, भस्म वनने पर २—३ घण्टा और आच देकर पीस रखे। मात्रा १ रत्ती। सा अ.

द्विवंग भस्म

(१) वग, सीसा सम भाग पिघला कर लौंग की चुटकी दे आक मूलकी या इमली, पीपल चूर्णकी चुटकी दे निम्व दण्डसे घर्षण विधि द्वारा भस्म वनावे भस्म वन जाने पर सवको एकत्र कर ३—४ घण्टा तीव्र आच दे तो भस्म वने।

आक मूल से रगड़ कर वनी भस्म मधुमेह में अधिक लाभ करती है और लौंग चूर्णकी चुटकीसे वनी भस्मको जिस स्त्रीको भ्रूण वृद्धि न हो रही हो उस स्त्रीको सेवन कराने पर गर्भस्थ वालक खूव वढता है। इन सव विधियो से वनी भस्म प्रमेह, प्रदर, निर्वलतामे लाभदायी है, स्वप्नदोपको दूर करती है। मात्रा१ रत्ती। र सि, मि ख, म, अ, अनु यो. मा.

(२) वग और जस्ता को गलाकर भिण्डी चूर्ण की चुटकी देकर भिण्डी की लकडी से हिलाकर भस्म वनावे तो भस्म वने। मात्रा १ रत्ती। र. सि

(३) जस्ता सीसा पिघला कर सोरा की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म वनावे, पश्चात् सोरा धोकर निकाल दे और उपयोग मे लावे। मात्रा १रत्ती। र. सि.

नीलमणि भस्म

नीलमणि के चूर्ण में वलि मिलाय विजौरा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधिसे ७पुट दे तो नीलम की भस्म वने। पा. स.

वक्तव्य—नीलम की भस्म वलियोग से वनी हुई अधिक लाभदायी नही। इसकी तो भस्म वनाने की सरल विधि यही है कि नीलम को तपा तपाकर किसी अर्क में वुझाता रहे जव वह खस्ता हो जाय, पीसा जा सके उस समय इसे किसी अर्क की भावना देता रहे, पुन. टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की

आँच दे तो उत्तम नीलम की भस्म वने ।

पद्मराग

वहुत से वैद्य व हकीम पद्मराग को माणिक्य या चूनी समझते है । रसग्रथो मे कही भी माणिक्य या चूनी का उल्लेख नही हुआ है । पद्मराग तो नीलम का सहोदर है जिसकी कठोरता वज्र से ही एकमात्रा कम है। लाल (माणिक्य) और याकूती (चूनिया) तो इससे विल्कुल ही भिन्न रत्न है, देखो उपोद्घात पृष्ठ १५० रत्नो उपरत्नो के रूप । पद्मराग और नीलम यह आसानी से नही कुटते न आसानी से पीसे ही जा सकते है । इसलिये इन्हे स्तपन विधि द्वारा तपा तपा कर वुझाने से जव यह चूर्ण विचूर्ण होने लग जॉय तव इनको कूटकर भस्म वनानी चाहिए ।

पद्मराग भस्म

(१) शिलाजतु शिलाभेद अम्लवेतसके तथा ।
चुल्लिका टङ्कण क्षार शिखिपित्तेन भावयेत् ॥
अनेन पद्मरागश्च म्रियते पुटयोगतः । र का धे

शिलाजीत, पापाणभेद, अम्लवेत, रेह (कल्लर), सुहागा इन सवको मोर-पित्त की भावना दे नुगदा वनाकर उसके मध्य पद्मराग को रख सम्पुट कर गज-पुट की आँच दे इस विधि से कुछ पुटे दे तो पद्मराग की भस्म वने ।

पन्ना

सस्कृत मे पन्ना को तार्क्ष्य कहते है इसी जाति का एक दूसरा रत्न भी है जिसे सस्कृत में मरकत कहते है इन दोनो में साधारण सा ही भेद है । मरकत और पन्ना दोनो का उपयोग एक सा ही है, गुण भी एक से ही है ।

पन्ना भस्म

(१) सोठ चूर्ण को मैनफल के क्वाथ में घोट नुगदा वनाय उसमे पन्ना को रख सम्पुटकर ८–१० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से २० पुट दे तो पन्ना की भस्म वने । र त सा

(२) मैनसिल, हरिताल और वलि को वडहल के रस की भावना दे नुगदा वनाय उसमे पन्ना रख सम्पुट कर कुक्कुटपुट की आच दे, इस विधिसे ८ पुट दे तो पन्ना भस्म वने । र र स.

(३) पन्नाको चूर्णकर गुलाव अर्ककी भावना दे टिकिया वनाय कुमारीके नुगदे मे रख सम्पुटकर १० सेर उपलोकी आच दे तो पन्ना भस्म वने। मि ख

पन्ना भस्म के गुण—विष नाशक है, अम्लपित्त को दूर करता है, रेचक है, शीतल है, उन्माद, योपापस्मार (हिस्टीरिया) तथा मनोलिया, मन्दस्मृति, श्वास, दाह, शोथ, वमन में लाभदायी है। ओज व वलवर्धक है।

प्रवाल चन्द्र पुटी

प्रवाल को सोडाके पानीमें उवालकर धो डाले, सुखाय चूर्णकर निम्बूरसकी या गुलाव अर्क की या चन्दनादि अर्क की भावना देता रहे, जव खूव घुट जाय छाया में सुखाय पीस ले। सि यो सं., स अ, नू वि.

प्रवाल भस्म

(१) स्त्रीदुग्धेन प्रवालञ्च भावयित्वा तु हण्डिके।
मध्येऽपि तक्रसहितं स्थापयेत्तां निरोधयेत् ॥
चुल्ल्यामग्निप्रतापेन म्रियते प्रहरद्वयम्। रसे सा स.

प्रवाल को हण्डी मे डालकर स्त्रीदुग्ध की भावना दे, दूध के सूख जाने पर उसमें तक्र डालकर हण्डी को चूल्हे पर रखकर आग जलावे ६ घटा तीव्र आच दे तो प्रवाल की भस्म वने। म अ, मि ख, सि भै मा

(२) मौक्तिकस्य विधिःप्रोक्तः प्रवालेऽपितथाविधिः। र रा सु

अथवा जैसे मोती की भस्म वनाने की विधि दी है उस विधि से प्रवाल की भी भस्म वनावे।

(३) प्रवालको आकदूधमें भिगोय सम्पुटकर २० सेर उपलोकी आच दे। रसू ति

(४) निम्बू रस मे भिगोय सम्पुटकर २० सेर उपलो की आच दे। स अ

(५) प्रवाल को कुमारी के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो प्रवाल भस्म वने। यू सि सं, सि भै मा, चा चि

(६) प्रवाल को रीठा के नुगदे में, या मक्खन में या पीपलचूर्ण और गुलाव फूलमें, या गिलोय और कमलगट्टामें या अनार पत्रके नुगदेमे रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो प्रवाल भस्म वने। अ. स, अ. ति., धा. वि., अ की, अ त., चा चि., मि ख,

(७) प्रवाल के वरावर वलि मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया

बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो भस्म बने। धा वि.

(८) प्रवाल को तपाकर केला रस में बुझावे और केला के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलों की आच दे। मा अ

(९) प्रवाल को गुलाब, खसखास और खुरासानी अजवायव के नुगदे मे रख प्रत्येक की १-१ पुट दे तो उत्तम भस्म बने। अ. त.

प्रवाल भस्म के गुण—कास, श्वास, प्रमेह, प्रदर, ज्वर, निर्बलता, दिमागी कमजोरी, हृदयोद्वेग, पाण्डु, में लाभदायी है, अच्छी दुग्धवर्धक है।

पारद

भौतिक गुण—यह एक द्रव रूप चादीवत् श्वेत आभावान् धातु है। द्रवता के कारण इसकी आणविक स्थिति बहुत शिथिल है इसीलिये यह साधारण उत्ताप पर अन्य धातुओं से मिल जाता है और आसानी से उन धातुओं के भीतर प्रवेश कर मिश्रण बना लेता है, और इसका धातुओं के अणुओं पर इतना प्रबल प्रभाव पडता है कि वह अपनी दृढता, तात्वीयता खो देती है।

मिश्रण—जब पारद किसी धातु में मिलाया जाय तो वह गरम हो जाता है। सेधजम, पाशुजम जैसी अर्ध धातुओसे मिलाने पर इतना अधिक वेग से उत्ताप बढता है कि उसके सम्मिलन काल में विस्फुटन होता है, चिनगारिया निकलती है और यह उनसे मिलकर यौगिक बना लेता है। प्रयोगो से ज्ञात हुआ है कि यदि सेधजम् डाला जाय तो उसके एक परमाणु से पारद के पाच परमाणु मिलकर पारद सैधेत नामक यौगिक का निर्माण करता है और यदि पाशुजम डाला जाय तो उसके एक परमाणुसे पारदके दो परमाणु मिलकर पारद पाँशुजेत का यौगिक निर्माण करता है। इसी तरह यह सोना, चादी से मिलकर भी भिन्न यौगिक के रूपमें परिवर्तित होजाता है, किन्तु इसके यह यौगिक दृढ नही होते। सैधजम, पाशुजम, चूनजम आदि से बने पारद के यौगिक को पानी में डाल दे तो यह अर्ध धातव तत्त्व पारद को छोडकर जल का विच्छेद कर जल के ऊष्मजन से सयुक्त हो जाते है और उदूष्मिद नामक दाहक क्षार में परिणत हो जाते है, ऐसे समय पारद फिर मुक्त हो अपने असली रूप में आ जाता है। पारद की इस शिथिल बन्धनकारी स्थिति को समझकर आजकल रसायन शास्त्री सुवर्ण आदि को शुद्ध रूप में प्राप्त करने के लिये इसे परिवर्तक के रूप में

व्यवहार करते है ।

पारद द्रवरूप होने से यह कुछ न कुछ जलवत् साधारणतया हवा मण्डल के उत्ताप पर उडता रहता है । इसकी सत्यता को परखने का आसान तरीका यह है कि एक वडी लम्वी वोतल में सेर दो सेर पारा डाल दे और उस वोतल के मध्य दोलायत्रवत् सुवर्ण या चादी के वर्क लटका दे, वोतल वन्द करके कुछ दिन उठा कर रख दे तो थोडे दिनके वाद आप देखेगे कि वह पत्र खस्ता या भुर-भुरे होकर झडने लग जायगे और उस पारे मे गिर पडेंगे, इससे सिद्ध होता है कि पारद भी जलवत् उडता रहता है ।

पारा साधारण ताप व चाप दोनो से शीघ्र प्रभावित होता है इसके इस भौतिक गुण को जान कर ही अनेक प्रकारके ताप मापक व चाप मापकयन्त्रो में इसका उपयोग किया जा रहा है । थर्मामीटर इसी पारदके इस गुणकी करामात है । इसकी परमाणु मात्रा २०० ६ और घनता १३ ५ है । यदि पारद को शून्य ताप से निम्नतम—३९ श की हिमाक स्थिति पर रखा जाय तो यह जम कर सोना, चादी जैसा कठोर हो जाता है उस स्थिति मे इसे कूट-पीटकर इसके तार या पत्रे भी वनाये जा सकते है ।

रासायनिक गुण—यह साधारण हवा मण्डल के उत्ताप पर ऊष्मजन से नही मिलता, इसीलिये यह हवा मे खुला पडा रहने पर कभी मलिन नही होता, इसकी आभा-प्रभा सदा ही चादीवत् स्थिर वनी रहती है, किन्तु ३६० श के उत्ताप पर खुला रख कर गरम किया जाय तो फिर यह ऊष्मजन से सयुक्त हो ऊष्मिद (पा ऊ) वन जाता है । यह लाल वर्ण की पारद भस्म होती है । ऊष्मोन (Ozon) तीन ऊष्मजन परमाणुके सगठनसे वनने वाले इस वायव्य को पारद की वोतल मे छोडा जाय तो पारद साधारण उत्ताप मे ही उससे मिल कर ऊष्मिद में परिणत हो जाता है । पारद पर हल्के वलिकाम्ल या लवणाम्ल का कोई प्रभाव नही होता, किन्तु सान्द्र वलिकाम्ल के साथ ३६० श तक गरम किया जाय तो पारद वलि के साथ मिल कर वलिकेत मे परिणत हो जाता है, यह पारद की सफेद भस्म वन जाती है जो कैलोमल के नाम से ऐलोपैथिक में व्यवहृत होतीहै । इसपारद भस्मके साथ वरावरका नमक मिलाकर काचकूपीमे रख ३०० श तक गरम करे तो उक्त पारद भस्म फिर रसकपूर नामक नये भस्म के रूप मे वदल जाता है, जिसके यौगिक का परिवर्तन निम्न रूप मे होता है ।

प्रथम वलिकाम्ल से—पा + २उ$_2$व ऊ$_४$ = पा व ऊ$_४$ + २उ$_2$ ऊ + व ऊ$_2$

पुन लवण से—पा व ऊ$_४$ + २ से ल = पा ल$_2$ + से$_2$ व ऊ$_४$ पारद की इस प्रकार वनने वाले यौगिको की सहायता से पारद की युयुक्षा शक्ति को जाना जा चुका है, पारद की युयुक्षा इसी आधार पर जानी गई है कि किस तत्त्व से यह कितने प्रकार में मिल कर यौगिक निर्माण करता है।

हमारे रस ग्रन्थो में पारद की श्वेत, लाल, काली, पीली, नीली कई प्रकार की भस्मो के निर्माण का उल्लेख आता है, उनमें से रस कपूर, दारचिकना नाम से इसकी श्वेत, और वलि योग से विना अग्निके घर्षण विधि द्वारा काली, उत्ताप से लाल भस्म तो समस्त वैद्य वना लेते है, किन्तु नीली और पीली भस्में जिन वनस्पतियो के योग से वनती है वह आज तक किसी वैद्य से वनती नही देखी गई। किम्वदन्ती है कि पारद की श्वेत भस्म वनस्पति योग से भी वन जाती है, यदि ऐसा हो तो जव तक वह सामने न आवे और उसके यौगिक को विश्लेपण कर देखा न जाय तव तक वह किस रूप की है कुछ कहा नही जा सकता। रसायन शास्त्र के सिद्धान्त इस सम्वन्ध मे प्रायोगिक विधियो से जो सिद्ध करते है वह तो यह है कि पारद की किसी वनस्पति से मिल कर कोई भस्म वनने की सम्भावना नही, यदि है तो वह ऊष्मजन से है, यदि कोई उत्प्रेरक वनस्पति की सहायता से पारद ऊष्मजन से सयुक्त हो जाय तो वह लाल वर्ण की भस्म वनेगी न कि श्वेत।

हमने देखा है, कई ठरकी विरादरी के व्यक्ति स्फटिकम (अल्युमीनियम) की कटोरी में किसी वनस्पति का रस दो चार वूद डाल कर १-२ रत्ती पारा उसमें डाल कर अगुली से उस कटोरी मे पारे को रगड़ने लगते है, रगडने से पारद वनस्पतिमें मिलकर सूक्ष्म कणोमें विभक्त होता चला जाता है और कटोरी से लग जाता है, उस समय वह उत्प्रेरक का काम करता है, इससे स्फटिकम की कटोरी ऊष्मजन से मिल कर ऊष्मिद (स्फ ऊ$_3$) मे परिणत होने लगती है, ज्यादा देर तक मल कर रख दे तो उस कटोरी के आस पास सफेद भस्म एकत्र हो जाती है और कटोरी में जहा तहाँ गढे पड जाते है। वे ठरकी विरादरी के व्यक्ति उसे पारद की भस्म वताते है। जो वास्तवमें अल्यूमिनियम की होती है।

वास्तव में पूर्वाचार्यों ने जो पारद की भस्में वनाई थी उन्ही भस्मोको आज भी हम सफलता पूर्वक वनाते चले आरहे है, जो नही वनती उनका उल्लेख उनके

ग्रन्थो में अवश्य है और वे कहते है कि यह भस्म बनती होगी किन्तु वैद्यो से अब नही बनती। जो भस्में परम्परा से बनती चली आ रही है हम सर्व प्रथम उन्ही का उल्लेख करेंगे।

पारद भस्म प्रकार—

सूतभस्म द्विधा ज्ञेयमूर्ध्वगं तलभस्म च।
ऊर्ध्व सिन्दूर कर्पूर रसावन्याद्यौभवेत्॥

र रा श, वृ यो, त र, रा सु

पारद भस्म दो प्रकार की होती है एक ऊर्ध्वलग्न दूसरी तललग्न, ऊर्ध्व-लग्न तो रस सिन्दूर, रसकपूर, दारचिकना आदि है इनसे भिन्न नीचे लगने वाली दूसरी तलभस्म भी दो प्रकार की है एक बिना अग्निस्पर्श के दूसरी अग्निसम्पर्क वाली। यथा-

अन्यच्च—

सूतं गन्धक संयुक्त कुमारीरस मर्दितम्।
कृष्ण वर्णं भवेद्भस्म देवानामपिदुर्लभम्॥

आ वि., नि र र रा.सु, र सा प, पा स

पारा बलि बराबर मिलाकर एक दिन खरल करे, दूसरा ग्रन्थकार कहता है कि इसे कुमारी रस की भावना दे तो बिना अग्नि सम्पर्कके श्यामवर्ण की पारद भस्म बने, इसी का अन्य आचार्यों ने कज्जली नाम दिया है। इसी पारद भस्म को साधारण आच देकर जब उसकी पपडी बनाई गई तो इसका नाम आचार्यो ने पर्पटी रखा। यथा—

शुद्धे सूते शोधित गन्धक चूर्णेन तुल्यता कार्या।
तावन्मर्दनमनयो र्यावन्नकणोऽपि दृश्यते सूते।
पश्चात् कज्जल सदृशं चूर्णं लोहोत्थित यत्नेन।
निर्धूम बदरकाष्ठाङ्गारे न्यस्तं विलिप्य तैलसमम्।
सद्योगोमयनिहिते कदलीदले ढालयेन्मृदुनि।
लोहोत्थितमवशिष्टं कठिनं तत्र ग्रहीतव्यम्।
पश्चात्पर्पटिरूपा पर्पटिका कीर्त्यते लोके।
मयूरचन्द्रिकाकारं लिङ्गं यत्र तु दृश्यते।

रसे सा स, रसा सा, र. चि, व से, भा प्र, वृ नि. र, र च, यो

र, वृ नि. र, र प्र सु, रसे. चि, यो त, भै र, र रा सु. भा भै. र,

विमल पारद और वलि को खरल में तव तक घोटे जव तक दोनो अच्छी तरह मिलकर कज्जल सदृश न हो जाय, और पारद का कोई कण रह न जाय उस कज्जली को लोह की भारी करछी मे डाल कर धूम्र रहित वेर की लकड़ी के अङ्गारो पर करछी को रखकर गरम करे, जव वह तेल सदृश लेपन योग्य हो उसे गोवर का समतल स्थान वनाकर उस पर केला का पत्ता विछाय वह द्रव उस पत्ते पर उडेल दे और दूसरे पत्ते से दवाकर पतला कर दे, जो अवशिष्ट उस करछी में रह जाय उसे छोड दे। यह पर्पटी नाम से ससार प्रसिद्ध पारद भस्म है। इसमें कही कही मयूर की चन्द्रिकाकार के चिह्न परिलक्षित होते है।

वक्तव्य—अव पर्पटी को निम्नविधि से वनाना चाहिये। एक काफी भारी लोहेकी करछी या पीतल की करछी ले उसे अग्निपर रख दे जव वह गरम हो जाय उतार ले, उसे साफ कर उसमे जरा सी कज्जली चुटकी से डालकर देखे कि वह पिवलती है कि नही। यदि कज्जली करछी में डालते ही पिघलने के साथ ही जल उठे तो करछीको कुछ ठण्डी करे यदि कज्जली न पिघले या कम पिघले तो करछी को जरा और गरम करे। वास्तव में करछी का उत्ताप ३०० श के भीतर और २५० श के ऊपर रहना चाहिये तो कज्जली अच्छी तरह पिघलती है। कज्जलीको करछी में डालनेपर करछीका उत्ताप कज्जली ले लेती है और करछी ठण्डी होने लगती है उस समय उसे जरा और आच पर रखकर गरम करे तो उस करछी का उत्ताप फिर वढ जाता है। जव कज्जली करछी में डाली जाय तो उसे चम्मच से हिलाते रहना चाहिये। धीरे-धीरे उस मन्द आच पर सारी कज्जली पिघल जायगी। जव करछी ठण्डी होने लगे उसे जरा आच पर रखकर गरम कर ले वह फिर जैसी की तैसी द्रव वनी रहेगी। ३००° श पर उस कज्जलीको घटा भर तक रखे रहे तव वह कुछ सघन हो जाती है। कज्जली को द्रव करने से पूर्व गौ के गीवर का एक छोटा सा दो अगुल मोटा चवूतरा वना ले और उस गोवर के चवूतरे पर केले का पत्ता फैलाकर विछा दे पिघली हुई कज्जली को चम्मच से भरकर शीघ्रता से उस केले के पत्ते पर डाल कर उसी चम्मच से शीघ्र फैला दे और दूसरे केले के पत्ते से उसे ढक कर जोर से दवा दे तो कज्जली और फैलकर पपडी सी वनकर जम जाती है। केले के

पत्ते पर कज्जली को ढालने और जमाने में शीघ्रता से काम ले, क्योंकि कज्जली जब केले के पत्ते पर ढाली जाती है तो जल्दी ठण्डी होकर जमने लगती है। हमारी बताई हुई इस विधि से पर्पटी बनाने पर १ माशा भी कज्जली उस करछी मे न तो रहने पाती है, न वह जलती है न किसी तरह खराब होती है सारी की सारी ठीक बन जाती है।

इस कज्जली से आगे पारद की और भी कोई भस्म बन सकती है ? इस पर भिन्न भिन्न रसाचार्यों ने आरम्भ में जो प्रयोग किये थे उनके कुछ उदाहरण हम आगे दे रहे है —

सूतश्चतुष्पलमितः समशुद्धगन्धः स्याद्धूमसारिपचुरेकमिदं क्रमेण।
सम्मर्दयेद्विमल दाडिमपुष्पतोये घस्रं विमिश्र्यसितसोमल मापकेण।
एतन्निधाय सकलं जलयन्त्रगर्भे सम्मुद्र्यसन्धिमुदितेन पुराक्रमेण।
आपूर्य यन्त्रमुदकेन दिनानि चाष्टौ वह्निं क्रमेण तदधो विदधीत विद्वान्।
पश्चाच्च तज्जलमुदस्यरसंतलस्थ मादाय भाजनवरेसुभिषङनिदध्यात्।
सम्पूज्य शम्भुगिरिजा गिरिजातनूज मद्याच्छुभेऽहनि रसं वरमेकगुञ्जाम्

व. यो त, भा भै र

पारा १६ तो० बलि १६ तो० घर का धुआ १ तो० सोमल १ माशा, सबको घोट कज्जली बनाय अनारफूलरस की १ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय जलयन्त्र के गर्भ मे रख सन्धि बन्दकर जलयन्त्र के पात्र को सदा जल से भरा रखकर उस सम्पुट पर आठ दिन बनोपल की आँच देता रहे तो पारद की तल भस्म बने। इस जलयन्त्र का स्वरूप निम्नलिखित विधि मे ग्रन्थकार बताता है। यथा —

आकण्ठ कलशे भूमौ निखाय जल सम्भृतम्।
शरावतन्मुखे स्थाप्यो मध्ये छिद्रसमन्वितम्॥
नीराविर्योगिनीं तत्राच्छिद्रेकाचविलेपिताम्।
मृन्मूषांस्थापयेत्तस्य चोर्ध्वाधस्तुल्यगन्धकम्॥
रसं निक्षिप्य तस्योर्ध्वं शरावेण विमुद्रयेत्।
वन्योपलाग्नि तस्योर्ध्वं ज्वालयेद्गुरुमार्गतः॥
स्वाङ्गशीतं समुद्धृत्य पुनस्तुर्यांश गन्धकम्।
दत्त्वा पूर्वक्रमेणैव जायते षड्गुणंबलिम्॥
षड्गुणे गन्धके जीर्णे स्याद्रसः सर्वरोगहा।

वृ यो त

एक बडे मु ह के घडे को गले तक भूमि में दबा दे उसमे गले तक जल भर दे। एक मिट्टी का शराव जिसके मध्य मे २ सूत का छेद निकाला गया हो उस घडे पर ढक दे उस छेद पर एक काच का टुकडा रख दे और लेप दे। उस शराव पर एक मिट्टी की घरिया मे वलि के मध्य पारा रखकर उसे दूसरे प्याले में ढक दोनो प्यालो का सम्पुट कर सुखाय उनके ऊपर जगली उपलो की अग्नि जलावे। इसी विधि से पारे के बराबर प्रतिवार वलि देकर बलि जारण करे तो यह पड् गुणवलि जारित पारद भस्म समस्त रोगो को नष्ट करे। उक्त ग्रन्थकार ने इस यन्त्र का नाम गडुका यन्त्र दिया है किसी ने इसका कच्छप यन्त्र किसी ने जलयन्त्र नाम दिया है।

(२) सूते गन्धरसैकांश निक्षिप्य मृदु खल्वके।
तावत्संपुटयेत्पिण्ड भवेद्वाताम्रपत्रगे।
तत्तुल्य गन्धकं दत्त्वा रुद्ध्वा तल्लोह सम्पुटे।
पुटयेद् भूधरे यन्त्रे यावज्जीर्यति गन्धकः॥
एवं पुनः पुनः कुर्याद्यावज्जीर्यति षड्गुणः। वृ यो त

पारद के बराबर बीजावोलको ले खरल मे डाल नरम हाथोसे तव तक कूटे व घोटे जव तक दोनो मिलकर एक रूप न हो जाय, फिर पारद के बराबर वलि मिलाय खरलकर लोह के सम्पुट में वन्द कर भूधरयन्त्रमें रख उसके ऊपर वनोपल की आँच जलावे, कमसे कम ४ घटा आच लगे इतनी आच दे। पुन निकाल इसी विधि से ६ वार षड्गुण वलि जारण करे। अन्यच्च —

(३) मृदुमृदारचितामसृणेष्टिका उपरिगर्तवरेण च संयुता।
रस वरं दश शाणमितंहितत्सशुकपिच्छ वरेण निधापयेत्॥
सकल पूर्ण कृतं च सुगर्तकं गलितनिम्बफलोद्भव केन वै।
स्थगय तं च पिधानवरैणवै मृदितया सुमृदापरिमुद्रितम्॥
तदनु कुक्कुट नाम पुटे श्रृतोह्युपलकेन वनोद्भव केन वै।
विधिविदाभिपजाह्यमुनाकृतो विमल पङ्गुणगन्धकमश्नुते॥
र प्र सु

मुलायम मिट्टी की एक ईट सी वनाकर उसके मध्य एक वडा सा गढ वना दे, उसमे २॥ तो० पारा और २॥तो०वलि डालकर फिर उसमें निम्बू रस भर दे पुन ईंट से ढक कर सम्पुटकर कुक्कुट पुट की आँच दे तो वलि जीर्ण

हो, इसी विधि से ६ वार करे तो षड्गुण जारित पारद सिद्ध हो।

वक्तव्य—ई ट मे सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच देने से वलिजीर्ण नहीं होता, इसमे अधिक आच देना चाहिये।

(४) मेघनाद वचाहिंगु लशुनं काकमाचिका।
धत्तूरो लवण कन्या सर्वंसूत विमर्दयेत्॥
दिनान्ते गोलकं कृत्वा हिङ्गुनावेष्टयेद्वहिः।
पचेल्लवणयन्त्रस्थं दिनैकं चण्ड वह्निना॥
ऊर्ध्वलग्नं समादाय दृढं वस्त्रेण गालयेत्।
काकमाच्या नागनेत्र्या हन्सपाद्या विमर्दयेत्॥
तंक्षिपेदिष्टिका यन्त्रैः समं गन्धक चूर्णकम्।
दत्त्वा दत्त्वा पुटेपच्याद्यावज्जीर्यति षड्गुणम्॥
मृतस्तत्र न सन्देहो सर्व कार्येषु योजयेत्।

र सागर, र यो सा.

पारे को चौलाई, वच, हीग, लहसुन, मकोय, धतूरा, नमक, कुमारी प्रत्येक की १-१ भावना दे सुखाय हीग के नुगदे में रख सम्पुट कर लवण यन्त्र मे दावू दे एक दिन की तीव्र आच दे, सम्पुटमें ऊपर लगे पारे को निकाल कपुडे में छान खरलमें डाल मकोय, सर्पाक्षी, हन्सराज, प्रत्येककी १-१ भावना दे टिकिया वनाय इष्टिका यन्त्र में रख वरावर के वलि का दावू दे सम्पुट कर न० ३ की विधि से आच दे, इस प्रकार षड्गुण वलि जारण करे।

(५) सूतप्रमाणे सिक्ताख्य यन्त्रे दत्त्वावलिंमृद्घटितेऽल्पभाण्डे॥
तैलावशेषे ऽत्र रसनियुज्यान्मग्नार्ध कायं प्रविलोक्यभूयः।
आपड्गुण गन्धकमल्पमल्पक्षिपेदसौ जीर्णवलिर्वलीस्यात्॥
रसेपु सर्वेपुनियोजितोऽयमसंशय हन्तिगद जवेन॥

वृ यो त

पारे के वरावर वलि ले, वलि को एक लोहे के प्याले या करछे में डाल वालुका यन्त्र पर रख मन्द मन्द आच पर पिघलावे और उस पर आच लगाता रहे धीरे धीरे वलिकी द्रवता जाती रहेगी और वह गाढा हो जायगा उसमें पारा डाल कर दोनो को मिलावे जव उसमें वलि का अश न प्रतीत हो कज्जली वन जाय तो उसमे और पारद के वरावर वलि डाल कर उस वलि का भी इसी

प्रकार जारण करे इस विधिसे षड्गुण वलि जारण करे यह षड्गुण वलि जारित पारद को निकाल रखे, इसे समस्त रोगों में संशय रहित होकर उपयोग में लावे।

(६) रसविदाऽपि रसः परिशोधितो विगतदोष कृतोऽपिहि गन्धक ।
विमल लोहमय कृत खर्परेह्यमलासररजः परिमुच्यताम् ॥
अतिकृशाग्नियुतेद्रवति स्वयं तदनुतत्र रस. परिमुच्यताम् ।
विशद लोह मयेन च दर्विणा विघटयेत्प्रहरत्रयसम्मितम् ॥
तदनु काच घटीं विनिवेश्य वै सिकतयन्त्रवरेणहिपाचिता. ।
द्विदशयाममयः कृतवह्निना भवतिरक्तरसस्तल भस्मसात् ॥
गतवलेन नरेणसुसेवितो भवतिवाजिकरः सुखदः सदा ।
स च वलीपलितानि च नाशयेच्छतशरत्सु निरामय कृत्परम् ॥

र प्र मु, भ भै र

निर्मल पारा और वलि समभाग ले वलि को कढाई मे पिघला कर उस में पारा डाल मन्द मन्द आच पर उसे करछी से चलाता रहे तो तीन प्रहर में वह वलि धीरे धीरे जल जायगा फिर उसे काच कूपी में डाल वालुका यन्त्र में रख १ प्रहर की आच दे तो तललग्न रससिन्दूर वने। इसका नाम ग्रन्थकार ने रक्त रस रखा है। यह वाजिकर है वलि पलित नाशक है। इसे ६ वार उक्त विधि से वनावे तो षड्गुण वलि जीर्ण पारद वने।

(७) गन्धकं सुदृढंस्थूलं निर्माणंजात्यमद्भुतम् ।
वर्तुलं छिद्रित कृत्वा मध्येशुद्ध रस क्षिपेत् ॥
उपरिष्टात्पुनर्गन्धं डालिका मुखमुद्रणम् ।
अव शलाकयापश्चात्सर्वशः सन्धिरोधनम् ॥
सूत्रेणावेष्टयेद्गन्धं भिद्यतेन यथाभृशम् ।
दोलासुस्वेदयेद्गन्धं वेदप्रहरमात्रकम् ॥
रसगन्धान्य पापाणे पुनरेन निधापयेत् ।
एव निष्पद्यतेस्वच्छः पद्मरागनिभप्रभः ॥
अद्भुतः सर्व कार्याणिवांच्छितानि च साधयेत् ॥

र चि, र ज नि

वलि को पिघला कर गोल गेंद के आकार मे ढाल ले फिर उस गोले

खोद कर गढा बनावे उसमे पारा भर कर बलि चूर्ण से सम्पुट कर उसे गरम गरम सलाई से बलि चूर्ण को पिघला कर सन्धिबन्द कर एक रूप गोला बनाय उसपर सूत लपेट पानी से भरे देग मे लटका कर दोना यन्त्र विधि से उसे ४ प्रहर स्वेदन करे, प्रतिदिन इसी प्रकार पारे को निकाल नये बलि की गेंद में भर कर स्वेदन करता रहे तो ग्रन्थकार कहता है ७ दिन स्वेदन करने पर पारा लाल वर्ण की चमकदार भस्म में परिणत हो जायगा। यह अद्भुत भस्म समस्त इच्छित कार्यों का साधन करेगी।

(८) सूतार्धं गन्धकं दत्त्वा लोह पात्रे विनिक्षिपेत्।
वह्निं प्रज्वालयेन्मन्दं स्नुह्यर्क क्षीरमाहरेत्॥
चालयेत्खदिरदण्डेन क्षीरं दत्त्वा पुनः पुनः।
अग्नियामाष्टकं दद्याज्जायते सूतभस्मकम्॥ नि र,पा में

पारे से आधा बलि दोनो को कज्जली बनाय लोह पात्र मे डाल कोहर और आक दूध का चोया देता हुआ मन्द मन्द आच पर पकाता रहे और गेंद के डण्डे से हिलाता रहे तो इस विधि से ८ प्रहर करते रहने पर पारद की भस्म बने।

(९) विशद सूत समोपि हि गन्धकस्तदनुखल्वतले सुविमर्दित.।
त्रिदिनमेव हि हंसपदीरसे दिनकरस्य करेण सुशोषितः।
विमललोहमये दृढखर्परे तदनु कज्जलिकां प्रतिमुच्य वै।
करमिता सुकृताऽपि हि चुल्लिका ह्युपरि तत्र निवेश्य च भाजनम्
अमललोहमयेन च दर्विणा रसवरं नियतं परिमर्दयेत्।
तदनुवह्निमधः कुरु वै दृढं सततमेव हि यामचतुष्टयम्।
सुपच एष रसो जलदोपमो भवति वल्लमितोमधुना युतः।
र प्र सु, र. च

पारा बलि बराबर ले कज्जली बनाय हन्सराज के रस की भावना दे सुखाय इस कज्जली को कढाई मे रख आच दे और उस कज्जली के पिघलने पर उसे करछी से घोटता रहे। इस प्रकार ४ प्रहर की आच दे तो उस पारे की बादल जैसे वर्ण की भस्म बने। इसकी मात्रा ३ रत्ती है। यह शहद के साथ देने पर क्षय को दूर करता है, कामचेष्टा बढाता है। बलि पलित व

कुष्ठ का नाशक है।

(१०) शुद्ध सूतं समं गन्धं वटक्षीरे [1]विमर्दयेत्।
पाचयेन्मृत्तिकापात्रे वटकाष्ठै र्विघट्टयेत्।
लघ्वग्निना दिनं पाच्यं भस्मभूतं भवेद्ध्रुवम्।
द्विगुणं पर्ण खण्डेन पुष्टिमग्निं च वर्धयेत्॥

र. च., यो र, र. त, यो चि, र रा सु, भा भै र.

१ विचालयेत् योगचिन्तामणौ इति पाठ।

पारा वलि की कज्जली वनाय वटदुग्ध की १ भावना दे मिट्टी के पात्र मे डाल चूल्हे पर चढाय मन्द मन्द आच पर वटजटा के दण्ड से रगडता रहे तो ४ प्रहर इस प्रकार आच देने से ग्रन्थकार कहता है पारद की भस्म वने। इसे पान के पत्ते पर रखकर १–२ रत्ती की मात्रा खाते रहने से भूख वढती है और शरीर पुष्ट होता है।

(११) स्तोक स्तोक गन्धकं सूतराजं दत्त्वा दत्त्वा ताम्रपत्रे निघृष्टम्।
शीघ्रं पिष्टी जायते सद्विगन्धान्मन्दं पच्याद्भूधरे भस्मसूतः

टो, पा. स

तावे के प्याले में पारे को डाल उसमें थोडा थोडा वलि डालता हुआ रगडता रहे तो पारद की शीघ्र पिष्टी वन जाती है। इस प्रकार पारद में दूना वलि देकर पिष्टी वनाय सम्पुट में रख भूधर यन्त्र में दवाय उस पर ४ प्रहर की आच दे तो पारद की भस्म वने।

(१२) पल सूतं पलं गन्धं कृष्णोन्मत्तद्रवै स्त्र्यहम्।
मर्दितं वज्रमूषायां वह्निं कृत्वा तु ध्मापयेत्।
दिनान्ते तं समुद्धृत्य तद्वन्मर्द्यं विपाचयेत्।
एवं सप्तदिनं कुर्यान्मृतो भवति हि रस॥

र. का. धे, र प्र सु

रसप्रकाश सुधाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

पारा वलि ४–४ तो० कज्जली वनाय काले धतूरे के रस में ३ दिन भावना दे सुखाय दृढमूषा में सम्पुट कर धमावे (आच ३५० श से अधिक न लगे) सारे दिन इस तरह आँच देकर शाम को शीतल होने पर अगले दिन उक्त विधि से धतूरा की भावना दे फिर धमावे। इस तरह ७ वार करने पर

पारद की भस्म बने।

(१३) सशुक्तपिच्छ समोपि हि पारदो भवति खल्वतलेन च कुट्टितः।
दृढतरामुपकल्पय पर्पटीं वसनवद्धकृतामपि पोटलीम्।
उपरि नागरसेन विलेपिता रविकरेण सदापरिशोषिताम्।
कनकपत्ररसेन च सप्तधाऽप्यवनिगर्ततले विनिवेशय।
अवनिगर्त भरीतिक्रमायत द्विदशमङ्गुलमेव सुनिम्नकम्।
सिकतया परिपूर्ण तदर्धकं तदनु तत्र निवेशय पोटलीम्।
उपरि वालुकया परिपूर्य तच्छगणकैश्च पुटं परिदीयताम्।
द्विदश यामम्थाग्निमहो कुरु भवति तेन महारस पोटली।
इति मया कथिता रसपोटली वलकरा सुकरा सुख सिद्धिदा।

र प्र सु

पारा वलि वरावर कज्जली वनाय पर्पटी वनावे, उस पर्पटी को पीस पोटली वाव उस पर पान के रस का लेप चढाय सुखाय वतूरा पत्र के नुगदे में रख सम्पुट कर १२ अगुल के गहरे गढे में रख मिट्टी या वालू का दावू दे उस पर १२ प्रहर की आच दे तो यह महारस पोटली नामक पारद की भस्म वने।

(१४) निर्गुण्डिकापत्र रसैः पारदं परिमर्दयेत्।
गन्धकेन समे घर्मेतीव्रेयामत्रयं सदा॥
हण्डिकायन्त्र मध्यस्थ विमुञ्चकुशलोनरः।
समुत्थाप्य पुनर्नीत्वा घृतादिपरिमर्दितः॥
धम्यते वह्नियोगेन कीदृग्रूपं रसंभवेत्।
तन्मव्यगं पुनः सूतो [1]सुश्वेत नयति [2]पृथक्॥
पुनर्घृतादिभिर्घृष्ट्वा वह्नियोगेन वध्यते।
प्रयाति पारदः पुंसामतिवल्लभउत्तमः॥

र चि, रसे चि, र का वे र ज. नि

१ श्वेतोऽयनीयते पृथक् रसजलनिधि इतिपाठ. २ जायते भृशम् रसेन्द्र-चिन्तामणि इति पाठ।

पारद को सभालू रसकी भावना दे इसी प्रकार पारे के वरावर वलिको भी सभालू रस में ६ घटे खरल कर दोनो की कज्जली वनाय सुखाय सम्पुटकर लवण यन्त्र या वालुका यन्त्र में दावू देकर ४ प्रहर की आँच दे, फिर निकाल

उसे खरल मे डाल घी से घोट टिकिया बनाय मूषा में सम्पुट कर धमावें तो किट्ट रूप पारद मिले। उसे पुन घी मे घोट टिकिया बनाय सम्पुट कर उसी प्रकार धमावे तो पारद भस्म बने।

(१५) समांशं घोटयेच्छुद्ध पारदंगन्धक तथा।
नागार्जुनी रसैर्मर्द्यं सुरसावाकुचीभवैः।
मयूरपर्णी कौमारी मधुयष्टी समुत्थितैः॥
वाराह कर्णी स्वरसैः बहुफल्यास्तथैव च।
एतासां रसमादाय भावनायां पृथक्पृथक्।
कुक्कुटाण्डं तत्र घृष्ट्वा छिद्रयुक्तं समाचरेत्॥
तत्रास्थित च निष्कास्य तत्रभूत्वा महारसम्।
वस्त्र मृत्तिकयाऽऽलिप्य कौक्कुटं च पुट चरेत्॥
पक्वं नीतं पुनर्मर्द्यं पुनः पक्व पुनस्तथा।
एवं त्रिवार संस्कारे रसरक्षोऽमृतोपमम्॥
क्षुधाकरं वीर्यकरं बलवर्णाऽग्नि वचनम्।

र.रा सु,र यो सा

निर्मल पारा बलि सम कज्जली बनाय दूधी, तुलसी, बावची, मोरशिखा, कुमारी, मुलहटी, वाराहीकन्द, बहुफली प्रत्येक के रस या क्वाय की १-१ भावना दे सुखाय मुर्गी केअण्डे को खाली कर उसमे कज्जली भर सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे। पुन निकाल उक्त वनस्पतियो की भावना व इसी विधि से पुट दे, इस तरह ३ वार करे तो यह राक्षस रस नामा पारद की भस्म बने। यह अत्यन्त क्षुधावर्धक वीर्यवर्धक, रक्तवर्धक, अग्निवर्धक है।

(१६) गोघृतं गन्धके सूत पिष्ट्वापिण्डीं प्रकल्पयेत्।
कुमारी दल मध्यस्था कृत्वा सूत्रेण वेष्ठयेत्॥
ता कान्ते सम्पुटे रुद्ध्वा त्रिभिर्लघु पुटैः पचेत्।
ततो ध्माते भवेद्भस्म चान्धमूषै. रसोद्भवम्॥

आ क, र. ज नि

आनन्द कन्देभिन्न पाठ प्रतिपादित।

पारा बलि सम की कज्जली को गौ के घी में घोट टिकिया बनाय कुमारी के नुगदे मे रख सूत से लपेट लोहे के सम्पुट मे बन्द कर लघुपुट की आच दे

इसविधि से ३ वार करे पुन उसे दृढ सम्पुट मे वन्द कर धमावे तो पारद की भस्म वने ।

(१७) रसेन सितवर्षाभ्वा रसं द्विगुण गन्धकम् ।
घृष्टं पचेच्च मूषाया द्वौ मासौ तस्य भक्षयेत् ॥
गोपाल कर्कटी मूलं कुलत्थोदैः पिवेदनु ।
गोकण्टक सदाभद्रा मूलक्वाथ पिवेन्निशि ॥
अयपाषाण भिन्नान्ना रस पाषणभेदकः ।

र र स, र यो सा

पारे से दूना वलि मिलाय कज्जली वनाय पुनर्नवा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे तो पारद भस्मवने । इसकी मात्रा दो माशा है ककडी के मूल क्वाथ से या गोखरू गम्भारी मूल क्वाथ से कुछ दिन निरन्तर सेवन करे तो यह पथरी को तोड कर निकाल देती है इसका नाम पाषाण भेदी रस है ।

वक्तव्य—गोपाल कर्कटी लतायाम् इति वैद्यक शब्द सिन्धौ प्रतिपादित । प० हरीप्रपन्नजी ने गोखक्ष कर्कटीको समान अर्थी माना है, वास्तव में गोपाल कर्कटी खाने वाली इसी ककडी को कहते है, जिसके मूल और वीज का उपयोग यूनानी में अश्मरी, मूत्रकृच्छ पर होता है ।

(१८) अप्रसूतगवा मूत्रैः पेषयेदुक्त मूलिका. ।
तद्द्रवैर्मर्दयेत्सूतं तुल्यगन्धक सयुतम् ॥
तप्तखल्वे चतुर्यामम्विच्छिन्नं विमर्दयेत् ।
तत्पिण्ड पाचये द्यन्त्रे त्रिसंघट्टे महापुटे ॥
एवं दशपुटे धार्यं मर्द्यं पाच्यं पुनः पुनः ।
ततो धृत्वा पुनर्मर्द्यं वज्रमूषानिरोधयेत् ॥
भूधराख्ये पुटे पाच्यं दशधा भस्मतां व्रजेत् ।
द्रवैःपुन पुनर्मर्द्यं सिद्धोऽत्रभस्मसूतकैः ॥

रसे चि, र. का धे

सिद्धमूली नामक वनस्पति को वछिया के मूत्र में पीसे उसके रसमे पारद वलि की वनी कज्जली को तप्त खरल मे ४ प्रहर मर्दन कर टिकिया वनाय सुखाय दृढ सम्पुट कर वालुका यन्त्र मे रख पुन सम्पुट कर गजपुट की आच

दे। इस प्रकार १० पुट दे। या भूधर यन्त्र मे रख कर पुट दे उक्त विधि से १० पुट दे तो पारद की भस्म बने।

(१९) नियामकौषधैर्मर्द्यं चतुर्याम रसेदृढं।
द्विगुणेगन्धतैले च शनैर्मन्दाग्निना पचेत् ॥
यावद्घोटत्वमाप्नोति तावदेव पचेद्रसम्।
तद्घोट सम्पुटे लोहे क्षिप्त्वा रुद्ध्वा दृढं सुधी. ॥
पथ्या जलै र्लोह किट्टं पिट्वा सम्पुट मालिखेत्।
तस्योर्ध्वे श्रावका काचं कृत्वा नाग विनिक्षिपेत् ॥
सनागो द्रवते यावत्तावदेवं भवेत्प्रिये।
यावन्नायाति काठिन्य तावंन्नैव धमेत्सुधीः ॥
पुन कठिनतां प्राप्ते धमेत्पूर्वोक्तवन्मुहु.।
त्रियाम धमनादेवं भस्मी भवति पारद. ॥

आ क

नियामक ओषधियो मे ४ प्रहर प्रथम पारद को भावना दे तत्पश्चात् दूना बलि तेल मिलाय मन्द मन्द आच पर पकावे जबतक पारा खोट रूप को प्राप्त न हो तबतक उसे पकाता रहे, फिर उस खोट को लोह सम्पुट मे दृढ बन्द कर उस पर इतनी आच लगावे कि सीसा जिससे पिघल सके इतनी आच में धमावे, वह पारा जबतक बलि से मिल कर कठोरता को प्राप्त न कर ले इसी विधि से पुन पुन. सम्पुट में बन्द कर धमाता रहे। ग्रन्थकार कहता है ९ घटा इस प्रकार धमन करने से पारद भस्म बने।

(२०) रस गन्धक तैलेन द्विगुणेन विमर्दयेत्।
दिनैकं वाऽथ सर्पाक्षी विष्णुक्रान्ताहभृङ्गजै ॥
त्र्यह विमर्दयेद्भावैस्त्रिसंघट्टे महापुटे।
इत्येव मष्टधा पाच्यं रसोभस्मी भवेद्ध्रुवम् ॥

र र, आ क

आनन्द कन्दे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

पारे से दुगना बलि तेल उसमे पारा डाल कर खरल कर सर्पाक्षी (गन्धनाकुली) या भागरा या अपराजिता रस की ३ दिन भावना दे त्रिसघट्ट महापुट (देखो न० १८) मे रख कर पुट दे, इस विधि से ८ पुट दे तो पारद भस्म बने।

(२१) शुद्ध मृतार्धभागेनशुद्ध गन्धेन मर्दयेत् ।
मारकौषधजैर्द्रावैर्दिनं मूषागत पचेत् ॥
यन्त्रेभूधरकेणैव दिननैकेन भस्मति ।

आ क, र म, र.च, र र., र मञ्जरी, र ज नि, भा भै र

अन्य ग्रन्थेषु "कन्यानीरेण मर्दयेत्" इति पाठ ।

पारे से आधा वलि ले मारक औषधियों मे या कुमारी रस में एक दिन खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर भूधर यन्त्र मे २ प्रहर की आँचदे तो पारद भस्म वने ।

(२२) [1]तण्डुलीयद्रवैः पिष्ट सूत तुल्य च गन्धकम् ।
वज्र मूषागते कृत्वा भूधरे भस्मतां नयेत् ॥

र र, र, कौ, नि र, रसा स, र को, वै चि, र चि, र च, भै सा, र स सि., रसा., र.म, र का धे, यो म, व रा, र क ल, टो, र रा सु, र यो सा. रससिद्धात सग्रहे रसयोग सागरे मर्दयेच्चम्पकद्रवै इति पाठ ।

पारा वलि वरावर कज्जली वनाय काटे वाली चौलाई के रस की भावना दे । रस सिद्धान्त सग्रहमें २००चम्पाके फूलके रसकी भावना दी है—पुन टिकिया वनाय सुखाय दृढ सम्पुट में रख भूधर यन्त्र में ८ प्रहर की आँच दे तो पारद भस्म वने। चम्पा फूलके रसमें भावना देनेपर ग्रन्थकारने उसका नाम चपक पारद रखा है ।

(२३) स्नुहीक्षीरेदिनंसूतं मर्दयेत्तद्भावतः ।
अम्लवल्लीरसैरेवं तं रस गन्धकंसमम् ॥
गर्भयन्त्रे विनिक्षिप्य पूर्ववद्विपचेत्पुन ।
मृतो भवेद्रसः सोऽयं सर्वरोगहरो भवेत् ॥ आ क.

पारा वलि सम कज्जली वनाय थोहर दूध में या अम्लवेत के क्वाय में १ दिन भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर वालुका यन्त्र में दावू दे ४ प्रहर की आच दे तो पारद भस्म वने ।

(२४) [1]समं गन्ध रस शुद्धं कीट मारिणिका द्रवैः ।
अजमार्याऽहि मार्यैर्वाश्वेताङ्कोल रसेन वा ॥
मर्दयेत्त्रिदिनं क्षिप्त्वा मृन्मये सम्पुटेत्ततः ।
दिनमेक करीपाग्नौ तुपाग्नौ वा दिन त्रयम् ॥

पचेत्ततः सूत भस्म जायते रुग्जरापहम्।
र र, रत, र ज नि, आ क,

रसरत्नाकरे त्रुटित पाठ [१], घनजीर्णं रसगन्ध आनन्दकन्दे इति पाठभेद।

पारा वलि सम भाग विडग, अजमारी, अहिमारी या श्वेत अकोलके क्वाथमे कज्जली को तीन दिन भावना दे। आनन्दकन्दकार कहता है पारा अभ्रजीर्ण ले, उसमें वलि मिलाय उक्त वनस्पतियो की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर करीप की अग्नि मे या धान के तुष की अग्नि में भाण्डपुट मे रखकर ३ दिन की आँच दे तो पारद की भस्म वने।

(२५) शुद्ध सूत द्विधागन्ध सूततुल्य च सैन्धवम्।
शमी श्वेता दलद्रावैर्मर्दितं गोलकी कृतम्॥
नागवल्ली द्रवैर्वेष्ठ्यं पाच्यं डमरु यन्त्रके।
दिनान्तमूर्ध्वं लग्नं तद्ग्राह्यभद्र्यं त्रिगुञ्जकम्॥

र र, नि र, रा का धे, र को, रसे र को, र यो मा

पारा नमक १-१ भाग वलि २ भाग जण्ड (छोकर) के कोपलरस की भावना दे टिकिया वनाय पान पत्तो में लपेट डमरु यन्त्र मे रख ४ प्रहर की आँच दे तो ऊपर उडकर रससिन्दूर लगे। मात्रा ३ रत्ती।

(२६) वलाव्दरवि भूधात्री सस्यघ्नी गोभिकाम्बुभि.।
मर्दितस्तुर्य भागेन गन्धकेन समन्वित॥
वेष्टितो हिंगुना फल्गु क्षीरेवाऽर्के दधित्थजे।
चूर्णं प्रभे प्रदेयोऽयमन्तर्लवणमीशजः॥
प्रध्मातः शनकैर्वह्नौ रसो भवति नान्यथा।
वक्त्रस्य वयस. स्थैर्यं करोत्यखिलायुर्जित्॥

रसे चू, र. का धे.

पारे से चौथाई वलि ले कज्जली वनाय वला, मोथा, आक, भूआवला, शल्लकी, वनगोभी, प्रत्येकके रसकी १-१ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय उसपर हीगका लेपकर सुखाय पुन उसपर कठूमरके दूध या आकका दूध जो जम गया हो उस दूधका लेपकर सुखाय कठूमर या आकके सूखे नुगदेमें रख लवण यन्त्रमे दावू देकर धमावे तो पारा वलि के साथ मिलकर वध जाता है। उस पारे को मुख में रखने से या खाने से समस्त रोग दूर होकर स्वास्थ्य ठीक हो जाता है

और आयु स्थिर हो जाती है।

(२७) ऊर्ध्वाधस्तात्त्वजीर्णस्य सूतस्य समगन्धकम्।
निक्षिपेत्सर्वं मूषायां गर्ते द्वाभ्यां चतुर्गुणम्॥
काकमाची द्रवे दत्त्वा निरुद्धेन क्रमाग्निना।
[1]पचेत्कन्दुक यन्त्रे च मूषायामचतुष्टयम्॥
भस्मसाज्जायते सूतो योजयेत्तं रसायने।

आ क, र मंजरी रसमजर्याम् भिन्न पाठ प्रतिपादित। [1]पाचयेद्गडुकायन्त्रे रसमजर्यामिति पाठ।

पारेके बराबर वलि मिलाय उसके नीचे प्रथम वलि को जीर्ण कर ले फिर एक मूषा मे डाल दोनो से चौगुना मकोय का रस भर कर सम्पुट कर कन्दुक यन्त्र या हण्डी यन्त्र मं रख ४ प्रहर की आच दे तो पारद की भस्म वने।

(२८) पलमात्रं रस शुद्ध तावन्मानन्तु गन्धकम्।
विधिवत्कज्जली कृत्वा न्यग्रोधाऽङ्कुर वारिभिः॥
भावना [1]त्रिदिनं दत्त्वा स्थाली मध्ये निधापयेत्।
[2]विरच्य कवर्चा यन्त्रं वालुकाभिः प्रपूरयेत्॥
दद्यात्तदनु मन्दाग्निं भिषग्यामचतुष्टयम्।
जायते रस सिन्दूर तरुणादित्य सन्निभम्॥

रसे सा स, नि र, रसे क, र च, रसे र को, आ प्रा, यो र, यो म, र औ यो, वै वि लघु, र पा, र चि, र का धे, र त, र स क, र र, यो म, र मजरी। [1]त्रितय रस चडाशी रसमजर्यामितिपाठ। [2]विधाय कच्छप यन्त्र रस चण्डाशी इति पाठ।

पारा वलि ४-४ तो० कज्जली वनाय वटाकुर रस की ३ दिन भावना दे सम्पुट कर वालुका यन्त्र मे दावू दे ४ प्रहर की आच दे या काच कूपी मे भर वालुका यन्त्र में चढाय ४ प्रहर की आच दे तो रससिन्दूर नामा पारद की भस्म वने।

(२९) धूमसारं रसंतुवरीं गन्धक नवसादरम्।
यामैक मर्दयेदम्लैर्भागं कृत्वा समं समम्॥
काचकूप्यां विनिक्षिप्य वालुकायन्त्रगंपचेत्।

वह्निं द्वादशभिर्यामैर्म्रियते रस उत्तमः ॥

च र. वृ. यो त, आ प्र, भा प्र, शा ध, चि र, र मजरी, भा भै र,

योग तरगिण्या आयुर्वेद प्रकाशे रसामृते धूमसार रहित योग भिन्न पाठ प्रतिपादित, रसमर्जया भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

घर का धुआ (आजकल चिमनी का काजल ले) पारा, फिटकिरी, वलि, नौसादर सव वरावर १ प्रहर निम्बूरस में खरल कर सुखाय काचकूपी में भर वालुका यन्त्र में विठाय १२ प्रहर की आँच दे तो पारद की रस सिन्दूर नामा भस्म वने । योग तरगिणी, आयुर्वेद प्रकाश और रसामृतकारने भिन्न पाठ दिया है तथा इसमे घर का धुआ नही डाला ।

(३०) गन्धकं धूमसारं च शुद्धसूतं समं समम् ।
यामैक मर्दयेत्खल्वे काचकूप्यां निवेशयेत् ॥
रुद्ध्वा द्वादशयामेषु वालुकायन्त्रगंपचेत् ।
स्फोटयेत्स्वांगशीतं तमूध्वेस्थं गन्धकं त्यजेत् ॥
अधस्थंमृतसूतं च सर्वरोगेषुयोजयेत् । र च, र मजरी

वलि, काजल, पारा समभाग एक प्रहर खरल कर काचकूपी मे भर वालुका यन्त्र मे विठाय १२ प्रहर की आच दे तो गले पर लगा रस सिन्दूर नामा पारद भस्म वने ।

(३१) विगतदोषकृतौ रसगन्धकौ तदनुलुङ्गरसेन परिप्लुतौ ।
प्रहर युग्ममित च शिलातले रविकरेणविमर्द्य विचूर्णितौ ॥
रुचिर काचवटीविनियोजितो सिकतयन्त्र वरेण दिनत्रयम् ।
कुरु भिषग्वर वह्निमधस्ततः स च भवेदरुण कमलच्छविः ।
र र, र मजरी, र च, र प्र सु, र का धे

रसकामधेनौ भिन्न पाठ प्रतिपादित तथा काकमाचीरसेन भावना दत्त्वा इति विशेष । रस मजर्याम्, रस चण्डाशौ भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

पारा वलि वरावर ले कज्जली वनाय विजौरा रस की भावना दे रस कामधेनुकार १ महीना मकोय रस की भावना दे—भावना धूप मे वैठकर दे, फिर उसे काचकूपी मे भर वालुकायन्त्र मे विठाय ३ दिन की आच दे, अर्थात् ७२ घण्टे की आच दे, ऐसा कहता है, तव रससिन्दूर वने । रस रत्नाकर तथा रसमजरी और रसचडाशुकार ने सभालू रस की भावना दी है ।

(३२) जलपिप्पलिकालिङ्गी ताम्बूले च हरिद्रिका ।
श्यामागर्दभमूत्रं च रसमेभिर्विमर्दयेत् ॥
लोहपात्रे तापिते तु ततस्तुर्याशगन्धकम् ।
दत्त्वा कूप्यांत्रियामतु वह्नौभस्म प्रजायते ॥ र का धे

जल पीपल, शिवलिंगी, पान, हल्दी, तुलसी इनके रस तथा गधे के मूत्र में पारा पारे से चौथाई वलिकी कज्जली को उपरोक्त रसोकी भावना दे इन्हींके रस मे पकाय सुखाय काचकूपी मे भर वालुकायन्त्र मे रख ३१वी विधि के अनुसार आच दे तो पारद भस्म वने ।

(३३) गधक नवसार च शुद्धसूत समत्रयम ।
यामैक चूर्णयेत्खल्वे काचकूप्यां विनिक्षिपेत् ॥
रुध्वा द्वादश यामान्त वालुका यन्त्रग पचेत् ।
स्फोटयेत्स्वांगशीतं तदूर्ध्वं गन्धकं त्यजेत् ॥
तले भस्म रसो योगवाही स्यात्सर्वरोगहृत् ।

आ वे प्र, रसे सा स, यो र, र चि, र ज नि, र रा सु, भा भै र रसचिन्तामणौ भिन्न पाठ प्रतिपादित तथा नागार्जुनी काकमाची रसस्य भावना दत्त्वा इति विशेष । आयुर्वेद प्रकाशे यत्किंचिन्नागदत्त्वा ।

वलि, नौसादर और पारा सवसमभाग १ प्रहर खरल कर काचकूपी में भर वालुकायन्त्र में विठाय १२ प्रहर की आच दे तो रससिन्दूर वने ।

(३४) भूधात्री हस्तिसुण्डीभ्यां रसं गन्ध च मर्दयेत् ।
काचकूप्या चतुर्यामं पक्वः पीतो भवेद्रसः ॥

अन्यच्च—वटाश्वत्थस्नुह्यर्क काकोदुम्बरिकापयः ।
समगन्धेन सूतस्य मर्दयेत्त्रित्रिवासरम् ॥
पूर्वोक्त विधिनादेव भस्मतां यातिनिश्चितम् ।

रमे सा स, पा स, र सा प, आ वि, र च, र स क, र सागर, र रा स, रससारपद्धति रसेन्द्रसार सग्रहे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

भू आवला, हाथीसुण्डी के रस में पारा वलिकी कज्जली को भावना दे या वट, पीपल, थोहर, आक, कठूमरके रसकी भावनादे काचकूपीमें भर वालुकायन्त्र में चढाय ४ प्रहर की आच दे तो पीतवर्ण की पारद भस्म वने । नोट—पीत

नही बनती तब ही बनती है। इसे क्षुद्वोधी लिखाहै।

(३५) अपामार्गमथोचिञ्चा जलकुम्भी पुनर्नवा।
एतैः सम्मर्दयेद्यत्नात्समगन्धक पारदम्॥
काष्ठोदुम्बारिका दुग्धै. रसमर्द्यत्रिवासरे।
काचकूप्या ततः क्षिप्त्वाक्रमवृद्धाग्निनापचेत्॥
त्रिदिनात्तत्समुद्धृत्य इन्द्रगोप सम प्रभम्। र सागर

अपामार्ग, इमली, सेवार, पुनर्नवा, इनके रस मे पारा बलि की कज्जली को भावना दे पुन ३ दिन कठूमर के रस की भावना दे सुखाय वालुकायन्त्र में भर ३ दिन की क्रम विवर्धित आच दे तो रससिन्दूर नामा पारद की भस्म बने।

(३६) गन्धकं सूततुल्य च क्षिप्त्वातन्मूलिका रसै.।
रक्ततण्डुल धत्तूर रसै. सम्मर्द्य निक्षिपेत्॥
वालुकायन्त्र मार्गेण काचकूप्या च पाचयेत्।
दिनार्वे नयनानन्द सिन्दूर भवति ध्रुवम्॥ र. कौ

पारा बलि समभागकी कज्जलीको सिद्ध मूली के रस तथा लाल मडल वाले धतूरा के रस की भावना दे सुखाय काचकूपी में भर वालुकायन्त्र मे बिठाय दो प्रहर की आच दे तो रससिन्दूर बने।

(३७) रसगन्धौ रविक्षीरैस्तिथि वारान्विभावयेत्।
यामद्वादशक वह्निर्वालुकायन्त्रतो मत॥
स्वांगशीतं समुद्धृत्य वज्रीक्षीरेण भावयेत्।
दद्यात्पूर्ववदग्निञ्च ततश्चतिथिभावना:॥
भावना. स्युश्च कम्पिल्ल बीज तैलेन चानल.।
याम षोडशक: सोयं विकरालस्य भैरव:॥

रसा. ल,टो, र का वे र यो सा, भा भै र

रसालकारे टोडरानन्दे भिन्न पाठ प्रति पादित। विशेष भावना दत्त्वा इति विशेष।

पारा बलि सम भागकी कज्जलीको आक दूधकी १५ भावना दे काचकूपीमें भर वालुका यन्त्र में १२ प्रहर की आच दे। पुन थोहर दूध की १५ भावना दे इतनी ही भावना फिर कबीला बीज तेल की देकर वालुका यन्त्र मे १६ प्रहर की आच दे तो यह विकराल भैरव नामक पारद की भस्म बने। इसके

सेवन से प्रत्येक ज्वर, सन्निपात वात कफ जन्य रोग उदर रोग तथा कुष्ठ दूर हो ।

रसालकार और टोडरानन्द ने कज्जली के साथ मीठातेलिया मिलाय आकदूध की भावना दी है। इसने एक ही वार कूपी पाक कर हुलहुल, मकोय धतूरा, भाँग, चागेरी प्रत्येक के रस की १-१ भावना दी है और इसका नाम ज्वराकुश दिया है लाभ वही जो ऊपर विकराल भैरव का है।

(३८) शुद्धे सूते समगन्ध रक्तौत्पल दल द्रवैः ।
याम मर्द्यं पुनर्गन्ध सधिं तत्र विनिक्षिपेत् ॥
पूर्व द्रावैर्दिन मर्द्यं रसार्धगन्धके पुनः ।
दत्त्वा तद्वदिन मर्द्यं काच कूप्यां निरोधयेत् ॥
दिनैकं वालुकायन्त्रे पक्व मुद्धृत्य चूर्णयेत् ।
भूकूष्माण्डी कषायेण भावयेदिन सप्तकम् ॥
छायायां तत्सिना तुल्य निष्कैकं भक्षयेत्सदा ।

रसा ख धन्व, र र, र म, र. को, र सा स, रसे क, र सागर, र मृ, रसे र को, र यो सा

पारा वलि सम कज्जली वनाय लाल कमल के रस की भावना दे पुन पारे से आधा वलि और डाल कमल रस की १ भावना दे काचकूपी मे भर वालुका यन्त्र में विठाय ४ प्रहर की आच दे पुन निकाल विदारीकन्द रस की ७ भावना दे छाया मे सुखाय वरावर की खाड मिलाकर ४ माशे नित्य सेवन करे तो यह रस परम वाजीकर वीर्यवर्धक है।

(३९) रसाद्द्विगुणित गन्ध समं वा वालुकायंत्रे ।
जायते रस सिन्दूरोऽग्निना द्वादश यामतः ॥

र मा, र म, नि र, र रा श, र सा प., वै क, आ वि, र र स, र का धे, र क ल, यो चि, यो सा, अनु त, रसे सा स, यो र., यो त, टो, चि र, पा स, र रा सु, र यो सा,

पारे के वरावर या दूना वलि ले कज्जली वनाय काचकूपी मे भर वालुका यन्त्र में विठाय ४ प्रहर या १२ प्रहर की आच दे तो रस सिन्दूर वने। अ त

हिंगुल से रससिन्दूर

(४०) रस गन्धक सम्भूतो हिंगुलः प्रोच्यते बुधैः ।
र द, र का धे

पलोन्मितं तु दरदं शुद्ध गन्धञ्च तत्समम् ।
श्लक्ष्णचूर्णं ततः कृत्वा काचकूप्यां निधापयेत् ॥
रससिन्दूर विधिना बालुकायन्त्रगं पचेत् ।
स्वांग शीतं ततो ज्ञात्वा जपायाः कुसुम प्रभम् ॥ र त.

अन्यच्च—हिंगुलात्शतभागेन बलिं दत्त्वा विमर्दयेत् ।
काचकूप्यां चतुर्याम तरुणारुण सन्निभम् ॥ नू वि.

पारा बलि से हिंगुल बनता है ऐसा विद्वान् कहते हैं । और उसी हिंगुल के बराबर या उसके शताग बलि मिला कर खरल कर बालुका यन्त्र मे रख पकावे तो रससिन्दूर बने ।

(४१) हिंगुलं कर्षमानं तु मर्दयेत्खल्व मध्यगम् ।
सुवर्ण कर्ष मेक च तत्समं पारदे क्षिपेत् ॥
मर्दयित्वा क्षिपेत्तत्र गन्धकं कर्ष मात्रकम् ।
मर्दयेदर्कजक्षीरै र्बन्धयेत्पट्ट मध्यगे ॥
भूधरे पाचयेद्यन्त्रे कुक्कुटो पुटितेन च ।
पुनर्वस्त्रेण संवेष्ट्य तस्योपरि च गन्धकम् ॥
सर्व मेकत्र बध्नीयात्पुर्नवस्त्रेण पूर्ववत् ।
हेमगर्भ रसो नाम तरुणारुण सन्निभम् ॥
यो र, भा भै र

हिंगुल सुवर्ण वर्क और पारा १-१ तो० प्रथम पारद सुवर्ण मिश्रण बनाय उसमे १तो०बलि और हिंगुल मिलाय सबको आकदूधमे कई भावना दे गोली सी बनाय सुखाय कपडे की पोटली मे बाध सम्पुट कर भूधर यन्त्र मे रख कुक्कुटपुट की आच दे फिर उस गोली को निकाल उस पर बलिका लेप कर ऊपर से कपडा लपेट उस पर भी बलिका लेप कर सम्पुटकर पुन भूधरयन्त्र मे रख कुक्कुटपुट की आच दे । इस विधि से ३ बार करे तो यह हेमगर्भ पोटली रस बने । यह एक प्रकार का चन्द्रोदय है ।

(४२) सूत तुल्य मृत हेम द्वाभ्यां तुल्य च गन्धकम् ।

रविक्षीरैर्दिनं मर्द्यमुद्रयेद्भूधरे पचेत् ॥
पुटैकेन भवेत्सिद्धि र्मूर्च्छितः सर्व रोगहा । र र, पा स.

पारद के बराबर सुवर्ण की भस्म दोनो के बराबर वलि मिलाय आकदूध की एक दिन भावना दे गोली बनाय ४१ न० की विधि से भूधर यन्त्र मे कुक्कुटपुट की आच दे इस विधि से तब तक पुटें दे जब तक पारद बलिसे मिल कर चन्द्रोदय न बना ले ।

(४३) पलं मृदु स्वर्णदलं रसेन्द्रात्पलाष्टकं षोडशगन्धकस्य ।
शोणैः सुकर्पासभवैः प्रसूनै. सर्वं विमर्द्याथ कुमारिकाद्भिः ।
तत्काच कुम्भेनिहित सुगाढ मृत्कर्पटैस्तद्दिवसत्रयं च ।
पचेत्क्रमाग्नौ सिकताख्ययन्त्रे ततो रसः पल्लवरागरम्यः ॥

टो, र की, यो चि, वा क क, व पां म, र रा सु, वृ यो त, यो त., र म, रसे सा स, यो र, र च, र र स, भै र, वै र, र चि, ।
उक्त ग्रन्थेषु कुत्रचित् भिन्न पाठ प्रतिपादित. ।

सोने के वर्क ४ तो० पारा ३२ तो० बलि ६४ तो० पारा बलि की कज्जली कर सुवर्ण वर्क मिलाय लाल कपास के रस और कुमारी रस की ७-७ भावना दे, सुखाय काच कूपी मे भर बालुकायन्त्र मे बिठाय ३ दिन की क्रम विवर्द्धित आच दे तो चन्द्रोदय नाम से पारद की भस्म बने ।

(४४) शुद्धसूतं सम स्वर्णं याममम्लै र्विमर्दयेत् ।
प्रक्षाल्य ग्राह्येत्पिष्टी पिष्ट्यार्धं शुद्धगन्धकम् ॥
गन्धार्धं टकणं दत्त्वा सर्वतुल्याहरिद्रकाम् ।
स्त्रीपुष्पेण तु तत्सर्वं मर्द्यं रम्भाद्रवान्वितम् ॥
दिनान्ते गोलक कृत्वा बालुकायन्त्रग पचेत् ।
दिनं मन्दाग्निना तं वै समुद्धृत्य विचूर्णयेत् ॥
चूर्णांशो गन्धक दत्त्वा गर्भयन्त्रे त्र्यह पचेत् ।
तुषाग्निना लघुत्वेन जायते भस्मसूतक. ॥ र र.

पारा सुवर्ण भस्म दोनो की पिष्टी बनाय अम्लरस में घोट धो डाले, फिर पिष्टीका आधा बलि और बलिका आधा सुहागा और सबके बराबर हल्दी खरल कर स्त्री का रज और केले का पानी डाल कर १ दिन खरल कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर बालुका यन्त्र में दाबू देकर ४ प्रहर की मन्द आच पर

पाक करे। फिर निकाल उसके बराबर बलि मिलाय सम्पुट कर पुन भस्मयन्त्र मे या वालुका यन्त्र में दावू देकर तुप की अग्नि की आच दे या भूधर यन्त्र मे करीप अग्नि की आच दे तो पारद की भस्म (रससिन्दूर) बने।

(४५) भागोरसस्य त्रय एव भागा गन्धस्यमाप· पवनाशनस्य।
सम्मर्द्य गाढं सकले सुभाण्डे तां कज्जली काचकृते निदध्यात्॥
[1]सरुध्य मृत्कर्पटकै[2]र्घटीनां मुखे च चूर्णा [3]वटिकां च दत्वा।
क्रमाग्निनात्रीणि दिनानि पक्त्वा तां वालुकायन्त्रगतांततःस्यात्॥
वन्धूक पुष्पारुण मीशजस्य भस्म प्रयोज्यं सकलामयेषु।
र मजरी, वृ यो त, र र प्र, र प्र सु, र रा सु, भा भै र,
रसप्रकाशसुधाकरे रसराज सुन्दरे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

१ सवेष्ट्य रसमजर्यामिति पाठ·। २ खटीता रसमजर्यामिति पाठ। ३. खटी च दत्त्वा रसमजर्यामिति पाठ।

पारा १ भाग वलि ३ भाग सीसा पारे का १२ वा भाग। अथवा पारा वलि वरावर सीसा पारे से चौथाई सव को एवत्र कर हाथीसुण्डी, घरका धुआ और हींग प्रत्येक की ३-३ भावना दे, सुखाय काच कूपी में या वालुका यन्त्र मे विठाय ८ प्रहर या १२ प्रहर की आच दे। वलि के जल जाने पर शीशी का मुख वन्द कर दे तो पारद की भस्म वने।

(४६) सूतार्धं गन्धकं शुद्धं माक्षिकोद्भूत सत्वकम्।
गन्धतुल्य विमर्द्याथ दिनं निर्गुण्डिकाद्रवैः।
स्थापयेद्वालुकायन्त्रे काच कूप्यां विपाचयेत्॥
अन्धमूषागतं वाऽथ [1]गडुका यन्त्रके दिनम्।
पक्वं संजायते भस्म दाडिमी कुसुमोपमम्॥ र च, र म,

१ वालुका रसमजर्यामिति पाठ।

पारे मे आधा वलि और वलि के वरावर माक्षिक सत्त्व सवको लेकर निर्गुण्डी के रस की भावना दे सुखाय काँच कूपी मे भर वालुका यन्त्र मे विठाय ४ प्रहर की आच दे। या सम्पुट मे वन्द कर वालुका यन्त्र मे दावू देकर आच दे तो रससिन्दूर वने।

(४७) रसकर्पाश्च चत्वारो जसदं तावदेव तु।
शोधितं चूर्णितं कृत्वा उभे खल्वे तले क्षिपेत्।

द्वयोः सम्मेलने कृत्वा मर्दयेद्याममात्रकम् ॥
रसाद्विगुणित गन्ध रसार्धं नवसादरम् ।
सर्वेषां कज्जली कृत्वा मर्द्यं जम्बीरवारिणा ॥
दिनैक मर्दने कृत्वा सन्यक् शुष्क समाचरेत् ।
मृत्कर्पटप्रलिप्ताया काचकूप्या विनिक्षिपेत् ॥
सिकतायन्त्रके पाच्यं क्रमाद्द्वादशयामकम् ।
स्वागशीत समुद्धृत्य रस चार्मीकर प्रभम् ॥

वै चि लघु, र यो सा.

पारा जस्ता बराबर, पारे से दूना बलि और पारे से आधा नवसादर प्रथम पिष्टी बनाय फिर बलि मिलाय फिर नवसादर मिलावे। सबको जम्बीरी रस की १ भावना दे सुखाय काच कूपी मे भर बालुका यन्त्र में बिठाय १२ प्रहर की आच दे तो लाल रग की पारद भस्म बने।

(४८) शुद्धं सूत समं तुत्थं घनक्वाथेन सप्तधा ।
भावयित्वा न्यसेत्कूप्यां मुखे मुद्रां च कारयेत् ॥
बालुकायन्त्रमध्ये तु यामार्कं ज्वालयेदध. ।
रसकर्पूर विख्यात. खोटवद्धो रसोत्तमः ॥

र का वे, यो त, भा भै र.

पारा तुत्थ समभाग ७ भावना मोथा क्वाथ की दे काच कूपी में भर बालुका यन्त्र मे बिठाय १२ प्रहर की आच दे तो रस कपूर नामा भस्म बने।

(४९) रसगन्धौ च कर्पा शावर्द्धकर्पंच खर्परम् ।
विमर्द्य सप्तधास्तां च कुमारीरसतो बुधः ॥
बालुकायन्त्रगे पाच्यमष्टप्रहर संख्यया ।
रसकर्पूरनामायं फिरंगादिनिपूदनः ॥

र रा शं.

पारा बलि बराबर पारे से आधा खपरिया सब को कुमारी रस की ७ भावना दे सुखाय काच कूपी में भर बालुका यन्त्र में बिठाय ८ प्रहर की आच दे तो रस कपूर नामा पारदकी भस्म बने। यह फिरगरोग को नष्ट करता है।

वक्तव्य—४८–४९ के यह दोनो योग रसकपूर नही बनते प्रत्युत रस सिन्दूर ही बनता है।

पारद की लवणाइद भस्में

(१) अङ्कोलमज्जा स्वरसै रेरण्ड कदली जलैः ।
मार्कवस्य द्रवै. सूत काकमाची रसैस्तथा ॥
धत्तूरपत्र स्वरसै र्भेंडापत्री रसैरपि ।
तण्डुलीयक तोयेन कन्यका रसनर्दितः ॥
इष्टिका काजिकेनाऽथ त्रिफला क्वाथ मर्दित ।
कण्टालिका रसेनादि देवदाल्या रसेन तम् ॥
चपला रस सम्पिष्ट गोक्षुरद्रव मिश्रितम् ।
चित्रकस्य रसैर्मृष्ट सेहुण्डपयसा तथा ॥
चिञ्चिका द्रव संपिष्टं मूषाकर्णी द्रवैस्तथा ।
आटरूषाम्भसा पिष्ट्वा कलिहारी रसैर्भृशम् ॥
गण्डदूर्वा रसेनामुं यामं यामं विमर्दयेतन् ।
पलपटक प्रमाणं स्यात्पादं निम्बुद्रवै प्लुतम् ॥
बहुशोमर्द्यते तापे भाव्यते च पुनः पुनः ।
अथ तापी द्वय नीत्वा सम च दृढमुत्तमम् ॥
अधस्ताद्भावयेत्ताप्यो. पर्णं चूर्णेन लिप्यते ।
पुन. पञ्चमृदो ग्राह्या मृन्मध्ये लघु गर्तिका ॥
तन्मध्ये शिम्विका पात्र धत्तूरदल सम्भवम् ।
विरच्य मूषिकां गाढां तस्मिन् गर्ते निवेशयेत् ॥
तस्यां सूतं विनिक्षिप्य शिम्वी पत्र रसो रसे ।
दीयते शेर मात्रोऽस्मिन्सूक्ष्मच्छिद्र शरावके ॥
तत्पार्श्वे खर्परी देया निर्दोषानूतना तथा ।
तापिका मानयेच्चान्यां कन्या द्रव विलेपिताम् ॥
पुननौंसादरेणोक्ता मेकतः कुरुतद्वयम् ।
कुरु सन्धेर्निरोधं च पञ्चाच्चुल्ल्यु परिक्षियेत् ॥
यथाग्निरुद्धवेच्चारुर्द्धयोस्ताप्यो समंततः ।
याम षोडशकं यावद्वह्निं कुर्यान्निरन्तरम् ॥
तदानिष्पद्यते भस्म सूतकं शृणु यादृशम् ।

हीरकेन च सकाशं प्रमाणं हीरकाकृति ॥
क्वचित्पर्पटिकाकारं क्वचित्कर्पूर सन्निभम् ।
पिण्डरूपं क्वचित्साक्षाद्गलद्रूप्य प्रभं क्वचित् ॥
क्वचिच्चन्द्र समं साक्षादृश्यते दृष्टि सौख्यदम् ।
र चि, र ज नि.

२४ तोला पारद को निम्नलिखित वनस्पतियो में १-१ प्रहर धूप मे बैठकर क्रम से मर्दन करे—अकोल, एरण्ड, केला, भागरा मकोय, धतूरा, भिण्डी, चौलाई, कुमारी, ईंट, काजी, त्रिफला, करेला, वन्दाल, पीपल, गोखरू, चित्रक थोहर, इमली, मूसाकन्नी, वासा, लागुली, वडीदूव, निम्बूरस, इनमे घुट जाने के वाद दृढ हण्डी के भीतर ढाक के पतो का लेप करके सुखाय ले फिर ईंट चूरा, गेरू, नमक, राख, वावी की मिट्टी, इन सवको कूट उसकी मूपा वनाय उस मूपा में छोकर पत्र, धतूरा पत्र के नुगदे में पारा डालकर उस मूपा को उन्ही चीजो से वन्द कर उस हण्डी मे रख उसमें छोकर का १ सेर रस भर दे और उस पर नौसादर २० तोला डालकर सम्पुट कर डमरुयन्त्र वनाय सुखाय १६ प्रहर की आच दे तो उस हण्डी मे ऊपर पारद की भस्म कही हीरा सी चमक वाली, कही पपडी सी, कही कपूर सी, कही पिण्ड रूप चादी सी मिलेगी उसे खुर्चकर मिलाय पीस ले। मात्रा १ रत्ती। यह पारद की रसकपूर नामा भस्म है। इसे उपदश फिरग में दे।

(८३) शुद्ध पारा १ तोला, शुद्ध वग १ तोला वग को गलाकर उसमें पारा डाल दे और ठण्डा करले, गोली बन जायगी, फिर १०तोला पत्र हब्बुल्लास (मोरिद) को पीस कर उसे एक कपडे की पोटलीमे बांध ले और उस पोटली के बीच मे उस पारे की डली को रख कर उस पर १ सेर कपडे की लीरे कस कर लपेट दे फिर उसे एकान्त निर्वात स्थान में रख कर अग्नि लगा दे या दो पाथियो की अग्नि दे दे। लेखक कहता है कभी दोनो ही भस्म हो जाती है, कभी कली नीचे बैठ जाती है और पारे की सफेद भस्म हो जाती है। मि ख.

(८४) शुद्ध पारा, शुद्ध वग तोला तोला भर वग को गला कर पारा डाल गोली बना ले, फिर १० तोला बथुआ को सुखा कर उसके बीच में रख कर उपरोक्त विधि से अग्नि दे, तो पारद की भस्म बने। मि. ख.

(८५) उपरोक्त डली को तेजबल के छिलके के चूर्ण मे रख कर उपरोक्त विधि से कपडे में लपेट अग्नि दें तो पारद की भस्म बने।

मि ख, पा स., मु फि.

(८६) लज्जालु रस सपिष्टो [1]रसं हिंग्वतसी रसैः।
खल्व मध्ये विघृष्टव्यो मषामध्ये विनिक्षियेत्॥

र चि, रसे चि, र का धे, र ज ति, र रा सु

१ हिंग वर्बरिका इति रसचिन्तामणौ ।

पारेको लाजवन्ती, अलसी के या लाजवन्ती, नगन्दवावरी के रस मे घोटकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर मन्द मन्द आँच पर चमावे तो पारद की भस्म बने ।

(८७) लज्जालु रस सपिष्टो निरुद्ध पारदो भवेत् ॥
नष्टपिष्टो विधातव्यो मूषिकामध्य सस्थित. ।
तद्रसैश्चपुन. सम्यक् म्रियते पुटपाकत । र चि ,र ज ति

पारे को लाजवन्ती के रस में इतना घोटे कि मिल जाय उसकी टिकिया बनाय कुल्हड में रख उसे लाजवन्ती रस से भर कर सम्पुट कर पुट पाक करे तो पारद की भस्म बने ।

(८८) सूतमभ्रं वटक्षीरै. त्रियामं मर्दयेत्प्रिये ।
मूषागर्भे विनिक्षिप्य कर्षाग्नौ तु दिन पचेत् ॥
भस्मी भवति राजेन्द्र. शुभ्र सर्वार्ति नाशन । आ कं

पारे के बराबर अभ्रक चूर्णमिलाय वटदुग्ध की ३ दिन भावना दे सम्पुट में रख करीष की आच दे तो पारे की भस्म बने ।

(८९) वटक्षीरेण सूताभ्रौ मर्दयेत्प्रहरत्रयम् ।
पचेत्तेन काष्ठेन भस्मी भवति पारद: ॥
र ज नि ,र र स ,र रा.श ,र सा प , र रा मु , भा भै.र.

पारा और अभ्रक को वटदुग्ध की ३ प्रहर भावना दे सम्पुट मे रख वट की लकडी की आच दे तो पारद भस्म बने ।

(९०) वाराहीकन्द संयुक्तं रसकेन समन्वितम् ।
श्यामवर्णं भवेद्भस्म वलीपलित नाशनम् । र स क.

पारा खपरिया दोनो को वाराहीकन्द रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लावक पुट की आँच दे तो श्यामवर्ण की पारद भस्म बने ।

(९१) विष्णुक्रान्तामपामार्ग[1]महिफनेन्द्रवारुणी ।
सर्वेषा च रसै पिष्टो म्रियते सूतक. पुटात् ॥
र चि ,रसे चि , र का वे ,र ज नि , भा भै.र.

१ महि चक्रेन्द्र इति रत्नेन्द्र चिन्तामणौ ।

कोयल, अपामार्ग, अफीम और इन्द्रायण इन सबो के रसो मे पारद

को घोट टिकिया वनाय सुखाय लावक पुट की आंच दे तो पारद की भस्म वने ।

(९२) पारे को सहदेवी रस का चोया दे जव खगर हो जाय इसीके नुगदे में रख सम्पुट कर लावक पुटकी आँच दे तो पारद भस्म वने । अल.की ,पा स

(९३) विष्णुक्रान्ता वेणिका च कांजिकेन विमर्दयेत् ।
तत्कल्के तु रसोमर्द्य सप्तधामूर्छितोऽधिकम् ॥
तं रसं श्रावके क्षिप्त्वा सेचयेत्तद्द्रवैर्मुहुः ।
दीपाग्निनादिनं पच्यात्भस्मस्याल्लवणाकृति. ॥ आ क ,र त ,

रस तरगिण्या भिन्नपाठ प्रतिपादित ।

कोयल और आकाशवेल दोनो को काँजी मे घोट रस निकाल उस रस मे पारद को मर्दन कर ऊर्ध्वपातन करे, इस प्रकार ७ वार करे, पुन करछे में पारा रख दीपाग्नि पर चढाय उक्त रसोका चोया देता रहे तो दिनभर चोया देते रहने से पारा नमक जैसा वन जाता है ।

(९४) व्यालस्य गरले सूतं मर्दयेत्सप्तवासरम् ।
शम्भुनाल कृते यन्त्रे तन्मध्ये तद्रसंक्षिपेत् ॥
वह्निप्रज्वालयेद्गाढं वारिणाचोर्ध्व शीतलम् ।
यामद्वादशकं चैव सुसिद्धो जायते रस. ॥
तिलमात्र प्रदातव्य सर्वरोगनियच्छति । नि र, र रा सु, र ज नि.,

पारे को साप के विप मे ७ दिन खरल कर डमरु यन्त्र में रख १२ प्रहर की आच दे तो पारद भस्म वने । ऊपर के पात्र को सदा शीतल रखे ।

(९५) साप के मुख मे पारा रख कर सम्पुट कर उसे गोवर के ढेर मे दवा दे चतुर्मास वाद निकालकर गजपुटकी आच दे तो पारा भस्म हो । पा स.

(९६) सिद्धि मूलिका नामाख्य मूलिका स्वरसेन च ।
सूत त्रिवारं सम्मर्द्यनिक्षिपेल्लोह पात्रके ॥
ध्माते तु सुलभ भस्म जायते घटिकार्धकम् । र.कौ

सिद्ध मूली के रस की पारद को ३ भावना दे करछी मे रख धमन करे तो आसानी से पारद की भस्म वने ।

(९७) पारे को १ सेर मूली रस की भावना दे करछी मे रख उस पर निम्बू रस का चोया दे तो पारे की भस्म वने । अ ति ,मि ख

(९८) मूली रस की भावना दे मूली के नुगदे मे रख सम्पुट कर भूभुल की आच दे तो पारे की भस्म वने। कु रु,पा.स

(९९) पारे को करछी में रख आग पर चढाय मूली रस का चोया देता रहे तो पारे की भस्म वने। स अ

(१००) तन्मूलिका रसेनैव नीलशृंगी रसेन च।
कृष्णवर्णत्वमायाति सूतं जम्बूफलोपमम्॥ र कौ

सिद्ध मूली रस और मीठा तेलिया रस का पारद पर चोया देता रहे तो पारे की जामुन जैसे रग की भस्म वने।

(१०१) तन्मूलिका रसेनैव वासाया. स्वरसेन च।
पीत वर्णं भवेद्भस्म यामार्धं सुमनोहरम्॥ र कौ.

सिद्ध मूली रस और वासा रसका चोया पारद पर ६ घटा देता रहे तो पीले रग की पारद भस्म वने।

(१०२) तन्मूलिका रसेनैव कृष्णोन्मत्त रसेन च।
श्यामवर्णं भवेद्भस्म यामार्धं सुमनोहरम्॥ र कौ.

सिद्ध मूली और काले धतूरे के रस का पारद पर ६ घटा चोया देता रहे तो श्यामवर्ण की पारद भस्म वने।

(१०३) तन्मूलिका रसेनैव जम्बू फल रसेन च।
मर्दयेत्सूतराजेन्द्रं कर्बुर भवति क्षणात्॥ र कौ.

सिद्ध मूली रस और जामुन फल रस की पारद को भावना दे पुन करछी में रख उक्त रस का चोया देता रहे तो पारद भस्म वने।

(१०४) पारा को सीप जीव के साथ खरल कर चूना के मध्य दावू दे सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच देतो पारा भस्म वने। र सि

(१०५) ४० तो० सिरस रस मे पारद को खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सिरस के नुगदे मे रख सम्पुट कर ६ सेर उपलो की आँच दे तो पारे की भस्म वने। अ त

(१०६) पारे को सिरस रस नकछिकनी की भावना दे रीठा के नुगदे में रख सम्पुट कर ६ सेर उपलोकी आच दे तो पारद भस्म वने। जौ हि,मि ख.

(१०७) किसी करछी मे अग्नि स्थायी सोरा के मध्य पारे को दावू देकर प्याले से ढक २ घटा आच पर रखे तो पारे की भस्म वने। कु ह

(१०८) सोरा को चाय के क्वाथ में पीस नुगदा वनाय उसमे पारा रख सम्पुट कर २ उपलो की आच दे तो पारा भस्म वने। मि ख

(१०९) हल्दी के नुगदे मे पारा रख सुखाय २॥ सेर वस्त्र सम्पुट मे रख आग लगा दे तो पारा की भस्म वने। र ति.,मि.ख.,

(११०) पारा, हींग वरावर थोहर दूव में घोट टिकिया वनाय सुखाय थोहर के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० उपलो की आच दे तो पारे की भस्म वने। र सि

(१११) शाक वृक्षस्य पक्वानि फलान्यादाय शोषयेत्।
पेषयेद्रविदुग्धेन तेनमूषां प्रलेपयेत्॥
आदि प्रसूत गोजात जरायुश्चूर्णपूरितः।
तन्मध्ये सूतको रुद्धा ध्मातोभस्मत्व माप्नुयात्॥
आ क ,र र ,पा म ,र ज नि

सगुन के पक्के फलो को सुखाकर चूर्ण वनाय आक दूव की भावना दे नुगदा वनाय उसमें वछिया की जेर भर उसमे पारा रख सम्पुट कर कोयलो की आच मे धमावे तो पारद भस्म हो।

(११२) हिंगुना मुसलीकन्द लाङ्गली रक्तचित्रकै.।
मूषा लेपय यन्त्रेण रसोभवति कुंकुमम्॥ र रहस्य ,र का धे.

हींग, मूसली, कलिहारी, लाल चित्रक इनको पीस नुगदा वनाय उसमें पारा रख सम्पुट कर लवण यन्त्र में दावू दे ४ प्रहर की आच दे तो पारद भस्म वने।

शुद्ध पारद के योग

१० तो० पारे को अत्यन्त गाढे कपडे की पोटली में वाध कर पीने वाले दूव मे वरावर का पानी मिलाय उसमें वह पोटली डाल कर दूध को उवाला दे। पानी जल जाने पर पोटली निकाल ले और पारे को धोकर रख ले। उस दूव को खाड डाल कर नित्य पीवे तो कुछ दिन मे क्षुधा वृद्धि होती है, वीर्य गाढा होकर स्तम्भन शक्ति वढती है। मस्तिष्क व हृदय को इसके सेवन से वल मिलता है। नू वि ,मि ख

(२) पारेके वरावर जावत्री या रामपत्री या जायफल किसीमें मिला कर खूव खरल करे। जावत्री से काली और रामपत्री व जायफल चूर्णसे मिलाकर पारे को घोटने से पीले रग की कज्जली वनती है। जव पारा विलकुल मिलकर

कज्जली रूप को प्राप्त होजाय निकाल शीशी में डाल ले। मात्रा दो रत्ती है शहद से मक्खन से दूध से सेवन करने पर शक्तिवर्धक, वीर्यवर्धक, स्तम्भक है आमाशय को पुष्ट करता और क्षुधा बढाता है। नू वि, अ स

(३) पारा एक तो० मिश्री २ तो० दोनों को घोट कज्जली बनावे, मात्रा १ रत्ती। शक्तिवर्धक, स्तम्भक है। नजला, न्यूमोनिया में लाभदायी है। मखजन

पारद भस्मानुपान

अथ शुद्धस्य सूतस्य मृतस्य मूर्छितस्य च।
धवला पिप्पली धात्री रुद्राक्षघृतमाक्षिकैः॥
पाप रोगान्तको रोग पृथिव्यामेव दुर्लभः।
वल्लश्चाऽस्य प्रयोक्तव्यो वाकुची क्वाथसयुतः॥

र चि, रसा स, र र, र च, र सि स, र को, यो म, र का धें, रसे सा स, र रा नु, र यो सा,

पारे की कज्जली या जावत्री रामपत्री की बनी कज्जली या मिश्री द्वारा बनी कज्जली या रससिन्दूर या चन्द्रोदय या रसकपूर कोई हो उस में घवर चरुआ, पीपर, आवला, रुद्राक्ष प्रत्येक समभाग कूट चूर्ण बनाय ३ रत्ती की गोली बना कर रख ले। जिन बालकों को छोटी या बडी मसूरिका, माता निकल रही हो उसे ३ माशे बावची को कूट क्वाथ बनाकर उसके साथ दोनों समय सेवन करावे तो मसूरिका का उग्रवेग शान्त हो जाता है। यह अनुभूत है।

कज्जली अनुपान—वरना, गुलाबासी, सहजनाछाल, जैत, मेढासिंगी, लताकरज, मूर्वा, अरणी, पियावासा, कुन्दरुमूल, मौलश्रीछाल, अपामार्ग, चित्रक, सतावर, बिल्वछाल, दूधी, कुशा, कटेली दोनों सब समभाग चूर्ण बना कर रख ले। इसमें से २ तोला नित्य क्वाथ बनाकर छान उसमें शहद मिलाय १ माशा कज्जली १ तो० शहद से चाटकर ऊपर से काढा पीवे। इस प्रकार १ मास करने पर अपक्व विद्रधि, पेट के भीतर का फोडा, गुल्म सब नष्ट होते है।

कज्जली को शहद मिलाकर चाटे ऊपर से तक्र पीवे, तक्र पर ही रहे त पुरानीसे पुरानी सग्रहणी दूर हो जाती है। सग्रहणीमें कज्जलीका प्रयोग एक तो क्रमविवर्द्धित होता है अर्थात् १ रत्ती से आरम्भ कर २१ रत्ती तक मात्रा बढावे

और फिर घटाकर १ रत्ती तक आ जाय। दूसरे ४ रत्ती से १ माशा तक नित्य सेवन करता रहे। दोनों विधियों में लाभ होता है।

रससिन्दूर चन्द्रोदय अनुपान—कपूर, जायफल, लौंग, इलायची, कस्तूरी और रससिन्दूर या चन्द्रोदय सब बराबर पान के रस में घोट २ रत्ती की गोली बना कर रख ले, दोनों समय दूध से मक्खन मलाई से सेवन करने पर वीर्य गाढा होता है। विषयेच्छा बढती है स्तम्भन शक्ति में वृद्धि होती है, शरीर हृष्ट पुष्ट हो जाता है। इसके सेवन से प्रमेह, पाण्डु, संग्रहणी, जीर्ण-ज्वर, उन्माद, धनुर्वात, हिस्टीरिया में लाभ होता है।

पारद भस्म के अन्य अनुपान—बासा पत्र रस से रक्त पित्त में, दशमूल क्वाथ से २ रत्ती पीपल चूर्ण युक्त प्रसूता ज्वर में, सन्निपात में, ऊष्ण जल शहद से मेद वृद्धि मे, हींग, सोंठ, नमक, यवक्षार से मन्दाग्नि में, पक्तिशूल, अन्नद्रव शूल मे, शखपुष्पी, वच, ब्राह्मी, कुठ चूर्ण से अपस्मार, हिस्टीरिया में, समाकदाना, मिर्च, जीरा, नमक चूर्ण से अरुचि में, पीपल शहद से मूर्च्छा में, अजवायन गुड से शीतपित्त में, बिजोरा रस शहद से हिचकी में, शहद मिश्री लाजामण्ड से वमन में, दाह में, हींग पीपर शहद से अतिसार विशूचिका में, कुटकी क्वाथ से पित्ताश्मरी मे, तक्र से पाण्डु मे, ग्रहणी में, कुटज, बिलावा चूर्ण से अर्श में, खदिर क्वाथ से कुष्ठ में, एरण्ड तेल शतावर. क्वाथ से वात रोगों में, पाषाणभेद कुलथी क्वाथ से अश्मरी मे, शिलाजीत से भगन्दर में, ऊटनी दूध से उदररोगों में, अम्बर कस्तूरी से धनुर्वात में पारद भस्म को देने से लाभ होता है। इसकी मात्रा १–२ रत्ती तक है।

पित्तल भस्म

(१) निम्बूरस शिलागन्धे पेष्टिता पुटिता[1] ऽष्टधा।
रीतिं रायाति भस्मत्वं [2]ततो योज्या यथायथम्॥
र र स., र त सा, र त, र सा, रसामृत, र ज नि.

१ त्रिधा इति रसामृते २ ताम्रवद्वाऽथ मारयेत् इति रसामृते।
रसतरगिण्या निम्बू स्थाने कुमारिका भावना नियोजितम्।

मैनसिल और वलि दोनों को निम्बूरस में पीसकर पीतल के पत्रों पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। रसतरगिणीकार ने निम्बूरस की जगह कुमारी रस की भावना दी है और मैनसिल, वलि को पीस कर

पत्रों पर लेप करे ऐसा लिखा है इसमें कोई अन्तर नहीं पड़ता। उक्त विधि से रसामृतकार कहता है तीन पुट में ही भस्म हो जाती है। अन्य ग्रन्थ आठ पुट देने का आदेश देते हैं।

(२) ताम्रवन्मारणं तस्य कृत्वा सर्वत्र योजयेत्।

(३) मृतारकूटक कान्तं व्योमसत्वं च मारितम्।

(४) म्रियते गन्धतालाभ्यां युक्ता वा पुटपाकतः। र र स, र त, र ज नि. रसतरंगिण्यां तृतीय विधि अधिक।

पीतल को उन्हीं विधियों से भस्म करे जिनसे ताम्र की बताई है। अथवा मृत कांसा कान्त लोह और अभ्रक सत्व से इनकी भस्म बनावे। अथवा बलि हरिताल दोनों के योग से पित्तल की भस्म बनावे।

(५) [1]अर्कक्षीरेण सपिष्टो गन्धकस्तेन लेपयेत्।
समेनारस्य पत्राणि शुद्धान्यम्लद्रवैर्मुहुः॥
ततो मूषापुटे धृत्वा पुटेद्गजपुटेन च।
एवं पुटद्वयेनैव भस्मारं भवति ध्रुवम्॥ र प्र, र त, र ज नि उक्तगाठस्थाने रसजलनिधौ अय पाठोऽधिक।
अर्क क्षीर वटक्षीर [1]निर्गुण्डी क्षीरक तथा।

[1] क्षार निर्गुण्डिज तथा इति रसकामधेनौ।

काजी में प्रथम पित्तल के पत्रों को शुद्ध करके पुन आक के दूध में गन्धक को पीस कर पित्तल के पत्रों पर लेप कर सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आंच दे, इस विधि से दो पुट दे तो पित्तल की भस्म बने। रसजलनिधिकार ने आक, वट और सभालु के रस में बिना गन्धक योग के पित्तल मारने का विधान दिया है। रसकामधेनुकार सभालू क्षार को आक और वट दुग्ध में खरल कर इसका पित्तल पर लेप लगाकर सुखाय भस्म बनाने का विधान देता है। बिना बलि के पित्तल की शीघ्र भस्म नहीं बनती यह बात ध्यान में रखनी चाहिये।

(५) पित्तल या कांसा के पत्र बनाकर शुद्ध करे पुन मैनसिल और बलि दोनों पित्तल पत्रोंसे अष्टमांश लेकर निम्बूरसमें घोट कल्क बनाय पत्रों पर लेप कर सुखाय बासा, ब्राह्मी चूर्ण के नुगदे में रख कुक्कुट पुट की आंच दे, इस विधि से ३-४ पुट दे। पश्चात् जब पिस जाय तो उसमें उसी तरह मैनसिल, बलि मिलाय चौलाईके रस में घोट टिकिया बनाय सुखाय उक्त चूर्णों के साथ

सम्पुट कर कुक्कुट पुट से कुछ अधिक आच दे, १५-१६ पुट देने के वाद फिर वनस्पति चूर्ण देने की आवश्यवता नहीं। केवल चौलाई रस मे घोट टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस विधि से ३० आच देने पर सुन्दर भस्म वने। —रसयोगसागर

पिरोजा भस्म

पिरोजा को कूट कर चूर्ण करे फिर खरल में डाल कर कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो एक ही पुट मे पिरोजा की भस्म वने। रसा सा, स र, त सा

(२) पिरोजा के दानो को छाट ले, उसमें लगे पत्थर को घिस कर निकाल दे, साफ हरे रग के दानो को कुठाली मे डाल कर अगीठी में रख कर धमन करे, धमन करने से पूर्व कुठाली को टीन के पत्रे से ढँक दे, नहीं तो तीव्र आच लगते ही पिरोजा चटख चटख कर कुठाली से वाहर गिरने लगता है, फिर उसे तीव्र आच दे कर लाल करे, लाल हो जाने पर उसे केवडा या गुलाव जल—जो एक प्यालेमे १०-१५ तोला रखा हो उस—में शीघ्र डाल दे। इस विधि से ३-४ वार वुझाने से पिरोजा हल्का सफेद मट मैला वर्ण का भगुर हो जाता है उसे पीस कर गुलाव जल की भावना दे कर रख ले। स्वानुभूत विधि है।

पिरोजा भस्म के गुण

शरीर पर जव विस्फोट रूप के व्रण निकला करते है जिन मे पानी सा तरल निकलता है इसके सेवन से वह कुछ दिनमें जाते रहते है। शरीर मे किसी प्रकार का विप विकार रह गया हो और उससे कोई कष्ट वना रहता हो तो ऐसी दशामे पिरोजा भस्म के सेवन से लाभ होता है। यह उत्तम अगद है। इसे अगद के योगो में डाला जाय तो यह अगद नाशक औपधियो के गुण को वढा देता है मात्रा १-२ रत्ती। शहद के साथ सेवन करावे।

पुष्पराग (पुखराज) भस्म

पुखराज को कूट कर चूर्ण वनावे फिर उसके वरावर वलि और हरिताल का चूर्ण मिलाय कुमारी रस में एक दिन खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ८ पुट देने पर पुखराज की

भस्म बने। रसायन सार संग्रह

(२) पुखराज को ७ दिन बकरी के दूध में भिगो रखे। दूध नित्य बदलता रहे, फिर निकाल साफ कर जंगली गुलाब के फूल (सेवती) में रख सम्पुट कर मुखाय सम्पुट को कुम्हार के आवे में रख दे तो पुखराज भस्म हो। मि स

(३) पुखराज एक कठोर रत्न है इसलिये इसे कुठाली में रख कर खूब लाल करे और उसे गुलाब जल व केवडा के जल में बुझाता रहे २१ बार बुझाने पर पुखराज भंगुर हो जाता है, फिर उसे गुलाबजल में दो तीन दिन पीस कर सुखाय ले उत्तम सफेद भस्म बनेगी। स्वानुभूत।

पुखराज भस्म के गुण

यह भस्म विष वाधा, वमन, कफविकार, वात विकार, मन्दाग्नि, दाद, कुष्ठ अर्श में लाभकारी है। दीपन है पाचन है। मात्रा ½ रत्ती से १ रत्ती तक।

बेरपत्थर भस्म

बेरपत्थर क्या है ?—फारसी में इसे संग यहूद अरबी में हजरुल यहूद कहते हैं। हमारे देश की यह चीज नहीं है, इसलिये रस ग्रन्थों में इसका कहीं उल्लेख नहीं मिलता। यूनानी चिकित्सा के ग्रन्थों में इसका प्रयोग प्राय अश्मरी रोग में आया है।

यह पेवदी बेर जैसी आकृतिका इंच सवा इंच लम्बाई में बेर जैसा पत्थर का बना हुआ होता है, जिस का बाहर से मटियाला रंग होता है, जिसपर आड़ी समानान्तर झुरियां या धारियाँ पडी होती है और बीचमें कुछ ऊंचे नीचे उभार भी बने होते है तोडने पर यह परत के रूप में चिटक कर टूटता है और इसका तोड अन्दर से साफ चिकना हरापन लिये भूरा सफेद होता है। यह स्वाद रहित मुलायम पत्थर है जो पानी डाल कर घिसने से घिस जाता है।

प्रकृति में इस की रचना उन प्राचीन क्षुद्र जीवों के अवशेष से—जो भूमि में दबकर प्रस्तूरी भूत हो चुके थे उनसे—हुई है। यह उसी प्रकार का चूनजम यौगिक है जैसा चूने का कंकड, किन्तु हमारे देश में यह नहीं पाया जाता। यह सीरिया के बैरूत पर्वत माला व मक्का मदीना (अरब) में पाया जाता है, वहीं से आता है। प्राणियों के अस्थिपञ्जरों का प्रस्तरी भूत होने से इसे अंगरेजी में Fossil Encrinite कहते हैं, यह वास्तव में चूनकंजलेत का ही एक

यौगिक है। जैसा कि चूना का पत्थर या चूनाका कंकड या घोंघा, मूगा आदि।

वेरपत्थर भस्म विधि—वेरपत्थर १० तो० को कूट कर चूर्ण करे बारीक करके खरल मे डाल मूली के रस की भावना दे, ३ सेर मूली का पानी भावना में खर्च कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलों की आंच दे। इस विधि से तीन पुट दे। चा. चि, स. अ

(२) वेरपत्थर को कूट कर बारीक चूर्ण बनाय मूली रस की १ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय चौगुने सोरे के मध्य रख कर सम्पुट कर ८ सेर उपलों की पुट दें, इस विधि मे ४ पुट दे तो वेर पत्थर भस्म बनें। स अ, मा.अ

(३) वेरपत्थर को चौगुने धमासे के नुगदे मे रख कर शराव सम्पुट कर गजपुट की आंच दे फिर मूली के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो वेर पत्थर की भस्म बनें। र त. सा

(४) वेरपत्थर को कुठाली मे रख करके तपावे और कुलथी के क्वाथ में बुझाता रहे ७ बार बुझावे फिर पीस कर दुगना सोरा मिलाय मूली रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो वेरपत्थर की एक ही आंच में भस्म बनें। यू. सि यो. स, स अ

(५) १० तो० वेरपत्थर को चूर्ण करके मूली के रस की ७ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय मूली के या कुलथी के नुगदे के मध्य रख कर सम्पुट कर ७ सेर उपलों की आंच दे तो भस्म बनें। यू सि. यो सं, अ.स

(६) वेरपत्थर २ तो० बिच्छू काले ५-७ दोनों को सम्पुट में बन्द कर ५ सेर उपलों की आंच दे तो भस्म बनें, सबको निकाल बिच्छू सहित पीस कर रखें। यू सि यो स., अ स.

(७) वेरपत्थर १० तो० को कूट कर मूली के रस से टिकिया बनाय सुखाय सोसन, प्याज, मूली, बिल्व पत्र, कुलथी, बिनौला, गोखरू, कुसुम्भ बीज इन के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० सेर उपलों की आंच दे तो वेरपत्थर भस्म बनें। नू. वि.

वेरपत्थर भस्म के गुण—वेरपत्थर भस्म का उपयोग यूनानी चिकित्सा में अश्मरी भेदन के लिये हुआ है। कहते है पथरी चाहे वृक्क (गुर्दे) मे हो या वस्ति में इस के सेवनसे टूट कर या खुर कर निकल जाती है। इससे भिन्न इसे मूत्र कृच्छ्र और सुजाक में भी देते है।

बहुत से यूनानी चिकित्सक बेरपत्थर को बिना भस्म किये इसी तरह उसे पानी में घिस कर अश्मरी रोगी को पिलाते हैं। बहुत से भस्म बना कर भी देते हैं। मात्रा ४ रत्ती से लेकर १ माशा तक है। अनुपान-कुलथी का क्वाथ, गोखरू क्वाथ, या सोरा कद्दूके बीज और गोखरू को पीस कर इनका पानी (हिम) निकाल कर उसके साथ सेवन कराते हैं।

भाण्डरञ्जन (कोबाल्ट) भस्म

भाण्डरञ्जन ५ तो० को अग्नि में तपा तपा कर कुमारी रस में ७ बार बुझावे फिर कूट कर सिरसके पत्तोंके रसमें खरल कर टिकिया बनाय हाथीसुण्डी के नुगदे मे रख सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे। यदि एक आच में रग न आवे तो उक्त विधिसे एक आच और दे तो भस्म हो। मात्रा ½ रत्ती। त्वग्ग्रहण रक्तक्षय, पाण्डु में विशेष लाभदायी है। त्रि

मण्डूर क्या है ?

मण्डूर क्या चीज है ? इस के सम्बन्ध में हमारे ग्रन्थो में लिखा है।

ध्मायमान लोहस्य मलं मण्डूरमुच्यते।

र र स, र सा प.

प्राचीनकाल में लोह खनिज से जब धमन विधि द्वारा लोह निकालते थे तो उस समय जो उस खनिज का मैल रहता था उस को लोह किट्ट या मण्डूर कहते थे।

इस लोह किट्ट में कौन कौन से पार्थिव अश मिले रहते है ? या यह वास्तव मे लोह का ही किट्ट रूप पदार्थ है ? इस का विवेचन हमारे ग्रन्थकारो ने नहीं किया, इस का विशेष ज्ञान अब विश्लेषण द्वारा हुआ है। इस मण्डूर में तीन प्रकार के मिश्रित पदार्थ पाये जाते है।

(१) उस लोह खनिज के अवशिष्ट द्रव्य जो लोह को निकाल लेने के बाद बच रहते है।

(२) ईंधन के पदार्थों की राख जो लोह खनिज को गलाते समय उस मे मिलती रहती है।

(३) वह खनिज का द्रावक पदार्थ जो खनिज को गलाते समय उस मे मिलाया जाता है और जो लोह को खनिज से भिन्न कर देने के बाद उस द्रव

लोहे पर तैरता रहता है।

लोह खनिज को खाली अग्नि पर रख कर धमन किया जाय तो उससे लोह भिन्न नही होता, प्रत्युत लोह खनिज के साथ चूने के पत्थर को मिलाकर जब धमाया जाता है तो यह चूने का पत्थर द्रावक का काम करता है,इसी के प्रभाव मे लोह खनिज (कान्त पाषाण या कठिन गेरू पत्थर) से ही लोह निकाला जाता है। कान्त पाषाणमें ७२ ४ प्रतिशत और कठिन गैरिक पाषाणमे ७० प्रतिशत लोह का अश होता है, बाकी अन्य द्रव्य मैगनेसियम, स्फटिकम, शैलिका आदि होते है। जब लोहा गलता है तो यह खनिज यौगिक उस द्रव के ऊपर आ जाते है।

चूने का पत्थर जिसका अधिक भाग चून कज्जलेत होता है, यह जब लोह खनिजो के साथ मिला कर धमाया जाता है तो लोह खनिज का ऊष्मजन चूनकज्जलेतके यौगिक से कज्जलको छीनलेता है और वह ऊष्मजन उसके कज्जल से मिल कर कज्जल ऊष्मिद यौगिकमें परिणत हो जाता है,इस यौगिक परिवर्तन के समय उस भट्टीका उत्ताप इस प्रक्रिया मे और बढता है, इस बढेहुए उताप मे लोहा पिघल कर नीचे की ओर जाता है। उस समय जो चूनजम धातु कज्जल से युक्त होती है वह स्वतन्त्र तो रह नही सकती, इसी लिये वह वही कुछ वलिसे मिलकर वलिकाइद में कुछ ऊष्मजनसे मिलकर ऊष्मिदमे बदलती है इस रासायनिक परिवर्तन से भी उत्ताप की मात्रा और बढती है। लोह खनिज, और द्रावकमें जो मिट्टीका अश होता है उसमें जो स्फटिकम्, मैग्नेसियम, मैगनीज शैलिका आदि होते है वह सबभी ऊष्मिदमें बदलते है यथा ($स्फ^२ऊ^३$) (मै ऊ) ($शै ऊ^२$) (चू शै) (मैग ऊ) (चू व)यह समस्त यौगिक बनते समय उस खनिज का और उत्ताप बढ़ाते है और लोहा पिघलता हुआ नीचे चला जाता है यह सब यौगिक उस लोह पर तैरते रहते है। इस ऊपर के भाग में लोह का अश ४-५ प्रतिशत से अधिक नही रहता। इस समय की नव्य भट्ठियो मे तो एक प्रतिशत भी लोह नही रहने पाता, इसीलिये इस समयका लोह अवशिष्ट औषध के लिये उपयोजित नही करते। अभी तक तो बहुत पुराना लोह किट्ट जहाँ कहीसे प्राप्त हो जाता है उस प्राचीन लोह किट्टमें लोहा४-५ प्रतिशत तथा उसमें स्फटिकम ऊष्मिद, मैग्नेशियम ऊष्मिद, चूनजम ऊष्मिद, चूनशैलेत,मैगनीज ऊष्मिद, चून वलिकेत आदि ही होते है। भट्टीमेइस लोह किट्टको द्रवलोह के ऊपर से जब

उतारते हैं इसमे काफी ऊष्मजन मिला होता है इसी लिये यह जब कुठाली बाहर कर दिया जाता है तो ठण्डा होने पर उसका ऊष्मजन उसमे से निकलत है तभी तो खाली स्थान उस किट्ट भाग मे पोला रह जाता है इसीलि लोह किट्ट प्राय झावादार होता है। यह है मण्डूर की यौगिक स्थिति।

मण्डूर शोधन—जब हम मण्डूर को पुन. अग्नि में लाल करके गोमूत्र आदि पदार्थ मे बुझाते है तो उक्त ऊष्मिद व वलिकेत यौगिको में पुन रासायनिक परिवर्तन होता है। साधारण ऊष्मिद फिर उच्च ऊष्मिद मे बदलने है इसलिये तो लोह किट्ट और अधिक भगुर हो जाता है, जिसे कूट पीस कर फिर आगे भस्म बनाते है।

मण्डूर भस्म

अक्षाङ्गारै र्धमेत्किट्टं लोहजं तद्गवां जलै.।
सेचयेत्तप्ततप्तं तत्सप्तवार पुनः पुनः॥
चूर्णयित्वा ततः क्वाथैर्द्विगुणैस्त्रिफलाभवैः।
[1]आलोड्य भर्जयेद्वह्नौ मण्डूर जायते वरम्॥

यो चि, यो र, र र स, र रा सु, भा भै र

१ पचेत्ततश्चार्कदुग्धै इति योगचिन्तामणौ।

वहेड़े के कोयलो में मण्डूर को तपा तपाकर गोमूत्र में बुझाता रहे। जब चूरा चूरा हो जाय कूटकर चूर्ण बनाय त्रिफला क्वाथ में घोट टिकिया बनाय सुखाय आग में भून ले, लाल होने पर निकाल पीस धरे। योगचिन्तामणिकार ने आक दूध में पकावे और आँच दे ऐसा कहा है।

(२) गोमूत्र त्रिफला गुञ्जा निर्गुण्डी तुम्बरुस्तथा।
गान्धारी शिग्रु मार्जारी कुमार्याश्च पुनर्नवा॥
दुग्धी नीलाक्षि पाषाणभिद्भृंग्य तुलसी तथा।
वज्रीरास्नातण्डुलीय मूर्वा नाकुलि चिल्लिका॥
जालन्धरी च गोरक्षी कारजी वर्वरी पुनः।
अपामार्गार्क मजिष्ठा कर्पासी पूतनाभिधाः॥
एषा रसै र्यथालाभं भावना सप्त सप्त च।
अर्धगन्धस्य पादांश रसस्यायोमलस्य च॥
चूर्णं पुटाश्च प्रत्येक लशुनद्रवभावितम्।

सप्तधा च पुटं भूयो दत्त्वा च प्रहराष्टकम् ॥
सिद्धमेवं हि मण्डूरं सर्वरोगहरं परम्। र का धे

गोमूत्र, त्रिफला, गुजा, सभालू, जरिश्क, धमासा, सहजना, दोनामरवा, कुमारी, साठी, दूधी, मछेछी, पाषाणभेद, भाग, तुलसी, थोहर, रास्ना, चौलाई, मूर्वा, नाई, चिलारी, कटुतोरी, गोरखपान, करज, नगन्दवावरी, अपामार्ग, आक, मजीठ, कपास, जटामासी इनमे से जो भी वनस्पति मिल सके उन प्रत्येक की ७--७ भावना मन्डूर को दे, फिर मण्डूरसे आधा वलि और चोथाई पारा मिलाय लहसुन रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो सर्वरोगहर मण्डूर भस्म वने।

(३) त्रिफला रसे विपक्वं द्विगुणगुणं लोहज किट्टम्।
भुक्तं जयति च शूल चिरजं हृद्रोगजं सपदि ॥
च द, रस ओ यो, र. त, र. यो सा.

मण्डूर चूर्ण को दूने त्रिफला रस में पकाय गोली वना कर रख ले। इसके सेवन से जीर्णशूल व हृदशूल नष्ट होते है। रसतरगिणीकार ने त्रिफला की ३० भावना व ३० पुट देने का विधान दिया है।

(४) दग्ध्वाक्काष्ठै र्मलमायसन्तु गोमूत्र निर्वापितमष्टवारान्।
विचूर्ण्य लीढमधुनाऽचिरेण कुम्भाह्वयं पाण्डुगद निहन्ति ॥
रसामृत, रसे सा स, ग नि, भा प्र, सु स, वृ मा, भा भै र.

मण्डूर को वहेडे की लकडी में तपा कर गोमूत्र में वुझावे ८--१० वार वुझाने पर चूर्ण हो जायगा, पीसकर सूक्ष्म रज वनाय शहदसे सेवन करे। मात्रा ३ माशे। आचार्य जी ने इसे पुन गजपुट की आच दी है। सिद्धयोग सग्रह में तो आपने गोमूत्र, त्रिफला और कुमारी की ७--७ पुटे दी है। सि योग सग्रह

(५) गोमूत्रसिद्धमाण्डूरं त्रिफलाचूर्णसंयुतम्।
विलीढं मधुसर्पिभ्यां शूलं हन्त्यम्लजित्परम् ॥
र र, भै र, धन्व, र क ल, च द, वै चि, टो, वृ नि र, र चि, व रा, नि र, र यो सा

अग्नि मे तपा तपा कर गोमूत्र मे वुझाया हुआ तथा गोमूत्र से भावित मण्डूर को पुट दे। ऐसे सिद्ध मण्डूर के वरावर त्रिफला चूर्ण मिला कर ६ माशे मधु शहद से चाटने पर अम्लपित्त और शूल को नष्ट करता है।

(६) वशाकुरोत्पन्न रसेन दद्यात्पुटानि मण्डूररसे शतं चेत्।
लोहस्य भस्माऽप्यधरी करोति लोहे तु तान्येव विलक्षणानि॥
रसा सा

बाँस के अकुरो को कूट रस निकाल उसमे मण्डूर चूर्ण को घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस विधि से १०० पुट दे तो अधिक गुणदायी मण्डूर भस्म बने। इसी प्रकार लोह भस्म भी बनावे।

(७) मण्डूर को कूटकर चूर्ण बनावे फिर उसे ८ गुने गोमूत्र मे पकावे मूत्र के जल जाने पर निकाल उसे एक चीनी के बडे प्याले मे भरकर उस पर निम्बू का रस डालकर तर कर दे और १४ दिन धूप मे रखा रहने दे, रस सूखने पर निम्बू रस डालता रहे १५ वें दिन खरल में डाल खूब पीस टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से निम्बूरस की भावना दे मण्डूर को सात पुट दे तो उत्तम भस्म बने। मि. ख

(८) मण्डूर के टुकडो को दही मे सान कर धूप में रख दे दही सूख जाने पर उन्हे सम्पुट में रख सुखाय २५–३० उपलो की पुट दे तो एक ही पुट मे भस्म बने। मा अ, चा चि

(९) मण्डूर की डलियो को तपा तपाकर जामुन के सिरके मे बुझावे, २५ बार तपाकर बुझावे। फिर जामुन की लकडी का ऐसा हिस्सा ले जिसमे कोर के गढा बनाकर उसमे मण्डूर भरा जा सके। उस मण्डूर को उस ठूठे मे भर दे और ऊपर से जामुन का गुदा भर सम्पुट कर १० सेर उपलो की पुट दे पुन कूट चूर्ण बनाय कुमारीरस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर एक और आच दे तो मण्डूर की उत्तम भस्म बने। र.सि. सं.

(१०) मण्डूर को तपा तपाकर ७ बार गोमूत्र में बुझावे फिर कूट चूर्ण कर खरल मे डाल एक भावना अर्क दुग्ध की एक भावना कुमारीरस की देकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे। इस विधि से सात पुट दे तो मण्डूर की उत्तम भस्म बने। मा अ, चा चि

(११) मण्डूर को तपाकर गोमूत्र और तक्र मे ६–६ बार बुझावे पुन. सुखाय चूर्ण करके मुण्डी, त्रिफला, निम्बू, अनार, हाथी सुण्डी प्रत्येक की एक एक भावना दे टिकिया बनाय, सुखाय सम्पुट कर कुम्हार के आवे मे सम्पुट को रख आवे या गजपुट की आच दे। पुन दूसरी बार उक्त विधि से भावना दे

एक पुट और दे तो उत्तम भस्म बने। यू मि यो सं,

(१२) मण्डूर १ सेर का चूर्ण बनाकर कुमारीरस ४० तो० की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे। इस विधि से ७ पुट दे तो उत्तम भस्म बने। प्र औ नि

(१३) शुद्ध मण्डूर चूर्ण २०तो०को १ भावना दहीकी देकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ३० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ३ पुट दे, पुन उस मण्डूर में १ तो० सिंगरफ मिला कर कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ३० सेर उपलो की आच दे। इस विधि से ३ पुट दे, फिर निकाल बिना सिंगरफ मिलाये ही एक भावना कुमारी रस की देकर एक पुट और दे तो ७ पुट में उत्तम भस्म बने। न अ

मण्डूर भस्म अनुपान

इमली १ माशा, पीपर चूर्ण ४ रत्ती, मन्डूर भस्म १ माशा मिला कर तक्र के साथ सेवन कराने पर कामला, पाण्डु, शोथ रोग में लाभ होता है। अथवा केवल मण्डूर भस्म को १½ माशा शहद में मिलाकर चाटे और ऊपर से तक्र या दही पीवे तो पाण्डु, रक्ताल्पता, शोथ में लाभ होता है। अथवा गोमूत्र क्षार १½ माशा त्रिफला चूर्ण १½ माशा के साथ मिलाकर तक्र से सेवन करे तो पाण्डु रोग में त्वरित लाभ होता है।

मात्रा—२ रत्ती से लेकर १½ माशे तक है।

माणिक्य भस्म

(१) विमलीकृत्य यत्यर्थं माणिक्यं सुविचूर्णितम्।
शिलालगन्धैः विमलैः पृथक् तु समभागकैः॥
निम्बूकस्वरसेनैव पेषयेद्दिन सप्तकम्।
विन्यसेत्सम्पुटे घर्मे विशुष्कं कृत चक्रिकाम्॥
ततस्तु पुटयेद्वीमान्पुटेवारण संज्ञके।
रीत्यानया सुपुटितमष्टवार प्रयत्नतः॥
माणिक्य म्रियते भस्म जायते पाण्डुर प्रभम्।
पिष्टं तु लकुचद्रावै. पुटेदेव यथाविधि॥ र.त.

माणिक्य को कूट पीस उस में हरिताल मैनसिल और वलि बराबर का

मिला कर निम्बू रस में घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से ८ पुट दे तो माणिक्य की भस्म बने।

(२) माणिक्य या चूनी को कुठाली मे रख कर धमावे लाल अगार वर्ण का होने पर उसे अर्क गुलाब या अर्क केवडा या अर्क वेद मुश्क आदि में बुझावे, इस विधि से तब तक करता रहे जब तक माणिक्य चूरा चूरा न हो जाय, जब कूटने के योग्य हो जाय कूट पीस कर अर्क गुलाब, अर्क केवडा की कई भावना दे सुखाय रख ले।

(३) कुछ व्यक्ति इस की टिकिया बनाय सुखाय गुलाब के सूखे फूलो में मे या फिन्दक में रख सम्पुट कर गजपुटकी आच दे देते है, इससे और भी अच्छी भस्म बन जाती है। नू वि

मोर पंख भस्म

(४) शिखिपिच्छभस्म कृष्णाचूर्णं मधुमिश्रितमुहुर्लीढम्।
हिक्काहरति प्रबला श्वासं चैवातिदुस्तरछर्दिम्॥
यो र, यो त, वृ यो त, भा भै र.

मोर पख को काट कर एक हण्डी में भर कर सम्पुट कर ५-७ सेर उपलो की आच दे तो मोर पख भस्म बने। इसे निकाल पीस ले इसके बराबर पीपर का चूर्ण मिलाय एक दो दिन खरल करके रख ले। इसकी मात्रा ४ रत्ती है। शहद के साथ चाटने पर हिचकी, श्वास, और वमन में शीघ्र लाभ होता है।

(२) मोर पख का चदोआ निकाल कर तथा डण्डी में लगे हुए बाल भी निकाल कर सब को एक हण्डी में भर कर सम्पुट कर ५-४ सेर उपलो की आच दे तो काली भस्म बने। अ त

यह काली खासी, कुत्ता खासी, सूखी खासी में विशेष लाभदायी है।

नोट—मोर पख की सारी डण्डी चन्दोआ सब की भस्म एक जैसी ही लाभ दायी है।

मृद्वारशृंग

मुर्दा सग नीमा का विशेष ऊष्मिद है। यह भारत वर्ष मे दो स्थानो पर बनता है, एक अम्बाला जिला के जगाधरी मे, दूसरा सूरत मे। इसके बनाने की निम्न विधि है।

सीसा को पिघला कर हवा में भूनते है इससे वह पीले रग की भस्म मे वदल जाता है, फिर उस मे वरावर की ईंट का चूरा मिला कर कुठाली में रख कर गलाते है सीसा ईंट में विद्यमान सैलिका, मैग्नीशियम, स्फटिकम् आदि से मिल कर द्रव हो जाता है, उसे घडे के अर्ध भाग के पानी मे डाल देते है यह मुर्दासग वन जाता है।

मृद्दारशृंग भस्म

(१) कन्या द्रावेण कुर्वर्ती चक्रीमल्लिकसम्पुटे।
कुक्कुटेपुटनाद्भस्म जायते पट गालितम् ॥ रसा सा

मुर्दा सग को कूट कर कुमारी रस की भावना दे टिक्किया वनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे तो मुर्दासग की भस्म वने।

(२) खण्ड मृद्दार शृङ्गस्य निक्षिपेन्निम्बुजेत्र्यहम्।
शराव सम्पुटे न्यस्य पुट दद्यात्प्रयत्नतः ॥
जायते शोभनं भस्म भावयेत्त्रिफलाऽम्बुभिः।
कुमारी मूत्र जम्वीरै स्त्रयैकैकत्रिःक्रमेण वै ॥
सिद्धं भस्मततो जात योज्य मेहोपदशयो.।
हरिद्रामधुसयुक्तं मेहे गुंजा मितलिहेत्॥ रसा. स, र यो सा

मुर्दा सग के टुकडो को १ दिन निम्बू रस मे भिगो कर निकाल सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो भस्म वने। फिर इसे त्रिफला, कुमारी, गोमूत्र जम्वीरी रस की एक एक भावना दे सुखाय रख ले। इसे हल्दी शहद मिला कर सेवन करने पर प्रमेहमे लाभ होता है। लौग, मिर्च, घृत से सेवन करने पर उपदशमें लाभ होता है। मात्रा इसकी १-२ रत्ती है।

माक्षिक भस्म

इसकी रचना उपोद्घात पृष्ठ १५७ पर देखे। यह खनिज है, कोई विशेष धातु नही है। ताम्र लोह का यौगिक है, जिसकी रचना भूगर्भ मे अन्य खनिजो वत् हुई है। जो माक्षिक वाजार में मिलता है प्राय उसमे पत्थर आदि अपद्रव्य मिले होते है, माक्षिक मे से वे सव अपद्रव्य तोड़ कर निकाल देना चाहिये, यही इसकी वास्तविक शोधन की विधि है।

ग्रन्थो मे जो शोधन विधि दी है वह वास्तव में शोधन नही, भस्म का

ही प्रकार है यथा—

(१) क्षाराम्ल लवणैरण्ड तैलसर्पिसमन्वितम्।
पुट त्रयं प्रदातव्य तद्वयं शोधनं भवेत्॥ रा का धे

सज्जीखार, यवक्षार, निम्बू, जम्बीरी रस, एरण्ड तेल, घृत के साथ माक्षिक या विमल चूर्ण की भावना दे टिकिया बनाय सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो ग्रन्थकार कहता है कि माक्षिक या विमल शुद्ध हो जाते हैं।

(२) सिन्धूद्भवस्य भागैक त्रिभाग माक्षिकस्य च।
मातुलुङ्ग रसैर्वाऽपि जम्बीरस्य रसेन वा॥
कृत्वा तदायसे पात्रे लोह दर्व्या प्रचालयेत्।
सिन्दूराभं भवेद्यावत्तावन्मृद्वग्निनापचेत्॥
सशुद्ध माक्षिकं विद्यात्सर्व रोगेषु योजयेत्।

र. का धे, रस मजरी, वै द, वृ र प्र,

नमक १ भाग, माक्षिक ३ भाग दोनों का चूर्ण करके कढाई में डाल चूल्हे पर रखकर जम्बीरी या बिजौराका रस उसमे डालकर भूने, उसे तबतक भूनता रहे जब तक यह लाल वर्ण की न हो जाय, भूनने के समय करछी से चलाता रहे। इस तरह जब लाल हो जाय तब उसे शुद्ध हुई जान उतार ले और पीस कर योगो में डाले।

आगे कुछ विधिया ग्रन्थकारो ने जो भस्म के नामसे दी है इसमे और उनमे क्या अन्तर है पाठक देखें।

(३) एरण्डस्नेहगव्याजै र्मातुलुङ्ग रसेन वा।
खर्परस्थं दृढं पक्वं जायते धातु सन्निभम्॥
एवं मृतं रसै योज्यं रसायनविधावपि।

र च, रसे चू, र र स, र रा सु

माक्षिक चूर्ण को एक तवे या कटाई मे या ठीकरे में डाल कर उसे चूल्हे पर रखे और आग जलावे, जब माक्षिक लाल हो जाय उसमे एरण्ड तेल या घृत और बिजौरा निम्बू का रस डालकर रगडे। जब माक्षिक की भस्म रगडते रगडते लाल रग की हो जाय, उतार ले और पीस कर व्यवहार में लावे।

(४) पिट्ठा कुलित्थस्य कषायकेण तक्रेण वाजस्यहि मूत्रकेण।

सचालयेद्वैद्यपतिः क्रमात्तन्मूर्तिं व्रजेत् सुन्दरि हेममाक्षिकम् ॥

आ. वे प्र, गा व, वृ यो त, यो चि, यो र, र च, भा प्र., र. रा-सु, र प्र, र ल, चि र, एषु ग्रन्थेषु भिन्न पाठ प्रदर्शित । भा भै. र.

माक्षिक चूर्ण को कढाई में डाल आग पर रख आच दे लाल होने पर कुलथी का काढा, तक्र और बकरी का मूत्र क्रमश डाले और करछी से हिलाता रहे, लाल रग की होने पर उतार कर पीस ले ।

(५) अथवा केवलेनाऽपि निम्बूनीरेण भावितम् ।
सप्तधा पुटनात्ताम्र्यं म्रियते रक्तवर्णवत् ॥

रसा सा, र त

अथवा केवल माक्षिक चूर्ण को निम्बूरस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर अर्क गजपुट की आच दे तो भस्म बने । कई कहते है इस विधि से ७ पुट दे तो उत्तम भस्म बने । रसायनसार के कर्ता ने इसे कूपीपाक करके भस्म बनाई है ।

(६) तैलैनैरण्डजे नादौ याममात्रं विमर्दयेत् ।
सच्छिद्रे सम्पुटे धृत्वा पचेत्त्रिंशद्वनोपलै र रा सु, वै. द

माक्षिक चूर्ण को एरण्ड तेल में एक प्रहर घोट टिकिया बनाय छेद किये सम्पुट में रख ३० वनोपल की आच दे तो माक्षिक भस्म बने ।

(७) मातुलुङ्गाम्बुगन्धाभ्या पिष्टं मूषोदरे स्थितम् ।
पंचक्रोड पुटैर्दग्धं म्रियते माक्षिकं खलु ॥

रसे चू, र त, र र स, र प्र मु, भा भै र

रसप्रकाश सुधाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

माक्षिक चूर्ण मे बलि मिलाय बिजौरा रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर बारह पुट की आच दे । इस विधि से ५ पुट दे तो माक्षिक की भस्म बने ।

(८) माक्षिकस्य चतुर्थांशं गन्धं दत्त्वा विमर्दयेत् ।
[1]उरुवकस्यतैलेन ततः कुर्यात्सुचक्रिकाम् ॥
शराव सम्पुटे धृत्वा पुटेद्गजपुटेन च ।
सिन्दूराभं भवेद्भस्म माक्षिकस्य न संशयः ॥

वृ र प्र, वै द., र म, र का वे, आ वे प्र, र मजरी, यो र,

वृ यो त, रसे सा न, रसामृत, भा मे र, सि यो स,

१ कुमारी त्वरसेन च इति रसामृते।

वैद्यदर्पणे वृहद् रसप्रदीपे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

माक्षिक चूर्ण का चौथाई वलि मिलाय एरण्ड तेल में या कुमारी रस में खरल कर टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो लाल रग की माक्षिक भस्म वने। इस प्रकार १० पुट दे।

(९) किमत्र चित्रं कदली रसेन सुपाचित सूरणकन्द सम्पुटे।
वातारि तैलेन पुटेन ताप्य पुटेन दग्व वरपुष्टिमेति। र रा सु

माक्षिक को केला रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय जिमीकन्द के नुगदे में सम्पुट कर एरण्ड तेल में पकावे तो सुवर्ण माक्षिक भस्म वने।

(१०) देवदाली हन्सपदी वटार्क च स्नुहीपयः।
पुनर्मर्द्य पुनः पाच्यं भूधरे च त्रिधा त्रिधा॥
म्रियते नात्र सदेहो सत्यं गुरुवचो यथा। वै द., र रा. सु

माक्षिक चूर्ण को वन्दाली, हन्सराज, वट, आक, थोहर, दूध प्रत्येक की भिन्न भिन्न भावना व पुट देता रहे। इस प्रकार ६ पुट दे तो माक्षिक की भस्म वने।

(११) ततः परं पुट देय कुमारी रसमर्दितम्।
कृत्वा सुचक्रिका शुष्कां कुक्कुटाख्ये पुटे पचेत्॥
सप्तविंशति संख्यास्ति तत स्यादमृतोपमम्। र रा सु.

माक्षिक चूर्ण को कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे। इस विधि से २७ पुट दे तो माक्षिक भस्म वने।

(१२) पक्वा वा घटिकाद्वयेन कदली कर्कोटिका कन्दयो-
र्दग्धाः कूर्मपुटैस्त्रिभिः पटुतरं लुङ्गाम्बुगन्धप्लुताः।
स्युर्भस्मानि जघन्यमध्य सुभगास्तेव्युत्क्रमेणोदिता-
वृष्या. पाण्डु पटीयसोवलकरा योगोपयोज्यो पुन.॥
र प, र का धे

माक्षिक चूर्ण को केला, ककोडा के रस में दो घडी पका कर फिर वलि मिलाय विजौरा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर कूर्म पुट की आच दे इस प्रकार ३ पुट दे तो माक्षिक भस्म वने। यह भस्म वीर्यवर्द्धक

है, पाण्डु नाशक है, बलवर्द्धक है। इसे प्रत्येक योगो मे डाले। इसी को अन्य ग्रन्थकारो ने १० पुटे और भी दी है।

(१३) सुचूर्णिते तु माक्षिके विशोधितं तु हिंगुलम।
क्षिपेत्तदष्टमाक्षिकं ततस्तु निम्बुनाम्बुना॥
सुपेष्य सम्पुटीकृतं पचेद् दीर्घ चक्रिकाम्।
विपक्वमष्टधैव वै प्रकीर्तितेन वर्त्मना।
प्रयाति पञ्चतापरं जवेन हेममाक्षिकम्॥
क्षिपेत्तु हिंगुले पुनः पुनर्निरुक्तमानत। र त.

माक्षिक चूर्ण का आठवा भाग हिंगुल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट का आच दे। इस विधि से ८ पुट दे तो माक्षिक की भस्म बने। प्रत्येक पुट मे हिंगुल मिलाता रहे।

(१४) माक्षिक चूर्ण में तिहाई नमक मिलाय एक प्याले मे रख उसे निम्बूरस से तर कर दे और धूप मे रख दे, सूखने पर कढाई मे डाल कर भूने और रगडता रहे जब लाल हो जाय उतार खरलमे डालकर रगडकर ५ ७ वार पानी से धो डाले। फिर कुमारी रस मे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो माक्षिक भस्म बने। अ त

(१५) माक्षिक चूर्ण को मेहदी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय मेंहदी के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो माक्षिक की लाल भस्म बने। अ त.

माक्षिक भस्म के गुण—अर्श, कुष्ठ, पाण्डु, प्रमेह, खासी, वमन, नेत्ररोग, कामला, शोथ, उदर विकारमे लाभकारी है। इसकी मात्रा १-२ रत्ती तक है।

मुक्ता भस्म

(१) कुमारीतन्दुलीयेन स्तन्येन च विपाचयेत्।
प्रत्येकं सप्तवारंच तप्ततप्तानि कृत्स्नश॥ र च, र रा सु.

मोती को तपा तपाकर स्त्री दूध, कुमारी रस, चौलाई रस मे ७-७ वार बुझावे तो मोती भस्म बने।

(२) तत्र क्षिप्त्वान्धमूषायां पुटेल्लघुपुटेन च।
एव भस्मत्वमायाति मौक्तिकं पुट योगत॥ र का धे.

मोतियो को सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो भस्म बने।

(३) गन्धपारदयोरैक्य मौक्तिकानि विमर्दयेत् ।
भावयेद्दग्ध योगेन शराव सम्पुटे क्षिपेत् ॥
वस्त्रमृत्तिकयो र्लेपाज्ज्वालयेद्धस्तिजे पुटे ।
स्वागशीतलमुद्धृत्य चूर्णं भाण्डे निधापयेत् ॥ र रा सु

मोती के बराबर कज्जली मिलाय दूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय गजपुट की आच दे तो मोती भस्म बने ।

(४) गन्धाश्मासूतमुक्ता फलमखिलमिदबीजपूराम्बुमर्द्य
याम गोलविपाच्य लवणमुपगत चीरमृद्भ्या प्रपेष्ट्य ।
सिद्धस्यात्सूतराजा निखिलगद हर क्षौद्र कृष्णा सभेदो
यक्ष्माण पाडु गुदजान् श्वास कासा नहृद्व्याधिवातान्निहन्ति ।
र यो मा, र दी, र च, र म, रसावतार

रस दीपिका रस चडाशी रस मगले च भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

मोती पारा बलि तीनो को बिजोरा निम्बू के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लवण यन्त्र में दाबू दे ४ प्रहर की आच दे तो मोती भस्म बने । इसे पीपल शहद से सेवन करने पर क्षय, पाडु, अर्श, श्वास, कास, हृदरोग और वातरोग में लाभ होता है ।

(५) विमल मौक्तिक गवां पयसा परिपेषितम् ।
त्रिधा लघु पुटे पक्व मृतं स्याच्छशि सुन्दरम् ॥ र त.

मोतियो को दूध में पीस टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो मोती भस्म बने ।

(६) मुक्ताफलन्तु तरुणी परिस्रुत जलान्वितम् ।
पिष्टं त्रिवार पुटितं मृतिमाप्नोति ह्युत्तमम् ॥ र त.

मोतियो को गुलाब जल की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे । इस विधि ३ पुट दे तो भस्म बने ।

(७) मोतियो को चमेली रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो भस्म बने । अ त.

(८) मोतियो को गुलाब फूल मे सम्पुट कर १०-१२ सेर उपलो की आच दे तो भस्म बने, फिर इसे निम्बू रस की भावना दे । अ त.

(९) मोतियो को केवडा अर्क की भावना दे टिकिया बनाय गावजवा

के नुगदे मे रख १० सेर की आच दे तो भस्म बने। स.अ.

(१०) मोतियो को नीम्बू रस में भिगो कर धूप में रख दे, रस सूखने पर और रस डालता रहे, १५ दिन में स्वत भस्म हो जाती है। अ.की स अ

(११) मोती चूर्ण को निम्बू रस अर्क गुलाब चन्दनादि अर्क की १-१ भावना दे सुखाकर रख ले यह चन्द्रपुटी भस्म है। सि यो स.

(१२) मोतियो को गो दूध मे पीस टिकिया बनाय सुखाय गायजवा या गुलगावजवा या गोजिह्वा के नुगदे में रख सम्पुट कर ८-१० सेर उपलो का आच दे तो भस्म बने। मखजन, म अ ,चा.चि.,मा अ.,मि ख

मुक्ताभस्म के गुण—मोती भस्म श्लेष्मविकार, क्षय,कास,श्वास, मन्दाग्नि, हृदयोद्वेग, हृदयरोग, प्रमेह, प्रदर, अर्श मे लाभदायी है। दुग्धवर्धक, बलवर्धक है। मात्रा १ से २ रत्ती तक।

याकूत (चूनियां) भस्म

आयुर्वेद ग्रन्थो में याकूत या चूनी भस्मका उपयोग नही है। यूनानी ग्रन्थो में इसका उपयोग अधिक पाया जाता है। चूनिया भी माणिका का भेद है और उस जैसी ही रचना का रत्न है।

(१) याकूत को कुमारी के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। इसे फिर गुलाब जल में पीस कर रख ले। स अ.

(२) याकूत को चूर्ण कर दही में पीस टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे। इस विधि से ३ पुट दे तो भस्म बने। स अ

(३) याकूत को खरैटी के रस में तपा तपा कर बुझावे, भुर भुरा होने पर इसी के रस में पीस टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। अ त

(४) याकूत चूर्ण को अर्क गुलाब और शराब की १-१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो भस्म बने। म अ ,मि ख

(५) याकूत को तपा तपा कर सिरका में बुझावे फिर चूर्ण कर इसी में टिकिया बनाय सुखाय दोखीहीरा, वारतग के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो भस्म बने। म अ ,मि ख

याकूत भस्म के गुण—मृगी, वहम, मनौलिया, हृदयोद्वेग, हिस्टीरिया,

रक्तचापवृद्धि, हृदयनिर्बलता में लाभकारी है। हृदय को आल्हादित करता है, बल देता है, मस्तिष्क को स्थिर करता है, बुद्धि वर्धक है। १-२ रत्ती तक।

अनुपान—मुरब्बा सेव, मुरब्बा आवला, मुरब्बा गाजर आदि के साथ चांदी के २-४ वर्क लगा कर दोनों समय सेवन कराते है।

रत्न भस्म

(१) गरुड़ गन्धकभिन्द्याद्वदर्या वन्ध्यया तथा।
अश्वत्थेन च सम्भाव्य पुटेत् पिण्डं सरत्नकम्॥
म्रियते तेन योगेन ब्रह्म रत्नानि तत्वतः। र का धे

माक्षिक, बलि, बेर जगली, ककोडाकन्द, पीपल वृक्ष इन सबों को पीस करक बनावे और इस कल्क का लेप रत्नों के दानों पर करके सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो उक्त योग से ब्राह्मण जातिके रत्नो की भस्म बने।

(२) स्नुह्यर्क करवीराणि भूनांग दरदं वटम्।
गन्धाश्मान शिलाताल गरुडं गन्धटंकणम्॥
मेषश्रृंगं समाक्षीक नारीपुष्प पयः प्लुतम्।
एभिर्विलिप्त मूषायां धमनाद्रत्न मारणम्॥ र.का धे.

थोहर, आक, कनेर, केंचुआ, हिंगुल, वट वृक्ष, बलि, मैनसिल, हरिताल, माक्षिक इनके योग से अथवा, बलि, सुहागा, मेढासिंगी माक्षिक, स्त्रीरज, स्त्री दुग्ध इनके योग से उक्त दोनो योगों में से किसी योग का कल्क बना कर उस कल्क का लेप रत्नो पर करके कुठाली में रत्नो को रख कर धमन करे तो धमन विधि से उन रत्नो की भस्म बने।

(३) गन्धक कूर्मपृष्ठं च वलात्रय मुदुम्बरम्।
उत्तरावारुणी क्षीरं रत्नानां मारणं पुटै.॥ र का धे

बलि, कछुआकी पीठ, बला, नागबला, अतिबला, गूलर, इन्द्रायण इनका नुगदा बना कर उसमें रत्नो को रखकर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो रत्नो की भस्म बने।

(४) द्रवैश्चकान्ते स्नुहीक्षीरे नारीपुष्प पय. प्लुतम्।
एभिर्विलिप्त मूषायां धमनाद्रत्नमारणम्॥ र.सा,र का धे

दारुहल्दी, हल्दी, थोहरदूध, ऋतु-रक्त, स्त्रीदुग्ध इनमें रत्नोको लेपित कर वारम्वार धमन कर ने से रत्नो की भस्म बने।

(५) रस हंसं शिलातालं गरुड गन्धटकणम् ।
भूनाग विमलं वंगं मेषशृङ्गं स चुम्बकम् ॥
शुक्रशोणित सयुक्तं स्वेदनौपधिभावितम् ।
मूषालेप प्रयोगेण रत्नानां मारण परम् ॥ र सा ,र का धे

पारा, हिंगुल, मेनसिल, हरिताल, माक्षिक, वलि, सुहागा, केचुआ, विमल, वग, मेढासिगी, चुम्बकपत्थर इनको रक्त और शुक्र में घोट मूषामे लेप कर उस मूषा मे रख कर धमन करने से और स्वेदन ओपधियो में रक्त तप्त रत्नो को बुझाने से ऐसा कुछ वार करने से रत्नो की भस्म वन जाती है ।

(६) लकुचद्रव.सम्पिष्टै. शिलागन्धक तालकै. ॥
वज्रं विनाऽन्यरत्नानि म्रियन्तेऽष्ट पुटै.खलु: ॥

र प्र सु , र च , रसे चि , र का धे , र र स , भा,भै र , र रा सु , र.ज नि रस प्रकाश सुधा करे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

मैनसिल, वलि और हरिताल को वडहल के रस में पीस इनके नुगदे में कोई रत्न रख कर सम्पुट कर गजपुट की पुट दे इस प्रकार पुट देने पर वज्र को छोड कर समस्त रत्नो की भस्म वन जाती है ।

(७) गन्धतालशिला हंस माक्षिकं विमल समम् ।
मारणौपधिभिर्याव्य तेनरत्नानि वेष्टयेत् ॥
म्रियन्ते सर्व रत्नानि पुटैर्द्वादशभिर्दृढै.। र स , र का धे.

वलि, हरिताल, मैनसिल, हिंगुल, माक्षिक, विमल, इनको मारणौपधियो में घोट रत्नो पर उसका लेप करके सम्पुट कर गजपुट की पुट दे इस विधि से १२ पुट देने पर समस्त रत्नो की भस्म वने ।

नीलिकाशखचूर्ण च शिला भूनाग शूरणम् ।
वटवज्रलता पेपं रत्नाना मारण पुटै ॥ र का धे.

नील, शख चूर्ण, मैनसिल, केचुआ, जिमीकन्द, वटवृक्ष, स्नुही काण्ड वल्ली सवको पीस नुगदा वनाय उसमे रत्नो को रख कर गजपुट की आच दे तो रत्नो की भस्म हो ।

(८) किसी भी रत्न को कुठाली मे रख कर धमन विधि द्वारा रक्त तप्त कर आवले के रस या चन्दनादि अर्क में ५० से १०० वार तक वुझाने से वे रत्न नरम होकर भुरभुरे पीसक वन जाते है । उन्हे फिर कूट पीस कर आवला

के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर अर्क गजपुट की आंच दे इस प्रकार ३० पुट दे तो उत्तम भस्म बने। इस भस्म को पुन चन्दनादि अर्क की ३ भावना देवे। सिद्धयोग संग्रह

रजत

भौतिक गुण—चादी श्वेत चमकीली धातु है, जिस पर जलवायु का कोई प्रभाव नहीं होता। जितनी भी ज्ञात धातुएँ है उन सब से यह अच्छी ताप और विद्युत धारा की वाहक सिद्ध हुई है और यह सोने जैसी घनवर्धनीय तथा उत्तम-तान्वीय है। इसके वर्को के मध्य से सूर्य की ओर देखा जाय तो उसमें से नीली ज्योति की झलक दिखाई देती है इसकी परमाणु मात्रा १०७ ८ तथा घनत्ता १०५ है। इसका द्रवांक ९६३ श. और क्वथनांक १९५५ श है। यह जब कुठाली में अपने द्रवांक पर काफी देर तक द्रव अवस्था में रखी रहती है तो उस द्रवावस्था मे यह हवा से ऊष्मजन का आचूषण करने लगती है और यह उस समय काफी ऊष्मजन अपने भीतर कर लेती है। जब कुठाली को आग से निकाल कर ठण्डा होने के लिये रख देते है और उस द्रव चादी पर जब जमाव की पपडी जमने लगती है तो उस समय वह पिया हुआ ऊष्मजन त्यागती है इससे ऊपर का वह जमता हुआ स्तर फट जाता है और अन्दर से दबा हुआ ऊष्मजन जब निकलता है तो चादी उबल पड़ती है और वह उसे इधर उधर बिखेरती हुई निकल जाती है। चादी को जब क्वथनांक के उत्ताप पर लाया जाय तो यह वाष्पीभूत होने लगती है उस समय यह नीली ज्वाला देकर जलती हुई दिखाई देती है। इसकी युयुक्षा १ और ३ है इसके अणु की रचना में १६ परमाणुओ का सगठन होता है, जिसकी आणविक गठन अन्य धातुओ से मिलती है। चादी कठिनता में सुवर्ण से कुछ अधिक कठोर होती है। इसीलिये इसके आभूषण स्वर्ण की अपेक्षा देर मे घिसते है। किन्तु जब इसमें तावा, जस्ता आदि का कुछ और मेल मिला दिया जाय तो इस संकरीकरण से इसमे अधिक कठोरता आ जाती है।

रासायनिक गुण—चादी धनात्मक प्रकृति की धातु है। इतना होने पर भी द्रवावस्था में ऊष्मजन को पीकर उससे संयुक्त नहीं होती। हा उत्प्रेरक की सहायता या तीव्राम्लो के घोल में जब यह घुलती है उस समय विनिमय के समय ऊष्मजन से सयुक्त हो जाती है। यह दो प्रकार के ऊष्मिद यौगिक निर्माण

करती है एक रजतक ऊष्मद (र ऊ) दूसरा रजतस ऊष्मिद (र$_२$ ऊ)। रजतक ऊष्मिद काला भूरा होता है और रजतस ऊष्मिद सफेद रग का होता है। यह जल मे बहुत कम घुलता है। हमारी चादी की श्वेत भस्में प्राय· रजतस ऊष्मिद ही होती है। यह रजतस ऊष्मिद कुछ वनस्पतियो में विद्यमान उत्प्रेरक की सहायता से जब बनती है तो बहुत ही थोडे उत्ताप पर बन जाती है, अधिक उत्ताप पर नही बनती। इसीलिये इसे तुपाग्नि की पुट या लावक पुट, कपोतपुट की ही आँच देनी चाहिये।

रजतवलिकाइद—चादी को यलि के साथ मिला कर २०० श० तक गरम किया जाय तो चाँदी वलिकाइद (र$_२$व) में परिणत हो जाती है। यह चादी का यौगिक प्राकृतिक रूप मे खनिजो मे भी मिलता है।

रजतवलिकेत—चाँदी को सान्द्र वलिकाम्ल मे डाल कर गरम करने से चाँदी वलिकेत (र$_२$व ऊ$_४$) मे परिणत हो जाती है यह उस वलिकाम्ल में घुली होती है। यदि उस घोल मे थोडा थोडा कसीस डाला जाय तो वह उसमें घुलता चला जाता है और चाँदीका यौगिक तहनशीन हो जाता है, जिसे निकाल कर साफ कर लेते है। यह श्वेत वर्ण की चतुर्भुजीय रवो के रूप में चादी की भस्म बनती है। जो १० तोला जल में १ तोला घुल जाती है।

रजत लवणाइद—रजत पवनेत के घोल मे यदि हल्का लवणाम्ल का घोल डाला जाय तो दोनो घोलो के यौगिको मे रासायनिक विनिमय होता है एक ओर रजत पवनेत का यौगिक टूट कर रजत लवणाइद बनता है दूसरी ओर लवणाम्ल का यौगिक टूट कर उदपवनेत नामक वायु का उद्भव होता है। रजत लवणाइद (र ल) को ही अग्रेजो में सिलवर क्लोराइड कहते है। इसी से फोटोग्राफी की प्लेटो का प्रतिविम्व लेने के अर्थ उस पर विठाते है जो प्रकाश से प्रभावित होता है। इसे ही प्रकाश से वचाकर कैमरे में विठा कर प्रतिविम्व लेते है जिसे अधेरे में मसालो से धोकर स्थिर कर लेते है। इस प्रकार चादी के अनेक यौगिक वनते है।

हमारे रसाचार्यो ने इसकी दो ही प्रकार की भस्में या यौगिक वनाये थे। एक ऊष्मिद दूसरा वलिकाइद। हरिताल मैनसिल आदि के योग से भी जो चाँदी की भस्म वनती है वह भी वलिकाइद ही होती है। इनके वनाने की निम्न विधियाँ ग्रन्थो में है। यथा—

(एक पुटी) तार पत्राणि सूक्ष्माणि कृत्वा, संशोध्य पूर्ववत् ।
तत्समौ सूतगंधौ च काजिकेन विलेपयेत् ॥
स्थाल्यां पचेद्दिनं रुध्वा भस्म स्यात्तीक्ष्णवह्निना ।

अनु. त, र त, भा भै र

रसतरंगिणीकारेण कुमारी रसे भावनादत्वा तथा करीषाग्नौ पुट प्रदीयतामिति ।

चाँदी के पत्रो पर काजी में घुटी हुई कज्जली का लेप कर सुखाय सम्पुट कर वालुका यन्त्र में दाबू दे ४ प्रहर की आच दे तो चादी को भस्म वने । रस तरंगिणीकार ने कज्जली को कुमारी रस मे घोटा है और सम्पुट को करीषाग्नि मे रख कर आच दी है ।

(२) स्वर्ण माक्षिक गंधस्य सम भागतु कारयेत् ।
अर्क क्षीरेण सपिष्ट तारपत्रं प्रलिप्य च ॥
पुटेन जारयेत्तारं मृत भवति निश्चितम् ॥

र र स, र का. धे, र म, र र, भा. भै र, रसे. चू, र च,

रसेन्द्रचूणामणौ, रसकामधेनौ, सुधाक्षीरे निम्बू रसे भावनादत्वा, रस सारे अम्लरसेन भावना दत्वा । रस चण्डाशौ स्नुह्यर्कक्षीरेण भावना दत्वा इति अन्तर स्यात् । रसरत्न समुच्चयेभिन्न पाठ प्रतिपादित ।

सुवर्ण माक्षिक और वलि समभाग आकदूध या निम्बू रस या थोहर दूध की भावना दे उस कल्क का लेप चादी पत्रो पर कर सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे तो चादी की भस्म वने ।

(३) पारदं [1]चन्द्रिका चूर्णं समं शुद्धं विमर्दयेत् ।
गोलकृत्वा च संस्थाप्य दिनमेक करण्डके ॥
द्वितीये दिवसेऽङ्गारे लोह पात्रे विनिक्षिपेत् ।
लोहदण्डेन सघर्ष्य शुभ्रं भस्मं च कारयेत् ॥

१ रजत इति रस चण्डाशौ । र च., भा भै. र, र यो सा.

पारा और रजतरेत दोनो को खरल कर गोला वनाय एक शीशी मे रख दे दूसरे दिन उसे कढाई मे डाल अग्नि पर चढा कर लोह दण्ड से रगडता रहे तो रजत की श्वेत भस्म वन जाती है ।

(४) [1]कुनटी मुनिपुष्पोत्थ सलिलैः संप्रमर्दयेत् ।
तारपत्राणि लिप्त्वा [2]ऽथ पुटयेच्च वनोपलै. ॥

म्रियते नात्र सदेहो [२]लिप्तो वा रसभस्मना ।
अम्लवर्गप्रपिष्टेन पूर्ववत्पुट योगतः ॥
म्रियते तालकभृतं वङ्गमम्लेन पेषयेत् ।
तारपत्राणि संलिप्य पुटित्वा भस्मता नयेत् ॥
म्रियते गन्धयोगाद्वा वैष्णवेन विपद्यते । र ता आ क

१ कुरण्ट इति आनन्द कन्दे । २ लिप्ता नि इति आनन्द कन्द ।

मैनसिल को अगस्ति पुष्प के रस मे पीस चादी के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की पुट दे तो चादी भस्म हो । अथवा हिंगुल को निम्बू रस मे घोट चादीके पत्रोपर लेपकर सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुटमें आच दे तो चादी भस्म हो। अथवा हरिताल वगभस्म को निम्बूरस मे घोट चादी पत्रोपर लेप कर सुखाय सम्पुटकर कुक्कुट पुट की आच दे तो चादी भस्म हो । अथवा वलि को निम्बूरस मे घोट चाँदी के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आँच दे तो चादी की भस्म हो । यह ग्रन्थकारने चार विधिया वतलाई है ।

(५) सेटार्धमात्रं दरद गृहीत्वा सम्मर्द्य नैम्बूक रसेन तेन ।
प्रलिप्य तारस्य दलान्तदर्द्धान्खट्वाङ्गयन्त्रे निदधीत शुष्कान् ॥
क्रमेण वह्निं प्रदहीतयाम चतुष्टयं शीतमथोद्धरेत्तत् ।
स्याद्दूर्ध्वं हण्डीस्थविशुद्धसूतस्तारादि भस्मापि भवेदध. स्थम् ॥
रसा सा, र त

आधा सेर हिंगुल को निम्बूरस में घोट २० तो० चादी के पतले पत्र बना कर उस पर लेपन कर सुखाय डमरुयन्त्र मे रखकर ४ प्रहर की आच देने पर नीचे चादी की भस्म वनी मिलेगी और ऊपर की हण्डी में पारा लगा हुआ मिलेगा । रसतरगिणीकार ने लिखा है कि उक्त विधि से कई वार पुट दे ।

(६) निम्बूद्भवेऽम्वुन्यवपात्यतारं त्रिपष्टिवारान्परितप्ततप्तम् ।
जातञ्चजातं भसितं द्वितीये पात्रे निदध्यात्परिवापसख्याः ॥
समाप्नुवन्तीत्यथ सर्वं भस्मतदम्वुयोगात्परिमर्द्य चक्रीः ।
करोत्वथो सम्पुटगाश्च सर्वावराह संज्ञे च पुटे पुटेत्ताः ॥
रसा सा.

चादी के पत्रो को अग्नि में तपा तपा कर निम्बूरस में ६३ वार वुझावे ।

इस बुझाने मे भस्म होती जायगी, यदि झडती दिखाई दे तो कुठाली में रख कर तपावे और बुझावे, इतनी वार मे समस्त चादी पत्र जल जायेंगे, फिर सब को खरल में डाल निम्बूरस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर वराह पुट की आच दे तो एक ही आच में चादी भस्म बने ।

(७) १ तो० चाँदी पत्र पर २½ तो० हरिताल को चागेरी के रस में पीस कर लेप कर सुखाय सम्पुट में रख लघुपुट की आच दे तो चादी भस्म बने । र सि.

(८) १ तो० चादी चूर्ण, १ तो० पारा मिश्रण करे फिर १ तो० हरिताल, १ तो० मैनसिल, १ तो० सोनल सबको आक के दूध में पीस टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट (लावक पुट)की आँच दे तो चादी भस्म बने । र सि.

(९) १ तो० चादी चूर्ण १ तो० पारा मिश्रण करे १ तो० वलि, १ तो० हरिताल, १ तो० माक्षिक सबको कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लावक पुट की आच दे तो चादी की भस्म बने । र सि

(१०) १ तो० चादी चूर्ण, १ तो० पारा मिश्रण करे इसे मेंहदी रस, निम्बूरस की १--१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय २० तो० नकछिकनी के नुगदे मे रख सम्पुट कर २ सेर बनोपलकी आच दे तो चादी भस्म बने । मा अ

(११) १ तो० चादी वर्क, सोरा ३ माशे, मिश्री ९ माशे सबको वट दुग्ध ५ तो०मे खरल कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर बनोपल की आच दे तो चादी भस्म हो । अ. त.

(१२) १ तो० चादी पत्र पर सोमल, रस कपूर, दार चिकना, सुहागा, लोटासज्जी, फिटकिरी, प्रत्येक तोला सोरा २ तो० सबको पीसकर एक मिट्टी के छोटे वर्तन मे बन्द कर ३ घटा मन्द मन्द आच पर पकावें । इसमे से ३माशे का लेप चादी पत्र पर कर सम्पुट मे रख २ सेर उपलो की आँच दे तो चाँदी भस्म हो । अ. स., मि ख.

(१३) १ तो० चादी पत्र, १ तो० सज्जीखार मे १ माशा हरिताल चूर्ण मिलाकर इसका लेप चाँदी के पत्रो पर कर सम्पुट मे रख २ उपलो की आँच दे तो चादी की भस्म बने । अ स , मि ख.

(१४) १ तो० चादी पत्र पर हिंगुल को बन तम्बाकू के रस में पीस लेप

करे फिर १० तो० वन तम्बाकू के नुगदे में रख ३ सेर के वस्त्र सम्पुट मे लपेट आँचदे तो चाँदी भस्म हो। इस भस्म को २० तो० दूध की मलाई मे मिलाकर पकावे जब मलाई जल जाय उतार पीस रखे। धा. वि., मि. ख.

(१५) १ तो० चाँदी पत्र पर २ तो० माक्षिक चूर्ण नीचे ऊपर बिछा कर सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आँच दे तो चादी भस्म हो। मा. अ., मि ख.

(१६) १ तो० चादी का एक पत्र बनाकर अपामार्ग राख के मध्य भस्म यन्त्र में पत्र को दाबू देकर ४ प्रहर की आच दे, यदि सीक चुभाकर देखने पर सीक आर पार हो जाय तो आच देना बन्द करदे, भस्म हो। अ. स.,मि ख

(१७) १ तो०चाँदीको गलाकर १ तोला पारे में डालदे उस चादी पर ४ तोला तेल भी डाले और जला दे, इस प्रकार १० बार करे। १० वीं बार के बाद उसे फर्श पर फैला कर पत्रा बना दे और २० तो० सरनाय पत्र २० तो० आकास बेल के चूर्ण मे लपेट २ सेरका टाट सम्पुट कर आग लगा दे तो चादी की भस्म हो। मना , मि. ख.

(१८) थोहर के डण्डे मे १ चाँदी का रुपया रख कर उस पर आक का दूध भर कर सुखावे फिर उस पर सुहागा १ तो० पीस कर भर दे और सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आँच दें तो रुपया फूल जायगा। सि. औ प्र.

(१९) १ तो० चादी पत्र को बन तम्बाकू रस मे १४ बार बुझावे फिर १२ तो० बन तम्बाकू के नुगदेमें रख ३ सेर के कपड सम्पुटमे रख आग लगा दे तो चाँदी भस्म हो। मा अ

(२०) १ तो० चाँदी पत्र पर १ तो० हरिताल पीस कर लेप कर सुखाय सम्पुट में रख १० सेर बनोपल की आच दे तो चादी भस्म हो। मा अ

(२१) १ तो० चादी चूर्णको थोहर, दूधी, सेवती के रसोकी १-१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दें तो चादी भस्म हो। अ ति

(२२) १ तो० चादी चूर्ण को खट्टे मीठे दोनो अनार के २० तो० रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय २० तो० बबूल पत्र के नुगदे मे रख सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आच दे तो चादी भस्म हो। जा अ

(२३) १ तो० चादी चूर्ण २ तो० अभ्रक चूर्ण दोनो को निम्बू रस की ३-३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आँच दे तो

चादी भस्म हो। जा. अ.

(२४) १ तो० चाँदी पत्र को २० तो० कटेली के नुगदे में लपेट एक हण्डी में रख उसमें १ सेर कटेली का रस भरकर चूल्हेपर चढाय रस को गाढा करे जब रस गाटा हो जाय सम्पुट कर अर्ध गजपुटकी आच दे तो चादी भस्म हो। मि स, मना.

(२५) १ तो० चादी चूर्ण, १ तो० पारा, मेहदी व निम्बू रस में घोट टिकिया बनाय १० तो० नकछिकनी के नुगदे में रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे तो चादी भस्म हो। मु. फि., पा स.

(२६) १ तो० चादी वर्क को शहद में खरल करे जब वर्क तद्रूप हो जाय पानी से धोकर शहद निकाल दे फिर उक्त वनस्पितियो मे से किसी वनस्पति के १५-२० तो० नुगदे मे रख सम्पुट कर ३-४ उपलो की आँच दे तो चादी भस्म हो। अल की, पा स.

(२७) १ तो० चादी पत्र, गुजा चूर्ण ६ मा०, भागरा १० तो०, सुहागा १½ माशा, भागरे का नुगदा बनावे उस पर गुजा चूर्ण आधा बिछावे उस पर सुहागा पीस कर आधा फैला दे फिर चादी पत्र उस पर रख यथा क्रम सारी चीजें बिछाकर सम्पुट कर २० सेर वनोपल की आच दे तो चादी भस्म हो र सि.। नोट—२० सेर की आच ज्यादा है, ३ सेर की होनी चाहिए।

(२८) चादी पत्र को पनवाड बीज २ तो० के मध्य रख उस पर २० तोला आकासवेल का नुगदा लपेट सम्पुट कर १० सेर वनोपल की आच दे पत्रे फूल कर सफेद भस्म बन जायगी। अ त.

(२९) १ तो० चादी पत्र, १ तो०बलि, १ तो०सोमल। गन्धक और सोमल को पीस उसके मध्य चाँदी पत्र रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो चादी भस्म हो। अ त

(३०) १ तो० चादी पत्र, १ तो० हरिताल को पानी मे पीस चादी पत्र पर लेप कर सम्पुट में रख १० सेर उपलो की आच दे तो मटियाले रग की भस्म हो। अ यो मा

(३१) १ तो० चादी चूर्ण, १ तो० पारा मिश्रण करे १० तो० काटे वाली चौलाई के रस में खरल कर टिकिया बनाय सुखाय कटेली के नुगदे में रख दो सेर उपल सम्पुट में बन्द कर आच दे तो चादी भस्म हो। अ त

चांदी मारक वनस्पतियां

निम्नलिखित वनस्पतियो में ग्रन्थकारो ने चादी भस्म करने की और भी विधियावतलाई है। प्राय चादी एक तोला या चादीका रुपया ले और वनस्पतियो का नुगदा ८-१० तो० से १५-२० तोला तक लेकर उसमें चादी पत्र रख सम्पुट कर २ उपलो की आच या १॥-२ सेर उपलो की आच दे तो चादी भस्म हो।

वनस्पतियां—हल्दी चूर्ण थोहर दूधमें भिगोया हो, तितली, मीठातेलिया, केसर, नकछिकनी, पनवाड वीज, सफेद कनेरफूल, करीरफूल, अर्कदुग्धमें भिगोया गुजा, अनार का छिलका, काटे वाली चौलाई, वाभ्रककोडा, अजवायन, अजमोद दोनो, चारो अजवायन, ववूलपत्र, करजगिरी दोनो दूधी, दन्तीपत्र और लाजवन्ती दोनो में, एलवालुक, करीरफल, वनतम्वाकू, वटजटा और सनाय पत्र दोनो मे, पीपलछाल, ववूलफली, निम्वपुष्प, सोहजनामूल, सत्यानासी, पुनर्नवा को आक थोहर दूध में भावना दे, गावजवा को दूध के पानी से नुगदा वनावे, गन्दना, भूफली, इमली के वीज, हसनधूप, रतनजोत वूटी, अनारपत्र, पीपरामूल, अपामार्ग, दारचीनी का लेप कर वहेडा चूर्ण मे सम्पुट करे, झाड सगाडा। इनमे से किसी वनस्पति के नुगदेमें चादी रख सम्पुट कर आच दे तो एक पुट में भस्म वने। र मि ,पा स ,दे उ ,मा अ ,मि ख ,स अ ,अल की ,यो स , सि आ प्र ,सि भै म ,मख ,स अ ,अ त ,र ति

नोट—झाडसगडा वूटी पजावी नाम है यह वूटी गन्ना, ईख के खेतो मे उसके किनारे मेडो पर वोई जाती है। किन्तु यह जगली भी होती है। जगल लेनी चाहिए। गन्दना (प्याजी) गेहू के खेतो मे प्याज के से पत्तो वाली। एलवालुक इसे पजाव मे आलवालू कहते है और इसके हरे फलो को गिलास कहते है जो सुखा कर आलूवालू के नाम से वेचे जाते है।

निम्नलिखित ग्रन्थो मे चादी पत्रो को ११ से २१ वार तक या इससे भी अधिक वार वनस्पतियो के रस में वुझाकर फिर उसी वनस्पति के या दूसरी वनस्पतिके नुगदेमे रखकर सम्पुट कर २ सेर से ४-५ सेर उपलो की आँच दे तो एकपुट मे चादी भस्म हो।

वनस्पतिया—जलधनिया, अजवायन पत्र, मिर्चलाल, लहसुन, थोहरदूध और उसी का नुगदा, सूरजमुखी पुष्प, अर्कदुग्ध और उसी का नुगदा, अनार पत्ररस, सोयापत्र, त्रिफला, दूधी, कुकरौंधा, कुंदरूपत्र, हाथीसुण्डी। सिरका मे

चादीपत्र वुझावे अनारपत्र नुगदामे रखे, निम्बूरसमें वुझावे कबूतरकी विष्टामें रखे,सफेद प्याजके रसमे वुझावे नकछिकनी और कबूतर विष्टामें रखे, फिटकरी के पानी में वुझावे नकछिकनी या शरपुंखाके नुगदेमें रखे, या इमली छालके चूर्ण मे रखे, कुन्दरूरस और चिमगादड के गोरवे मे वुझावे और चिमगादड के मास में रखे, निम्बू रस मे वुझावे और जामुन की अन्तर्छाल के गूदा मे रखे, चारो अजवायन क्वाथ में वुझावे और गुलाब पुष्प मे रखे, वन तम्बाकू पत्र रस मे वुझा कर चादी पत्र पर सिंगरफ लेप कर के फिर वन तम्बाकू के नुगदेमें रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे। सि.औ. प्र., मना., मि. ख .र ति ,र.सि ,स अ. ।

(दो पुटी) तार पत्राणि सूक्ष्माणि कृत्वा तत्तुल्ययया पृथक्।
सूतगंधकयोस्तुल्य तालयोः खल्वसंस्थयोः ॥
कल्कं कृत्वा कुमार्याद्भिस्तेन तानि प्रलेपयेत्।
शराव संपुटे रुध्वा त्रिशद्वन्योपलै पुटेत् ॥
एवं रजतमाप्नोति मृतिं वारद्वयेन च। वृ यो त, भा भै र.

कज्जली और हरिताल वरावर ले कुमारीरस में खरल कर कल्क वनाय उसे चादी के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर ३० वनोपल की आच दे। इस विधि से दो पुट दे तो चादी की भस्म वने।

(२) रजतानि विशुद्धानि पत्राणीह समाहरेत्।
रसेश्वरं समंदत्त्वा पिष्टिकां कारयेत्ततः ॥
गौरीपाषाण चूर्णं च समंनिक्षिप्य मर्दयेत्।
आतपे चाथ संशोष्य शुष्क चूर्णं च कारयेत् ॥
सम्पुटस्थ ततः कृत्वा पुटेद्गजपुटेन तु।
पुटमेक प्रदायाथ खल्वे सचूर्णयेत्तत ॥
हिंगुल विमलं चैव तत्तुल्ये मेलयेद्वुधः।
एव पुटद्वयं दद्याद्रसतन्त्रविचक्षणः ॥
एवं पुट त्रयेणैव रजत मृतिमाप्नुयात्।
एवं मृतं तु रजत वीतशंक प्रयोजयेत् ॥ र त

चादी और पारे की पिष्टी वनावे फिर इसमें चादी के वरावर सोमल मिलाय सम्पुट कर गजपुट की पुट दे। फिर निकाल चादी के वरावर हिंगुल मिलाय सम्पुट कर पुट दे। इसी विधि से दो पुट दे तो चादी की भस्म वने।

(३) चादी चूर्ण को गुलाब के ताजे रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय ५ तो० सूखे गुलाब पुष्प के नुगदे मे रख सम्पुट कर ३-४ उपलो की आच दे, इस विधि से दो पुट दे तो चादी की भस्म बने। मा. अ., मि ख

(४) चादी पत्रो को दूधी के रस में १०१ वार बुझावे, फिर इसी के १० तो० नुगदे में रख सम्पुट कर ८ सेर उपलो की पुट दे इस विधि से एक और पुट दे तो दो पुट मे चादी भस्म हो। मा अ

(५) १ तो० चादी पत्र को २१ वार अर्क दुग्ध मे बुझावे, उन पत्रो पर २ तो० अकरकरा चूर्ण का लेप कर २० तो० आक की जड के नुगदे मे रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की पुट दे, पुन इमली छाल के नुगदेमें रख सम्पुटकर एकपुट और दे तो दो पुट मे चादी भस्म हो। मा अ

(६) १ तो० चादी चूर्ण को गुलाब पुष्परस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय ५ तो० गुलाब के नुगदे मे रख सम्पुट कर ५—६ सेर उपलो की आच दे, इस विधि मे दो पुट दे तो चादी की भस्म हो। मा अ.

नोट—लेखक ने गजपुट की आच दी है किन्तु इतनी आचमें चादी पिघल जाती है भस्म नही बनती।

(७) १ तो० चादी चूर्ण को अर्क दुग्ध की १ भावना दे टिकिया बनाय आक की कोपल के ५ तो० नुगदे मे रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे इस प्रकार दो पुट दे तो चादी की भस्म हो। चा. चि, मा अ.

(८) ५ तो० चादी बुरादा को निम्बूरस की ३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की पुट दे फिर १ बोतल शराब में भावना दे दूसरी पुट दे तो चादी भस्म हो। स अ

(९) १ तो चादी पत्रपर ३ माशे सोमलका लेप करे, फिर बड़े गोखरूके चूर्ण को अर्क दुग्ध में नुगदा बनाय उसमें चादी रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से दो पुट दे तो चादी भस्म हो। अ स, मि ख.

(१०) १ तो० चादी पत्र पर नौसादर, फिटकिरी, नमक, सोमल, सुहागा इन सबो का जौहर उडा कर ६ माशे जोहर का लेप पत्रो पर कर सम्पुट में रख ४ सेर उपलो की आच दे, इस विधिसे दो पुट दे तो चादी भस्म हो।

मख मि ख

(३ पुटी) तारपत्रं चतुर्भाग भागैकं शुद्धतालकम्।

[1]एतज्जम्बीरजद्रावै· कल्की कृत्यालकं भिपक् ॥
एतेन तारपत्राणि लेपयेच्छोषयेत्ततः ।
शराव सम्पुटे तेषामूर्ध्वाधो गधकं क्षिपेत् ॥
तारतुल्यं तु तांस्तानि रुध्वा गजपुटे पचेत् ।
त्रिंशद्वनोपलैरेवं स्वांगशीतं समुद्धरेत् ॥

र. च, र मजरी, वृ यो. त, र त, भा भै र

१ मर्द्य इति रसमजर्यां रसचडाशौच ।
रसतरगिण्या वलिस्थाने हरिताल नियोजित । पुटानि त्रिभि दत्त्वा ।

चादी पत्र ४ भाग पर एक भाग हरिताल को निम्बूरस में कल्क वनाय पत्रो पर लेप कर सुखाय प्रथम नीचे ऊपर उन पत्रोके वलि चूर्ण विछाय सम्पुट कर ३० वनोपल की आच दे । फिर निकाल इसी विधि से ३ पुट दे तो चादी की भस्म वने । रसतरगिणीकार ने वलि के स्थान पर हरिताल चूर्ण ही विछाया है ।

(२) तारपत्रचतुर्भाग भागैक शुद्धतालकम् ।
मर्द्यं जम्बीरजद्रावैस्तारपत्राणि· लेपयेत् ॥
रुध्वा त्रिभिः पुटैः पाच्यं पञ्चविंशद्वनोपलैः ।
म्रियते नात्र सन्देहो गन्धो देयः पुनः पुनः ॥ र. च.

हरिताल चादी पत्र से चौथाई लेकर जम्बीरी रस की भावना दे कल्क वनाय पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर २५ वनोपल की आच दे । उक्त विधि से दो पुट और दे किन्तु प्रत्येक पुट में वलि का लेप करता रहे ।

(३) शुकम्रिया पीतक पत्र कल्के चतुर्गुणे तारकमेव रुध्वा ।
शरावके सपुटके पुटेच्च त्रिभिपुटैरेव वराहसज्ञैः ॥

भा भै र, अनु त

चादी के पत्रो को चौगुने दाडिम और वबूल के पत्तो की नुगदी में रख सम्पुट कर वराह पुट की आच दे तो इस प्रकार तीन वार पुट दे तो चादी भस्म हो ।

(४) तालगन्धं रौप्यपत्र मर्दयेन्निम्बुकद्रवैः ।
त्रिपुटैश्च भवेद्भस्म योजयेत्तद्रसादिपु ॥ र च, आ क

हरिताल और वलि समभाग को निम्बूरस में कल्क वनाय चादी के पत्रो

पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर वराह पुट की आच दे। इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म वने।

(५) भागैकं तु मृत वङ्गं भागैक शुद्धगन्धकम्।
निम्बूनीरेण सम्मर्द्य तारपत्राणि लेपयेत्॥
चतुर्भागाणि मूषायां रुध्वा पचेत् पुटैस्त्रिभिः।
गन्धं पुनः पुनर्दत्त्वा पचविंशद्वनोपलैः॥
रजतं म्रियते याति द्विजद्विड्मानवो यथा।

आ क, र र, वै. क. त, र का. धे आनन्दकन्दे रसरत्नाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

वग भस्म वलि समभाग निम्बूरस से कल्क वनाय चौगुने चादी के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर २५ वनोपल की आच दे, इस विधि से वलि देकर ३ पुट दे तो चादी की भस्म वने।

(६) दशटङ्को रसः शुद्धस्तालसत्वं तथा दश।
विधाय पिष्टिं सूतेन रजतस्याथ मेलयेत्॥
तालगन्धसमं [1]शुद्धं तन्मर्द्यं निम्बुकद्रवैः।
गोलकीकृत्य [2]संरुद्ध मूषायां स्वर्णवद् दृढम्॥
[3]द्वित्रिः पुटैर्भवेद्भस्म योजये त्तद्रसादिषु।

रसामृत, र सा प., पा स, र त, भा भै. र, र त सा, रसे चि, र. का धे, र म., र र प्र., वृ यो त, यो त,

रसमजर्यां रसप्रदीपे तृतीयपादो नास्ति। रसेन्द्रचिन्तामणौ रसकामधेनौ रसमगले प्रथम पादो अधिक। तथा चतुर्थपादो नास्ति।

१ पश्चान्मर्दयेत् रसमजर्यामिति पाठ।

२. सशुष्क रुध्वा लघुपुटे पचेत् रसामृते इति पाठ।

३ भवेत् सप्तपुटैर्भस्म रसामृते इति पाठ.।

चादी, पारा, वलि, हरिताल प्रत्येक २॥ तो० पिष्टी वनाय सवको एकत्र कर निम्बूरस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ३० वनोपल की आच दे। इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म वने।

(७) भागैक क्षारराजेन द्रावितं शुद्धतारकम्।
तस्य पत्रचतुर्भागं भागैकं शुद्धतालकम्॥

मर्द्य जम्बीरजद्रावैस्तारपत्राणि लेपयेत् ।
रुद्ध्वा त्रिभि. पुटैः पाच्यं पचविंशद्वनोपलै. ॥
म्रियते नात्र सदेहो गन्धो देयो पुन' पुनः । र का धे, र म

सुहागा की चुटकी देकर चादी को गलाय पत्र बनाय उन पत्रो से चौथाई हरिताल को जम्बीरी रस मे कल्क बनाय पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर २५ वनोपल की आंच दे, इस विधि से प्रत्येक पुट में बलि देकर ३ पुट दे तो चादी भस्म बने ।

(८) चादी बुरादा को थोहर दूध की कई भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १०–१२ सेर वनोपल की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म बने । यू सि यो स

(९) चादी बुरादा का अद्रक रस की ७ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ३–४ सेर उपलो की आच दे । इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म बने । मा अ

(१०) चादी पत्रो को तपा तपाकर ब्रह्मदण्डी रस में १३ वार बुझावे फिर १० तो० तितनी (वर्गसदाव) के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच दे । इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म बने । र ति , मि ख

(११) चादी बुरादा हरताल बराबर निम्बूरस में घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म बने । मा अ ,मि ख.

(१२) चादी बुरादा १ तोला गुजाचूर्ण १० तोला दोनो को आकदूध की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय आक के नुगदे में रख सपुट कर १० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चाँदी भस्म बने । मि ख.

(१३) चादी पत्रो को तपा-तपा कर नागफनी रस, हरमल रस में ७-७ वार बुझावे फिर हरमल पत्र और खुरासानी अजवायन के नुगदे में रख सपुट कर ४ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म बने ।
र ति ,मि ख

(१४) चादी पत्र से दूने हिंगुल को तम्बाकू रस में कल्क बनाय पत्रोपर लेप कर सुखाय तम्बाकू के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर वनोपल की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म बने ।

(१५) चादीपत्रो को तपा-तपा कर सफेद प्याज रस मे २१ वार वुझावे फिर कवूतर विष्ठा को प्याज रस में घोट नुगदा वनाय उस मे रख सम्पुट कर ६ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म वने। मा. अ.

(१६) चादी पत्रो को कुठ और गोरखमुण्डी के नुगदे में रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चादी भस्म वने।

अ स.,मि ख

(१७) चादी पत्रो को तपा तपा कर हाथी मुण्डी के रसमें २१ वार वुझावे फिर इसी के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो चादी की भस्म वने। अ त.

(४ पुटी) चतुर्गुणं च रौप्येभ्य माक्षिक च सुमेलयेत्।
अपामार्गस्य सौरस्ये खरली कृत्य सम्पुटेत्॥
पञ्चघण्टक तीक्ष्णाग्नौ एतत्भस्मं तु सम्भवम्।
चतुर्वार समाज्वाल्य मात्रा कुर्यादिद्वरक्तिकाम्॥ रसा स,व रा.

वसवराजीये भिन्न पाठ प्रतिपादित तथा स्त्रि दुग्धेन भावना दत्त्वा इतिविशेष

चादी वुरादा से चौगुना माक्षिक ले अपामार्ग रस की या स्त्रिदुग्ध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर वालुका यत्र में दावू दे कर, ५ घटे की आच दे, इस विधि से ४ पुट दे अथवा सम्पुट कर गर्वगजपुट की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो चादी भस्म वने।

(२) चाँदी पत्रो पर निम्बू रस में घोटी हरिताल का लेप कर उन पत्रो को तपावे, ७ वार इस तरह करे चादी चूर्ण हो जायगी उसके वरावर हरिताल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो चादी भस्म वने। सि औ प्र

(३) चादी पत्रो को चारो अजवायन के नुगदे में रख सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो चादी भस्म वने। मि ख,म अ

(४) चादी पत्रो को तपा तपा कर कच्चे आमके रसमे वुझावे, फिर हल्दीके नुगदे मे रख उस पर अजवायन का नुगदा चढाय सम्पुट कर ६ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो चादी भस्म वने। र ति,मि ख

(५) चादी पत्रो को तपा तपा कर ब्रह्मदण्डी रस मे १०१ वार वुझावे

फिर तितली के नुगदे में रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो चाँदी की भस्म बने। मा अ

(६) चाँदी वुगदे को चौलाई के रस मे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४ पुट दे तो चादी भस्म बने। मा अ

(७) चादी पत्रो को तपा तपा कर अनार रस मे २१ वार वुझावे, फिर अनार के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ४ पुट दे तो चादी भस्म बने। स अ

(८) चादी पत्रो को तपा तपा कर २१ वार निम्बू रस मे वुझावे फिर लोवान चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आंच दे तो चाँदी भस्म बने। स अ

(५ पुटी) लोधपठानी को असगन्ध रस में घोट नुगदा बनाय उसमें चादी पत्र रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ३ पुट दे, पुन नकछिकनी के नुगदे में रख उक्त विधि से दो पुट दे तो चादी भस्म बने। अ स, मि ख

(२) १ तो० चादीपत्र पर ५ माशे रसकपूर का लेप कर सुखाय पुनर्नवा के नुगदे में रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ५ पुट दे तो चादी भस्म बने। स अ,

(७ पुटी) भूधात्री माक्षिक तुल्यं पिप्पली सैंधवाम्लकैः।
लिप्त्वा तारस्य पत्राणि रुद्ध्वासप्तपुटेपचेत्॥
द्रवैः पुन. पुन. पिष्ट्वा म्रियते नात्र सशय॥

ऋटिखण्डे भिन्न पाठ प्रतिपादित। आ क, र र, ऋ ख

भूआवला, माक्षिक, पीपर, सेंधानमक, वरावर इनको निम्बू रस मे घोट कल्क बनाय चादी पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर अर्धगजपुट की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म बने।

(२) चादी पत्रो को दूधी के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म बने। सि.औ प्र

(३) चाँदी के पत्रो को जल निम्ब और सत्यानासी के नुगदे में रख सम्पुट कर २ सेर उपलोकी आँच दे इस विधिसे ७ पुट दे तो चाँदी भस्म बने। स अ

(४) पारा चादी की पिष्टी वनाय ४ भावना चागेरी रस की दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म वने । मा अ ,जा अ

(५) चाँदी वुरादा सोमल वरावर निम्बू रस में घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म वने । जा अ.

(६) चाँदी पारा की पिष्टी वनाय जामुन के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म वने । वै उ

(७) चाँदी पत्रो को तपा तपा कर २१ वार अद्रक रस मे वुझावे फिर मीठातेलिया जामुन की छाल दोनो का नुगदा वनाय उसमें पत्रे रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आँच दे इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म वने । र सि

(८) चाँदी वुरादा को अजवायन वबूलपत्र क्वाथ की ७-७ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म वने । सि औ प्र

(९) चादी वुरादा को तुलसी रस की ७ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चाँदी भस्म वने । मा. अ

(१०) १ तो० चादी पत्र को २१ वार अनारपत्र रसमें वुझावे फिर लोध-चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की पुट दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चादी भस्म हो । मा अ

नोट—लेखक ने लोधचूर्ण के दो सेर के उपले वना कर उसमें आच देना लिखा है, मै इसे विडम्वना समझता हूं । यदि लोधचूर्ण में चादी ने भस्म होना है तो १० तो० चूर्ण के नुगदे में भी हो जायगी ।

(११) १ तो० चादी पत्र को अर्कदुग्ध में ७ वार वुझावे फिर इसे मीठा तेलिया के नुगदे में रख सम्पुटकर ५ सेर उपलोकी आँच दे, इस विधिसे ७ पुट दे तो चादी भस्म वने । मा अ.

(१२) १ तो० चादी पत्र को २१ वार अनारपत्र रस में वुझावे फिर चारो अजवायन के नुगदे में रख सम्पुट कर ३-४ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चादी भस्म वने । —मा अ

(१३) चादी पत्र को अनार रस में २१ वार बुझाकर त्रिफला के नुगदे मे रख ७ पुट दे, तो चादी भस्म हो। मा अ

(१४) चादी पत्र को उक्त विधि से बुझाकर पीपलकी अन्तर्छालिके नुगदे में रख पुट दे इस विधि से ७ पुट दे, तो चादी भस्म हो। मा अ

(१५) १ तो० चादीपत्र को दूधी के नुगदे में रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। मा अ

(१६) १ तो० चादी पत्र को गुलनारके फूल और अनार के नुगदे में रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। मा अ

(१७) चादी चूर्ण १ तो० को तुलसी रस की ३ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे। इस विधिसे ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। मा अ

(१८) चादी पत्र को पीपरामूल चूर्ण मे रख दो सेर उपलोके सम्पुटमें आच दे, इस विधिसे ७ पुट दे। किसी और लेखक ने पीपरामूल और नकछिकनी चूर्ण मिलाकर पुट दी है। एक ने मैदा लकडी चूर्ण मिला कर पुट देना बताया है। म ख, मि ख

(१९) १ तो० चाँदी चूर्ण को काँटे वाली चौलाई के रस मे टिकिया वनाय इसके नुगदे में रख ४ सेर उपलोकी आच दे, इस विधिसे ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। अ त

(२०) १ तो० चाँदी वुरादा को जगली गुलावपुष्प के रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। अल को,

(२१) १ तो० चादी वुरादा, १ तो० पारा मिश्रण कर चाँगेरी रस की ३ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आच दे, इस विधिसे ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। पारा प्रतिपुट में मिलावे। मु फि, पा स

(२२) १ तो०चादी चूर्णको अद्रकरस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पट कर २ सेर उपलो की आच दे, इसी विधि से ७ पुट दे तो चादी भस्म हो। स अ

(११ पुटी) कण्टक वेध्ये तारपत्रे [१] दत्त्वा द्विगुणहिंगुलम्।

पातयन्त्रे रसोग्राह्यो [२]चूर्णाभ रजत भवेत् ॥
तच्चूर्ण कनकक्षीरीरसै मर्द्यंदिनावधि ।
शतपुष्पी पुष्परसै.र्मर्दयेद्वा दिनावधि ॥
कृत्वा तु चक्रिका शुष्कां दद्याल्लघुपुट भिषक् ।
एकादशपुटै रैव तारभस्म प्रजायते ॥ रसामृत, र.च.

रस चण्डाशी त्रुटित पाठ ।
[१]लिप्त्वा इति रसामृते । [२] रजत मृतमुच्यते इति रसचण्डाशी ।

(२) कण्टक वेधी चादी के पत्र बनाकर उनसे दुगुना हिंगुल ले निम्बूरस मे घोट उन पत्रो पर लेप लगाय सुखाय उमरु यन्त्र में बन्दकर आच दे तो चादी चूर्ण रूप में नीचे और पारा ऊपर के पात्र में उड कर लग जाता है, दोनो को अलहदा अलहदा निकाल ले । पारा तो अन्य योगो मे डाले, चादी चूर्ण को पुन सत्यानासी के रस मे या सेवती पुष्प के रस में दो दिन खरल कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २०-२४ बनोपल की पुट दे, इस प्रकार ११ पुट दे तो चादी की उत्तम भस्म बने ।

आचार्य श्री यादव जी त्रीकम जी ने उक्त विधि में निम्न परिवर्तन किया है —चादीचूर्ण को उमरु यन्त्र मे हिंगुल मिलाकर दो वार पाक किया है, फिर आपने सत्यानासी रस की भावना देकर २० वार पुट दी है और गुलाब फूल रस की भावना देकर ३ पुट देनी बताई है, इस प्रकार २३ पुट में चादी भस्म बनाने का विधान दिया है । सिद्ध योग सग्रह

(३) १ तो० चादी पत्रो को ४७ वार निम्बु रस मे बुझावे फिर १० तो० अजवायन ५ तो० कबूतर की विष्टा के नुगदे में रख २ सेर बनोपल के सम्पुट मे रख आच दे, फिर प्रतिवार चादी पर १ माशा पारा चढाकर उक्त विधि से ११ पुट दे तो चादी भस्म हो । र ति.

(४) चाँदी चूर्ण को २१ दिन दूधी में और २१ दिन गिलोय रस में भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे इस विधि से ११ पुट दे तो उत्तम चादी की भस्म बने । अ त.

(१२ पुटी) लकुचद्रवसूताभ्यां तारपिष्टीं प्रलेपयेत् ।
ऊर्ध्वाधो गन्धक दत्त्वामूषामध्ये निरुध्य च ॥
स्वेदयेद्वालुकायन्त्रे दिनमेकं दृढाग्निना ।

स्वाङ्गशीताञ्च ता पिष्टा साम्लतालेन मर्दिताम् ॥
पुटेद्वादशवाराणि भस्मीभवति रूप्यकम् ।

र र स ,यो त ,पा स ,रसे चू ,र ज नि ,भा भै.र

चादी बुरादा और पारा सम मिलाकर बड़हल के रस में घोट पिष्टी बनाय पतली-पतली टिकिया बनाय सुखाय नीचे ऊपर बलि दे सम्पुट कर बालुका यन्त्र में दाबू दे ४ प्रहर की आंच दे, इसी विधि से १२ पुट दे तो चादी भस्म बने ।

(२) भागैक तु रजत सूतभाग चतुष्टयम् ।
मर्दयेदिनमेक तु सततंनिम्बुवारिणा ॥
पेषणाज्जायते पिष्टि दिनैकेन तु निश्चितम् ।
मूषामध्येतु ता पक्त्वाह्यधोर्ध्वं गन्धक न्यसेत् ॥
बालुकायन्त्र मध्यस्थ दिनैक तु दृढाग्निना ।
पाचितातु प्रयत्नेन स्वाङ्गशीतलतागतम् ॥
तालेनाम्लेनसहिता मर्दितहि शिलातले ।
ततो द्वादशवाराणि पुटान्यत्र प्रदापयेत् ॥
अनेन विधिना सम्यग्रजतम्रियते ध्रुवम् । र प्र सु ,भा भै रे

चादी बुरादा १ भाग, पारा ४ भाग पिष्टी बनाय उक्त विधि से नीचे ऊपर बलि दे सम्पुटकर बालुका यन्त्र में दाबू दे ४ प्रहर की आंच दे, इस विधि से १२ पुट दे तो चादी भस्म बने ।

(३) चादी पत्रो के बराबर सोमल को पानी मे पीस कल्क बनाय पत्रो पर लेपकर सुखाय नारियल के खोल में रख सम्पुट कर ४ सेर बनोपल की आंच दे, इस विधि से १२ पुट दे तो चादी भस्म बने । मु ख

(१४ पुटी) भागैक तालक मद्यैं याममम्लेन केनचित् ।
तेनभागत्रय तार पत्राणि परिलेपयेत् ॥
धृत्वा मूषा पुटे रुद्ध्वा पुटेत्रिंशद्वनोपलैः ।
समुद्धृत्य पुनस्तालं दत्त्वा रुध्वा पुटे पचेत् ॥
एवं चतुर्दश पुटै स्तारं भस्म प्रजायते ।

र र स , रसमजरी, र र , वै द , वृ र प्र , र सा प , चि र , शा व , अनु त , भा प्र , भा भै र , पा स , र रा सु ,

रसमजर्याम् रसरत्नाकरे रसराजसुन्दरे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

१ भाग हरिताल को निम्बूरस में घोट कल्क बनाय उसका लेप तिगुन चादी के पत्रो पर सुखाय सम्पुट कर ३० सेर बनोपल की आच दे, इस विधि से १४ पुट दे तो चादी भस्म बने ।

(२) स्नुहीक्षीरेण सम्पिष्टं माक्षिक तेन लेपयेत् ।
तालकस्य प्रकारेण तारपत्राणि बुद्धिमान् ॥
पुटेच्चतुर्दशपुटै स्तार भस्म प्रजायते ।
र त, चि र, र प्र, रमे. चू, र र स, शा ध, भा. प्र. भा भै. र
रसतरगिण्या रजतस्य अर्धभाग माक्षिक नियोजित. ।

चादी के पत्रो पर थोहर के दूध में घोटी हुई माक्षिकके.कल्क का लेप कर सुखाय सपुट कर ३० बनोपल की आच दे, इसी प्रकार १४ पुट दे तो चादी की भस्म बने । रसतरगिणीकार ने बतलाया है कि चादी से आधा माक्षिक लिया करे ।

(३) तारपत्रैस्त्रिभिर्भागो भागैकं शुद्धमाक्षिकम् ।
मर्द्यं जम्बीरजैद्रावैंस्तार पत्राणि लेपयेत् ॥
शोषयेदन्वयेत्तच्च त्रिंशद्वनोपलैः पचेत् ।
चतुर्दशपुटैनैव निरुत्थं म्रियते ध्रुवम् ॥ र. र

एक भाग माक्षिक चूर्ण को जबीरी रस मे घोट कल्क बनाय ३ भाग चादी पत्रो पर लेप कर सुखाय सपुट कर ३० बनोपल की आच दे, इस विधि से १४ पुट दे तो चादी भस्म बने ।

(४) तार त्रिवारं निक्षिप्त तैले ज्योतिष्मती भवेत् ।
स्नुक्क्षीरैः पेषयेत्ताल तारपत्राणि लेपयेत् ॥
रुद्ध्वा गजपुटे पच्यात्पूर्वोक्तै. पेषयेत्पुन· ।
पुटेच्चतुर्दशपुटैस्तारं भस्म प्रजायते ॥ र र.

चादी के पत्रो को तपा तपाकर मालकागनी के तेल में बुझावे, फिर हरिताल को थोहर दूध मे घोट कल्क बनाय तार पत्रो पर लेप कर सुखाय सपुट कर ३० बनोपल की आच दे, इस विधि से १४ पुट दे तो चांदी भस्म बने ।

(५) हिङ्गुलेन च माक्षिकेण वलिना तुल्येन जम्भाम्भसा ।
लिप्तं रौप्यदलं पुटेन पुटनात्स्याद्भस्म सूपास्थितम् ॥
र त, र. प, र, का धे

हिंगुल, माक्षिक, वलि तीनो वरावर जवीरीरस में घोट कल्क वनाय चादी पत्रो पर लेप कर सुखाय सपुट कर कुक्कुट पुट की आच दे, इस विधि से आगे मोहर आक दूध मे कल्क वनाय १४ पुट दे तो चादी भस्म वने । मि ख.

(६) चादी पत्रो को टोटकवूटी के नुगदे मे रख सपुट कर ७ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से १४ पुट दे तो चादी भस्म वने । मि ख

(७) चादी के पत्रो को चीनी के प्याले मे रख उस पर वलिकाम्ल या पवनाम्ल डाल प्याले को आग पर रखे धुआ से वचा कर चलाता रहे, आध घटे मे भस्म वन जायगी । उसे निकाल घोकर उससे १२ वा भाग हरिताल मिलाय कुमारी रस से टिकिया वनाय सुखाय सपुट कर ५ सेर उपलो की आच दे । इस प्रकार १० पुट दे फिर केवल कुमारी रस में घोट टिकिया वनाय सुखाय सपुट कर ३ पुट और दे तो १४ पुट में चादी भस्म वने । र त सा.

(२० पुटी) रसगन्धौ समौ कृत्वा काकतुण्डस्य मूलकम् ।
मर्दयेन्महिषीक्षीरैः पिष्ट्वा न क्षालयेज्जले ॥
हरिद्रागोलके क्षिप्त्वा गाले हयपुरीषके ।
[1]क्षिप्त्वा दिनैक विंशन्तं तद्गोलमुद्धरेत्पुनः ॥
तत्पिष्टतारपत्राणि लेप्यान्यम्लेन केनचित् ।
[2]पुटै विंशतिभिर्भस्म जायते नात्र सशय ॥ र र, र ज. नि.

१ त गोलमुद्धरेत् क्षिप्त्वा दिवसानेकविंशति रसजलनिधौ इति पाठ ।

२ विंशत्याचपुटै रसजलनिधौ इति पाठ ।

पारा वलि वरावर कज्जली वनाय कौआठोढी को भैस के दूधमे घोट कल्क वनाय हल्दी के नुगदे में रख उस गोले को थोडे की लीद मे दवा दे, २१ दिन के वाद निकाल उसका निर्गुरस से कल्क वनाय चादी पत्रो पर लेप कर ३० वनोपल की आच दे, इस विधि से २० पुट दे तो चादी भस्म वने ।

(२१ पुटी) चादी पत्रो को मूसली चूर्ण के मध्य उपल सपुट मे रख आच दे, इस विधि से २१ वार करे तो चादी का पत्रा फूलकर सफेद हो जायगा । स.अ

(२) चादी के पत्रो को तपा-तपा कर जगली गुलाव रस मे २१ वार वुझावे फिर पिपरामूल के नुगदे मे रख सपुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से २१ पुट दे तो चादी भस्म वने । अ त

(२५ पुटी) चादी पत्र को कुठ, गोरखमुडी, वटजटा सरनाय पत्र इन चारो

के मिश्रित नुगदे में रख उपल सपुट मे वन्द कर आच दे, इस विधि से २५ पुट दे तो चादी भस्म वने। अ स ,मि ख.

(३० पुटी) तारमाक्षिकयोश्चूर्णमम्लेन सहमर्दयेत्।
त्रिंशत्पुटेन तत्तार भूति भवति निश्चितम्॥

र प्र मु ,आ क ,र र स ,रसे चू ,र सागर,व रा ,पा न ,मा नं र वसवराजीये भिन्न पाठ प्रतिपादित।

आनन्द कन्दे रससागरे रनुही क्षीरात् विमल माक्षिक भावना दत्वा चत्वारिंशत्पुट प्रदीयतामिति।

चादी चूर्ण और विमल को अम्ल रस मे या गोहर दूध में घोट टिकिया वनाय सुखाय सपुट कर ३० उपलो को आच दे। इस विधि मे ३ पुट दे तो चादी भस्म वने।

(२) चादी और पारे की पिष्टी वनाय चादी के वरावर वलि और इतना ही हरिताल मिलाय निंवू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सपुट कर ५ सेर उपलो की आच दे फिर प्रतिवार चादी से १० वा भाग हरिताल मिलाय निंवू रस मे घोट उक्त विधि से ३० पुट दे तो चादी भस्म वने। र त सा

(४१ पुटी) चाँदी पत्रो को कुठचूरा में विछाय उपल सम्पुट में रख आच दे, इसी विधि से ४१ पुट दे तो चादी भस्म वने। अ स मिख.

(२) चादी पारा सम भाग पिष्टी वनाय अजवायन चारोके नुगदेमें रख सम्पुट कर २ सेर उपलों की आच दे इस विधि से ४१ पुट दे तो चादी भस्म वने। मि ख ,म अ

(१०० पुटी) चादी वुरादा को करेला रस की सात भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ५ पुट दे फिर २½ सेर उपलो की २० पुट दे फिर ५ सेर उपलो की १५ पुट दे फिर २० सेर उपलो से १० पुट दे। इसके वाद उक्त विधि से करेले की भावना दे गजपुट की आच देता रहे तो १०० पुट में चादी की उत्तम भस्म वने। र यो सा

चांदी भस्म के गुण :—

रूप्यं विपाकमधुरं तु वराम्लसारं शीतेसरं परम लेखनकच रुच्यम्।

स्निग्धं च वात कफजिज्जठराग्नि दीपी वल्य परं स्थिर वय करणं च मेध्यम ।

रौप्यशीत कषायाम्लस्निग्ध वात हरं गुरु ।

रसायन विधानेन सर्वरोगान्तु हारकम् ॥ र र स.

चादी परिपाक मे मीठी अन्दर से खट्टे रस वाली, ठण्डी, दस्तावर और लेखन है, भूख बढाती है, रुचि उत्पन्न करती है, स्निग्ध है, वात कफको जीतने वाली है, वायु को स्थिर करती है। यह ठण्डी, कसैली, खट्टी, वातहर और भारी है, रसायन विधि से सेवन करने पर अनेक रोगो को नाश करती है।

राजावर्त भस्म

(१) [1]भृङ्गाम्बु गन्धकोपेतो राजावर्तो विचूर्णितः ।

पुटनात्सप्तवारेण राजावर्तो मृतो भवेत् ॥

रसे चू.,र प्र सु.,र.र.स.,पा स.,भा भै र.,र ज.नि.

१ भृङ्गाम्भो रसेन्द्र चूणामणौ इति पाठ । रस प्रकाश सुधाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

राजावर्त (लाजवर्द) चूर्ण से चौथाई गन्धक लेकर दोनो को खरल में डाल बिजौरा रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ७ पुट दे तो राजावर्त की भस्म बने ।

(२) चूर्णितं शुकपिच्छेन भृङ्गराज रसेन वै ।

सप्तवारेण पुटतो राजावर्तो मरिष्यति ॥ र प्र सु.

न० १ न० २ की दोनो विधि एक ही है केवल पाठ भेद है ।

राजावर्त के गुण

प्रमेह क्षयदुर्नाम पाण्डुश्लेष्मा निलापहः ।

दीपनं पाचनं वृष्यो राजावर्तो रसायनः ॥ र र स.,पा स.

राजावर्त प्रमेह, क्षय, अर्श, पाण्डु, कफविकार, वातविकार को नष्ट करने वाला है और दीपन व पाचन तथा वृष्य व रसायन है ।

लोह

भौतिक गुण—लोह धनात्मक प्रकृति का तत्व है, किन्तु आवर्त के अष्टम स्थान में होने से कही-कही ऋणात्मक प्रकृति का भी आचरण करता है।

विशुद्ध लोह श्वेत वर्णवत् आभा प्रभावान् ताम्रवत् नरम धातु है। यह दृढता, कठोरता, घनवर्धनीयता, स्थितिस्थापकता चीमडता और तन्यताके गुणों से युक्त है, जिसकी तुलना कोई धातु नहीं करती, और यह ताप विद्युत का वाहक तथा चुम्बकत्व शक्ति का प्रबल धारक है। विद्युत शक्ति के प्रभाव से यह उसकी ओर आकर्षित होता है और उसके द्वारा आकर्षित हो चुम्बत्व गुणों से युक्त हो जाता है। यह गुण जबतक तपाया नहीं जाता बना रहता है जो लोहा विद्युत प्रभावसे चुम्बकत्व गुण युक्त हो जाता है वह अन्य लोह को अपनी ओर खीचने मे समर्थ होजाता है। यह गुण उस मे काफी समयतक बना रहता है। इसकी परमाणु मात्रा ५५'८ घनता ७८ और द्रवाक १५२० श० तथा क्वथनाक ३४५० श० है, इसकी युयुक्षाशक्ति २ और ३ है।

रासायनिक गुण—लोहमे अन्य तत्वोंसे मिल जाने और तद्रूप हो जानेकी इतनी प्रबल युयुक्षा होती है जिसके कारण इसे विशुद्ध रूपमे प्राप्त करना बहुत कठिन होता है। देखा गया है कि रासायनिक कार्यों मे व्यवहार के लिये जब इसके ऊष्मिद यौगिक को उदजन प्रवाह में रख कर स्फटिकम् चूर्णके सयोग से साधारण तापक्रम पर उसका ऊष्मजन शोषित करते है तो उस समय उसका काला चूर्ण प्राप्त होता है। यह लोह चूर्ण हवा मे लाते ही एक दम गरम होकर फिर ऊष्मिद मे परिणित होने पर जल उठता है।

लोह के सकर—पूर्व काल के लोह मे अधातुओं की अशुद्धियां अधिक होती थी। इस समय उन अशुद्धियों को अधिक से अधिक कम करने की चेष्टा की गई है। देखा गया है कि लोह को अधातुओ से शुद्ध करके यदि इसमें अन्य धातुए मिला दी जाँय तो इस धातु सकरमे अनेको यान्त्रिक व व्यावहारिक ऐसी विशेषताए आ जाती है जो अन्य धातु मिश्रण मे नहीं आती। प्रयोग कर्ताओं ने भिन्न-भिन्न अनुपातो मे लोह से मैगनीज, निकिल, क्रोमियम, टगस्टन, मालिब्डिनियम, वनाडियम, शेलिका लेन्थेन आदि को मिलाकर उनकी जाँच की है, इस जाच से ज्ञात हुआ कि धातु सकरो से लोह मे अनेक विशेषताए आ जाती है। यथा-८२ प्रतिशत लोह में यदि १८ प्रतिशत क्रोमियम मिला दिया जाय तो यह ऐसा श्वेत कठोर चमकदार लोह का सकर बन जाता है जिस पर जग नहीं लगता, न इसके बर्तन जल्दी घिसते है, न खटाईका इसपर असर होता है। यदि ८२ भाग लोहमे १८भाग टगस्टन मिला दिया जाय

तो यह अत्यन्त कठोर वज्र लोह (हवाई इस्पात) बन जाता है। यदि लोह में ३½ - ४ प्रतिशत शैलिका मिला दे तो इस लोहमें उच्च चुम्बकत्व धारक गुणों का प्रादुर्भाव हो जाता है यदि लोह में ३-४ प्रतिशत लेन्थेनम धातु मिला दी जाय तो इस सकर को किसी खुरदरी चीज पर झिठकेसे घर्षण देने से अग्नि की चिनगारियाँ निकलने लगती हैं जिससे सिगरेट वगैरह सुलगाये जा सकते हैं, या बिना दियासलाई आग जलाई जा सकती है। इस तरह यान्त्रिक उपयोग के लिये तो इन धातु सकरो के अनेक उपयोगी सकर बना कर व्यवहार मे लाये जा रहे हैं जिन के वर्णन का हमारी भस्मो से कोई सम्बन्ध नहीं।

पूर्व काल मे जब लोह खनिजो से लोह प्राप्त किया जाता था तो उसको लकडी के कोयलो मे तपा कर धरिया में गलाया जाता था और पीट-पीट कर शुद्ध करते थे। यह अपनी युयुक्षा के कारण कज्जल, वलि, शैलिका, फास्फुरिका, मैंगनीज आदि के साथ खनिज रूप में मिला होता था। इस समय लोह शोधन के अनेक वैज्ञानिक विधानो से लोह को शुद्ध किया जाता है फिर भी उसमे निम्न मात्रा मे निम्न अशुद्धिया विद्यमान रहती है।

मुण्ड लोह

कज्जलिका	०·४	प्रतिशत
फास्फुरिका	०·६	,, ,,
मैंगनीज	८·०५	,, ,,
शैलिका	०·०८	,, ,,
वलिका	०·०४	,, ,,
अन्य धातु सकर	१·५	,, ,,

इस समय जो भी मुण्ड लोह वज्र या तीक्ष्ण लोह टाटा या विलायती या स्वीडिनका आता है उन मे निम्न लिखित अशुद्धिया रहती है।

मुण्ड लोह	क०	मै०	शै०	व०	फा०
१ टाटा	०·०५	०·०५	०·०५	०·०१	०·०१
२ इ गलिश	०·११	०·०७	०·२३	०·०४	०·२३
३ स्वीडिन	०·०५	०·०५	०·०७	०·०१	०·०१
वज्र लोह मे	०·७५	०·५०	०·०८	०·७५	०·०५
तीक्ष्ण लोह में	१·२५	०·५०	०·१०	०·०३	०·०५

उक्त अशुद्धियो पर दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि कज्जल और मेगनीज की मात्रा जब लोह मे बढ जाती है तो वह लोह कठोर हो जाता है और तलवार आदि बनाने वाले लोह मे उसकी मात्रा १½ प्रतिशत या इससे भी अधिक होती है। लोह मे यह विशेषता है कि जब वह लकडी के कोयले में रखकर खनिज से भिन्न किया जाता है या खनिज मे भिन्न हुए लोहे को लकडी के कोयले मे खूब तपाया जाता है तो वह कोयले का अभिशोषण करता है इससे उसमे कज्जल की मात्रा बढ जाती है।

हम भस्म के लिये पूर्वकाल मे जो लोह प्रयुक्त करते थे उस समय के लोह मे प्राय उक्त अनिवार्य अशुद्धियाँ अवश्य ही न्यूनाधिक मात्रा में रहती थी जिन्हे न तो हम अपनी शोधन विधि से दूर कर सकते थे, न वह किसी प्रकार दूर हो सकती थी। हा भस्म रूप मे आने पर अवश्य ही इनके यौगिक बदल जाते थे।

कान्त लोह और उसके भेद

हम रसायन वाद के आरम्भ काल से भस्म के लिये खनिज रूप से कान्त, मुण्ड और तीक्ष्ण नाम से जो लोहे के भेद लेते चले आये थे, वास्तव मे वे एक भी शुद्ध लोह के रूप मे नही थे। कान्त लोह तो हमारा वह लोह का प्रकृति मे मिलने वाला ऐसा ऊष्मिद था जिसमें चुम्बकत्व का गुण उसे प्रकृति रूप में प्राप्त हुआ था। हमने इसमे लोहाकर्षण की भिन्न-भिन्न क्रियाएँ देख कर इसके पाच भेद मान लिये थे यथा—

भ्रामक चुम्बक चैव कर्षकं द्रावकं तथा।
एव चतुर्विधकान्त रोमाख्य तु पचसम्॥ रसार्णव

घुमाने वाला, खीचने वाला, या आकर्षक, गलाने वाला और रोयेंवाला इस प्रकार पाच भेद का कान्त लोह देखा जाता है। चुम्बक और आकर्षक समानार्थी है। द्रावक से शास्त्र ने कौन से गुण की ओर सकेत किया है? ज्ञात नही होता। पूर्व काल मे शुद्ध लोह को चुम्बक के गुण से युक्त करने का साधन ज्ञात हो तो इसका प्रमाण नही मिलता। किन्तु प्रकृति रूप मे लोह का यह खनिज कात पाषाण के रूप मे काफी प्राप्त होता था। इस के पाषाण खण्डो मे यह गुण देखा जाता है कि एक थाली मे सूई रख दें और उस थाली के नीचे कान्त पाषाण के टुकडे को इधर उधर करे तो थाली में रखी हुई

सूई अपने आप हिलती है इसी कारण से इसको आमक कहा गया और सूई इस चुम्बक पाषाण से खिंच कर उनकी ओर आती है और चिपक जाती है इसलिये इसे चुम्बक व आकर्षक कहा गया। कुछ कान्त पाषाण के किनारों पर कान्त पाषाण का बारीक चूरा उसने चिपक कर बाल जैसा आकार बना लेता है वह चूर्ण लोम जैसा लम्बाई में बन जाता है इसीलिये उसे रोमक कहा गया। यह भेद वास्तव मे भेद नही माना जा सकता। यह तो आकर्षण गुणका रूपान्तर मात्र है जो उसी आकर्षण के कारण है। कान्त पाषाण वास्तव में ऊष्मजन से मिलकर प्रकृति में बनने वाला लोहसोलोहक ऊष्मिद ($लो_3 ऊ_4$) है। जिसे हम जब भस्म में परिणत करते है तो वह पुट पाक मे दो ऊष्मिदों मे लोह से ऊष्मिद (लो ऊ) और लोहक ऊष्मिद ($लो_2 ऊ_3$) में बदल जाता है। प्रकृति रूपमें मिलनेवाला गेरू क्या है, यह भी लोहक ऊष्मिद ($लो_2 ऊ_3$) ही है। किन्तु आरम्भ मे हम इसके वास्तविक रूप को नहीं जान पाये थे इसीलिये हमने इसे एक भिन्न वस्तु समझ कर उप रसोमे इसे स्थान दिया। भूरागेरू या रामरज आदि इसी लोह का यौगिक है जिसमे जलके अणुओ और कुछ जस्ताके अणुओं की विद्यमानता से वह भुरभुरे मिट्टी तद्वत् रूप का होता है।

रौप्य माक्षिक—लोह का एक और यौगिक विमल के नाम से महा रसो में आया है, यह वास्तव में लोह से वलिकाका वलिकाइद ($लो_2 व_3$) है जिसको शुद्ध करने या भस्म बनाने के समय उसके वलि को उडा देते है वह फिर तरल वलिकाइद (लो व) के यौगिक में बदल जाता है।

स्वयम् अग्नि लोह—स्वयमग्नि लोह भी तो हमारा वास्तव मे लोह का वलिकाइद ($लो_2व_3$) ही है। जिसमे पारद वलिकाइद(पा व)का यौगिक भी मिला रहता है। हम अपने ग्रन्थो की विधियो से दो ही प्रकार के लोह यौगिक निर्माण करते है किन्तु इस समय के रसायन शास्त्री लोह के अनेको ही यौगिक निर्माण करने में समर्थ हो गये है जिसका सम्बन्ध हमारी भस्मो से नही, तभी हम यहा उनका उल्लेख नही कर रहे।

हमारे रस ग्रन्थो में देहवाद के लिये लोह के कौन कौन से यौगिक व्यवहार में लाये गए थे हम अब उनका क्रमश उल्लेख करेंगे।

लोह भस्म

(अपुटी) एकभाग लोहचूर्ण तत्समं नवसादरम ।

किञ्चित्तप्तोतक ग्राह्यं सर्ववस्त्रे निवध्य च ॥
यामान्तं घर्षयेत्पाणौ सद्यो वारितरं भवेत् ।
योजयेत्सर्वरोगेषु सर्वरोगानुपत्तये ॥ यो र., भा.मै र

लोहचूर्ण नवसादर सम मिलाय थोडा गर्म पानी डाल गीला कर पोटली मे बाध हथेली पर रगडे तो १ प्रहर रगड़ने से लोह नौसादर और जल के सयोगमे यौगिक में बदल जाता है और वह सूखने पर या घोटने पर वारितर बन जाता है। इसे समस्त रोगो में दे।

रफीक उलातिब्बा ने नवसादर को कुमारी रस में भिगो लोह चूर्ण डाल धूप में रखना लिखा है। र. ति.

(२) शुद्ध लोहभवंचूर्णं सहदेव्या रसेन च ।
खल्वे सन्मर्द्य च ततः शोषयेदथ मर्दयेत् ॥
एवं त्रिसप्तपुटितं सम्यग्वारितरं भवेत् ।
अग्निविनाप्ययं योगो ज्वालामुख्याऽथवाभवेत् ॥
तावल्लोहस्य चेद्वैद्यो यावत्तिष्ठो जलोपरि ।
प्रक्षिप्तो लघु भावेन जले तरति हंसवत् ॥ चि र

शुद्ध लोहचूर्ण को सहदेवी रस की या ज्वालामुखी रस की १० भावना दे तो यह लोह वारितर बन जाता है। ग्रन्थकार कहता है यह योग बिना अग्नि स्पर्श के लोह की भस्म बना देता है।

(३) लोहचूर्ण से तिगुना त्रिफलाचूर्ण चौथाई सौंफ और सोया चूर्ण मिलाय एक चीनी के प्याले में डाल उसे गो दुग्ध से तर करके धूप में धर दे। सूख ने पर और दूध डाल दे, इस तरह ४ सेर दूध खपा दे फिर कढाई में डाल रगड़ कर गोली बना ले। अथवा उक्त चीजो को ४ सेर दूध में डाल दही जमाय उक्त दही को कढाई में चढाय रगडकर बेर बराबर गोली बनाले। काममे लावे लाभदायी है। अ स.

(४) लोहचूर्ण मे चौगुना नकछिकनी चूर्ण १६ गुने दही मे भिगोकर धूप में रख दे, उसे कभी कभी हिलाता रहे, कुछ दिन मे जब सूख जाय पीसकर रख ले। बलवर्धक, क्षुधावर्धक है। अ.स, मि ख.

(५) लोहचूर्ण ३ तो०,पारा, हरिताल, हिंगुल,सोमल प्रत्येक १तोला सबको खूब घोट एक पोटली में बाध एक हण्डी में रख उसमें कुमारी रस, शराब,

दही, प्याज रस, आकदूध प्रत्येक २० तो० डाल सम्पुटकर धान्यराशि में दबा दे। ४० दिन बाद निकाल खरलकर एक बडी सी टिकिया बनाय सुखाय आटे की रोटी में उस टिकिया को रख घी मे उसे तल ले। आटे के लाल होने पर निकाल पुन दूसरी रोटी में भर कर तले। इस प्रकार ४० बार तले तो लोह भस्म बने। अत्यन्त बलवर्धक, शक्तिवर्धक है। मा अ.

(६) लोह बुरादे को खट्टे अनार के पानी में भिगोकर धूप मे रख दे सूखने पर सिरका मे भिगो दे इसके सूखने पर जामुन के रस से तर करे और धूप में पडा रहने दे तो सूखने पर लोह भस्म होगी, उसे पीस ले। अ.स.

(७) मुण्डवज्रादि लोहाना मादायान्यतमं शुभम् ।
कृत्वा निर्मल मादौ तु कुनट्या माक्षिकेण च ॥
यत्तूर मूलकल्केन लिम्पेद्रस युतेन च ।
वह्नौ निक्षिप्य विधिवत्साराङ्गारेण निर्द्धमेत् ॥
ज्वाला च तस्यरोर्द्ध्व्या त्रिफलाया रसेन च ।
तयो विज्ञाय गलितं शंकुजीर्ण्वं समुच्छ्रयेत् ॥
त्रिफलाया रसेपूते तदाकृष्य तु निर्द्धमेत् ।
सम्यग्गालित यत्तुतत्तेनैव विधिना पुन ॥
भ्रात निर्वापयेत्तस्मिल्लोह तत्त्रिफला रसे ।
यल्लोहेन मृत तत्र पाच्य भूयोऽपि पूर्ववत् ॥
मारणान्न मृतं यच्च तत्त्यक्तव्यमलोहवत् ।
तत. सशोष्य विधि वच्चूर्णयेल्लोह भाजने ॥
लोहेन च तथा पिंष्याद् दृषदा सूक्ष्म चूर्णितम् ।
कृत्वा लोहमये पात्रे मृतिका लिप्त रन्ध्रके ॥
रसैः पङ्कमयं कृत्वा तं पचेद्गोमयाग्निना ।
पुटानि क्रमशोदेयात्पृथगेभिर्विधानतः ॥
त्रिफलार्द्रक भृङ्गाणा केशराजस्य बुद्धिमान् ।
मानकन्दक मल्लात वह्नीना सूरणस्य च ॥
हस्तिकर्ण पलाशस्य कुलिशस्य तथैव च ।
पुटे पुटे चूर्णयित्वा लोहात्षोडशिके पलम् ॥
तन्मात्र त्रिफलायाश्च पलेनाधिकमाहरेत् ।

अष्ट भागावशेपेतु रसेतस्या पचेद्बुधः ॥
अष्टौ पलानि दत्वा च सर्पिपो लोह भाजने ।
ताम्रे वालोह दर्व्यातु चालयेद्विधि पूर्वकम् ॥
ततः पाक विधानज्ञः स्वच्छे चोर्ध्वं च सर्पिपी ।
मृदु मध्याग्नि भेदेन गृह्णीयात्पाक मन्यतः ॥

भा प्र , व से , भा भै र , र ज नि

मुण्ड वज्र या कोई भी हो अच्छा लोहा देखकर उसे साफ करके पत्र वनावे, इन पत्रो से अष्टमाग मैनसिल माक्षिक चूर्णको पोई साग के मूत रसमे छोड इन पत्रो पर उस का लेप करे और खदिर के कोयलो के मध्य उन पत्रो को रख कर तपावे, जव पत्रे लाल हो जाय, लोहे से लाल ज्वाला निकलने लगे उन्हे निकाल कर त्रिफला क्वाथ जल मे वुझावे। उन्हे निकाल पुन मैनसिल और माक्षिक चूर्ण का लेप कर उसी प्रकार तपावे और त्रिफला क्वाथ मे वुझाता रहे। यह क्रिया तव तक करे जव तक समस्त लोह पत्र चूर्ण-विचूर्ण न हो जाय। ग्रन्थकार कहता है जो लोह पत्र अन्त तक चूरा न हो उन्हे त्याग दे। फिर उस चूर्ण को सुखाकर लोहे के खरल मे इतना घोटे कि वह अत्यन्त सूक्ष्म सुरमा सा वारीक हो जाय। फिर उस लोह भस्म को कढाई मे डाल कर उस कढाई को चूल्हे पर चढा दे और नीचे उपलो की आच लगावे और उसमे क्रम से निम्न लिखित वनस्पतियो का रस उस लोह-भस्म से १६ गुना डाल-डाल कर पकाता रहे। एक वनस्पति का रस पूरी तरह सूख जाने पर दूसरी वनस्पति का रस डाले।

भावना की वनस्पतिया—त्रिफला क्वाथ, अद्रकरस, भारगीरस, भाँगरा रस मानकन्द क्वाथ, भिलावा क्वाथ, चित्रकरस या क्वाथ,जिमीकन्द रस,हस्तिकर्णपलाश,हडसहारी रस या क्वाथ। इन वनस्पतियोकी भावनाए जव पूरी हो जाय तो उस लोह भस्म में ४० तोला घृत डाल कर पकावे और करछी से चलाता रहे, और जव घी पकते २ मन्द मध्य पाक होजाय उसके वाद उसे कढाईमे ४ घटा और पकाकर छोड दे। जव शीतल होनेपर घी ऊपर आ जाय और लोह भस्म नीचे वैठ जाय घृत को निकाल कर भिन्न कर ले और लोह भस्म को भिन्न करके रखले। कोई कोई उस रहे हुए स्नेह को तीव्र अग्नि देकर जला डालते है ऐसा किसी ग्रन्थ का अभिमत नही। यह शकर नामका लोह वनता है। जिसके

गुणों की महिमा बहुत ही गाई गई है।

(तपनपुटी) जम्बीररस संयुक्ते रदे तप्तमायसम्।
बहुवारनिनिक्षिप्तं म्रियते नात्र संशयः॥

र र स, पा स, भा भै

हिंगुल को जम्बीरी रस में पीस लोह पत्रों पर उसका लेप कर उन्हें अं
म लाल कर पानी में बुझाता रहे तो लोह की भस्म बने। इसे पीस ले।

(२) आलिप्यतापीकरवीरकाभ्यां वैश्वानरे प्रज्वलिते निधाय।
तप्तं सुतप्तं विनियोज्य तक्रे निर्वाप्य वारान्बहुशः सुलोहम्॥
एभिः प्रकारैः सुमृताश्च लोहाश्चूर्णीकृता श्चापितथैव योज्यम्

र का धे, भा भै

माक्षिक चूर्णको कनेरके रसमें घोट लोह पत्रोंपर लेपकर उन्हें तपावे लाल होनेपर तक्रमें बुझावे, इस तरह बहुत बार बुझानेपर लोह चूर्ण चूर्ण हो जाता है उसे पीस कर काम में लावे।

(३) तदनुकुठार छिन्ना त्रिफला गिरिकर्णिकास्थि सहारैः।
करि कर्णच्छद मूलक शतावरी केशराजाख्यैः॥
शीलञ्चमूल काशमूल प्रावृद्ध जभृङ्गराजैश्च।
लिप्त्वादग्धव्यं तद्वृष्ट क्रिय लोह मारणम्॥

च द

गिलोय, त्रिफला, कोयल, हड्जोडी, काटे वाला ढाक, शतावर, भागरा, शालिशाक, कास इन सबोंको काजी या निम्बूरस में घोट कल्क बनाय उसका लेप लोह पत्रों पर कर उन पत्रों को अंगारों में तपावे और पानी में बुझाता रहे जब इस तरह सारा लोह चूर्ण रूप हो जाय पीस कर व्यवहार में लावे।

(४) निर्वाप्य त्रिफला क्वाथे लोह पत्राण्यनेकशः।
तद्रजो मधु सर्पिर्भ्या लीढ जीवित वर्धनम्॥ ग नि, र यो. सा

लोह पत्रों को तपा तपा कर त्रिफला क्वाथ में बुझाता रहे जब वह बिलकुल चूरा हो जाय पीस ले और शहद घी से सेवन करे तो आयु वृद्धि हो, इसका नाम जीववर्धन लोह है।

(५) त्रिफलायारसे मूत्रे गवांक्षारे च लावणे।
क्रमेण चेक्षुदीक्षारे किंशुकक्षार एव च॥
तीक्ष्णायसस्य पत्राणि वह्निवर्णनिवारयेत्।

चतुरङ्गुलदीर्घाणि तिलोत्सेधतनूनि च ॥
ज्ञात्वा तान्यञ्जनाभानि सूक्ष्म चूर्णानि कारयेत् ।
तानि चूर्णानि मधुना रसेनामलकस्य च ॥
युक्तानि लोह वत्कुम्भे स्थितानि घृतभावितें ।
सम्वत्सर निधेयानि यव पल्ल तथैव च ॥
दद्यादालोडकं मासे सर्वत्रालोडयन् बुधः ।
सम्वत्सरात्ययंतस्य प्रयोगोमधुसर्पिभ्याम ॥

रसा. मा, च म, ग नि, भा भै र

लोह पत्रो को तपा तपा कर त्रिफला, गोमूत्र, जवाखार, नमक, हिंगोट के खारो के पानी मे तब तक बुझाता रहे जब तक वह चूरा चूरा न हो जाय फिर उसे पीस आवला रस की ३ भावना दे शहद मिलाय अवलेह बनाले चिकने पात्र मे भर सम्पुट कर धान्य राशि में दबा दे १ वर्ष के बाद निकाल सेवन करे । इसका नाम लोह रसायन है ।

(६) शिला हिंगुल माक्षिकैः सवैरेकैकशोद्विश. ।
जम्बीरद्रव सम्पिष्टैः सैधवेन समैः पुनः ॥
प्रलिप्तमायसं पत्रं त्रिफलापिण्ड मध्यगम् ।
विद्रुतु पूर्ववद्धीमा स्त्रिफलाम्भसिनिक्षिपेत् ॥
एवं हि म्रियतेलोहं सर्वथैव नसशयः । लो प, र का.धे

मैनसिल, हिंगुल, माक्षिक सब एक-एक भाग सेंधा नमक दो भाग को जम्बीरी रस में पीसे और उसका नुगदा बनावे और सब के बराबर लोह पत्र लेकर उन पत्रो पर इसका लेप लगा कर सुखाले फिर इन्हे त्रिफला के नुगदे में रख उन पत्रो का नुगदा सहित कुठाली मे रख कर धमावे जब लोह पत्र लाल हो जाय उन्हें त्रिफला जल मे बुझावे । इस प्रकार कई बार करने पर लोह भस्म बने ।

(७) सुरदाली भस्मगलितं त्रिसप्त कृत्वोऽथ गोजलशुष्ककम्
तापेन सलिलसदृश करोतिमूषागतंतीक्ष्णम्
एतत्स्याद् पुनर्भवहिभसित लोहस्यदिव्यामृतम् र.र स.

तीक्ष्ण लोह को मूषा में रख उसके साथ बन्दाल पचाग की भस्म मिलाय लोह को तीव्र आच पर धमन करे और लोह को पानी जैसा कर दे फिर उसे

गोमूत्र मे बुझावे इस प्रकार १० वार करे तो लोह भस्म हो।

(८) तनूनि लोहपत्राणि तिलोत्सेधसमानि च।
काञ्जिकामूलकल्केन सम्लिप्य सर्षपेण वा
विशोष्य सूर्य किरणै. पुनरेवावलेपयेत्।
त्रिफलायाजले ध्मातं वापयेच्च पुन. पुन ॥
ततः संचूर्णितं कृत्वा कर्पटेन तु छानयेत्।
भक्षयेन्मधुसर्पिभ्या यथाग्नितत्प्रयोजयेत् ॥
पक्ति शूलाग्निहन्त्येतन्मासे नैकेन निश्चितम्। च द.,भा भै र.

लोह पत्रो पर आक मूल छाल सरसो को काजी मे पीस कर लेप कर धूप में सुखाय अग्नि मे तपा कर त्रिफला क्वाथ में बुझावे। इस विधि से प्रतिवार तब तक बुझावे जब तक लोह चूर्ण रूप में न आजाय, फिर उसे पीस कर कपड़े मे छान ले। इसे १ से ४ माशे तक शहद घी से मिलाकर चाटने से १ मास मे पक्ति शूल नष्ट हो।

(९) तीक्ष्णलोहपत्राणि तनूनि लवणवर्गप्रदग्धानि गोमयाग्नि प्रतप्तानि त्रिफलासालसारादि कषायेण निर्वापयेत् षोडशवारान्। ततः खदिराङ्गारतप्तानि उपशान्त पात्रानि सूक्ष्मचूर्णानि कारयेद्गाढतान्तवपरिस्रावितानि। ततो यथा बलं मात्रा सर्पिमधुभ्या सलीढ्योपभुञ्जीत। जीर्णे यथा व्याध्यनम्ललवणमाहार कुर्वीत। एव तुलामुपभुज्य कुष्ठमेहमेदः श्वयथु पाण्डुरोगान्मदापस्मारानपहत्य वर्षशतं जीवति, तुलाया वर्षशतगुणोत्कर्ष, एतेन सर्व लोहेषु अयस्कृतो व्याख्याताः।

सु स. चि अ., रसा सा.

लोह के पत्र बनाकर पाचो नमक को काजी मे पीस पत्रो पर लेप कर उपलो में तपा तपाकर त्रिफला और साल सारादिगण के क्वाथ मे तब तक बुझाता रहे जब तक सारे लोह के पत्र चूर्ण विचूर्ण न हो जाय। फिर पाचो नमक का प्रतिवार तपाने से पूर्व लेप लगा कर तपावे। इस लोह चूर्ण को एकत्र कर सुखाय खरल मे पीस मोटे कपड़े मे छान ले। आजकल तो छानने की आवश्यकता नहीं होती, घुटाई से ही श्लक्ष्ण चूर्ण हो जाता है। फिर इसे शहद और घी से सेवन करें और खटाई, नमक इत्यादि से परहेज करे तो कुष्ठ, प्रमेह, मोटापा, शोथ, पाण्डु, कामला, उन्माद, अपस्मार आदि रोगो से मुक्त हो,

१०० वर्ष तक मनुष्य जीवित रहता है।

साल सारादि गण—साल, सैर, सुगन्धित सैर, तेन्दु, सुपारी, भोजपत्र, मेढासिंगी, जगली हल्दी, चन्दन दोनो, सीसम, निरम, अरिमेद, धव, अर्जुन, ताड, सागौन, करज, लताकरज, साँखू, अगर, महुआ, तिन यह साल सारादि-गण है। इस योग का नाम अयस्कृति है।

(भानुपुटी) अर्जुनस्य त्वचा पेष्या [1]कांजिकेनातिलोडिता।
तन्मध्ये लोहचूर्णं च कास्यपात्रे विनिक्षिपेत्॥
[2]ततोऽय धार्यते घर्म्मे द्रवैः पूर्यं पुनः पुनः।
अर्जुनस्यारनालैर्वा [3]लोहमेवं विमारयेत्॥

आ क, र र, र. ज नि

१ लोहिता इति रसरत्नाकरे।

२ दिनैक भावयेत् इति रसरत्नाकरे तथा दिनैक धारयेद् इति आनन्द कन्दे।

३ त्रिविध मारयेदय इति रसरत्नाकरे आनदकन्दे च।

अर्जुन छाल चूर्ण को काजी मे पीस कर उसके कल्क में लोह चूर्ण मिलाय कासी के कटोरे मे डाल धूप में रखे जैसे जैसे रस सूखता जाय अर्जुन छाल चूर्ण को काजी मे घोल कर उस पर डालता रहे और हिलाता रहे तो कुछ दिन में लोह की भस्म बने।

(२) चिञ्चापत्रनिभ लोहपत्रं दन्तीद्रवे क्षिपेत्।
घर्मे धृत्वा रसो देयो मृतं यावद्भवेच्च तत्॥

आ क, र र, र. च, र स क, र का धे.

रसरत्नाकरे आनन्द कन्दे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

लोहको इमलीपत्र सदृश वारीक पत्रे वनाकर दन्ती पत्र रसके द्रवमें भिगो कर १ महीना धूप में रखे, जैसे जैसे रस सूखता जाय और रस डालता रहे। जव लोह कण गल जाय सुखाय पीस रखे।

(३) मत्स्याक्षीरसमध्यस्थं लोहपत्रं विनिक्षिपेत्।
त्रिंशद्दिनान्यर्ककरे ततो वारितरं भवेत्॥ र स. क, र का धे

लोहचूर्ण को मछेछी के रस मे भिगो कर धूप मे रख दे, १ महीना धूप में रखे, रस जव जव सूखे डालता रहे और हिलाता रहे तो एक मास में लोह गल कर भस्म वन जाता है। सुखाय पीसकर काम मे लावे।

दन्ती और मत्स्याक्षी के दोनो योग ग्रन्थकारो ने एक मे ही दिये थे मैं इन्हे भिन्न कर दिया है।

(४) अथवा शोधित लोहं रेतितं [1]कांजिकाम्भसा।
प्लुत सूर्यांशुतप्तं तन्मार्यतेत्कतिभिर्दिनै॰ ॥ र का धे.

१ कटुकाम्भसा क्वचिन् ग्रन्थे इति पाठ ।

शुद्ध लोह चूर्ण को किसी पात्र मे डाल उस पर काजी इतनी डाल दे कि लोह चूर्ण तर हो जाय उसे धूप में रख दे, काजी के सूखने पर और डाल दे। कुछ दिन के बाद उसे घोटे और धूप मे रखे तो लोह की भस्म बने। दूसरा ग्रन्थकार लिखता है काजी नहीं कुटकी के काढे मे लोह चूर्ण को भिगोकर धूप मे रखे और घोटता रहे तो लोह भस्म बन जाती है।

(५) अथवा रेतित लोह घटस्थ त्रिफलाम्भसि।
छिन्नमागारगर्भस्थ वर्षेण सुमृत भवेत् ॥ र का धे, रसा सा

अथवा लोहचूर्ण को त्रिफला के जल में भिगोकर उस पात्र को धूप में रखे तो कुछ काल में लोह मृत हो जाता है। धातुविधाप्रकाश ने त्रिफला को तक्र में भिगोया है। धा वि प्र

रसायनसार कर्ता ने लोह चूर्णको त्रिफला क्वाथमें भिगो भानुपुट दे कर लोह चूर्ण के गलने पर अग्नि की पुट देने का विधान दिया है। वह कहता है कि त्रिफला क्वाथ में घोट टिकिया बनाय गजपुट की आच दे तो लोह भस्म बने।

(६) जम्बूत्वचा रसेतिन्दो[1] मार्कवस्य रसे तथा।
त्रिसप्तधाऽऽतपे शोष्यं [2]लोह वारितरं भवेत् ॥
र स क, र का. धे

१ मार्कण्डफलजेऽथवा इति रससकेतकलिकाया।
२ पेष्य रससकेतकलिकायामिति पाठ ।

जामुन, तेन्दु और आक का रस निकाल इस के रस में भिगो कर ७-७ दिन धूप में रखे तो २१ दिन के भानुताप से लोह की भस्म बने। म अ, अ त.

(७) लोहबुरादा को हाथी सुण्डी के रस में भिगोय धूप में धरे रस सूखने पर और रस डालता रहे। ५ दिन में लोह भस्म बने। म अ, अ त

(८) लोहचूर्ण पर जगली जामुन फल का रस डाल धूप में धरे, रस

सूखने पर और डाले, ३–४ बार ऐसा करने पर भस्म बने। चा चि, अ म

(९) लोहचूर्ण को कुकरौंधा रस मे भिगो कर धूप में रख दे, २० दिन तक धूप मे रखे, रस सूखने पर और रस डालता रहे तो भस्म बने। स अ

(१०) लोहचूर्ण को इसी तरह बथुआ रस मे भानुपाक करे भस्म होनेपर पाम धरे। र सि

(११) लोह चूर्ण को इसी तरह मूलीरस में भानुपाक करे और भस्म बनने पर पीस धरे। र सि

(स्वयमग्नि) शुद्धस्य सूतराजस्य भागो भागद्वयं वले· ।
द्वयोः समं [1]सारचूर्णं मर्दयेत्कन्यकाम्बुना ॥
यामद्वयं [2]तस्य गोलं संवेष्ट्यैरण्डजैर्दलैः ।
ततः सूत्रेण सवध्य स्थापयेत्ताम्रसंपुटे ॥
समुद्र्य वदनं तस्य मृदा संशोष्य तत्पुनः ।
त्रिदिनं धान्यराशिस्थं ततः उद्धृत्य मर्दयेत् ॥
रजस्तद्स्त्रगलितं नीरे तरति हंसवत् ।
सोमामृताभिधमिदं लोहभस्म प्रकीर्तितम् ॥

भा भै र, यो र, र सा स, आ वे प्र, शा. ध, भा प्र, र चि, वृ यो त, वै द, वै के, नि र, व रा, र प्र, भै सा स, रसा स, र ख, र को, र वो च, र का धे, वै चि, र क. ल, र रा शि, र र, र-की, रसा., र सि स, र ज नि, रसा सा, रसे चि, वृ र प्र, रसा-मृत, र र स, र सा. प, पा स, र म, र मृ,।

१ तीक्ष्ण चूर्णं क्वचित् ग्रन्थे इति पाठ ।

२ ततो इति रसरत्न प्रदीपे ।
यामद्वयं ततो गोलं स्थापये[3]त्ताम्र भाजने ।
आच्छाद्यैरण्डजैः पात्रैरूर्णोयामद्वयाद्धवेत् ॥
रसमजर्याम् रसप्रदीपे द्वितीय तृतीय पादस्थाने इति पाठ भेद दृश्यते ।

३ कास्य भाजने रसप्रदीपे इति पठ्यते । तीक्ष्ण मुण्ड कान्तलोह निरुत्थ जायते मृतिम् रसमजर्यामिति पाठो अधिक ।

आनन्दकन्दे, वैद्यदर्पणे, रसप्रदीपे, रसचण्डाशौ, चिकित्सा रत्नाभरणे एषु ग्रन्थेषु भिन्नपाठ प्रतिपादित ।

१ भाग शुद्ध पारा, २ भाग गन्धक, ३ भाग लोहचूर्ण, २ प्रहरतक कुमारी के रसमे घोट, गोलेको एरण्डपत्रो में लपेट, डोरे मे खूब बाध ताम्रसपुटमे बन्द कर मिट्टी का लेप कर सुखा ले, फिर उसे अनाज के ढेर मे दबा दे। ३ दिन के बाद निकाल पीस कपडछान कर ले, हल की तरह पानी पर तैरेगी। इसका नाम 'सोमामृत लोह' है। कुछ ग्रन्थो मे स्वयमग्नि, कुछ ग्रन्थो मे लोह रसायन नाम दिया है।

नोट—श्यामसुन्दराचार्य ने उक्त भस्म को पुन अर्क दुग्ध की भावना दे डमरुयन्त्र में रख आच दी है, इस विधि से ३ पुट दी है। रसायनसार

(२) शाणोद्वान्तमयस्तु कान्तमथवाक्षिप्त्वाऽर्धतैलीतकम्।
दत्त्वाऽघ्र्यंश रसं विमर्द्यसलिलै र्भृङ्गार्द्रिकर्णी रसै. ॥
पक्व सूर्यपुटैश्चतुर्दशदिनै रेरण्डपत्रावृतम्।
भस्मस्याद्गृहधूमधूसर रुचिप्राग्धान्य राशिस्थितम् ॥

र प, र का धे.

लोह चूर्ण से चौथाई पारा लोह से आधा बलि प्रथम कज्जली बनाय लोह चूर्ण मिलाय भागरा, कोयल रस की धूप म बैठ कर भावना दे, जब लोह चूर्ण गरम हो जाय गोला बनाय एरण्ड पत्रो मे लपेट धूप मे धर दे फिर अगले दिन उक्त रसो की ७-७ भावना दे तो धुआँ के रग की लोह भस्म बने। इसे ताम्र सम्पुट में रख ४० दिन धान्य राशि मे दबा कर पुन काम मे लावे।

(३) तीक्ष्णस्य चूर्णं सरसं सगध रसेनसमर्द्यभृशकुमार्या।
पाकी कृत कांस्य पुटान्तरस्थ सूर्यातपेमृत्युमुपैतियुक्तम् ॥

रसे चू, र च, र प्र सु, र ज नि, भा भै र, र रा सु.

भिन्न-भिन्न ग्रन्थे भिन्न-भिन्न पाठ प्रतिपादित।

लोह चूर्ण कज्जली समभाग को कुमारी रस में घोटे, घोटते-घोटते जब खूब गरम हो जाय तो उसका गोला बनाय कास्य पात्र मे रख धूपमे रख दे तो लोह की भस्म बने।

(अनिर्दिष्टपुटी) धात्रीरसैर्वापुटयेद्धन्सपादीरसेन वा।
मत्स्याक्षीनीरतो वापि भृङ्गराजरसैस्तथा ॥
स्त्रिपयः पिष्टदरदलिप्तं वा भस्मतां नयेत्।

यद्वामाक्षिकयोगेन वलिनावाऽस्ति मारणम् ॥
रसायनेषु सर्वेषु त्रिफलाहृतमुत्तमम् ।
धात्रीरस हृत वाऽथ माक्षीक निहित तथा ॥
रसभस्म हृत वाऽपि योजयेत्तु गुणावहम् । र ल

आँवला रस मे या हसराज रस मे या भांगरा रस मे, या स्नुहीदुग्ध में हिंगुल को घोट लोह पत्रो पर लेप करे अथवा माक्षिक का लेप करे या वलि का लेप कर सुखाय सम्पुटकर भस्म बनावे या त्रिफला क्वाथ में या आँवला रस माक्षिक में लोह चूर्ण को घोट कर पुट दे या हिंगुल योग से लोह की भस्म बनावे ।

(२) मृतसूतस्य पादेन प्रलिप्तानि पुटान्तले ।
पचेत्तुल्येन वाताप्य गन्धाश्महरतेजसा ॥ र ज नि

या तो लोह मे चौथाई हिंगुलका लेप कर सम्पुट मे रख पुट दे या माक्षिक का लेप कर सम्पुट में रख पुट दे या कज्जली के योग से लोह की भस्म बनावे ।

(३) लोहपत्रमतीव तप्तमसकृत्क्वाथे क्षिपेत्त्रैफले ।
चूर्णीभूतमिदपुनस्त्रिफलजे क्वाथेपचेद्गोजले ॥
मत्स्याक्षी त्रिफला रसेनपुटयेद्यावन्निरुत्थभवेत् ।
पश्चादाज्य मधुप्लुत सुपुटित सिद्धं भवेदायसम् ॥
र मजरी ,वृ यो त ,रत्ने चि ,

लोह पत्रो को तपा-तपा कर त्रिफला क्वाथमे बुझाय चूर्ण बनावे पुन लोह चूर्णसे त्रिफला क्वाथ और गोमूत्र चौगुने ले उसमें पकाय मछेछी त्रिफला रसकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे । इस तरह कुछ पुटें दे कर उस मे घी शहद मिलाय पुन अन्त की पुट दे तो यह सिद्ध लोह नामक भस्म बने ।

(४) शालवीत च शास्त्रेषु लोकेषु छिलहण्टिका ।
गरुडीति पराख्याता पातालस्य महोषधी ॥
तज्जले केवले नीत्वा समहिंगुलना भवेत् ।
तेन लोहस्य जातस्य चूर्णसमिश्रित भवेत् ॥
खल्वितं पुट्यते पश्चाद्धृत्वा धृत्वाशरावके ।

एतैर्वह्नुपुटैर्लोहं रक्तवर्णं शुभंभवेत् ॥ र चि

छिलहिंटा के पत्तो के रस मे लोह चूर्ण और हिंगुल को मिलाय खरल कर सम्पुट में रख कर गजपुट की आँच दे, इस विधि से कई पुटे देने पर लोह की लालवर्ण की भस्म बन जाती है।

(५) श्वेता पुनर्नवा दन्ती वाजिगन्धात्रिक त्रयै.।
शतमूली बलायुक्तैरेभिर्लोहं ग्रसाधितम् ॥
हिनस्तिनिहत कार्श्यमपि भृङ्गरसै सह।
नास्त्यनेन सम लोहंसर्व रोगान्तकं मतम् ॥

र यो सा ,र रा सु ,रसे सा स ,भा भै र

भागरा, कोयल, साठी, दन्ती, असगन्ध, त्रिकटु, त्रिफला, त्रिमद (विडग चित्रक, मोथा) सतावर, खरेटी प्रत्येक की भावना और पुटे देता रहे तो सर्व रोगान्तक नाम की लोह भस्म बने, इसके तुल्य और भस्म नही बनती। इस का नाम कुछ ग्रन्थो ने कार्श्य हर लोह भी दिया है।

(६) लोह चूर्णं शिलातुल्य खल्वमध्ये विनिक्षिपेत्।
शालिमूल रसै पिष्ट्वा पुटेद्गजपुटे ततः ॥
त्रिफलार्द्रकाग्निभृङ्ग द्वय हस्तिकर्णकानाम्।
कुलिशस्य सूरणस्य स्वरसेन चाग्नि मुख्याः ॥
स्वरसैः पुनर्नवाया पुटयेच्च भूरिवारम्।
पुटितन्तु लोहमेवं मृतिमेतिनिविशेषम् ॥ र त.

लोह चूर्ण मैनसिल सम भाग मिलाय पान मूल क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे, पुन त्रिफला, अद्रक, चित्रक, भाँगरा काटेवालाढाक, थोहर, जिमीकन्द, भिलावा, पुनर्नवा प्रत्येक की भावना व पुट देता रहे तो लोह की उत्तम भस्म बने।

(७) अहिमार्याऽहिदमनी वासावज्रलताजुंनै।
स्त्रिस्तन्ये हिंगुलेनाथ पत्रेल्लिप्त्वा पुटेऽनले ॥ र ज नि

सूक्ष्म लोह पत्रो पर स्त्रिदुग्ध मे घोटा हिंगुल का लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे पुन अरिमेद, नागदमनी, वासा, थोहर, अर्जुन प्रत्येक की भावना व पुटे देता रहे तो लोह की उत्तम भस्म बने।

(८) अथ लोहं समादाय कृतचूर्णंविशुद्धिमत।

चांगेरिकारसमापत्रैः सुच्छिन्नेत्यगिर्वीयते ॥
तत्पत्राम्बुभिरालोड्यवह्निमध्येपुटेत्पुनः ।
एवं पुनः पुनर्लेप वार वारं करोत्यद. ॥
भृङ्गराज पुटादेयारतथा शेफालिका रसैं ।
आमलक्याश्च केतक्या चणपत्र रसैर्भृशम् ॥
ज्वालामुखी पुटान् दद्याद्ब्रह्मदण्डी रसैर्भृशम् ।
चिचकस्य पुटान्दद्याद्गण्डदूर्वा रसैस्तथा ॥
काकमाची रसैर्दद्याद्रसैर्पोननर्वैर्भृशम ।
एव सिद्धसमादाय भक्षयेत्त्रिफलाम्बुभिः ॥
कास क्षयमहाघोरं श्वासंसन्तापकारकम् ।
पलितं नाशयत्याशु खालित्य च विशेषतः ॥ र चि ,र का धे

लोह चूर्ण को चागेरी, गिलोय की १-१ भावना दे सम्पुट कर गजपुट की पुट दे, इस प्रकार तब तक भावना व पुट देता रहे जब तक लोह भस्म न बन जाय। फिर भागरा, सिंओली, आमला, रुद्रवन्ती, कलिहारी, ब्रह्मदण्डी, चित्रक, बडीदूब, गण्डारी, मकोय, पुनर्नवा, इन प्रत्येक वनस्पतियो की भावना देकर रख ले, यह सिद्ध लोह कास, क्षय, घोरश्वास, वलीपलित, बुढापा आदि रोगो को दूर करे।

(६) रसैः कुठारच्छिन्नायाः पातालगरुड़ी रसै ।
[1]स्तन्येन चार्कदुग्धेन तीक्ष्णस्यैवं मृतिभवेत् ॥
चि. र , र का धे , र प्र

१ ततस्त्वर्करसै पिष्ट्वा इति चिकित्सारत्नाभरणे ।

गिलोय, छिलहिटा, स्त्रिदुग्ध, आकदूध इनमें क्रम से लोहचूर्ण को भावित कर पुटे देता रहे तो लोह की भस्म बने।

(एक पुटी) लोहस्यनीरस भस्म कन्यानीरेण मर्दयेत् ।
तृतीयांश रसेनैव गन्धेन द्विगुणेन च ॥
एव यामद्वय कुर्यात्ततो देयो पुटो लघु।
स्वांगशीत समुद्धार्यं सिद्धभस्म सुधासमम् ॥ र ज ति

लोहचूर्ण मे हिंगुल मिलाय कुमारीरस की भावना दे उसमे तीसरा भाग पारा और दूगना वलि मिलाय एक दिन कुमारी रस की भावना दे टिकिया

बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आंच दे तो लोह भस्म बने।

(२) गन्धक चोत्थितं लोहं तुल्यं खल्वे विमर्दयेत्।
दिनैक कन्यकाद्रावे रुद्ध्वा गजपुटे पचेत्॥
एतत्सर्वं लोहभस्म भिन्नपचकसंयुतम्।
ध्मात सर्वं निरुत्थ स्यात्सेवनीयं न चान्यथा॥ र का धे

लोह चूर्ण के बराबर बलि मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो लोह भस्म बने।

(३) स्नुहिदुग्धदरदाभ्या च तीक्ष्णलोहस्य मारणम्।
एतत्स्याल्लोहजां भस्म गन्धमाक्षिकपारदै.॥
सखल्लमल्लयोगेन अग्निपक्वं मृतं भवेत्।
लोहताम्रं रसस्त्वेव पुटैके भस्म जायते॥ र सागर,

लोह पत्रों पर स्नुहिदुग्ध मे घोटा हिंगुल का लेप कर सम्पुट मे धर पुट दे या बलि माक्षिक योग मे, या पारद बलि की कज्जली से या सोमल के योग से लोहचूर्ण की भस्म बनावे तो एक ही पुट में भस्म बने।

(४) निम्बूफलस्य पानीयै सकासीसै प्रपूरिते।
कांस्यपात्रे क्षिपेत्खङ्ग खण्डाश्चखण्डातपे स्थितै॥
दिनैकेन स्फुटन्त्येते दिनान्ते तास्तु पेषयेत्।
त्रिफला क्वाथपिष्टं तच्चूर्णं गजपुटे पचेत्॥
पुनः पिष्टेन यावत्स्यात्ताद्वारितरमुत्तमम्। वृ यो त, भा,भै र

लोहचूर्ण मे ८ वा भाग कसीस मिलाय एक प्याले मे डाल उसे निम्बूरस से तर कर धूप में रख दे जब लोह चूर्ण गल जाय और निम्बूरस सूख जाय उसे त्रिफला क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो लोह भस्म बने।

(५) तत. पारदगन्धाभ्या तत्समाभ्या सम्मर्दयेत्।
पूर्व वद्धान्यराशिस्थ तीक्ष्ण सर्वोत्तमं भवेत्॥
वृ यो त, भा भै र

लोहचूर्ण के बराबर कज्जली मिलाय खरल करे जब तप्त हो उठे गोला बनाय धान्यराशि मे दबा दे। १ सप्ताह बाद निकाले तो लोह भस्म बने।

(६) लोहचूर्णं पलं खल्वे सोरकस्य पल तथा।

अश्मगन्धापलं चापि सर्वमेकत्रमर्दयेत् ॥
कुमार्याद्विर्दिनं पश्चाद्गोलकं रवुपत्रकै. ।
संवेष्ट्य च मृदालिप्त्वा पुटेद्गजपुटे भिषक् ॥
स्वांगशीत समुद्धृत्य सिन्दूराभ मयोरजः ।
मृत वारितरं ग्राह्यं सर्वरोगहरं परम् ॥

आ वे प्र, वृ यो त, यो र, पा स, र ज नि, भा. भै र

योगरत्नाकरे आयुर्वेदप्रकाशे त्रुटित पाठ ।

लोह चूर्ण सोरा और वलि सम भाग कुमारी रस मे खूब घोटे गरम हो जाने पर गोला वनाय एरण्ड पत्रो मे लपेट सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो लाल रग की लोह भस्म वने ।

(७) सम्मर्द्यलोहं नवसादरेण त्रिवापचेत्तानिचचुल्लिकायाम् ।
क्षारोप्यपेक्ष्यो यदि नालियन्त्रे खट्वांगसत्रे प्रपचेत वैद्य. ॥
त्रिगन्धसूतोद्भवकज्जलेन सम्मर्द्य कन्याम्बुयुतेन लोहम ।
विधाय चक्रीमथ पूर्वयुक्तै र्दिनद्वय चापि पचेत यन्त्रे ॥
स्वांगे च शीतं भसित सुशुद्ध गृह्णातु चोर्द्धस्थरसं विचित्रम् ।

रसा सा.

लोह चूर्ण और नौसादर वरावर मिलाय सम्पुट कर अगारो पर रख कर आँच दे, इस प्रकार ३ पुट दे । फिर उस लोह के वरावर वलि, मैनसिल, हरिताल पारा मिला कर कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय डमरु यन्त्र मे रख दो दिन की आँच दे तो नीचे लोह की भस्म और ऊपर ताल सिन्दूर प्राप्त हो ।

(८) लोहपत्र गन्धलिप्तं वह्नीतप्त पुनः पुन ।
क्षिपेन्मीनाक्षिजेनीरे यावत्तत्रैव शीर्यते ॥
रसहिंगुलगन्धेन तत्तुल्यं मर्दयेद्दृढम् ।
निर्गुण्डीपत्र मत्स्याक्षी रसाद्गजपुटान्मृतिः ॥

र स क,र का धे.

लोह पत्रो पर वलि का लेप कर उन्हे तपा-तपा कर मछेछी के रस मे वुझाता रहे जव लोह पत्र चूरा-चूरा हो जाय तो उन्हे पीस वरावर की कज्जली और हिंगुल मिलाय सभालू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय

सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो लोह भस्म बने।

(९) माक्षिकं च शिला ह्यम्लैर्हरिद्रा मरिचा[1]नि च।
पिष्ट्वा[2]तस्मिन्नयः पत्रं तप्तं तप्तं निषेचयेत्॥
सप्तधा त्रिफला क्वाथे जलेन क्षालयेत्पुन.।
कुट्टयेल्लोह दण्डेन पेषयेत् त्रिफला जलैः॥
षोडशांशेन लोहस्य दातव्य माक्षिक शिला।
अम्लेन[3]लोडित रुद्ध्वा[4]गजान्धक पुटे पचेत्॥
निरुत्थं जायते भस्म कान्तं तीक्ष्णं च मुण्डकम्।

र का धे, वै क, र च, र र, आ क, र ज नि

वैद्यकल्पतरौ, रस कामधेनौ भिन्न पाठ प्रतिपादित।

रस जलनिधौ 'षोडशांशेन लोहेन' अयपाद अन्तमे स्थापित।

१ चाद्रि इति आनन्दकन्दे। २ मर्द्य लोह इति रस रत्नाकरे। ३ मर्दित आनन्दकन्दे इतिपाठ ४ गजाख्यैक इति आनन्दकन्दे।

माक्षिक और मैनसिल, हल्दी और मिर्च इनको निम्बू के रस में घोट लोह पत्र पर इन का लेप करे उन पत्रो को फिर तपावे और लाल कर के त्रिफल क्वाथ में बुझावे, फिर इन पत्रो को कूटे जो चूर्ण होकर झडे उन्हे भिन्न कर ले बाकी लोह को पुन तपा कर इसी प्रकार चूर्ण बनाले, तत्पश्चात् उस लोह चूर्ण का सोलहवा भाग माक्षिक और मैनसिल मिला कर निम्बू रस से घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो कात, तीक्ष्ण और मुण्ड प्रत्येक लोह की निरुत्थ भस्म बने।

(१०) अथवा सैववोपेतै र्जम्बीरी द्रवपेषितै.।
पूर्ववत्त्रिभिरेवैतैर्मिश्रतं तत्सुरेतितम्॥
मारयेत्पुटपाकेन भूयसा गोमयाग्निना।

लो प, र का धे

तपन पुटी चौथी विधि मे जहाँ लोह पत्र लिये गये है उसके स्थान पर लोह चूर्ण ले और नमक मैनसिल हिंगुल मिलाय जम्बीरी रस की भावना दे पूर्व विधि के अनुसार गजपुट की आँच दे तो लोह की भस्म बने।

(११) लोह चूर्ण हिंगुल, नोसादर सब सम कुमारी रस की २१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो लोह

भस्म वने । मा अ

(१२) लोह चूर्ण, तुत्थ, पारा वरावर निम्बू रस की २१ भावना दे फिर त्रिफला की ७ भावना दे हरदी क्वाथ से टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो लोह भस्म वने । मा अ

(१३) लोह चूर्ण को जामुनफल रस मे भिगोय भानुपाक करे, कुछ दिन मे भस्म वन जानेपर चौगुना दही डाल पकावे गाढा होनेपर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे तो भस्म वने । मा अ

(१४) लोह चूर्ण से चोगुना सोठ चूर्ण मिलाय निम्बू रससे तर कर भानु-पाक करे २१ दिनके वाद चौगुने दही मे पकाय टिकिया वनाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे तो भस्म वने । म अ

(१५) लोह चूर्ण, पारा वलि वरावर अफीम के पानी मे खरल कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आँच दे तो भस्म वने । अ स

(१६) लोह चूर्ण १० तो० गुग्गुल, वलि नौसादर प्रत्येक २॥ तोला सव को सिरका और जामुन रस की ३-३ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आँच दे तो लोह भस्म वने । मि ख ,का अ

(१७) लोह चूर्ण को आक के दूध से तरकर भानुपाक करे ७ दिन करे फिर आक के पत्तो के नुगदे मे रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच द तो भस्म वने । स क

(१८) लोह चूर्ण १० तो०, पारा २ तो०, वलि ३ तो०, नौसादर ३ तो० कज्जली वनाय सव का एकत्र कर सिरका जामुन मे खरल करे फिर ३ भावना कुमारी रस की दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ३० सेर उपलो की आँच दे तो लोह भस्म वने । स अ

(१९) लोह चूर्ण को सिरका, आक दूध, निम्बू रस की ७-७ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आँच दे तो लोह भस्म वने । अ त

(२०) लोह चूर्ण २० तो०, मँजीठ १ सेर कासनी रस से नुगदा वनाय सव को तरवूज मे भर सम्पुट कर धूप मे धर दे, १ महीना वाद गजपुट की आँच दे तो लोह भस्म वने । अ त

(२१) लोह चूर्ण २० तो०, गोखरु रस, दही ४०-४० तोला एकमें मिलाय धूपमें रख भानुपाक करे, पश्चात् टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो भस्म बने । र सि

(दो पुटी) तिन्दुकफलस्यमज्जाभि[1]र्लिप्त्वा लोह खरातये ।
धारयेत्कांस्य पात्रस्थं दिनान्तं तत्पुटे[2]न्निशा ॥
(लेप्यंपुनः पुनः कुर्याद्दिनान्तन्तं[3]प्रलेपयेत् ।)
त्रिफला क्वाथ संयुक्तं[4]कुर्यादेवं पुन. पुनः ॥
५ अनेनम्रियते लोहमचिराद्धि न सशय. ।
र म, र का. धे, र र, रस मजरी, र ज नि

१ स्याप्या इति रस चण्डाशौ । २ पुटेत्पलम् इति रसरत्नाकरे । ३ तत्प्रपेशयेत् रस चडाशौ इति पाठ । ४ दिनैकेन मृतभवेत् रस मजर्यामिति पाठ ।

रस रत्नाकरे रसमञ्जर्याम् पञ्चमोपादो नास्ति तस्यस्थाने तृतीय पादो दीयताम् । कुत्रचित् प्रथमपादे पाठभेदो दृश्यते ।

तेंदफल की गिरी निकाल पानी मे पीस कर लोह के पतले पत्रो पर लेप लगा कर किसी कास्य पात्रमे रख धूप में रख दे, सारा दिन धूपमें रहने दे, जब लेप सूखे उन पत्रो पर और लेप लगाता रहे, रात्रिको सम्पुट में रख गजपुट की आच दे, अगले दिन उन पत्रो पर त्रिफला क्वाथ का गाढा लेप लगाकर धूप मे रखे जैसे जैसे त्रिफला लेप सूखता जाय उन पत्रो पर और लेप लगाता रहे और रात को सम्पुट मे बन्द करके गजपुट की आच देता रहे तो इस विधि से शीघ्र लोह की भस्म बन जाती है ।

(२) मृदुलोहस्य चूर्णन्तु नीत्वानिम्बुरसे क्षिपेत् ।
दिनद्वये समानीते तद्वले च सुघोटयेत् ॥
त्रिमाषिकवटीं कृत्वा घण्टा षट्कपुटेज्वलेत् ।
भृङ्गामलकयोरस्य क्षिप्त्वाऽथभाजनेधरेत् ॥
घर्मे च शोषयित्वातु सिंगरफेन मेलयेत् ।
घण्टाषटक तीक्ष्णाग्नौ फूत्कारं तत्र कारयेत् ॥
गुञ्जा मितांवटीं कृत्वा भार्गी रसेनखादयेत् ।
कामलांपाण्डु रोगं च प्लीहादिक च सहरेत् । रसा सा

लोह चूर्णको निम्बू रसमे तर करके भानुपाक करे, फिर निम्बू रस मे घोट

टिकिया वनाय सुखाय कुठालीमे रख ६ घटाकी आँचदे, पुन भागरा, आवला रस मे तर कर भानुपाक करे और पुन उक्त विधिसे कुठाली मे आच दे और पखा करता रहे तो लोह भस्म वने,इसे भारगी क्वाथसे सेवन करनेपर पाण्डु, कामला, प्लीहा वृद्धि में लाभ हो।

(३) दाडमी पत्रजरसै र्लोहचूर्णं च भावि तम्।
आतपे सप्तधातेन पुनर्गजपुट द्वयम्॥
इत्थं कृते च तद्भस्म शुद्ध वारितर भवेत्।
यो र, र का. वे, भा. भै र, र ज नि रसकामधेनौ भिन्न पाठ प्रतिपादित।

अनार के पत्तो का रस निकाल उस मे लोह चूर्ण को भिगो कर धूप में रख दे, जैसे जैसे रस सूखता जाय उस में और रस डालता रहे तथा हिलाता रहे तो ७ दिन ऐसा करने से लोह गलकर एक रूप हो जाता है उसको फिर घोटकर छोटी छोटी टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस प्रकार दो पुट दे। रसकामधेनुकार ने त्रिफला की भावना देकर दूसरी पुट दी है।

(४) लोह चूर्ण को सिरका मे तर कर भानुपाक करे, लोह के गल जाने पर कुमारी रस से घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे। पुन आठवाँ भाग वलि मिलाय कुमारी रस से टिकिया वनाय एक पुट और दे तो भस्म वने। चा. चि

(५) लोह चूर्ण को थोहर दूध की भावना दे वकरे की मोटी नली मे भर सम्पुट कर १२ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से दो पुट दे तो लोह भस्म वने। मा अ

(६) लोह चूर्ण पर २० गुना वलिकाम्ल डाल आगपर पकावे वलिकाम्ल थोडा थोडा डाले। फिर निकाल सिरकामे घोट टिकिया वनाय सम्पुटकर ५ सेर उपलो की आच दे पुन लोह से आधा हिंगुल मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलोकी आच दे तो लोह भस्म वने। अ त

(३ पुटी) गृहीत्वा तीक्ष्णजं चूर्णं तथैव च गवादधि।
एकत्र कारयेद् भाडे यावच्छोपत्व माप्नुयात्॥

उद्धृत्य गालयेद्‌ग्नौ त्रिफलाया. पुटत्रयम् ।
देयं वारितरं सद्यो जायते नात्र सशय. ॥

र र स, यो र, पा स, भा भै र.

रसरत्नसमुच्चये तन्दुलभक्तस्य टिक्कडिका कृत्वा पचपुट पदीयतामिति ।

लोह चूर्ण और दही को मिलाय भानुपाक करे पुन त्रिफला क्वाथ की ३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो लोह भस्म बने। रसरत्नसमुच्चय कारने भात से लोह की टिकिया बनाय सम्पुट कर ५ पुट देने का विधान दिया है।

(२) लोह चूर्ण १२तो० पारा, हिंगुल, सोमल प्रत्येक तोला हाथी सुण्डी के रस मे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो भस्म बने। अ त.

(३) लोह चूर्ण २० तो०, हिंगुल २॥ तो० कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो लोह भस्म बने। र सि

(४) लोह चूर्ण पारा सम भाग निम्बू रस मे तर कर के भानुपाक करे पुन टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो लोह भस्म बने। र सि.

(४ पुटी) लोह चूर्ण घृताक्तंहि क्षिप्त्वा लोहस्य खर्परे ।
अग्निवर्ण युत यावत्तावद्द्रव्या प्रचालयेत् ॥
खल्वे पिष्ट्वा च विपचेत् पचवार मतः परम ।
वरोदकै. पुटेल्लोह चतुर्वार मिदं खलु ॥
सुपेषित वारितरं जायते नात्र सशय ।

र प्र सु, र र स, पा स, भा भै र

रसेन्द्र चूडामणौ भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

लोह चूर्ण को घी से सान कढाई मे भूने, लाल करे फिर निकाल इसी विधि से ५ वार करे, फिर त्रिफला क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से ४ पुटदे तो लोह भस्म बने।

(२) धात्रीफल रसै र्यद्वा त्रिफला क्वाथतोदकैः ।
पुटेल्लोह चतुर्वारंभवेद्वारितरं खलु । र र.स.

आवले के रस मे या त्रिफला के क्वाथ मे लोह चूर्ण को कई वार भावित कर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ४ पुट दे तो लोह भस्म वने।

(३) लोहं चूर्णं कन्यकानोय घृष्टं खल्वेकृत्वा द्वच्छिलां चापिदत्त्वा।
घृष्ट्वा सूक्ष्मापोलिकां कारयित्वादद्याद्गाढ खर्परे सन्धिरोधम
कुर्याद्वह्निं वाढमत्यर्थ सेतत्सिद्ध सर्व सम्पुटैस्तच्चतुर्भिः
एवंलोह जायते राज्य योग्य निर्दोष्टस्याद्योगयुक्तस्यतस्य।
र. चि, र का. धे

लोह चूर्ण मे चौथाई मैनसिल मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस प्रकार ४ पुट दे तो राजाओं के सेवन योग्य लोह भस्म वने।

(४) लोह चूर्ण को आक दूध, थोहर दूध, कुमारी रस त्रिफला की १-१ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ४ पुट दे तो लोह भस्म वने। चा चि., अ स.

(पाच पुटी) ततो भस्मविधिं वक्ष्ये तल्लोहं मर्दयेत्पुनः।
जम्बूत्वचो द्रवैर्मर्द्य पाचित तद्रसेन च॥
ततश्चामलकीद्रावैस्तिन्तडीदलजैरपि।
शिग्रुत्वच रसैर्वापि गवांमूत्रे मुहुर्मुहु च॥
पाचित मर्दित लोह रुध्वा गजपुटेन च।
भस्मी भवति तल्लोहं रसयोगेषु योजयेत्॥ व रा

लोह चूर्ण को जामुन छाल रस, आवला, इमली पत्र, सोहजना छाल इनके रस तथा गोमूत्र की १-१ भावना देकर उक्त रसो मे लोह चूर्ण को कढाई मे डाल कर पुन १-१ भावना और दे पश्चात् उसकी टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस तरह से पाचो वनस्पतियो की एक एक भावना १-१ पुट दे तो लोह भस्म वने।

(२) यद्वातीक्ष्णदलोद्भूत रजश्च त्रिफलाजलै.।
पिष्ट्वा दत्वोदनं किंचिच्चक्रीकां प्रविधाय च॥
शोषयित्वाऽतियत्नेन प्रपचेत्पञ्चभि. पुटैः।
रक्तवर्णं हितद्भस्म योजनीय यथातथम्॥
रसे चू., र र स, र ज नि, भा भै र

१ स्तत् इत्ति रसेन्द्र चूर्णौ ।

लोह चूर्ण को निंबू का की कई भावना दे पश्चात् कुछ भात मिलाकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे, इस विधि से ५ पुट दे तो लोह की भस्म बने ।

नोट—चावल का भात इसलिये मिलाते है कि लोह चूर्ण की टिकिया बन जाय, यदि निंबू की अधिक भावना दी जाय तो लोह गल जाता है फिर भात मिलाने की जरूरत नहीं होती ।

(३) विमलं कान्तलोहं तु पलपञ्चक सन्निभम् ।
पादिके मृतमाक्षिकं दत्वानिम्बुकवारिणा ॥
सम्पेषयेत्प्रयत्नेन शुष्कचूर्णं च कारयेत् ।
सम्पुटस्थं तत कृत्वा पुटेद्गजपुटे तत. ॥
स्वांगशीतं ततो ज्ञात्वा वस्त्रपूतं च कारयेत् ।
एव पुटत्रयं दद्याद्रसतन्त्रविचक्षणः ॥
मार्क्षिकं च प्रतिपुटमवश्य दापयेत्ततः ।
स्थूलावशिष्टं लोहं च पुटे देयं प्रयत्नत. ॥
रक्तपित्तघ्न भेषज्यं यथालाभमथापि वा ।
धात्री रसेन पुटयेद्यावन्मृतिमवाप्नुयात् ॥ र त.

लोह चूर्ण २० तो०, माक्षिक चूर्ण ५ तो० दोनो को निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे, इस विधि से ३ पुट दे, पश्चात् पित्त नाशक वनस्पतियो की और आवला रस की १-१ भावना व १-१ पुट दे तो लोह की उत्तम भस्म बने ।

(४) लोह चूर्णको जामुन छाल चूर्ण का सिरकेसे नुगदा बनाय उसमे लोह को रख सम्पुट कर ५-६ सेर उपलो की आंच दे, इस विधि से ५ पुट दे तो लोह की भस्म बने । र सि

(७ पुटी) द्वादशांशेन दरदं तीक्ष्णचूर्णेन मेलयेत् ।
कन्यानीरेण सन्मर्द्य यामयुग्मं तु तत्पुनः ॥
शराव सम्पुटे कृत्वा पुटेद्गजपुटेन वै ।
सप्तधैवं कृत लोहं रजो वारितरो भवेत् ॥

र. म, रसे मा स, आ वे प्र, शा घ, भा प्र, वृ यो त, वृ र प्र

र च, वै द, र का धे, र त, र प्र, र ज नि, भा भै र

रसतरंगिण्यां भिन्नपाठ प्रतिपादित तथा विंशभाग हिंगुल नियोजित ।

लोह चूर्ण का नवा भाग हिंगुल मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो लोह भस्म वने । रसतरंगिणीकार ने लोह से २०वा भाग हिंगुल डालना लिखा है ।

(२) शुद्धलोहभवं चूर्णं पातालगरुडी रसैः ।
गोमूत्रैस्त्रिफलाक्वाथैर्मर्दयित्वाग्निना पचेत् ॥
अर्कदुग्धैः पुनः पिष्ट्वा पचेद्यामचतुष्टयम् ।
पुनः कन्यारसैः पिष्ट्वा पचेद्गजपुटेन तु ॥
पुटत्रयं कुमार्याश्च रविदुग्धैः पुटत्रयम् ।
एवं सप्तपुटैर्मृत्युं लोहचूर्णमवाप्नुयात् ॥

लोह चूर्ण को छिलहण्टा, गोमूत्र, त्रिफला, प्रत्येक की १-१ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, फिर आक दूध और कुमारी रस की ३-३ पुट दे तो लोह भस्म वने ।

(३) स्नेहरक्तं लोहरजो मूत्रे स्वरसेऽपि रात्रि धात्रीणाम् ।
पृथगेयं सप्तकृतो भर्जितमखिलामये योज्यम् ॥

र र. स, र ह, पा म

चारपुटी लोह भस्म की विधि के अनुसार प्रथम चार पुट लोह को घृतकी दे पुन गोमूत्र, आवला रस, हल्दी रस मे लोह चूर्णको कढाईमें पकावे और भूने इस तरह ७ वार करे, फिर उस लोह को उपयोग मे लावे ।

(४) लोह चूर्ण को गोमूत्र की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे, इस प्रकार ७ पुट दे तो लोह की भस्म वने ।

प्र औ नि

(५) लोह चूर्ण को आक दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो लोह भस्म वने ।

मा अ

(६) लोहचूर्ण कज्जली समभाग कुमारी रसकी भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो लोह वने ।

अ स

(७) लोह चूर्णको जामुन फल रसमे तर करके धूपमे रख दे, इस तरह १५ दिन भानुपाक करे,फिर लोहका २०वा भाग हिंगुल मिलाय कुमारी रसकी भावना दे टिकिया वनाय मुखाय सम्पुट कर १२ सेर उपलोकी आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो लोह भस्म वने । का अ

(८) लोहपत्रो को तपा तपा कर गोमूत्रमे वुझाय चूर्ण करे, फिर आकदूध की भावना दे टिकिया वनाय मुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलोकी आच दे, इस विधि से ३ पुट दे फिर कुमारी रस की ३ पुट दे फिर घी की एक पुट दे इस तरह ७ पुट मे भस्म वने । मि ख, अ स

(८ पुटी) स्तन्येन हिंगुलस्याथ पेपयेत्पल पञ्चकम् ।
तेनैव पत्रकातस्यलिम्पेत्पञ्चपलान्वितम् ॥
रुद्ध्वागजपुटे पाच्यंकपायैस्त्रैफले पुन. ।
जम्बीरैरारनालैर्वाविंशत्यशेन हिंगुलम् ॥
पिष्ट्वालिप्त्वापुटेरुद्ध्वा तल्लोहे पाचयेत्पुन. ।
रुद्ध्वापुटेपचेद्रात्रौ प्रातर्द्रावश्चभावयेत् ॥
एवमष्टदिन कुर्यात्त्रिविधम्रियतेह्यय. । आ क

स्त्रिदुग्धमे घुटे हिंगुल का लोह पत्रोपर लेपकर सुखाय सम्पुटकर गजपुटकी आच दे, फिर त्रिफला को निम्बूरस मे घोट कल्क वनाय पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर पुट दे, फिर इसी विधि से फालसा, गम्भारी की १-१ पुट दे, प्रत्येक पुट में लोह का १२ वा भाग हिंगुल मिलाता रहे, इस विधि से ८ पुट दे तो लोह भस्म वने ।

(२) लोहचूर्ण को कुमारी रस मे घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर १५ सेर उपलोकी आँच दे, इस विधि से ७ पुट दे, फिर वरावर का वलि मिलाय जायफल, तज, तालमखाना के रसमे घोट टिकिया वनाय सुखाय १ पुट और दे तो लोह भस्म वने । मा अ

(३) लोहचूर्ण को दही मे तर कर के धूप मे ७ दिन रखे फिर सम्पुट कर १० सेर उपलोकी आच दे, फिर १२वा भाग हिंगुल मिलाय कुमारी रसकी भावना दे सम्पुट कर आच दे, इस विधिसे ८ पुट दे तो लोह भस्म वने । मा अ

(१० पुटी) श्वेतापुनर्नवापत्रतोयेनदशसंख्यया ।
पुटास्तत्रप्रदेयाश्चसिन्दूराभंप्रजायते ॥ र प्र सु

सफेद साठीपत्र रस मे लोहचूर्णको भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १० पुट दे तो लोह की भस्म बने ।

(१२ पुटी) शुद्ध लोहमय चूर्ण पातालगरुडी रसैः ।
मर्दयित्वा पुटेद्वह्नौ दद्यादेव पुटत्रयम् ॥
पुटत्रय कुमार्याश्च कुठारछिन्नका रसैः ।
पुटषट्क ततोदद्यादेव तीक्ष्णं भृतिर्भवेत् ॥ र रा सु, भा भै र

लोह चूर्ण को छिनहण्टा रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय, सपुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ३ पुट देकर ३ पुट कुमारीकी और ६ पुट गिलोय की दे तो लोह भस्म बने ।

(२) तीक्ष्ण वा कान्तलोह वा सूक्ष्मंकृत्वा विचक्षणः ।
पादांश गन्ध सयुक्तं त्रिफला क्वाथ भावितम् ॥
पुटानिलवु दीयन्ते सप्त वारं पुनः पुनः ।
जायते मृत लोह च पुटैर्द्वादशभि र्दृढै ॥ र सा

लोह चूर्ण का चौथाई वलि मिलाय त्रिफला क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर वायुपुट की आच दे इस विधि से ७ पुट दे, तथा ५ पुटे गजपुट के आच की दे तो लोह भस्म बने ।

(३) लोह चूर्ण १० तो० सोमल, हरिताल हिंगुल प्रत्येक ३ माशा कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आँच दे, इस विधि से १२ पुट दे तो लोह भस्म बने । अ स, मख

(४) लोह चूर्ण १० तो०, कज्जली २॥ तो० कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २॥ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे, फिर ६ माशा सोमल मिलाय आक दूध की भावना देकर ३ पुट दे, फिर हरिताल ६ माशे मिलाय आकदूध की भावना देकर ३ पुट दे, फिर इसी तरह हिंगुल ६ माशे प्रतिवार मिलाय ३ पुट दे तो १२ पुटमे लोहकी भस्म बने । अ हि

(५) लोह चूर्ण ५ तो०, द्विगुण वलि की कज्जली ५ तो०, सोमल २½ तो० अनार रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ९ पुट दे, फिर विना सोमल कज्जली मिलाये केवल कुमारी रस की ३ पुट दे तो लोह भस्म बने । स अ

(१४ पुटी) काकोदुम्बटिकानीरैर्लोहपत्राणि सेचयेत् ।
वह्नितप्तानि पट्वारं कुट्टयेत्तदुलूखले ॥
तत्पञ्चमांशं दरदक्षिप्त्वा सर्वंविमर्दयेत् ।
कुमारीनीरतः श्लक्ष्णं पुटेद्गजपुटेनतु ॥
एव चतुर्दशपुटैर्लोह वारितरं भवेत् ।

वृ यो त ,र का घ ,रसे सा स ,आ वे प्र.,र मजरी

१ तप्त तप्तानिपड्वार रसमजर्यामिति पाठ ।

त्रिवारं त्रिफला क्वाथैःतत्संख्यैरपितत्ववित् ।
निरूत्थं जायते लोहंत्रिधाऽप्यत्र न सशयः ॥

रसमजर्यामिति पाठोऽधिक ।

लोह पत्रो को तपा तपा कर कठूमर के रस में वुझाता रहे जव लोह चूर्ण हो जाय उसका पाचवा भाग हिंगुल मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस प्रकार १४ पुट दे रस मजरीकार कहता है कि इसमें ३ पुट त्रिफला क्वाथ की और देवे तो लोह भस्म वने ।

(१५ पुटी) गोमूत्रेण दिनंमर्द्यं तीक्ष्णचूर्णं प्रयत्नतः ।
विधायचक्रिकां शुष्कांततोगजपुटे पचेत् ॥
दद्यात्त्रीणि पुटान्येवं तथैव त्रिफला शृतैः ।
कुमारी स्वरसैस्तद्वद्वर्षाभूस्वरसेन च ॥
त्रयोदशं पुटं दत्त्वादरद् द्वादशांशतः ।
अर्क क्षीरेण सम्मर्द्य ह्यर्धभाख्ये पुटेपचेत् ॥
एवं पुटत्रयंदद्याल्लोह भस्म प्रजायते । रसामृत

लोह चूर्ण में १२ वा भाग हिंगुल मिलाय गोमूत्र की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस प्रकार ३ पुटदे, फिर त्रिफला, कुमारी, पुनर्नवा प्रत्येक की ३-३ पुट दे, फिर आक दूव मे ३ पुट दे प्रत्येक पुट मे हिंगुल मिलावे । अन्तिम ३ पुट अर्धगजपुट की दे तो लोह भस्म वने ।

श्री यादव जी त्रिकम जी आचार्य ने अपने सिद्ध योग सग्रह नामक ग्रन्थ में लोह चूर्ण से १२ वा भाग हिंगुल मिलाय कुमारी रस से ७ पुट, गोमूत्र से ७पुट, त्रिफलासे ७ पुट, इस तरह २१ पुटी इसे वना दी है और आपने लिखा है कि हिंगुल के स्थान पर मैनसिलका उपयोग किया जाय तो भस्म अच्छी वनती है ।

(२० पुटी) लोहचूर्णं पलद्वन्द्वंगुडगन्धौ समांशकौ ।
खल्वेविमर्द्य नितरां पुटेद्विंशति वारकम् ॥
पेषणतु प्रकर्तव्य पुटः पश्चात्प्रदीयते ।
अनेनविधिना सम्यग्भस्मी भवति निश्चितम् ॥
र प्र सु ,र ज नि.,भा भै र

लोह चूर्ण के वरावर गुड और वलि मिलाय टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधिसे २० पुट दे तो लोह की भस्म वने । रस जलनिधिकार कहता है कि पुट देने के वाद लोहको खूव घोट कर वारीक कर के पुन आगे पुट दे ।

(२) तीक्ष्णलोहस्य पत्राणिनिर्दलानि[1] दृढेऽनले ।
ध्मात्वा[2] क्षिपेज्जले सद्यः पाषाणे लुखलोदरे ॥
खण्डयेद्गाढनिर्घातैः स्थूलया लौहपारया ।
तन्मध्ये स्थूलखण्डानि रुद्ध्वामल्लद्वयान्तरे ॥
ध्मात्वा[3] क्षिप्त्वाजले सम्यग्पूर्ववत्कण्डयेत्खलु ।
तच्चूर्णं[4] सूतगन्धाभ्यां पुटेद्विंशतिवारकम् ॥
पुटे पुटे विधातव्यं पेषणं दृढवत्तरम् ।
एवं भस्मीकृतं लोहं तत्तद्रोगेषु योजयेत् ॥र र स ,रसे.चू.,र ज.नि.

१ दृढा, २ क्षिप्त्वा, ३ सिक्त्वा, ४ गुड इति रसेन्द्र चूडामणौ ।

लोह पत्रो को अगारो में तपा-तपा कर पानी में वुझाता रहे जव लोह चूरा-चूरा हो जाय कूट कपडछान कर वरावर की कज्जली मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से २० पुट दे। रसेन्द्रचूडामणिकार ने पारे के स्थान पर गुड और वलि मिला कर २० पुट दी है ।

वक्तव्य—ग्रन्थकार ने लोह पत्रोको वुझा-वुझा कर चूर्ण वनाने का वडा लम्वा चौडा विधान दिया है और जो लोह पत्र चूर्ण न वने उसपर सोमलका लेपकर तपावे तव वुझावे तव वह चूरा हो जायगा ऐसा कहा है। आजकल लोह ऐसा खराव नही मिलता जो उसे इतने परिश्रमसे वनाना पड़े, इसलिये उक्त लम्वे झझट की अव जरूरत नही है ।

(३) मत्स्याक्षी गंधवाह्लीकैर्लकुच द्रवपेषितैः ।

विलिप्य सकलं लोह मत्स्याक्षी कल्क पेषितम् ॥
भस्त्रायां सुदृढध्मात्वा त्रिशूली निर्गमावधि ।
अयोद्धृत्य क्षिपेत्क्वाथे त्रिफला गोजलात्मके ॥
तस्मादाहृत्य सताड्य मृतमादाय लोहकम् ।
पुनश्च पूर्ववद् ध्मात्वा मारयेदखिलायसम् ॥
खण्डयित्वा सतोगधं गुड त्रिफलया सह ।
पुटाद्विंशति[1] वाराणि निरुत्थं भस्म जायते ॥

रसे चू, र र स, पा स, र ज नि

[1]तिवारेण इति रसेन्द्र चूडामणौ ।

मछेछी, हींग समान भाग ले कर वडहल के रस में घोट लोह पत्रों पर लेप करें और इन पत्रों को भट्ठी में रख कर खूब धमावे जब पत्र लाल हो जाय तो गोमूत्र त्रिफला क्वाथ के मिश्रित जलमें इन्हें बुझावे और जो पपडी ऊपर लोह पत्र पर जल जाने से पडे उसे कूट कर छुडाता जाय और पत्र को उक्त विधि से लेप करके बारम्बार धमाता व बुझाता रहे, जब तक सारे लोह पत्र भस्म न बन जाय इसी तरह करे । पुन उक्त लोह चूर्ण को एकत्रकर बलि, गुड, त्रिफला मिला कर घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से २० पुट दे तो उत्तम लोह भस्म बने ।

(२१ पुटी) दाडिमस्य पलं पिष्ट्वा तच्चतुर्गुणवारिणा ।
तद्रसेनायसं चूर्णं प्लावयेत्तु सुशोभितम् ।
आतपे शोषयेत्तच्च पुटा देया पुनः पुन. ।
एकविंशतिवारांस्तन्म्रियते नात्र संशयः ॥ रस. चि., र ज नि.

लोह चूर्ण को अनार पत्रों के रस में तर करके भानुपाक करें और फिर सम्पुट कर गजपुट की आँच दे इस प्रकार २१ पुट दे तो लोह की भस्म बने ।

(२) सुशुद्धे लोहचूर्णे तु पलपंचकसम्मितम् ।
शाणमाण रसविधुं कर्षैकं शुद्धगन्धकम् ॥
दत्वा कुमारीं स्वरसै र्दिनमेक विमर्दयेत् ।
विधाय चक्रिकांशुष्कां दशप्रस्थवनोपलैः ॥
पुटदेयं चतुर्वारं पुटा देया प्रयत्नतः ।
दरदस्य च मल्लस्य हरितालस्य योगतः ॥

चतुर्वार पुटान्दद्याद्रसतन्त्रविशारदः ।
समभागेन्द्रगोपैस्तु मर्दयित्वा दिनावधि ।।
ततोऽग्नौ मर्दयेत्किंचिद्भस्म वारितरं भवेत् ।
गुञ्जामात्रं तु मधुना भस्मदुग्धानुपानतः ।।
भक्षितं बृंहणं वल्यं परं वाजिकरं भवेत् । रसामृत

लोह चूर्ण २० तो०, वलि १ तो०, पारा ३ मा०, सबको कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे इस प्रकार ४ पुट दे, पुन वलि,हिंगुल, सोमल और हरिताल प्रत्येक १ तोला मिलाय कुमारी रस की भावना दे, क्रम से ४-४ पुट दे, इस प्रकार २० पुट दे, फिर उस भस्म को कढाई मे डाल उसके वरावर वीरवहूटी मिलाय मन्द मन्द आच पर घोटता रहे जव वीरवहूटी जल जाय उतार घोट कर रख ले । मात्रा १ रत्ती । शहद से चाट कर ऊपर दूध पीवे तो वल, वीर्य और काम वृद्धि करे ।

(३) लोह चूर्ण का चौथाई सोमल मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय भाग के नुगदे में रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ५ पुट दे फिर चौथाई वलि मिलाय उक्त रस में घोट ५ पुट दे फिर इसी प्रकार हरीताल और हिंगुल की ५-५ पुट दे, अन्तिम पुट में पारा मिलाय कुमारी रस की भावना दे सम्पुट कर १½ सेर उपलो की आच दे तो २१ पुट में लोह भस्म वने । अ स

(४) गोमूत्रमृतकुम्भेन पेषयेत् त्रिफलामणम् ।
एकसप्ताहपर्यन्तं मर्दयेत्सुन्दरं शनैः ।।
रेतितं कान्तचूर्णस्य मणैकं सूक्ष्मचूर्णितम् ।
त्रिफलामूत्रसंक्षुण्णं शरावेषु परिक्षिपेत् ।।
गर्तं हस्तप्रमाणस्य वनजैश्छाणकै र्भृता ।
तत्र गर्तपुटं दत्वा ह्यग्निं प्रज्वालयेत्तत ।।
स्वांगशीतलता प्राप्तं चूर्णं संपेषयेत्पुन. ।
क्षुण्णं तेनैव मूत्रेण शरावे च क्षिपेत्पुटेत् ।।
एकविंशतिवारांश्चदद्येा युक्त्यानया पुट. ।
सूक्ष्म चूर्णं मुहु. कार्यं मूत्रे क्षुण्णे पुटे पुटे ।।
वस्त्रमृतिकयोपेतं गर्तगर्भे क्षिपेन्मुहु. ।

चूर्णकान्ताय सजात सिन्दूराभ पयस्तरम् ॥
गद्याणैकोऽस्य चूर्णस्य सर्वरोगेषुदीयताम् ।
उचित यच्चरोगाणामनुपान च दीयते ॥

र क, र चि, र त, रसा सा, र ज नि, र यो सा, भा भै र रस जलनिधौ त्रिफला मध्ये गोमूत्र मत्स्याक्षिरस सम्मेलित इति विशेष

एक घडे में चार मन गोमूत्र डाल उस गोमूत्र में १ मन त्रिफला चूर्ण भिगो दे एक सप्ताह तक पडा रहने दे फिर मलकर गोमूत्र छान ले उस छने हुए गोमूत्र में एक मन लोह चूर्ण भिगो दे और एक सप्ताह धूप मे पडा रहने दे लोह चूर्ण गल जायगा। लोह को घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस विधि मे लोह को उक्त गोमूत्र मे घोट घोट कर टिकिया वनाय सम्पुट कर २१ पुट दे तो लोह की जलपर तैरने वाली सिन्दूर सदृश भस्म वने। इसे समस्त रोगो मे उचित अनुपान से दे। मात्रा एक गद्याण अर्थात ६ माशे लिखी है। रस जलनिधिकार ने उक्त त्रिफला वाले गोमूत्र में मछेछी रस भी मिला ले ऐसा पाठ दिया है।

नोट—हम तो उक्त लोह चूर्ण की टिकियो को टीन के वडे वडे सम्पुटो मे वन्द कर आँच देते है तभी एक मन लोह को गजपुट मे पूरी आच लगती है। शरावो में तो एक मन लोह वनता ही नही।

(५) कान्तं तीक्ष्ण तथा मुण्ड [1]पत्री कृतं विशोधयेत्।
[2]चूर्णितं भावयेत्तत्तु [3]त्रिधा मत्स्याक्षिजद्रवैः ॥
त्रिकण्टकद्रवैस्त्र्यह सहदेव्या[4]तथैव च ।
गोमूत्रैस्त्रिफलाक्वाथैः [5]भावयेच्च त्र्यह त्र्यहम् ॥
धातक्याश्च ततो मद्यं क्रमादेयं पुटं पुटम्।
रुध्वा गजपुटेनैव मृतं योगेषु योजयेत् ॥
तत्पिण्डं त्रिफलातोयैः पिष्ट्वा रुध्वा पुटे पचेत्।
एव त्रिधा प्रकर्तव्यं स्थालीपाकं पुटान्तकम् ॥

र र, आ क, र ज नि

१ चूर्ण मत्स्याक्षिजैर्द्रवै इति आनन्दकन्दे रसरत्नाकरे च। २ आतपेत्रिदिन भाव्य इति आनन्दकन्दे रसरत्नाकरे च। ३त्रिदिनचित्रक द्रावै इति आनन्दकन्दे।

४ द्रवैर्दिनम् इति आनन्दकन्दे । ५ दिनैक लोह चूर्णकम् इति आनन्दकन्दे ।

कान्त, तीक्ष्ण, या मुण्ड किसी लोह का पत्र या चूर्ण बनाकर मछेछी के रस मे भिगो कर ३ दिन धूप में रखे, अर्थात् तीन भावना दे, फिर ३ दिन चित्रक रस मे भानुपाक करे। इसी प्रकार गोखरू, सहदेवी, गोमूत्र, त्रिफलाकी भावना दे फिर आवला की भावना दे सम्पुटकर गजपुट की आच दे। ग्रन्थकार कहता है कि प्रत्येक वनस्पत्ति की भानु पुट मे अर्थात् धूप में भावना दे और भावना के वाद गजपुट की पुट दे इस तरह यह क्रम से देवे।

आनन्दकन्द का कर्ता कहता है कि जिस विधि से शकर लोह बनाया गया है उस विधि से कढाई मे पकावे फिर भावना दे और अन्त में पुट देता रहे।

(६) द्रवै. कुरण्टपत्रोत्थैर्लोहचूर्णं विमर्दयेत्।
दिनैकमातपे तीव्रे तथाद्रवै [1]स्त्रिकण्टजैः॥
वन्ध्याभृङ्गी पुनर्नव्यो गोमूत्रैश्च दिनं [2]दिनम्।
गोमूत्रैस्त्रिफलाक्वाथ्यात्तत्कषायेण भावयेत्॥
त्रिसप्ताहं प्रयत्नेन दिनैक मर्दयेत्ततः।
रुद्ध्वा गजपुटे पाचेद्दिन क्वाथेन मर्दयेत्॥
दिवामर्द्यं पुटेत् रात्रावेकविंशदिनानि वै।
एकविंशद्दिनेनैव म्रियते त्रिविध ह्ययः॥

१ मर्द्यं रसरत्नाकरे इति पाठ। र र, र ज नि, र र. स.
२ पुन रसरत्नाकरे इतिपाठ। रसरत्न समुच्चये त्रुटित पाठ।

लोह चूर्णको पीली कढसरया, गोखरू, ककोडा, भागरा, साठी, इन सवोके रस तथा गोमूत्र मे १-१ भावना दे भानुपाक करता रहे इस प्रकार २१ दिन भानुपाक द्वारा भावना दे भावना के वाद पुटे देता रहे तो २१ पुट मे लोह भस्म वने।

(७) लोह चूर्ण को अण्डे की जर्दी मे भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से २० पुट दे फिर एक पुट कुमारी रस की दे कर इन टिकियो को अलसी के तेल मे पकावे जव अलसी का तेल गाढा हो जाय निकाल सुखाय पीस ले। मा अ.

(२४ पुटी) नारीस्तन्येन सयुक्तं हिंगुलं पलपञ्चकम्।

तेनलोहस्यपत्राणि लेपयेत्पलपञ्चकम् ॥
ततो गजपुटेपक्त्वा कषायैस्त्रिफलेऽपि च ।
जम्बीरैरारनालैर्वा विंशांशदरदेन वा ॥
पिष्ट्वा रुद्ध्वा पचेल्लोहं तद्वत्पाच्य पुनः पुनः ।
चत्वारिंशत्पुटैरेव तीक्ष्णं कान्तं च मुण्डकम् ॥
म्रियते नात्र संदेहो दत्वा दत्वैव हिंगुलम् ।
र र, र. का धे, ऋ ख, र त

ऋद्धि खण्डे अन्तिम पाद. अधिक

हिंगुल को स्नुहीदुग्ध में घोट लोह पत्रों पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे फिर त्रिफला को निम्बूरस या काजी में घोट २० वा भाग हिंगुल मिलाय उक्त विधि से पुट दे, इस प्रकार प्रत्येक पुट में हिंगुल देकर २४ पुट दे तो लोह भस्म बने। नोट—८ पुटी लोह भस्म और यह एक है केवल दोनो में पुट सख्या का ही अन्तर है।

(३० पुटी) अथ पूर्वोदितं तीक्ष्णं वसु मल्लक वासयोः ।
पुटितं पत्रतोयेन त्रिंशद्वाराणि यत्नतः ॥
शोणितं जायते भस्म कृत सिन्दूर सन्निभम् ।
रसे चू, र र स, पा सं, भा भै. र.

उपरोक्त २४ पुटी के अनुसार हिंगुल को मौलत्री, भिलावा और वासा रस मे घोट कल्क बनाय इस कल्क का लेप लोह पत्रो पर कर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आंच दे। इस प्रकार मौलत्री भिलावा और बांसा की १०-१० पुटें दे तो ३० पुट में सिन्दूरवत् लालवर्ण की लोह भस्म बने।

(२) शाणाकृष्ट मयोरजस्त्रिदिवसं पिष्टं वरावारिणा ।
यद्वा रक्त पुनर्णवा दल रसै र्यद्वाऽर्द्रिकर्णी रसैः ॥
चांगेरी सलिलैस्तथैव सलिलैर्वानीरवानीरजै ।
स्त्रिंशद्भन्ति पुटैर्वरंजलतरं स्याद्भस्म जम्बूप्रभम् ॥
र प, र. का धे., र सा प, पा स

लोह चूर्ण को त्रिफला, साठी,, कोयल, चाँगेरी, जलवेतस और दन्ती इन छ वनस्पतियो में प्रत्येक की ५-५ भावना व पुट देता रहे तो ३० पुट मे जामुन रग की लोह भस्म बने।

(३) लोह चूर्ण को गोमूत्र में पकावे फिर कुमारी रस की भावनादे सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १० पुट तथा १० पुट आक दूध और १० पुट थोहर दूध की दे तो ३० पुट में लोह भस्म बने। मि ख

(३२ पुटी) कान्तं च रेतितं कृत्वा जम्बू वृक्ष रजेक्षिपेत्।
दशांश हिंगुलोपेत स्थापयेत्प्रखरातपे॥
पश्चाद्गजपुटान्दद्याद्द्वात्रिंशत्सख्ययाऽन्वितम्।
सिन्दूरं जायते तद्वदुदितार्कसमप्रभम्॥ दे या, र का वे.

लोह चूर्ण मे दसवा भाग हिंगुल मिलाय जामुन रस मे तर कर के भानुपाक करे लोह के गल जाने पर सम्पुट में रख गजपुट की आच दे इस प्रकार ३२ पुट दे तो सिन्दूर रग की लोह भस्म बने।

(४० पुटी) हिंगुलस्य पलान् पञ्च नारीस्तन्येन पेषयेत्।
तेन लोहस्य पत्राणि लेपयेत्पल पञ्चकम्॥
रुध्वा गजपुटे पच्यात्कषायैस्त्रैफलै. पुनः।
जम्बीरै रारनालैर्वा विंशत्यंशेन हिंगुलम्॥
पिष्ट्वा रुध्वा पचेल्लोहं तद्द्रवैः पाचयेत्पुनः।
चत्वारिंशत्पुटै रेवं कान्त तीक्ष्णं च मुण्डकम्।
म्रियते नात्र संदेहो दत्वा दत्वेव हिंगुलम्।
र र, र ज. नि, र र स, पू ख. अ., पा स, भा भै र

यह तथा ८ पुटी और २४ पुटी लोह भस्म का पाठ तथा विधि एक ही है वहीं ऊपर देखो।

(२) लोह चूर्ण को निम्बू रस की भावना दे मूली के नुगदे मे रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे इस विधि से ४० पुट दे तो लोह भस्म बने। चा चि, अ स, यू सि यो स.

(४२ पुटी) स्थाल्या वा लोह पात्रे वा लोह दर्व्या विलोडयेत्।
पाचयेत्त्रिफला क्वाथे दिनैक लोह चूर्णकम्॥
तत्पिण्डं त्रिफला तोयैः पिष्ट्वा रुद्ध्वा पुटे पचेत्।
षोडशांशेन मूषायां निर्वाते हर्निशोपचेत्॥
एवं त्रिधा प्रकर्तव्यंस्थाली पाक पुटान्तराम्।
भृङ्गार्द्रक तालमूलीहस्तिकर्णस्य मूलकम्।

शतावरी विदार्याश्च मूल क्वाथे च त्रैफले ।
पिष्ट्वा तत्पूर्व वत्स्थाल्यां पाच्यं पेष्यं त्रिधा पुटैः ॥
ततः पुनर्नवा तोयैर्दशमूल कषायकैः ।
बृहत्यश्च कषायैर्वा बीजपूरस्य तोयत. ॥
ब्रह्मबीज रसै. शिग्रु क्वाथे गोपयसापि च ।
प्रत्येकेन प्रपेष्यादौ पूर्वं गर्भ पुटे पचेत् ॥
भावये तु द्रवेणैव पुटान्ते याम मात्रकम् ।
प्रत्येकेन क्रमादेव पिष्ट्वा पुटैश्च भावयेत् ॥
म्रियते नात्र सन्देहो कान्त तीक्ष्ण च मुंडकम् । र र, आ क.

आनन्द कन्दे त्रुटित पाठ ।

लोह चूर्ण को सारे दिन त्रिफला क्वाथ में पकावे फिर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी प्रकार भारगी, आक, मूसली, हस्तिकर्णढाक, सतावर, विदारीकन्द, त्रिफला, साठी, दशमूल, बडीकटेरी, विजौरा पलाशबीज, सोहँजना, गोदुग्ध इन सबो की उक्त विधि से ३-३ पुट दे तो लोह की भस्म बने ।

(५० पुटी) विमल लोहचूर्णन्तु निम्बुकोत्थेनवारिणा ।
म्रियते नात्र सन्देहो कान्तं तीक्ष्ण च मुण्डकम् ॥
सम्पुटस्थ ततः कृत्वा पुटेद्गजपुटेन तु ।
पञ्चाशद्भि पुटैरेव लोह सु मृतिमाप्नुयात् ॥ र त.

लोह चूर्ण को निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ५० पुट दे तो लोह भस्म बने ।

(६४ पुटी) त्रिफलै स्वरसै पिष्ट्वा पुटयेद्वनजोपलै. ॥
चतु.षष्टि तथा वारान् म्रियते तीक्ष्णमुत्तमम् ॥

रस सकेतकलिकाया भिन्न पाठ प्रतिपादित । र ल, र स क.

लोह चूर्ण को त्रिफला की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस प्रकार ६४ पुट दे तो लोह भस्म बने ।

(१००पुटी) विशोधित कान्तलोह धात्री स्वरस पेषितम् ।
पुटेद्गजपुटेनैव शतधाकृत चक्रिकाम ॥
शतधापुटेत्त कान्तं यात्येवं मृतिमुत्तमम् । र त.

लोह चूर्ण को आवला रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १०० पुट दे तो लोह की उत्तम भस्म बने।

(२) शुद्धस्य लोहस्य रजो विमर्द्य पादांश मल्ले च सहैव सम्यक्।
मर्द्येन चक्रीं च विधाय हण्ड्याः पुटेपुटे कुक्कुटनामधेये॥
एवं शतार्द्धिपु पुटेपु तत्र जातेपु भूयोदरदेषु दद्यात्।
लोहस्य भस्ममति तीव्र वीर्यं मृत समुत्थापयतीति शीघ्रम्॥
रसा सा

लोहचूर्ण से चौथाई सोमल मिलाय शरावसे घोट टिकिया बनाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे इस प्रकार ५० पुट दे, फिर इसी विधिमे हिंगुल मिलाय ५० पुट दे तो १०० पुटी लोह भस्म बने। अन्तिम पुट केवल कुमारी रस की भावना देकर गजपुट की आच दे।

(३) विशोधितमयश्चूर्णं गोमूत्रेण विमर्दयेत्।
शतशस्तं पुटेद्वह्नौ मृत मेवं भवेद्ध्रुवम्॥
र का. धे, र ज. नि.

लोहचूर्ण को गोमूत्र की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १०० पुट दे तो लोह भस्म बने।

(४) लोह चूर्ण १२ तो०, पारा १०तो०, शराव में खरलकर सम्पुट कर लावक पुट की आच दें इस विधि से ८० पुट दे, फिर ६ माशे सोमल मिलाय उक्त विधि से भावना दे २० पुट दे तो लोहकी उत्तम भस्म बने। मि.ख,मा.अ

(५) लोह चूर्ण १० तो०,पारा ६ मा०,हिंगुल ६ मा०अण्डोके तेल मे खरल कर ताम्र कटोरी में सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे,ताम्र कटोरी जल जाय तो दूसरी लगावे इस प्रकार १०० पुट दे तो लोह भस्म बने। मा अ

नोट—ताम्र कटोरीके विना प्यालेके सम्पुटमें भी ठीक बनता है।

(२७५ पुटी) आदौ लोह विचूर्णित तदनुगोतोये विभाव्य दिनं।
रात्रौ चैव पुटाञ्च विंशति मितः कूर्माख्ययंत्रे शुभे॥
सर्वं वै त्रिफलाजलस्य कथिता भावाश्चषष्टि. पुटा.।
कन्याया रस भावनाश्च कथिताश्चाष्टौ च वैद्यै. पुटाः॥
वज्रार्को हलिनी गुदी द्विरजनी गुञ्जा तुरङ्गी घना।

निर्गुण्डी गरुडी कुठेर कनके वह्निश्चमत्स्यालता ॥
हैमी हन्सपदी तथा मृतलता भृङ्गेन्द्र वृक्षेर्दिने ।
रात्रौतद्रसकं पृथक् पृथगहो सप्तैव भावाः पुटा. ॥
राजीतक्र युतं सुखल्वक तले पिष्ट्वादिनैकं दृढम् ।
भावाश्चैव पुटाश्च सप्तकथिता सर्वैश्चवैद्याधियै ॥
भावायै कथिता नगा दिनदिने नित्यं पुनः सूरभि ।
रात्रौ सप्त पुटाश्च सन्निगदिता यन्त्रे च कूर्म्माभिधं ॥
पश्चाद्भाव पुटश्च पञ्च सतत पञ्चामृतानां पुन ।
स्तच्चूर्णं च दशांशकंसदरद भुक्त्वाथक्षीरेस्त्रिया ।
गोदुग्धे यदि वा त्रयेपि सतत पिष्ट्वा च भावा पुटेत् ॥
पश्चादर्द्ध सुपारदेन शुचिना गन्धेन कन्या रसे. ।
तच्चूर्णं परिमर्दयेद्दृढतरं सम्पाचयेत्संपुटे ॥
पश्चात्केवल कन्यकां शुचिरसेर्भस्मत्रिशः पाचयेत् ।
पश्चात् कज्जलि सन्निभं जलतरं शुद्धे च लोहे पचेत् ।
एवं प्रोक्त वला जलैः परिहितं तल्लोहमुक्तं शुभम् ॥

र ज नि, र रा. सु.

रस राजसुन्दरे त्रुटित. पाठ ।

लोह चूर्ण की गोमूत्र में भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुटकी आच दे, इस प्रकार २०पुटदे । पुन त्रिफला, थोहर, आक, कलिहारी, गोदी, हल्दी, दारुहल्दी, छिलहण्टा, गुजा, असगन्ध, मोथा, सभालू, तुलसी, धतूरा चित्रक, कुटकी, कगुनी, मछेछी, सोनाजुही, हन्सराज, गिलोय, भागरा और कुटज इन २३ वनस्पतियो की ७७ भावना व पुट दे, फिर तक्र की ७ पुट दे फिर पचामृत की ५ पुट दे फिर लोह भस्म का १० वां भाग हिंगुल मिलाय दुग्ध मे घोट ३ पुट दे, फिर कज्जली मिलाय कुमारी रस में घोट वाकी कज्जली की पुटें गजपुट की दे तो लोह की उत्तम भस्म बने ।

(सहस्त्र पुटी) अव्यवहृत पूर्वस्य गुल्मतृण वनस्पतेः ।
रसेन दिवसे लोहं मर्दयित्वा निशा पुटेत् ॥
द्वादश वर्षे कालेहि नित्यमेव समाचरेत् ।
अव्यवहृतपूर्वाहि रसं नित्यं प्रयोजयेत् ॥

पूर्वं सम्मर्दितं येन तद्रसेन पुनर्ददेत् ।
एतस्य सुधालोहस्य यव मात्रं प्रदापयेत् ॥
वृद्धमेवजराजीर्णं यतः स तरुणायते ।
दन्तानामुद्गमो पुनः शुक्ल केशस्य कृष्णताम् ॥

र. ज नि, रसा सा.

जिन वनस्पतियोको हम जानते है या नही भी जानते है उन्हे लाकर उनका रस निकाल उस रस की लोह चूर्ण को भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस विधि से नित्य एक पुट १२ वर्ष तक देता रहे तो यह सुधा सागर नामक लोहकी भस्म वने, इस की मात्रा १ यव है। इस के सेवनसे वुड्ढा जवान वन जाता है, नये दात निकल आते है, वाल काले हो जाते है यह भस्म कायाकल्प कर देती है।

लोह भस्म के गुण—लोह तिक्तं सरंशीतं मधुरं तुवरं गुरु ।
सूक्ष्मं वयस्थं चाक्षुष्य लेखनं वातल च यत् ॥
पित्तं कफं गरे शूल शोथार्शः प्लीहपाण्डुताम् ।
मेहो मेदं कृमि कुष्ठं तत्किट्टं तद्गुणेस्मृतम ॥

र सा प., पा स.

लोह भस्म चरपरी, सारक, ठण्ढी, मधुर, रूखी, कसैली, भारी होती है आयु को वढाने वाली, नेत्र रोगो मे हितकर कोष्ठ शोधक और वातल है। कफ, पित्त, विष, शूल, शोथ, अर्श, यकृत-प्लीहावृद्धि, पाण्डु, प्रमेह, उदर कृमि, कुष्ठमें लाभ कारी है।

लोह भस्मानुपान—मोथा चूर्ण १½ मा० खैरछाल ६ मा० के क्वाथ से या त्रिफला,कुटकी चूर्ण ३ मा० युक्त शहद से, त्रिफला क्वाथ गोमूत्र से कामला, पाण्डु, प्लीहा वृद्धि में, त्रिफला चूर्ण से या हीग, घृत से शूल मे गुल्म में, शिलाजीत त्रिफला चूर्ण से या गिलोय सत्व मिश्री से मूत्रकृच्छ, प्रमेह मे, कण्ठमाला में, लहसुन या त्रिकटु शहद से या मिर्च शहद से श्लेष्म ज्वर मे, जीर्णज्वर सन्निपात ज्वर मे, खाँसी मे, पानसे या पीपर चूर्ण शहद से अग्नि माद्य, अरुचिमे,विदारीकन्द चूर्णमे खाड मिलाकर यो असगन्ध,विधारा चूर्ण से नामर्दी में, पितपापडा से, या धनिया चन्दन चूर्ण से पैत्तिक रोगो में, कुटज छाल क्वाथ से या मोथा, गिलोय, अतीस चूर्ण और खाड से अतिसारमे, मूलहठी चूर्ण शहद से या वासा रस शहदसे, कास, श्वासमें,मूसली चूर्णसे अर्श मे,अर्जुन

वाय से हृदरोग मे सभालू रस शहद से या पान शहद से शीतांग में, निसोत वाथ से उदावर्त में, ब्रह्मी रस शहद से स्वर भग में, असगन्ध चूर्ण से क्षय में ोह भस्म को मिला कर देवे। मात्रा इसकी १ से ३ रत्ती तक है।

वंग भस्म

भौतिक गुण—यह चादीवत् श्वेत चमकीली वहुत कुछ मणिभ आकृति ी धातु है। यद्यपि ऊष्मजन से कुछ प्रभावित होती है तथापि हवा में खुली हने पर जल्दी चमक नही जाती। यह घनवर्धनीय तो अच्छी है इसी लिये इस के वर्क तो पतले से पतले वन जाते है पर तार नही वनती, काठि-यता मे सीसा से कुछ अधिक कठोर है। इसे २०० श० तक गरम करके एक म ठण्डा कर दें और १७ श० के नीचे उत्ताप पर पड़ी रहने दे तो यह भगुर ो जाता है इस दशा में इसे आसानी से पीसा जा सकता है, उस समय यह मणिभ हो जाती है। यह २३२ श० पर पिघलती है और २२७० श० के उत्ताप पर वाष्प वन कर उडने लगती है। इसकी परमाणु मात्रा ११८.७ घनता ७-२६। अर्थात् चादी से भारी और घनता मे उस से कम है। इसकी युयुक्षा २ और ४ है। यह और सीसा दोनो ही सविभाग सारणी के मध्य स्थित होने से न तो प्रवल धनात्मक है, न ऋणात्मक।

रसायनिक गुण—यह उष्मजन, पवन, लवणजन, नोनजन तथा वलि, सोमल, सुहागा आदि से मिल कर कई प्रकार के यौगिक निर्माण करता है किन्तु हमारे रस ग्रन्थो में इसकी जो भस्में वनाई गई है वह दो प्रकार की यौगिक होती है (१) ऊष्मिद और (२) वलिकाइद।

जितनी भी भस्मे हम वनस्पति योग से वनाते है वह सव की सव प्राय ऊष्मिद होती है, वह रसायनिक दृष्टि से वगक ऊष्मिद (व ऊ$_2$) होती है इनका वर्ण सफेद होता है। एक दूसरा ऊष्मिद (व ऊ) जिसका यौगिक प्राय अस्थाई होता है वह हमारी भस्म प्रक्रिया से नही वनता।

(२) वलिकाइद—वलि या हरिताल योग से जो वग की भस्म हम वनाते है वह प्रायः वगस वलिकाइद (व व) होती है, इसका वर्ण गुलावी, रामरज मिट्टी जैसा होता है। यदि वग मे नोसादर या पवनिया और कज्जली मिला कर कूपी पाक करें तो पारद और नौसादर की उत्प्रेरक शक्ति से वलि के दो परमाणु वग से सयुक्त होकर वगक वलिकाइद (व व$_2$) का यौगिक

निर्माण कर लेते ह। हमारी भस्में वस इन्ही दो रूपो की होती है।

वङ्ग की ऊष्मिद भस्में

(१) [1]विशुद्धवङ्गपत्राणि द्रावयेद्धण्डिकान्तरे।
[2]अपामार्गोद्भव चूर्ण तत्तुल्यं तत्र मेलयेत्॥
स्थूलाग्रयालोहदर्व्याशनैस्तदीय [4]मर्दयेत्।
यावद्भस्मत्व [5]माप्नोति तावन्मर्द्यन्तु पूर्ववत्॥
[6]ततस्वैकीकृत चूर्ण कृत्वाचाङ्गारवर्जितम्।
नूतनेन शरावेण रोधये[7]च्च भिषग्वरः॥
पश्चात्तीव्राग्निना पक्वं वङ्गभस्म भवेद्ध्रुवम्॥

र त, र मजरी, र का. धे, रसे. सा स, भा भै र, र ज नि, र च, रसा. ल।

१ आभीर शोधयेदादौ रसचण्डाशौ रसमजर्यामिति पाठ। २ अपामार्गे चतुर्थांश चूर्णित मेलयेत्तत रसचण्डाशौ रसमजर्यामिति पाठ.। ४ चालयेत् र च रसमजर्यामिति पाठ। ५ मायाति र च रसमजर्यामिति पाठ। ६ तत एकीकृत सर्व भवेदङ्गारवर्णकम् र च, रस म मिति पाठ। ७ दम्वरे भिषक् र च, र. मजर्यामिति पाठ।

वग को हण्डी के खपरे में पिघला कर अपामार्ग के चूर्ण की चुटकी देकर करछी से रगडता हुआ वग की भस्म वनावे। कुछ ग्रन्थकार अपामार्ग चूर्ण चौथाई और कुछ ग्रथकार वगके वरावर देकर भस्म वनाने का विधान वताते है। जव चौथाई चूर्णसे ही वगकी भस्म हो जाय नो ज्यादा डालने की जरूरत क्या? जव भस्म वन जाय सवको एकत्र कर दूसरे प्याले से ढक दे और इसके वाद ३-४ घटे की और तीव्र आँच दे तो रही सही कच्ची वग भी भस्म मे परिणत हो जाती है। शीतल होने पर निकाल खूव पीस ले। अ त

अलतवीव का लेखक कहता है—उक्त भस्म को कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय गजपुट की आच दे तो यह वग भस्म और भी अच्छी वन जाती है।

(२) काटाहिकाया युतमृत्तिकायाः कुण्डे द्रुतं वङ्गमयः खजेन।
निम्वस्य दण्डेन यवानिकाया. दत्वाऽल्पभागं परिमर्दयेत॥

रसा. सा.

वग को पिघलाकर अजवायन की चुटकी देकर निम्ब दण्ड से घर्षण विधि द्वारा भस्म बनावे। पश्चात् ३ घटा की और आच दे तो वग भस्म बने।

(३) चिञ्चाऽश्वत्थत्वचा [१]क्षारं वङ्गपादांशयोजितम्।
चिंचादण्डेन संचाल्यं वंगभस्म प्रजायते॥

१ चूर्णं रसतरगिण्यामिति पाठ। र सागर, र. त, रसा सा

इमली, पीपल छाल का चूर्ण या भस्म की चुटकी दे इमली के डडे से चलाता हुआ घर्षण विधि से भस्म बनावे। भस्म को निकाल खरल में घोट पानी से धो डाले ऐसा रसतरगिणी कार का आदेश है। मेरा अनुभव है कि बिना धोये भी वैसा ही लाभ करती है।इसका उपयोग करे।

(४) वगं खर्परके कृत्वा चुल्ल्यां सस्थापयेत्सुधीः।
द्रवीभूते पुनस्तस्मिञ्चूर्णान्येतानि दापयेत्॥
प्रथमे रजनीचूर्णं द्वितीये च यवानिका।
तृतीये जीरकञ्चैव ततश्चिञ्चात्वगुद्भवम्॥
अश्वत्थ वल्कलोत्थञ्च चूर्णं तत्र विनिक्षिपेत्।
एवं विधानतो वंगं म्रियते नात्र सशयः॥

र च., रसा. स, रसे. सा. स, र ज नि, भा भै. र.

कढाई में वग को पिघला कर हल्दी, अजवायन, जीरा, इमली छाल, पीपल छाल चूर्ण की चुटकी दे घर्षण विधि द्वारा भस्म बनावे। भस्म बन जाने पर भी ३-४ घटा उसे एकत्र कर और आच दे तो उत्तम वग भस्म बने।

(५) मृतपात्रे द्राविते वगे क्षिपेत्तत्र सुवर्चिकाम्।
घर्षयेल्लोह दव्यां तु यावत्तस्मात्तनूनपात्॥
निःसृत्य प्रदहेत् सर्वं स्वांगशीतं समुद्धरेत्।
सुवर्चिकापनोदार्थं सलिलैः क्षालयेन्मुहुः॥
ततो ऽतिनिर्मल ग्राह्यं वगभस्म भिषग्वरैः।

वे. द, वृ र प्र, र ज नि, र. रा. सु

वग को पिघला कर सोरा की चुटकी दे घर्षण विधि द्वारा भस्म बनावे। फिर खरल में डाल पानी से गीलाकार रगडे और धो धोकर शोरा निकाल दे फिर सुखा कर व्यवहार मे लावे। र सि

(६) रजनी रजसा वह्नि स्थाप्या हण्ड्यां तु पूर्ववत्।

वंगभस्म विधायाथ सोरकं तत्र निक्षिपेत् ॥
वंगं तुर्यांशमथतच्छरावेण पिधापयेत् ।
मन्दमग्निं घटीमेका दत्वाऽथ स्वांगशीतलम् ॥
कुन्देन्दुधवलं वंगभस्मग्राह्यं स्वकार्यकृत् ।

वृ यो त, आ प्र, भा. भै र.

वंग को कढाई मे पिघलाकर हल्दी की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म वनावे। फिर उस वंग का चौथाई सोरा की चुटकी दे रगडता रहे सोरा के समाप्त हो जाने पर सबको एकत्र कर १-२ घटा की तीव्र आच और दे तो वंग की सफेद भस्म वने।

(७) पारा वंग मिश्रण कर दूना सोरा मिलाय सम्पुट कर ऊपरकी हण्डी में छेद करके मैदान में रखकर ६ सेर उपलो की आच दे, उस भस्मको पानी मे घोल कर सोरा निकाल दे और सुखाय काम मे लावे।

स अ., भा अ, अनु यो मा

(८) वङ्गे घर्षणकाल एव भिषजा क्षिप्त्वा यावनी रजा।
[1]प्रक्षेप्यं क्रमशः शिलाजतु तथा भस्माप्यपामार्गजम् ॥
क्षिप्त्वा [2]निम्बदलान्यरुष्कपिशिते भाण्डे तु चिञ्चात्वचो।
[3]भूयात्संस्तर सस्थितानि पुटतः कुर्वन्ति भस्मान्यपि ॥

पा. स, र प, र रा सु, र सा. प

१ नस्यन्ति क्षणश इति रसपद्धतौ। २ रगदला इति रसपद्धतौ ३ भूत्या इति रसपद्धतौ।

वंग को कढाई मे पिघला कर अजवायन, शिलाजीत या सोरा, अपामार्ग, निम्वपत्र, भिलावा और इमली के चूर्ण की चुटकी देकर घर्षण विधि से भस्म वनावे और व्यवहार मे लावे।

हिन्दी और यूनानी के अनेक ग्रन्थो मे वनस्पति योग से वनने वाली निम्न विधियाँ मिलती है —

(९) भूफली की चुटकी देकर भस्म वनावे और शराव की भावना दे कर लघुपुट दे। आ. अ

(१०) वंग को पिघला कर नागार्जुनी की चुटकी देकर भस्म वनावे और शराव की भावना देकर लघुपुट दे। अनु यो. मा, मा अ

(११) निम्बू फल की चुटकी देकर भस्म बनावे और निम्बूरस की भावना देकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर पुट दे तो भस्म बने। मा अ.

(१२) वटजटा चूर्ण की चुटकी देकर भस्म बनावे और वटक्वाथ की भावना देकर पुट दे। मा अ., अ. त.

(१३) भाग, हल्दी, पोस्त की चुटकी देकर भस्म बनावे और कुमारी रस की भावना दे कुक्कुट पुट की आंच दे। म अ, र सि, अनु पा मा

(१४) अण्डा छिलका चूर्ण की चुटकी देकर भस्म बनावे और गोदुग्ध की भावना देकर पुट दे। दूसरी भावना वटजटा क्वाथ की देकर दूसरी पुट दे तो भस्म बने। मु ति, मि ख.

(१५) वंग को गलाकर सीपचूर्ण की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म बनावे, सीप वंगके बराबर हो। फिर बिना पानी के पतले शहद मे कूट टिकिया बनाय सम्पुटकर गजपुट की आंच दे तो सफेद भस्म बने। रसू ति, र. ति.

नोट—उक्त ७ विधियों मे वनस्पति वंगके बराबर हो या कुछ कम और भावना देते समय इतना रस डाले कि शाम तक घोटते घोटते टिकिया बन जाय, टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर ८-१० सेर उपलो की आंच दे अधिक आंच देने पर यौगिक विच्छेद होकर वंग पिघल कर निकल जाता है।

(१६) १ तो० वंग चूर्ण को १० तोला ईसबगोल में मिला कर रोटी सी बना कर सुखाय सम्पुट में रख १० सेर उपलो की आंच दे तो वंग भस्म हो। स अ.

(१७) १ तोला वंगचूर्ण को २० तोला जख्महयात के नुसदे में मिला कर कूट रोटी (टिकिया) बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आंच दे तो वंग भस्म हो। अ त, चा चि.

(१८) ५ तो० वंगपत्र को २० तोला विनोला की गिरी के आटे में मिलाय कुमारी रस से रोटी बनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आंच दे तो वंग भस्म हो। स अ.

(१९) २ तो० वंगपत्र बारीक को इमलीछाल चूर्ण, विनोला गिरी का आटा १०-१० तोला मे मिलाय गूंध कर रोटी बनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आंच दे तो वंग भस्म हो। स अ.

(२०) १ तोला वंगपत्र को गोखरू चूर्णकी दो बडी बडी रोटिया बनाय

उसके मध्य वगपत्र बिछाय सम्पुट कर १० सेर उपलों की आग दे तो वंग भस्म हो। न म.

(२१) शुद्धवङ्गस्यपत्राणि समान्येव तु कारयेत्।
अजाशकृत् वरातुल्या चूर्णिता च निशा तथा ॥
चतुरस्रमथोनिम्नगर्तं हस्त प्रमाणकम्।
कृत्वाच्छगणकैश्चार्धं पूरयेत्सततभिषक् ॥
ततः शणभवेनापि वस्त्रेणाच्छाद्य गर्तकम्।
पूर्वं प्रकल्पितं चूर्णं तत्रोपरि च विन्यसेत् ॥
चूर्णेनाच्छाद्यचलेन छगणेनाथपूरयेत्।
पुटयेदग्निना सम्यक् स्वांगशीतं समुद्धरेत् ॥ र.प.सु.,र.च

एक हाथ वर्गाकृति गहरा गढा बनाय उसे आधे वनोपल से भर उस पर दो तह टाट का चारस फुट व्यासका टुकडा बिछाय उसपर बकरी की मेंगनी का चूरा, त्रिफला चूर्ण, हल्दी चूर्ण की क्रमसे तहें दे कर उसपर पतले पतले वग के पत्र बिछाय उस पर हल्दी, त्रिफला, मेंगनी चूर्ण बिछावे इस प्रकार कई तहें वग की लगाकर अन्त मे टाट से ढक उस पर वनोपल देकर आग लगा दे और गढे का मुह मिट्टी से दबा दे कोई ४ अगुल हवा जाने के लिये उसके मध्य मार्ग रहने दे तो इस विधि से १०-४० तो० तक वग की शीत भस्म एक बार में बन जाती है।

(२२) वन्योपलोपरिस्थे तु गोणी खण्डे क्षिपेद्रज।
तिन्तडीवल्कलस्याथ तिलास्तत्र विनिक्षिपेत् ॥
अंगुल्यार्ध प्रमाणेन तत्रवगदलन्यसेत्।
खण्डीकृत पुनस्तेन क्रमेणैवात्र विन्यसेत् ॥
[1]वायुनारहितेस्थाने सर्वांस्तानाग्निनादहेत्।
स्वागशीतं ततोग्राह्यं युक्त्या वङ्गस्यभस्मतत् ॥
श्वेत लाजकणाभासं सुसुक्ष्म सर्वकार्यकृत्।

वृ यो त,र सा प,पा स,आ वे प्रा,

१ तिलतिन्तिणि वल्क च गोमयाञ्चाग्निनादहेत्। वृ योगरगिण्यामितिपाठ।

भस्म विधान न० २१ के अनुसार इमलीछाल चूर्ण, तिलकी खल को उसी क्रम से टाट सम्पुट कर बिछाकर उस पर वग पत्र बिछाय उसी तरह उपलोसे

ढक आंच दे तो चावलों की खीलवत् वंग भस्म बने।

(२३) यद्वैनस्य दलानि विंशति गुणेपिण्याक चूर्णेऽतसी
सन्मृत्तेशणपट्टवर्तिनि पुनस्तद्वद्यवान्यामपि।
कीर्णानि क्रमशोनिबध्य सुदृढ रज्ज्वागजाद्धे पुटे
स्युर्भस्मत्रपुणिस्थिते तु पुटितोऽपक्वेऽयमेवक्रमः॥

र प ,र मा ,प ,पा स.

वंग पत्रों से २० गुनी अलसी की खल का चूर्ण टाट पर बिछा कर उस पर अजवायन और उन पर वंग पत्र बिछाय फिर अजवायन और खल से ढक फिर टाट से ढक कर उसे बिस्तरे के नानिन्द लपेट रस्सी से बांध अर्ध गजपुट की आंच दे तो वंग की भस्म बने। जो पत्र कच्चे रह जाय दूसरी बार में इसी तरह से बनाले।

(२४) भल्लातकतैल लिप्त वगंपत्रेणवेष्टितम्।
चिञ्चा पिप्पल पालाशकाष्ठाग्नौ यातिपञ्चताम्॥ र र स,र च

वंग पत्रों पर भिलावा तेल चुपड़ कर फिर उक्त विधि से पीपल, इमली, ढाक छाल चूर्ण को टाट सम्पट में बिछाय उसमें वंगपत्र उक्त विधिके अनुसार रख कर आग दे तो वंग भस्म बने।

(२५) वंग पारा बराबर मिश्रण कर वंग के बराबर सोमल मिलाय आक दूध में घोट बनाय, मेंहदी, भांग अजवायन के चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर लघुपुट की आंच दे तो वंग भस्म बने। अ त ,चा चि.

(२६) वंग पारे का मिश्रण कर पत्र बनाय दूधी चूर्ण पर धतूरा चूर्ण या जावकल चूर्ण के मध्य वंग को बिछाय टाट सम्पुट में रख आग लगा दे तो वंग की भस्म बने। र सि ,अ स ,मख ,अ क ,मि ख ,मा अ.

(२७) छाणोपरि कृते गर्ते चिंचात्वक् चूर्णक क्षिपेत्।
कर्षमानां वंगचक्री तत्रोपरि निधापयेत्॥
चक्री चतुर्गुणैर्व वेष्टिता धारयेत्तत'।
छगणेन विशुष्केन पुटाग्निं दापयेत्तत'॥
स्वाङ्ग शीत समुद्धृत्य सर्वकार्येषुयोजयेत्।
अनेनविधिना शेषमपक्व मारयेद्बुध.॥

भा. भै र, र रा सु, र प्र. सु, पा स.

बडे उपले मे गढा करके इमली की छाल के चूर्ण को बिछाय ऊपर वगका सूक्ष्म पत्र रख, उसके ऊपर चूर्ण बिछा कर उसमें अग्नि लगा दे। ठण्डा होने पर राख में से वग भस्म को सावधानी पूर्वक निकाल ले यदि ठीक न हुई हो तो वैसे ही एक और पुट दे। मा अ

निम्न विधियो से ग्रन्थकारो ने वग भस्म बनाने की कुछ और विधिया दी है—

(२८) अफीम को पानी मे पीस वग पत्रो पर लेप कर सूखे ढाक के पत्ते पर बिछा कर दूसरे पत्ते से ढक धान की भूसी की २ अगुल मोटी तह नीचे ऊपर देकर आग लगा दो तो वग भस्म बने। अनु यो मा

(२९) १ तो० वगपत्र, १ तो० अफीम, १० तो० मेंहदी चूर्ण पत्र पर अफीम का लेप कर मेंहदी चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे। तो वग भस्म बने। अ त

(३०) वग पत्रो को भाग चूर्ण के मध्य रख कर टाट सम्पुट में लपेट १० सेर उपलो की आच दे तो वग भस्म बने। अ त, चा चि, र नि

(३१) वग पत्रो को इमली, पीपल छाल चूर्ण और भाग तीनो के मध्य टाट सम्पुट में रख थोडी सी खुली आच दे तो वग भस्म बने। अ त, चा चि

(३२) अजवायन, हल्दी, मेहदी, कमरकस, सरुकेपत्ते, पीपरामूल, जावित्री, भागरा, नीव, कुलजन, अकरकरा, भाग, कायफल, दालचीनी, लोध, हरमल, बेरपत्र, इनमें से किसी भी वनस्पति के चूर्ण मे वग के वारीक पत्रो को टाट सम्पुट के मध्य रख आच दे तो वग की भस्म बने। मा अ

(३३) रगच्छेदन तनुनापरिवेष्ठ्यमुद्रां ताम्रस्य सावयव मार्कवकल्कमध्ये।
सम्यग्पुटेदतिपटुःसुरभै शकृद्भिः स्यात्सोमनाथरस एष समीरहर्ता॥
सि. भै मा., र. यो सा

ताम्र पत्रो को वग के पत्रो के ऊपर लपेट आकके नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो वग की भस्म बने। स अ, मा अ

सनत अकवर के लेखक ने भिलावा जैपाल का नुगदा लिया है और ताम्रकी कटोरी बनानी बताई है।

(३४) शिरीपरजनी चूर्णैं कुमार्या युग गोलकम्।
सूत लिप्तं वंगपत्रं गोलकं सममेलयेत्॥

रुद्ध्वा लघुपुटैः पक्वऽमृतं स्यात् पूर्ववत् क्रियाम् । आ
सिरस हल्दी को कुमारी रस में घोट कल्क बनाय वग पत्रो पर लेपक
सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की पूर्व विधियो के अनुसार आच दे यदि कुछ कच्च
दिखाई दे तो इसी विधि से और पुटें दे तो वग भस्म बने ।

(३५) रसेनवंग द्विगुणं प्रगृह्य विद्राव्यनिक्षिप्य समुद्रजञ्च ।
विमर्दयेदम्लजलेन गोल कृत्वासुसंपेष्य पुटेनतीव्रम् ॥
ततःक्षिपेत्तज्जल पात्र मध्ये नीरन्तुसन्त्यज्य गृहाणसूतम ।
तद्रक्तियुग्म मधुनासमेत ददीतपथ्य मधुरं समुद्गम् ॥

र दी , र चि , र क ल , र सि , र का धे , र मृ , वै मृ , र च , रसा स , र यो सा

वग को पिघला कर उसमें आधा पारा डाल दे फिर नमक की चुटकी देकर घर्पण विधि से भस्म बनावे भस्म बन जाने पर जम्बीरी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, उस भस्म को पानी में धोवे और उसका नमक निकाल दे फिर सुखाय व्यवहार में लावे । मात्रा २रत्ती शहद मिलाकर सेवन करे ।

(३६) शरावनिहितं सूतं द्विगुण वग मुहुर्मुहु. ।
दत्वाग्निं सूर्ययामान्त निम्ब काष्ठेन वह्नयेत् ॥
एव भवेत्पीतवर्णा रस राजस्य भूतिका ।
अर्जित विविधोपायैर्जन्मादिपजोमया ॥

नि र , वै मृ , रसा स , र कौ , व रा , वृ यो त , र यो सा , र सि , भा भै र

पारा १ भाग वग दो भाग कढाई में पिघलाकर निम्ब दण्डसे घर्पण विधि द्वारा १२ प्रहर में वगकी भस्म बनावे । ३५ और ३६ न० की इन दोनो वग भस्मोको ग्रन्थकार पारद भस्म बतलाते है । त्रिमल्ल भट्ट कहताहै कि यह पारद भस्म मैंने जगम वैद्य से बडे प्रयत्न से प्राप्त की है । वास्तव मे यह दोनो ही पारद भस्म नही वग की ही भस्में है, पारद तो उड जाता है । केवल वंग की ऊष्मिद भस्म बन जाती है ।

१ तो० वगमें १ तोला पारा मिलाय मिश्रण कर भिन्न-भिन्न ग्रन्थकारो ने भिन्न भिन्न वनस्पतियो में रखकर निम्न विधान दिये है :—

(३७) पारद वग के मिश्रण का पत्र बनाय कमर कस चूर्ण के मध्य रख २ सेर वस्त्र सम्पुट मे रख कर आच दे ।

ग्र स

(३८) मिश्रण के पत्रो पर इलायची वडी के कल्क का लेपकर तेजवल छाल चूर्ण के मध्य रख २ सेर का कपड सम्पुट कर आच दे।
मा. अ, मि ख, वा, वि.

(३९) मिश्रण के पत्र वनाय कुलजन चूर्ण के मध्य रख वस्त्र सम्पुट में लपेट आच दे। मखजन

(४०) मिश्रण के पत्र वनाय चने के आटे की रोटी पर विछाय सम्पुट कर ४ सेर वनोपल की आच दे। स अ

(४१) मिश्रण के पत्र वनाकर हव्वुल्लास (मोडियो) के चूर्ण मे रख वस्त्र सम्पुट में लपेट आच दे। अ. हि, कु र, मि ख

(४२) मिश्रण के पत्र वनाय हाथीसुण्डी के चूर्ण मे रख वस्त्र सम्पुट में लपेट आच दे। म अ

(४३) मिश्रण के पत्र वनाय हल्दी, भाग चूर्ण के मध्य रख टाट सम्पुट में रख आच दे। भा अ

(४४) मिश्रण के पत्र वनाय मेंहदी चूर्ण मे रख सम्पुट मे वन्द कर ४ सेर उपलो की आच दे। रस अ

(४५) मिश्रण के पत्र वनाय हरमल चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आच दे। मा अ, अ त.

(४६) मिश्रण के पत्र वनाय कपूर कचरी के चूर्ण में २-२ सेर के उपल सम्पुट में रख कर आँच दे। वा अ.

(४७) मिश्रण के पत्र वनाय पीपल, नीव, अपामार्ग, भाग इनके मिश्रित चूर्ण में रख २-२ सेर के उपल सम्पुट में आच दे वग की भस्म वने। मख

(४८) मिश्रण के पत्र वनाय इमली, सेमल, या पीपल चूर्ण के मध्य रख ३-३ सेर उपलोके सम्पुट मे आच दे तो वग भस्म वने। र सि

वंग की वलिकाइद भस्में

(१) पलाशद्रवयुक्तेन वग [1]पत्रं प्रलेपयेत्।
तालेन पुटितं पश्चान्म्रियते नात्र संशयः॥
र लं, र. र. स, र सागर, र च, र ज नि, भा भै. र

१ पत्राणि लेपयेत् रस चण्डाशौ इतिपाठ।
रसालकारे भिन्न पाठ प्रतिपादित।

हरिताल को ढाकके रसमें कल्क वनाय वग पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे तो वग भस्म वने ।

(२) माक्षिक हरिताल च पलाशस्वरसेन च ।
[1]पिष्ट्वा कल्केन सलिप्य वंगपत्राणि मारयेत् ॥ र र,र ज ति.

१ हृत रसरत्नाकरे इति पाठ ।

ढाक के रस में माक्षिक और हरिताल को घोट वग पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो वग भस्म वने ।

(३) अभ्रक तालक शंख क्षारस्याच्चिञ्चिकाभव ।
रसेन सहितान्सर्वान् वज्री दुग्धेन मर्दयेत् ॥
विलिप्य वंग पत्राणि पुटेत्पूर्व वल्लघु । र ल

अभ्रक, हरिताल, शख चर्ण, इमली की भस्म, पारा सव समभाग थोहर के दूध मे पीस वग पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो वग भस्म वने ।

(४) तालकै कर्कटास्थिभि शंखशुक्ति वराटकै ।
सिन्धु कर्पूर सयुक्त मारयेद्वगपत्रकम् ॥ र ज ति.

हरिताल, केकडा अस्थिचूर्ण, शख, सीप, कौडी समुद्रझाग सव को कुमारी रस में घोट वग पत्रो पर लेप कर लघुपुट की आच दे तो वग भस्म वने ।

(५) कन्यामूल विघट्टना रहितया वङ्गोऽपि भस्मी भवेत् ।
पूर्व प्रक्रिययैव मानसशिला स्थानेतुदत्तालया ॥ र प

जिस प्रकार कुमारी मूल से सीसा को घर्षण विधि से आक, वट, पीपल, ढाक चूर्ण की चुटकी दे कर भस्म वनाई थी उसी प्रकार वग को वनावे फिर मैनसिल के स्थान पर हरिताल मिलाय घोट टिकिया वनाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो वग भस्म वने ।

(६) मृत वग ततः पश्चान्मर्दयेत्पुरवारिणा ।
समाशं रससिन्दूर मनेन सह मेलयेत् ॥
खल्वे दृढतर पिष्ट्वा काच कूप्यांनिवेशयेत् ।
विपचेदग्नि योगेन याम षोडश मात्रया ॥
हेमप्रभ मृते वंग जायते रस वगकम् ।
सर्व रोगान्हरत्याशु शक्ति दायी गुणाधिकम् ॥ र प्र सु, र च

वनस्पतियो से वनाई वग भस्म के वरावर हिंगुल मिलाय गुगुल की भावना दे सुखाय काचकूपी मे भर वालू का यत्र मे विठाय १६ प्रहर की आच दे तो सुनहरे रग की वग भस्म वने ।

(७) नवसारं सैंधव च पञ्च विल्व मित पृथक् ।
निधाय डमरुयन्त्रे वह्नियाम चतुष्टयम् ॥
प्रज्वालयेदूर्ध्व भाण्डे लग्ने सत्त्व समाहरेत् ।
तत्सत्वं चूर्णित रग समगन्ध तयोः समम् ॥
विचूर्ण्यैकत्र काचोत्थ कूपिकाया विनिक्षिपेत् ।
मृल्लिप्त वालुका यन्त्रस्थिताया दिवस द्वयम् ॥
चुल्ल्यामग्निमधोदत्वा यामान्द्वादश वा पचेत् ।
कूपी तलस्थ तद्भस्म स्वर्णाभ स्वाङ्ग शीतलम् ॥

र को, सि भै मा, र यो सा

नौसादर सेधानमक सम मिलाय डमरू यन्त्र में रख सम्पुट कर जीहर उडावे उस जीहरके वरावर वग और सवके वरावर वलि मिलाय खरल कर काँच कूपी में भर वालुका यन्त्र मे विठाय १२ प्रहर की आच दे तो वग की सोने जैसे रग की भस्म वने ।

(८) शुद्ध तालं शुद्ध सूतं वंगं गन्धक शुद्धकम् ।
ग्राह्येत्सम भागानि अर्क क्षीरै विमर्दयेत् ॥
दिनसप्तकपर्यन्त मर्दयेच्च निरन्तरम् ।
काचकुप्यां क्षिपेन्मुद्रां दत्वा चैव भिषग्वरः ॥
द्वादश प्रहरदेयं मन्दाग्निं च न संशय ।
पुनरैव प्रकर्तव्यो विधिरेष न संशय. ॥
रस ग्राह्यो प्रयत्नेन रक्तिकार्धं प्रदीयते ।

रसा सा, र रा सु, भा भै र

हरिताल, पारा, वग और वलि सव वरावर मिलाकर आक दूध की ३ भावना दे सुखाय काच कूपी मे भर वालुका यन्त्र मे विठाय १२ प्रहर की आच दे तो ऊपर रस सिन्दूर नीचे वग की भस्म वने । रसायन सार के कर्ता ने निम्ब रस की भावना दी है ।

९) प्रदाव्य खर्परे वग षोडशांशं रसं क्षिपेत् ।

स्वल्प स्वल्पाऽऽलक दत्वा भारद्वाजस्य काष्ठतः ॥
मर्दयित्वा चरेद्भस्म तद्रसादिषु शस्यते ।

र च, रसे चू, र र स, रज नि, भा, भै र,

शुद्ध वग को कढाई में पिघला कर उसका १६ वा भाग पारा मिलाय हरिताल चूर्ण की चटकी दे कची की लकडी से घर्षण विधि द्वारा भस्म बनावे। इसे समस्त कार्यों में लावे।

(१०) तावद्यावन्निरुत्थं स्याद्वलितस्ताप्यतोऽथवा ।
यद्वा मन शिला वंग मूषाया म्रियते ध्रुवम् ॥ र ल.

वलि के याग से अथवा माक्षिक के योग से वग की भस्म बनावे, उसे तब तक पुटें देता रहे जब तक भस्म न बन जाय।

(११) पारा वलि सम मिश्रण कर वग के बराबर वलि मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १५ सेर उपलो की आच दे तो वग भस्म बने। अ त.

(११) तद्वङ्गभस्माम्बुनि निम्बुजाते तालस्य चूर्णेन समेन मर्दैत् ।
विनद्धय श्लक्ष्ण तदीयकल्कं शखे सुशुभ्रे परिपूरयेत ।
दत्वाऽथ मुद्रा दृढसज्ञयोक्ता सशोष्य हण्ड्या निदधीतशखम्
विधाय मुद्रामथ हण्डिकायां मध्याग्निना चुल्लिकया पचेत्
यामेष्वतीतेषु चतुर्षु हण्डि पुटेद्गजाख्ये हिममुद्धरेत ।
महोग्र वीर्यं स्वगुणेषु भस्म प्लीहाग्निमान्द्यादि निवर्तनाय ॥
रसा सा

वनस्पति से बनाई हुई वग भस्म के समान हरिताल चूर्ण मिला कर निम्बू रस में घोट एक शुद्ध साफ शख के भीतर भर कर उसके मुह को बन्द कर सम्पुट मे रख उस सम्पुट को हण्डी मे रख लवण यन्त्र या भस्म यन्त्र मे दावू दे कर आच दे । अगले दिन निकाल उस सम्पुट को गजपुट की आच दे शीतल होनेपर निकाल शख समेत वग भस्मको पीसकर उपयोग मे लावे। यह वग भस्म प्लीहा मन्दाग्नि, श्वास, कास में लाभ करती है।

(१२) विशुद्ध वंगमादाय कटाहे चुल्लिका स्थिते ।
विनिक्षिपेद्विपग्वर्य श्चुल्लिकाग्निं प्रदापयेत् ॥
वंगात्कलांशकं सूत विशुद्धंतत्र निक्षिपेत् ।

विशुद्ध हरिताल च स्वल्पं स्वल्पं मुहुर्मुहु ॥
निक्षिप्य वन कर्षांश दत्त्वैन परिचालयेत् ।
यावद्भस्म भवेत्तावत्तावत्पूर्णं समापयेत् ॥
ततः शरावेणाच्छाद्य पचेत्तीव्राग्निनानिशम् ।
अनेन विधिना वग पञ्चतामानि पुटमात् ॥ र स

वग को गला कर उसका १६ वा भाग पारा मिलाय, मिश्रण में थोड़ी देकर कपास मात्र से रगडता हुआ भस्म बनाओ । इस भस्म को एकत्र कर उसे एक प्याले में रख ३ दिन और भावना दो तब वग की उत्तम भस्म बने ।

(१२) वङ्गं प्रविष्टे खलु सूतराजे शिलालवङ्गानि तथोत्तमानि ।
सर्वेण तुल्य परिशुद्ध गन्ध गन्धार्धक त्रिगुण मात्रयेत ॥
निम्बूकनीरेण दिनत्रय च सम्मर्द्य पिष्ट परिशोषयेत ।
शुष्कं च चूर्ण निरिलं निदध्यात्तद्वद्धाद यन्त्रेनलिकायुतेऽपि ।
दिन द्वयं तीव्रविर्भुजात यन्त्रं पचेद्गन्धक जारणान्तरम् ।
वगेश्वर यन्त्र तले लभेत गले च सिन्दूररस मल्लाख्यम् ॥ रसा त

वग को गला कर बराबरका पारा मिलाय करे, मैनसिल, हरिताल, और सोमल प्रत्येक वग के बराबर और सबके बराबर बलि, बलि का आधा हिंगुल, बलि को अलहदा रख ले अन्य सब चीजो को पारस में डाल निम्बू रस की ३ दिन तक भावना दे सुखाय ऐसे उमरू यन्त्र में उसे रखो जिसमें बलिको डालनेके लिये छेद बनाया गया हो । पारम्भमें उसके छेदको बन्द रखे,उस उमरू यन्त्र को चूल्हे पर चढा कर आँच दे ४ प्रहर की आच देने के बाद उस छेद को खोल कर थोडा-थोडा बलि उस में डालता रहे और साथ ही हिंगुल दिया करे, इस तरह दो दिन तक थोडा-थोडा गन्धक डाल कर जारण करे, गन्धक जीर्ण होने पर उस छेद को पूरी तरह बन्द कर दे और एक दिन आच दे, शीतल होनेपर निकाले तो नीचे वग की भस्म बनी हुई मिलेगी ऊपर रस सिन्दूर या मल्ल सिन्दूर लगा मिलेगा । उस मल्ल सिन्दूर को खरल कर दूसरी बार पुन कूपीपाक करे तो उत्तम मल्ल सिन्दूर बने ।

(१३) वङ्गस्य द्रवणं कृत्वा पारद च चतुर्गुणम् ।
द्विगुण गन्धक युक्त्वा खल्वमध्येसुघोटयेत् ।

सम्पुटे च मुसन्मुद्र्य मृदा शिरारा मर्दयेत् ॥
घर्मे च शोषयित्वा तु घण्टा षट्क प्रदापयेत्।
द्विगुञ्जाभस्म सभाव तुलस्यारस सयुता ॥ रसा,

वग को पिघलाकर उसमे चौगुना पारा दूना बत्ति मिलाय पोट सम्पुट काच कपी मे भर बालुका यन्त्र में विठाय ६ घन्टा की आच दे तो ऊ रस सिन्दूर नीचे वग भस्म बनी मिले।

(३ मूर्छा) गोणिका पट्टके कृत्वा कटु सर्षपजां खलिम् ।
दशटङ्क प्रमाणन्यात्पिप्पलस्य त्वचोरज ॥
तस्योपरि [२]न्यसेच्चैवकर्कटास्थि रज: पुन. ।
तस्योपरि न्यसेत्तोरी [३]प्रसता सूक्ष्मरेणुका ॥
तस्योपरि [४]न्यसेत्पश्चाद् वङ्ग पत्राणि विस्तरात् ।
तेषा मुपर्य थोदद्यात्तोरी चूर्ण मनामयम् ।
[५]कर्कटास्थि भवं चूर्ण पिप्यल्यस्य रजस्तथा ॥
एव खलि विधातव्या तथा सम्वृतपट्टकम् ।
पुन. सम्पुटके धृत्वा पच्याद्गजपुटे तत ॥
पुन खल्वतलेपिष्ट्वा मत्स्यमासेन भावयेत् ।
पुनर्गजपुटे पक्त्वा पुन: खल्वेप्रपेषयेत् ॥
एवं वारत्रयं कृत्वा वङ्ग भस्म प्रजायते। चि र,, र का धे

[२] प्रथमो अष्टमो नवमो पाद रस कामधेनौ दृश्यते ।

१ स्यादण रज २ भवेदेतत्, ३ न्यसे तस्योपरि तोरी सूक्ष्मरेणु च विस्तृतम् । ४ ष्ठाद्विन्यस्यवग पत्राणि सर्वत्र ५ तोरिकादद्या दुपरिष्ठात्ममतत । ६ पुन कर्कटज चूर्ण पिप्यलस्यापि तत्पुन । रसकामधेनौ अयपाठ भेदो दृश्यते मृत्स्नयालिप्य संशोप्य पुनर्गजपुटे पचेत् इति रसकामधेनौ अधिक ।

तोरी का टाट काट कर चौरस टुकडे बनावे उसपर सरसो की खल विछा दे, उस पर ४ तो० पीपल छाल का चूर्ण विछावे उस पर केकडे की अस्थि का चूर्ण विछावे उस पर बहुत पतला फिटकरी का चूर्ण विछावे उस पर वग के पतले पत्र पर विछावे जिस प्रकार नीचे क्रम से चीजे विछाई है इसी प्रकार प्रथम फिटकरी, फिर केकडास्थि, फिर खल का चूर्ण विछा कर उसे टाट मे टक कर ऐसे ढग से लपेटे कि उन की तहे न टूटे, उस पर मिट्टी का

लेप चढा कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे, फिर निकाल मछली के मास रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस तरह कुल तीन पुट दे तो वग की भस्म वने।

(२) अपामार्गस्य च क्षारैर्लोष्टे वङ्गं प्रदापयेत्।
भस्मी भवति तद्भस्म जम्बु नीरेण मर्दयेत्॥
पुटत्रयं च दातव्यं सिन्दूरं भवति ध्रुवम्। व रा

अपामार्ग की भस्म की चुटकी देकर वङ्ग की भस्म वनावे उस भस्म को जामुन के रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर आवे गजपुट की आँच दे इस प्रकार ३ पुट दे तो लाल रग की वग भस्म वने।

(३) वगेद्रुते तत्सम सूतराज सम्पाद्य पिष्टिं सम तालचूर्णैः
निम्बूक नीरेणविमर्दयेत दिनैकमात्रं च विधाय चक्रीम्।
सशोष्य घर्मे परिलग्न चेता खट्वाङ्ग यन्त्रेण पचेत यामौ।
एवं त्रिवारेण परविशुद्धं संजायते भस्म निरूथ रूपम्।
रसा सा, र त

वग को गला कर वरावर का पारा मिलाय मिश्रण वना ले फिर दोनो के वरावर हरिताल चूर्ण डाल निम्बू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय काच कूपी मे भर वालुका यन्त्र में विठाय १ प्रहर की आच दे, ऊर्ध्व लग्न पारद को भिन्न निकाल ले नीचे की वग भस्म मे पुनः आधा हरिताल चूर्ण मिलाय निम्बू रस में घोट पुन. उक्त विधि से चूल्हे पर रख आँच दे, तीन वार करने पर वग भस्म हो। रसतरगिणी कारने वग से चौथाई पारा और वग का आधा हरिताल मिला कर अर्क दुग्ध की भावना दी है और भस्म यन्त्र में उसके भस्म वनाने का विधान वतलाया है।

(७ पुटी) शुद्धं वग क्षिपेल्लोहे कटाहे सुदृढे भिषक्।
तदधोज्वालयेदग्निं द्रुते वङ्गे क्षिपेत्पुनः॥
अपामार्ग चतुर्थांशे चूर्णं संचालयेदिदम्।
स्थूलाग्रया लोह दर्व्या यावद्भस्म प्रजायते॥
चूर्णं प्रक्षेपणं कार्यं स्वल्पं स्वल्पं मुहुर्मुहु.।
तत शरावपिहितं स्थापयेत्तत्र तद्भिषक्॥
रज. सर्वं ततोऽवस्तात्कुर्यादग्निं तु तीव्रिकम्।

यावदङ्गारवर्ण तद्रज समुपजायते ॥
स्वाङ्गशीते ततोग्राह्य भारणाय रज शुभम् ॥
कुक्कुटाण्डक पालाना मुक्ताशुक्त्यास्तथैव च ।
चूर्ण पलाश पुष्पाणा वटाश्वत्थ त्वचां तथा ॥
एषामेकैकयोगेन वग चूर्ण प्रकारयेत् ।
स्नुहरसेन कुमार्यास्तु वर्या क्षीर सरेणवा ॥
विमर्द्य चक्रिका कृत्वा ह्यर्धभाण्डे पुटे पचेत् ।
एव सप्त पुटे वंगं मृतं भवति निश्चितम् ॥ रसामृत

वग को कडाई मे पिघला कर अपामार्ग चूर्ण की चुटकी दे कर भस्म बनावे, फिर मुर्गी के अण्डे के छिलके का चूर्ण या सीप चूर्ण टेसू, वट या पीपल छाल चूर्ण इन में से किसी की चुटकी देकर ८ घंटे चूल्हे पर कडाईमे डाल रखता रहे, फिर वंग को एकत्र कर तीव्र आच देकरके छोड दे । अगले दिन सरल में डाल कुमारी रस सतावर या दूध की मलाई इन में से किसी की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुटकी आचदे इस प्रकार ७ पुट देने पर वग की श्वेत भस्म बने । मात्रा १-२ रत्ती । सिद्धयोग सग्रह ।

(२) श्वेताभ्रं श्वेत कांच च विष सैधव टंकणम् ।
स्नुही क्षीरे दिन मद्य तेन वंगस्य पत्रकम् ॥
लेप्य पादांशकैः कल्कैश्चांधमूषागत धमेत् ।
द्रावेयाते ततो वंग पूर्व तैले च ढालयेत् ॥
वार्याद्दिलेप मेकत्र सप्त वाराणि कारयेत् ।
पुत्रजीवोत्थ तैले च ढालयेत् सप्तवारकम् ॥
तद्वगं जायते तारं शखकुन्देन्दु सन्निभम् । र रा.सु,

श्वेत अभ्रक, काँच, विष, नमक, सुहागा, इनको थोहर के दूध मे घोट चतुर्थांश उसका कल्क वगपत्रो पर लेप कर अधमूषा में रखकर धमावें फिर नेत्रबालादि ओषधियो का लेप कर ७ वार अग्नि पु दे । जीयापोतेके तैलमे पहले ७ वार बुझा ले तब पुट दे तो वग की श्वेत भस्म हो ।

(३) सतालेनार्क दुग्धेन लिप्त्वा वगदलानि च ।
वोधविंचात्वच चारै दद्याल्लघु पुटानि च ॥
मर्दयित्वाचरेद् भस्म तद्रसादिषु शस्यते ।

भा भे र, र र स, रसे चू, आ प्र, र त, अ क, रसे मा ग,
र ज नि, वृ यो त, र र प्र, र का धे, यो त,

(४) अर्क दुग्धेन सपिष्ट सताल पुट सप्तकैः
वंग हि म्रियते शुष्काश्वत्थ वल्कल वेष्टितम् ॥

हरताल को आकके दूधमे पीस वगके पत्र पर लेप कर पीपलके सूखे चूर्ण के मध्य रख कर सम्पुटकर पुट दे, इस विधि से ७ पुट देने पर वग भस्म हो।

(५) वंग संशोधयेत्तत्र तप्त तैलादिकेगणे।
ततः क्षिपेद्वणिकाया चुल्लीस्थाया शनै. शनैः ॥
तद्योज्वालयेद्वह्निं द्रुते वगे क्षिपेत्पुन.।
अपामार्ग चतुर्थांश चूर्णं सचालयेदिदम् ॥
स्थूलाग्रया लोहदर्व्या यावत्तद्भस्म जायते।
तत. शराव पिहित स्थापयेत्तत्र तद्भिषक् ॥
स्वांगशीतल माडाय शुद्ध तालेन मेलयेत्।
समेन निम्बुज द्रावै मर्दयेत्तत्पुनर्दृढम् ॥
तदूर्ध्व धर्म शुष्कं पिप्पलस्य त्वगन्तरे।
सस्थाप्य पच्यादेवं तत्सप्तधा विपचेद्भिषक् ॥
सर्वोत्तम वङ्ग भस्मं सर्व कार्यकर भवेत्। वृ यो.त

वग को तेल आदि शोधक वर्ग मे शुद्ध कर उसे एक ठीकरे मे डाल पिघलावे, फिर वग का चौथाई अपामार्ग चूर्ण लेकर उसकी चुटकी दे करछी से चलाता हुआ भस्म वनावे, फिर उसे एकत्र कर१ प्रहरकी आँच दे,स्वाग शीतल होनें पर निकाल उसके वरावर हरिताल चूर्ण मिलाय निम्बू रसनें घोट टिकिया वनाय सुखाय पीपल चूर्ण के मध्य रख सम्पुट कर कोई १०-१२ उपलो की पुट दे। इसी प्रकार ७ पुट दे। आगे हरिताल मिलाने की आवश्यकता नहीं, केवल निम्बू रस की भावना देकर पुट देता रहे तो उत्तम वग भस्म वने।

(६) [1]वगं सताल मर्कस्य पिष्ट्वा दुग्धेन तपुटेत्
शुष्काश्वत्थ भवैर्वल्कै. सप्तधा भस्मतां व्रजेत्।
रसमजरी, र च., वृ. यो. त

१ शुद्ध वृहद् योगतरगिण्यामिति पाठ ।

वग पत्र पर अर्क दुग्ध में घोटी हरिताल का लेप कर सुखाय पीपल के

चूर्ण में सम्पुट कर ३-४ सेर उपलों की आंच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो वंग की भस्म बने।

(७) एक सेर वंग को कड़ाई में गला कर पीपल छोड़नी चुटकी दे कर बबूल के दण्ड से रगड़ता हुआ भस्म बनावे। ४ प्रहर तक चुटकी दे कर भस्म करे, फिर अगले दिन दो प्रहर तक बिना चुटकी दिये ही मन्द-मन्द आंच दे कर वंग को हिलाता रहे, दो प्रहर के बाद वंग को एकत्र कर उसे प्याले से ढक कर दो प्रहर तक उसके नीचे बराबर आंच देता रहे, अगले दिन स्वांग शीतल होने पर निम्बू कुमारी रस की भावना दे १-१ तोला की टिकिया बनाय सुखाय बिनौला चूर्ण की एक मोटी तह ५ सेर वजन के १ कण्डे पर बिछा कर उस पर वंग की टिकिया बिछाय एक अंगुल मोटी तह बिनौला चूर्ण की ऊपर देकर उस के ऊपर फिर वंग की टिकिया देकर फिर बिनौला चूर्ण की मोटी तह दे कर दूसरा ५ सेर का उपला उस पर रख उपल सम्पुट बनाय उसको गोबर से लीप कर सुखा दे, फिर इस उपल सम्पुट को १५ सेर और उपलों के मध्य रख कर आंच देवे, इसी विधि से ६-७ पुट देने पर उत्तम सफेद वर्ण की वंग भस्म बनती है। कदाचित् कुछ कालिमा रह गई हो तो खुले सम्पुट की एक आंच और दे तो यह अत्यन्त सफेद निरत्थ भस्म होती है। रस रोग सागर

(१० पुटी) मृत्पात्रे द्राविते वङ्गे चिञ्चाश्वत्थजो रज.।
क्षिप्त्वा वङ्ग चतुर्थांश मयोदर्व्या प्रचालयेत्॥
ततोद्वियाम मात्रेण वङ्ग भस्म प्रजायते।
अथ भस्म समताल क्षिप्त्वाम्लेन विमर्दयेत्॥
ततो गजपुटं पक्त्वा पुनरम्लेन मर्दयेत्।
तालेन दशमाशेन याममेकं तत पुटेत्॥
[1]एव दश पुटै पक्वं वगं तुयाति भस्मताम्।

वृ र प्र, भा प्र, शा. ध, आ प्र, यो चि, र प्र, र सा प, पा स, भा भै र, र ज नि, चि र, र स क, र र। १ एव विंशति इति रसरत्नाकरे।

चिकित्सा रत्नाभरणे रस संकेतकलिकायाम् किंचित्पाठ भेद दृश्यते। मिट्टी के ठीकरे में वंग को गलाकर वंग से चौथाई इमली व पीपल छाल के चूर्ण की चुटकी दे घर्षण विधि से वंग की भस्म बनावे, फिर उस वंगका दसवाँ भाग हरिताल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर

गजपुट की आच दे इस विधि से १० पुट दे तो वग की उत्तम भस्म वने ।

(२) अथ वङ्ग समंतालं क्षिप्त्वाम्लेन विमर्दयेत् ।
तालेशदशमांशेन याममेकं ततः पुटेत् ॥
एव दशपुटै. पक्व वग मायाति भस्मताम् । वै द.

वग के वरावर हरिताल को निम्बू रस मे घोट वग पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आँच दे, इस प्रकार प्रत्येक वार वग से १० वा भाग हरिताल मिलाय १० पुटे दे तो वग की भस्म वने ।

(११ पुटी) वग को कढाई में पिघला कर वट पत्र की चुटकी दे वट दण्ड से रगड कर भस्म वनावे, फिर भूफली, आक, वट, पीपल, ववूल, कुमारी, भाग, पोस्त, धतूरा, दूधी, अपामार्ग प्रत्येक के रस मे १-१ भावना दे पुटें देता रहे तो ११ पुट मे उत्तम वग भस्म वने । स. अ, मि ख, अ ति.

(१७ पुटी) मल्लिका भस्म सेहुण्ड क्षीरेण परिभावयेत ।
यावद्भस्मत्वमायाति तत्तुल्यं तालकं तत ॥
अर्क क्षीरेण चाम्लेन पुटेन लघुना पचेत् ।
पुनस्तदशमांशेन पूर्व द्रावेण मर्दयेत् ॥
पुटैरेवं भवेद्वङ्ग मृतिर्द्वादश पञ्चभिः । वै क, र का धे.

वग को कढाई में पिघला कर चमेली भस्म की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म वनावे, फिर उस वग के वरावर हरिताल मिलाय आक दूध और निम्बू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर लघुपुट की आच दे, इस विधि से प्रत्येक पुट मे वग से १० वा भाग हरिताल मिलाकर पुटें देता रहे तो १७ पुटमे वग की भस्म वने ।

(२० पुटी) अथवा वङ्गपादेन सूतेन परिलेपयेत् ।
अन्तस्त्वं च चिञ्चिकाया स्तण्डुलै. परिपेषयेत् ॥
तत्पिण्ड मध्ये वङ्गस्य पत्राणि परिमिश्रयेत् ।
रुद्ध्वा विशति संख्याकैर्लघुभिर्म्रियते पुटैः ॥ वै क, र का धे.

वग के वरावर पारा मिलाय पिष्टी वनावे, फिर इमली की अन्त छाल के चूर्ण को चौलाई के रस में पीस नुगदा वनाय उस मे उक्त वग को रख सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से २० पुट दे तो वगकी भस्म वने ।

(२) नागवच्छोधयेद्वङ्गं तद्वदश्वत्थ चिञ्चयोः ।

तद्भस्म हरिताल च तुल्यमल्लेन केनचित् ॥
पलाशोत्थ द्रवैर्वाऽथ[1]लिप्त्वा वगं पचेत् पुटे ।
उद्धृत्य दशमांशेन तालेन सह मर्दयेत् ॥
पूर्व द्रावैः सहालोड्यरुद्ध्वा गजपुटे[2]पचेत् ।
एव विंशति पुटं पक्वंवगमायाति भस्मताम् ॥ अ क ,र र ,र ज नि.

१ गोलयित्वान्धयेत्पुटे इति रस रत्नाकरे । आनन्द कन्दे त्रुटित. पाठ. ।

वग को कढाई मे पिघला कर इमली चूर्ण की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म वनावे फिर वरावर की हरिताल मिलाय निम्बू रस की या ढाक रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर लघुपटकी आच दे, इस विधिसे प्रत्येक पुट में वग से १० वा भाग हरिताल मिला कर पुटे देता रहे तो २० पुट मे वग भस्म वने । अन्तिम पुट गजपुट की दे । नोट—१० पुटी और यह दोनो एक है ।

(३) वङ्गपादेन सूतेन वंग[1]पत्रे विलेपयेत् ।
शिरीष रजनीचूर्ण कुमार्या सह पेषयेत् ॥
सूतलिप्तं वगपत्रं तत्कल्केन विलेपयेत् ।
चिञ्चा वृक्षस्य सगृह्य चान्तच्छन्न च तण्डुलैः ॥
पिष्ट्वा तत्पिण्डमध्ये तु वंग [2]पत्रं च रक्षयेत् ।
रुद्धं गजपुटे पक्वं म्रियते विंशतै पुटै ॥ र र, र. ज नि ।

१ पत्राणि लेपयेत् इति रसरत्नाकरे । २ पत्राणिपिश्रयेत् इति रसरत्नाकरे ।

वग का चौथाई पारा वग पत्रो पर चढा कर सिरस और हल्दी को कुमारी रस मे घोट कल्क वनाय उसका लेप वग पत्रो पर कर इमली छाल चूर्ण को चौलाई रस मे घोट इस के नुगदे के मध्य रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधिसे २० पुट दे तो वग भस्म वने । २० पुटी न०१ और यह दोनो एक ही विधि को दर्शाती ह ।

(३० पुटी) मृत्पात्रे द्रावितं वगे चिञ्चाश्वत्थकोरजः ।
क्षिप्त्वा वग चतुर्थांश मयोदर्व्या प्रचालयेत् ॥
ततो द्रियाम मात्रेण वगं भस्म प्रजायते ।
पादांशं तालकं दत्वा मृत वगं नियोजयेत् ।
मत्राम्ल स्वर्जिकै र्भाव्यत्रिशल्लघु पुटैः पचेत् ॥

र. का धे, र सा, र सा ८

मिट्टी के ठीकरे में वग को पिघला कर वग से चौथाई इमली, पीपल छाल चूर्ण की चुटकी दे घर्षण विधिसे भस्म वनावे, फिर उस वंगसे चौथाई हरिताल मिलाय गोमूत्र, निम्बू रस और सज्जी के पानी की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से ३० पुट दे तो वग भस्म वने। १० पुट वग भस्म और यह एक है।

(४० पुटी) लोह पात्रे द्रुते वंगे पादांशं तालकं क्षिपेत्।
चाल्यमश्वत्थ दण्डेन जातं भस्म समुद्धरेत॥
तद्भस्म हरितालं तु तुल्यमम्लेन मर्दयेत्।
पलाशक द्रवैर्वाऽथ यामान्ते चोद्धृतं पुटेत्॥
उद्धृत्य दशमांशेन तालेन सह मर्दयेत्।
पूर्व द्रावैस्तु यामैकं रुद्ध्वा गजपुटे पचेत्॥
चत्वारिंशत्पुटै रेवपक्वंस्यान्मृत वंगकम्। ऋ. ख.

वग को कढाई में पिघला कर चौथाई हरिताल चूर्ण की चुटकी दे पीपल के दण्ड द्वारा घर्षण विधि से भस्म वनावे, फिर वरावर हरिताल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इसी तरह प्रतिवार वगसे दसवा भाग हरिताल मिलाय निम्बू रस या ढाक रस की भावना दे ४० पुटे दे तो वग की भस्म वने।

(४० पुटी) [1]अर्कंभल्लाततोयेन पिष्ट्वा वगं प्रलेपयेत्।
[2]ततस्तिल खली मध्ये [3]रुद्ध्वातच्च पुटे पचेत्॥
[4]गजाख्येजायते भस्म [5]चत्वारिंशत् प्रसंख्यया।
आ क, वै. क, र का धे, र र., र. ज नि

१ अर्क इति वैद्यकल्पतरौ रसकामधेनौ। २ वग पत्राणि पिण्याकं क्षिप्त्वा इति रसकामधेनौ। ३ क्षिप्त्वा रुद्ध्वा इति आनन्दकन्दे पाठ। ४ चत्वारिंशद्ग-जपुटै वग भस्म प्रजायते इति आनन्दकन्दे। ५ चत्वारिंशतिवगकम् इति रस रत्नाकरे।

वहेडा को भिलावे के रस मे घोट वग पत्रो पर लेप कर सुखाय तिल की खल के चूर्ण के मध्य विछाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस प्रकार ४० पुट दे तो वग की भस्म वने।

वंग भस्म के गुण

वङ्गं तीक्ष्णोष्णरुक्षं कफक्रिमिवमिजिन्मेहमेदोऽनिलघ्ने ।
कासश्वासक्षयारि प्रशमित हुतभुड्मान्द्यमाध्मानहारि ॥
वल्यं वृष्यं प्रभाकृन्मनसिज जनक स्वप्नमेह प्रणाशी ।
प्रज्ञाकृद् व्रण्यमुच्चै रलघुरतिरसस्त्यास्पदं वृहणंतत् ॥

र सा प,पा स

वग भस्म चरपरा उष्ण, रूक्ष, कफ, क्रिमि विकार, वमन को जीतने वाली है; कास, श्वास, क्षय, मन्दाग्नि और आध्मान का शत्रु है, वल, स्थूलता, कान्ति को उत्पन्न करती है, कामेच्छा की जनक है, स्वप्न दोप, प्रमेह का नाश करने वाली है, वुद्धि प्रद है, व्रण को दूर करती है और विपय में आनन्द देने वाली है ।

वंग भस्मानुपान—करज गिरी और शहद से या पीपल चूर्ण शहद से क्रिमि मे, मोचरस हल्दी से प्रमेह मे या शिलाजीत, सतगिलोय मिश्री से प्रमेह मूत्रकृच्छ मे, कपूर १ रत्ती जायफल २ रत्ती शहद मिला कर स्वप्नदोप में, शीघ्रपात मे, घृत से पाण्डु मे, सुहागा खील से गुल्म मे, प्लीहा मे, हल्दी से अम्लपित्तमें, धनिया चूर्ण मिश्रीसे पैत्तिक विकारोमे, पीपर चूर्णसे अग्नि माद्यमे, हल्दी चूर्ण अद्रक रस से ऊर्ध्व श्वास मे, निम्व पत्र रस से दाह मे, सोठ चूर्ण से आमवात मे, खदिर क्वाथ से रक्तविकार मे, मक्खन, दूध से निर्वलता मे, भाँग चूर्ण मिश्री से स्तम्भन में, लहसुन से वातपीडा में, अपामार्ग मूल चूर्ण से कुब्जवात में, अजवायन असगन्ध चूर्ण से समस्त वात रोगो मे वग भस्म को देने से लाभ होता है मात्रा १–२ रत्ती तक ।

वज्र भस्म

(१) त्रिवर्षा रूढ़ कर्पास मूलमादाय पेषयेत् ।
त्रिवर्प नाग वल्या वा निज द्रावै प्रपेषयेत् ॥
तद्गोलके क्षिपेद्वज्रं रुद्ध्वा गजपुटे पचेत् ।
एव सप्तपुटै[1]र्नूनं कौलिश भस्म जायते ॥

र च, आ क, ऋ ख, पा स, र ज नि, व रा

१ पक्वमेकैकेन मृतो भवेत् इति ऋद्धिखण्डे वादिखण्टे ।

तीन वर्ष के ऊपर की पुरानी कपास के जड को या तीन वर्ष पुरानी पान की जड को उसी के रस में घोट नुगदी वनाय उसमें हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो हीरा की भस्म हो।

(२) त्रिवर्षा रूढ कर्पासैर्मूलं कान्त मुखै. सह।
नारिस्तन्येन सपिष्य पिष्ट्वा ध्मात मृतं भवेत्॥ आ. क

तीन वर्ष की पुरानी कपासमूल कान्तलोह दोनो को स्त्री के दूध मे पीस नुगदा वनाय इसके मध्य हीरा रख कर धमन करे, इस विधी से ६-७ पुटें दे तो हीरा भस्म हो।

(३) हीरक विमल ताल यथायोग शिलामला।
समं समं समादाय खर खल्वे विमर्दयेत्॥
त्रिवर्षा रूढ कर्पास शिफास्वरस योगत।
सम्पेष्य कार्यं यामैक निदाघे परिशोपयेत्॥
विशुष्क सम्पुटेनास्य पुटयेत्तु महापुटे।
एव चतुर्दस पुटैर्हीरकं याति पञ्चताम्॥ र. त

हीरा, विमल, हरिताल, मैनसिल सव वरावर पुरानी कपास मूलके क्वाथमें घोट नुगदा वनाय उसमे हीरा को रख कर धूप मे सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १४ पुट दे तो हीरा की भस्म वने।

(४) हन्सपादी देवदाली वटार्कश्च स्नुही पय॥
पुनर्मर्द्यं पुन पाच्य भूधरे च त्रिधा पुन.।
म्रियन्ते नात्रसन्देहो सत्यं गुरु वचो यथा। रस सागर

हन्सराज, वन्दाली, वट, आक, और थोहर का दूध इनमे हीरा को तपा-तपा कर वुझावे, जव पीसक हो जाय इन्ही मे खरल कर टिकिया वनाय इन्ही के नुगदेमें रख सम्पुट कर भूधर पुटकी आच दे, इस तरह ३ वार करे तो हीरा की भस्म वने।

(५) ऊर्णायु शृङ्गी परिपिष्ट पिण्ड मेतस्य मध्ये तु निधाय वज्रम्।
पिण्डेऽथवाऽधाय व वज्र वल्ल्या पुटत्रय तस्य रसे विदध्यात्
मृत्युरेवभवेदस्य वज्राख्यस्य न संशय। र ज नि, र र.

ऊन को मेढासिंगी के दूध में घोट नुगदा वनाय उसमे हीरा को रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे। अथवा हड सहारीके रसमे ऊन को घोट नुगदा

बनाय उसमें हीरा को रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस प्रकार ३ पुट दे तो हीरा की भस्म बने ।

(६) गोपुच्छ केशा. केतक्या रसोन्यग्रोधजं पयः ।
वज्र कन्दं च तत्सर्वं वडवा पयसासह ॥
पिष्ट्वा तद्गोलकं कृत्वा मध्ये वज्रं तु विन्यसेत् ।
पञ्च कृत्वा च खदिराङ्गारैश्च पुटयेद्भिषक् ॥
वज्रं मारणतामेति सत्यं गुरु वचो यथा । र का धे

गो पूंछ के बालो को केतकी के रस की भावना दे, फिर वट दुग्ध की भावना दे नुगदा बनावे फिर वज्रकन्द को भी वट दुग्ध की भावना दे दोनों को एकत्र कर उसके नुगदे में हीरा को सम्पुट कर खैर की लकडीके अगारो मे रख कर आच दे । इस विधि से कुछ पुटें देने पर हीरा की भस्म हो ।

(७) उत्तरा वारणी क्षीरैः कान्तपाषाणज मुखे ।
क्षणे पिष्ट्वा तु तद्गोलं क्षिप्त्वा तस्मिन् पचेद्दिनम् ॥
नृतैले गन्धतैले च म्रियते नात्र संशय । रस सागर

इन्द्रायण के रस में कान्त पाषाण को पीस कर नुगदा बनाय उसमे हीरा को रख कर नृतेल और गन्धक तेल मे दिन भर हीरा को पकावे तो हीरा की भस्म हो ।

(८) इस्पन्दस्य च तैलेन काच कूपी कृतेन च ।
तप्त च वाप्यते हीरं तन्मध्ये पूर्व मात्रया ॥
म्रियते नात्र सन्देहश्चतुर्जातिसमुद्भवम् । र चि, र का धे

इसपन्द बीजो के तेल को काच के पात्र में डाले उस तेल मे तपा-तपा कर हीरा को बुझाता रहे तो हीरा की भस्म बने ।

(९) सम्पूर्णचूर्ण कलिकाकारं हीरं वर परम् ।
मेषिका पयसामिश्रं हीरे दद्यात्पुटत्रयम् ॥
म्रियते सम्यगे वेदं साधयेच्च समीहितम् । र चि , र का धे.

हीरे की कनियो को मेढासिंगी के दूध मे रख सम्पु कर गजपुट की आच दे,इस विधि से ३ पुट दे तो हीरा की भस्म बने ।

(१०) मूले वज्रलतायास्तु मृदु वज्रं विनिक्षिपेत् ।
पुटंदद्यात्प्रयत्नेन भस्मी भवति तत्क्षणात् ॥ रसार्णव ,र का धे

हडसहारी मूल के नुगदे में नरम वज्र को रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म हो।

(११) मन्दारार्कास्तु येश्वेतास्तेषा मूलानि दाहयेत्।
ज्वाल्य मानेषु तेषुतैश्च कर्त्तव्या मृत जीवनः॥
तेष्वगालेपनेतेषु कार्यायत्नेन गर्तका'।
तेषु वज्राणि विन्यस्याग्निप्टे सौवर्णकेक्षिपेत्॥
आम्बिल्या उलि वब्बूलै' सम्पत्या मृत जीविभिः।
सुवज्रा नाग्निना ध्मात्वा क्वाथे कौलत्थके क्षिपेत्॥
सुखेनाथ तथा युक्त्या मार्यन्ते हीरका बुधै.।
भस्मी भूतं तु वज्राणि चूर्णं क्षेप्य च कुम्भ के॥ रसाध्याय।

सफेद फूलवाले आककी जडकी भस्मके नुगदेमे हीराको रख तपावे कोयला इमली, आउली, बबूल आदि का हो। हीरालाल होने पर कुलथी के काढे में बुझावे, इस प्रकार अनेक वार करने पर हीरा चूरा चूरा हो जाता है। बस,पीस कर शीशी मे धरे।

(१२) अश्वत्थ वदरी भिण्डी [1]माक्षिक कर्कटास्थि च।
[2]तुल्यं स्नुहीपय पिष्ट्वा वज्रं तद्गोलके क्षिपेत्॥
रुद्ध्वा गजपुटे पच्याद्विप्रवज्रं मृत भवेत।
र र, र का धे, आ क, रसार्णव, र ज नि.

१ मूलक इति आनन्दकन्दे। २ स्नुही क्षीरेण सम्पिष्ट पुटाद्विप्रो मृतो भवेत् इति रसार्णवे। रस कामधेनौ तृतीय पक्ति नास्ति।

पीपल, वेर, भिण्डी तोरी जगली, माक्षिक, और केकडा की अस्थि सब बरावर लेकर थोहर के दूध मे पीस नुगदा बनाय उसमे हीरा रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीराकी भस्म बने, कितने पुटमे बने? यह ग्रन्थकार ने स्पष्ट नही किया।

(१३) अश्वत्थ भिण्डी स्थाने अश्मन्तक कदल्यौ क्वचित्।
करवीरार्क दुग्धेन मेषशृंगी च हिंगुली॥
उदुम्बर समायुक्ता पुटात्क्षत्रिय मारणम। रसार्णव, र का धे.

कुछ ग्रन्थो में पीपल, वेर के स्थान पर पाषाण भेद और केला पाठ दिया है अर्थात् पाषाण भेद, केला कन्द रस, कनेर, आक का दूध, मेढासिंगी का दूध,

बडी कटेली के फल, गूलर इन सब को कूट नुगदा बनाय इनमे हीरा रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म हो।

(१४) करवीरं मेषशृङ्गी[1] वदरं च उदुम्बरम्।
अर्क दुग्धं समं पिष्ट्वा विध्रवन्मारयेन्नृणाम्॥

आ क, र र, र ज नि

१ दरद आनन्द कन्दे इति पाठ।

कनेर मेढासिंगी बेर गूलर इन सबो को आक के दूध मे पीस कर नुगदा बनाय उसमें हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म हो। आनन्दकन्दकारने बेर के स्थान पर हिंगुल डाला है।

(१५) नीलज्योतिर्लताकन्दे घृष्टं वर्मे विशोषितम्।
वज्रं भस्मत्व मायाति कर्मवद् ज्ञान वह्निना॥

र प्र मु, र रा मु, रसे चू, र र स, पा स, र ज नि

हीरा पर लागुली (कलिहारी) के कन्द को पीस लेप लगाय सुखाय उसी के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म बने।

(१६) अग्निसंयुक्त मूलानि मुखा उल्या समानयेत्।
श्रीखण्डं घर्षयेत्तेषां तत् सार्धेनप्रलेपयेत्॥
वज्रमूषान्तरगर्भे प्रक्षिप्यो जात्य हीरकाः।
क्षिप्त्वा श्रीखण्ड शेषद्धिं मूषामग्निष्टके क्षिपेत्॥
ध्मात्वाद्याग्निनिभा कृत्वा वज्रिदुग्धेन ढालयेत्।
सुखेनाथानयायुक्त्या म्रियते जात्य हीरका.॥
तस्मिंस्तेषां कृते चूर्णं प्रक्षिपेत्कुम्पिके सुधी।
यो वज्र भस्मना कर्म प्रभावोग्र भविष्यति॥ रसाध्याय

ज्वालामुखीकी जड, आँवला दोनों बराबर चन्दनमे उन्हे रगडे, उसका हीरा पर लेप करे और दृढ कुठाली में उस हीरा को रख कर बाकी चन्दन का जो घिसा भाग हो उसे उस कुठाली मे रख कर खूब धमावे जब हीरा तप कर लाल हो जाय उसे थोहर के दूध मे बुझावे, इस प्रकार कई बार करे तो हीरा कूटने के योग्य हो जाता है उसे पीस कर शीशी में रख ले। यह कर्म में प्रभाव शाली होता है।

(१७) मदनस्यफलोद्भूत रसेन क्षोणि[1] नागरै.

कृत कल्केन संलिप्य पुटेद्विंशति वारकम् ।
वज्रचूर्णभवेद्वर्यं योजनीयं रसादिषु । रसे चू. र. का धे

१ नागकै रसेन्द्र चूडामणौ इति पाठ ।

मैनफल के रस मे अलसी और सोठ को रगड कर नुगदा वनाय उन में हीरा रखे फिर उक्त चीजो का मूपा में लेप कर उसमें वह हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से २० पुट दे तो हीरा की भस्म वने।

(१८) पीतामलक पञ्चांग रोवनामिन्द्रवारुणीम् ।
अनेन वेष्टितं वज्रं म्रियते सप्तभिः पुटैः ॥ र का धे.

हल्दी, आवला, गोरोचन, इन्द्रायण इन को कूट नुगदा वनाय उसमें हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस प्रकार ७ पुट दे तो हीरा की भस्म वने।

(१९) अमृताकन्द तिमिर वीजत्वक् क्षीरवेष्ठितम् ।
मेपशृङ्गी गतंवज्रं मृल्लिप्त म्रियते पुटैः ॥ र का धे

पुरानी गिलोय का कन्द, मेहदी वीज, वन्सलोचन, मेढासिंगी इन सवको कूट नुगदा वनाय उसमें हीरा को रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो हीरा की भस्म वने ।

(२०) पेटारी हन्सपादी च वज्रवल्ली च सूरणम् ।
अश्वत्थास्याकुरादेव सर्वे. स्त्रिस्तन्यपेपिताः ॥
अनेन सिद्ध कल्केन वेष्टित वृहती फले ।
क्षिप्तं वह्नौ मृदालिप्त म्रियते सप्तभिः पुटैः ॥ र का. धे

पतवार, हन्सराज, हडसहारी, जिमीकन्द, पीपल के अकुर सव को स्त्रि के दुग्ध मे पीस नुगदा वनाय उस मे हीरा को रखकर सम्पुट कर गजपुटकी आच दे, इस प्रकार ७ पुट दे तो हीरा की भस्म वने ।

(२१) पीतवर्णा जयन्ती च कालिका सुरदालिका ।
तप्तं तप्तं वहु सेच्य सर्ववज्रादि मारणम् ॥ रस सागर

पीले फूल की जयन्ती के क्वाथ मे हीरा को तपा तपा कर वुझाता रहे तो हीरा की भस्म वने ।

(२२) स्नुह्यर्कोन्मत्तकन्यानां क्षीर द्रावेण वासरम् ।
भाव्यासितस्य मांसेन कुलीरस्य विवेष्टयेत ॥
भूनाग मृत्स्नयाध्मातं यामं भस्मत्व माप्नुयात् । र का धे

थोहर, आक इनके दूध, कुमारी, धतूरा इनके रसमें हीरा को तपा तपा कर बुझावे फिर सफेद केकडे के मासरसमे लपेटकर इसी प्रकार तपा कर बुझावे। हीरा को तपाते समय केंचुएं के मल की मिट्टी में लपेट कर तपाया करे और फिर बुझावे तो हीरा की भस्म हो।

(२३) शरपुंखाया: पञ्चाङ्गं पेष्य स्त्रिरजसाऽन्वितम्।
पेटारी बीजमथवा संपेष्य तण्डुलाम्भसि॥
पेष्यं त्रिवर्षं कर्पास मूलं वा तण्डुलाम्भसा।
आरक्तं चार्कमूलं वा स्त्रिस्तन्येन च पेषितम्॥
पेषितं वज्र कन्द वा वज्री क्षीरेण सुव्रते।
तालेन मेष शृङ्ग्या च वज्रवल्ल्या च वेष्टितम्॥
अन्धमूषागतध्मातं वज्रं तु म्रियते क्षणात्। र का धे.

शरफोंका के पचाग को स्त्रि दुग्ध मे पीस कर नुगदा बनावे या पतवार बीजो को चावल के पानी मे पीसकर नुगदा बनावे या पुरानी कपास जड को चावलके पानीमे पीसकर नुगदा बनावे या आककी जड को स्त्रि के दूध मे पीस कर नुगदा बनावे या वज्र कन्द को थोहर के दूध मे पीस कर नुगदा बनावे अथवा हरिताल को मेढासिंगी के रस में पीस कर हडसहारी के नुगदे के मध्य रख उसके भीतर हीराको विठाय सम्पुट कर वमन करे तो हीराकी भस्म बने। ग्रन्थकार ने छ विधिया एक ही साथ दी है।

(२४) हिंगुसैंधव [1] सयुक्ते क्वाथे कौलित्थजेक्षिपेत्।
तप्ततप्तं पुनर्वज्रं [2]भूयाच्चूर्णं त्रिसप्तधा॥

शा ध, भा प्र, यो र, र. च, आ वे प्र., चि. र., वै द., र.का धे, र.रा.-सु, पा स, भा. भै र, र. ज. नि, र र

१ सुण्ठिभि इति रसरत्नाकरे। २ भवेद्भस्म इति रसचण्डाशौ।

हीग, सेंवानमक इन्हे कुलथी के साथ मिला कर काढा बनावे रसरत्ना कर ने सोठ भी मिलाई है, इस काढे में हीरा को तपा-तपा कर २१ वार बुझावे तो हीरा चूर्ण विचूर्ण हो जाता है उसे पीस कर रख ले।

(२५) हिंगु सैंधव सौवर्च रसगन्धक माक्षिकम्।
लिपेत्तप्तं च बहुधा वज्राद्यं भस्म जायते। र सा.

हीग, सेंवानमक, सज्जीखार, पारा, बलि, और माक्षिक इनको पानी

मे घोट उसकी नुगदी बनाय हीरे पर उस का लेप कर तपावे और घोड़े के मूत्र या मेंढक के मूत्र में बुझावे या कुलथी के काढे मे बुझावे, ऐसे बहुत बार करने से हीरा की भस्म बने।

(२६) कान्तस्य पिष्टिकामध्ये वज्रं देवि विनिक्षिपेत्।
पाचयेद्गन्ध तैलेन म्रियते वज्र मीश्वरी॥ र. का धे.

कान्तपाषाण का नुगदा बनाय उसके मध्य हीरा को रख कर गन्धक के तेल मे पकावे तो हीरा भस्म हो।

(२७) स्नुह्यर्क करवीरं च भूनागं दरदं वटाः।
उत्तरा वारुणी क्षीरैर्वैश्याणा मारण पुटैः॥
र.रा.सु, र ज. नि.

वट थोहर, आक का दूध इन मे केचुआ और हिंगुल को घोट नुगदा बनाय उस मे हीरा को रख तपावे लाल होने पर कनेर इन्द्रायण के रस मे बुझावे। इस तरह कुछ बार करने पर हीरा की भस्म हो या इन का नुगदा बना कर उस मे हीरा को रख कर गजपुट की आच दे।

(२८) जलकुम्भी कुमारी च दरदं सर्वं मर्दयेत्।
म्रियन्ते नात्रसन्देहः अग्नियोगे त्रिवासरम्॥ रस सागर

काई, कुमारी का रस, हिंगुल इनको खरल कर नुगदा बनाय उस मे हीरा को रख कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म हो।

(२९) वज्रं वह्नौ प्रताप्यैव कृत्वा सिन्दूर सन्निभम्।
निर्वापयेत्कासमर्दे दशवारान्प्रयत्नतः॥
तत्पश्चात् गन्धकेनैवाऽलोडयनिर्वापयेद्बुधः।
वज्रं लाजा कृति भवेत्प्रागुक्त विधिना तत। र म, र का धे.

हीरा को तपा-तपा कर लाल कर अगारवत् करे फिर उसे कसौदी के रस मे बुझावे, इस तरह १० बार करे फिर बलि चूर्ण के मध्य रख कर इसी तरह तपावे और उक्त रस मे बराबर बुझाता रहे तो हीरा धानकी खील के मानिन्द फूल जाता है।

(३०) भूनागं गन्धकं वाऽथ नारीस्तन्येन पेषयेत्।
तद्गोलस्थं पचेद्वज्रं पूर्वं तैले मृतं भवेत्॥ ऋ. ख, आ क

कचुवा चूर्ण या बलि चूर्ण को स्त्रि दुग्ध मे पीस कर नुगदा बनाय उस

में हीरा रख कर तपावे और नृतैल, वलि तेल में वुझावे इस प्रकार कुछ वार करने पर हीरा की भस्म हो।

(३१) गन्धकं चूर्णितं भाव्य स्त्रिपुष्पेण तु सप्तधा।
पुन. स्त्रिरजसालोड्य तस्मिन् वज्रं सुतापितम्॥
सेचयेत्तापयेदेक विंशद्वारान्मृतं भवेत्। आ क.

वलि को स्त्रिरज की ७ भावना दे उसके मध्य में हीरा को रख कर तपावे और स्त्रि के रज मे वुझावे इस तरह २१ वार करने से हीरा भस्म हो।

(३२) क्षारेण शशदन्तस्य वल्कलेन शणस्य च।
अम्लवेत्र रसेनैव गन्धक परितापयेत्॥ र का धे
हन्तिवज्रं न सन्देहो वज्रं वज्राहतं तथा।

सज्जीखार, जवाखार, खरगोश के दात, वलि और सन के वृक्ष का छिलका सव को कूट कर अम्लवेत के रस मे घोट नुगदा वनाय उस में हीरा रख कर तपावे लाल होने पर हीरा को अम्लवेत रस मे वुझावे इस प्रकार २१ वार वुझाने से हीरा भस्म हो।

(३३) वलाचातिवला गन्धं पेषयेत्कच्छपास्थि च।
एतैश्च वारुणी दुग्धैर्म्रियते वैश्योपि विप्रवत्॥
रसार्णव, र का. धे., आ. क, र. र, र ज नि.

रसार्णवे, रस कामधेनौ आनन्दकन्दे भिन्न पाठ प्रतिपादित

खरेटी, कघी, वलि और कछुआ की हड्डी सव को इन्द्रायण के रस मे घोट नुगदा वनाय उसमें हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो हीरा की भस्म हो।

(३४) श्वेतेन्दु रेखा पुष्पाम्बु गन्धकत्रय माक्षिकैः।
वेष्टितं कुलिश देवि पुट पाकान्मृतं भवेत्॥ र का. धे.

सफेद इन्दुरेखाके फूलो का रस निकाल उसमे वलि, माक्षिक, विमल कास्य माक्षिक को घोट नुगदा वनाय उस में हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से कुछ पुटें देने पर हीरा की भस्म वने।

(३५) गण्डदूर्वा रसे वज्रं तप्ततप्तं निषेचयेत्।
दशवारानान्धकेनालोड्य पश्चात्पुटेद्विपक्॥
वलामूलस्य कल्कस्य पिण्डग तद्गजाह्वये।

स्वभावशीतल ज्ञात्वा ततस्तस्मात्समुद्धरेत् ॥
वज्रं स्फटिक संकाशं भवेदेव न संशयः। र. च., र का धे.

जलदूब का रस निकाल उसमे हीरा को तपा तपा कर बुझावे फिर बलि चूर्ण के मध्य मे रख खरैटी के नुगदे मे लपेट सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म बने।

(३६) रुद्रन्त्या स्वरसे सेच्यमेकविंशति वारकम्।
गन्धकेन समालोड्य तस्मात्कन्या रसे पुनः ॥
निषेचयेदेक त्रिंशद्वारानेवं पुनः पुन.। र म, र का धे.

हीरा को तपा तपा कर रुद्रवन्ती के रस मे २१ वार बुझावे फिर बलि के मध्य रख कर लाल करे और कुमारी रस में ३१ वार बुझावे तो हीरा की भस्म बने।

(३७) ढाहीकन्दरसेवाऽथ जम्बीरोत्थरसे तथा।
अर्कन्यग्रोधवज्रक्षाणां पयस्याथनिषेचयेत् ॥
आलोड्य गन्धकेनैव तप्तं तप्तं निषेचयेत्।
म्रियते नात्रसन्देहो वज्रं किं बहुनोच्यते ॥ र म, र का. धे.

आक के दूध में या वट के दूधमें बलि को पीस कर हीरा पर लेप करे और हीरा को तपावे लाल होने पर वराहीकन्द के रस मे या जम्बीरी के रस मे बुझावे तो कुछ वार बुझाने पर हीरा की भस्म बने।

(३८) कन्देन सौरणेनापि शिलया लशुनेन च।
न्यग्रोधभवदुग्धेन शूद्रोऽपिम्रियते क्षणात् ॥

रसार्णव, र का धे

जिमीकन्द मैनसिल लहसुन इन सब को कूट वटदुग्ध मे सान कर नुगदा बनाय उसमे हीरा रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म बने।

(३९) सूरणं लशुनंशङ्खं शिला सम्पेषयेत्समम्।
वटक्षीरेण तत्क्लृप्ते गोलकेपूर्ववत्पचेत्।
वज्रंयच्छुद्र जातीयं तेन सम्यक् भवेन्मृतम् ॥

र र,र. ज नि., आ. क.

रसरत्नाकरे रसजलनिधौ भिन्न पाठ प्रतिपादित।

जिमीकन्द लहसुन शख मैनसिल इन सब को बराबर लेकर वटदुग्ध में पीस नुगदा बनाय उसमें हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म बने ।

(४०) कुलत्थक्वाथ सयुक्त लकुचद्रवपिष्टया ।
शिलया लिप्त मूषायां वज्रं क्षिप्त्वा निरुध्य च॥
अष्टवारं पुटेत्सम्यग्विशुष्कैश्च वनोपलै ।
शतवारं ततो ध्मात्वा निक्षिप्तं शुद्धपारदे ॥
निश्चित म्रियते वज्रं भस्मवारितरं भवेत् ।
सत्यवाक सोमसेनानीरेतद्वज्रस्य मारणम् ॥
र को, र र स, रसे चू, र ज नि, पा स

मैनसिल को कुलथी के काढे और बडहल के रस में घोट कर मूषा में इसका लेप करे और उसके नुगदे में हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस प्रकार ८ पुट दे फिर हीरा को कुठाली मे रख कर तपावे लाल होने पर उसे पारद मे डुबो दिया करे । इस प्रकार १०० वार करने पर हीरा की भस्म बने ।

(४१) नील च शख चूर्णं च शिलाभूगाग सूरणम् ।
म्रियते क्षत्रि जातीना मेषा मध्ये पुटे नहिं ॥ र रा सु, र ज नि.

नील, शख चूर्ण, मैनसिल, केंचुआ इनको जिमीकन्द के रस में घोट नुगदा बनाय उसमें हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म बने ।

(४२) केतकीनां स्तनान्ये निसाहायां जलेविना ।
वर्तयित्वा रसोग्राह्यो वस्त्रपूतोहि निर्मलः ॥
रसेनानेन सूक्ष्माच वर्तनीया मनःशिला ।
तया सम्वेष्ट्य वज्राणि वज्र मूषान्तरे क्षिपेत् ॥
विव्यापयार्क दुग्धेन ध्मातांतामग्निभा कृताम् ।
एवमिच्छन्मुहु. कार्यः सप्तवेला मयं विधि. ॥
सद्वज्राणि म्रियन्ते च सुख साध्यानि निश्चितम् ।
तच्चचूर्णं कुम्पेक्षेप्यं मृतहीरक सम्भवम् ॥ रसाध्याय

केतकी के पत्तो को विना जल का स्पर्श किये कूट कर रस निकाल ले

उसे छान कर निर्मल कर ले उसमें मैनसिल को डाल कर घोटे और नुगदा बनाय उसके मध्य हीरा को रख कर कुठाली में विठाय धमावे लाल होने पर हीरा को आक के दूध में बुझावे, इस तरह ७ वार करे तो हीरा की भस्म बने। अर्थात् हीरा चूर्ण हो जायगा पीस कर शीशी में रख ले।

(४३) वज्रं मत्कुणरक्तेन[1] चर्तुवारं विभावितम्।
सुगन्धि मूषिकामांसै वर्तितैः परिवेष्टयेत् ॥
पुटेत्पुटैर्वराहाख्यै स्त्रिंशद्वारं ततः परम्।
ध्मात्वाध्मात्वा शत वारान् कुलत्थ क्वाथके क्षिपेत्॥
अन्यैरुक्तं शतवारान् कर्तव्योऽयं विधिक्रमात्।
सत्यवाक् सोमदेवेन एत द्वज्रस्य मारणम्॥

रसे चू, र र स, पा स, र ज नि, र रा सु-

[1]त्रिंशद्वार रसजलनिधौ इति पाठ.।

हीरा को खटमल के खून से तर कर के सुखावे इस तरह ४ वार करे फिर छछूंदर के मास के मध्य रख कर, सम्पुट कर वराह पुटकी आच दे, इस प्रकार ३० वार करे फिर उस हीरा की कनियों को कुठाली में तपा तपा कर कुल्थी के काढे में बुझावे इस तरह १०० वार बुझाने से सोम देव कहते हैं कि हीरा की भस्म बन जाती है, यह दो विधिया एक है, दूसरी विधि पूर्ण दिखाई देती है।

(४४) त्रिसप्त कृत्वा संतप्त खरमूत्रेण सेचितम्।
[1]मत्कुणैस्तालकं पिष्ट्वा तद्गोले कुलिशं क्षिपेत्॥
ध्मातं वाजि मूत्रेण सिक्तं पूर्वक्रमेण च।
भस्मी भवतितद्वज्रं शंखशीतांशु सुन्दरम्।

र म, र. र, र र प्र, पा स, वृ यो त, रसे. सा. स, र च, भा र प, आ क, ऋं ख., र ज नि, वि र., र प्र, भा भै. र

१ षडगुणो रसरत्नाकरेइति पाठ। भिन्न२ ग्रथे भिन्न २ पाठ प्रतिपादित

हीरा को तपा तपा कर २१ वार गवे के मूत्र मे बुझाने से हीरा शुद्ध हो। फिर हरताल को खटमलके साथ घोट, उसीके पुगदी में हीरा को रखकर धमावे और घोडे के मूत्रमे बुझावे इस प्रकार २१ वार करने से हीरा की भस्म बने।

आनन्दकन्द, ऋद्धिखण्ड, रस जलनिधि, चि रत्नाभरण आदि ग्रन्थो ने भिन्न

भिन्न पाठ दिया है।

(४५) मत्कुणानान्तुरक्तेन सप्तधाऽऽतपेशोषितम्।
कुलिशं भावितं तद्वच्चूर्णिता च मनःशिला॥
ऐते च वदरीपत्रैर्वेष्टयित्वा पुटेपचेत्।
पुनर्लेप्य पुनर्पाच्य सप्तवाम्रियतेततः॥ र र, र ज नि.

हीरा को खटमल के रक्त मे लेप कर सुखावे, इन प्रकार ७ वार करे फिर खटमल रक्त में मैनसिल पीस कर उसका लेप कर सुखावे, ७ भावना इसकी दे फिर वेरके पत्तो के नुगदेमें रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इस विधि से ७ वार करे तो हीरा भस्म वने।

(४६) वज्रं मत्कुणरक्तेषु क्षिप्त्वालिप्त्वाऽऽतपेक्षिपेत्।
शुष्कं लेप्यं पुनः[1], शोष्यं यावत्सप्तदिनावधि॥
विष्णुक्रान्ता पेटिकाया द्रवैः सिंचेत्पुन. पुन.।
तप्तं तप्तं तु तद्वज्रं शतवारान्मृत भवेत्॥ ऋ. ख, आ. क

१ सेच्य आनन्द कन्दे इति पाठ।

हीरा को खटमल के रक्त में भिगोकर धूप में सुखावे इस प्रकार ७ दिन करता रहे फिर अपराजिता और पतवार का रस या क्वाथ वना कर उसमे हीरा को तपा तपा कर वुझाता रहे इस प्रकार १०० वार करने पर हीरा की भस्म वने।

(४७) भेक मत्कुण रक्तेन भावयेदेक विंशतिम्।
मुहु. सूर्यपुटे स्थाप्यं पश्चान्नागार्जुनी रसैः॥
वज्रं तुण्ड्याख्य जन्तोश्च जठरे स्थाप्य वज्रकम्।
मल पचक संयुक्तं निक्षिपेद्वज्रमूषके॥
पार्श्वे मृदान्धयित्वाऽथ महागजपुटे दहेत्।
भस्मी भवति तद्वज्र स्वाङ्गशीतल मुद्धरेत्॥ र की

मेडक के रक्त और खटमल के रक्त में वज्र को भिगोकर धूप मे सुखाता रहे, इस प्रकार उसे २१-२१ सूर्य पुट दे तत्पश्चात् नागार्जुनी रस की भी इसी प्रकार २१ सूर्य पुट दे अर्थात् भिगोकर सुखाता रहे। फिर वत्तख के पेट में हीरा को रख कर मलपचक (कवूतर, पिंढुकी, कुक्कुट, चकोर, तीतरकी विष्ठा) से ढक सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा भस्म वने।

(४८) सुभावितं मत्कुणशोणितेन वज्रं चतुर्वार विशोषित च।
छुच्छुन्दरास्थिंहि विपाचितपुटे पुटेद्वराहेण च त्रिंशदेवम्॥
ध्मातपुर्नध्मात शत हि वारान् क्वाथे कुलत्थस्य हि निक्षिपेच्च।
सपेषयेत्त हि शिलातलेन मन.शिलाभिः सहकारये द्वटीम्॥
क्षिप्त्वानिरुन्ध्यापि च मूषिकायांपुटान्यथाष्टौ च वनोपलैर्दहेत्।
वारान् शत चापि ततोधमेत्त सम्मर्दित शोधितपारदेन।
वज्राणि सर्वाणि मृती भवन्ति तद्भस्मक वारितरं भवेच्च॥
श्रीसोमदेवेन च सत्यवाचा वज्रस्यमृत्यु कथितोहि सम्यक्।
र प्र सु

हीरा को खटमल के रक्त का लेप कर सुखावे इस प्रकार ४ वार करे फिर छछूंदर के माँस के नुगदे मे रख सम्पुट कर वराहपुट की आच दे इस प्रकार ३० पुट दे फिर हीरा को कुठाली मे रख कर धमावे और कुलथी के काढे मे बुझाता रहे इस प्रकार १०० वार करे फिर हीरा को पीस बराबर का मैनसिल मिला कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट या मूषा मे बन्द कर वराह पुट की ८ पुट दे। फिर हीरे को कुठाली मे धमन कर कुलथी के काढे में बुझाता रहे, १०० वार बुझावे, फिर बराबर पारा मिलाकर धमन करे और पुट दे तो ऐसा करने पर श्री सोमदेव कहते है हीरा की भस्म निश्चय रूप से हो जाती है। यह मे सत्य कहता हू।

(४९) मत्कुणरुधिरेलिप्त्वा पुटेत्सूर्यपुटेन च।
आतपे शोषयेद्वज्रं प्रलिप्त्वा मत्कुणास्रजा॥
भेक मूत्र मेघनाद रसमेकत्र कारयेत्।
तस्मिन्निसेचयेद्वज्रं सप्त कृत्वा पुटं ततः॥
तथा गण्डूपदेनापि पुटनान्मृति माप्नुयात्॥ र का धे

हीरा को खटमल के रक्त मे डुबो कर धूप में सुखावे इस प्रकार ७ वार करे फिर मेढक के मूत्र मे भिगोकर सुखावे फिर चौलाई के रस मे भिगो-भिगो कर सुखावे इस तरह ७-७ वार करे फिर केंचुआ के नुगदे मे रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो हीरा की भस्म हो।

(५०) [1]रक्तोत्पलस्य मूलैश्च मेघनादस्य कुड्मलैः।
[2]पिण्डितै र्वेष्टितध्मातं वज्रं मायाति भस्मताम्॥ आ.क ,र ज.नि

१ रक्त मूलस्य इति आनन्द कन्दे। २ पेषितं. इति आनन्द कन्दे।

लाल कमल की जड (भिस) या लाजवन्ती की जड़, चौलाई और खटमल इन तीनों को पीस कर नुगदा बनाय उस में हीरा को रख कर सम्पुट कर गजपुट की आंच दे तो हीरा की भस्म बने। कितने पुट में बने। इस की संख्या नहीं दी।

(५१) विलिप्तं मत्कुणस्यास्रक् सप्तवारं विशोषितम्।
कासमर्दरसपूर्णे लोहपात्रे निवेशयेत्॥
सप्तवारं परिध्मातं वज्र भस्म भवेत्खलु।
ब्रह्म ज्योतिर्मुनीन्द्रेण क्रमोऽयं परिकीर्तितः।
र. र स, पा. स, र. ज नि., र प्र सु, रसे. चू।

हीरा की कनी को खटमल के रक्त में भिगो कर सुखावे इस प्रकार ७ वार करे, फिर कसौदी के रस को लोहे के पात्रमें डाले और हीरा को तपा-तपा कर उस रस में बुझावे ऐसे ७ वार करे तो हीरा की भस्म बने। मुनियों में श्रेष्ठ ब्रह्मज्योति नामक रस सिद्ध ने इसे कहा है।

(५२) कास्यपात्रस्य भेकस्य मूत्रे वज्रं तु भावयेत।
त्रिसप्त कृत्वा संतप्तं वज्रमेव मृतं भवेत्॥ रसे. सा. स., शा, ध, भा. वे. प्र, वृ. यो. त, पा स, र ज. नि., चि र.,र. का. धे,रसे चि., चिकित्सारत्नाभरणे रसकामधेनौ रसेन्द्रचिन्तामणौ भिन्नपाठ प्रतिपादित। रस कामधेनौ अजशृंग गत घ्मात इति विशेष।

मेंढक को पकड़ कर कास्यपात्रमें मुतावे उसका मूत्र एकत्र कर उस मूत्रमें २१ वार तपा-तपा कर हीरा को बुझावे, रस कामधेनुमें लिखा है कि बकरे के सींग मे रख कर तपावे फिर बुझावे इस प्रकार २१ वार करने से हीरा की भस्म हो।

(५३) वज्रं स्त्रिरजसालिप्त्वा शोषयित्वाऽऽतपेखरे।
तप्तं तप्तं त्रिधा भेकमूत्रेण किलसेचयेत्॥
भवेल्लाजाकृतिः प्राय सत्यंगुरुवचो यथा। र. का धे

हीरा को स्त्रीके रजमें भिगो कर धूप मे सुखावे, इस प्रकार ७ वार करे फिर उसे तपाकर मेंढक के मूत्र में बुझावे इस प्रकार ३ वार करने पर ग्रन्थकार कहता है कि हीरा खील हो जाता है।

(५४) वज्रं महानदी शुक्तो क्षिप्रं भाव्यं मुहुर्मुहुः।
स्नुह्यर्कोन्मत्त कन्यानां द्रवेणैकेन [1] चाह्निकम् ॥
कृष्णकर्कट [2] मांसे तत्क्षिप्त्वा चा वेष्टयेद्बहिः।
भूनागस्य मृदासम्यग् [3]०मातं भस्मत्व माप्नुयात् ॥

र., ज. नि, आ क

१ चातपे इति आनन्दकन्दे। २ मासेनपिष्टतद्वै इति आनन्द कन्दे। ३ वृत इति आनन्द कन्दे।

समुद्री सीप मे हीरा को रख कर थोहर आक दूध बतूरा कुमारी रस को क्रमसे उस पर डाल कर अग्निपर पुट दे या धूपमे सूर्य पुट दे, जब उस पर कई तहे भावना की चढ जाय तो उसे काले केकडे के मास के नुगदे में रख कर केंचुवे की मिट्टी चढाय कुठाली में रख धमावे इस तरह कई वार करे तो हीरा की भस्म हो।

(५५) वैक्रान्त भस्मनासार्धं पेषयेदम्लवेतसम्।
तद्गोलके क्षिपेद्वज्र मन्धमूषागतं धमेत् ॥
सेचयेदश्वमूत्रेण पूर्वगोले [1] पुनः क्षिपेत्।
रुद्ध्वा ध्मात पुनः सेच्य मेवं कुर्यात् [2] त्रिसप्तकम् ॥
म्रियते नात्र सन्देहः सर्व कार्येषु योजयेत। ऋ. ख, आ क

१ विनिक्षिपेत् इति आनन्द कन्दे। २ त्रिसप्तधा इति आनन्दकन्दे।

हीरा से आधा वैक्रान्त भस्म ले कर अम्लवेत के रस में घोट नुगदा बनाय उसमे हीरा रख कुठाली मे बिठाकर धमन करे और घोडे के मूत्र में बुझावे, इस प्रकार २१ वार करे तो हीरा भस्म हो।

(५६) स्नुहीक्षीरेण विमलं पिष्ट्वा तद्गोलके क्षिपेत्।
वज्रं [1] निरुद्ध्य मूषां तु शुष्कांतीव्राग्निना धमेत् ॥
[2] तप्तमश्वस्य मूत्रेतु क्षिप्त्वा वज्रं समाहरेत्।
इत्येव सप्तधा [3] कार्यं ततस्तालकमल्कणैः ॥
कृत्वा गोलं क्षिपेत्तस्मिन् वज्र मूषां निरुध्य च।
धामितं पूर्व वत्सेच्यं सप्त वारैर्मृतं भवेत् ॥ ऋ ख, आ. क.

१ निक्षिप्य इति आनन्द कन्दे। २ क्षिप्त्वा अश्वस्य मूत्रे तु इति आनन्द कन्दे। ३ कुर्यात् इति आनन्द कन्दे।

विमल को थोहर के दूध में घोट नुगदा बनाय उसमे हीरा को रख कर धूप में सुखावे फिर तीव्र अग्नि में रख कर धमावे लाल होनेपर घोडे के मूत्रमें बुझावे, इस प्रकार ७ वार करे फिर हरिताल को खटमल के रक्त मे पीस कर नुगदा बनाय उसमे हीरा रख कर कुठाली में विठा कर फिर धमावे हीरा के लाल हो जाने पर उसे घोडे के मूत्र मे बुझावे, इस तरह ७ वार करे तो हीरा की भस्म हो।

(५७) मेषशृङ्ग भुजगास्थि कूर्म्मे[1] पृष्ठाम्लवेतसैः।
[2]गजदन्त सम पिष्ट्वा वज्रीक्षीरेण गोलकम् ॥
कृत्वा तन्मध्यगं वज्रं म्रियते ध्मात[3] वह्निना।

र रा. सु, पा. म., भा. प्र, वै द, र.ज. नि., भा मै र

२गजदन्त इति रस जलनिधौ १ पृष्ठशिलाजतु इति ३ मेवह्नि इति रस जलनिधौ र. का धेनौ -

मेढा के सींग, सर्पास्थि, कछुआ की खोपरी, खरगोश के या हाथी के दांत अम्लवेत, (रस कामधेनुकार कहता है अम्लवेत रस के स्थान पर शिलाजीत मिला कर थोहर के दूध) की भावना दे नुगदा बनाय उसके मध्य हीरा को रख कुठाली मे विठा कर धमन करे तो हीराकी भस्म बने।

(५८) मेषशृंग भुजगास्थि कूर्मपृष्ठं शिलाजतु।
स्नुक्कीलाल रसस्तन्यं कान्तपाषाणमेव च ॥
वज्रकं चापि वैक्रान्त तन्मध्ये प्रक्षिपेत्प्रिये।
तीव्रानले पुटंदत्त्वा पुटान्त यावदागतम् ॥
कुलत्थ कोद्रवं चापि हयमूत्रेण पेषयेत् ॥
तान्त निषेचये तस्मिन्यावद्भस्मतां गतम्।
एष क्षाराग्निजो योगो वज्र मारण मुत्तमः ॥ र का धे,

मेढा के सींग, साप की हड्डी, कछुआ की हड्डी, शिलाजीत, थोहर दूध, रक्त, स्त्रिरज, स्त्रि का दूध, कान्तपाषाण इनमे हीरा या वैक्रान्त कोई भी रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से कई वार पुट दे तो भस्म बने।

अथवा—कोदव, कुलथी, को घोडे के मूत्र मे पीस कर उसके नुगदे में हीरे को रख कुठाली मे विठा कर धमावे, लाल होने पर हीरा को घोडे के मूत्र मे और कुलथी, कोदो के काढे में बुझावे, इस प्रकार कई वार करने पर

हीरा भस्म हो जाता है, यह किसी कपाली का कहा हुआ योग है। जो हीरा को मारने में उत्तम है।

(५६) मेषशृङ्ग भुजङ्गास्थि कूर्मपृष्ठ शिलाजतु।
गन्धकं कान्तपाषाणं मुनिपुष्प सतालकम्॥
त्रिक्षारं पञ्चलवणं मेषशृङ्गीन्द्रवारुणी।
वज्रवल्ली मूषकर्णी वदरी कुड्मलानि च॥
मूषकस्य मलं स्तन्यं स्नुह्यर्क क्षीरमत्कुणः।
पञ्चाङ्गा शरपुंखांच [1]हस्तिनीरं नृछागयोः॥
पेटरीबीजं [2]स्त्रिपुष्पं परावतमलं शिलाम्।
पुष्पाणि चैव वाकुच्याः पचाङ्ग [3]निम्बकस्य च॥
धात्री वृक्षस्य पंचाङ्गगोरम्भा च मूत्रकम्।
हन्सपादी वज्रकन्दं वृहतीमूल सूरणम्॥
गोजिह्वां कर्कटं मांसं मूत्रवर्गं च मिश्रयेत्।
एतत्समस्त व्यस्तं वा यथालाभं सुपिण्डितम्॥
तत्पिण्डे निक्षिपेद्वज्रमन्धमूषागतं [4]पुटेत्।
कुलत्थ कोद्रवं पिष्ट्वा हयमूत्रै र्विलोडयेत्॥
तन्मध्ये सेचयेत्तप्तं मूषापुट विनिर्गतम्।
एवं पुनः पुनः कुर्यादेकविंशतिवारकम्॥
आदाय [5]पूर्वजं वज्रं ताले मत्कुण पेषिते।
गोलके निक्षिपे [6]द्रुध्वा मूषां तीव्रानले धमेत्॥
इत्येवं सप्तधा धाम्यं हयमूत्रै र्निषेचयेत्।
अनेन क्रमयोगेन मृतं भवति निश्चितम्॥ ऋ ख, आ क

१ अस्थिनिखरमेषयो। २ श्रीपुष्प। ३ तिमिरस्य च। ४ धमेत्। ५ तत्पुनर्वज्र। ६ दूर्ध्वं इति आनन्दकन्दे पाठभेदा दृश्यन्ते।

मेढा के सींग, सर्पास्थि, कछुआपृष्ठास्थि, शिलाजीत, वलि, कान्तपाषाण, अगस्तिया के फूल, हरिताल, सुहागा, सज्जीखार, जवाखार, पाचो नमक, मेढासिंगी, इन्द्रायण, अस्थिसहारी, मूषाकर्णी, वेर, मुर्गे की विष्ठा, चूहें की विष्ठा, स्त्रिदुग्ध, थोहर दुग्ध, आक दुग्ध, खटमल रक्त, शरफोका पचांग, हाथी का मद, मनुष्य का रक्त, बकरे का रक्त, गधा या भेड की हड्डी, पतवार के बीज, स्त्रि

का रज, कबूतर की विष्ठा, मैनसिल, बावची के फूल, निम्बू का पचाग, आवले का पचाग, गोमूत्र, केला रस, मेढक मूत्र, हन्सराज, वज्रकन्द, बडीकटेली के फल, जिमीकन्द, गोजिया, केकड़े का मांस, पशुओ के मूत्र यह सारे या कुछ चीजें जो मिल सके सब को कूट कर नुगदा बनाय उसमे हीरा रख कर कुठाली में बिठाय धमन करे और लाल होने पर निकाल कुल्थी के काढे में बुझावे। इस प्रकार २१ वार करे, फिर हरिताल को खटमल के रक्त मे पीस उसका लेप हीरा पर करके उसीके नुगदेमे रख तीव्र आच पर धमावे, इस प्रकार ७ वार करे तो हीरा भस्म बने। यह सिद्ध योग कहा है।

नोट—इस योग में हीरा मारनेके लिये प्रयुक्त हुए किसी भी द्रव्य को नही छोडा। इसने अपने इस विधि-विधानमें सबका समावेश कर दिया कि इन सबो के मेल से तो हीरा अवश्य ही मृत हो जायगा पर इन सबो के मेल से भी हीरा भस्म कठिनता से होती है यह मेरा निश्चित मत है।

(६०) भ्रामकस्य मुखं ताप्यं पेटारीबीज टंकणम्।
क्षीरे चोत्तरवारुण्या गन्धकं तालकं शमी॥
चिञ्चाबीजं मेषशृङ्गी स्त्रिपुष्पं चाम्लवेतसम्।
पञ्चाङ्ग शरपुङ्खायाः शशदन्ताः शिलाजतु॥
एतत्समस्तं व्यस्तं वा यथालाभं सुचूर्णयेत्।
स्नुह्यर्कोन्मत्त वारुण्या क्षीरैः स्तन्यै र्विमर्दयेत्॥
तद्गोलके क्षिपेद्वज्रं रुद्ध्वा मूषां धमेद् दृढम्।
गडुची सैधवं हिंगु समस्तोत्तरवारुणीम्॥
क्वाथैः कौलत्थकैः पिष्ट्वा तस्मिन्द्रावे निषेचयेत्।
तद्वज्रं पूर्ववद्गोले क्षिप्त्वा रुध्वा धमेत्तथा॥
सेचनानां पुनः कुर्यादेकविंशति वारकम्।
तालमत्कुणयोगेन सप्तवारं पुनर्धमेत्॥
सेचयेदश्वमूत्रेण तद्वज्रं म्रियते ध्रुवम्। ऋ ख.

कान्तलोह, माक्षिक, पतवार बीज, सुहागा, इन्द्रायण, बलि, हरिताल छोकर, इमलीबीज, मेढासिंगी, स्त्रिरज, अम्लवेत, शरफोका पचाग, खरगोश के दात, शिलाजीत यह समस्त चीजें या इनमे जो जो मिलें उनका चूर्ण बनाय थोहर, आक के दूध, इन्द्रायण का रस स्त्रिदुग्ध मे खरल कर नुगदा बनाय उसके

मध्य हीरा को रख कुठाली में विठा कर धमावे जब लाल हो जाय उसे गिलोय सेंधा नमक, हीग, इन्द्रायण, कुल्थी सब बराबर ले इनका क्वाथ बनाय इस क्वाथ में बारम्बार हीरा को तपा-तपा कर बुझाता रहे। २१ बार बुझावे हरिताल को खटमल के रक्तमे पीस कर हीरा पर लेप कर कुठालीमे विठा कर फिर धमावे, लाल होने पर घोडे के मूत्र मे बुझावे, इस तरह सात बार बुझाने पर हीरा भस्म बने।

(६१) गरुडं गन्धक ताल वदरीरस संप्लुतम्।
अश्वत्थ स्वरसे भाव्य पुटेत्पिण्डं सरक्तकम्॥
म्रियते तेन योगेन ब्रह्मवज्रं हि तत्त्वतः। र रा सु, र ज नि

माक्षिक, वलि, हरिताल को बेर के रस मे घोट नुगदा बनाय उसमे हीरा को रख कर आग पर लाल करे जब हीरा रक्त तप्त हो जाय निकाल कर पीपल के रस में बुझावे इस प्रकार २१ बार बुझाने पर हीरा की भस्म बने।

(६२) दरद माक्षिकं ताल कुनटी तार माक्षिकम्।
अभ्रक टंकण तुत्थ मंजनं स्फटिकाशिला॥
एतत्सर्वं मृत शीघ्रं सत्यं सत्यमयोदितम्। रससागर

हिंगुल, माक्षिक, हरिताल, मैनसिल, विमल, अभ्रक, सुहागा, तुत्थ, अञ्जन, फिटकिरी, शिलाजीत इन सब का नुगदा बनाय उसमें हीरा को रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे या वमन कर बुझाता रहे तो हीरा भस्म बने।

(६३) माक्षिक मेषशृङ्गं च शिलागन्धकटङ्कणम्।
वैक्रान्त तालक चैव वज्रीक्षीरपरिप्लुतम्॥
लेपं मूषोदरे कृत्वा समावर्तं तु कारयेत्।
म्रियते हीरकस्तत्र नात्र कार्या विचारणा॥ र का धे

माक्षिक, मेढासिंगी, मैनसिल, वलि, सुहागा वैक्रान्त हरिताल सब बराबर लेकर थोहर के दूध में घोट नुगदा बनाय हीग को उसमे रख तथा इसी का लेप कुठाली मे करके हीरा को विठा कर धमावे और लाल होने पर कुलथी के काढे मे बुझावे तो हीरा की भस्म बने।

(६४) तालकासीस सौराष्ट्रीह्यपामार्गस्य भस्म च।
पिष्ट्वा कौलत्थकैः क्वाथै स्तस्मिन् वज्रं सुतापितम्॥

क्षिप्त्वा त्रिसप्तवाराणि म्रियते नात्र संशयः।

ऋ ख., आ क, र का धे.

रसकामधेनौ अस्पष्टविधि तथा भिन्न पाठ निर्दिष्ट ।

हरिताल, कसीस, फिटकिरी, अपामार्ग की राख, आक की जड़ इनको कुलथी के काढे मे पीस नुगदा वनाय उसमें हीरा को रख कर आग में तपावे और कुलथीके काढेमें वुझावे, इस प्रकार २१ वार वुझानेपर हीराकी भस्म वने ।

(६५) गन्धाश्मकं घृत ताल मेषशृङ्गसमांशकम्।
विषं कान्तं स्नुहीक्षीरं नारीपुष्पं पयः प्लुतम्॥
एभिर्विलिप्त मूषायां धमनात् शूद्रमारणम्। र ज नि, र.रा सु,

वलि, घी, हरिताल, मेढासिंगी, मीठातेलिया, कान्तलोह, थोहर का दूध इन सव को स्त्रि के दूव में घोट नुगदा वनाय उसमें हीरा को रख कर धमन करे और लाल होने पर स्त्री के दूव में वुझावे इस प्रकार २१ वार करे तो हीरा की भस्म वने ।

(६६) गन्धकं च शिलाधातुं भ्रामकस्य मुख तथा।
शशकस्य तु दन्ताश्च वेतसाम्लेन पेषयेत्॥
अनेकसिद्धं कल्केन मूषालेपं तु कारयेत्।
अन्धमूषागतं ध्मातं वज्रं तु म्रियते क्षणात्॥ र का धे

वलि, मैनसिल, कान्त लोह, खरगोश के दात सव वरावर लेकर अम्लवेत के रस में पीस नुगदा वनाय इसमें हीरा को रखे और इसी का लेप कुठाली मे करके उसमें हीरा को रख कर सम्पुट कर धमावे तो हीरा भस्म वने ।

(६७) तालकं गन्धकं म्लेच्छं ताप्य कर्पूर टकणम्।
चिञ्चास्थिमेषशृङ्गं च स्त्रिरजः परिपेषितम्॥
मूषालेपं गते ध्मातं वज्रं तु म्रियते क्षणात्। र का धे, र त

रसतरगिण्या त्रुटित पाठ ।

हरिताल, वलि, हिंगुल, माक्षिक, कपूर, सुहागा, इमली के वीज, मेढासिंगी, इन सवो को कूट कर स्त्रि के रज में पीस नुगदा वनाय उसमें हीरा रखे और इसी का लेप कुठाली में करके उसमें हीरा रख कर धमावे तो हीरा की भस्म वने ।

रसतरगिणीकारने कपूर सुहागा नही डाला और उसने वेर के रस और

पीपलके रसकी ७-७ भावना दे उक्त नुगदे में हीरा रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे ऐसा लिखा ह । कहता है कई पुट में भस्म होती है किन्तु माक्षिक पहिली पुट में डाले ऐसा आदेश देता है ।

(६८) रस हंस शिलां तालं गरुड गन्ध टंकणम् ।
भूनागं विमलं वङ्गं मेषशृङ्गी च चुम्बकम् ॥
शुक्रं शोणितसंयुक्तं स्वेदनौषधिभावितम् ।
मूषालेपप्रयोगेन रत्नान्नां मारणं ध्रुवम् ॥
एवं वज्रभवं भस्म वज्रस्थाने नियोजयेत् । र रा सु, र. ज. नि.

पारा, हिंगुल, मैनसिल, हरिताल, माक्षिक, वलि, सुहागा, कँचुआ, विमल, वग, मेढासिंगी, कान्त पाषाण, स्थिरज रक्त इन सब चीजो को कुवारी के काडे में घोट नुगदा बनाय उसमें हीरा रखे और इसी नुगदे का लेप कुठाली में करके उसमें हीरा बिठाय धमावे तो हीरा की भस्म बने ।

(६९) गन्धकामल साराख्यो हरितालं मनःशिला ।
तुर्यः सुवर्णमाक्षीकं कर्तव्याः समतुल्यकाः ॥
चत्वारो वारिणा पिष्ट्वा कार्यास्ते रावसदृशा ।
पुष्पाल्या घन पुष्पाणि निसाहायां प्रवर्तते ॥
पिण्डं पिण्डस्य कृत्वाऽथ तन्मध्येजात्या हीरकान् ।
क्षिप्त्वाऽथ गोलकं कृत्वा वज्रं मूषान्तरे क्षिपेत् ॥
ध्मातां तामग्नि वर्णाभां रावामध्ये क्षिपेन्मुहुः ।
एवमित्थं विधिः कार्या वारानेकचतुर्दश ।
अनायासेन वज्राणि भस्मानि स्युर्न संशय. ॥
चूर्णं विधायतेषां च प्रक्षिपेत्कुप्पके सुधी । रसाध्याय

वलि, हरिताल, मैनसिल, माक्षिक सब बराबर सब को जल से पीस कर पतला राव सदृश कल्क बनावे । फिर अनेक वृक्षो के फूलो का नुगदा बनाय उस में आभूषण के अयोग्य हीरा को भर कर कुठाली में रख कर धमन करे जब हीरा लाल वर्ण हो जाय निकाल कर उक्त राव सदृश कल्कमे बुझावे, इस प्रकार १४ वार करने पर हीरा की भस्म हो । इसे पीस कर शीशीमे रख ले ।

हीरा भस्म के गुण—इस की भस्म शरीर को दृढ करती है । शोथ, क्षय, भगन्दर, प्रमेह, पाण्डु, शोथ में लाभदायी है । लिखा है "सर्व रोगापहारी"

समस्त रोगो को दूर करती है। इस की मात्रा १-२ चावल है। उचित अनुपान से देवे।

विमल भस्म

विमल वास्तव में लोह वलि के योग से निर्मित एक खनिज द्रव्य है जिस का वर्णन उपोद्घात पृष्ट १५८ पर हम कर चुके है। इस के भस्म की विधि प्रायः वही है जो माक्षिक की दी है, तथापि जो अन्य कुछ ग्रन्थो में मिलती है निम्न है।

(१) कुलत्थस्य कषायेण घृष्ट्वा तेलेन वा पुटेत्।
तैलेन वाऽजी मूत्रेण म्रियते तार माक्षिकम्॥ वै द.

विमल को कुलथी के काढे में, या एरण्ड तेल मे या एरण्ड तेल और घोडे के मूत्र में घोट कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो विमल की भस्म बने।

(२) गन्धाश्म लकुचाम्लैश्च म्रियते दशभिःपुटैः।
र. च., र. र. स., र. प्र. सु., र. त., र. रा. सु

अथवा विमल और वलि को वडहलके रसमें घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इस विधि से १० पुट दे तो विमल की भस्म बने।

(३) विमल चूर्ण को त्रिफला की ३ भावना दे सुखाय फिर एक भावना घी की दे तवे पर रख आच दे और करछी से हिलाता रहे जब घी जल जाय विमल को घोटता रहे जब लाल हो जाय फिर घी डाल कर रगड़ता रहे इस प्रकार ३ बार करने पर विमल की लाल रगकी भस्म बन जाती है। सि.यो.स.

वैक्रान्त भस्म

वैक्रान्त क्या है ? इस के सम्बन्ध में उपोद्घात पृष्ट १३३ पर देखो।

(१) वैक्रान्तं वज्र वच्छोध्यं नीलं वा लोहितं तथा।
हयमूत्रे तु तत्सेच्यं तप्त तप्तं द्विसप्तधा॥
[1]ततस्तु मेषशृंग्युत्थ पंचांगे गोलके क्षिपेत्।
[2]पुटेन्मूषा पुटेरुद्ध्वा कुर्यादेवं च सप्तधा॥
र चू, र का धे., र च, आ क, ऋ ख, र र., र च, र चि, पा स, र. रा सु., र. ज नि

१ तत्तज्चोत्तर धारुण्या रसरत्नाकरे इति पाठ । २रुद्ध्वामूषापुटे पच्यादुद्धृत्य गोलके पुन रसरत्नाकरे इति पाठ. ३ क्षिप्त्वा रुद्ध्वासचैवेव सप्तधा भस्मता व्रजेत् रस जलनिधौ इति पाठ ।

रस चण्डाशौ आनन्द कन्दे ऋद्धिखण्डे वादि खण्डे तथा रस चूडामणौ रस काम धेनौ भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

वैक्रान्त को तपा-तपा कर घोडे के मूत्र में १४ बार बुझावे, पुन. मेढासिंगी पञ्चाङ्ग का नुगदा बनाय उसमे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इन विधि से ७ पुट दे तो वैक्रान्त की भस्म बने । आनन्द कन्द, ऋद्धि खण्ड, रस चण्डाशु तथा रस रत्नाकर कार ने मेढासिंगी के स्थान पर इन्द्रायण के नुगदे का प्रयोग लिखा है ।

(२) वैक्रान्तं वज्रवच्छोध्य ध्मातसिक्तंनृमूत्रके ।
वज्रवन्मृतिमायानि वज्रस्थाने प्रयोजयेत् ॥ र. रा सु.

वैक्रात को हीरे की तरह शुद्ध कर मनुष्य के मूत्र में बुझावे, हीरा के सदृशही इस का मारण करे ।

(३) कुलत्थ क्वाथ संस्विन्नो वैक्रान्तः परिशुध्यति ।
म्रियतेऽष्टपुटैर्गंध निम्बुकद्रव संयुतम् ॥ र रा सु, र ज नि

कुलथी के क्वाथ में स्वेदन किये हुए वैक्रान्त पर बलि को निम्बू रसमें घोट उसके मध्य वैक्रान्त रख कर पुट देने से ८ पुट में भस्म हो ।

(४) वैक्रान्तकस्तु विधिवत्त्रिदिनं विशुद्धो संस्वेदितः क्षारपट्टनि दत्त्वा ।
अम्लेषु मूत्रेषु कुलत्थरंभानीरेऽथवाकोद्रव वारिपक्व. ॥ र रा सु

वैक्रान्त को नमक और क्षार के जल में ३ दिन स्वेदन कर फिर घोडे के मूत्र, निम्बू रस, कुलथी और कोदो के काढो में तपा-तपा कर बुझावे, जब खस्ता हो जाय उक्त क्वाथो में भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो वैक्रान्त की भस्म बने ।

(५) वैक्रान्तं चूर्णित सूक्ष्मं सुरासुर नमस्कृतम् ।
व्याघ्रि कन्दस्य मध्यस्थं स्थापयित्वा पुटे पचेत् ॥
रसार्णव, र का वे

विल्लौर चूर्ण को बारीक कूट कर व्याघ्री कन्द के रस में खरल कर टिकिया बनाय सुखाय व्याघ्रि कन्द के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आँच

दे तो विल्लौर की भस्म वने ।

(६) म्रियतेऽष्ट पुटैर्गन्धनिम्बुकद्रव संयुतः ।
र र, र का. वे., र. च, रसे. चू, र र. स, पा स
(७) गन्ध निम्बू रसै र्मद्य. पुटितो म्रियते ध्रुवम् ॥ र प्र स.

वैक्रान्त चूर्ण मे वरावर वलि मिला कर निम्बू रस मे घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी प्रकार ८ पुट दे तो वैक्रान्त की भस्म वने ।

(८) वैक्रान्तस्य पलैकन्तु पलैकं टंकणस्य तु ।
रवि क्षीरे दिनं भाव्यं मर्द्यं शिग्रु द्रवैर्दिनम् ॥
गुञ्जा पिण्याक वह्नीनां प्रतिक्षार नियोजयेत् ।
अनेन गुलिकां कृत्वा कोष्ठी यन्त्रे धमेद्ध्रुवम् ॥
शंख कुन्देन्दु सकाशं सत्त्वं वैक्रान्तजं भवेत् । आ क

वैक्रान्त चूर्ण के वरावर सुहागा मिलाय आक दूध की १ दिन भावना दे पुन सोहजना रस की १ दिन भावना दे टिकिया वनाय सुखाय गुञ्जा, तिल की खल, चित्रक, प्रसारणी क्षार इन सव को वरावर ले कूट इनका नुगदा वनाय इसके मध्य वैक्रान्त की टिकियो को रख उसको कुठाली में रखकर धमावे तो एक वार के धमाने पर वैक्रान्त की श्वेत सत्त्वरूप भस्म वने ।

(९) मूत्रेऽश्वस्य विभावितं स्त्रिचतुरैर्म्मातः पुटैर्मारितो ।
योज्यो वज्रपदे सुवुद्धिभिरय यद्वज् तुल्योगुण' ॥ र.प

वैक्रान्त को तपा-तपा कर अश्व मूत्र में वुझावे ७ वार करने पर वज्र भस्म हो । इसकी भस्म के वज्र तुल्य गुण है ।

(१०) ताम्रवर्णञ्चवैक्रान्त हिंगुलेन समन्वितम ।
मर्दित चाम्लवर्गेण हेमाद्यैर्भस्म कारक. ॥
रस म, र यो. सा

लाल वैक्रान्त को तपा-तपा कर निम्बू रस मे वुझावे, फिर चूर्ण कर वरावर का हिंगुल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो वैक्रात भस्म वने ।

(११) वैक्रान्त को मज्जी के घोलमें तपा-तपा कर २१ वार वुझावे, फिर इसी पानी मे भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की

आच दे तो वैक्रात भस्म वने। स ग्र

(१२) वैक्रान्त को तपा-तपा कर हाथी दात के क्वाथ में २१ वार वुझावे फिर इसी पानी की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय हाथी दात के वुरादे के नुगदे में रख सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो वैक्रान्त की भस्म वने। स. ग्र

(१३) वैक्रान्त को सिरस के रस मे तपा-तपा कर वुझावे जव खस्ता हो जाय सिरस के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो वैक्रान्त की भस्म वने। नू. वि

वैक्रान्त भस्म के गुण

वैक्रान्त भस्म के गुण हीरे की भस्म के समान लिखे है। यह विष विकार, ज्वर, कुष्ठ, क्षय, पाण्डु, उदररोग, उन्माद, श्वास, कास, प्रमेह में लाभदायी लिखी है।

शङ्ख भस्म

(१) द्वौ भागौ गन्धकस्याऽष्टौ शङ्ख चूर्णस्य योजयेत्।
एकमेव रसस्यांशमर्क क्षीरेण मर्दयेत्॥
चित्रकस्य द्रवेणैव शोषयित्वा पुनः पुनः।
एकी कृत्य रसेनाऽथ क्षारं दत्त्वा तदर्द्धकम्॥
अर्कक्षीरेण कुर्वीत गोलकान् च विशोषयेत्।
निरुद्ध्य चूर्णं लिप्तेऽथ भाण्डे दद्यात्पुटं तथा॥
लोकनाथ रसोह्येष ग्रहणी रोग कृन्तनः।
गुञ्जा चतुष्टयं दद्यान् मरिचाऽऽज्य समन्वितम्॥
र र सु, र रा. सु, र यो सा

पारा एक भाग, वलि २ भाग, शख चूर्ण ८ भाग पारद वलि की कज्जली वनाय उस मे शख चूर्ण मिला कर आक के दूध और चित्रक क्वाथ की ७-७ भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट मे रख गजपुट की आच दे तो लोकनाथ नामक शख की भस्म वने। मात्रा ४रत्ती। मिर्च घी के साथ देनेपर ग्रहणी रोग मे लाभ होता है, पथ्य इस मे दही भात देवे।

(२ पुटी) शुद्धस्य शङ्ख खण्डानि शरावे स्थापयेत्सुधीः।

शरावेण पिधायाथ यत्नात्सन्धिं प्रलेपयेत् ॥
आतपे त्वथसंशोष्य पुटेद्गजपुटे भिषक् ।
स्वाङ्ग शीतं समुद्धृत्य खल्वे संचूर्णयेद्भिषक् ।
चूर्णितञ्चाथ विज्ञाय सम्पुटस्थं तथा पुटेत् ।
एवं पुटद्वयेनैव शंखको मृति माप्नुयात् ॥ र त

शख को सम्पुट में रख गजपुट की पुट दे पुन निकाल कूट पीस कर पुन सम्पुट कर गजपुट की पुट दे तो शख भस्म हो ।

(२) शुद्धो बुभुक्षित· सूतो भागद्वयमितो भवेत् ।
तथा गन्धस्य भागौ द्वौ कुर्यात्कज्जलिकां तयो. ॥
सूताच्चतुर्गुणेष्वेव कपर्देषु विनिक्षिपेत् ।
भागैकं टंकणं दत्वा गोक्षीरेण विमर्दयेत् ॥
तथा शंखस्य खण्डानां भागानष्टौ प्रकल्पयेत् ।
क्षिपेत्सर्वं पुटस्यान्तचूर्णं लिप्त शरावयोः ॥
गर्ते हस्तोमिते धृत्वा पचेद्गजपुटे न च ।
स्वांगशीतं समुद्धृत्य पिष्ट्वा तत्सर्वमेकतः ॥
षड्गुञ्जा सम्मिते चूर्णमेकोन त्रिंश दूषणैः ।
घृतेन वातजे दद्यान्नवनीतेन पित्तजे ॥

शा ध, र च, वै क, यो चि, नि, र, वै चि, र का धे. र. प्र. सु, भै. सा, यो. म, रसा. र. र म मा, रसा स, रसा प, चि र भ, टो, र मृ,

पारा वलि वराबर कज्जली बनाय इससे चौगुनी पीली कौडी मे भर कर सुहागे को दूध से पीस कौडियो का मुह बन्द कर कज्जली से आठ गुना शख के टुकडे लेकर उस के मध्य कौडिया रख कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शंख कौडी की लोकनाथ नामक भस्म बने । इसे पीस रखें, इसकी मात्रा ६ रत्ती है । अनेक अनुपान से अनेक रोगो मे इस को देते है । यह प्राय जीर्ण विषम ज्वर की एक अच्छी औषधि है ।

(३) अन्ध मूषा गत शंखं पादमेक विचक्षण. ।
माषार्द्धं टंकणं मिश्र दण्डयन्त्रेण मारयेत् ॥

पर लेप कर सम्पुट में वन्द कर तीव्र अग्नि में दे या गजपुट में रखे तो शख भस्म हो। ग्रन्थकार दण्ड यन्त्र मे रख कर मारना वतलाता है।

(४) वन्ध्या लांगुलिका मूल शंखं तु द्विगुणं तयो.।
त्रयाणां भावयेच्चूर्णं व्यह जम्बीरजद्रवैः॥
रुद्ध्वा गजपुटे पच्यात्त त्क्षार मरिचै घृतै.।
कर्षमात्रं पिवेच्छूली तत्क्षणात्सुखमाप्नुयात्॥

र. र. स, भा भै र.

ककोडा कन्द, कलिहारी दोनो से दुगुना शख चूर्ण इन तीनो को जम्बीरी निम्बू के रस की भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शंख की भस्म हो। इस शंख भस्म में काली मिर्च चूर्ण मिला कर घी के साथ चटाने से तत्काल शूल नष्ट होता है। इस का नाम शूलहर क्षार है।

(५) शंख शम्बूक शुक्तिनां कपर्दविद्रुमस्य च।
कन्यायां पुटनाद्भस्म जायते सकृदुत्तमम्॥ रसा सा.

शंख, घोघा, सीप, कोडी, मूगा इन की भस्म वनाने के लिये कुमारी के गूदे मे रख कर सम्पुट कर गजपुट की पुट देने पर प्रत्येक की भस्म हो जाती है।

(६) शंख कुक्षि पूरित शतमल्लं पुनर्दिनेश दुग्धेन।
दन्तावल पुटसिद्ध श्वासे कासे ज्वरे प्रसिद्धोऽयम्॥

सि. भै मा, र यो सा.

शख के पेट मे ५ तो० सोमल भर कर उस मे आक दूध भर सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म वने, इसकी मात्रा १ रत्ती है। यह श्वास, कास, ज्वर में प्रसिद्ध योग है।

(७) शख के टुकडो को इसी तरह जला दे या सम्पुट मे वन्द करके गजपुट मे फूक दे भस्म हो जायगी। मखजन

(८) शख के वरावर वलि मिलाय सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो शख भस्म वनें। र. ति.

(९) शंख को वयुआ के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म वने। म. अ.

(१०) शंख को निम्बू रस में भिगोय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म वने। अ ति.

(११) शख को गोखरु के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शंख भस्म बने। अ. ति.

(१२) शख को गोदुग्ध मे भिगो कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। अ स.

(१३) शंख को आक दूध मे भिगो कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। अ. स.

(१४) शंख को २० दिन तेल सरसो मे भिगो कर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। अ. स, मि. ख.

(१५) शंख को तपा-तपा कर निम्बू रस में बुझावे फिर निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। स. अ

(१६) शंख को तपा-तपा कर निम्बू रस में बुझावे फिर जल जमनी के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। स अ.

(१७) शख को निम्बू रस में तपा-तपा कर बुझावे फिर शराव की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय कुरण्ट (बयुआ भेद) के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। स. अ.

(१८) शख को निम्बू रस मे उबाल लें फिर निम्बू रस में बुझाकर सम्पुट मे रख गजपुट की आच दे तो शख भस्म बने। सि. यो. स

उक्त भस्मों के विशेष गुण—न० ७ की भस्म श्वास, कास, रक्त पित्त, मन्दाग्नि मे, न० ९ की भस्म सर्प विष, अलर्क विष मे, न० १० की अतिसार, आमातिसार में, न० ११ की प्रत्येक विष विकार मे, न० १५ की विषजन्य ज्वर, सन्धि दर्द, आमाशय शोथ मे, न० १६ की जलोदर, आमवात मे, न० १७ की प्रत्येक विष विकार में देने से अधिक लाभ होता है। इस की मात्रा ४ रत्ती से १ माशे तक है।

शंख भस्म के गुण

शख सर्वरुजं हन्ति विशेषादुदरामयम्।
शूलाम्लपित्त विष्टम्भ मेहहृद्ग्रहिदीपनः रसे. सा स

शख समस्त उदर रोगोमें लाभदायी है विशेषकर शूल, अम्लपित्त, आध्मान प्रमेहको दूर करती है और अग्निको बढाती है, ग्रहणी, परिणाम शूल, पक्वाति-

सार मुहासे में लाभदायी है।

शंख योग

शंखं विघृष्टं सहसा प्रातः पीत च सप्ताहान्।
हरति कामलार्तिं वाणोरामस्यताडकायाम्। भा. भै र

शख को पानी में घिस कर प्रात काल पीवे ७ दिन पीने से कामला रोग नष्ट होता है जैसे राम ने ताडका को नष्ट किया।

शम्बुक भस्म

घोघा को कूटकर चूर्ण बनाय पित्तपापटा क्वाथ की तीन भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो घोघा की भस्म बने।
र त सा

घोघा को अग्नि में डाल देने पर घोघा की भस्म हो जाती है। र सि.

शम्बुक भस्म के गुण

शम्बुकजं भस्म पीतं जलेनोष्णेन तत्क्षणात्।
पक्तिजं विनिहन्त्येतच्छूलं विष्णु रिवासुरान्॥

वं से, यो र, र. च, वृ मा, नि र, वृ यो त, भा भै. र

घोघा की भस्म को गरम पानी से लेने पर पक्ति शूल दूर होता है। इससे भिन्न परिणाम शूल, विषम ज्वर, ग्रहणी, अतिसार, मन्दाग्नि, अजीर्ण, गुल्म आदि उदर सम्बन्धी अनेक रोगो में अच्छा लाभ करता है। मात्रा इसकी ६ रत्ती से १½ माशे तक है। उचित अनुपान से देवे।

शृङ्गराज भस्म

(१) खण्डितं मृगशृङ्गं च ज्वालामुख्या रसैः समम्।
रुद्ध्वा भाण्डे पचेच्चुल्ल्या यामयुग्मं ततो नयेत्॥
अष्टाशं त्रिकटुं दद्यान्निष्कमात्रं च भक्षयेत्।
नागवल्या रस सार्धं वातपित्त ज्वरापहम्॥
अयं ज्वरांकुशो नाम रसः सर्व ज्वरापहः।

शा ख, नि. र, र क ल, रसा स, र सा. स, र च, र का, र प्र सु, र को, यो. म, र. रा सु, र औ यो, चि र भ, र. यो सा

बारह सिंगाके सीगके छोटे-छोटे टुकडे करके लागली या सूर्यमुखी रस सीग

के बराबर ले मिट्टीके पात्रमें भरकर २ प्रहर तक चूल्हे पर रखकर पकावे, फिर सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो बारहसिंगा की भस्म हो।

इसमें आठवाँ भाग त्रिफला मिलाकर नागर बेल पान के रस मे मिला कर १-२ रत्ती तक उक्त भस्म को सेवन करावे तो यह भस्म समस्त ज्वरो को दूर करे। इनका नाम ग्रन्थकारो ने ज्वराकुश दिया है।

(२)(३ पुटी) मृग शृंगं समादाय करपत्रेण कर्त्तयेत्।
खण्डश कारयित्वा च त्वङ्गारान्नौ दहेत्तत॰ ॥
सु दग्धञ्चाथ विज्ञाय खल्वे सचूर्णयेद्भिषक्।
रविदुग्धेन सम्पेष्य चक्रिकाः कारयेत्ततः॥
शराव सम्पुटान्तस्थ पुटे तीव्राग्निना भिषक्।
त्रिवार पुटनादेवं विषाणं मृतिमाप्नुयात्॥ र त.

बारहसिंगे के सीगो को आरी से काट कर अग्नि मे डाल कर जला दे फिर कूट कर आक दूधकी भावना दे टिकिया बनाय सम्पुटकर गजपुट की आँच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो मृग शृग की उत्तम भस्म बने।

(३) मृगशृग के टुकडो को थोहर के नुगदे में रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो सींग की भस्म बने। अ त

(४) मृगशृग को अजवायन, सोरा के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। अ त.

(५) मृगशृग को आग मे जला कर कूट कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। सि. यो स

(६) मृगशृग को आक के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे या कुमारी मे सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने।

र त सा, सि भै मा, यू सि. यो.स, र ति, म अ, चा चि.

(७) मृगशृग को घी मे भिगो कर दूधी के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे, पुन थोहर दूधकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर एक पुट और दे तो अच्छी भस्म बने। सि. भै मा

(८) मृग सींग को आग में जला ले फिर दही की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने।

(९) मृग शृग के बराबर सोरा, अजवायन मिलाय सम्पुट कर १० सेर

उपलो की आच दे तो भस्म बने। म अ

(१०) मृग शृग को आग पर जला लें पुन खरल मे डाल बकरी मूत्र, दही, कुमारी, बनगोभी, बारतग, वासा प्रत्येकके रस की १-१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। म अ

(११) मृगशृग को ७ दिन आक दूध मे भिगो कर सम्पुट कर १० सेर उपलोकी आच दे फिर आक दूधकी भावनादे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर इस विधि से ७ पुट दे तो उत्तम भस्म बने। यू. सि यो.स, चा चि,

(१२) मृग शृग को अजवायन के मध्य रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस विधि से १४ पुट दे तो उत्तम भस्म बने। म. अ

(१३) मृगशृग को आक, कटेली, धतूरा, बकायन इनमें एक एक पुटके बाद दूसरी पुट दे। १०-१५ सेर उपलोकी आच हो। ४ पुटमें यह भस्म बनेगी। इसके सेवन से श्वास रोग में अवश्य लाभ होता है। मात्रा १ माशा शहद से दे। वि.नू

(१४) **मृगशृङ्ग योग**—बारहसिंगा को स्त्रिदुग्धमें घिसकर नेत्रमें आजनेसे फोला जाता रहता है। अनुभूत है।

(१५) बारह सिंगा को शरावमें घिस कर पार्श्व शूलपर लगाने से तत्काल लाभ होता है अन्य दर्दो मे भी लेप से लाभ होता है।

(१६) बारह सिंगा को अर्क गुलाब में घिस कर पिलाने से वातज व श्लेष्मज दर्द व शोथ में लाभ होता है।

शृङ्गराज भस्म के गुण—दमा, खासी, पाण्डु, यकृतावरोध, सुजाक आन्तरिक क्षय, शोथ, ऋतवाधिक्य, अतिसार, अर्श, वृकशूल, (कोलिञ्ज) आध्मान, शोथ यकृत प्लीहा व वस्तिका, आमवात, प्रदर, मन्थर ज्वर मे लाभदायी है। नेत्र में लगाने से नेत्र स्राव, नेत्रकण्डु, धुन्ध, जाला मे लाभदायी है। शक्तिवर्धक है, वीर्य को गाढा करती है। अगद है। न० ३ की शृंग भस्म सन्धिदर्द, स्नायु पीडा, श्वास, कास, फुफुस प्रदाह, डब्बा, पार्श्वशूल में तथा श्लेष्म ज्वरोमे लाभदायी है।

शुक्ति भस्म

(१) शुक्तिकां खण्डशः कृत्वा सम्पुटस्थां तत. पुटेत्।
हिम कुन्देन्दु संकाशं शुक्ते भूतिं समाहरेत्॥ र त

सीप के टुकडो को सम्पुट में रख गजपुट की आच दे तो सीप की सफेद भस्म वने ।

(२) सीप को कुमारी के नुगदे में रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो सीप की भस्म वने । अ स.

(३) सीप को आक के दूध में सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो सीप की भस्म वने । मखजन, मि. ख, अ. ति,

(४) सीप को भाग के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सीप की भस्म वने । अ स, अ त.

(५) सीप को सिरस के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सीप की भस्म वने । अ. हि.

(६) सीप को निम्बू रसमें उवाल, धोय, सुखाय चूर्ण कर फिर अर्क गुलाव की ३ भावना दे तो यह विना अग्नि की भस्म भी उपयोगी वने । सि यो स

(७) सीप को तपा कर धनियां क्वाथ में वुझावे फिर इसीके क्वाथ की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय अजवार के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सीप की भस्म वने । अ. त.

(८) सीप को निम्बू रस मे भिगोय मक्खन में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सीप की भस्म वने । स अ

सीप भस्म के गुण—ज्वर, श्वास, कास, अतिसार, सग्रहणी, ऋतवाधिक्य प्लीहा रोग, यकृत विकार, प्रमेह, प्रदर, हृददाह, हृदयोद्वेग में लाभदायी है । मात्रा २ से ४ रत्ती ।

सीप भस्म अनुपान—त्रिफला, मुलहठी चूर्ण या त्रिकटु चूर्ण से शूल में आमला चूर्ण मकोय रस से हृदरोग में, त्रिकटु शहद वासा रस से श्वास मे, मधु पीपर से मन्दाग्नि मे, तृणपञ्चमूल क्वाथ से मूत्रशर्करा मे, त्रिकटु जवाखार नमक मधु से प्लीहा वृद्धि मे, वग शिलाजीत से प्रदर, प्रमेह में, जवाखार नमक और तक्र से अतिसार सग्रहणी मे, यवक्षार सोनामक्खी भस्म शहद से अम्लपित्त में सीप भस्म को देवे ।

सप्त धातुओं की भस्म

(१) सूतस्य द्विगुणं गन्धंमल्लेन कृत कज्जलीम् ।
द्वयोः समं कृतं धातु चूर्णमम्लेन मर्दयेत् ॥

शरावसम्पुटान्तस्थं मध्यं ऊर्ध्वं च सैंधवम् ।
अष्टयामाद्धवेद्भस्म सर्वयोगेषु योजयेत् ॥ र, सा, वै. द

रस सागरे भिन्न पाठ प्रतिपादित किन्तु एको भाव ।

पारे से दुगुना वलि मिला कर कज्जली वनाय निम्बू रस में घोट इस कज्जली के वरावर कोई भी धातु पत्र वनाय उन पर लगाय मुखाय सम्पुट कर लवण यन्त्र मे दावू दे ८ प्रहर की आच दे तो समस्त धातुओ की भस्म हो ।

(३) पत्राणि सर्वधातूनां तत्तुल्या कज्जली तथा
दावा दलान्तरे तच्च वालुका यन्त्रगं पचेत् ॥
पृथक् पृथक् सूर्यनाड़ी वह्निभिर्दीपिकादिभिः ।
भस्मीभवन्ति सर्वेऽपि स्वर्णाद्या. सर्वधातव. ॥ र च

किसी भी धातु के पत्र वना कर उस के वरावर कज्जली को पत्रो के मध्य विछाकर सम्पुट कर वालुका यन्त्र मे रख कर ३ प्रहर से लेकर भिन्न-भिन्न धातु को १२ प्रहर तक की अग्नि क्रम से दे तो सुवर्ण आदि समस्त धातुओ की भस्म हो ।

(३) रीत्यानया वैद्यवरः प्रकुर्याद्रीत्या स्तथाताम्र मुखस्थधातो. ।
मन.शिलालस्य च योगतोऽपि कृत्वामसिं कूम्पदरे च भृत्वा
सर्वस्य धातोस्तलयाति भस्म कुर्वीत सूतं गलयाति तच्च ।
रसा सा

इसी रीति से वैद्यवर धातुओ का मारण करे अथवा ताम्र को कूपी में या काच कूपीमें या किसी धातु चूर्णको हरिताल मैनसिल मिलाकर काच कूपीमें भर दे और उसे वालुका यन्त्रमें रख ८ प्रहर की आच दे तो धातु भस्म तल में और रस सिन्दूर या ताल सिन्दूर गले पर लगा मिलेगा ।

(४) त्र्यूषण लवणं राजी आर्द्र चित्रकजैर्द्रवैः ।
सूतं पादांशकं मर्द्यं गन्धकं तत्समं क्षिपेत् ॥
काकोदुम्बरि दुग्धेन समांश नवसादरम् ।
मर्दयेत्त्रिदिनं सूतं साधनं योग मुत्तमम् ॥
एवं प्रकार सर्वे ते धातवः साधनेन वै । र सागर

त्रिकुट, नमक, राई, अद्रक, चित्रक इनके काढे मे प्रथम पारद को मर्दन कर पुन. उसके वरावर वलि और नौसादर मिलाय कठूमर के दूध मे तीन दिन

खरल कर इसका लेप किसी भी धातु के पत्र पर करके सुखाय सम्पुट कर जैसी धातु हो उसके अनुसार पुट दे तो इस योग से समस्त धातु की भस्म बने।

(५) नागं मन.शिला हन्ति हरितालं च वङ्गकम्।
हिङ्गुलेन तथा लोहं ताम्रं च शुद्ध गन्धकम्॥
रौप्य च तिल माक्षीकं स्वर्णं नागेन हन्यते। रसाध्याय

मैनसिल से सीसा, हरिताल से वग, हिंगुल से लोहा, वलि से ताम्र, तिल और मक्षिक से चादी, सीसा के योग से सुवर्ण की भस्म बनावे।

(६) वंग पलाशद्रव तालकेन नाग पयस्यार्क मनश्शिलेन।
शुल्वं ह्यजाक्षीरकगन्धकेन तीक्ष्णं च नाग पयहिंगुलेन॥
तारं च वज्रीपय माक्षिकेण हेमं शिलाऽऽवर्तक नाग भस्मना
तालेन वंग दरदेन तीक्ष्णं नागेन हेमं शिलया च नागम्।
शुल्वं तथा गन्धवरेण नित्यं तारं च माक्षीकवरेण हन्यात्।
व रा

वग पत्रो को पलाश द्रव में घोटी हरताल से, सीसा को आक के दूध में घोटी मैनसिल से, ताम्र को वकरी के दूध में घोटी वलि से, लोह और सीसा को दूध में घोटे हिंगुल से, चादी को थोहर के दूधमें घोटी माक्षिक से, सोने को नागभस्म माक्षिक और मैनसिल से, वग को हरिताल से, लोह को हिंगुल से, सोनेको सीसा भस्म से, सीसा को मैनसिल से, ताम्र को वलि से, चादी का माक्षिक से मारे।

(७) नागै सुवर्णं रजतञ्च ताप्यै र्गन्धेन ताम्रं शिलया च नागम्।
तालेन वंग त्रिविधं च लोहं नारीपयो हन्ति च हिंगुलेन।
अ क, र र, र च,

सीसा से सुवर्ण को, माक्षिक से चादी को, वलि से ताम्र को, मैनसिल से नाग को, हरिताल से वग को और तीनो लोहो को अथवा स्त्रि दुग्ध मे घोटें हिंगुल से तीनो लोहो को मारे।

(८) गन्धकं च मनश्शैलं हिंगुलं च रस समम्।
मातुलुङ्गाम्लजम्बीररसैः समर्द्यतेनतत्॥
शुल्वायो हेमतारादि कांस्यपत्राणि लेपयेत्।

इत्थं मुहुः सप्तवारं लेपयेदातपे क्षिपेत् ॥
मूषायामथ संस्थाप्य तत्पत्राण्यधरोत्तरम् ।
सम्यक् तद्रोधनं कृत्वा पुटयेत्सप्तवारकम् ॥
स्वांग शीतलमुद्धृत्य तस्मात्तद्धुन्य द्धृते ध्रुवम् । र को

बलि, मैनसिल,हिंगुल, पारा सब बराबर इन्हे निम्बू या बिजौरा रसमें घोट किसी धातु के पत्रो पर लेप कर सुखाय पुन इन्हीका लेप कर सुखावे, इस प्रकार लेपकी ७ तहे चढाकर सम्पुटमें रख जैसी आंच सह धातु हो उसके अनुसार गजपुट की या कुक्कुट पुट की पुट दे, इस प्रकार उक्त विधि से ७ पुट देने पर सुवर्ण से लेकर कासी, पीतल तक समस्त धातुओ की भस्म बने ।

(६) शिलागन्धार्क दुग्धाक्ताः स्वर्णाद्याः सर्वधातवः । (
म्रियन्ते द्वादशपुटैः सत्य गुरु वचो यथा ॥
शा ध, भा प्र, रसे चि, र प्र, र ज. नि, भा भै. र

मैनसिल और बलि को आक के दूध में घोट सुवर्ण आदि समस्त धातुओ के पत्रो पर इसका लेपकर सुखाय सम्पुट में रख आच दे, इस विधि से १२ पुट दे तो समस्त धातुओ की भस्म हो ।

(१०) कली (बग) चादी, सीसा, जस्त, पारा, प्रवाल, अकीक प्रत्येक तोला धातुओ को पिघला कर उसमें पारा डाल दे और ठण्डा कर कूट ले, फिर इसमें अकीक, प्रवाल का चूर्ण मिला कर कुमारी रस में खरल कर टिकिया बनाय सम्पुट में रख १५ सेर उपलो की अग्नि दे। पुन निकाल कर इसमें ४ तोला पारा २ तोला नौसादर मिला कर पुन कुमारी के रस में खरल कर टिकिया बनाय ५ सेर उपलो की अग्नि दे तो भस्म बने । अ त.

(११) मीठातेलिया को सिरका में ४० दिन तर करके सुखाय चूर्ण बनाय किसी भी धातु के नीचे ऊपर देकर सम्पुट कर दो उपलो की आंच दे तो समस्त धातु की भस्म हो । पा स.

संगयसब

सगयसब पत्थर अत्यन्त कठोर पत्थरो में से है, वास्तव में यह पत्थर उन अग्नि शिलाओ का उत्तम अश है जिनसे हमारे घोटने के सब से बढिया खरल बनते है । जिसका वर्णन उपोद्घात के छठे अध्याय के आरम्भ मे हम कर आये है । सगयसब पत्थर की कठोरता जरकन और क्राइसोबैरिल के मध्य मे है ।

इससे कठोर तो पद्मराग, नीलम और वज्र ही होता है।

हम उक्त अध्याय के वर्णन मे वतला आये है कि इस आग्नेय पाषाण मे अभ्र-मूल, वैक्रान्तमूल, तुरमलीमूल, माणिक्यमूल के तत्व मिश्रित हुए होते है। इसलिये यह पत्थर साधारण पत्थर नही है। दूसरे यह काश्मीर, ईरान के जिन स्थानो से प्राप्त होता है भूगर्भ विज्ञानियो का अनुमान है कि जब यह पिघ के रूप में रहा होगा उस समय यह आग्नेयशिलाओ के रत्नमूल तत्वो से अधिक पूर्ण था, इसीलिय इसका वर्ण इसकी स्वच्छता अन्य आग्नेय शिलाओ से वहुत उच्चकोटि की थी, हमारे रस गन्थो मे इसका कही उल्लेख नही हुआ। यूनानी के प्राचीन ग्रन्थो मे इसका उपयोग खूव हुआ है। यह पत्थर मूल्यवान् रत्नो से कम गुणवान् नही, इसकी महिमा यहाँ तक वढी हुई है कि इसको गले में धारण करने वाले को दिल के धडकन की वीमारी नही होती, ऐसा यूनानी चिकित्सको को विश्वास है। इसीलिये इसके वने सुन्दर तावीजो को हौलदिली कहते है। किम्वदन्ति है कि जिसके गले में हौलदिली पडी होती है उसकी हार्ट फेलसे मृत्यु नही होती। खैर ! कुछ हो यह पत्थर हृदयरोगो मे मस्तिष्क और स्नायु सम्वन्धी रोगो में विशेष लाभदायी पत्थर है जिसकी तुलना का अन्य पत्थर नही।

इस युद्धकाल के समय से इस पत्थर की आमद्नी घट गई है, वहुत कम मात्रा मे आता है इसीलिये अमृतसर, देहली के दूकानदार एक दूसरा पत्थर जो सगपशम के नाम से प्रख्यात है वह वैद्यो और हकीमो को इसके स्थान पर दे देते है, सगयसव और सगपशम वास्तव मे दोनो ही जहरमोहरा रग के हल्के हरे रग के पत्थर है, देखने में अच्छे अच्छे समझदार व्यक्ति धोखा खा जाते है। इसकी सवसे उत्तम पहचान यही है कि इस पत्थर को हथौडा से तोडा जाय तो संगयसव वडी मुश्किल से टूटता है और सगपशम जल्दी टूट जाता है। सगयसव के खरल इतनी मुश्किल से वनते है कि छोटे छोटे खरल कई कई सौ रुपये मे विकते है जवकि मूगिया पत्थर के वढिया खरल ३ रु० इच के हिसाव से मिल जाते है।

संगयसव भस्म की विधियां

(१) सगयसव के डले को तीव्र अगारो पर रखकर तपावे लाल हो जाने पर गुलाव के अर्क मे डाल कर वुझावे १५-२० वार तपा-तपा कर वुझाने से

यह पत्थर कूटने के योग्य हो जाता है फिर इसे कूट कर चूर्ण बनाय खरल मे डाल अर्क वेदमुश्क या गुलाब के अर्क मे खरल करके टिकिया बनाय सुखाय गावजवाँ के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आँच दे तो सगयसव की भस्म हो। स अ

(२) सगयसव पत्थर को तपा-तपा कर कुमारी रस मे बुझाते रहे जब पीसने के योग्य हो जाय कूट पीस कर शराब की ३ भावना दे टिकिया बनाय कुमारी के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आँच दे। दूसरी पुट अर्कदुग्ध की भावना दे, तथा तीसरी पुट शहद मे रख कर दे तो ३ पुट मे उत्तम भस्म बने। स अ.

(३) सगयसव को तपा-तपा कर अर्क गावजवाँ मे बुझाता रहे। जब कूटने के योग्य हो जाय तो कूट कर गावजावाँ अर्क की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस प्रकार ३ पुट दे तो उत्तम भस्म बने। र त सा.

(४) सगयसव पत्थर को अर्क केवडा मे तपा-तपा कर बुझावे फिर चूर्ण कर अर्क केवडा की ७ भावना दे सुखाय रख लें। र त सा

(५) सगयसव को तपा-तपा कर अर्क वेदमुश्क मे बुझावे जब कूटने योग्य हो जाय कूट पीस अर्क वेदमुश्क की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय गावजवा के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आच दे तो भस्म हो। कु अ

(६) सगयसव को तपा-तपा कर कुमारी रस मे बुझावे फिर चूर्ण कर पुनर्नवा, गोजिह्वा, कुलथी, गावजवा के मिश्रित क्वाथ मे घोट टिकिया बनाय सुखाय इन्ही के नुगदे मे रख सम्पुट कर गजपुट की आँच दे फिर निकाल अर्क केवडा, अर्क वेदमुश्क अर्क गावजवा की भावना देकर रख ले। या अ, मि. ख

संगयसब भस्म के गुण

जीर्णशिर शूल, प्रतिश्याय, नजला, विस्मृति, मनौलिया, उन्माद, हृदयोद्वेग, हृदयनिर्वलता, अपतानक (हिस्टीरिया), सर्पविष का अवशिष्ट प्रभाव, प्रसूताक्षेप, स्नायुओ का खिचाव, मस्तिष्क निर्वलता, हृदयप्रसार आदि रोगो मे लाभदायी है मात्रा २ रत्ती से ४-६ रत्ती तक है।

सीसा

द्रुतंद्रावं महाभारं छेदेकृष्णं समुज्ज्वलम् ।
पूतिगन्धं वहि.कृष्णं शुद्धसीसतमोऽन्यथा ॥ र. चू.

जल्दी अग्नि पर पिघलने वाला, मात्रा में सोना से भी भारी, बुरी गन्ध वाला, ऊपर से श्यामतायुक्त किन्तु काटने पर अन्दर से वगवत् उज्ज्वल ऐसा सीसा शुद्ध होता है इससे भिन्न अशुद्ध या सकर जाने ।

भौतिक गुण—ऊपर जो भौतिक गुण सीसा के ग्रन्थकार ने वतलाये है इसका विस्तृत रूप निम्न है । सीसा वास्तव मे श्वेतवगवत् उज्ज्वल धातु है किन्तु हवा के स्पर्श में वना रहने पर वह ऊष्मजन से प्रभावित होता रहने के कारण भूरा काला सा हो जाता है । यह ३२७ श. के उत्ताप पर ही पिघल जाता है और १५२५ श के उत्ताप पर वाष्पीभूत होता है । सोना जानी हुई धातुओ में सवसे भारी है अर्थात् उसकी मात्रा २०० है किन्तु सीसा इससे भी भारी है अर्थात् इसकी मात्रा २०७ २ है । यह घनवर्धनीय तो अच्छा है पर तान्तवता में अच्छा नही । तार खीचने पर इसके तार टूट जाते है । यह इतना नरम धातु है कि चाकू से काटे तो काटा जा सकता है और कागज पर पैसिल जैसी लकीर देता है ।

रासायनिक गुण—सीसा ऐसी नरम धातु है कि हवा और जल की उपस्थिति में यह ऊष्मजन से सयोजित होता रहता है और ऊष्मदीय क्षार (भस्म) के रूप में वदलता रहता है इस तरह का यह सीसा यदि ऊष्णजल में डाला जाय तो उसमे घुल जाता है इस घोल को पिया जाय तो यह शरीर के भीतर पहुँच कर शरीर के सन्धि स्थलो में सचित होने लग जाता है और उससे सीसा विष के लक्षण प्रादुर्भूत होते है ।

उक्त सीसा की भस्म या ऊष्मिद का रूप तो प्रकृति मे वनता है किन्तु प्रयोगशाला में या व्यापारिक रूप मे इसके निम्नलिखित ऊष्मिद वनाये जाते है । सीससोष्मिद (सी ऊ)

सीसकोष्मिद ($सी_२ ऊ_३$) सीसद्विऊष्मिद (सी $ऊ_२$) सीसचतुरोष्मिद (सी $ऊ_४$) सिन्दूर ($सी_३ ऊ_४$) । इसी तरह वलि से मिलकर ४ यौगिक वनाता है ।

यथा—सीसस वलिकाइद (सी व) सीसक वलिकाइद ($सी_2$ $व_3$) सीसद्विवलिकाइद (सी $व_2$) सीस वलिकेत (सी $व_1$) हम अपने रसग्रन्थों के आधार पर जो वनस्पतियों के योग से कटाह पुट द्वारा भस्म बनाते हैं वह सीससोष्मिद नामक पीली भस्म बनती है। और जब इसे ज्यादा दिन तक वनस्पतियों के साथ रगड रगड कर भस्म बनाते रहते हैं तो यह फिर सीस कोष्मिद में बदलता रहता है जिसका रग लालाई युक्त होता है और ज्यादा पुटे देने पर सीसा सिन्दूर के यौगिक में बदलता रहता है किन्तु उसमें वनस्पतियों के क्षाराश मिले हुए होते हैं इस लिए वह एक निश्चित रूपवाला ऊष्मिद नही होता।

इसीतरह जब हम मैनसिल, हरिताल या वलि मिलाकर इन के योग से सीसा की भस्म बनाते हैं तो वह प्रथम सीसवलिकाइद बनता है जो भूरा काला होता है। जैसे जैसे वलि या मैनसिल आदिसे मिलाकर पुटें दी जाती हैं वैसे वैसे वह अन्य वलि के वलिकाइदों में बदलता रहता है। जिनका वर्ण हल्का लाल या गहरा लाल हो जाता है। इस मे कुछ यौगिक ऊष्मिद का भी स्वत बन कर मिला होता है। हम अपने रसग्रन्थों के आधार पर जितने प्रकार की सीसा भस्म बनाते हैं इन्ही दोनों में से कोई होती हैं किन्तु इस समय के रसायन शास्त्री सीसा की कज्जलिका, लवणजन, नोनजन, ब्रह्मणिका, नैलिका आदि तत्त्वो के योग से बीसो प्रकार की (भस्म) बनाते है जिनका सम्बन्ध हमारे इस ग्रन्थ से नही है।

सीसा की ऊष्मिद भस्में

(कटाह पुटी) खर्परे निहितं नाग रवि मूलेन घर्षयेत् ।
यामत्रिकैर्भवेद्भस्म हरिद्वर्णमदूषणम् ॥
र रा सु, र ज नि, रसा सा.,

सीसे को खपरे में पिघलाकर आक जड से रगडते रहें तो ३ घटे में ही हरे रग की भस्म बन जाती है। ति र., अ स,

(२) भागैक महिफेनस्य नाग भागचतुष्टयम ।
घर्षणान्निम्बकाष्ठेन मन्द वह्नि प्रदानत. ॥
नागभूतिर्भवेच्छ्वेता नीर्य दार्ढ्य करीमता ।
र च, भा भै.र, अनु त, र रा सु, रस सा, र ज नि,

१ भाग अफीम, ४ भाग सीसे को कड़ाही में डालकर भस्म होने तक नीम के दण्ड से घोटे व चलाता रहे तो सीसा की भस्म बने। सि.भै.मा

नोट :—रसायन सार के कर्ता ने अहिफेन से भस्म बन जाने के पश्चात् ७ पुटें और दे ऐसा अपने ग्रन्थ मे उल्लेख किया है।

(३) लोहपात्रे द्रुते नागे घर्षणे तु प्रकारयेत् ।
चतुर्याम प्रयत्नेन मूलैश्चैव पलाशजैः ॥
अधस्तज्ज्वालयेत्सम्यग्ध ठाग्निं म्रियते ध्रुवम् ।
रक्ताभं जायते चूर्णं सर्व कार्येषु योजयेत् ॥
र ल, भा भै र, प्र सु, र च,

शुद्ध सीसे को कढाई में पिघला कर पलाश की जड से ४ पहर रगडता रहे तो सीसा की लाल रग की भस्म हो।

(४) अथवा दुग्धिका नीरैरभिषेके म्रियेत वै । र लं.

अथवा सीसा को कढाई में पिघलाकर नागाजुंनी की चुटकी देकर रगडता रहे तो सीसा की भस्म बने।

(५) अथवा सीसा को पिघलाकर वटजटा चूर्ण की चुटकी देकर वटदण्ड से रगडता रहे, एक ग्रन्थकार, वट के पत्र डालकर वटजटा से रगडे ऐसा कहता है। भस्म बन जाने पर एक घटा और आच दे। र.सि, धा वि, मि ख, म अ.

(६) ततो नागं लोष्टमध्ये वासाद्रावाजमोदके ।
तापयेद्वासकाकाष्ठैर्भस्मी भवति तत्क्षणात् ॥ व रा.

सीसा को कढाई में पिघला कर वासा का रस या अजमोद की चुटकी देकर रगडता रहे और वासा की लकडी से चलाता रहे तो सीसा की शीघ्र भस्म हो जाती है।

नोट :—गले हुए सीसा पर रस पडनेसे पानी का वह विच्छेद कर तिडकता है इसलिये सावधानी से इसे बनाना चाहिये।

(७) कर्परे सीसकंदत्वा वृषकाष्ठेन घट्टयेत् ।
निरन्तरं मासमेकं म्रियते तद्रविप्रियम् ॥ र ल

सीसा को ठीकरे में पिघलाकर वासा की हरी लकडी से रगडता रहे तो १ मास के निरन्तर रगडते रहने से सीसा की भस्म हो।

(८) चिञ्चाच[1] केचु भल्लात वला वज्रिलताभवैः ।

अथवार्कदुग्धेन भस्मीभवेदिति पाठः ॥
सप्ताह नागपत्रकं निक्षिप्य पचेत्तावत् ।
पलाश तरुदण्डेन क्षिपेत् नाग रसं [illegible]
लोहपात्रे तु सप्ताह पुटं भस्मानि [illegible]
रसरत्नाकरे इति पाठः ।
हटपलाशदण्डेन तं क्षणात्तु भस्मसात् ।
सानन्दे कन्दे इति पाठः ।

इमली, बहेड़ा, आँवला, निसोथ, चव्वी, अमलतास, अमलबेत, अमलवेत, पीपल इनमें से किसी भी वस्तु सीसा के बराबर ले। सीसा को पिघला कर उन वस्तुओं की चटनी बना कर ऊपर और नीचे दोनों ओर रखकर सीसा को फूंकते रहे। एक सप्ताह इस प्रकार करने से सीसा का भस्म बने।

(९) नाग गालितमग्निना परिमिना प्रक्षेप पूत सुरं
मृत्पात्रे हटकेतकी लघुपुट. सपर्पयेद्वैद्यराट् ।
भस्मीभूत मुदीक्ष्य वल्लतुलित क्षौद्रेण दद्यादसुं
दुर्वार प्रदर व्यथाऽपहरये नागेश्वरास्य रसम् ॥

[illegible]

सीसा को ठीकरे में डाल कर गलावे और साथ ही चटनी इस लिये के दण्ड से रगड़ता हुआ उसको भस्म बनावे, भस्म बन जाने पर उसे उसी ठीकरे में इकट्ठी करके १ प्रहर और आग देकर उतार ले और पीस रखे। मात्रा ३ रत्ती शहद में दे तो दुस्तर प्रदर दूर हो इसका नाम नागेश्वर ग्रन्थकार ने दिया है।

(१०) कुलीरास्थिक गोदन्त शेफाली त्रयवृक्षकैः ।
द्रवैः सम्मर्दयेत नाग मारयेत्खर्परेऽग्निना ॥ [illegible]

गले हुए सीसे पर गिरगिट की हड्डी, गोदन्ती, चूर्ण और सम्भालू ४ प्रकार का रस डाल कर रगड़ता रहे तो सीसा की भस्म बने।

(११) निशार्कदुग्धगोदन्तचिंचणीभवचूर्णकैः ।
लिप्त्वाऽथ नागपत्राणि मारयेन्पुटयोगत. ॥ [illegible]

हल्दी, गोदन्ती चूर्ण, इमली त्वचा चूर्ण को अर्क दुग्ध में घोट नागपत्रों

पर लेप कर सम्पुट कर ५-७ सेर उपलो की आच दे। दूसरे ग्रन्थकार कहते है कढाई मे सीसा को पिघला कर घर्षण विधि से उक्त चीजो में भस्म वना ले और व्यवहार मे लावे।

(१२) सीसा पारा सम भाग मिश्रण वनाय ढाक फूल, वेर छाल चूर्ण की चुटकी देकर भस्म वनावे। मा अ

(१३) नागं कपालमध्ये क्षिप्त्वाचाग्निं [1]निधापयेत्क्रमशः
चिंचात्वक् वचक्षारं स्वल्पंस्वल्पंविकीर्य कुन्तलेन
भागं पारद सीसं घृष्ट्वा घृष्ट्वा विचूर्णित सम्यक्।
तिलमानं खादयन्मधुना तरवटवीजेनमिश्रितं क्रमशः
पिटिका सहित विशेषं प्रमेहगणार्ति कुष्ठमनिलश्च।
हन्त्यल्पदिनाभ्यासात्सुपथ्ययोगान्नगेन्द्र नामोऽयम्॥

र चं, र र.स, र को, र र कौ, र रा सु, र.यो.सा, भा भै र

१ विशोपयेत् रसचण्डाशौ इतिपाठ।

सीसा को ठीकरे मे पिघला कर इमली छाल चूर्ण के भस्म की चुटकी देकर रगडता हुआ सीसा की भस्म वनावे। भस्म वन जाने पर उसमें वरावर का पारा डाल फिर घोटता रहे और जव भस्म की रगत वदल जाय उसे उतार पीस रखे। इस सीसा भस्म की मात्रा १ तिल के वरावर है। ग्रन्थकार कहता है इसे आहुली या रग नामक वृक्ष के वीज चूर्ण के साथ मिला कर शहद से सेवन करे तो १८ प्रकार के प्रमेह, १८ प्रकार के कुष्ठ, ८४ प्रकार के वातविकार थोडे दिन के सेवन से जाते रहते है यह नागेन्द्र नाम रस है।

(१४) सीसा को कढाई मे गलाकर कुमारी रस का गूदा डाल करछी से चलाता हुआ भस्म वनावे। ११ दिन नित्य इस तरह कुमारी का गूदा डाल कर रगडता रहे तो लाल रगकी सीसा की उत्तम भस्म वने। म अ

(१५) १० तो० सीसा को पिघला कर सोरा की चुटकी देकर मूसली से रगडते हुए भस्म वनावे, सोरा ४० तो० खर्च करे ४ प्रहर मे भस्म वन जाती है। असरार सदरिया का लेखक सोरा के साथ भाग की चुटकी भी डालना लिखता है। अ स,मा अ,अ.त,स अ,मि ख.

(१६) सीसा को पिघला कर सोरे की चुटकी दे आक की लकड़ी से रगड़

कर भस्म बनावे। फिर कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय तीव्र आंच पर रख कर सेंके, इस प्रकार ७ वार करे फिर ३ वार चूका की भावना देकर सेक तो खाने योग्य सीसा बने। मा ग्र

(१७) तिर्यगाकारचूल्ल्यां तु तिर्यग्वक्त्रघटं क्षिपेत्।
तद्वक्त्रं च विना सर्वं गोमयेद्यत्नतो मृदा॥
आष्टयन्त्राभिवंतस्मिन्यन्त्रे सीसं विनिक्षिपेत्।
पलं विंशतिके नाग मधस्तीव्रानलं क्षिपेत्॥
द्रुते नागे क्षिपेत्सूत शुद्धंकर्षमिव शुभम्।
[1] घर्षयित्वाक्षिपेत्क्षारमेकैकं हि पलं पलम्॥
अर्जुन[2]स्याच्च वृक्षस्य महाराज तरोरपि।
दाडिमस्य[3]मयूरस्य क्षिप्त्वा क्षारं पृथक् पृथक्॥
एवं विंशति [4] रात्राणि पचेत्तीव्रेण वह्निना।
विघट्टयन्दृढं दोर्भ्यां लोह दर्व्या प्रयत्नतः॥
रक्तं तज्जायते भस्म [5]कपोताभं विवर्जयेत्।
नागं दोषंविनिर्मुक्तं जायते [6] तु रसायनम्॥

र. र स, रसे चू, पा.स.र चू, र यो सा, र ज नि

१ विमृद्य इति रस चूडामणौ

१ विघट्टय इति रसेन्द्र चूडामणौ २ अर्जुनस्यास्य इति रसेन्द्र चूडामणौ। ३ गिरे रपि इति रस चूडामणौ। ४ वाराणि इति रस रत्न समुच्चये रसेन्द्र चूडामणौच। ५ कपोतछायमेवच इति रसेन्द्र चूडामणौ। ६ जायतेऽति इति रसेन्द्र चूडामणौ।

भरभूंजा की तिरछी भट्ठी जैसी भट्ठी बना कर उस में १ सेर सीसा डाल कर पिघलावे, जब सीसा पिघल जाय उसमें १ तोला पारा डाल दे फिर उसमे अर्जुन, बहेडा, अमलतास, अनार, अपामार्ग प्रत्येक की ४-४ तोला भस्म ले कर इनकी चुटकी देता जाय और रगडता रहे इस प्रकार २० दिन तक रगडता रहे और तीव्र अग्नि देता रहे। दूसरे ग्रन्थ का यह अभिमत है कि उक्त भस्म २०-२० तोला बीस बार डाल कर रगड़ता रहे। बीस दिन घोटने पर लाल रग की भस्म बनेगी उस ठीकरे मे किनारे किनारे कुछ सीसा भस्म कपोतवर्ण की लगी रहे उसे ग्रन्थकार कहता है कि त्याग दे। दूसरा ग्रन्थ-

कार कहता है कि सारी सीसा भस्म कपोत छायायुक्त लाल होगी।

(१८) लोहपात्रे द्रुते नागे चूर्णितं रसकं शुभम्।
पिष्ट्वा चूर्णं पचेद्याम चाल्यो पाषाणमुष्टिना॥
यामान्ते हिंगुले क्षेप्यं चूर्णितं नागतुल्यकम्।
मर्दयेत्तदवच्छिन्न दृढं पाषाण मुष्टिना॥
पचेच्चण्डाग्निना यावद्विनानामेक विंशतिम्।
जायते कुंकुमाभस्तु तारं तेनैव वेधयेत्॥ वै. चि., र यो सा

सीसा को कढाई में पिघला कर उस के बराबर खर्पर चूर्ण डाल लोहे की या पत्थर की मूसली से रगडता रहे,३ घन्टे बाद उसमें हिंगुल की चुटकी देकर घर्षण करता रहे, हिंगुल सीसा के बराबर खपादे, इसके बाद धीरे-धीरे तीव्र आच देता तथा रगडता रहे इस विधि से २१ दिन घर्षण करे और आंच दे तो सीसा की लाल भस्म बने। इस का नाम नाग सिन्दूर है।

(१९) शुद्धं सीसं समादाय खर्परोपरिनिक्षिपेत्।
वह्निं चुल्ल्यां समारोप्य ज्वालयेच्छनकै शनैः।
द्रुते नागे तदूर्ध्वंच तालचूर्णं प्रदापयेत्।
किंचित्किंचिन्निघृष्याथ लोह दर्व्या भिषग्वरः॥
कज्जलाभंभवेद्भस्मतदुतार्या प्रदापयेत्।
गुञ्जाद्वयमितं जग्ध्वा दद्रुघ्नो रजनी तथा॥
वाकुची बीज निम्बत्वग्वाणपुंखानिचूर्णयेत्।
क्षाराम्ल रहितान्नं च भोज्यं कुष्ठ निवारणम्॥
र र कौ, र यो स

सीसा को ठीकरे मे पिघला कर उसमे हरिताल की चुटकी दे कर घर्षण विधि से भस्म बनावे यह भस्म काले रग की बनेगी। इसे पीस रखे पनवाड बीज, हल्दी, बावची, नीव,सरफोका इनके मिश्रित चूर्णसे २ रत्ती उक्त भस्म सेवन करे तो समस्त कुष्ठ दूर हो। सेवनकालमें खटाई,खार,नमक रहित भोजन करे।

(२०) सीसा के बराबर फिटकरी ले सीसा को गला कर फिटकरी की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म बनावे। मखजन

(२१) सीसा को पिघला कर उस के बराबर वलि की चुटकी दे घर्षण विधि से भस्म बनावे तो सीसा भस्म बने। अ त, या अ, ति अ

(२२) न० २१ की विधि से भस्म बनाने के पश्चात् उसे कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघु पुट की आच दे तो उत्तम भस्म बने। र सि

(टाटपुटी) (१) जीर्ण सर्पप सम्भूत खलेन पुट योगतः ।
मृति माप्नोति मातंगस्तिलत्थ खलतोऽपिवा ॥ र ल

सीसा के वारीक पत्र बनाकर पुरानी सरसो की खल या तिल की खल के चूर्ण को टाट पर विछाकर उस पर सीसा पत्र विछाय खल चूर्ण से ढँक पुन पत्र विछाय फिर खल से ढँक उस पर दूसरा टाट रखकर लपेट आग लगा दे या नीचे करसी (उपल चूरा) विछाकर उस पर टाट विछाकर क्रम से उक्त विधि द्वारा टाट से ढकने के बाद करसी की एक तह देकर अग्नि लगा देते है। दोनो प्रकार से बनाते है। अथवा टाट को लपेट सम्पुट मे बन्द कर २० सेर उपलो की भी आच देते है। किसी विधि से बनावे सीसा भस्म बन जाती है।

(२) उक्त विधि से सीसा पत्र को इमली छाल चूर्ण मे रखकर भी बनाने से बन जाता है। स अ

(३) उक्त विधि से निम्वपत्र चूर्ण मे रखकर पुट दे तो सीसा भस्म हो। स अ, मि.ख

(४) सीसा, पारा समभाग मिश्रण कर पत्र बनाय हरिताल, हिंगुल, मीठा-तेलिया, अफीम, धतूरा वीज सव सीसा से चौथाईले शरावमे घोट पत्रो पर लेप कर सुखाय भागरा, बबूल, भाग, हरमल-इनके चूर्ण पर पत्र विछाय उपल सम्पुट मे रख आच दे तो भस्म बने। मखजन

(५) सीसा, पारा समभाग मिश्रण कर पत्र बनाय उसका दसवाँ भाग हरिताल, हरितालसे आधा अफीम, अफीमसे आधा सोमल इन सबको अर्क दुग्ध मे घोट उन पत्रो पर लेपकर भिलावा तिल के चूर्ण पर विछाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की पुट दे तो भस्म हो। मा अ.

(एक पुटी) (१) रसष्टङ्काष्टको गन्धष्टङ्क षोडश सम्मितः ।
कज्जलीं कारयेद्यत्नाच्छुङ्गवेररसेन च ॥
भावनास्तत्र दातव्या स्त्रयो विंशति संख्यकाः ।
चतुर्विंशति टङ्काश्च कूपिका नाग सम्भवाम् ॥
निर्माय स्थापयेदेतां कज्जलीमार्द्र भाविताम् ।

मृदालिप्तां सुशुष्कां च ततो गजपुटे पचेत् ॥
तत्सर्वं चूर्णयेत् खल्वे स्थापयेत्काच भाजने ।
रक्तिकैकरसेदत्त्वा भक्षयेत्प्रत्यहं रसः ॥

रसा सा, र सि स, र यो सा.

पारा ३ तो०, वलि ६ तो० कज्जली वनाय अद्रक रस की २३ भावना दे पश्चात् १२ तोले सीसे की कटोरी वनाय उसमे कज्जली भर दे और सम्पुटकर गजपुट की आच दे, स्वाग शीतल होने पर निकाल पीस ले ।

नोटः—रसायन सार के कर्ता ने कज्जली को गुजा क्वाथ की भावना देना लिखा है तथा डमरुयन्त्र मे आच देने का विधान वताया है । इस भस्म को पुन ठीकरे मे डाल गुजा चूर्ण की चुटकी देकर नीम के दण्डे से २ प्रहर तक रगड कर भस्म वनाने का विशेष विधान वताया है ।

(२) नागं विशुद्धन्तु निधाय दर्व्यां प्रद्रावयेत्तीव्रतरानलेन ।
द्रुतं समालोक्य भिषग्वरेण्यः पादांशमीश द्रुतमेवदद्यात् ।
द्रुतन्तु भूमाववतार्य खल्वे सम्पेषयेत्सत्वरमेव यत्नात् ।
प्रक्षाल्य साम्लेन जलेन नून विशोष्य नीरं विदधीत चूर्णम् ॥
निक्षिप्य सीसाद्द्विगुणंतु गन्ध सम्पेषयेद्याम युगं प्रयत्नात् ।
विलोक्य चूर्णं खलु कज्जलाभ निधापयेद्वैद्यवरः शरावे ॥
शराव सम्पुट स्थित पुटेल्लघौ पुटे ततः ।
स्वतः सुशीतलांगते शराव माहरेद्भिषक् ॥
विभिद्य सम्पुटात्ततः शुभं सुकज्जलप्रभम् ।
मृतन्तु सीस माहरे द्रसायनागमार्यम् ॥ र त

सीसा को करछी में पिघला कर उसमें वरावर का पारा मिश्रण कर गरम को ही खरल में डाल घोटे और खूव घोटे । फिर सीसा से दूना वलि मिलाय छ घटे तक घोट सम्पुट में रख लघुपुट की आच दे तो कज्जल सदृश सीसा की भस्म वने ।

(३) सीसा पत्र को जख्महयात के रस की भावना दे इतनी घुटाई करे कि सीसा के पत्र उस रस मे मिलकर तद्रूप हो जाय उस की छोटी २ टिकिया वना ले और ३-३ सेर के एक एक उपले वना कर सुखाय एक उपले पर जख्महयात का चूर्ण विछा कर उस पर वह टिकिया विछाय जख्महयात के चूर्ण से ढक ५

सेर उपल का सम्पुट वनाय ३-४ सेर और उपलो में रख आग दे दें। लेखक कहता है यह सीसा की श्वेत रग की भस्म वनेगी। स अ., मा अ.

(४) सीसा को गला कर बरावर का पारा मिलाय भिलावा क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय एक एक सेर के उपल सम्पुट मे रख आच दे तो भस्म वने। म आ., मि ख, मा अ.

नोट—इसके नीचे ऊपर कोई वनस्पतिका चूर्ण नही दिया गया है यदि कोई वनस्पति चूर्ण विछा लें या कवूतर की विष्ठा विछा कर आग दे तो भस्म वनने में आसानी होगी।

(५) सीसा के वारीक पत्र वनाय पुनर्नवा रस की और वटजटा क्वाथ की भावना तव तक दे जव तक सीसा रस में मिलकर तद्रूप न हो जाय फिर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ४-५ सेर उपलो की आच दे तो सीसा भस्म हो। अ स

(६) सीसा के पत्र वनाय पीपल की कोपल के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की आँच दे तो सीसा भस्म हो। अ स

(७) सीसा को गलाकर वरावरका पारा मिलाय वारीक पत्र वनाय हब्बुल्लास (मोडियो) के पत्र या मेहदी चूर्ण मे रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आँच दे तो सीसा भस्म हो। अ. स

(८) नागं खर्परके निधाय कुनटी चूर्णं ददीत द्रुते।
निम्बूत्थद्रव गन्धकेन पुटित भस्मी भवत्याशुकृत्॥
[1] एक तालक वापतस्तु कुटिलं चूर्णी कृते तत्पुटेत्।
गन्धाम्लेन समस्तदोष रहितं योगेषु योज्यं भवेत्॥

र का धे, रसे चि, र त, वृ यो त, र ज नि।

१ एव इति रसचिन्तामणौ।

ग्रन्थकार सीसा भस्म वनाने की तीन विधियाँ एक साथ वताते है। कहते है — ठीकरे मे सीसा पिघला कर मैनसिल के चूर्ण की चुटकी दे कर रगडते हुए भस्म वनावे। (२) गन्धक की इसी प्रकार चुटकी दे कर निम्बू रस से भस्म वनावे। (३) अथवा सीसा को पिघलाकर हरिताल की चुटकी दे कर भस्म वनावे इनमें से गन्धक और अम्ल योग से जो भस्म वनाई जाती है वह समस्त दोषो से रहित अनेक योगो मे डालने के योग्य होती है। म अ.

वक्तव्य—उक्त विधि को रसकामधेनुके सग्रह कारने निम्न रूपमे दिया है। अथखपरे नाग द्रावयित्वा चिञ्चादि भस्म दत्वा, मृद्भाण्डे रोधयित्वा, मन. शिला दत्वा गजपुटे पचेत् एव षष्टि पुटानि षण्मासपर्यन्त वा पुटानि दद्यात् ।

रसनरगिणी कारने सीसा को मैनसिल की चुटकी दे कर कटाह पुट मे भस्म वनावे भस्म वनाने के वाद पुन वलि मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर अर्धगजपुट की आच दे, इसी विधि से ३ पुट दे ऐसा लिखा है ।

(६) शिलयावाऽथ पुटनाद्रविदुग्धे प्रविष्टया ।
वलि योगेन पुटनान्म्रियते ताप्यतोऽथवा ॥ र. लं.

मैनसिल के योग से या वलि के योग से या माक्षिक के योग से सीसा की भस्म वनावे। मैनसिल आदि का कल्क आक दूध मे वनावे और उसका लेप कर पुटे दे ।

(दो पुटी) अश्वत्थ चिञ्चात्वग्भस्म भस्म तुल्या मनःशिला ।
जम्बीरैरारनालैश्चपिष्ट्वा रुध्वा पुटे पचेत् ॥
स्वांग शीतं पुनः पिष्ट्वा विंशत्यांश शिलात्मकैः ।
नाग सिन्दूर वर्णाभा म्रियते सर्व कार्य कृत् ॥ यो. चि.

पीपल और इमली की भस्म के वरावर मैनसिल सवको जम्बीरी के रस मे पीस कर कल्क वनाय सीसा पत्रो पर उस का लेप कर सुखाय सम्पुट कर अर्धगजपुट की आच दे पुन सीसा से २०वा भाग मैनसिल मिलाय जम्बीरी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर एक पुट और दे तो दो पुट में सीसा भस्म वने ।

(३ पुटी) शिलारविदुग्धेन नाग पत्राणि लेपयेत् ।
मारयेत्पुट योगेन निरुत्थ भस्म जायते ॥
र.सागर., र र स., पा. स., र ज नि.

मैनसिल को आक के दूध मे घोट सीसा पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो सीसा की उत्तम भस्म वने ।

(२) सुशोधितस्य नागस्य सूक्ष्म पत्राणि कारयेत् ।
तच्चूर्णेन सलिप्य प्रपुटेद्गोमयाग्निना ॥
भस्मी भूतं तु तन्नाग चित्रकद्रवसंप्लुतम् ।

शराव सम्पुटे दत्वा पुटेद्गजपुटे तथा ॥
मर्दयेच्च तथा पश्चान्निरूत्थं भस्म जायते । र. म., र का. धे.

मैनसिल को अम्लरस में घोट सीसा के शुद्ध पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे पुन चित्रक रस की भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे इस प्रकार ३ पुट दे तो सीसा भस्म वने ।

(३) पलाशवीजतैलेन शिलांसमर्दयेद्दृढम ।
तनूनि नागपत्राणि तेन शुद्धानि लेपयेत् ॥
पादांशं पारदं क्षिप्त्वा संपुटेरोधयेच्चतत् ।
दाहयेच्च चतुर्याम शीतं कुर्यात् पुनस्तथा ॥
तथा लिप्त्वा दहेत्तावद्यावद्भस्मत्वमाप्नुयात् ।
र का धे, र यो. सा, भा भै. र

पलास पापडा तेल में मैनसिल को घोट सीसा पत्रो पर लेप कर सम्पुट रस अर्ध गजपुट की आच दे, पुन पारा सीसा से चौथाई और मैनसिल मिलाय ढाक वीज तेलमें घोट सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी प्रकार एक पुट और दे तो सीसा की उत्तम भस्म वने ।

(४) कुनटी माक्षिकं चैव समभागं तु कारयेत् ।
अर्कपर्णेन तत्पिष्ट्वा सीसपत्राणि मारयेत् ॥
सतिक्त मधुरो नागो मृतोभवति भस्मसात् ।र च,र र, र ज नि रसचण्डाशो तृतीयपाद अधिक ।

मैनसिल, माक्षिक दोनो सीसा पत्र के वरावर लेकर अर्कपत्र मे घोट सीसा पत्र पर लेप कर सम्पुट कर लघुपुट की पुट दे, इस तरह कम से कम ३ पुट दे तो सीसा की भस्म वने ।

(५) त्रिभिः कुंभीपुटैर्नागो वासारस विमर्दितः
सशिलो भस्मतामेति तद्रजः सर्व मेहनुत् । र च,र रा.सु,र प्र सु, र.र प्र,र.का धे,र ज.नि.पा स,वृ यो त,र सा प,रसा.सा,रसमजरी

सीसे को मैनसिल के साथ अडूसा के रस में घोट, टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर अर्धगजपुट की आच दे इसी विधि से ३ पुट दे तो सीसा भस्म हो ।

नोट—रसायन सार के कर्ता ने वासा के स्थान में अर्क दुग्ध की भावना

दी है। और कूपी पाक करने का आदेश दिया है।

(६) सीसा का वुरादा करके गुलावासीके रसमें घोटे जव सीसा उस रसमें तद्रूप हो जाय उसके वाद वेर के रस की एक भावना और दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५-६ सेर उपलो की पुट दे। पुन दूनरी पुट अर्क दुग्ध की तथा तीनरी कुमारी रस की दे। चारु चिकित्सा के लेखक ने कुमारी के स्थान पर पोस्तडोडा क्वाथ की भावना देकर पुट दी है। चा चि ,म अ ,मा अ

(७) पल प्रमितं नागं तिलतैले सप्तवारं विशोध्य, पश्चाद्विस्तीर्ण हण्डिकायां द्रवीकृत्य, वर्तुल पाषाणेन मर्दनपूर्वकं कासीसस्योत्तमस्य चूर्णं नागपरिमित स्वल्पं स्वल्प दत्त्वा दत्त्वा मारयेत्, मृतंनागं घटीद्वयं वह्नावेव स्थाप्यम्। पश्चाद्भाजनेतच्चूर्णं दत्त्वा, उष्णोदकेन सप्तवारं सुधौतम् धर्मेसंशुष्क च विधाय, अर्कदुग्धेन प्रहरद्वय मर्दयेत्। पश्चाच्चक्रिकां कृत्वा संशोष्य शराव सम्पुटेधृत्वा पञ्च पट्कपरिमितैर्वनोपलै. पुटेत्। पश्चात् पारद. पलमितः गन्धक आमलासाराख्यः पलप्रमित. द्वयो कज्जलीं कृत्वा पूर्व सिद्धमृतनागे विमिश्र्य मर्दयित्वा सहदेव्या रसेन मर्दयेत्प्रहद्वयं, ततश्चक्रिकां कृत्वा विशेष शराव सम्पुटे धृत्वा पूर्णं गजपुटं दद्यात्। तत. स्वागशीतं गृहीत्वा कुमारी रसेन मर्दयेत्। तदुपरि अर्कदुग्धेन मर्दयेत् प्रहरैक, पश्चाच्चक्रिका कृत्वा सशोष्य शराव सम्पुटे धृत्वा पच पट्क परिमितैर्वनोपलैः पुटेत् तदनन्तर तस्य सहदेव्या रसेन पुटैक दद्यात् ततः सिद्धो जातः। इति नागेश्वरो नामा रसः। मात्रां रक्तिका द्वयम्। आ वे प्र ,भा भै.र

५ तो० सीसा को ७ वार तिल तेल में वुझावे। फिर उसे पिघला कर थोडा थोडा कसीस चूर्ण की चुटकी देकर रगडते हुए भस्म वनावे। भस्म होने के कुछ देर वाद और अग्नि पर रहने दे। फिर उसे खरल में डाल पानी से रगड कर धो डाले। फिर अर्क दुग्ध की एक भावना दे टिकिया वनाय शराव सम्पुट में रख ३० वनोपल की पुट दे फिर इसमें पारा वलि ५-५ तो० की कज्जली मिलाय सहदेवी रस की भावना दे, टिकिया वनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, फिर उसे कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सम्पुट कर ३० वनोपल की पुट दे। इसी प्रकार १ भावना सहदेवी की देकर पुट दे तो उत्तम भस्म वने। मात्रा २ रत्ती। मण्डलकुष्ठ गलित्कुष्ठ में लाभ

दायी लिखा है।

(४ पुटी) सीसा के पत्र बनाय उसका आधे हिंगुल, हरिताल को निम्बू रस में घोट सीसा पत्र पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर ८ सेर उपलों की आंच दे। मनाउल अवसीर का लेखक कहता है कि हिंगुल, हरिताल के साथ निम्बू रस मे इतना घोटे कि सीसा उसमे मिल जाय पुन टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर पुट दे। तत्पश्चात् ३ पुट कुमारी रस की दे। इन पुटो में हिंगुल, हरिताल मिलाने की जरूरत नही। म अ, मि ख

(६ पुटी) अथवानागपत्राणि चूर्णलिप्तानि खर्परे।
अत्यग्नौ पाचयेद्याम तद्भस्मचित्रकद्रवैः॥
भर्जयेल्लोहजेपात्रे चालित पार्थदण्डकै.।
याम षोडशपर्यन्तं द्रवोदेयः पुन. पुन.॥
दण्डेनमर्दयेत्क्वाथ मुद्धृत्य चित्रक द्रवैः।
गोलयित्वा निरुध्याथ षट्पुटे मारयेल्लघु॥ र र, र ज नि

रस जलनिधे निम्नपाठ दृश्यते।

पाकान्ते सर्व मुद्धृत्य मर्दयेच्चित्रक द्रवैः।
गोलयित्वाविमारयेत्षड्भि' र्लघुपुटैश्चतत्॥ र ज नि

सीसा के पत्रो को कढाई में गलाकर चित्रक चूर्ण की चुटकी दे ताजी अर्जुन वृक्ष की लकडी से रगडता हुआ भस्म बनावे। १६ प्रहर में भस्म बन जाती है पुन चित्रक क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आंच दे, इस विधि से ६ पुट दे तो सीसा की भस्म बने।

(७ पुटी) कुडवनागपत्राणां कुनट्या.स्यात्पलार्धकम।
तंदुलीयरसै र्यामं यामंवासा रसैस्तथा॥
सम्मर्द्य चक्रिकां कृत्वा घर्मे संशोष्यतत्पुनः।
शराव सम्पुटे कृत्वा पचेद्वन्योपलैर्भिषक्॥
एवं सप्तपुटैर्नागो भस्मी भवति निश्चितम्।
द्विगुञ्जोऽयंध्रुवं हन्यात्प्रमेहानखिलान्गदान्॥
र रा सु, वै द, वृ र प्र, र ज नि.

३२ तोला सीसे के सूक्ष्म-पत्रोको २ तोला मैनसिल के साथ १ प्रहर चौलाई के रस में घोटे, पुन एक प्रहर वासा रस में घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट

कर वनोपल की लघु पट दे इस प्रकार ७ पुट दे तो सीसा भस्म वने। मात्रा २ रत्ती है समस्त प्रमेह में लाभदायी है।

(२) भूनागागस्त्य पत्राणिपिष्ट्वा पत्रविलेपयेत्।
वासापामार्गजं क्षारं तत्र नागयुत क्षिपेत्॥
गुरुक्तितश्चतुर्थांशं वासादर्व्या विघट्टयेत्।
यामैकेन भवेद्भस्म ततोवासा रसान्वितम्॥
एवं सप्तपुटै र्नागः सिन्दूराभः प्रजायते। र मा, पा स, रसे. चि र का धे, र च, वृ यो त, र त, रसमजरी, र रा सु, र ज नि रस चडाशु, वृहद्योगतरगिणी, रसतरगिण्या भिन्न पाठ प्रतिपादित १ भू भुजगमगस्त्यच इतिरसचडाशौ। २ तद्रसेविद्रतेनागे रसमजर्यामितिपाठ।

केचुए को अगस्त्य के पत्ते के साथ पीस कर मिट्टी के पात्र मे लेप करे उसमें सीसे को पिघला कर वासा और अपामार्ग की भस्म चौथाई डाल कर वासा की लकडी से रगडता जाय १ पहर मे भस्म होगी। फिर उस भस्म को खरल में डाल वासा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर लघु-पुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो सीसा की लाल रग की भस्म वने।

नोट—रसतरगिणीकार ने ७ पुट देने के वाद भस्म से आधा हरिताल मिलाकर वासा रस में घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर इस विधि से ३ पुट और देने का आदेश दिया है।

नोट—यह और २१ पुटी सीसा भस्म दोनो एक ही है निर्माण विधान में जो अन्तर है वह २१ पुट की अपेक्षा ७ पुट का ठीक प्रतीत होता है।

(३) सिंहास्यास्यार्द्र दण्डेन द्रुत नागं विघट्टयेत्।
खर्परे याम युगुलं कुंकुमाभः प्रजायते॥
तत उद्धृत्य तच्चूर्णं वासा नीरे विमर्दयेत्।
एवं सप्त पुटैर्नागः सिन्दूराभ. प्रजायते॥ र चि

सीसा को ठीकरे में पिघला कर वासा के गीले दण्डे से रगडता रहे तो २ प्रहर में सीसा की भस्म वने। पुन उसे खरल मे डाल वासा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो सीसा की लाल रग की भस्म वने।

(४) वह्नौतु विद्रुते नागे पादांशं सूतकं क्षिपेत् ।
ततस्तु खाखसं चूर्णं दत्वा दर्व्या प्रचालयेत् ॥
चूर्णीभूतशिलांतुल्यां दत्वाऽष्टरूपपत्रजे ।
स्वरसे मर्दयेत्सम्यक् ततो लघुपुटे पचेत् ॥
द्वितीयादि पुटे दद्याच्छिलां पादांशिकावुधः ।
एव सप्त पुटै र्नागो भस्मी भवति निश्चितम् । रसामृत

कढाई मे सीमा पिघला कर उसमें चौथाई पारा डाल फिर पोस्तडोडे के चूर्ण की चुटकी दे कर करछी से हिलाता रहे । समस्त सीसा भस्म हो जाय उसे एकत्र कर उसको शराव से ढक ३ घन्टे की तीव्र आच दे, पुन निकाल बराबर मैनसिल मिलाय वासा रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १०-१२ उपलो की पुट मे दे । इस प्रकार ७ पुट दे, मैनसिल बराबर चौथाई मिलाता रहे और पुट के उपलो की आच भी बढाता रहे तो उत्तम भस्म बने ।

आचार्यजी ने सिद्धयोग सग्रहमें उक्त विधि देते हुए उसके साथ पारा नहीं डाला । वहा आपने लिखा है—इमली, पीपल छाल चूर्णकी चुटकी देकर सीसा की भस्म बनावे और जब सीसा भस्म हो कर लाल वर्ण हो जाय निकाल उसमें १२ वा भाग मैनसिल मिलाय वासा रस मे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १२ सेर उपलो की पुट दे, इस प्रकार ४० पुट दे । सिद्धयोग सग्रह

(२१ पुटी) पिष्ट्वाऽगस्ति च भूनाग लिप्त्वा पाद विशोधयेत् ।
तद्भाण्डे स्थापयेद्याम.दृढे भाण्डे विनिक्षिपेत् ॥
वासा चिंचिटयो क्षारं वासा दण्डेन घट्टयेत् ।
यामैकं पाच्येच्चुल्ल्यां समुद्धृत्य विमिश्रयेत् ॥
तच्चूर्णं तु शिला ताप्यैर्वासक क्षार सयुतै. ।
तच्च तुल्यं पूर्व नागविंशदेक पुटे पचेत् ॥
द्विपुटं चिञ्चिटाक्षारैर्देयं वासारसैः सह ।
नागः सिन्दूर वर्णाभो म्रियते सर्वकार्यकृत् ॥ र र, र त.

सीसा पत्रो पर अगस्ति रस में केंचुवे पीस कर उस का लेप चढाय उन्हे तपा कर शुद्ध करले फिर एक ठीकरे मे डाल सीसा को गलावे और उस पर अडूसा, अपामार्ग के भस्म की चुटकी दे कर वासा के दण्डे से घोटता हुआ

एक प्रहर में भस्म वना ले, उस भस्म के वरावर मैनसिल और माक्षिक तथा वासा भस्म मिला कर टिकिया वनाय सम्पुट कर १० सेर वनोपल की पुट दे, इस प्रकार २१ पुट दे। ग्रन्थकार कहता है वासा भस्म दो पुट में ही मिलावे फिर आगे की पुट मे नही किन्तु वासा रस मे भावना वरावर दे कर २१ पुट दे ता लाल वर्ण की सीसा भस्म वने।

रसतरगिणीकार ने भस्म को धोकर फिर खाली मैनसिल मिलाय वासा रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर पुटे दे, इस विधि से ३ पुटमें सीसा भस्म हो ऐसा विधान दिया है।

(३०पुटी) सीसं काष्ठ कृशानुना पटुघट भ्राष्ट्रे द्रुतं कन्यका
मूलैर्घृष्टमिभाशनार्क वटुपाद्ब्रह्मद्रुमूलायसम्।
दण्डेनान्यत भस्म यावदवधिस्यात्पिष्टिका तत्पुन.
सिन्दूरारुण मुद्धृतं च शिलया वस्वशया योजितम्।
कन्यावारि विभावित पुनरपि प्राक् प्रक्रियोपाहृतम्
त्रिंशद्वस्म करोति वह्नि पुटितं प्रान्तेऽतिमन्दं कृतम्। र प

सीसा को ठीकरे में पिघला कर कुमारी मूल से घर्षण करे और पीपल, आक, वट, ढाक इनके मूल के चूर्ण की चुटकी देता हुआ भस्म वनावे फिर उसमें आठवा भाग मैनसिल मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आँच दे, इस विधि से ३० पुट दे तो सीसा की उत्तम भस्म वने।

(४) पलाश क्षार भागैक माटरूष समन्वितम्।
संस्थाप्य खर्परे नाग पादांश क्षारयोजितम्॥
आटरूषक दण्डेन चालयेच्च पुनः पुनः।
दिनत्रयं प्रकर्त्तव्यं नागभस्म सुशोभनम्॥
स्वांगशीतं समुत्तार्य जलेन क्षालयेत्तत'।
शिलासत्वं तु पादाश दत्त्वा खल्वेविमर्दयेत्॥
कुमार्या भाविनं शुष्कं त्रिंशल्लघु पुटै. पचेत्।
नागस्य मारण श्रेष्ठं सर्वकर्मसु योजयेत्॥ र.सा.,र का धे

ढाक और वासा की भस्म, भस्म से चौगुना सीसा को कढाई में पिघला कर उक्त भस्म की चुटकी दे वासामूल से रगडते हुए घर्षण विधि से भस्म

वनावे, ३ दिन इस प्रकार घर्षण करते रहने से सीसा की भस्म वने तत्पश्चात् भस्म से चौथाई मैनसिल मिलाय कुमारी रस की भवना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे, इस विधि से ३० पुट दे तो सीसा की उत्तम भस्म वने।

नोट—मैनसिल का सत्व ग्रथकार लिखता है किन्तु मैनसिल का सत्व नहीं निकलता वह स्वत. सत्व रूप है इसलिये मैनसिल ही डाले।

(३२पुटी) ताम्बूलीरस संपिष्ट शिलालेपात्पुनः पुन ।
द्वात्रिंशद्भिर्पुटैर्नागो निरुत्थं भस्मजायते ॥

भा प्र ,र च,,चि र ,आ वे प्र ,र प्र ,र सा.प ,पा स,र ज नि

मैनसिल को पान के रस मे कल्क वनाय सीसा पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे, इसविधि से ३२ पुट दे तो सीसा की भस्म वने।

(६०पुटी) अश्वत्थ चिंचात्वग्भस्म नागस्य चतुरशतः ।
[१] क्षिपेन्नागं पचेत्पात्रे लोहदर्व्या च चालपेत् ॥
[२] यामाद्भस्म तदुधृत्य भस्मतुल्या मनःशिला ।
जम्बीरै रारनालैवो पिष्ट्वा रुद्ध्वा पुटे पचेत् ॥
स्वांङ्गशीतं पुनः पिष्ट्वा विंशत्यंशशिलायुतम् ।
अम्लेनैव तु यामैकं पूर्ववत्पाचयेत्पुटे ॥
एवं षष्टि पुटैः पक्वो नागः स्यात्सुनिरुत्थितः ।

आ.क ,रसा सा ,र का धे ,र र स ,पा म ,वै क ,चि र ,र प्र ,र त ,र.र ,भा प्र ,
भा भै र ,र ज नि ,र सा प ,ऋ ख

१ क्षिप्त्वा तुल्य इति आनन्द कन्दे । २ तदर्धगन्धक दत्त्वा तदर्धञ्च मन शिला इति वैद्य कल्प द्रुमे। ऋद्धि खण्डे वादि खण्डे अश्वत्थ चिंचा स्थाने पलाश दण्डेन घर्षयेत् पठितम्।

८ भाग शुद्ध सीसे को लोह पात्रमें अग्नि पर गलाय इमली तथा पीपल की भस्म डाल-डालकर लोहे की करछी से हिलाता रहे तो १ पहरमें भस्म हो। फिर वरावर की मन शिला मिला कर काजी से या जम्बीरी रस से घोट टिकिया वनाय, सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। फिर आगे की पुट में सीसा

का वीसवा भाग मैनसिल मिलाकर जम्बीरी रस में घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। इसी विधि से ६० पुट दे तो सीसा की निरुत्थ भस्म वने। ऋद्धि खण्ड में पलाश दण्ड से घोटना लिखा है।

नोट—रसतरगिणीकार ने लिखा है कि कटाह पुट देने के वाद खरल मे डाल रगड कर पानी से धोकर उसकी राख निकाल दे मन शिला मिलावे और पुट दे।

रसायन सार के कर्ता ने लिखा है प्रथम कटाह पुट देने के वाद मैनसिल के साथ कज्जली भी मिलावे और पुट दे।

(२) शिला गन्धक कर्पूर कुंकुम मर्दयेत् समम्।
जम्बीरस्य द्रवैर्याम तत्सम नागपत्रकम्॥
लिप्त्वा लिप्त्वा पुटे पाच्य यावत् षष्टि पुट भवेत्।
तन्नागं विद्युदाभास जायते नात्र संशयः॥ र रा सु, र ज नि

मैनसिल, गन्धक, कपूर, केसर इन्हे जम्बीरी के रस मे घोट कर सीसे के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट मे धर गजपुट में फूकता रहे, इस तरहसे ६० पुट दे, तो लाल पीले रग की नाग भस्म वने।

(३) वङ्गवन्नाग भस्मापि कृत्वादौ तत्समांशिलाम।
क्षिप्त्वा तप्तोदकै मर्द्यं दत्त्वा गजपुट ततः॥
षष्ट्यंशं गन्धकं दद्यात्पाच्य षष्टि पुटावधि।
नागभस्म निरुत्थ तद्वङ्ग भस्म गुणाधिकम्॥ र सं क.

सीसा को कढाई में पिघला कर पीपल, इमली, डाक आदि के चूर्ण द्वारा प्रथम भस्म वना ले पुन उस मे वरावर मैनसिल मिलाय गरम पानी डाल कर घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे फिर प्रत्येक पुट में सीसा का ६० वा भाग वलि मिला कर काज से घोट टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे, इसी विधि से ६० पुट दे तो सीसा की निरुत्थ भस्म वने।

(१००पुटी) कुमारी पादघातेन तत्क्षणात् म्रियते फणी।
पुटेन शतकेनापि सिन्दूरं केवलं भवेत्॥ र रा सु, र ज नि

सीसा को अग्नि पर पिघला कर कुमारी के मूल से रगडता जाय तो सीसा भस्म हो, फिर कुमारी के रस में खरल कर टिकिया वनाय सुखाय

सम्पुट कर गजपुट की आँच दे, इसी विधि से १०० पुट दे तो सिन्दूर जैसी भस्म हो। अ.स.

(२) वासकस्य तथा क्षार मेकी कृत्वा तु सम्पुटे।
कुमारी रस संयुक्तं शतधा तत्पुटी कृतम्॥ रसे र को.

वासा की भस्म के बराबर सीसा मिलाकर कुमारी रससे खरलकर सम्पुटमें रखकर लघुपुट की आचदे। इसी विधि से १०० पुट दे तो सीसाकी भस्म हो।

(सहस्र पुटी) पारदाद्भागमेकं तु नागाद्भागश्चतुर्दश।
द्रावयेत्खर्परे धीमान् पारदं तत्र निक्षिपेत्॥
तद्ग्रन्थि चूर्णनं कृत्वा कन्यका द्रव संयुतम्।
मर्दितं क्षणमेकञ्च धृत्वातत्रप्रयत्नतः॥
आरण्यगोमयैः शुष्कैस्ततो लघु पुटे पचेत्।
स्वाङ्ग शीतं समुद्धृत्य पुनर्मर्द्यपुनः पचेत्॥
एवं पुट सहस्रेण कुङ्कुमाऽऽभं भवेत्तदा।
र र म मा, र यो सा

पारा १ भाग सीसा १४भाग लेकर सकर बनावे,फिर दोनोको कुमारीरसमें घोटकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुटपुट की आच दे। इसी विधिसे एक हजार आच दे तो केसर के रग की नाग की भस्म बने।

वक्तव्य—कई टीकाकार लिखते है कि प्रत्येक वार पुट देने के बाद पारा मिलाया जाय। मेरी सम्मति में बारम्बार पारा मिलाने की आवश्यकता नही। यह नाग की ऊष्मिद भस्म बनती है, पारा तो इसको भस्म बनाने में कोई सहायता नही करता, बिना पारे के भी कुमारी रस में घोट-घोट कर आच देता जाय तब भी सीसाकी केसर रगकी भस्म बन जाती है। ग्रन्थकार कहता है इस नाग भस्म ६ मा में लौंग, जायफल, तेजपत्र, नागकेसर, इलायची, दारचीनी प्रत्येक तोला मिलाकर पीस कर रख ले, इसमें से १ रत्ती नित्य सेवन करे तो विषय के समय ४ प्रहर वीर्य पात न हो और क्षुधा इतनी बढेगी कि ५ सेर भोजन वह खाने में समर्थ होगा। स्त्री प्रसंग में अव्याहत शक्ति होगी।

सीसा भस्म के गुण

नाग. समीर कफपित्त विकार हन्ता-
सर्व प्रमेह वनराति कृमीट योनि।

उष्णः सरारजतरंजन कृद्दशार्णो-
गुल्म ग्रहण्यतिसृतिक्षण दाशुमाली ॥ र सा प, पा स.

सीसा भस्म वात, कफ, पित्त-विकारोको हरता है,समस्त प्रमेहोका विनाशक है। उष्ण, सर है, क्षुधा और अग्निका दीपन करती, गुल्म, सग्रहणी, अतिसारका नाश करती है।

सीसा जीर्ण ज्वर, क्षय, शोथ, सुजाक, पित्तविकार, ऊष्म प्रकृति रोगो, गर्भाशय सम्बन्धी रोगो मे, लकवा, अर्धांग में लाभदायी है, अच्छी शक्तिवर्धक है। मात्रा २-४ रत्ती तक। मा अ

सुरमा काला भस्म

सौवीरं द्विगुणं निधाय तरणि क्षीरे धरेस्नेहले ।
ब्राह्मं नागमनुक्षिपेल्लवुतरं क्षुण्णं कृत भज्जिताम् ॥
तद्वक्त्रं परिरुद्ध्य भूमिनिहतं सन्दह्य मग्नं समु-
द्धृत्याऽऽचूर्णं विनिक्षिपेन्मृतरसं तत्पादभाग भिषक् ॥
पिष्ट्वा खल्व तले भवेद्रसवरः सूची मुखो मस्तके
सूच्यग्रेण निवेशितोऽद्भुत तरं सौवीरयोगाज्जयेत् ॥
तन्द्रा शैत्यसुसन्निपात पवनापस्मार भूतग्रहान् ।
दध्यन्नं ससितं ददीत गदिने शीतोपचाराहिता ॥

र रा श., र रा ल., र का.धे, र यो सा.

काले सुरमे को आक के दूध में भिगो दे फिर एक मृत काले साप फनियर के मुख मे वह सुरमे की डलियाँ रख कर अर्क दुग्ध से पात्र को भरकर सम्पुटकर जमीन में गाड दे अर्थात् भूधरपुट में रखकर २४ घटे की आच दे, (मेरी सम्मति में आच गजपुट की दें) स्वाग शीतल होने पर निकाल इसमे चौथाई पारद भस्म मिलाकर रख छोडें। सन्निपात से मूर्छित, अपस्मार से मूर्छित, हिन्टीरिया से मूर्छित रोगी को एक सूई के नोक पर रख कर तालु मे पछ लगाकर उसमे मल दे तो रोगी की मूर्छा जाती रहे। दाह मालूम हो तो शीतोपचार करे।

सुरमा सफेद भस्म

यह भी चूनकज्जलेत का ही एक यौगिक है। जिसके अणु में ऊष्मजन का

एक परमाणु अधिक मिला होता है। भस्म बनाने पर इसमें ऊष्मजन की मात्रा और बढ जाती है। अर्थात् कज्जल का स्थान भी ऊष्मजन ही ले लेता है। इसकी भस्म का विधान रस ग्रन्थो मे नही मिलता, यूनानी चिकित्साकी प्राचीन पुस्तको में भी इसका कोई जिकर नही है, नव्य ग्रन्थो मे किसी-किसी मे उल्लेख है। नव्य चिकित्सक इसकी जो भस्म बनाते है वह निम्न है —

(१) सफेद सुरमा को कुमारी या सोसन के नुगदे में रख सम्पुटकर १५-२० सेर उपलो की आच दे तो भस्म बने। अ.ति, सि भै मा.,

(२) सफेद सुरमा को कूट खरल मे डाल पेठा रस की भावना दे, टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर गजपुट की आच दे तो भस्म बने। कु र

(३) सफेद सुरमा को कूट खरल में डाल वेदमुश्क के अर्क की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर १०-१५ सेर उपलो की आच दे तो भस्म बने। म अ.

सुरमा सफेद भस्म के गुण—पैत्तिक ज्वर, सुजाक, बस्तिशोथ, यकृतोष्णता, स्वप्नदोष रक्तार्श, रक्तपित्त, प्रदरमे लाभदायी है। जिन रोगो में दूध पथरी या सीप भस्म, शख भस्म, प्रवाल भस्म लाभ करती है उन सबो में इसे उपयोजित कर सकते है। वास्तव मे यह भी तो चूनजम का ही ऊष्मिद है। जैसे — प्रवाल, शख, सीपादि।

सुवर्ण

आवर्त सविभाग के प्रथम समूह की त्रिधातुओमें सुवर्ण का स्थान है जिसके भौतिक व रासायनिक गुण निम्न है

भौतिक गुण—सोना अपनी आभा-प्रभा के कारण अपने नाम सुनहरे रूप से विख्यात है। जिस पर हवा और जल का कोई दुष्प्रभाव नही होता, अर्थात् इसकी आभा-प्रभा सदा एक सी बनी रहती है। यह बहुत उत्तम विद्युत व ताप का वाहक है और अन्य धातुओ की अपेक्षा अधिक घनवर्धनीय तथा तान्त्वीय है। इसके इतने पतले पत्र (वर्क) बन सकते है कि जिनकी एक इचकी मोटाई मे २१ लाख से अधिक पत्रो की तह आसकती है और तार भी इतना बारीक बन सकता है कि १ तोला सोना की इतनी पतली तार खिच सकती है जिसकी लम्बाई २०मीलतक जाती है। इसके अत्यन्त पतले पत्रो के मध्यसे सूर्य को देखा जाय तो उसकी हरी आभा दिखाई देती है। यह १०६१° श. पर द्रव

होता है और २५३०° श के उत्तापपर वाष्पी भूत होने लगता है उस समय इसकी ज्वाला का रग हरा होता है। कुठाली में द्रव सोना जब उड रहा हो तो हरी ज्वाला से उसे जाना जा सकता है कि यह सोना है।

आज कल सोने की शुद्धता को व्यक्त करने वाले मानदण्ड को कैरट (carat) की सख्याओ से जानते है, २४ कैरट के सोने को पूर्ण शुद्ध माना जाता है। पूर्णतया शुद्ध सोना इतना नरम होता है कि उसे पानी डालकर दृढ चिकने पत्थर पर रगड़ा जाय तो सोना घिसता रहता है, इसी लिये इतने नरम सोने के आभूषण जल्दी घिस व मुड जानेके कारण नही बनाये जाते ।इसीलिये उसमें चादी और तावेकी खोट मिलाते है तब वह कठोर होजाता है। इसके एक अणु की रचना में २० के लग भग सोने के परमाणु परस्पर सगठित रहते है और वह इतनी दृढ़ता से बधे होते है कि बाल से भी पतली तार खीचनेपर वह दृढतर बने रहते है। प्रयोगो से देखा गया है कि सोनेके अणु की रचना जब तक नही टूटती, तबतक सुवर्णके अन्य यौगिक अर्थात् भस्म नही बनती। पारा इसके अणु को तोडने में परम सहायक होता है वह भी तब जब इसे अधिक खरल किया जाय या भावना दी जाय।

रासायनिक गुण—यह धनात्म प्रकृति की धातु है जिसका साधारणत ऊष्मजन से कोई सयोग नहीं होता, किन्तु पारद की उपस्थिति मे अर्थात् पारद की उत्प्रेरणासे यह ३६० श के उत्तापपर ऊष्मजनसे संयुक्त हो जाता है। किन्तु इसके ऊष्मिद प्राय अस्थायी होते है ३७० श के उत्ताप पर गरम करने से उस का विच्छेद होजाता है। रासायनिकोने इसके ऊष्मजनसे सुवर्णस ऊष्मिद ($सु_२ ऊ$) सुवर्णक ऊष्मिद ($स_२ ऊ_३$) दो प्रकार के ऊष्मिद बनाये है। वलिका से भी सुवर्णस वलिकाइद ($सु_२ व$) का एक यौगिक बनाया है।

सुवर्णमें यह विशेषता हैकि वह किसी साधारण तीव्राम्लमे नही घुलता,किंतु अम्लराजमें घुल जाता है और उसमे घुलकर सुवर्णकलवणाइद ($सु_२ ल_३$) के यौगिक में परिवर्तित हो जाता है और अम्लराज के घोलमे जब सोना घुला हुआ हो उस घोल मे यदि तीव्र सैधव क्षार (सोडा कास्टिक) का घोल थोडा थोडा डाला जाय तो सुवर्ण के उस यौगिक में विनिमय होता है और सुवर्ण लवणजन के यौगिक को छोड कर सुवर्ण उदूष्मिद सु $(ऊ)_३$ के यौगिक में बदल जाता है जो उस घोल में नीचे बैठ जाता है। इसे उस घोल से भिन्न कर के यदि मन्द मन्द

आंच पर भूना जाय तो उदूम्बिद का यौगिक टूट जाता है और उस समय सोनाके परमाणु ऊष्मजन से मिल कर सुवर्णक ऊम्बिद में बदल जाते है यह गेरुआ रगकी भस्म होती है।

यदि इसे कुछ और अधिक आंच दी जाय तो फिर यह सुवर्णक से सुवर्णस ऊम्बिद ($सु_२ ऊ$) मे बदल जाता है जिसके रूप व गुण हमारी वनस्पति के भस्म से पूरी तरह मिलते है। इस तरह रासायनिको ने सुवर्ण के अनेक यौगिक बनाये है।

अपक्व सुवर्ण योग

अपक्वं सजल हेमं घृष्टं क्षौद्रयुतपिबेत्।
अथवा नवकाख्य तु चूर्णितं मधुयुक् भजेत्॥ र सा प.,पा. स

बिलकुल शुद्ध सोने की डली को चिकने पत्थर पर पानी डाल कर घिसे उस सुवर्ण जल में शहद मिलाकर पीवे अथवा सोने के वर्क शहद में मिला कर चाटे।

(२) यद्वा च वरखाख्य तु स्वर्णपत्रं विचूर्णितम्।
मधुना संग्रहीत च सद्योहन्ति विषादिकम्॥ नि. र, र च.

अथवा सोने के वर्क को शहद में मिलाकर कुछ दिन सेवन करते रहने से स्थावर जगम विष का रहा प्रभाव शीघ्र नष्ट हो जाता है।

(३) नवनीतसितामधु प्रयुक्तो वरखो हेमभवः क्षयक्षिणोति।
वितथः प्रभवेदयं प्रयोगो यदितन्मे शपथ. सदा शिवस्य॥
नि र, रसा स, र चं, वै. मृ, भा भै. र.

सोने के वर्कों को मक्खन मिश्री और शहद के साथ मिलाकर चाटने से क्षय अवश्य ही जाता रहता है, यह बात मै शिवजी की सौगन्ध खाकर कहता हूँ।

(४) सुवर्ण के वर्क १ तो० रुह गुलाब १ सेर बढिया खरल में डाल कर उक्त रुह की भावना देता रहे, समस्त गुलाब जल के समाप्त हो जाने पर सुवर्ण को सुखाय पीस रखे। मात्रा २-४ चावल। मखजन.,मि.ख

सुवर्ण की ऊष्मिद भस्में

(१ पुटी) सुवर्ण चूर्ण को गुलाबासी, तुलसी, कचनार, नीब, जगली-गुलाब फूल प्रत्येक रस की तीन तीन भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट

कर ५-६ सेर उपलो की आच दे तो सुवर्ण की भस्म वने । मा अ, अ का, मि ख, पा म, चा चि,

(२) सुवर्ण चूर्ण को अद्रक रस, कुमारी रस अर्कदुग्ध और पान रस प्रत्येक की तीन तीन भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५-६ सेर उपलो की आच दे तो सुवर्ण की भस्म वने । अ त

(३) सुवर्ण चूर्णको करेलेके पत्तोके रसकी २१ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २-३ सेर उपलो की आँच दे तो सुवर्ण की भस्म वने । अ त

(४) सुवर्ण चूर्ण को नकछिकनी, कुकरौंधा रस, आक, थोहर का दूध, गोमूत्र और सरसो का तेल प्रत्येक मे ७ वार वुझावे, पश्चात् थोहर के रस की २१ भावना दे अन्तिम भावना थोहर दूध की दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ६-७ सेर उपलो की आच दे तो सोना की भस्म हो । स. अ.

(५) सुवर्ण चूर्ण १ तो०, पारा १तो०, मिश्रण करे मोती ४ माशेका चूर्ण, मिगरफ ३ माशा सबको खरल मे डाल निम्बू रस की ७ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ६-७ सेर उपलो की आच दे तो सोना भस्म वने । मा अ

(३ पुटी) सुवर्ण पत्र को निर्मली का लेप कर सुखाय निर्मली के नुगदे मे रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ३ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म वने । सि भै मा.

(२) सुवर्ण पत्र को या अशर्फी को गोरखमुण्डी के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की पुट दे, इस विधि से ३ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म वने । सनत अकवर के लेखक ने दूसरी जगह पर उक्त विधि से ७ पुट देने का उल्लेख किया है । स अ

(३) सुवर्ण वर्क को पान के रस, तुलसी के रस की ७ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर ५-६ उपलोकी आच दे इस विधिसे ३ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म वने । किसी किसी ने १० पुट भी दी है । पा स, त तु

(४ पुटी) सुवर्ण पत्र या अशर्फी को कचनार रस, कुमारी रस, सज्जीखार के पानी में २१-२१ वार वुझावे फिर कलौंजी के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की पुट दे, इस प्रकार ४ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो । मि ख

(२) सुवर्ण रेत को तुलसी रस की २१ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय

सम्पुट कर ६-७ उपलो की आच दे, इसविधि से ८ पुट दे, तो सुवर्ण की भस्म बने। चा चि, मि ख

नोट—मिफताय उलखजाईन के सग्रहकर्ता ने सुवर्ण रेत के साथ बराबर का पारा मिला कर फिर तुलसी रस की भावना दी है।

(७ पुटी) सुवर्ण रेत को २१ भावना शराव की देकर टिकिया बनाय सुखाय कायफल और चौलाई के नुगदे मे रख सम्पुट कर ७ सेर उपलो की आच दे। फिर अनार रस की भावना देकर टिकिया बनाय सुखाय पुट दे, तीसरी बार अद्रक रस की भावना देकर पुट दे, इस विधि से जमसे ७ पुट द तो सुवर्ण की भस्म हो। र न

(२) सुवर्ण पारा बराबर लेकर पिष्टी बनाय बराबर का नौसादर मिला कर सिरका की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर जौहर उडावे पारा नौसादर का जौहर उडेगा उसे फिर सोने मे मिलाय सिरका की भावना दे जौहर उडावे। इस विधि से ७ बार करने पर लेखक कहता है सोना भी जौहर के साथ उड कर ऊपर लग जायगा। स अ, मि स,

(३) १ तोला सोना चूरा, ३ माशा पारा दोनो को मिला कर जल पीपल के रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो सुवर्ण की गुलाबी रग की भस्म बने। मि ख

१ तोला स्वर्ण के वर्क सत्यानासी (स्वर्णक्षीरी) के रस मे २४ घटे खरल कर टिकिया बनाय सुखाय, सम्पुट कर २० आरने कडो से फूक दे। इसी विधि से ५-६ पुट देने पर काले रग की भस्म बनती है, लाल बनानी हो तो ४-५ पुटे चौलाई की और दे तो सुवर्ण की उत्तम भस्म बने।

(११ पुटी) सुवर्ण रेत को गुलाब पुष्प के रस की २१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर ८ सेर उपलो की आच दे, इस विधि से ११ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म बने। अ त, भि ख

मिफताय उलखजाईन के सग्रहकर्ता ने १५ पुट देनी लिखी है।

(२१ पुटी) सुवर्ण पत्र को कटेली के रस मे २१ बार बुझाय बराबर का पारा डाल पिष्टी बनाय कटेली रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे इस विधि से २१ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म बने।

(६० पुटी) तत.स्वर्णभवपत्र तापित हि विनिक्षिपेत्।
ज्वालामुखी रसेपष्ठी पुटै भस्मी भवत्यलम् ॥ र. प्र सु.

सुवर्ण के पत्र वनाकर उन्हे लाल करके ज्वालामुखी के रस में ६० वार वुझावे फिर ज्वाला मुखी के नुगदे मे रख सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे, इस विधि से ६० पुट दे तो सुवर्ण की भस्म वने।

(७ पुटी) राजवृक्ष रसेनापि भल्लातैष्टङ्कणेन च।
लिप्त्वा स्वर्णस्य पत्र च रुद्ध्वा गजपुटे पचेत् ॥
तैर्द्वैश्च पुन. पिटं [1] म्रियतेसप्तवा पुटै। र ज नि., र. र.

१ पिप्ट्वा इति रसरत्नाकरे।

स्वर्ण पत्रो को अमलतास, भिलावा, सुहागा से लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट देने से सुवर्ण की भस्म हो।

(१० पुटी) पारावत मलै लिम्पेदथवाकुक्कुटोद्भवै'।
हेम पत्राणि तेषां च प्रदद्या [1]दन्तरान्तरम्।
गंधचूर्ण समं धृत्वा शराव युगसम्पुटे।
प्रदद्यात्कुक्कुटपुट पचभिर्गोमयोपलै. ॥
एव नवपुट दद्याद्दशम च महापुटम्।
त्रिंशद्भनोपलैर्देयं जायते हेमभस्म तु ॥

चि र, रप्र,र का वे, भा भे र, यो र,ग्रा ध, व रा,र रा सु,

१ दधरोत्तरम् इति रसप्रदीपे।

वसवराजीये इक्षुरसेन मर्दित गन्धकलेप हेमपत्रेषु कृत्वा पुट दद्यात् त्रिपुटै भस्मतामेतीति। अस्मिन् ग्रन्थे भिन्नपाठ प्रतिपादित।

स्वर्ण पत्रो को कवूतर या कुक्कुट विष्ठासे लीप कर सुखाय नीचेऊपर वलि दे कर सपुट मे रख कुक्कुट पुट मे—५ उपलो की—आच दे, इस तरह ९ पुटे दे, फिर १०वी वार गजपुट की आग देनेसे स्वर्णकी भस्म हो। सि. श्री. प्र

वसवराजीयके कर्ता ने विष्टा के विना ही केवल वलि को ईखके रसमे घोट उसका लेप सोने के पत्रो पर कर पुट देने का विधान दिया है वह कहता है कि ३ पुट में ही भस्म हो जाती है।

(१० पुटी) हेम्न. सूक्ष्मदलानि भूर्जसदृशान्यादाय संलेप्य वै।
वज्रीदुग्धक हिंगुहिंगुलसमैरेकत्र पिष्टीकृतै' ॥

सत्य संपुटके निधाय दशभिश्चैव पुटैं कुक्कुटे.।
पाच्यं हेम च रक्त गैरिक समं सजायते निश्चितम् ॥
भा भै र, र प्र सु, र. च

सोनेके सूक्ष्म पत्रोपर हींग और सिंगरफको थोहरके दूधमें पीसकर लेप करे, सूखजाने पर शराव सम्पुटमें बंद कर कुक्कुट पुटमें फूंक दे। इस प्रकार १० पुट देने से गेरु जैसी भस्म होगी।

हेम्न. पाद मृत सूत पिष्ट मम्लेन केनचित्।
पत्रे लिप्त्वा पुटे पच्याद्दष्टभिर्म्रियते ध्रुवम्। र र स,
र.ज नि, व रा, र ल, र प्र सु, र सागर, र त

आनन्दकन्दे रस प्रकाश सुधाकरे रससागरे च भिन्न-भिन्न पाठ प्रतिपादित। रस प्रकाश सुधाकरे अम्लस्थाने गुग्गुल रस नियोजितम्। तथा दशभिर्पुटै प्रकल्पित इति विशेष।

सुवर्ण पत्रों से चौथाई हिंगुल को लेकर जम्बीरी निम्बू के रस में घोट पत्रों पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आंच दे इस विधि से ८ या १० पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

नोट—रसतरंगिणीकार ने उक्त विधि में निम्न संशोधन किया है। सुवर्ण को गला कर उसमें हिंगुल चूर्ण की चुटकी दे तो सुवर्ण पीसक बन जाता है उसमें चौथाई हिंगुल मिलाय निम्बू रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आंच दे।

(७ पुट) प्रत्येकमेकंगद्याण शुद्ध सूत सुवर्णयोः।
खल्वेपिष्ट्वा त्र्यहं कार्या पिष्टि. सूक्ष्मा सुवर्णजा ॥
वस्त्रे क्षिप्त्वाऽथ तापिष्टिं ग्रन्थिवद्धवा दृढांततः।
मृन्मयी गोस्तनाकारा मूषाकार्या दृढ़ाततः ॥
स्थालिका वालुका पूर्णा मूषांतत्रान्तरे क्षिपेत्।
चुल्ल्या मारोप्य ता थाली दृढाग्निं ज्वालयेद्दध. ॥
शुद्ध गन्धक गद्याणं नष्टौ मूषान्तरे क्षिपेत्।
गलिते गन्धके जाते तिलतेलेन सन्निभे ॥
प्रक्षिपेद्धेमजां पिष्टिं ग्रन्थि वद्धाञ्च गन्धके।

क्ष्योगन्धक गद्याणो मुहुर्दग्धे च गन्धके ।
एवमेव महोरात्र स्वेद्या पिष्टिश्चहेमजा ॥
शुद्धगन्धक गद्याण द्वययुक्तं दिन द्वयम् ।
वज्री क्षीरेण सम्पेष्य प्रक्षिपेच्च शरावके ॥
भूमावेवपुटोदेयो लावक. पुटसप्तकम् ।
युक्त याज्ञयामृत हेम चूर्ण कृत्वा सुसूक्ष्मकम् ॥

र क, र चि, र यो. सा.

पारा सुवर्ण चूरा प्रत्येक ६ मा० दोनो को खरल कर पिष्टी बनावे छोटे वालुका यन्त्र मे एक कुठाली विठा कर उसमे उक्त पिष्टी रख कर वालूको खूब गरम करे कुठाली गर्म होने पर उसमें ४ तोला वलि डाल दे वलि तेल जैसी पिघल कर हो जायगी और फिर धीरे-धीरे जलेगी जव वह जल जाय उसमें ६ माशे वलि और डाल दे इस प्रकार ४ अहोरात्रि सुवर्ण पिष्टी पर गन्धक जारण करे। एक अहो रात्रि के वाद वलि की मात्रा १-१ तोला डाले ४ दिन वाद पिष्टी को निकाल थोहर के दूध मे घोट कर टिकिया वनाय सम्पुट कर लावक पुट की आच दे, इस विधि से ७ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

सूतस्य द्विगुण गन्ध मर्दनेन कृत कज्जलीम् ।
द्वयो समंकृत स्वर्ण सम्यगम्लेन मर्दयेत् ॥
शराव सम्पुटांतस्थ मधः ऊर्ध्वं च सैन्धवम् ।
अष्ट यामाद्धवेद्भस्म सर्वयोगेषु योजयेत् ॥

भा. भै र, र रा सु, र च, र ज नि

१ भाग पारा को २ भाग गधक मे कज्जली वनावे, दोनो के वरावर स्वर्ण पत्रो को मिलाकर निम्बू रसमे घोट सम्पुटमें रख उस सम्पुट को लवण यन्त्रमे दवा कर ८ प्रहर पकाने से स्वर्ण की भस्म होती है। सि औ प्र.

(२) विशुद्ध गंधाऽरम पल पल रसात्पल तथा शोधित शुद्धकांचनम् ।
पुटेन वह्नौ पुटित कनीयसा क्षौद्रेणसाऽज्येनयथाग्निभक्षितम् ॥

लो प, र प्र सु, र च, र र.म मा., र यो सा.

शुद्ध वलि और पारा ४-४ तोला सोना की रेत भी ४ तो० सुवर्ण पारद की पिष्टी वनाय वलि मिलाय किसी अम्ल रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे तो सुवर्ण भस्म हो। कितनी पुटो मे

यह ग्रन्थकारने स्पष्ट नही किया ।

(३) शुद्धं हेमंश्लक्ष्ण पत्रोकृतं तद्वार वार सूतगन्धानुलिप्तम् ।
तीव्रेवह्नौ काञ्चनारे हलिन्याज्वालामुख्या सम्पुटे भस्मकुर्यात् ।
र का धे, धन्व, र ज नि.

शुद्ध सुवर्ण के वारीक पत्रो पर पारा वलि की कज्जली का कचनार या ज्वालामुखी या लागली के रसमे घोट वारम्वार लेप कर सुखावे फिर सम्पुट मे रख तीव्र आच दे कर भस्म वनावे । कितने पुट में भस्म वनावे ? इसने भी स्पष्ट नही किया, किन्तु निम्न ग्रन्थ इस को स्पष्ट करते है ।

(४) काचनाररसै र्घृष्टा सम सूतक गधयो[1] ।
कज्जलीहेम पत्राणिलेपयेत्[1] समया तया ॥
काचनार त्वचः कल्कै र्मूषायुग्म प्रकल्पयेत् ।
धृत्वा तत्सपुटे गोलं मृन्मूषा सपुटेपचेत् ।
विधाय सन्धिरोध च कृत्वा सशोष्य [2]गोलकम् ।
वह्निं खरतरं कुर्यादेव दत्वा पुट त्रयम् ॥
निरुत्थ जायते भस्म सर्व कर्मसु योजयेत् ।
भा भै र भा प्र, शा ध, आ वे प्र, र प्र, चि र, २ प

रस पद्धतौ भिन्न पाठ प्रतिपादित तथा चतुर्दशपुट प्रदीयतानिति ।

१ मात्रया रसप्रदीपेइतिपाठ । २ गोमयै रस प्रदीपेइतिपाठ ।

कचनार रससे पारद और गधककी कज्जली को घोट कर स्वर्ण के पत्रो पर लेप करे । फिर कचनार छाल की दो मूषा वना कर उसमे स्वर्ण पत्रोको रख शराव सम्पुट मे वद कर सम्पुट को सुखाय तीव्राग्नि दे, इस तरहकी ३ पुट देने से स्वर्ण की निरुत्थ भस्म हो ।

(५) कांचनार प्रकारेण लांगली हन्ति कांचनम् ।
ज्वालामुखी तथा हन्या[1] द्यथा हन्ति मनः शिला ॥
र ज नि., र प्र, भा भै र, भा प्र, आ वे प्र

१ त्तथा रसप्रदीपे इति पाठ

स्वर्ण को जैसे कचनार से घोट कर भस्म करते है, वैसे ही लागुली या ज्वालामुखीसे भी भस्म वनावे या मैनसिल देकर भस्म वनावे, इसने भी पुटोकी सख्या नही वताई है किन्तु अभिप्राय यह है कि तवतक पुटे देता रहे जव

तक सुवर्ण की भस्म न बन जाय।

(१० पुटी) कृत्वा कण्टक वेध्यानि स्वर्ण पत्राणि मेलयेत्।
नवनीत निभा पिष्टीं कृत्वा ता बलिनासह॥
लुङ्गाम्बु भस्म सूतेन म्रियते दशभि. पुटै।

रसमञ्जरी, रसे च्, र का धे, र् र स, र प्र सु, र ज नि, भा मे र्

सुवर्ण के सूक्ष्म पत्र बनाय खरल मे डाल बराबर का पारा मिलाय पिष्टी बनावे, फिर बलि मिलाकर जम्बीरीके रसमे घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे, इस विधि से १० पुट दे तो सुवर्ण की भस्म बने।

(१४ पुटी) शुद्ध सूत समं स्वर्ण खल्वे कृत्वा तु गोलकम्।
[1]ऊर्ध्वाधो गन्धक दत्वा सब तुल्यं निरुद्ध्य च॥
त्रिंशद्वनोपलैर्दद्यात् पुटान्येवं चतुर्दश।
निरुत्थ जायते भस्म गन्धो देयो पुन. पुन.॥ र.र., वृ यो त, र चू, र का धे., र प., र द, र च, र त, रसे चि, आ क,

१ अधोर्ध्वं इति रस चण्डाशौ।

जम्बीरद्रवदानतु सर्वत्रैव विनिश्चित इति रसचण्डाशौ भावनार्थं निर्देश।

सुवर्ण चूर्ण के बराबर पारा मिलाय पिष्टी बनाय उस पर बराबर का बलि देकर सम्पुट कर ३० वनोपल की पुट दे, इस प्रकार १४ पुट दे तो सोना की निरुत्थ भस्म बने। ग्रन्थकार कहते है प्रत्येक पुट मे बलि देता रहे। इसमें भावना देने के समय किस का रस डाले? इसका उत्तर रसचण्डाशुकार देता है कि जहाँ भावना में रस का उल्लेख न हो वहा जम्बीरी का या निम्बू का रस डाले।

नोट—रस तरगिणी कार ने प्रत्येक पुट में १६ वा भाग पारा डालते रहने का आदेश दिया है, कहता है इससे सुवर्ण भस्म ठीक बनती है।

(१४ पुटी) स्वर्णाच्च द्विगुण सूत मम्लेन सह मर्दयेत्।
तद्गोलकसम गंधं निदध्याद्धरोत्तरम्॥
गोलकं च ततो रुन्ध्याच्छराव दृढ सपुटे।
त्रिंशद्वनोपलैर्दद्यात् पुटान्येव चतुर्दश॥
निरुत्थ जायते भस्म गन्धो देय. पुन. पुन। भा प्र, गा ध, र च, आ वे प्र भा भै र, र प्र र स चि र, र का धे र त, रसा सा र ज नि

रस पद्धतौ भिन्न पाठ प्रतिपादित, सप्तवापुटे भस्मी भवति इति व्याख्यात ।

स्वर्ण पत्रो मे दुगुना पारा मिलाय निम्बू रससे घोटे, जब मिल जाय गोला बनाय गोले के नीचे ऊपर उन दोनोके बराबर बलि दे शराव सम्पुट में रख ३० उपलो की अग्नि दे, इस तरह १४ पुट दे तो स्वर्ण की भस्म हो ।

नोट—रसायन सार के कर्ता ने पारा सोनेसे तिगुना डाला है और बराबर का बलि मिला कर खरल कर काच कूपी मे भर प्रथम कूपी पाक किया है । स्वर्ण सिन्दूर बना लेने के बाद जो स्वर्ण नीचे रहता है उसे कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच देता है, वह कहता है इस प्रकार १४ पुट दे तो सुवर्ण भस्म बन जाती है ।

पलेन सूतेन तदर्ध हेम सम्मर्द कुर्वीत दिनद्वयेन ।
पिष्टं ततो गन्धक मल्लयुग्म सूतेन तुल्यं परिमर्दयेत्तत् ॥
पचेत यन्त्रेऽनुच वालुकाख्ये गले विलग्न रसमाहरीत ।
तले विलग्नं च सुवर्ण भस्म तारोऽप्यनेनैव यथा सुसिध्येत् ॥
रसा सा

४ तोला पारा २ तो० सोना पिष्टी बनावे फिर बलि, सोमल ४-४ तो० मिला कर खरल कर कूपी मे भर बालुका यन्त्र मे चटाय ४ प्रहर की आच दे तो ऊपर मरल सिन्दूर तल मे सुवर्ण भस्म मिले ।

नोट—इस तरह से सुवर्ण भस्म नही बनती और पुटें दे तब बनती है ।

यथा—चन्द्रोदय बनाने के समय नीचे रही हुई काली भस्म को जलमे घोल कर मैल निकाल दे, २-३ वार में गन्धक की स्याही निकल जायगी इस भस्म को तुलसी वा कुकरोदा के रस मे खूब घोटे, गाढी होने पर धूप मे चीनी की प्लेट में सुखा दे, इसे सपुट मे रख कुक्कुट पुट की आच दे इस प्रकार ८ पुट देनेपर फीके लाल रग की भस्म बने । र. त सा, रसा सा

रसायन सार के कर्ता ने कुमारी, आक, थोहर दूध की भावना देकर पुट देने की विधि बताई है ।

(१० पुटी) शुद्ध स्वर्णभव चूर्ण तत्सम श्वेतमल्लकम् ।
काञ्चनार द्रवैर्मर्द्य तुलसी स्वरसैस्तथा ॥
विधाय चक्रिका शुष्कां ततो लघुपुटे पचेत् ।
द्वितीयादौ पुटे देय मल्लं पादमितं बुधै. ॥

अरुणाभ भवेद्भस्म हेम्नस्तुदशभि.पुटैः । रसामृत

सुवर्णकी रेत और सोमल बराबर ले कचनार और तुलसी रस की ७-७ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटकर लावकपुट की आचदे । पुन निकाल सुवर्ण से चौथाई सोमल मिलाय उक्त विधि से भावना दे सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इसी प्रकार १० पुट दे तो सुवर्ण भस्म हो । जबतक सुवर्णकी भस्म न हो जाय सोमल बराबर मिलाता रहे । जब भस्म बन जाय फिर सोमल न मिलावे उन भस्म को फिर कमल, मौलश्री या गुलाब इनके रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर १२ पुट और दे तो उत्तम भस्म बन जाती है/। सिद्ध योग सग्रह

(३ पुटी) सूची वेध्यानि पत्राणि सुवर्णस्य समाहरेत् ।
रसेश तत्सम दत्वा मर्दयेत्त् दिनत्रयम ॥
निम्बू नीरेण सम्मर्द्य वारिणा क्षालयेद्भृशम् ।
स्वेतपाषाण चूर्णञ्च स्वर्णार्द्ध तत्रनिक्षिपेत् ॥
जम्बीरस्य द्रव दत्वा पेषयेच्च दिनत्रयम ।
शोषयित्वा द्रवं सम्यक् विदध्यात् श्लक्ष्ण चूर्णकम् ॥
शुद्धगन्धक चूर्ण च तत. स्वर्णोन्मितं क्षिपेत् ।
शराव सम्पुटे न्यस्य विदध्यात्सन्धिरोधनन् ॥
पुटेल्लघुपुटेनैव यावन्निश्चन्द्रिकं भवेत् ।
काचनार त्वचोत्थेन वारिणाभावितस्ततः ॥
पुटेत्रिधा लघुपुटे स्वाङ्गशीत समाहरेत् ।
एवजाम्बव वर्णाभ भस्म हाटकज भवेत् ॥ र त

सुवर्ण वर्क के बराबर पारा मिलाय पिष्टी बनाय निम्बू रस की ३ भावना दे उसे फिर धो डाले फिर उसमें सगमरमर का चूर्ण सोने से आधा मिलाय निम्बू रस की ३ भावना दे फिर सोने के बराबर बलि मिलाकर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की पुट दे, इस विधि से ३ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म बने । सगमरमर पहिली ही पुटमे मिलावे ।

(१०पुटी) कृत्वा कण्टकवेधीनि स्वर्णपत्राणि लेपयेत् ।
शिलासूताम्ल पिष्ट्या च म्रियते दशभि. पुटैः ॥ चि र

सुवर्ण के बारीक पत्र बना कर मैनसिल पारद को निम्बू रस मे घोट पत्रो

पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इसविधि से १० पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

(३ पुटी) रसस्य भस्मना वाऽथ [1]रसेनाऽऽलिप्यतद्दलम्।
हिंगुहिंगुलसिन्दूरैः शिला साम्येनमेलयेत्॥
समर्द्य काचन द्रावैर्दिन कृत्वाऽथ गोलकम्।
तं भाण्डस्यतले [2]दत्वा भस्मना पूरयेद्दृढम्॥
अग्नि प्रज्वालयेद् गाढ द्विनिशांस्वाग शीतलम्।
उद्धृत्य सावशेष चेत्पुनर्देय पुट [3]द्वयम्॥
अनेन विधिना स्वर्ण निरुत्थ जायते मृतम्।

भा भै र, वृ यो त आ वे प्र, र रा सु, र र प्र, र का धे, रसमजरी, र ज नि

१ रसैर्वालेपयेद्दलम् रसमजर्यामिति पाठ। २ धृत्वा रसरत्न प्रदीपे रसमजर्यामितिपाठ। ३ त्रयम् रसमजर्यामितिपाठ।

स्वर्ण के वारीक पत्रो पर पारद भस्म या पारे का लेप करे, फिर हीग, हिंगुल, सिन्दूर तथा मैनसिल को कचनार के छिलके के रसमे घोटे, उस मे स्वर्ण पत्रो को घोट, गोला वनाय, कपरौटी की हुई मजवूत हण्डीमे उस गोले को रख सम्पुट कर उसपर एरने उपलो की राख मुह तक दवा कर भर दे ओर फिर उसे चूल्हे पर चढा कर दो दिन की तीव्राग्नि दे। इस प्रकार दो या तीन पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

(१० पुटी) स्नुग्दुग्ध हिंगुहिंगूल शिलासिन्दूरकाम्लकैः।
पुटित दशवारेण निर्जीव हेम जायते॥

थोहर का दूध, हीग, हिंगुल, मैनसिल, सिन्दूर इन सव को निम्ब् रस मे घोट सुवर्ण पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट में रख लघुपुट की पुट दे, इस प्रकार १० पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

(२) शालची कटुका सिन्धुवार जम्बीर वारिणा।
काचनार जयाभेका चागेरी स्वरसै. पृथक्॥
तदेतैरेव सूर्यांश प्रदद्याद्भावनामपि।
नोवासूक्ष्म दलीकृत्य स्नेतार्क पयसा प्लुतम्॥
सिन्दूर कुनटी ताम्य क्षौद्रैरुद्धृत्य काचनम्।
सारयित्वा पुटैर्गर्ते पुटित पूर्व भेषजम्॥ रसे चू, र का धे, र, त

सुवर्ण पत्रो पर सिन्दूर, मैनसिल, माक्षिक, को शहद मे पीस लेप कर के सम्पुट में रख ८ सेर उपलो की आच दे। फिर निकाल शान्तिशाक, कुटकी सभालू, जम्बीरी निम्बू रस, कचनारफूल रस, भाग, ब्राह्मी, चागेरी, स्वेत आक दूध सबो की घूपमें बैठ कर भिन्न भिन्न भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से तीन पुट देने पर सुवर्ण की भस्म हो।

(४) शिलागन्ध रसेन्द्रञ्च रविदुग्धेन लेपयेत्।
स्वर्णसूक्ष्मदलानि त्रि पुटैर्यान्ति हि भस्मताम्। चि र

सुवर्ण के सूक्ष्म पत्र बना कर उन पर मैनसिल, वत्ति, पारद को आक के दूध में घोट लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधिसे ३ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

(५) हिगुलं गन्धक सूत नवसार मन. शिलाम्।
अम्लेन मर्दयेत्सव हेमपत्राणि लेपयेत्॥
छागणकैःपुट देय हेम भस्म प्रजायते। र ना,र का वे,र त

हिगुल, शखि, पारद, नौसादर और मैनसिल सब सम भाग इनको कूट निम्बू रस की भावना दे सुवर्ण पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर अर्ध गजपुट की आच दे, इस विधि से दो तीन पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

(१ पुटी) नाग चूर्णं शिलावत्री[1] क्षीरेण परियोजितम्।
[2]तेनलिप्त सुवर्णं च कल्केन म्रियते पुटात्॥
र. सागर, आ. क, र. ज नि,र प्र सु.

१ क्षार समन्वितम् इति रस प्रकाश सुधाकरे २ तेन लिप्य सुवर्णस्य कल्कञ्च इति रस जलनिधौ।

यद्वामृतेन करिणा शिलायोगेन भस्मताम्।

रसालकारे अय पाद भिन्न प्रतिपादित।

स्वर्ण पत्रो पर सीमा और मैनसिलका चूर्ण, आक दूध से घोट लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे, इस विधि से कुछ पुटें दे ता स्वर्ण की भस्म हो।

(७ पुटी) काचने [1]गलिते नागं षोडशांशेन निक्षिपेत्।
चूर्णयित्वा तथाम्लेन घृष्ट्वा कृत्वातु गोलकम्॥

गोलकेन समं गध दत्वा चैवाधरोत्तरं ।
शराव सम्पुटे धृत्वा पुटे[२]द्विंशद्वनोपलै ।:
एव सप्तपुटै र्हेम निरुत्थ भस्म जायते ॥

भा भै र, भा प्र, वृ यो न, रसे सा स., यो र, शा ध, चि. र, रस मजरी, वृ र. प्र, वै द, र प्र, र का धे, र स क, र सा. प

१ गालिते इति रस प्रदीपे २ त्रिंशद् इति रससकेत कलिकाया रसप्रदीपेच

सोना गलाकर उसमे १६वा भाग सीसा डालकर ठण्डा करउसे कूटकर चूर्ण करे, फिर नीबू रस मे घोट टिकिया बनाय नीचे ऊपर गधक का चूर्ण देकर शराव सम्पुट मे बद करके, २० उपलो की आग दे, इसी प्रकार ७ पुट दे तो सुवर्ण की निरुत्थ भस्म हो। रस सकेत कलिका और रस प्रदीपमें ३० वनोपल की आच देना लिखा है।

(१० पुटी) [१]स्वर्ण मावर्त्य तोलैक मापैक शुद्ध नागकम् ।
[२] क्षिप्त्वाचाम्लेन सञ्चूर्ण्य तत्तुल्यौ गन्ध माक्षिकौ ।
अम्लेन मर्दयेद्यामं रुद्ध्वा लघुपुटे पचेत् ।
गध. पुनः पुनर्देयो म्रियते दशभिः पुटै ॥

आ क, र का धे, र. ज नि, भा. भै र. रसे.चि, चि र, र.र.

१ हेम मारभ्य इति रसरत्नाकरे२ लिप्त्वादेयन्तु इति रसरत्नाकरे २ क्षिप्त्वा दाय च तत् इति आनन्दकन्दे ।

१ तोला स्वर्ण को पिघला कर १ माशा शुद्ध सीसा डालकर उतार ले पुन १ तोला शुद्ध गधक १तो० स्वर्ण माक्षिक चूर्ण मिला कर पुन निम्ब् के रस मे १ प्रहर घोट गोला बनाय सुखाय सम्पुट मे रख लघुपुटकी आच दे, इस विधि से १० पुट दे तो स्वर्ण की भस्म हो ।

(१ पुटी) माक्षिकं नाग चूर्णं च पिष्टमर्क रसेन च ।
हेम पत्रं [१]पुटेनैव म्रियते क्षणमात्रत. ॥ भा भै र, र रा सु, रसे. सा स .र. च, र. र., र ज नि,,

१ च तेनैव इति रसचण्डाशी ।

स्वर्ण-माक्षिक और सीसे का चूर्ण १–१ भाग ले, आक के रस वा दुग्ध मे घोट, सम भाग स्वर्ण पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो सुवर्ण की भस्म हो ।

(२ पुटी) [1]स्वर्णार्धं पारदं दत्वा कुर्याद्यत्नेनपिष्टिकाम् ।
दत्वोर्ध्वाधो नाग-चूर्णं पुटनान्म्रियते ध्रुवम् ॥
ना. भै. र, र रा सु, र च, र र, रज. नि

१ सुशुद्धं इति रस चण्डांशौ ।

२ भाग स्वर्ण में १ भाग पारद मिला कर पिष्टी बनाय नीचे-ऊपर सीसे का चूर्ण बिछा कर शराव सम्पुट में बन्द कर लघुपुट की आंच दे, इस तरह कुछ पुटे देने से सुवर्ण की भस्म हो ।

(३) सौवीर मञ्जन पिष्ट्वा चार्कवन्वरसैर्हेत् ।
जात रूपस्य पत्राणि शरावे सम्पुटे पचेत् ।
गजाख्येन पुटेनैव स्वर्णं याति भस्मताम् ॥
भा भै. र, र रा सु, र ज नि

काले सुरमे को भांगरे के रसमे घोट, स्वर्ण पत्रो पर लेप कर सम्पुट में रख गजपुट की आंच दे, इस विधि से कुछ पुटें दे तो स्वर्ण की भस्म हो ।

(४) सूतेनपिष्टिका कृत्वा स्वर्णरुद्ध्वाशरावके ।
स्वल्पनीलाञ्जनोपेत दग्ध स्वल्पैर्वनोपलै. ॥
कुंकुमाभं भवेद्भस्म योज्यं रस रसायने । रसे चू

पारा और सुवर्ण रेत को मिलाकर पिष्टी बनावे उस पिष्टी पर सुरमे का लेप कर शराव सम्पुटकर लघुपुट की आंच दे तो सुवर्ण की भस्म हो ।

(५) स्थूलवालधुकिञ्चकाञ्चन दलं त्रि. काञ्चनारिद्रवै. ।
प्रक्लृद्यन्मृतश्रृङ्गलिप्त पुटित भस्मत्वमापद्यते ॥ र प

पतले पतले सुवर्ण के पत्रो पर मुर्दा सग की भस्म को कचनार के रस में खरल कर पत्रो पर लेप चढाय सुखाय सम्पुट मे रख लघुपुट की आंच दे तो सुवर्ण की भस्म हो । मादन उल अक्सीर का लेखक मुर्दासग और कबूतर की विष्टा से भस्म बनाने का विधान देता है । मा अ.

नोट—सुरमा सीसा और बलि का यौगिक है, मुर्दा सग भी सीसा की ऊष्मिद भस्म है, इसलिये यह सुवर्ण की भस्में सीसा योग की है ।

(१० पुटी) इक्षोररिष्टेन दरंग्रलिम्पेत्कंकुष्ठ चूर्णेन च मृच्छरावम् ।
सुवर्णलोष्ठी च निधाय मध्ये पिधाय चान्येन च तस्य वक्त्रम
वनोपलानां युग सेटकानां ददीत वह्निं पुनरित्थमेव ।

यावत्पुटानान्तु रात प्रमाण भवेत्सुवर्णस्य निरुत्थ भस्म ।
निष्काद्दराणाञ्च न मार्जनस्यात्स्पर्शस्यकाठिन्य मपिप्रजह्यात् ॥

रसा सा

जिस प्याले मे १० तो० वस्तु आवे उसमे प्रथम सिरका चुपड दे उस पर मुर्दा सग का चूर्ण १ माशा लगा दे उस प्याले मे १ तो० सुवर्ण की डली रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की पुट दे शीतल होने पर निकाल इसी विधि को १० वार करने पर श्यामसुन्दराचार्य कहते है कि यदि सुवर्ण की अशर्फी रखी गई होगी तो उसके अक्षर भी बने रहेंगे और सुवर्ण की भस्म हो जायगी, जो अगुली से मलने पर पिस जायगी, श्यामसुन्दराचार्य ने अपनी उक्त रचनामे ककुष्ठको मुर्दा सग माना है जिसे टीकामे स्पष्टत स्वीकार किया है कि मुर्दा सग मे सीसे का अश रहता है । वास्तव मे मुर्दासग सीसे का ही यौगिक है किन्तु ककुष्ठ न तो खनिज पदार्थ है, न सीसे का यौगिक है । खैर ! उक्त भ्रामक धारणासे हमे यहा कोई प्रयोजन नही, किन्तु यहा जो उन्होने सुवर्णकी डली को मुर्दासग से भस्म बनने का विधान दिया है इसे किसी वैद्य को बना कर देखना चाहिये ।

(८ पुटी) मृतंनागस्नुही क्षीरै रथवाम्लेन केनचित् ।
पिष्ट्वातेन समाशेन स्वर्णपत्राणि लेपयेत् ॥
रुद्ध्वा गजपुटे पक्त्वा समुद्धृत्यविचूर्णयेत् ।
तस्मिन्नेव मृतं नाग मष्टमाशेन लेपयेत् ॥
यामैक मर्दयेदम्लै रुध्वा गजपुटे पचेत् ।
एवमष्टपुटैः पक्वंमृत भवति हाटकम् ॥ ऋद्धिखण्ड, र र

आनन्दकन्दे निम्नपाठ प्रतिपादित ।

पिष्ट्वा लेप्य स्वर्णपत्र रुध्वा गजपुटे पचेत् ।
आदायपेपयेदम्लैर्मृन्नागं चाष्टमाशकम् ।
वद्ध्वागजपुटे पच्यात्पूर्व वंशगसंयुतम् ।
एवपुनः पुनः पच्याद्दष्टधा म्रियते ध्रुवम् ॥ आ क

सीसा भस्म को थोहर के दूध में घोट अथवा किसी अम्लरस मे घोट सुवर्ण के पत्रो पर लेप कर सुखाय सम्पुट मे रख गजपुट की आच दे, फर निकाल अष्टमाश सीसा भस्मको घोट पत्रोपर लेपकर सम्पुटमे रखकर पुट

दे, इसी विधि से आठ पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो।

(३ पुटी) हेम पत्राणि सूक्ष्माणि जम्भाम्भो नागभस्मन.।
लेपत पुट योगेन त्रिवारं भस्मता नयेत्॥
पुनः पुटेन त्रिवारं तन् म्लेच्छतो नागहानये।
यो र भा भै र, र का वे, र ज नि, भा भै र. रसे चि,

योगरत्नाकरे भारत भैषज्यरत्नाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादित तथा त्रिपुटेन भस्म निर्माण विधि प्रतिपादिता।

सूक्ष्म स्वर्ण पत्रों पर नीबू रस में घुटी सीने की भस्म का लेप कर, सपुट में रख ३ पुट दे, इसी प्रकार हिंगुल मिला कर घोट गोला बनाय सपुटकर ३ पुट और देने से स्वर्ण की भस्म हो।

नोट—उक्त तीनों विधियां एक है किन्तु एक ग्रन्थकार आठ पुट में दूसरा छ पुट में तीसरा तीन पुट में भस्म बनने का उल्लेख करता है। इस अन्तर का क्या कारण? वास्तव में सुवर्ण जल्दी नहीं मरता, ३ और ६ पुट में यदि भस्म बन जाती तो आठ पुट देने की आवश्यकता नहीं थी। आठ पुट तभी देनी पड़ी जब उसमें त्रुटि दिखाई दी इसी लिये यह ठीक समझे।

(३ पुटी) शिला सिन्दूरयोश्चूर्णं समयोरर्क दुग्धकै.।
सप्तधा भावनां दत्त्वा च्छोपयेच्च पुनः पुन॰॥
ततस्तु गलिते हेम्नि कल्कोऽय दीयते समः।
पुनर्धमेदतितरां यथा कल्को विलीयते॥
एवं वेलात्रय दद्यात्कल्क हेम मृतिर्भवेत्॥

भा भै र., भा प्र, आ वे प्र, शा ध, र रा सु, र. प्र, चि र, र ज नि. र र को, र का वे, र सा प

मैनसिल और सिन्दूर सम भाग को आक के दूध की ७ भावना दे। फिर १ भाग स्वर्ण को गला कर उसमें १ भाग उक्त मिश्रण डाल दे, तीव्राग्नि पर रख इतना घनावे कि मैनसिल आदि जल जाय, इसी प्रकार उक्त मिश्रण को मिला कर तीन बार तपाने से स्वर्ण की भस्म हो जाती है।

(वमन पुटी) स्वर्णस्य द्विगुण सूतं याममम्लेन मर्दयेत्।
[1]ऊर्ध्वाधो मालिकं [2]पिष्ट्वा मूषायां स्वर्ण तुल्यकम्॥
तत्पृष्ठे मादतं हेम, तत्पृष्ठे [3]हेम मालिकम्।

देय स्वर्ण सम तच्च पृष्ठे गंध च तत्सम्म ॥
[१]पड्वारं चूर्णितं दत्त्वा रुद्ध्वा मूषां धमेद् दृढम् ।
स्वभाव शीतलं ग्राह्यं भस्म तद् भाग पंचकम् ॥
टङ्कण श्वेतकाचञ्च भागैकंच प्रयोजयेत् ।
त्रितय मधुनाज्येन [५]मिलितं गोलकी कृतम् ॥
[६]धान्याभ्रकस्य भागैक मधश्चोर्ध्वञ्च दापयेत् ।
निरुध्य तद्धमेद् गाढ मूषाया घटिकाद्वयम् ।
निश्चंथ जायते भस्म तत्तद्योगेषु योजयेत् ॥

आ क, र ज नि, र र

१ आरोट इति आनन्द कन्दे । २ क्षिप्त्वा इति आनन्दकन्दे । ३ रुद्ध इति आनन्दकन्दे । ४ समधि इति आनन्दकन्दे । ५ मेलयेत् इति आनन्द-कन्दे । ६ व्यानाहुत च इति आनन्दकन्दे ।

स्वर्ण-पत्रों को दुगुने पारे में १ पहर निम्बू रस में घोटे फिर टिकिया बनाय सुखाय नीचे ऊपर स्वर्ण- माक्षिक डाले, फिर गंधक डालें और मूषा में रखकर धमावे । इसी प्रकार ६ बार गंधक देकर धमावे तो स्वर्ण की भस्म हो । यह भस्म ५ भाग, सुहागा १ भाग, श्वेत काच १ भाग तीनों को मधु और घृत से गोला बनाय अभ्रक पत्र के बीच देकर मूषा में रख सम्पुट कर २ घटे रख तीव्र आँच देने से स्वर्ण की निरत्थ भस्म होती है ।

(३ पुटी) स्वर्णं तुल्यंरसंदत्वा खल्वे सम्मर्दयेद्दृढम् ।
निम्बू द्रवेण सम्मर्द्य बहुशः क्षालयेद्भिषक् ॥
कुमारी रससिन्दूरं स्वर्णतुल्य विनिक्षिपेत् ।
सुवर्णमादिकंचैव मृत कनकमाक्षिकम् ॥
स्वर्णक्षीरी रसै. पिष्ट्वा चक्रिका करयेद्भिषक् ।
दद्याल्लघुपुटे वैद्यो यावन्निश्चन्द्रिकं भवेत् ॥ रसामृत

सुवर्ण रेत के बराबर पारा मिलाय पिष्टी बनाय निम्बू रस की भावना दे देकर नित्य घोता रहे, ३ दिन के बाद उस पिष्टीमें सुवर्ण के बराबर मैनसिल तथा इतना ही हिंगुल तथा चौथाई माक्षिक भस्म मिलाकर सत्यानासी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लावकपुट की आंच दे, इस प्रकार कम से कम तीन पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो ।

(२) ततोरेतितमेवैतत्तुल्यं च सूतकम् ।
सूतार्धं धातुमाक्षीक कुमारीमाक्षिकोन्मितम् ॥
गन्धकं सूतकोन्मानं सर्वं [1]कन्याद्रवप्लुतम् ।
सुखल्वे मर्दयेद्गाढं यावन्निश्चन्द्रिकं भवेत् ॥
ततः कच्छपयन्त्रस्थं तत्पुटे प्रहर [2]त्रयम् ।
स्वाङ्गशीत [3]समादाय पुटेद्भूगर्भगर्भकम् ॥

रसे चू, र का धे, लो स

१ मल्ल इति लो. स २ द्वयम् इति लो. स ३ समुद्धृत्य इति लोहसर्वस्वे

सुवर्ण की रेत के बराबर पारा मिलाकर घोट पिप्टी बनावे फिर पारे से आधा मैनसिल व माक्षिक तथा पारद के बराबर बलि सबको मिलाकर कुमारी रस की इतनी भावना दे कि पिप्टी घुटती हुई निश्चन्द्र हो जाय, उसे कच्छप यन्त्र में रखकर ३ प्रहर पकावे या भूगर्भ की पुट दे, इस प्रकार कम से कम तीन पुट देने पर सुवर्ण की भस्म हो ।

(१ पुटी) तत्सुवर्णं दलंकृत्वा सूक्ष्मं कुर्याद्विचक्षणः ।
जम्बीर नीरेण हेम माक्षिकं मर्दितं भिषक् ॥
तद्दले लेपिते दन्ती पुटं देयं शरावके ।
भस्मी भवति शीघ्रेण नात्र कार्या विचारणा ॥

र चि, र का धे, व रा, आ क, र ल.

आनन्दकन्दे रसालकारे भिन्नपाठ प्रतिपादित

उस सुवर्ण के पतले पत्र बनाय उस पर निम्बू रस मे घुटी हुई माक्षिक को पत्रोपर लपकर सुखाय दन्ती के नुगदे मे रख सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो सुवर्ण की भस्म बने ।

रस चिन्तामणि और रस कामधेनु संग्रहकर्ता ने निम्बू के स्थान पर कचनार रस में माक्षिक घोट कर लेप करना लिखा है बस इतना ही अन्तर है ।

समसूतेनवै पिष्टं कृत्वाऽग्नौ नाशयेद्रसम् ।
स्वर्णं तत्सम ताप्येन पुटित भस्मजायते ॥

र च, रसे चि, र ज नि, र सागर

रस सागरे भिन्नपाठ प्रतिपादित ।

पारद सुवर्ण बराबर मिलाकर पिप्टी बनाय कुठाली में रख धमन करे

और पारद को धमन क्रिया से नष्ट कर दे फिर सोने के बराबर माक्षिक मिलाय कचनार रस या निम्ब् रस में घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुट की आच दे तो सुवर्ण की भस्म बने।

(१० पुटी) लोह पर्पटिका बद्धं मृतं सूत समांशकम् ।
विद्रुते हेम्नि निक्षिप्तं स्वर्णं भूतिप्रभं भवेत् ॥
तद्भस्म पूरतोयेन दरदेन समन्वितम् ।
मर्दयेद्दिनमेकं तु संपुटे धारयेत्तत. ॥
पुटित दशवारेण स्वर्णं सिन्दूर सन्निभम् ।
जायते नात्र सदेहो सर्वरोगेषु योजयेत ॥
र मृ., भा भै र, र प्र सु ।

स्वर्ण को पिघला कर उसमें लोह-पर्पटिकावद्ध-पारद भस्म डाल दे इससे स्वर्ण भस्म सा हो जायगा। फिर सिंगरफ मिलाकर विजौरे के रस में १ दिन खरल करके शराव सम्पुट में बद कर लघु पुट दें। इस प्रकार १० पुट देने से सुवर्ण की सिन्दूर सम भस्म हो जाती है।

(१२ पुटी) द्रुतेविनिक्षिपेत्स्वर्णे लोहमानं मृतं रसम् ।
विचूर्ण्य लुङ्गतोयेन दरदेन समन्वितम् ॥
जायते कुंकुमच्छायं स्वर्णं द्वादशभिः पुटै. ।
रसे चू, र ज नि., भा भै र, र स,

१ भाग स्वर्ण पिघला कर, १ भाग लोह पर्पटी का बद्ध पारद मिलाय, १ भाग हिंगुल, नीबू रस मे घोट उसपर लेपकर सुखाय सम्पुट में बन्द कर लघु पुटकी आच दे, इस तरह १२ पुटें देने से केसर जैसी वर्ण की लाल भस्म हो।

(८ पुटी) शुद्ध सूत सम गंधं माक्षिक च सहाम्लकै. ।
अष्टभिश्चपुटैर्हेम म्रियते पूर्ववत्क्रियाम् ॥ र र,आ.क.

पारा वलि और माक्षिक इनको विजौरा निम्बू रस मे घोट सुवर्ण पत्रो पर लेप कर सम्पुटकर लघुपुट दे, इसी प्रकार ८ पुट दे तो सुवर्णकी भस्म हो।

(१४ पुटी) तुल्य त मर्दयेच्छुष्कं समकनक माक्षिकम् ।
गाढं खल्वे विमर्द्याथ स्वरसैः काञ्चनारजै ॥
शराव सम्पुटे कृत्वा पुटेदष्टादशोपलै. ।
कार्या कनक पुष्पाणां वृद्धिरेव पुटे पुटे ॥

यावद्गैरिक वर्णाभं स्वर्ण भस्म प्रजायते ।
तोलिते यदि वृद्धि.स्यात्पुन' पाकं समाचरेत् ॥
एवं चतुर्दश पुटैर्निरुत्थं भस्म जायते । र.का. धे.

सुवर्ण के वरावर माक्षिक चूर्ण मिलाय दोनो को खूव घोट कचनार रसकी भावना देकर टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर १८ वनोपलकी पुट दे, इस प्रकार १४ पुट देने पर सुवर्ण की लाल गेरु जैसी भस्म वनती है ।

ग्रन्थकार कहता है यदि सुवर्ण भस्म का वजन वढ जाय तो उसको और आगे पुटे देता रहे और प्रत्येक पुट में धतूरे के फूलो की वृद्धि करे अर्थात् धतूरे के फूलो का नुगदा अधिक दिया करे ।

वक्तव्य—माक्षिक में ताम्र और लोह दो धातुए होती है, जव यह सुवर्ण के वरावर एक वार मिलाया जायगा तो इसकी मात्रा से १ तोला सोना हर हालत मे १॥ तोला से कुछ अधिक उसकी भस्म रहेगी । ग्रन्थकार कहता है, वजन वढ जाय तो पुट देता रहे । पुट चाहे कितनी ही क्यो न दी जाँय ताम्र और लोह का जो सुवर्ण में मिश्रण हो जाता है, यह पुट देने से कदापि नही घट सकता । हा पुट देते-देते छीजन में चली जाने से अवश्य ही घट सकती है ।

शोधिताशोधितं हेम माक्षिक च द्विभागिकम् ।
द्वौ भागौ पारदस्यापि निम्बुनीरेण मर्दयेत् ॥
हेम पत्रस्य भागैकं लिप्त्वाऽम्लेन विमर्दयेत् ।
त्रियामं पातनायन्त्रे हठा त्तद्गोलकं पचेत् ॥
शराव सम्पुटे कृत्वा पुटे त्रिंशद्वनोपलैः ।
पुनरम् संमर्द्यस्यादेव लेनदशधा मृति. ॥ र.का धे, र र, आ.क.

आनन्दकन्दे रसरत्नाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादितः। द्वयो ग्रन्थयो पातन-यन्त्रेण विधिनानिरुत्थ भस्म विधान विहितम् इति । रसकामधेनौ धमन पश्चात् पुन दशवारपुट प्रकल्पितम् ।

शुद्ध और अशुद्ध माक्षिक एक-एक भाग पारा दो भाग सोने के पत्र एक भाग पारे से सोने का मिश्रण कर सवको एकत्र कर निम्बू रस से घोट पिण्डी वनाय अन्ध मूषा मे रख ६ घटे तक तीव्र अग्नि मे धमन करके पुन निकाल खरल में डाल निम्बू रस की भावना दे, टिकिया वनाय सुखाय सम्पुटकर ३० वनोपल की आच दे । इस विधि से १० पुट दे तो सुवर्ण की भस्म हो ।

रसरत्नाकर और आनन्दकन्दकार कहते है कि अन्यमूषा में रख पातनयन्त्र में धमन करने से ही सुवर्ण की निरुत्थ भस्म हो जाती है। यदि ऐसा होता तो रसकामधेनु कार और दस पुटें क्यो देता, इससे ज्ञात होता है कि धमन मात्र से सुवर्ण भस्म नहीं होती ।

अथवा मृतवज्रेण योगिन्यश विलेपितम् ।
अम्लवर्ग विलिप्तं च पुटितं याति भस्मताम् ॥ आ क., र ल

अथवा वज्र भस्म सुवर्ण पत्र से १२ वा भाग ले अम्लवर्ग में घोट उन पत्रों पर लेपकर सम्पुट में रख लघुपुट की आच दे तो सुवर्ण की भस्म हो ।

सुवर्ण भस्म के गुण

विष भुक्ताय दद्याच्च शुद्धायोर्ध्व मधस्तथा ।
सूक्ष्म ताम्ररजः काले सक्षौद्रं हृद्विशोधनम् ॥
शुद्धे हृदिततः शाण हेम चूर्णस्य दापयेत् ।
नसज्जते हेमयोगे पद्मपत्रेऽम्बुवद्विषम् ॥ र सा प , पा स

विष खाये हुए को नीचे लिखी विधि से सुवर्ण सेवन करावे। प्रथम तत्काल ताम्र चूर्ण शहद मिला कर वमन के लिये दे, जब उससे वमन विरेचन होकर कोष्ठ शुद्ध हो जाय उसकेबाद ४ माशा सुवर्ण दे. इसके देनेपर विष का प्रभाव जाता रहता है ।

एतद्भस्मसुवर्णज कटुघृतोपेत द्विगुञ्जोन्मितं
लीढहन्ति तृषां क्षयाग्नि सदनं श्वासं च कासारुचिम
ओजोधातु विवर्धनं बलकरं पाड्वामयध्वन्सनम्
पथ्यं सर्वविषापह गरहरं दुष्टग्रहण्यादिनुत् ॥ र र स,पा स,

२ रत्ती सुवर्ण भस्म काली मिर्च घृत के साथ सेवन करने से क्षय, तृषा मन्दाग्नि, श्वास, कास और अरुचि को नाश करता है। ओजरस और धातुओ को वढाने वाला है। वलकारक, पाण्डुरोग, असाध्य सग्रहणी और विष को नष्ट करने वाला है।

स्निग्धं मेध्यविषगरहरं वृ हण वृष्यमग्न्यं
यक्ष्मोन्माद प्रशमनं पर देह रोग प्रमाथि ।
मेधा बुद्धि स्मृति सुखकरं. सर्वदोषामयघ्नम् ।
रुच्यं दीपि प्रशमित रुजं स्वादुपाकं सुवर्णम् ॥ र.र.स

सुवर्ण भस्म स्निग्ध है मस्तिष्क के लिये हित कर है स्थावर जगम विषो के विकारो को दूर करनेवाली है। वीर्य वर्धक, अग्नि वर्धक है, उन्मादको शमन करने वाली है, और बडे बलवान् रोग यक्ष्मा को शमन करने वाली है स्मृति शक्ति बुद्धि को बढाती है, मुख स्वास्थ्य को देने वाली है। समस्त दोषो रोगो को नष्ट करने वाली, रुचि वर्धक, क्षुधा वर्धक,जीर्ण रोगोको दबाने वाली पाकमे मधुर है। उक्त रोगो से भिन्न निम्न रोगो में भी इस को देते है अर्धावभेदक, मनालिया, वहम, कास, श्वास, अर्श, भगन्दर, नाडीव्रण, कण्ठमाला, श्वित्र कुष्ठ, सिध्म, आमवात में लाभ दायी है। शरीर के प्राकृतिक उत्ताप को स्थिर रखती है। मात्रा १ रत्ती

अनुपान—ब्राह्मी, वच, कुठ, शखपुष्पी इनके चूर्ण २-३ माशा के साथ लेने से उन्माद, अपस्मार, भूतबाधा मे लाभ होता है और बुद्धि स्थिर होती है।

कुठ, वच, मधु, और घृत से अथवा मछेछी, शखपुष्पी, मधु घृत से या हिरन खुरी, वच मधु घृत से सेवन करने पर मेधा वृद्धि होती है, सौख्य बढता है। पुनर्नवा त्रिफला चूर्ण शहद से नेत्र ज्योति निर्बलता में, शखपुष्पी रस शहद से मन्द बुद्धि में देते है।

सेलखड़ी (दूधपथरी) भस्म

इसको यूनानी में सगजराहत, गुजराती और मरहटी में घा पाषाण कहते है। यह वास्तवमें चून कज्जलेत का ही एक यौगिक होता है, जिसके अणु मे जलके दो परमाणु विद्यमान रहते है इसे यदि आगमें रख दें तो इसमें से जल के उक्त परमाणु उसके यौगिक से निकल जाते है और वह केवल चून कज्जलेत रह जाता है इसकी भस्मका उपयोग रस ग्रन्थमे नही मिलता। सुधापाषाण का नाम आता है जो चूने के पत्थर के लिये उपयोजित हुआ है इसकी जानकारी तो बहुत पीछे की है यूनानी के किसी प्राचीन ग्रन्थ में भी इसका उल्लेख नही मिलता। नव्य ग्रन्थो में ही इसका अधिकतर उल्लेख हुआ है इसके भस्म करने की अन्यग्रन्थो में निम्न विधिया है।

(१) दूध पथरी को कुमारी के नुगदे मे रख सम्पुट कर अर्व गजपुट की आच दे तो भस्म होगी। सि भै मा.

(२) निम्ब पत्रो में रख उक्त विधि से आच दे। सि भै. मा.

(३) दूध पथरी को १४ वार गावजवा के अर्क में बुझावे फिर उक्त विधि

से कुमारी के गुदे में रख सम्पुट कर पुट दे। र न ना.

(४) दूध पथरी को गवी के दूध में रख कर पुट दे। अ स

(५) इसे तेल मे ३ दिन रखकर पीपलके नुगदेमें रखकर पुट दे। मखजन

(६) इसमे बराबर फिटकरी मिलाय कुमारी मे रख कर पुट दे। अ स

(७) इसे ब्रह्मदण्डी के नुगदे में रख सम्पुट कर पुट दे। मखजन

(८) इसे लोबान कौटिया मे रख कर पुट दे। अ न, मि ख

(९) इसे मुण्डी बूटी के नुगदे मे रखकर पुट दे। अनु यो मा

(१० इसे गोदुग्ध में घोट टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर २० सेर उपलो की पुट दे। अ त.

(११) इसे जख्म हय्यात के नुगदे मे रख कर पुट दे। म अ

(१२) इसे भाग के नुगदे में रख कर पुट दे। न अ

तवे पर फिटकिरी डाल कर पिघलावे जब फिटकरी गल जाय उसके बराबर पिसी दूध पथरी उसमें मिलादे और प्याले मे टक कर थोडी देर आच दे फिटकरी फूल जाय उतार ले। अ. ति

(१४) गोदन्ती और दूध पथरी बराबर की मिलाकर गोजिह्व (बन गोभी) के नुगदे में रख २० सेर उपलो की आच दे। म अ

(१५) दूध पथरी को खुरफा रस, बाँसा रस, बारतग की एक एक भावना दे सुखा कर रख ले। मखजन

(१६) इसे मक्खन में रख कर पुट दे। नि कि

सेलखड़ी भस्म के गुण

प्रत्येक श्लेष्म विकार, नजला, कास, रक्तष्ठीवन, पित्तज्वर, प्रमेह, रक्तपित्त, नकसीर, यकृत, आमाशय व्रण, सूजाक, मुख स्फोट, में लाभदायी है। कही से भी रक्त स्राव होता हो, ऋतु अधिक आ रहे हो, रक्त बन्द न होता हो तो इसके सेवन से लाभ होता है।

सोमल

भौतिक गुण—सोमल जब विशुद्ध रूप में होता है तो इसका रग काले भूरे काच जैसा चमकदार होता है, यह धातुओ जैसा ही ताप व विद्युत का अच्छा वाहक है किन्तु अन्य धातुओ के गुण इसमे नही पाये जाते। यह चोट

मारने पर काचवत् चूरा हो जाता है दूसरे धातुओंवत् हवाकी विद्यमानता मे पिघलाया भी नहीं जा सकता। हवा रहित बन्द वर्तन मे गरमी दी जाय तो १८०° श० के उत्ताप पर पिघलता है और ज्यादा देर द्रव बना रहे तो इसका वर्ण भूरा काला हो जाता है।

सोमल के कई रूप—सोमल को जहा खनिजो से भिन्न किया जाता है वहा इसे हवा शून्य भट्ठो मे जब पिघलाते है तो उस समय यह तीन रूपो मे पाया जाता है।

(१) रवारहित डले के रूप मे (२) घन वर्गाकार अष्टफलक रवाके रूप में (३) कुछ समपार्श्वीय रवादार। किन्तु इनमे से किसी को पुन हवा शून्य पात्र में उदजन की उपस्थिति में पिघलावें और इसकी वाष्पो को भिन्न भिन्न उत्तापपर शीतल करें तो यह कई वर्णों में बदल जाता है। १९० शताश से २१० शताश के उत्ताप पर जमाया जाय तो इसका वर्ण भूरा रवा युक्त बनता है। यदि २१०—२२० शताश के उत्ताप पर इसकी वाष्प को जमाया जाय तो काला रवा रहित चमकीला होता है और इसकी वाष्प को एका एक १०० शताश केनीचे ले जाकर जल्दी शीतल कर दे तो यह पीले रवो के रूप में जमता है और कज्जल द्विऊष्मिद की उपस्थिति मे भी इसी तरह शीतल करनेपर पीला रवादार बनता है। यह इस तरहके रग रूपमे कुछ काल तक स्थायी रहता है। किन्तु, इसके भूरे डलों को खुली हवा मे रखा रहने दें तो वह हवा का ऊष्मजन चूस कर सफेद दूधिया बनता चला जाता है, यही ऊष्मिद हुआ सोमल हम सब सदा ही व्यवहार में लाते है। इनमे कोई कोई बहुत बडा डला तोडा जाय तो वह अवश्य भीतर से काच सा चमकदार निकलता है। जो हवा के अभाव से बचा रहने के कारण अपने असली रूप में होता है, वरना सारा का सारा ही सफेद हो जाता है।

रासायनिक गुण—यह अञ्जन, विस्मिथ नैलिका श्रेणीका अर्ध धातवतत्त्व है। इसमे यह विशेषता है कि जब यह ऋणात्मक तत्त्वोसे मिलता है तो धातुओ का सा आचरण करता है और जब यह धातुओ से मिलता है तो ऋणात्मक तत्त्वोका सा आचरण करता है अर्थात् इसमें धातव और अधातव दोनों तत्त्वोंके गुण मौजूद है इसलिये इसकी अर्ध धातव तत्त्वोमे गणना की गई है।

इसकी परमाणु मात्रा ७४-९ है तथा घनता ५-७ है। इसकी वयक्षा

उस तरह तो ४ है पर उच्च ताप पर घटकर दो ही रह जाती है। इसका क्वथनाक ४५० श० निर्वात मे है। सवात में तो यह गरम होते ही शीघ्र ऊष्मजन से सयुक्त हो सोमल ऊष्मिद ($सो_2ऊ_3$) मे परिणत होने लगता है इसकी वाष्प बन कर जब हवा मे मिल कर चारो ओर फैलती है तो उसकी लहसुन की सी गन्ध आने लगती है। यह विपाक्त होती है, आखो में लग कर व फुफुस में हवा के साथ जाकर बहुत हानि पहुचाती है। भस्में बनाते समय जब सोमल उड़ रहा हो उक्त गन्ध से इसका शीघ्र ज्ञान हो जाता है।

सोमल का उपयोग—प्राचीन रसग्रन्थो मे इसका कही भी उल्लेख नही मिलता, १६ वी शती के बाद के ग्रन्थो में इसका उल्लेख मिलता है। इससे पता चलता है कि १७ वी शताब्दी मे रसायनाचार्यों को इसका ज्ञान हुआ था।

किन्तु इसके प्राकृतिक दो यौगिक हरिताल और मन शिला का उपयोग रसवादी आरम्भ से ही करते रहे है किन्तु उन्हें इस बात का ज्ञान नही था कि हरिताल और मैनसिल सोमल के वलि से बने हुए ही यौगिक है। इसका सही ज्ञान तो इसी बीसवी शताब्दी मे आकर नव्य रसायन शास्त्र की सहायता से हुआ। इस समय हम सोमल का उपयोग तीन रूप में करते है (१) ऊष्मिद रूप में (२) धातवीय लवणो के रूप में (३) वलि से मिल कर बनने वाले वलिकाइद के रूप में जैसे हरिताल मैनसिल।

किसी वनस्पति की भस्म के सयोग से जो सोमल का यौगिक बनता है वह प्राय वनस्पति मे विद्यमान क्षारोके उत्पादक धातुओ से इसका सयोग होता है, वह इसका लवण होता है। दूसरे केवल वनस्पतियो के नुगदेमें रखकर भस्म बनाने पर यदि भस्म बन जाय तो वह उच्च ऊष्मिद होती है। तीसरी वलि के साथ मिलाकर कूपी पाक में जो माणिक्य नाम से इसकी भस्म बनाते है वह वलिकाइद (मैनसिल रूप की) होती है। इन्ही का हम सब उपयोग करते है। उस तरह आजकल के रसायन शास्त्री इसके अनेको यौगिक बना कर अनेको तरह से व्यवहार में ला रहे है जिन का हमारे विषय से कोई सम्बन्ध नही।

सोमल भस्म

(१) शुभ्र मल्लं तु कर्षैकं लघुमृद्भाजने न्यसेत्।
तस्योपरि ह्यजादुग्धं पञ्चकर्षं च ढालयेत्॥

मुद्रां मृत्कर्पटेनैव कृत्वाभूमौ निवेशयेत् ।
मृत्तिकां द्वङ्गुलमिता तस्योपरि प्रदापयेत् ॥
दशभिः करिषैर्दद्यात्तस्योपरि घनञ्जयः ।
एक विंशति पुटैश्चैव मल्लभस्म भवेद्ध्रुवम् ॥
निर्धूमं याति मरण मौषधादिषु योजयेत् ॥ र. च

एक छोटी सी कुल्हड़ी मे १ तो० सोमल रख कर उस पर ५ तोला बकरी का दूध भर कर सम्पुट कर भूधर यन्त्र में रख उस पर दो अगुल मिट्टी चढादे फिर १० उपलो के चूरे की आच दे, इसविधि से २१ वार करे तो सोमल की पीली भस्म बने ।

(२) कन्थारी काष्ठजां क्षारं स्वेत वर्णं प्रगृह्य च ।
कर्षैकं मल्लस्याधोर्ध्वं मृद्भांडे सम्प्रदापयेत् ॥
चुल्या मारोपयेद्भाण्ड बदरीकाष्ठ वह्निना ।
यामद्वयात्मकं पाच्यं भस्मी भवति मूषकः ॥ र च.

कन्थारी काष्ठ की भस्म बना कर भस्म यन्त्र में सोमल को दाबू दे कर चूल्हे पर रख दो प्रहर तक बेर की लकडी की आच दे तो सोमल भस्म बने ।

(३) रुमामस्तकि चूर्णं तु ग्राह्यं कर्षं त्रयात्मकम् ।
कर्षैकं मल्लस्याधोर्ध्वं दत्त्वा तन्मृच्छरावके ॥
आच्छाद्य लोह पात्रेण सन्धि लेपं तु कारयेत् ।
पूरयेदर्क पयसा शरावं च विचक्षण ॥
पात्रं निमज्जमानेन पाचयेद्यामसात्रकम् ।
सोमलो भस्मतां याति योजयेत्कफ वातजे ॥ र च

रूमी मस्तगी का चूर्ण ३ तो० सोमल १ तो० एक कुल्हडी में रूमी मस्तगी के मध्य सोमल रख उसमें आक का दूध भर दे फिर सम्पुट कर लोहे के बर्तन मे चढा कर ३ घटे की आच दे तो सोमल की भस्म बने ।

(४) कण्टकारी रसैः सप्तदिन भाव्यं तु सोमलम् ।
एव वारत्रय काचकूप्या सत्व च पातयेत् ॥
एतत्सत्वे पादसूत सगन्धं कज्जलीकृतम् ।
कण्टकारी मूषिकायां शरावं पाचयेत्पुनः ॥
यामाष्टकं वज्रघनो रसं समस्त अतिजिन् । र का धे, भा भै र

सोमल को कटेली रस की ७ भावना दे फिर उसे काचकूपी मे चढाय यन्त्र में रख उसको उडावे इस प्रकार ३ वार करे, उस जौहर का चौथाई पारा और इतना ही वलि मिलाय खरल कर टिकिया वनाय कटेली के नुगदा में रख सम्पुट कर वालुकायत्र मे चढाय ८ प्रहर की आच दे तो यह वज्रघन नाम का रस तय्यार होता है। इसे समस्त रोगो मे दे।

(५) स्फटिको धवलश्चैव दाडिमः कृष्ण पीतकः ।
एते पञ्चाहि पाषाणा. गृह्णीयात्सम भागकैः ॥
खल्वे किञ्चिद्विचूर्ण्याथ क्षिपेड्डमरु यन्त्रके ।
रम्भाकन्द रसैश्चैव प्रतिकर्षे चतुर्गुणम् ॥
दापयेत्तत्समं चैव लिंगिनी स्वरसं तथा ।
सन्धि लेपं तथा कृत्वा चुल्योपरि निधापयेत् ॥
मन्दाग्नौ पाचयेद्याम चतुष्टयं विधानतः ।
मूर्ध्नि दत्वाऽऽर्द्र वस्त्रं तु स्वांगशीतं समुद्धरेत् ॥

र च, भा भै र

पाचो प्रकार के सोमल ले फिर केला रस, शिवलिंग रस सोमल से चौगुने ले सवको एक शीशीमें भर वालुकायन्त्र में या डमरुयन्त्र में रख चूल्हेपर चढा कर ४ प्रहर की आच दे। जो जौहर ऊपर लगे उसे खुर्च पीसकर प्रयोग मे लावे। मात्रा १ चावल। श्वास,कास, विषम ज्वर, वात व श्लेष्म रोगो में दे।

(६) ऋतु भागं सोममलं तालं दिनमित तथा ।
कन्याद्भि. पञ्चदश च भावना छिक्कका द्रवैः ॥
अश्वत्थ त्वच मध्यस्थ पड्याम दापयेत्तत. ।
आरण्योपलकै. शीतमश्वगन्धाम्बु योजित ॥
भावयित्वा रसैस्तत्तु तालं कुष्ठ हर भवेत् ।
नित्योदितो स रसोऽत्र रसराजीयता भजेत् ॥

र का घे, र यो सा, भा भै र

६ भाग सोमल, ७ भाग हरिताल दोनो को कुमारी, नकछिकनी की १४ भावना दे, टिकिया वनाय पीपल की भस्म मे रख सम्पुटकर, चूल्हे पर रख ६ प्रहर की आच दे फिर निकाल एक भावना असगन्ध की देकर रख ले। मात्रा १ राई के वरावर है।

समस्त कुष्ठो में इसका उपयोग करे इसका नाम नित्योदित रस है।

(७) लाल मूली के पत्तो का रस निकाल उसमे भाँग पत्र को घोट नुगदा बनाय उसमे सोमल की डली रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे तो सोमल की लाल भस्म बने। रक्त शोधक, शक्ति वर्धक है। मात्रा १ चावल। अ त

(८) सोमल की डली को करछी में रख एक सेर पेठा रस का चोया दे तत्पश्चात् अपामार्ग की राख मे दावू देकर ४ प्रहर की आच दे तो सोमल भस्म बने। मात्रा २ चावला मधुमेह में लाभ करता है। अ. त.

(९) सोमल की डली को हरमल की भस्म में दावू देकर २४ घटे की आँच दे तो सोमल भस्म बने। प्लेग मे लाभदायी है। मात्रा १-२ चावल। स अ

(१०) सोमल को अद्रक रस की भावना दे नुखाय प्यालो में सम्पुट कर जौहर उडावे। उस जौहर को निकाल वजन करे जितना घटा हो उतना सोमल और मिला कर पुन अद्रक रस की भावना दें जौहर उडावे, इस तरह ७ वार करे तो सोमल की नीचे बैठी हुई सफेद भस्म बने। अनु यो मा

(११) अर्कक्षार, आपामार्गक्षार ४-४ तो इसके नुगदे में सोमल की डली को रख पारस पीपल की राख मे दावू देकर ४ प्रहर की आच दे तो की सोमल की भस्म बने। अ त

(१२) सोमल को त्रिधारा थोहर के दूध की ३ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय २० तो० थोहर भस्म में रख दावू दे सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। अ त

(१३) सोमल की डली को सिन्दूर मे दावू देकर १६ घण्टे की चूल्हे पर रखकर आच दे तो भस्म बने। फिरग में लाभदायी है। स अ मि ख

(१४) सोमल की डली को लाजवन्ती के नुगदे मे रख सम्पुट कर १ सेर उपलो की आँच दे। इस विधि से ७ वार करे तो सोमल भस्म बने। अत्यन्त उत्तेजक व कामोद्दीपक है। स अ, अ त.

(१५) सोमल को आक दूध की ७ भावना दे टिकिया बनाय आक भस्म मे दावू दे सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सोमल की भस्म बने। स्तम्भक, [illegible] स्वप्न दोष नाशक है। स अ

(१६) सोमल की डली को इन्द्रायण के फल मे रख सम्पुट कर पुटपाक करे इस तरह २१ वार कर पीस ले यह भी रेचक है। मात्रा १ चावल। मि ख

(१७) सोमल को फिर थोहर दूध की ३ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय थोहर भस्म में रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म वने। रक्त विकार, फिरग, कुष्ठ, श्वित्र कुष्ठ में लाभदायी है। इसके सेवन से रेचन आते है। मात्रा १ चावल। मि ख, मखजन

(१८) सोमल डली से चौगुने जैपाल वीज के नुगदे में वन्द कर करछी में रख इन्द्रायण के रस का चोया दे, २-३ वार इसी प्रकार करने पर सोमल मोम सा हो जायगा। मात्र १ चावल। लाभ उक्त लिखे अनुसार नाडीव्रण, भगन्दर मे भी लाभदायी है। मा अ, मि ख,

(१९) सोमल की डली को करछी में रख जैपाल वीजो को घोट दूध सा वनाय उसका चोया दे, १ सेर वीचो का चोया दे। पश्चात् सोमल की डली को अर्क गुलाव मे खरल कर रख ले। तीव्र रेचक है। उक्त रोगो में १ चावल दूध से दे। मखजन मि. ख

(२०) सोमल डली को जैपाल वीज तेल का चोया दे तो सोमल मोम सा हो जाता है। यह तीव्र रेचक है। मि. ख.

(२१) सोमल को लाल मिर्च के काढे की ७ भावना दे टिकिया वनाय सुखाय एरण्ड पत्र के नुगदे में रख सम्पुट कर ४ सेर उपलो की पुट दे तो भस्म वने। ज्वर, नजला, फिरग, सुजाक, श्वास, कास, न्यूमोनियामें लाभदायी है। अ त

(२२) सोरा से दूनी दूवी दोनो को कूटकर कढाई में रख प्याले से ढक कर आच दे दूवी के जल जाने पर सोरा नीचे वैठ जायगा इस सोरे के नुगदे मे सोमल रख अपामार्ग, केला या तिल के राख में दावू देकर ४-५ घटे की आच दे तो भस्म वने। अ त

(२३) सोमल को वडी दूवी के रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय तिल भस्म मे दावू देकर वेरी की लकडी की ४ घटे आच दे तो सोमल की भस्म वने। अ त

(२४) सोमल को शराव, अद्रकरस, कुमारी रस की भावना देकर जौहर उडावे। जितना सोमल घटे और मिला कर फिर भावना दे जौहर उडावे ४-५

वार में सोमल की तललग्न भस्म बन जाती है। इस भस्म को पुन सम्पुट कर भूभल की आंच में स्वेदन कर पीस ले। उक्त गुण करे। अ त

(२५) सोरा में भस्म किया अभ्रक ले उसके मध्य सोमल रख सम्पुट कर ५ सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। अर्श, भगन्दर, नाडी व्रण में लाभदायी है। मात्रा वही १ चावल। अ त

(२६) सोमल की डली को आक दूध में १५ दिन भिगोवें, दूध नित्य बदले फिर डली को गुलाबासी के नुगदे में रख सम्पुट कर २० सेर उपलो की आच दे तो सोमल की भस्म बने। अ त

(२७) सोमल डली को नागफनी की राख में दाबू देकर ६ घटे की आच दे जब सोमल फूलेगा राख ऊपर को उठ जायगी उसी समय आच बन्द कर दे, निकाल पीस धरे मूर्छा, सन्निपात, आक्षेप, पार्श्वशूल, जीर्णज्वर, विषमज्वर, श्वास, फिरग रोग में दे। मात्रा १ चावल। र त सा

(२८) सोमल को गुलाब अर्क की ३ भावना दे टिकिया बनाय दारचीनी चूर्ण के मध्य सम्पुट में बन्द कर चूल्हे पर रख ३ घटे की मन्द २ आच दे तो सोमल की भस्म बने। र त सा., स अ, मि ख.

(२९) सोमल डली को आठ गुने फिटकिरी चूर्ण में दाबू देकर सम्पुट कर १ सेर उपलोकी आच दे तो सोमलकी भस्म बने। किसी किसी ने ४ उपलो की पुट दी है। र त सा, स. अ, मि. ख.

(३०) तिल, पीपल, कायफल और इमली इनमें से किसी की भस्म मे दाबू देकर ४ प्रहर की चूल्हे पर आच दे तो सोमल भस्म बने। सि भै मा

(३१) सोमल को मस्तगी चूर्ण में बाध स्वेदन करे फिर उसे करछी मे रख मँजीठ चूर्ण सोरा से ढक कर करछी को आग पर रखे, जब सोरा मे अग्नि लग कर बुझ जाय उतारकर सोमलको निकाल पीस ले। श्वास मे दे। मि ख

(३२) सोमल को २१ दिन आक दूध मे भिगो कर फिर नागफनी के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। फिरग, सुजाक, अस्थिव्रण में लाभदायी है। मात्रा २ चावल तक।

अ ति, मि ख, सि भै. मा

(३३) सोमल की डलियो को सलगम कन्द में भर कर सम्पुट कर चूल्हे पर रख कर पकावे ३-४ बार करने पर सोमल नरम हो जाता है उसे फिर

सलगम के नुगदे में रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। मा अ, मि स, म अ, अ न

(३४) सोमल को वटी दूधी के रस की भावना दे सुखाय आतशी शीशीमें भरकर वालुका यत्र में रख ४ प्रहर की आच दे। फिर निकाल उक्त विधि से भावना दे सुखाय काँच कूपी मे भर वालुका यत्र में रख कर आच देता रहे, २१ वार करने पर तललग्न सोमल भस्म बने। मि ख

(३५) सोमल से चौगुना कपूर मिला कर प्यालो मे सम्पुट कर जौहर उडावे। उस जौहर को कान मे लावे। स अ, नि ख.

(३६) सोमल को द्रोणपुष्पी रस की ७ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय ५ सेर राख में दावू देकर ८ प्रहर की आच दे तो सोमल भस्म बने। मि भै मा.

(३७) सोमल से चौगुना सोराके नुगदेमे रख सुखाय ढाक की राखमे दाव् देकर सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। स.अ

(३८) सोमल को इन्द्रायण के नुगदे मे रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। जलोदर में लाभ करता है। १-२ चावल माजून फिलासफा से दे। स. अ

(३९) सोमल को करछी मे रख कर आंच लगावें, गरम होने पर फिटकिरी की चुटकी देता रहे २० गुना फिटकिरी की चुटकी देकर उतार ले, सोमल पर लगी फिटकिरी खुर्च कर पीस ले। मात्रा ½ चावल, फिरंग में लाभदायी है। स अ

(४०) सोमल को लहसुन रस की २१ भावना दे टिकिया बनाय सुखाय लहसुन के नुगदे में रख सम्पुट कर ३ सेर उपलो की आच दे। इस विधि से दो पुट दे तो सोमल भस्म बने। नामर्दी में लाभदायी है। मात्रा १ चावल। स अ

(४१) सोमल को दुगुने राल चूर्ण मे रख उसे १० तोला एरण्ड तेल से तर करके सम्पुट कर १ घन्टा मन्द मन्द आच पर पकावे। ऊपर के प्याले में वारीक छेदकर दे। ऐसा करनेसे सोमल मोमी हो जायगा। आमवात में दे। मात्रा १-२ चावल मि. ख

(४२) सोमल को २० गुना फिटकिरी के मध्य रख सम्पुट कर १० सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म बने। अ त.

(४३) सोमल समुद्रझाग वरावर गौ दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय भाग के नुगदे मे रख सम्पुट कर २½ सेर उपलो की आच दे तो सोमल भस्म वने। अ त

(४४) सोमल को धतूरा फल, भाग, गुलाव फूल, निम्बू, अद्रक, कुमारी, आकदूध, नागफनी इनमें से किसी के रसकी भावना दे टिकिया वनाय प्यालियो मे वन्द कर जौहर उडावे। ७ वार इस तरह जाहर उड़ावे तो यह तल में वैठी सोमल की भस्म वने। मि ख.

(४५) सोमल की छोटी छोटी डलियो को करछी मे रख किसी भी वनस्पति के क्षार के पानी का चोया देता रहे ३-४ घटे मे सोमल पिघल कर नरम हो जायगा, उसे किसी प्याली मे रख ओस के स्थान मे रख दे पानी वन जायगा। यह सोमल का लवण है। इसे श्वास, काम, मे १-२ चावल खाड में दे इससे वमन होती है और उस वमन से लाभ होता है। धा वि, मि ख

(४६) सोमल को मूली या अपामार्ग की भस्म मे दावू देकर सम्पुट कर चूल्हे पर ४ प्रहर की आच दे तो सोमल की भस्म वने। चि च, र त सा

(४७) सोमल को चौगुने पापड़ी खार के मध्य रख सम्पुट कर २ सेर उपलो की आच दे तो सोमल की भस्म वने। चि च, र त सा.

(४८) सोमल, सोरा, चूना, सीसा भस्म, सुहागा प्रत्येक वरावर सवसे दुगना नौसादर आक दूध में भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २॥ सेर उपलो की आच दे तो काले रग की भस्म वने। अर्वाग, आमवात, जीर्णज्वर, श्लेष्म विकार में लाभदायी है। मात्रा ½ रत्ती से १ रत्ती तक।

धन्व, र त सा

(४९) सोमल सीप भस्म वरावर आक दूध की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर २ सेर उपलोकी आँच दे तो सोमल भस्म वने। नाहरूआ, चर्मरोग, रक्त विकार, श्वास, कास, आमाशय दाह में लाभदायी है। र त सा.

(५०) नरमूत्र १ सेर मिर्च लाल चूर्ण १५ तो० चौलाई की जड के नुगदे में सोमल को वाँव इसमें स्वेदन करे। फिर सोमल को एक प्याली मे रख आक दूध मे तर करे २१ दिन तर करे, दूध नित्य वदले, फिर निकाल अपामार्ग क्षार को आक दूध में पीस सोमल पर लेपकर सुखाय सोमल से चौगुना अपामार्गक्षार मे दावू दे सम्पुट कर वकरी की मेंगनी की भाडपुट दे तो सोमल कीभस्म वने।

र यो सा

हरिताल

वशपत्री या वर्किया हरिताल वास्तव में वलि और सोमल का अग्नि में बना यौगिक है। यह यौगिक १५५ शताशके उत्तापपर द्रव होता है यदि निर्वात स्थान हो तो २०० श. के उत्ताप तक द्रव रूपमें बना रहता है किन्तु हवा लगने पर ऊष्मजन से वलि का संयोग होने लगता है और यह यौगिक हवा में उड़कर मिलने लगता, इस स्थिति में वह पूर्व का यौगिक टूटता रहता है। यदि हम किसी बन्द बर्तन में जिसमें हवा न हो ४५० श तक उत्ताप बढ़ा दें तो हरितालके अणु मन शिला के अणु यौगिक में बदलते रहते हैं और यह धुंए के रूप में जाकर लगते हैं उसमें कुछ अंश हरिताल के अणुओं का भी मिला होता है। इसे हम गाणिक्य के नाम से पुकारते हैं। किन्तु इस हरिताल को यदि हम भस्म कहें तो ठीक है किन्तु अपने ग्रन्थों में वर्णित भस्म विधियों से भस्म बनावें तो वास्तव में हरिताल की भस्म नहीं बनती, क्योंकि हरिताल के मुख्य तत्त्व सोमल और वलि यह दोनों ही ऊष्मजन से या वनस्पतियों के कज्जल से मिलकर कोई ऐसा यौगिक निर्माण नहीं करते जो श्वेत वर्णका बनता हो। जिस भस्म को हम कम से कम उत्ताप पर बनाते हैं वह हवा के ऊष्मजन से सम्पर्क स्थापित कर ऐसे यौगिक में बदल जाता है जो वायु रूपका होता है वह उड़कर हवा में मिलता रहता है। अवशिष्ट में वनस्पति के नुगदे की या भावना के अंश की ही भस्म रह जाती है।

जिस उत्ताप पर हरिताल नहीं उड़ती वह माणिक्य या उस जैसे किसी और रूप में वह रह जाती है वही उपयोगी होती है। हरिताल की जो भस्म बनती है जिसमें हरिताल परिवर्तित रूप में कुछ भी रहती है वही लाभ करती है, बाकी तो वनस्पति की ही भस्म होती है। वह जो कुछ गुण करती है वह वनस्पति भस्म के रूप में करती है, हरितालके रूप में नहीं करती।

हरिताल के योग

हरिताल वर्की २ माशे को प्रथम पीसे फिर मिर्च काली का चूर्ण २ माशे डाल कर दोनों को १ घटा निरन्तर खरल करे फिर ४ माशे मिर्च चूर्ण डाल कर १ घंटा घोटे, फिर ८ माशे मिर्च चूर्ण डाल कर १ घटा घोटे फिर १६ माशे मिर्च चूर्ण डाल कर १ घटा घोटे, फिर १ दिन और निरन्तर खरल कर

के रख ले। इसमे १६ गुना मिर्च पडती है। सब घोट कर रख ले। तमाम श्लेष्मज, वातज रोग, श्वास, खासी के लिये लाभदायी है। मखजन, मि.ख

नोट—इस योग पर मेरा बहुत बार का अनुभव है कि जिस रोगी को हृदयदौर्बल्य हो, ठण्डे पसीने आते हो, हृदयावसाद (दिलघटता) हो, मानसिक रोगो के कारण हृदय की गति अनियमित हो जाती हो, रोगी कई बार उस स्थिति को बतलाने मे असमर्थ होता हो, व्याकुलता होती हो, वह कुछ सही सही बतला न सकता हो, वह कहे मुझे कुछ हो रहा है। ऐसी दशा प्राय हृदयरोग के कारण उत्पन्न होती है इस दशा वाले रोगो को यह हरताल योग दिया जाय तो इससे महान् लाभ होता है।

(माणिक्यरस) अभ्र सम्पुटगं ताल किञ्चिदगार साधितम्।
वातश्लेष्म ज्वरे शस्त माणिक्य रस शब्दितम्॥

(अथवा) तत. शरावके यन्त्रे स्थापयेत्कुशलो भिषक्।
वदरी पल्लवोत्थेन लेपन कारयेत्ततः॥
अरुणाभ मध पात्र तावज्ज्वाला प्रदीयते।
स्वागशीतं समुद्धृत्य माणिक्याभोभवेद्रसः॥

रसे सा स, र च, धन्व, भै र, र र, र की, वै क, र त, सि भै मा, र यो सा, र चि, र रा सु, भा भै र

अभ्रक के दो बडे पत्र लेकर उस पर हरिताल को पीस कर रुपया जितनी मोटी तह बिछा दे और अभ्रक का दूसरा पत्र उस पर ढक दे यह अभ्र सम्पुट बन गया, इसे चिमटे से उठा कर अङ्गारो पर रख दे थोडी ही देर में हरिताल पिघल जायगी। जहा से धुआ निकलने लगे उधर से अभ्रक पत्रो को चिमटे से दबाये रखे सारी हरिताल पिघल जाने पर अभ्रकपत्र सम्पुट को उतार उस पर सेरका वाट रख कर दबा दे ५-४मिनट मे वह शीतल हो जायगा अभ्रक को हटा कर माणिक्य को खुर्च कर छुडाले।

अथवा बेर के पत्रो को पीस कर एक प्याले मे लेप कर सुखाले उस प्याले में हरिताल चूर्ण बिछाय दूसरे प्याला से ढक उसे अगारो पर रखे जब हरिताल पिघल जाय उतारले माणिक्य रस बने।

माणिक्य रस के गुण—प्रत्येक कुष्ठ, रक्त विकार, वातरक्त, भगन्दर नाडीव्रण, उपदश, नासिका के रोग, खराब जख्म, विरफोट, वात श्लेष्म ज्वर

विषम ज्वर में लाभदायी है। मात्रा १ रत्ती।

हरिताल भस्म

(१) अपामार्गस्य भस्मन्तु घटे निक्षिप्य यत्नत.।
तन्मध्ये तालक क्षिप्त्वा पचद्द्वादशयामकम् ॥
धवलं जायते भस्म सर्व कुष्ठ निवारणम्।

नि. र, वृ नि र, भा भै र, र यो सा.

अपामार्ग की राख के मध्य हरिताल को दाबू दे कर भस्म यन्त्र को चूल्हे पर रख १२ प्रहर की आच दे तो श्वेत वर्ण की हरिताल भस्म बने।

(२) भागास्त्रयस्तालकस्य नवसारस्य च त्रयम्।
पञ्चभाग प्रमाणेन मध्येऽपामार्ग भस्मकम् ॥
खर्परे चा ऽनलं दद्याद्यावन्मुद्रा विभेदनम्।
मुद्रभेदे पुनश्चूर्णं दद्यान्निर्धूमतावधि ॥
स्वांगशीत समुद्धृत्य तद्भवेत्सर्व कुष्ठजित्। र. का.धे.,र.यो सा

हरिताल ३ भाग, नौसादर ३ भाग अपामार्ग की भस्म ५ भाग एक प्याले में अपामार्ग की राख पर नौसादर चूर्ण बिछाय उस पर हरिताल रख नौसादर से ढक बाकी अपामार्ग की राख मे उसे अच्छी तरह दाबू दे कर तब तक आच दे जब तक धुआ न निकले, धुआ निकलनेपर आच मन्द करदे और जहासे धुआं निकलता हो और राख से दबा दे, तब तक मन्द-मन्द आच दे जब तक वह निर्धूम न हो जाय। निकाल प्रत्येक कुष्ठमें इस का उपयोग करे। इसका नाम तालकेश्वर है।

(३) खण्डित कणवत्तालं कूष्माण्डांऽन्तर्गजाह्वयै.।
दोलायांविपचेद्यामैस्तत्तैले सपादके।
विरूक्षित तत्सितया क्षालयेदुष्ण वारिणा।
कन्याद्रवेण सम्मर्द्य द्विगुणैश्चवटाङ्कुरैः ॥
विमिश्रं पञ्च दिवसान् कन्या तोयेन भावयेत्।
दिन द्वयं च कूष्माण्ड भवैश्चक्रीं प्रकल्पयेत् ॥
स्थाल्यां पलाशजक्षार दत्वाकिञ्चित्ततोधिकम्।
वटाऽवरोहजं चूर्णं तस्योपरि ततः पलम् ॥
पुन स्तथैवता दत्त्वा कवची वालुका वृतम्।

कृत्वा पचेद्दिने दीप वह्निना मध्यमं दिनम् ॥
हठाग्निना च त्रीन्यामान् स्वाङ्गशीत समुद्धरेत् ।
निम्बुकैर्भावयेत्सप्त वारान् धूमोदयेऽसति ॥ रसे क, र. यो सो.

हरिताल के छोटे-छोटे टुकडे कर के पेठा रस मे स्वेदन करे फिर हरताल से चौथाई तिल तेल करछी मे डाल कर उसमें हरताल रख कर मन्द-मन्द आच पर उसका तेल पाक करे तेल जल जानेपर हरतालको साफ करके, कुमारी रस वटाकुर पेठाके रसकी एक एक भावनादे टिकिया वनाय सुखाय पलाश भस्म में दावू दे वालुका यन्त्रमें रख चूल्हेपर चडाय ८प्रहरकी क्रमसे आचदे तो हरताल भस्म हो। फिर निकाल निम्बू रस की ७ भावना दे कर रख ले और भिन्न भिन्न अनुपान से अनेक रोगो में दे।

(४) दग्ध्वा न वालांत्रि रसं दत्त्वा ताल सु चूर्णितम् ।
पुनः पुनश्च सम्मर्द्य शुष्कं कृत्वा पुटे दहेत् ॥
दृढ़ स्थाल्यां धृतं क्षारं पलाशञ्चाप्युपर्यधः ।
ततः सञ्ज्वालयेदग्नि महोरात्रे मृतं भवेत् ॥
शुक्लवर्णं यदा च स्यादग्नौ दत्ते न धूमकम् ।
तदा ज्ञात्वा मृतं तालं सर्व कुष्ठ विनाशनम् ॥

वै र, र का वे., भै र, भा भै र, धन्व, र यो सा, नि र, आ प्र, रसा स, चि र भ, र र को,

पनवाड रसमें और सुगन्धवाला रस मे हरिताल को कई भावना दे टिकिया वनाय सुखाय पलाश भस्म को मूपा मे रख दावू दे कर ८ प्रहर की आच दे तो हरताल की भस्म वने। ग्रन्थकार कहता है कि भस्म हुई हरताल का वर्ण सफेद हो और वह अगारे पर डालने से धुआ न दे तो समझना चाहिये कि भस्म हो गई है। यह हरताल भस्म समस्त कुष्ठो को नाश करती है इसमे आच देने के सम्बन्ध में ग्रन्थकार कहता है द्वात्रिंशत्प्रहरान् वह्नि भक्त वद्दापयेत्तथा। ८ प्रहर से लेकर ३२ प्रहर तक की आच दे, पर उसे आच इतनी लकडी की देनी चाहिये जितनी चावल को पकाने के लिये देते है।

(५) तालं विचूर्णयेत्सूक्ष्मं मर्द्यं नागार्जुनी द्रवैः ।
सहदेव्या च वलया मर्द्ययेद्दिवस द्वयम् ॥

तत्तालरोटक कृत्वा छायायां च विशोपयेत् ।
हंडिका यत्र मध्यस्थं पलाश भस्मकोपरि ॥
पाच्यं च वालुका यत्रे विहित चंड वहिना ।
स्वांग शीतं समुद्धृत्य सर्व योगेपु योजयेत् ॥
र चिं, नि र., र यो. सा, भा भै. र, र. रा. सु.

हरिताल को दूवी, सहदेई और वला इनके रसोमें दो दो दिन खरल करके रोटा सी वनाकर छाया मे सुखाले। फिर पलाश की राख के वीच में दावू दे हाडीमें रख कर भस्म यत्र वनाय चुल्हे पर चटाय ४ प्रहर की अग्नि दे तो हरितालकी भस्म वने। यह सर्व रोग हर भस्म है। र.त.सा.

(६) शुद्ध तालवटी कृत्वा सहदेव्या रसेन तु ।
छायाविशोपितां भाडे भस्म दत्त्वातलोपरि ॥
पलाशज मुद्रयित्वा ततो पाचन यन्त्र के ।
पाच्यं चण्डाग्निना शीत सर्व कर्मसु योजयेत् ॥ चि र

हरिताल को सहदेवी के रस की भावना दे टिकिया वनाय सुखाय ढाक की राख में दावू देकर ४ प्रहर की चूल्हेपर रख आच दे तो हरितालकी भस्म वने।

(७) तालकं मर्दयेत्सम्यक् ताम्बूली पर्ण वारिणा ।
त्रिदिनं मस्तुना मर्द्य त्रिदिनं पयसारवेः ॥
तद्गोले भाण्डमध्यस्थं किंशुक क्षार सयुतम् ॥
त्रिदिनं पाचयेत्सम्यक् मन्दमध्य हठाग्निना ।
ताल भस्म समाऽऽकृप्य तण्डुलद्वय मात्रकम् ।
वृ यो. त, नि र, र.यो सा

हरितालको पान रस, दही का पानी, आक दूधमें तीन तीन दिन भावना दे टिकिया वनाय सुखाय पलाश की राख में दावू दे कर तीन दिन की क्रम से विवर्द्धित आच दे तो हरितालकी भस्म वने। मात्रा २ चावल। वातरक्त, प्रत्येक कुष्ठ, ग्रहणी, भगन्दर, समस्त प्रकार के व्रणो को यह तालकेश्वर रस दूर करे।

(८) स्वर्ण पत्र शुद्ध तालं पलानां दश सङ्गकम् ।
कौमारी द्रव प्रस्थेन मर्दयेत्तालकं शुभम् ॥
निम्बू प्रस्थ रसे चैव वाण पुंख रसैः पुन. ।
प्रस्थं वन्ध्री रसेनैवमार्कस्य च रसैः पृथक् ॥

मर्दयेच्च दृढं खल्वे यावद्भवति गोलकम् ।
गोलक शोषयेत् पश्चात् घर्मे सप्त दिनानि वै ॥
पलाश भस्म मृद्भाण्डे क्षिप्त्वोपरि च गोलकम् ।
दत्त्वोपरि पुनर्भस्म भाण्डवक्त्रं निसन्धयेत् ॥
चुल्ल्यामारोपयेद्यत्नात् पावक ज्वालयेत् क्रमात् ।
मंदमध्यहठाग्नीना यामानां च द्विषष्टिकम् ॥
स्वाङ्ग शीतल मादाय शुभ्रतालं मृत ध्रुवम् ।
तन्दुलं तन्दुलार्धं वा नागवल्ली द्रवैर्भजेत् ॥

आ.प्र, नि.र., चि.र, वै.र, रसा.म, रसे सा म, धन्व, र.चि, र का धे, र. रा. सु., भा. भै र.

४० तो० हरिताल के पत्रो को १ सेर कुमारी के रसमें, १ सेर निम्बू रस में, १ सेर शरपु खा (सरफोका) के रसमें, १ सेर थोहर दूध मे और १ सेर आक के दूध मे घोट कर टिकिया बनाय, सुखाय पलाश (ढाक) की भस्म मे दाबू देकर हांडी का मुख दृढ बद कर चूल्हे पर चढाय ६२ पहर की आच दे तो हरिताल की उत्तम भस्म बने, मात्रा १ चावल भर। १८ कुष्ठ और ज्वरको दूर करे।

(९) पलाश भस्म मृद्भाण्डे क्षिप्तोपरि च तालकम् ।
दत्त्वोपरि पुनर्भस्म दत्त्वास्थालीं विमुद्रयेत् ॥
चुल्ल्यां पचेच्चतुर्यामं पश्चात्तत्सिद्धतां व्रजेत् ।
गाढं तप्तायसंन्यस्तनिर्धूम चेत्तदा शुभम् ॥
खण्डेन रक्तिका मात्रं खादेत्कुष्ठनिवृत्तये ।
पथ्य कुष्ठे चणकैः लवणस्तेन वर्जित- ॥ चि र, वै.र, भा भै.र.

वैद्य रहस्ये, भारत भैषज्य रत्नाकरे भिन्न पाठ प्रतिपादित ।

हरिताल को ढाक की राख मे दाबू दे पात्र का मुख सम्पुट कर चूल्हे पर चढाय ४ प्रहर की आच दे, निकाल शीतल होने पर अगार पर डालकर देखे यदि निर्धूम हो तो व्यवहार मे लावे। मात्रा १ रत्ती प्रत्येक कुष्ठ मे दे। पथ्य में चने की रोटी घी से खाय नमक न खाय।

(१०) कूष्माण्ड त्रिफला तैल कन्या काजिक भावितम् ।
तालके तुल्य गन्धस्यादर्ध पारद मर्दितम् ॥

अजाक्षीरेण निम्बूक कन्या तोयैर्दिनत्रयम् ।
प्रत्येके भावयेच्चूर्ण चक्रिकां कारतां गतम् ॥
विपचेद्भण्डिकामध्ये पलाशं क्षार मध्यगम् ।
यामान्द्वादश शीतेऽस्मिन् प्रयोज्यं रक्तिकाद्वयम् ॥
हन्याष्टादश कुष्ठानि रोम विध्वन्सन तथा ।
विविधे वात रक्तं च नाड़ी दुष्ट व्रणानि च ।
र का. धे, धन्व, रसे क., र. यो. सा.

पहिले पेठा, त्रिफला, कुमारी, काजी और तेल में हरिताल को भावना दे कर फिर बराबर की वलि तथा वलि से आधा पारा मिला कर बकरी के दूध निम्बू रस, कुमारी रस प्रत्येक में १-१ दिन मर्दन कर टिकिया बनाय डाक के क्षार के मध्य उन टिकियो को रख सम्पुट कर डाक भस्म के मध्य दाबू दे कर १२ प्रहर की आच दे तो हरिताल की भस्म बने । मात्रा २ रत्ती, । १८ प्रकार के कुष्ठ, वातरक्त, नासूर में लाभ करता है। इस का नाम तालकेश्वर रस है ।

(११) जंबीर द्रवमध्ये तु प्रक्षाल्य नट मण्डनम् ।
दशांश टंकणं दत्त्वा खडशः परिमेलयेत् ॥
चतुर्गुणे गाढ पटे निवध्य प्रहर द्वयम् ।
दोलायंत्रेण संस्वेद्य प्रदीप प्रमितेऽनले ॥
चूर्णं तोये काजिके च कूष्माण्डे निम्ब तैलके ।
त्रिफलाम्बुनि तत्पश्चात् क्षालयित्वाम्ल वारिणा ॥
ततः पलाशमूल त्वक् परिपिष्टं प्रशोषयेत् ।
महिषी मूत्रे संपिष्टं पुनस्तं परिशोषयेत् ॥
तद्गोलकं सरावाभ्या संपुटीकृत्य यत्नतः ।
खाते गजपुटे कृत्वा स्वांगशीतं समुद्धरेत् ॥
अजादुग्धैः पुनः पिष्ट्वा शोषयेद्गोलकौ कृतम् ।
आकंठं भस्म पालाशं हंडिकायां विनिः क्षिपेत् ॥
यथा धूमो न निर्याति तथा तांच विमुद्रयेत् ।
सम्यक् चूर्णस्य कुडवन् दत्वा तत्र विचक्षणः ॥
स्थापयेद्गोलक तत्र पुनश्चूर्णस्य भस्म च ।
द्वात्रिंशत् प्रहरान्निं च चूल्ल्यां भक्तवदर्पयेत् ॥
र रा सु, धन्व, भै र, भा.भै.र

हरिताल को जवीरी के रस में प्रक्षालन कर १० वा भाग सुहागा मिलाकर ४ तहके कपडेमें बांध दोला यत्रमे लटकाय, चूनाका पानी, काजी, पेठारस, नीम तेल, त्रिफला क्वाथ प्रत्येक मे २-२ प्रहर स्वेदन कर निम्बू रस, पलाश मूल रस भैसके मूत्रमे घोट सुखाय गोला वनाय सम्पुट मे रख कर गजपुट की आच दे, फिर वकरी के दूध में घोट हण्डीमें पलाश की राखमे दावू देकर ३२ पहर की अग्नि देवे तो हरिताल की सफेद भस्म वने।

इस रस का नाम भैषज्यरत्नावली और धन्वन्तरी में महातालकेश्वर रस है।

(१२) मधु तुल्ये घनी भूते कषाये ब्रह्म मूलजे।
त्रिवारं तालकं भाव्य पिष्ट्वा सूत्रेऽथ माहिषे॥
उपलैर्दशभिर्देय पुट रुध्वाऽथपेषयेत्।
एव द्वादशधा पाच्यं शुद्धं योगेषु योजयेत्॥
र र स, भा भै र, र त, र च.

पलाशमूल छाल का रस निकाल उसे गाढा कर उसकी ३ भावना हरिताल को दे फिर ३ भावना भैसके मूत्र की दे टिकिया वनाय सुखाय सम्पुट कर १२ वनोपलकी आच दे, इसी विधिसे १२ पुट दे तो उत्तम हरिताल की भस्म वने।

(१३) कूष्माण्ड तोयेन दिन विमर्द्य निम्बू रसे गोभि रसे तथैव।
सनाक छिक्काद्रि कुलत्थितोयैर्धत्तूरजेचार्द्रक भृंगराजत॰॥
नागार्जुनी वा सहदेविका च सत्रह्मदण्डीद्रव किंशुकानाम्।
एरंडमूल लसुनं पलांडु सुवर्णवल्लीरस काकमाची॥
गोपालिका वज्रिपयोर्क दुग्ध खल्वे विमर्द्य दिनमेकविंशत।
पृथक् पृथक् मास चतुर्दशाते चक्रीकृतवर्तुलरोटिकाभम्॥
अश्वत्थ भूत्या मृदहंडिकाया मधोर्ध्व मध्यस्थित तालक च।
सुपूर्णपात्र दृढ भस्म संस्थ मुखे शराव मृतकर्पटं च॥
दद्याच्च चुल्योपरि रक्षणाय मग्निक्रमेणापि दिनानि चाष्टौ।
र रा, सु

शुद्ध हरिताल को १ दिन पेठे के रस में घोट निम्ब, वन गोभी, नकछिकनी कुलथी, धतूरा, अद्रक, भागरा, दूधी, सहदेई, ब्रह्मदण्डी, ढाक, एरड की जड, लहसुन प्याज, माल कगनी, मकोय, कचरिया, थूहर, आक इन के रस वा दूधमे २१-२१

दिन घोटे। १४ याम बीतने पर रोटी सी बनाय सुखाय उसीमें पीपलकी राखके मध्य रख कर सम्पुट कर क्रमशः २ दिनकी अग्नि दे तो कुन्द के फूल जैसी हरिताल की शुद्ध भस्म बने।

(१४) शुद्धंपत्राख्य तालं द्विपल परमित मित्रदुग्वैर्दिनैकम्।
सम्मर्द्य खल्वमध्ये दृढतर गुटिकाः भस्म मूषे धृता च॥
कृत्वा भस्माविलैस्त्रि परिमित वसनैर्लेपितां ताञ्चमूषाम्॥
स्वच्छे मृत्खर्परेऽश्वत्थजभसितयुग ग्रन्थमात्रं निधीयम्॥
तस्मिन् मूषाञ्च धृत्वा तदुपरिभसित ग्रस्थयुग्मं दृढं च।
चुल्ल्यामारोप्य पश्चाद्वदुकुकुभपतीन् पूजयेद्योगसिद्ध्यै॥
कुर्यादश्वत्थ काष्ठै र्विधिवदथ कृशानुस्त्रियामञ्चपश्चा।
च्छुद्धोऽभूत्तालकेशो हिमकरधवल सर्व रोगेषुयोज्य॥

रस सा. व यो त, र यो सा, र त,

हरिताल को आक दूध में एक भावना दे टिकिया बनाय सुखाय पीपल की भस्म के सम्पुट मे दाब दे ३ प्रहर की आच दे तो हरिताल की सफेद भस्म बने। इसे तत्तद्रोगहर अनुपान से देने पर कुष्ठ, प्रमेह, फिरंग, वातविकार, कास, श्वास, रक्तपित्त, वातरक्त, पाण्डु, शोथ, ज्वर, व्रण, अजीर्ण मे लाभ करती है। इस का नाम तालकेश्वर रस है।

(१५) सूक्ष्म विचूर्ण हरितालकस्य सभावयेद्विंशति वासराश्च।
अश्वत्थ तोयै. शुचि खल्वमध्ये धृत्वा विद्ध्याद् दृढ गोलक च।
अश्वत्थ भूत्यार्ध भृतेच भाडे न्यसेत्ततो गोलकमेव मेदम्।
संपूर्ण भूत्या परिपूर्य पात्र निरुध्य मुंचेच्च गजाह्वयै च॥
सहस्र वन्योपल संयुते वै मृतिं व्रजे याम चतुष्टयेन।
निर्धूममेतद् यदि लोह तप्तं मुंचेत्सुशुद्ध शुभ शुक्ल वर्णम्।

वृ यो. त, नि र, र त., र यो सा, र रा. सु., भा भै. र.

शुद्ध हरिताल को २० दिन पीपल के रस मे खरल कर गोला बनाय फिर पीपल राखके मध्य मे रख भस्म यन्त्र मे सम्पुट कर हजार जंगली उपलो की आग दे। ४ प्रहर की आच देने पर हरिताल भस्म हो। तप्त लोहे पर डालने से यदि धूम्र न दे, श्वेत वर्ण हो जाय तो शुद्ध भस्म समझे। मात्रा २ रत्ती।

(१६) पत्राख्य तालक शुद्धं पौनर्नव रसेन तु ।
खल्वे विमर्दयेदेक दिन पश्चाद्वि [1]शोषयेत् ॥
[2] सशोष्य गोलक कृत्वा चक्राकारमथापि वा ।
तत पुनर्नवाक्षारैः स्थाल्यमर्द्ध प्रपूरयेत् ॥
तत्र तद्गोलकं धृत्वा पुनस्तेनैवपूरयेत् ।
आकठं पिठर तस्य [3]पिधाय रोधयेन्मुख ।
स्थाली चुल्या समारोप्य क्रमाद्वह्निं विवर्द्धयेत् ।
दिनान्यन्तर शून्यानि पञ्च वह्निं प्रदापयेत् ।
एव तु म्रियते तालं मात्रा तस्यैव रक्तिका ॥

नि. र., वै र, यो. म,, चि क्र क , र क.ल , र कौ., वै चि, र त, र. र, वृ. यो. त, वृ. नि र.,र रा. सु, र. यो सा, भा. भै र, व रा, चि.र.

१ विमर्दयेत् वसवराजीये इति । २ समर्द्य गोलक तस्य कुर्यात्त च विशोषयेत् इति वसवराजीये ३ पिधाने धारयेन्मुखम् इति वसवराजीये ।

चिकित्सा रत्नाभरणे भिन्न पाठ प्रतिपदित ।

पञ्चमो अष्टमो पाद अन्य ग्रन्थेषु नास्ति वृ. यो त. दृश्यते ।

हरिताल को पुनर्नवाके रस में घोट गोला बनाय, पुनर्नवा की राख के मध्य गोले को रख, राखको खूब दाबू दे कर हाडी के मुख को सम्पुट करके चूल्हे पर चढाय क्रमश पाच प्रहरकी अग्नि देवे तो हरिताल की श्वेत भस्म बने ।

(१७) सम्यक् पत्री कृत ताल कूष्माण्ड सलिलैः पुन ।
चूर्णादिके पृथक् तैले दोलायन्त्रे दिनपचेत ॥
शोधयित्वा तदम्लेनदध्नाऽऽलोड्य विमर्दयेत् ।
खल्वे लोहमयेवाऽपि गाढेयाम द्वय पुनः ॥
पुनर्नवाया क्षारेण संयोज्य घनता नयेत् ।
दविकिञ्चित्पुनर्दत्त्वा घनी भूतं निवेशयेत् ॥
स्थाल्या दृढतराया च क्षारे पौनर्नवे पुन ।
रोटिकासदृढंकृत्वा शरावेण पिधापयेत् ॥
पचेत्तावद्धवेत्क्षार शख कुंदेन्दु सन्निभम् ।
स्वांग शीत समुद्धृत्य पुनरग्नौ परीदापयेत् ॥
क्षिप्ताग्नौ च निर्धूमं दृश्यते च विलीयते ।

तदां सिद्धि विजानीयाद्योजयेत्सर्वकर्मसु ॥

र त्रि, भै र, वन्व, र च, रसे सा. स, र रा. सु, र यो सा.

हरिताल को पेठारस, चूने का पानी और तेल मे पृथक् पृथक् दोला यन्त्र मे स्वेदन करे फिर दहीके पानी से धोकर उसी मे दो तीन दिन खरल करके टिकिया बनायसुखाय पुनर्नवा भस्मको दहीमें घोट उसकी रोटी बनाय उस रोटीके सम्पुटमें हरितालकी टिकिया रख पुनर्नवा भस्म के मध्य भस्म यन्त्रमे दाबू देकर ४ प्रहरकी आच दे तो श्वेत वर्णकी हरिताल भस्म बने। इसे अग्निपर डाल कर देखे धुआ न दे तो यथानुपान से दे तो यह उक्त समस्त रोगो में लाभ करे।

(१८) पलद्वय ताल कस्योन्मत्ताद्भिर्मर्दयेत् त्रिभा।
वटभस्मार्मणे चूर्णं मध्येनिक्षिप्य गोलकम् ॥
शरावेण विमुद्रयाथ वह्नि र्यामाष्टकं भवेत्।
तद्गुञ्जा खण्ड सयुक्ता दुग्ध भक्त्याशनन च ॥
चातुर्थिकारिरपरो वमना वमनेन च। र का, र यो सा.

८ तो० हरिताल को धतूरा रस में ३ दिन खरल कर के टिकिया बनाय वट वृक्षकी भस्म १ मनमें दाबू देकर सम्पुट बनाय चूल्हेपर रख २ प्रहरकी आँच दे तो चातुर्थिकारि रस नामक हरिताल की भस्म बने। मात्रा १ रत्ती खाड में दे तो चौथय्या ज्वर दूर हो।

(१९) अश्वत्थ शेखरि चारं घटे निक्षिप्य यत्नतः।
तन्मध्ये तालके रुद्ध्वा पचेद्वादश यामकम् ॥
रसांशं दापयेद्भस्म सर्वकुष्ठ निवारणम्।
सर्व वात प्रशमनं ग्रन्थि वात विनाशनम् ॥ र ओ यो, र यो सा

पीपल अपामार्ग की राख को घडे में डाल कर उसका पानी निखार ले उस पानी में हरिताल को डाल कर १२ प्रहर पकावे उसी के गाढे रसमे हरितालको ढँक सम्पुट कर भस्म यन्त्र मे रख ४ प्रहर की आच दे तो हरिताल की भस्म बने। यह समस्त कुष्ठ समस्त वात रोग और ग्रन्थि वात को नष्ट करती है।

(२०) तालंपालाशत्वग्वारिपिष्टं घर्मे विशोषयेत्।
तद्गोलकं शरावाभ्यां सम्पुटी कृत्य यत्नत. ॥
खातं गजाख्ये पक्त्वातुस्वांगशीतलमुद्धरेत्।
अजादुग्धै पुनः पिष्ट्वा शोषयेद्गोलकी कृतम् ॥

आढकं भस्मपालाशं हण्डिकायां दृढक्षिपेत् ।
अपामार्गस्य कुडवं भस्म दद्याद्विचक्षण. ।
स्थापयेद्गोलकं तत्र पुनश्चूर्णं च भस्म च ।
यथाधूमोवहिर्नेयात्तथा पत्रन्तु मुद्रयेत् ।
द्वात्रिंशत्प्रहर वह्निं योजयेद्दीपयेत्तथा ।
स्वांगशीत समुद्धृत्य चूर्णयेन्नटमण्डनम् ।
हिमकुन्द प्रतिकाश निर्धूमं कृष्णवर्त्मनि ।
रक्तिकास्य प्रदातव्या पुराणगुड योगत ॥

चि रत्नाभरण

डाकके छाल का रस निकाल उसमें हरितालकोभावित कर टिकिया बनाय सुखाय सम्पुटमें रख गजपुट की पुटदे । फिर निकाल बकरी के दूधकी भावना दे टिकिया बनाय सुखाय दो सेर डाक की राख १ सेर अपामार्ग की राख दोनो को मिलाय भस्म यन्त्रबनाय उसमें हरितालको दाबू देकर चूल्हेपर चढाकर आच दे, जहांसे धुआ निकलता दिखाई दे वहा भस्म द्वारा बन्द करदे, इस प्रकार ३२ प्रहर की आच दे शीतल होने पर निकाल ले यह कृष्ण वर्ण की निर्धूम हरिताल की भस्म बनेगी । मात्रा १ रत्ती पुराने गुड मे दे तो कुष्ठ, वातरक्त, फिरग रोग मे लाभदायी है ।

(२१) हरिताल पलं शुद्धं तथाकर्पं विषस्य च ।
श्वेताकोल रसेनैवद्वयमेकत्र खल्वयेत् ।
पलाश भस्मद्विपल निधायस्थालिकोपरि ।
तद्भस्मोपरितालस्य गोलकस्थापयेत्सुधी ॥
स्थालीमुखे शरावञ्च दद्यायत्नेन लेहयेत् ॥
तस्योपरिन्यपामार्ग भस्मदद्यात्पलत्रयम् ।
लेपयित्वाततश्चुल्ल्या महोरात्र पचेद्भिषक् ।
एतत्तुजायते भस्म शुद्धकर्पूर सन्निभम् ॥
गुञ्जामानं ततोभक्ष्यमर्नुपान विशेषत ।
कटिग्रहश्च कुष्ठञ्च दद्रु विस्फोटकाऽपची ॥
विचर्चिकाचर्मदलं वातरक्तञ्च शोणितम् ।
रक्तपित्तं तथाशोथं गलित्कुष्ठ विनाशयेत् ।

हलीमक तथा शूलमग्निमान्द्यमरोचकम्।

र यो सा, रसे स, धन्व, र च,

हरिताल ४ तो० मीठातेलिया १ तो० दोनों को अकोल क्वाथ की भावना दे टिकिया बनाय पलाश और अपामार्ग की राख के भस्म के मध्य रख कर ८ प्रहर की आच दे। मात्रा १ रत्ती। यह ताल भस्म उपदंश, कटिग्रह, कुष्ठ, दद्रीविस्फोट, अपची, विचर्चिका, भैंसियादाद, वात रक्त, रक्तपित्त, शोथ, गलित्कुष्ठ, हलीमक, शूल, मन्दाग्नि, अरोचक आदि रोगों में भिन्न भिन्न अनुपान से देने पर लाभ होता है। इसका नाम तालकेश्वर है।

(२२) पलाशमूल स्वरसैरथवा कन्यकोद्भवैः।
वटार्कस्नुग्जैरथवा दुग्धैस्ताल विमर्दयेत्॥
चन्द्रिका रहित यावच्छायाशुष्कं च चक्रिकाम्।
पलाशार्कस्नुही क्षारैरथवा तिंतिडी भवैः॥
क्षारैः कवलिताकृत्वा पाचयेद्युक्तितो भिषक्।
भ्रामराज्यानुपानेन कुष्ठादौ सम्प्रयोजयेत्॥ नु वि, र यो सा

हरिताल को कुमारी, वट अथवा आक या थोहर किसी के रस या दूध में भावना दे टिकिया बनाय सुखाय पलाश, अर्क, थोहर या इमली किसी की भस्म में दाब दे कर चूल्हे पर रख ४ प्रहर की आच देने पर हरिताल की भस्म बनजाती है। इसे शहद और घी से देने पर कुष्ठ में लाभ होता है।

(२३) स्थाल्यां निधाय नट मण्डन चर्णभस्मिन् न्युब्जी कृतं कमलभाजन मन्धयित्वा। पक्त्वा तथैव शुकगन्धकमर्क जीर्णं पूर्वशतोहि रस युग्गुरुपातकारी॥ र का धे, यो म, र यो सा

हरिताल चूर्ण को ताम्र की कटोरी के सम्पुट में बन्द करके किसी वनस्पति की राख के भस्म यन्त्र में रख कर ४ प्रहर की आच दे तो हरिताल की भस्म बने। इस का नाम वात रक्तान्तक है।

(२४) पलमेक शुद्धतालं कुमारी रसमर्दितम्।
शराव सम्पुटे क्षिप्त्वा यामान्द्वादशसपचेत्॥
स्वांगशीत समादाय तालक च मृत भवेत्। र च, र रा सु

४ तो० हरिताल को कुमारी रस मे भावना दे टिकिया बनाय सुखाय

सम्पुट कर भस्म यन्त्र या लवणयन्त्र मे दाब दे १२ प्रहर की आच दे तो हरिताल की भस्म बने। यह गलित्कुष्ठ को दूर करती है ऐसा लिखा है।

(२५) शुद्धतालं समादाय द्रोणपुष्पी रसैर्भिषक्।
दिनानि सप्तसमर्द्य यन्त्रे विद्यावरे क्षिपेत्॥
यामानष्टौ पचेदग्नौ स्वांग शीतल मुद्धरेत्।
उर्ध्वपात्र गत सत्वं गृहीत्वा मर्दयेत् पुन।
त्रिदिनं तद्रसैरेव ततोयन्त्रे पुन पचेत्।
तदधोज्वालेयेदग्नि मष्टयाममतन्द्रित.।
एव पुनः पुन कुर्याद्यावत्सत्व स्थिर भवेत्।
स्थैर्य सत्त्वस्यनियत जायते सप्तमेऽहनि।
अष्टमेऽर्कदुग्धेन मर्दयेदेक वासरम्।
यामानष्टौ पचेदग्नौ कुर्यादेव त्रिवारकम्। र रा.सु.

हरिताल को ७ दिन गूमा के रस में घोट, पतली टिकियो को डमरूयत्र मे रख ८ पहर की आच दे। ऊपर की हाडी के लगे सत्व को निकाल ले, फिर उसे ३ दिन गूमाके रसमें घोट, टिकिया बनाय सुखाय जौहर उडावे, इस प्रकार ७ वार उडानेसे हरिताल अग्निस्थायी होती है। फिर आकके दूध में घोट ३ पुट देनेसे हरिताल सिद्ध हो, इसने गलित कुष्ठ दूर होता है।

(२६) हरिताल त्रि त्रिदिन मर्दयेत्कन्यका द्रवै.।
कर्पासबीज तैले च कूष्माण्ड स्वरसे पुन॥
कांजिके त्रिदिनं कूप्यांरुद्ध्वा सत्वञ्च पातयेत्।
त्रियाम मतसीतैले खेतैरण्डज तैलके॥
पिष्ट्वा सिक्त्वा च दुग्धेषु पुनः स्वेद्य दिनत्रयम्।
यामद्वादशक कूप्यां पुनः सत्व च पातयेत्॥
कदली स्वरसे भूयस्त्रिदिन वाऽतसीभवे।
मर्द्य स्वेद्यं पुनस्तद्वत्कूप्या षोडश यामकम्॥
अग्नि दत्वा च तत्सत्त्व रक्तिका सर्वकुष्ठजित्।
र का धे, र यो सा.

हरिताल को कुमारी रस, विनौले का तेल, पेठा रस, काजी प्रत्येक मे तीन तीन दिन मर्दन कर काच कूपी मे चढ़ाय वालुका यन्त्र मे रख उसका जौहर

उडावे उस जौहर को अलसी तेल, एरण्ड तेल, आक, थोहर दूध मे ३-३ दिन खरल कर फिर काच कूपी मे भर वालुका यन्त्र में रख जौहर उडावे। फिर उस जौहर को केलाकन्द रस अलसी तेल रस की ३-३ भावना दे आतशी शीशी मे रख इसी तरह से तीसरी बार जौहर उडावे। इस जौहर की मात्रा १ रत्ती है यह समस्त कुष्ठो में लाभ करता है।

(२७) पलैक तालक शुद्ध तत्समं टङ्कण भवेत्।
मर्दयेत्सेपिका क्षीरै. कूष्माण्ड द्रवत. पुनः॥
कन्या निम्बुक नीरेण वज्रार्क पयसा तथा।
वातारि तेल संयुक्त मर्दयेत्सकृदेव त॥
वटकान्कारयेत्पश्चान्मध्वाज्येन समन्वितान्।
काचकूप्या विनिःक्षिप्य लेपयेन्मृत कर्पटै॥
वालुका यन्त्रग कुर्यात्पचेदिन चतुष्टयम्।
सत्वं कुशिल सकाश मूर्ध्वलग्न समुद्धरेत्॥
तत्तद्रोगहरैर्दत्त तत्तद्रोगविनाशनम्।
खदिरादि कषायेण दत्तं कुष्ठान्यपोहति॥ नि.र.,र.यो सा.

हरिताल सुहागा ४-४ तोला दोनो को भेड के दूध, पेठा, कुमारी, निम्बू रस, थोहर, आक दूध तथा एरण्ड तेल इनकी १-१ भावना दे गोला बनाय घी शहद से चुपड कर कूपी में भर वालुका यन्त्र मे बिठाय ४ दिन की आच दे तो हरताल का हीरे जैसा चमकदार जौहर काच कूपी के गले मे लगा हुआ मिलेगा। इसको निकाल पीस ले। मात्रा ½ रत्ती। भिन्न भिन्न रोगो में भिन्न भिन्न अनुपान से दे। कुष्ठ मे खदिरादि क्वाथ से दे तो लाभ हो।

(२८) सुजात्यं तालमादाय निर्मल खल्वमध्यगम्।
कन्याद्रवेण सपिष्टं मर्दयेत्प्रति वासरम्॥
दिन सप्तक पर्यन्तं काचकूप्यां निधापयेत्।
वालुका यन्त्र मध्यस्थं मुखेमुद्रां प्रदापयेत्॥
दिनैक मपरस्वेदं तत्र दद्यादिनद्वयम्।
रुपेण खोटका कार तालसत्व महोज्ज्वलम्।
वल्लमात्र विचूर्ण्याऽथ दद्यात्तत्कुष्ठिनेऽत्वहम्॥
र.का.धे.,र यो सा.

हरिताल को ७ भावना कुमारी रस की दे सुखाय काचकूपी में भर वालुका यन्त्र में चढाय २ दिन की मन्द, मध्य तीव्र अग्नि क्रम से दे तो भावा सी हरिताल शीशीके नीचे और कुछ लाल वर्ण की चमकदार उस शीशी के गले मे लगी मिलेगी दोनो को मिलाकर पीस ले। मात्रा १-२ रत्ती। प्रत्येक कुष्ठ मे लाभदायी है।

(२६) शुद्धतालं [1] चूर्णयित्वा कन्या कूष्मांडजैर्द्रवैः।
दत्त्वा त्रिभावित शुष्क गोलं कृत्वा निधापयेत् ॥
हंडिकाया पटुक्षारैः [2]चूर्णयेच्चषडंगुलम्।
क्षारेणाच्छाद्य च पुनर्लोह पात्रे निधापयेत् ॥
पुनः क्षारे तु चाकण्ठ पूरयित्वा क्रमाग्निना।
द्वात्रिंशत्प्रहरान् पाच्यं भस्मस्याच्चूर्ण सन्निभम् ॥र रा.सु,रा.च.

१ विचूर्ण्याथ इति रसचण्डाशौ। २ चूर्णं इति रस चंडाशौ।

शुद्ध हरिताल को कुमारी और पेठे के रसमें घोट, दही की ३ भावना देकर टिकिया बनाय सुखा ले, फिर हडीमें ६-६ अगुल क्षार और नमक डाल कर उस पर टिकिया को रखे फिर क्षार और नमक से दाबू देकर, सपुट कर हाडी को चूल्हे पर रख, क्रमशः ३२ प्रहर की आच दे, तो चूने के समान श्वेत भस्म होगी। मात्रा १ चावल भर दे तो वात-रक्त दूर हो।

(३०) एकोविभागः शुचितालकस्य भागद्वयम् सुन्दर [1]धूम सारम्।
[2]अन्तर्विभूतिर्शुभतालचूर्ण[3]मधस्तदूर्ध्वं परिधूमसारः ॥
प्रपूरयेद्भूतिकयाथभाण्डे शरावकेणैव ततोनिरुन्ध्यात्।
विमुच्य चुल्ल्यां च हिरण्य रेतस दहेत्तु वै याम चतुष्टयं च ॥
एतैः प्रकारैः मृतिमेतिताल निर्धूम मेवं किल शुक्लवर्णम् ॥
नि र, रसा सा, र च, र यो सा, र रा सु

१ धूमकस्य इति रसराजसुन्दरे। २ मध्ये विमुञ्चेच्छुभ इति रसचण्डाशौ। ३ क्षिपेदुपरि भूरि सुधूम क्षार इति रसराज सुन्दरे।

हरिताल १ भाग घर का धुआ दो भाग किसी वनस्पति की भस्म के मध्य धुआके बीच हरिताल को रख भस्म यन्त्रमें दाबू दे सम्पुट कर ४ प्रहर की आच दे तो श्वेतवर्ण की हरिताल भस्म बने।

(३१) भल्लातक तालक तुल्य भागं तद्भण्डिका पत्रवरे च दत्तम्।

दत्त्वा ततश्चाप्यणिकां तदूर्ध्वं सम्पिष्टिकांस्तान् विकरन्ति मध्ये॥
यदा च सर्वे स्फुटिता भवेयुः सिद्धोरसः स्यात् बहुतालकेश ।
कुष्ठानि सर्वाणि निहन्तिमासाज्जराभवं रूपमपास्य सर्वम्॥
र. चि

हरिताल को पीस बराबर का भिलावा चूर्ण मिलाय कूटकर टिकिया बनाय किसी वनस्पति की भस्म में दाबू दे कर सम्पुट कर चूल्हे पर चढाय ४ प्रहरकी आच दे। जब गेहू का दाना ऊपर रखा हुआ भुन जाय आच बन्द करदे शीतल कर निकाल पीस रखे। इसको १ रत्ती सेवन करने से समस्त कुष्ठ एक महीना में दूर हो जाते है।

(३२) सुशुद्ध तालकसमं बीज भल्लातकस्य च ।
मर्दयेदर्कदुग्धेन वासर त्रितय दृढम् ॥
मृन्मूषा सम्पुटे कृत्वा वेष्ठयेन्मृत्तिकपटैः ।
लघुपुटं दद्यातास्य स्वागशीतं विचूर्णयेत् ॥
वल्लमात्रं समरिचं गुडेन सह भक्षयेत् ।
विषमज्वर निहन्त्याशु अष्टादश सुकुष्ठजित् ॥
र चि ,र मु , र का धे ,र यो सा ,भा भै र

हरिताल और भिलावा बराबर कूट कर आक दूध की तीन भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट रख लघुपुटकी आच दे तो हरितालकी भस्म बने। इसे ३ रत्ती मिर्च गुड मे मिलाकर दे तो विषम ज्वर शीघ्र जाय तथा उचित अनुपान से १८ कुष्ठों मे दे तो लाभ हो।

(३३) पलैक हरितालञ्च स्नुही क्षीरेण भावयेत् ।
भावना त्रयमेवंस्या ततोमुद्रां प्रकल्पयेत् ॥
शराव सम्पुटे कृत्वा ततोगजपुटे पचेत् ।
स्वागशीतलता ज्ञात्वा पुनः खल्वे विनिक्षिपेत् ॥
तुलसी पत्र तोयेन मर्दयेद्याम मात्रकम् ।
ततोमात्रा प्रभुञ्जीत गुञ्जात्रयमितां बुधः॥
महाज्वराकुशो नाम सर्व ज्वर निवारणम् । र रा सु ,र यो सा,

४ तोला हरिताल को थोहरके दूधमें २१ दिन खरल कर के टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर गजपुटकी आच दे तो हरितालकी भस्म हो। इसको तुलसी

पत्र रस में खरल कर लेने पर ज्वराकुश नामा रस बन जाता है। मात्रा ३ रत्ती है। यह समस्त ज्वरों को दूर करता है।

(३४) विमल पत्रतालन्तु तत्तुल्या मृत शुक्तिका।
खल्वे सम्पेषयेद्यामं कुमारी स्वरसेन वै॥
निर्माय चक्रिका तस्य शोषये दातपेभिषक्।
शराव सम्पुटेन्यस्य ततो लघुपुटे पचेत्॥
स्वाङ्गशीतं ततो ज्ञात्वा भस्म निश्चन्द्रिकं हरेत्।
इत्थं मृतं तालकं तु कुष्ठरोग हरपरम्॥ र त.

हरिताल के बराबर सीपभस्म मिलाय कुमारी रस की भावना दे टिकिया बनाय सुखाय सम्पुट कर लघुपुटकी आच दे तो हरिताल भस्म बने। यह कुष्ठ रोग नाशक है।

(३५) कन्याजातैर्विमर्द्याऽथ तालक कृतचक्रिकाम्।
गोमयेऽब्धिकफ न्यस्य कृतगर्तं विधानतः॥
पुटेद्गजपुटे युक्त्या भूमौगर्तेऽथवा सुधी.।
स्वाङ्गशीतं समुद्धृत्य काचकूप्यां विनिःक्षिपेत्॥
तुलसी पत्र सम्भूतैर्वत्तूरस्य रसैस्सह।
तण्डुल प्रमितं दत्त विषमज्वर नाशनम्॥ नू वि.,र.यो.सा.,र.त.

हरिताल को कुमारी रस की ३भावना दे टिकिया बनाय समुद्र झाग को कुमारी रस मे पीस नुगदा बनाय उस मे टिकिया रख सम्पुट कर कुक्कुट पुट की आच दे तो हरिताल की भस्म हो। मात्रा आधी रत्ती। तुलसी पत्र रस के साथ देने से समस्त विषम ज्वरों में लाभ होता है।

(३६) भागैकं शिग्रु पत्राढ्यं द्विभागं शुद्धतालकम्।
चूर्णयित्वाऽविदुग्धेन श्लक्ष्ण पंकीकृत शुभम्॥
ततो गजपुटोत्तीर्णं भल्लातस्नेह भावितम्।
छायासुशोषित सप्त शाल्मली द्रु तिभिस्तथा॥
तालकेश्वरनामाऽय दुष्टकुष्ठ निवर्हण। र सा,र यो सा

सोहँजना के पत्ते १ भाग हरताल २ भाग, दोनों को भेड के दूध की कई भावना दे टिकिया बनाय सम्पुट कर गजपुट की आच दे। पश्चात् निकाल भिलावे के तेल की १ भावना दे तथा मोचरस की ७ भावना दे तो तालकेश्वर

रस नामक हरताल की भस्म बने। यह समस्त कुष्ठ में लाभदायी है।

वक्तव्य—गजपुट की आच में हरताल उड़जाती है इस लिए इसे कुक्कुट की आच दे।

(३७) सुवर्चं निम्ब मज्जानं कांजिकेन प्रपिष्ट्य च।
हण्डिष्ठायां निवेश्याथ तत्र शुद्धं च तालकम्॥
पूर्ववच्चाऽरनालेन पूरयित्वा निरुध्य च।
पूर्ववच्चतुरोयामान् वह्निं कुर्याद्विषग्वरः॥
स्वांगशीतं समादाय श्वेत वर्णं तु तालकम्।
